शब्द कुंजी -औषधीय फसलें, जड़ी बूटी, हर्बल, अलसी, तारामीरा, कलौंजी, इसबगोल, सुवा, असालिया सफेद मुसली।

प्रस्तावना - वर्तमान समय में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हर्बल उत्पादों एवं जड़ी बूटियों की बढ़ती मांग जिसके कारण हर्बल उत्पादों के प्रति लोगों का झुकाव तथा व्यावसायिक स्तर पर खेती के अत्यधिक लाभकारी होने से म.प्र. में विशेष कर नीमच जिले में औषधीय तत्वों के उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है। गत दशक में इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि नीमच में यह वृद्धि 14 प्रतिशत है और भविष्य में और अधिक बढ़ने की संभावना है। गर्व की बात यह है कि औषधीय महत्व की पाई जाने वाली अधिकांश जड़ी बूटियां भारत में पाई जाती है। इस संदर्भ में म.प्र. अपेक्षाकृत ज्यादा सौभाग्यशाली है क्योंकि ज्यादातर प्रजातियां अकेले म.प्र. में पायी जाती है, जबकि नीमच जिला औषधीय फसलों के उत्पादन में प्रदेश में अग्रणी है। यहां अफीम, मैथी, अलसी, धनिया, अजवान, इसबगोल, सुवा, असालिया, अश्वगंधा, लहसुन, तारामीरा, कलौंजी, जीरा, असगंध बीज, चिरायता, बेहडा, आंवला, ग्वार, सतावरी, असगंध पत्ती, तुलसी बीज, तुलसी पत्ता, अरीठा, चिरायता बीज, कुसुम, राई, नीम पत्ती, निम्बोली, सौंफ, डोलमी, रतनजोत, नीम ग्लोई, अरण्डी, ग्वारपाट, आंवला गुठली, शंकपुष्पी, सफेद मुसली, कटली, करंज, असभ्रुसी, धमुका आदि औषधीय फसलों का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है।

शोध का उद्देश्य :

1. म.प्र. एवं नीमच जिले में औषधीय फसलों की आवश्यकता।
2. म.प्र. एवं नीमच जिले में औषधीय फसलों के उत्पादन तरीके का ज्ञान।
3. औषधीय फसलों से होने वाले लाभ ज्ञात करना।
4. औषधीय फसलों के उत्पादन में आने वाली समस्याएं ज्ञात करना।
5. औषधीय फसलों के उत्पादन विस्तार के तरीके ज्ञात करना।

शोध प्रविधि एवं क्षेत्र - प्रस्तुत शोध पत्र में म.प्र. के नीमच जिले में औषधीय फसलों के उत्पादन से संबंधित द्वितीयक संमकों का अध्ययन किया गया है तथा वर्ष 2010-11 से 2014-15 के पाँच वर्षो के उत्पादन संमकों का ही अध्ययन किया गया है। नीमच जिले में केवल चयनित औषधीय फसलों जिसमें मैथी, अलसी, अजवान, इसबगोल, सुवा, असालिया, अश्वगंधा, लहसुन, तारामीरा, कलौंजी तथा सफेद मुसली का ही अध्ययन किया है।

* शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्व विद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

शोध की सीमाएँ – औषधीय फसलों का उत्पादन से अभिप्राय जो फसल कृषि उपज मण्डी में विक्रय हेतु लाई गई है। उसे ही उत्पादन के रूप में शोध पत्र में सम्मिलित किया है।

तालिका 1 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका के निष्कर्ष इस प्रकार है :–

(01) नीमच जिले में वर्ष 2010–11 में मैथी का उत्पादन 99631 क्वि. हुआ, जो वर्ष 2011–12 में घटकर 74773 क्विं. हो गया। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में 24850 क्विं. मैथी का उत्पादन कम हुआ और उत्पादन दर में 24.95 प्रतिशत की कमी हुई है। वर्ष 2012–13 में मैथी का उत्पादन 147533 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 72760 क्विं. अधिक रहा तथा 97.30 प्रतिशत उत्पादन दर अधिक हुआ। वर्ष 2013–14 में मैथी का उत्पादन 108890 क्विं. हुआ जो गतवर्ष की तुला में 38643 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 26.17 प्रतिशत उत्पादन में कमी हुई। इसी प्रकार 2014–15 में मैथी का उत्पादन 130176 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 21286 उत्पादन अधिक रहा एवं 19.55 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है।

(02) नीमच जिले में वर्ष 2010–11 में अलसी का उत्पादन 663 क्विं. हुआ, जो वर्ष 2011–12 में बढ़कर 268 क्विं. हो गया। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में 0.75 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है, जबकि 2012–13 में अलसी के उत्पादन में और वृद्धि हुई और उत्पादन बढ़कर 826 क्विं. हो गया, जो गतवर्ष की तुलना में 158 क्विं. उत्पादन अधिक रहा तथा 23.65 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई। वर्ष 2013–14 में अलसी का उत्पादन बढकर 1201 क्विं. हो गया, जो गतवर्ष की तुलना में 375 क्विं. अलसी का अधिक उत्पादन हुआ तथा 45.39 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई। इसी प्रकार वर्ष 2014–15 में अलसी का उत्पादन 7797 क्विं. हुआ जो गतवर्ष की तुलना में 6596 क्विं. उत्पादन अधिक रहा तथा 549.20 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई।

(03) नीमच जिले में वर्ष 2010–11 में अजवान का उत्पादन 13915 क्विं. का हुआ, जो वर्ष 2011–12 में घटकर 13324 क्विं. मैथी का उत्पादन हुआ। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में 591 क्विं. कम उत्पादन रहा तथा 4.25 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई। वर्ष 2012–13 में अजवान का उत्पादन 36019 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 22695 क्विं. उत्पादन अधिक हुआ तथा 170.03 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई। वर्ष 2013–14 में अजवान का उत्पादन 27379 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 8640 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 23.98 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई। इसी प्रकार वर्ष 2014–15 में 24122 क्विं. अजवान का उत्पादन हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 3257 क्विं. कम उत्पादन हुआ तथा 11.89 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है।

(04) नीमच जिले में वर्ष 2010–11 में इसबगोल का उत्पादन 86167 क्विं. हुआ, जो वर्ष 2011–12 की में घटकर 40828 क्विं. हो गया। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में 45339 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा गतवर्ष की तुलना में 52.62 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है। इस प्रकार वर्ष 2012–13 में इसबगोल का 117423 क्विं. उत्पादन हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 76595 क्विं. अधिक रहा तथा 187.60 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 में इसबगोल का उत्पादन 77500 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 39923 क्विं. कम उत्पादन हुआ तथा 34 प्रतिशत उत्पादन दर कमी हुई है। वर्ष 2014–15 में इसबगोल का उत्पादन 58273 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 19227 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 24.81 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है।

(05) नीमच जिले में वर्ष 2010–11 में सुवा का उत्पादन 432 क्विं. हुआ, जो वर्ष 2011–12 में घटकर 253 क्विं. हो गया। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में 179 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 41.43 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है। वर्ष 2012–13 में 117 क्विं. सुवा का उत्पादन हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 136 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 116.24 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है। वर्ष 2013–14 में सुवा का उत्पादन 629 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 512 क्विं. उत्पादन अधिक हुआ तथा 437.61 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है। वर्ष 2014–15 में 439 क्विं. सुवा का उत्पादन हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 190 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 30.21 प्रतिशत उत्पादन दर में गिरावट हुई है।

(06) नीमच जिले में वर्ष 2010–11 में असालिया का उत्पादन 4761 क्विं. हुआ तथा वर्ष 2011–12 में उत्पादन घटकर 1017 क्विं. रह गया, जो गतवर्ष की तुलना में 3744 क्विं. कम उत्पादन हुआ तथा 78.64 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है। वर्ष 2012–13 में असालिया का 1630 क्विं. उत्पादन हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 613 क्विं. अधिक रहा तथा 60.27 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई। वर्ष 2013–14 में 1144 क्विं. असालिया का उत्पादन हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 486 क्विं. उत्पादन कम रहा तथा 29.82 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई। वर्ष 2014–15 में असालिया का उत्पादन 1892 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 748 क्विं. अधिक उत्पादन हुआ तथा 65.38 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है।

(07) नीमच जिले में वर्ष 2010–11 में अश्वगंधा का उत्पादन 13157 क्विं. हुआ तथा वर्ष 2011–12 में उत्पादन घटकर 11009 क्विं. रह गया, जो गतवर्ष की तुलना में 2148 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 16.32 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है। वर्ष 2012–13 में 10436 क्विं. अश्वगंधा का उत्पादन हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 573 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 5.20 प्रतिश्त उत्पादन दर में कमी हुई है। वर्ष 2013–14 में 12505 क्विं. अश्वगंधा का उत्पादन हुआ है तथा गतवर्ष की तुलना में 2069 क्विं. उत्पादन अधिक हुआ तथा 19.82 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है। वर्ष 2014–15 में अश्वगंधा का 18514 क्विं. का उत्पादन हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 6009 क्विं. उत्पादन अधिक हुआ तथा 48.05 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है।

(08) नीमच जिले में वर्ष 2010–11 में लहसुन का उत्पादन 517270 क्विं. हुआ तथा वर्ष 2011–12 में उत्पादन बढ़कर 725347 क्विं. हो गया, जो गतवर्ष की तुलना में 208077 क्विं. अधिक उत्पादन हुआ तथा 40.22 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है। वर्ष 2012–13 में लहसुन का उत्पादन 1175242 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 449895 क्विं. अधिक उत्पादन हुआ तथा 62.02 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 में लहसुन का उत्पादन 1164968 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 10274 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 0.87 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है। वर्ष 2014–15 में लहसुन का उत्पादन 1076612 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 88356 क्विं. उत्पादन कम हुआ है तथा 7.58 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है।

(09) नीमच जिले में वर्ष 2010–11 में तारामीरा का उत्पादन 3584 क्विं. हुआ तथा वर्ष 2011–12 में उत्पादन घटकर 2819 क्विं. हो गया।

इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में 765 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 21.34 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई। वर्ष 2012-13 में तारामीरा का उत्पादन और घटकर 1296 क्विं. ही रह गया। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में 1523 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 54.03 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है। वर्ष 2013-14 में तारामीरा का उत्पादन 1375 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 79 क्विं. उत्पादन अधिक हुआ तथा 6.10 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई। वर्ष 2014-15 में तारामीरा का उत्पादन 1419 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 44 क्विं. उत्पादन अधिक रहा तथा 3.20 प्रतिशत उत्पादन दर में भी वृद्धि हुई है।

(10) नीमच जिले में वर्ष 2010-11 में कलौंजी का उत्पादन 11835 क्विं. हुआ तथा वर्ष 2011-12 में कलौंजी का उत्पादन बढ़कर 14898 क्विं. हो गया, जो गतवर्ष की तुलना में 3060 क्विं. उत्पादन अधिक हुआ तथा 25.88 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई है। वर्ष 2012-13 में कलौंजी का उत्पादन 46845 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 31947 क्विं. उत्पादन अधिक हुआ तथा 214.44 प्रतिशत उत्पादन दर में वृद्धि हुई। वर्ष 2013-14 में कलौंजी का उत्पादन 39477 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 7368 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 15.73 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है। वर्ष 2014-15 में कलौंजी का उत्पादन 22040 क्विं. हुआ, जो गतवर्ष की तुलना में 17437 क्विं. उत्पादन कम हुआ तथा 44.17 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है।

(11) नीमच जिले में वर्ष 2011-12 में सफेद मुसली का उत्पादन 01 क्विं. हुआ तथा 2012-13 में भी उत्पादन 01 क्विं. ही रहा जबकि 2013-14 में सफेद मुसली का उत्पादन बढ़कर 40 क्विं. हो गया। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में 400 प्रतिशत उत्पादन बढ़ा। वर्ष 2014-15 में सफेद मुसली का उत्पादन घटकर 08 क्विं. रह गया। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में 80 प्रतिशत उत्पादन दर में कमी हुई है।

औषधीय फसलों के उत्पादन में आने वाली समस्याएँ :

1. म.प्र. में आज भी कृषकों में अंधविश्वास, जागरूकता की कमी प्रशिक्षण व कौशल के अभाव में कृषि के अधिक लागत के चलते उत्पादन का घटता अनुपात।
2. कृषकों को आधारभूत सुविधाओं जैसे-बिजली, पानी, सड़क आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है।
3. कृषकों को बैंक लोन सुविधा आसानी से मुहैया नहीं हो पाती, और न ही शासन स्तर पर पूंजी की कोई विशेष योजना है।
4. कृषकों में शिक्षा अभाव के कारण सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हासिल करने एवं उनका लाभ लेने में असमर्थता महसूस करता है।
5. कृषकों के परिवार का आकार अत्यधिक बड़ा होना।
6. कृषि जोतों का आकार बहुत छोटा होना।
7. कृषि जोतों के छोटे आकार होने से आधुनिक यंत्रों का प्रयोग असंभव होना।
8. कृषकों द्वारा किए जाने वाले अनुउत्पादकीय कार्य अनियंत्रित है।

औषधीय फसलों के उत्पादन में वृद्धि हेतु सुझाव :

1. औषधीय फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु ब्याज मुफ्त ऋण किसानों को प्रदान किया जाना चाहिए।
2. औषधीय फसलों के उत्पादन के भण्डारण की समुचित व्यवस्था होना चाहिए।
3. देश में आयुर्वेदिक दवाईयों पर **G.S.T.** नहीं लगाया जाना चाहिए।
4. देश में आयुर्वेदिक दवाईयों के अधिक उपयोग (प्रयोग) हेतु प्रोत्साहन किया जाना चाहिए।
5. औषधीय फसलों के उत्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रचारित प्रसारित होना चाहिए।
6. औषधीय फसलों के उत्पादन जो कृषि उपज मण्डी में लाया जाता है, विपणन पश्चात् शीघ्र भुगतान होना चाहिए।
7. औषधीय फसलों का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित होना चाहिए एवं भावान्तर योजना का लाभ औषधीय फसलों के लिए भी होना चाहिए।
8. अधिक औषधीय फसलों के उत्पादन पर शासन द्वारा प्रोत्साहन योजना लागू की जाना चाहिए।
9. औषधीय उत्पादन हेतु कृषकों को कुशलतापूर्वक आधुनिक तकनीक अपनाने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।
10. कृषक ऋण व्यवस्था में ऋण दलालों व फर्जी ऋण प्राप्त व्यक्तियों के लिए कठोर दण्डनीय प्रावधान हो।
11. अफीम का उचित शासकीय मूल्य निर्धारण हो परिणाम स्वरूप अवैध व्यापार नियंत्रण हो सके।
12. औषधीय फसलों के विपणन में आने वाली समस्याओं का निवारण हेतु कृषकों को कार्यशालाओं व संगोष्ठियों के माध्यम से शिक्षित किया जाए।
13. उत्पादन लागत में कमी एवं भूमि की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति में वृद्धि करने हेतु जैविक खादों को उपयोग हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।
14. अत्यधिक सिंचाई वाली फसलों के लिए वर्षा जल संग्रहण, डबरी निर्माण, तालाब, जलाशय आदि कार्य को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
15. औषधी फसलों के उत्पादन से जुडे क्षेत्रों को सरकारी बजट में सर्वोपरी एवं केन्द्रीय स्थान प्रदान किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. ए.के. बनर्जी-भारत में औषधी मूल्य निर्णारण प्रकाशक सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, योजना सन् अक्टूबर 2009 ।
2. मनीच कुमार प्रकाशक-ग्रामीण विकास मंत्रालय अगस्त 2007
3. डॉ. एन.एल. अग्रवाल-भारती अर्थव्यवस्था विश्व प्रकाशक, 1966 न्यू एज इन्टरनेशनल (प्रा. लिमिटेड) का प्रभाग दरियागंज नई दिल्ली।
4. औषधीय एवं सुगंधीय पौधे-द्वितीय संस्करण-उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) भोपाल।
5. कुरूक्षेत्र, मई 2002
6. नवीन शोध संसार (अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त ISSN 2320-8767
7. दिव्य शोध समीक्षा (अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका) ISSN 2394-3807

तालिका 1 – म.प्र. के नीमच जिले में औषधीय फसलों का उत्पादन

(क्विं. में)

क्रं.	औषधीय फसल	2010-2011	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15
1	मैथी	99631	74773	147533	108890	130176
2	अलसी	663	668	826	1201	7797
3	अजवान	13915	13324	36019	27379	24122
4	इसबगोल	86167	40828	117423	77500	58273
5	सुवा	432	253	117	629	439
6	असालिया	4761	1017	1630	1144	1892
7	अश्वगंधा	13157	11009	10436	12505	18314
8	लहसुन	517270	725347	1175242	1164968	1076612
9	तारामीरा	3584	2819	1296	1375	1419
10	कलौंजी	11835	14898	46845	39477	22040
11	सफेद मुसली	-	01	01	40	08

स्त्रोत:-कार्यालय-कृषि उपज मंडी नीमच जिला नीमच (म.प्र.)

****

भारत के विकास में कोल इण्डिया लिमिटेड की भूमिका

डॉ. दीपचंद भावरकर *

शोध सारांश – आये दिन कोल इण्डिया के श्रमिकों की हड़ताल व तालाबंदी तथा प्रबंध संघर्ष की स्थिति बनती है। इससे कोल इण्डिया लिमिटेड को अधिक से अधिक नुकसान होने की हमेशा सम्भावना बनी रहती है। प्रबंध वर्ग एवं श्रमिक वर्ग में सीधा सम्प्रेषण की स्थापना करके हड़ताल व तालाबंदी जैसी परिस्थितियों से बचा जा सकता है। तथा प्रबंध के सिद्धांतों का परिपालन करते हुये हम उद्यौगिक सम्बधों को मजबूत करते हुये। कोल इण्डिया को समय–समय पर होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है। नीचे दी गई समस्याओं एवं घटनाओं की रोक थाम के लिए वेकोल इण्डिया लिमिटेड के द्वारा से अधिक से अधिक प्रयास करते हुये रोकने का प्रयास करते हुये कामगारों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करते हुये कंपनी का संचालन किया जाता है। तो कंपनी अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करते हुये अपना विकास एवं विस्तार कर सकती है। जिसके साथ ही संपूर्ण भारत का विकास जुड़ा हुआ है। वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड में 5 करोड़ 80 लाख का कोयला घोटाला 22 जुलाई 2009 को उपराजधानी स्थित सी.बी.आई. की भ्रष्टाचार निर्मूलक शाखा के चन्द्रपुर जिले में स्थित वेस्टर्न कोल्ड फील्ड लिमिटेड की दुर्गापुर रैतवारी व माना कोयला खदान से निकले 5 करोड़ 80 लाख रूपये मूल्य के कोयला घोटाला का पर्दाफाश किया है। कोयला घोटाला मामले में वेस्टर्न कोल्ड फील्ड लिमिटेड के दुर्गापुर रैतवारी खदान के सब एरिया मैनेजर ए.के. घोषाल मैनेजर मदन कुमार पर सी.बी.आई.आई.पी.सी. की धारा 120 वी. 409 तथा भ्रष्टाचार निर्मूलन कानून की धारा 13 (2) के तहत मामला दर्ज किया है,भवानी खदान में बड़ा हादसा टला माईंस में नहीं हो सका उत्पादन 25 अगस्त 2009 को गुढ़ी अंबाड़ा भवानी खदान का एक्जास्ट पंखा मोटर जलने के कारण बंद हो गया जिसके चलते माईंस के अंदर कार्य कर रहे रात पाली के मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ा खदान के अंदर हवा के स्तर को बनाये रखने के लिए यह पंखा लगाया जाता है। पंखा चलाने के माईंस के अंदर कामगारों को जरूरी आक्सीजन की मात्रा की पूर्ति की जाती है, लेकिन पंखा बंद हो जाता है तो पाली में कार्य करने वाले श्रमिकों को जहरीली गैसों का असर पड़ने लगता है। इसके साथ ही विस्फोटक गैसों का रिसाव भी खदान से हो सकता है। जिससे कामगारों की रक्षा के लिए पंखे की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गलत डायरेक्षन से हुआ हादसा दमुआ की 26–27 भूमिगत खदान मे 30 जून 2009 को भूमिगत खदान में रात पाली के दौरान काम कर रहे। एक कामगार की मौत हो गई जब वह ट्रेक से उतरी हुई गाड़ी ट्रेक पर लाने का प्रयास कर रहा था घटना समय पर भूमिगत खदान में और भी लोग थे लेकिन गाड़ी अचानक घूमकर मृतक से टकरा गई जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई,वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड के रोगी वाहन खुद हैं बीमार वेस्टर्न कोल फील्ड कन्हान क्षेत्र में संचालित कालरी चिकित्सा एवं क्षेत्रीय चिकित्सालय में रोगी लाने ले जाने के लिए रोगी वाहन तो है किंतु हालत इतनी खराब हो गई है कि इस वाहन में हार्न छोड़कर सब कुछ बजता है,समय से पहले हो गये शमीम बेग सेवानिवृत्त 15 जून 2009 रानवाड़ा निवासी कोयला खदान शमीम बेग को विगत वर्ष 60 साल की आयु दशति हुये प्रबंधन द्वारा सेवा निवृत कर दिया जबकि उनकी जन्म तिथि 1955 दर्शाये है। और वे अपनी उम्र 54 साल बता रहे है,कामगार की बेबा अधिकार पाने भटक रही नहीं मिली पुत्र को नौकरी पेंच क्षेत्र की विष्णुपुरी खदान नं. 02 में कार्यरत रहा लोडर राजेन्द्र बावरिया का वर्ष 2003 में आकस्मिक निधन हो गया था। इसके बाद उसकी पत्नि शारदा ने अपने पुत्र को नौकरी दिलाने दफ्तर के चक्कर काट काट कर परेशान हो गयी जबकि उन पर 5 बच्चे आश्रित है। आशा 26 साल, उषा 22 साल, रवि 20 साल,दीपिका 19 वर्ष और मिथुन 15 साल सहित अपना जीविका पार्जन करना कठिन हो रहा है,वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड क्वाटरों पर अवैध कब्जा कामगारों को परेशानी पेंच क्षेत्र की पुरानी क्वाटरों में गैर कामगारों द्वारा अवैध कब्जा जमाकर कंपनी की सुविधा का लाभ उठाकर वहीं नियमित कामगारों को कंपनी की मूलभूत सुविधा व्यवस्थाओं के लिये भटकना पड़ रहा है। मामले को लेकर श्रमिक संगठनों ने प्रबंधन के समक्ष आवाज उठाकर कार्यवाही की मांग दोहराई है,कामगारों को क्वाटरों के आदेश मिले लेकिन क्वाटर आज तक नहीं 25 अगस्त 2009 को कोयलांचल के सभी प्रमुख श्रमिक विभिन्न अवसरों एवं विभिन्न मंचों पर कंपनी क्वाटरों पर गैर कामगारों के कब्जा की मांग उठाते हुये पिछले दिनों शिवपुरी, रावनवाड़ा,छिंदा,परासिया, कंपनी की खाली क्वाटरों में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जवानों को उपलब्ध करवाने के लिए छः माह पहले मुख्य प्रबंधक कार्यालय से आदेश जारी किये गये थें तो आदेश मिले लेकिन अभी तक क्वाटर नहीं मिले।

प्रस्तावना – सभ्यता के सौपान पर चढ़ते मानव जाति के इतिहास में अग्नि का विषिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान है। अग्नि में निहित रहती है ऊर्जा,ताप और प्रकाष ईंधन के रूप में उपयोग में आने वाला कोयला पांरपरिक ईधन की श्रेणी में आता है और यह ऊर्जा का अपूर्य श्रोत है। कोयला जीवाष्म है जिसके बनने की प्रक्रिया में लाखों वर्ष लग जाते है। मानव सभ्यता के दौर में कोयले का अविभाव बहुत पहले ही हो चुका था पर उसकी ज्वलनशीलता के गुण से कितने असाध्य कार्य साधे जा सकते है। इसका अंदाजा नहीं था। कोयला को पानी से वाष्प बनाने और वाष्प से विभिन्न मशीनों को चलाने की प्रक्रिया ने यूरोप में औद्योगिक क्रांति को जन्म दिया। इसी तरह मानव सभ्यता में कोयला द्वारा ही विज्ञान युग का प्रांरभ हुआ। प्रांरभिक काल में कोयला खनन पूरी तरह मानव श्रम शक्ति पर निर्भर था। खान में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा का कोई प्रावधान नहीं था और ना ही उन्हें उनके श्रम का उचित मूल्य दिया जाता था। निजी क्षेत्र के माध्यम से उत्पादित कोयला देश के औद्योगिक आर्थिक विकास के लिए अपर्याप्त था इन बातों के मद्दे नजर

* अतिथि विद्वान (वाणिज्य) श्री.श्री ल.ना.शा.स.पेंचव्हेली. पी.जी. महाविद्यालय, परासिया, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

कोयला उद्योग में भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की पहली कंपनी नेशनल कोल डेव्हलपमेण्ट कार्पोरिशन का गठन हुआ। सहभागिता की कार्य संस्कृति और कुशल प्रबंधन द्धारा कोल इण्डिया ने विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वर्ष 2016-17 कोल इण्डिया ने 14500 करोड़ रूपये भारत सरकार को लाभांश के रूप में प्रदान किया, भारतीय कृषि को मानसून का जुआ कहा जाता है। लेकिन बिजली पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होने पर सिंचाई सम्बन्धी और औद्योगिक इकाई के निर्विवाद गति से चलाने के लिए बिजली का होना अति आवश्यक है। वित्त वर्ष 2016-17 में कोल इण्डिया की बिजली क्षेत्र को कोयला आपूर्ति 19.15 करोड़ टन थी। इस शोध पत्र के माध्यम से सरकार को अवगत कराना चाहते है कि हमारे यहॉं 'कोल इण्डिया लिमिटेड' जिस पर सम्पूर्ण कोयलें के उत्पादन का दायित्व है। क्या वह अपना दायित्व पूर्ण ईमानदारी के साथ निभा रहा है। क्या सरकार समय समय पर 'कोल इण्डिया लिमिटेड' में अपनी निरीक्षण टीम भेजती है। जिससे 'कोल इण्डिया लिमिटेड' के भ्रष्टचार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रंगे हाथों पकड़ा जा सके तथा उनके प्रति कड़ी कार्यवाही की जा सकें। कोल इण्डिया लिमिटेड की स्थापना एक होल्डिग कंपनी के रूप में नवम्बर 1975 में भारत सरकार के अधीन कोल इण्डिया लिमिटेड 8 राज्यों में फैली 21 प्रमुख कोयला खनन क्षेत्रों के साथ 471 खाने है। जिसमें 273 भूमिगत खान तथा 163 खुली खाने और 35 मिश्रित खान शामिल है। इसमें 17 कोयला परिष्करण सुविधाओं का भी संचालन किया जाता है। जिसमें समग्र फीड स्टाक क्षमता प्रतिवर्ष 39.40 मिलियन टन की है। हमारा उद्धेष्य प्रतिवर्ष 111.10 मिलियन टन की समग्र फीड बैंक क्षमता के 20 और कोयला परिष्करण सुविधाओं का विकास करना है। इसके अतिरिक्त 85 चिकित्सालयों एवं 424 औषधालयों की सेवाए भी प्रदान किया जाता है। 8 कोयला उत्पादन कंपनियो की 200 अन्य प्रतिष्ठनों के सहयोग से कोल इण्डिया ने देश के कुल कोयला उत्पादन में 84% की भागीदारी दर्ज की है। वर्तमान में 492000 कर्मचारी अधिकारी कार्यरत है। इसका मुख्यालय कोलकाता पश्चिम बंगाल में स्थित है। कोल इण्डिया लिमिटेड एक वृहद वृक्ष का नाम है के माध्यमस से सम्पूर्ण भारत में काम करती है। जो क्रमश: ई.सी.एल., बी.सी.सी.एल., सी.सी.एल., एन.सी.एल., डब्ल्यू.सी.एल., एम.ई.सी.एल., एम.सी.एल, एन.ई.सी. के नाम से जानी जाती है। मध्यप्रदेश में कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी डब्ल्यू.सी.एल. जो कि म.प्र., महाराष्ट्र तथा झारखंड में भी डब्ल्यू.सी.एल. ने अपना नेटवर्क बनाये रखे हुए है, कोल इण्डिया लिमिटेड का आर्थिक विकास में योगदान मानव समाज के सम्पूर्ण विकास के लिए प्राचीन से ही ऊर्जा का अपना विशेष महत्व रहा है। जिसमें सौर ऊर्जा तथा पेट्रोल,डीजल, प्राकृतिक गैस एवं कोयला विकास में अपना विशेष स्थान बनाये रखे हुये है। बिजली उत्पादन के क्षेत्र में कोयला अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। हम अपना सम्पूर्ण विकास एवं ईंधन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर तभी बन सकते है जब हमारे पास उच्च किस्म का कोयला भण्डारण अधिक से अधिक रहे जिससे हम बिजली का उत्पादन में वृद्धि करने के साथ-साथ रेलगाड़ी परिवहन के क्षेत्र में भी अपना विस्तार कर सकते है,बिजली उत्पादन एवं अधिक्य विक्रय कोयला का अधिक से अधिक उत्खनन करके हम पर्याप्त मात्रा मैं कोयला संग्रहण करके बिजली का उत्पादन अधिक से अधिक करके हम अपना विकास एवं विस्तार तो कर सकते है। इसके साथ-साथ हम बिजली का आधिक्य उत्पादन का अन्य राज्यों को विक्रय करने के साथ साथ हम अपनी वित्तीय क्षमता को भी बढ़ा सकते है। जिससे अधिक कल्याणकारी कार्य किये जा सकते है और अपना अधिक से अधिक विकास कर सकते है। वर्ष 2016-17 में बिजली के क्षेत्रों में कोयला आपूर्ति 19.15 करोड़ मिलियन टन है, रोजगार का विस्तार वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड कंपनी के सफलता पूर्वक संचालन एवं विस्तार से अधिक से अधिक रोजगार एवं जीविकापार्जन के साधनों को अधिक से अधिक मात्रा में विस्तार करके अधिक से अधिक लोगों को रोजगार की सुविधा मुहैया करा सकते है। जिससे सामान्य जनता अपना जीवन स्तर का विकास करके अपने जीवन स्तर को ऊँचा उठा सकते है। जिससे मृत्यु दर में कमी की जा सकती है तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों में कमी लायी जा सकती है। 19 जनवरी 2017 के लिये मैनेजमेंट ट्रेनी के 1319 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया है, रेलवे परिवहन का विस्तार कोयला का अधिक उत्पादन के माध्यम से परिवहन के क्षेत्र में अपना अधिक से अधिक विस्तार करके हम सुविधाओं को उपलब्ध कराने के साथ ही अधिक से अधिक आय कमा सकते है तथा अपनी वित्तीय स्थिति को अधिक सुदृढ़ बना सकते हैं सरकारी मुद्रा कोष को अधिक से अधिक बढ़ाया जा सकता है। जिसके माध्यम से अधिक से अधिक जनकल्याणकारी कार्य किये जा सकते है। जिससे कि विकास को अधिक तीव गति मिल सकेगी, कृषि उत्पादन में आशातीत वृद्धि भारतीय कृषि को मानसून का जुआ माना जाता है क्योंकि भारत की 80% जनसंख्या गांवों में निवास करती है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जीविकोपार्जन का साधन कृषि कार्य ही माना जाता है। पर्याप्त वर्षो के अभाव में बिजली के माध्यम से हम सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करते हुए कृषि उत्पादन के क्षेत्र में हम आत्मनिर्भर बन सकते है तथा बढ़ती हुई मंहगाई (तुअर दाल 150 रू. प्रतिकिलो एवं शक्कर 44 रू. प्रतिकिलो) से छुटकारा दिलाया जा सकता है और कपड़ा उत्पादन के क्षेत्र में हम सफलता प्राप्त कर सकते है,नवीन उद्यौगों की स्थापना एवं विकास नवीन उद्योगों की स्थापना तभी की जा सकती है जबकि बिजली भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो जिससे रोजगार की मात्रा में वृद्धि की जा सकेगी, वित्तीय साधनों का विकास एवं विस्तार कर सकते है। जिससे अधिक से अधिक कल्याणकारी कार्य कर सकते है। जिससे हम अपना सम्पूर्ण विकास एवं विस्तार कर सकते है। तथा उद्यौगीकरण के क्षेत्र में भी अपना वर्चस्व कायम रख सकते है,आय का प्रमुख व स्थायी साधन अधिक से अधिक कोयला का उत्पादन करके हम कोयला का निर्यात के माध्यम से विदेश मुद्रा का अधिक से अधिक संचय कर सकते हैं और विदेशी मुद्रा के क्षेत्र में हम अधिक से अधिक भण्डारण करने एवं संचय में कामयाब हो सकते है, नलकूपों का विस्तार एवं पानी के साधनों का विस्तार बिजली का अधिक से अधिक उत्पादन करके हम पृथ्वी के अंदर से पानी को निकालते हुये पीने योग्य पानी की मात्रा व भण्डारण के क्षेत्र में अपना विस्तार एवं देश की जनता को अल्प वृष्टि के समय पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जा सकता है।

निष्कर्ष - उपरोक्त घटनाओं एवं खामियों का अध्ययन एवं विश्लेषण करने के पश्चात यह निष्कर्ष निकलता है कि किसी भी उद्यौग में श्रमिक इतना जोखिम पूर्ण कार्य नहीं करता जितना कि कोल इण्डिया लिमिटेड में श्रमिकों द्धारा किया जाता है। कामगार धरती के अंदर लगभग 5 कि.मी. से 10 कि.मी. तक का सफर तय करते हुये कोयला का उत्खन्न करते है। उसके पश्चात भी कोल इण्डिया लिमिटेड एवं वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड की नितियों में भारी कमियों देखने को मिली तथा श्रमिकों को आश्रित को मिलने वाली सुविधाएँ नाम मात्र की होती है। चिकित्सा के क्षेत्र में किसी कामगार के आश्रित को भरती करते है तो चिकित्सक को रिश्वत देने के उपरांत ही वह सफलता पूर्वक ईलाज करता है नहीं तो चिकित्सा व्यवस्था केवल नाम मात्र

की होती है। कामगार की कार्य के दौरान मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को तत्काल रोजागर की सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जाती तथा वे इसके लिए 5 से 6 साल तक दफ्तर के चक्कर काटते है उसके पष्चात भी उनसे रिष्वत मांगी जाती है। तब कहीं उन्हें नौकरी मिल पाती हैं कामगारों को क्वाटर की व्यवस्था के लिए भी अधिकारियों को 10,000/- से 20,000/- रिष्वत देने के उपरांत ही उन्हें क्वाटर की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यदि समय रहते हुए उपरोक्त अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो हमारे विशेषज्ञ श्रमिकों की इसी प्रकार से कमी होती चली जायेगी और वे.को.लि. का उत्पादन स्तर कम होने लगेगा जिससे हमारे प्रदेश व देश में उद्योगों की संचालन व्यवस्था तथा रेल परिवहन से संबंधित उद्योगों पर अधिक प्रभाव पड़ेगा तथा कृषि क्षेत्र भी इससे अच्छुता नहीं रहेगा तथा बिजली की कमी के कारण कृषि उत्पादन भी कम होगा। जिससे मध्यम स्तर एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों की संख्या में अधिक तीव्र गति से वृद्धि होगी इसके परिणाम स्वरूप हम अपनी आर्थिक स्थिति से भी कमजोर हो जायेगे तथा कोल इण्डिया लिमिटेड से प्राप्त लाभांश में भी कमी आयेगी। जिससे जनकल्याणकारी संबंधी कार्य नहीं किये जा सकेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. खनिज ऊर्जा अप्रैल 2008 अंक 35 नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड सिंगरोली।
2. वार्षिक रिपोर्ट कोल इण्डिया लिमिटेड मुख्यालय कोलकाता। (2016-17)
3. खनन भारतीय डब्ल्यू.सी.एल. (अंक 76,1999,110-2005)।
4. समन्वय सम्मेलन दिनांक 23 अगस्त 97,डब्ल्यू.सी.एल.।
5. राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता- 5 स्मृति पत्र कलकत्ता 19 जनवरी 1996।
6. अंगार - कोयला परिवार का मासिक मुख्य पत्र आई.आई.जी.एम.द्धारा प्रकाशित।
7. वार्षिक रिपोर्ट कोल इण्डिया लिमिटेड मुख्यालय कोलकाता 2012-13।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

भारत संचार निगम लिमिटेड खंडवा का वित्तीय प्रबंधन - एक अध्ययन

ऋचिका डोंगरे * डॉ. प्रतापराव कदम**

प्रस्तावना - विश्व एक गॉव हे यह कहा जाता है। इसका आधार यह कि गॉव मे बात फैलने मे जितनी देर लगती थी। आज उतनी ही देर मे पूरे विश्व मे कोई भी बात, सूचना, समाचार उत्पादन की खबर फैल जाती है। इसी कारण विश्व कौ विश्वग्राम कहा जाता है। भारत संचार निगम लिमिटेड सार्वजनिक क्षेत्र मे भारत सरकार की दूरसंचार कंपनी है। इसका गठन अक्टूबर 2000 मे हुआ जो की दुनिया की 7वी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है तथा भारत की 4थी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है। जो विभिन्न प्रकार की दूरसंचार सेवाऐं भारत मे प्रदान करती है। वायर लाईन सेवाऐं सी.डी.एम, जी.एस.एम, मोबाईल ,इन्टरनेट, ब्राडबेंड,करीयर सेवाए इत्यादी कम समय मे ही भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का संस्थान बन गया है। भारत संचार निगम लिमिटेड इसी तरह का एक उपक्रम है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली मे है। मध्यप्रदेश के निमाड़ अंचल के प्रमुख शहर खंडवा मे भारत संचार निगम लिमिटेड का कार्यलय भंडारिया रोड़ पर स्थित है। भारत संचार निगम लिमिटेड पूरे भारत मे उत्तम स्तर के नेटवर्क के विस्तार और सुधार कि ओर अग्रसर हो रहा है। यह अपनी सेवाऐं बड़ी संख्या मे ग्रामीण क्षेत्र मे भी प्रदान कर रहा है और यहा उपभोक्ताओ का विश्वास पात्र बना हुआ है यह एक स्वदेशी कंपनी है। जिसे हर भारतवासी अपनाना चाहता है यह जम्मूकश्मीर,अरूणाचल प्रदेश,अमरनाथ जैसे पहाडी इलाको मे भी सेवा देने वाला एक मात्र संचार कंपनी है। भारत संचार निगम लिमिटेड उपभोक्ताओ को संतुष्ट एंव खुश रखना और उनकी उम्मीद से अधिक सेवा स्तर प्रदान करना यह उपभोक्ताओ को बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

भारत संचार निगम लिमिटेड एक मात्र सेवा प्रदाता है जो आई.सी.टी क्षेत्र मे ग्रामीण शहरी डिजिटल विभाजन को भरने के लिए केन्द्रीत प्रयास कर रहा है। और पहल करने की योजना बना रहा है।वास्तव मे देश मे ऐसा कोई संचार प्रदाता नही है। इसकी पहॅुच दिल्ली व मुंम्बई को छोड़कर देश के प्रत्येक कोने मे इसके व्यापक नेटर्वक के माध्यम से जानकारी दी जा रही है।

इतिहास - भारत संचार निगम लिमिटेड के नाम से जाने वाली भारत संचार निगम लिमिटेड भारत का एक सार्वजनिक क्षेत्र संचार कंपनी है। इसका गठन 19वी सदी से प्रारंभ हो गया था जो की भारत संचार निगम लिमिटेड के रूप मे 2000 से कार्य कर रहा है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली मे स्थित है। इसके पास मिनी रत्ना का दर्जा है।

- प्रकार - सरकारी कंपनी
- उद्यौग - दूरसंचार
- स्थापना - 21वी सदी मे 2000
- मुख्यालय - नई दिल्ली भारत

मध्यप्रदेश मे इसका मुख्यालय भोपाल मे स्थित है। मध्यप्रदेश के निमाड़ अंचल के प्रमुख स्तिर खंडवा मे भारत संचार निगम लिमिटेड का कार्यलय भंडारिया रोड़ पर स्थित है। भारत संचार निगम लिमिटेड के पास 4 करोड 70 लाख लेंड लाइन है। 47.3 बेसिक टेलीफोन 4 मिलियन डब्लु.एल.एल कनेक्शन प्रदान किए हुए है। इसके 37822 स्थाई दूरभाष एक्सेचेंज है। इसके 18000 बी.टी.एस है। 287 सेटेलाईट स्टेशन है। 480196 कि.मी केबल का नेटर्वक है।भारत संचार निगम लिमिटेड अपने लाईसेंस क्षेत्र मुख्य सेवा प्रदाता है। कंपनी ने प्रत्येक उपभोक्ता के लिए उपयुक्त सबसे पारदर्शी और अत्याधीक रेंज वाली टेरिफ योजनाऐं प्रस्तुत की है। भारत संचार निगम लिमिटेड के सभी 2जी कनेक्शन मे 3जी सुवीधा दी गई है। मूल सेवाए मे भारत संचार निगम लिमिटेड ने विश्व स्तरीय मल्टी प्रोटोकॉल कनेक्शन आई.पी. इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थापित किया है। जो समान आधार और ब्राडबेंड एक्सेचेंज नेटर्वक के माघ्यम से वॉईस, डाटा और विडियो जैसे सभी सुवीधाऐं प्रदान करता है।

परिकल्पना -

1. विश्व मे वही देश अग्रणी होता जो संचार मे अग्रणी हो।
2. प्रोद्यौगिकी का इस्तमाल कर संचार सुविधा सस्ती की जा सकती है।
3. भारत संचार निगम लिमिटेड एक अच्छी सुविधा प्रदान कर रहा है।

उद्देश्य -

1. देश मे संचार की स्थिति का पता लगाना।
2. नगरीय,उपनगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रो मे भारत संचार निगम लिमिटेड की दृश्यता का पता लगाना।
3. ग्राहक सेवा की अभिवृत्ती के साथ विक्रय एवं मार्कटिंग टिम का संबंध सार करना।
4. भारत संचार निगम लिमिटेड सेवाओ की ओर ग्राहको की प्रसन्नता बड़ाने हेतु कार्य निष्पादन पर सशक्त फोकस के साथ एक पथ प्रदर्शक कार्य वातावरण का पता लगाना।

भारत संचार निगम लिमिटेड खंडवा के अधिकारीयो का कार्य विभाजन

टी.डी.ए.म

डी.ई	सी.ए.ओ
एस.डी.ई	ए.ओ
जे.टी.ओ	ए.ए.ओ
क्लर्क	जे.ए.ओ
	क्लर्क

*शोधार्थी (वाणिज्य) माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, खंडवा (म.प्र.) भारत
** माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, खंडवा (म.प्र.) भारत

कार्य विभाजन –

1. **टी.डी.एम (Telecome District Manager)** जिले का प्रबंधक होता है। जिसके उपर पूरे कार्यालय की जिम्मेदारी होती है। सब से बड़ी जिम्मेदारी उनपर कार्यविभाजन की होती है। सभी सहकर्मीयो को उनके कार्य क्षमता अनुसार कार्यविभाजन करना होता है। इन्हे कार्य प्रणाली भी बनानी होती है।

2. **डी.ई– (Divisional Engineer)** टी.डी.एम के अंतर्गत आते है जिनका कार्य टी.डी.एम द्धारा बनाए गए कार्यप्रणाली के अनुसार कार्य करना होता है और साथ ही ध्यान रखना होता हे की कार्य कार्यप्रणाली के अनुसार हो रहा है या नही। यह कार्य की जिम्मेदारी डी.ई.की होती है।

3. **सी.ए.ओ– (Chief Accountant Officer)** वाणीज्य विभाग से होता है जो की बहुत महत्वपूर्ण विभाग होता है कार्यालय का। इस कार्य के अंतर्गत साल के अंत मे चिट्ठा प्रस्तुत करना होता है। जिसमे कंपनी के लाभ हानी का पता चलता है। कितना दायीत्व है तथा कितनी संम्पत्ती है। यह पूरी जानकारी साल के अंत मे मिलती है इस जानकारी को प्राप्त करने हेतु सालभर के आंकड़ो का विश्लेषण करना होता है। यह कार्य ए.ओ. अपने अंतर्गत सहकर्मी को कार्य सोपते है।

4. **एस.डी.ई. (Sub divisional Engineer)** डी.ई के निर्देशो का पालन करना एस.डी.ई. का कार्य होता है।कर्मचारीयो को प्रोत्साहित करने के लिए निम्न कार्यक्रमो को आयोजित करना होता है।

5. **जे.टी.ओ– (Junior Telecom Officer)** एस.डी.ई. कार्यक्रमो के कार्यप्रणाली को बनाता है जिसे जे.टी.ओ. द्धारा निष्पादन किया जाता है।यह कार्य प्रबंधक भी होता है। जे.टी.ओ. कर्मचारीयो को नियंत्रण करता है।

6. **ए.ओ. (Accountant Officer)** की अंतर्गत जितने भी विभाग होते हे उन सभी विभाग का समय–समय पर निरिक्षण करना, पैसो को समय पर बैंक मे जमा कराना, कैशबुक बनाना, बि.आर.एस. बनाना आदी ए.ओ. के कार्य होते है।

7. **जे.ए.ओ. (Junior Accountant Officer)** इनका कार्य ट्रायल बेलेंस, बी.आर.एस.,बनाना होता है एवं रिटायर अधिकारियो के दस्तावेज तैयार करना होता है एवं इनके अंतर्गत विभाग के कार्य की जानकारी ए.ए.ओ. को भेजना होती है।

8. **ए.ए.ओ. (Assistant Accountant Officer)** ए.ओ. के अंतर्गत आते है। इनके अंतर्गत भी निम्न विभाग आते है। ए.ओ. के द्धारा दिए गए निर्देशो का पालन करते है।

9. **क्लर्क** इनका कार्य समस्त अधीकारीयो के निर्देशो का पालन करना होता है। तथा फाइल को एक जगह से दुसरी जगह पहुँचाना होता है।

अधिकारियो की मासिक आय की स्थिति

क्र.	अधिकारी	मसिक आय
1	T.D.M	80000–90000
2	D.E	70000–80000
3	S.D.E	60000–70000
4	J.T.O	40000–50000
5	C.A.O	70000–80000
6	A.O	50000–60000
7	A.A.O	40000–50000
8	J.A.O	30000–40000
9	CLERK	20000–30000

भारत संचार निगम लिमिटेड की वित्तिय स्थिति

चल दायित्व

आज हम विगत वर्षो के चिट्ठो का विश्लेषण करे तो हमे तथ्य हासिल हो सकते है। विगत पॉच वर्षो मे चल दायित्व की स्थिति को हम निम्न प्रकार से दर्शा सकते है।

तालिका क्रमांक 1.1

चल दायित्व की स्थिति

Year	Current liability
2007–08	4528886
2009–10	7401824
2011–12	3884271
2013–14	3974776
2015–16	4112663

(रेखा चित्र देखे आगे पृष्ठ पर)

रेखा चित्र से ज्ञात होता हे कि वर्ष 2007–08 मे चल दायित्व 4528886,जो वर्ष 2009–10 मे बड़ कर 7401824 हो गई 2011–12 मे 3884271 कम हो गई तथा 2013–14 मे 3974776 हो गई। इसका मतलब 90505 से चल दायित्व बड़ गई एवं 2015–16 मे बड़कर 4112663 हो गई।

चल सम्पत्ति – आज हम विगत वर्षो के चिट्ठो का विश्लेषण करे तो हमे तथ्य हासिल हो सकते है। विगत पॉच वर्षो मे चल सम्पत्ति की स्थिति को हम निम्न प्रकार से दर्शा सकते है।

तालिका क्रमांक 1.2

चल सम्पत्ति की स्थिति

year	Current assets
2007.08	11180613
2009.10	11272040
2011.12	4822802
2013.14	3765489
2015.16	3614135

(रेखा चित्र देखे आगे पृष्ठ पर)

रेखा चित्र में चल संपत्ति को दर्शाया है। चल संपत्ति 2007 से 2016 तक लगत घटती जा रही है। जो 2007–08 मे 11180613 से 2009–10 मे घटकर 11272040 हो गई हे तथा 2011–12 मे घटकर 4822802 हो गई है एवं वर्ष 13–14 मे चल संपत्ति 151354 घटकर 3765489 हो गई पिछले वर्ष की तुलना मे वर्ष 15–16 मे चल संपत्ति घटकर 3614135 हो गई।

अचल दायित्व – आज हम विगत वर्षो के चिट्ठो का विश्लेषण करे तो हमे तथ्य हासिल हो सकते है। विगत पॉच वर्षो मे अचल दायित्व की स्थिति को हम निम्न प्रकार से दर्शा सकते है।

तालिका क्रमांक 1.3 – अचल दायित्व की स्थिति

year	Non current liability
2007.08	1148911
2009.10	571622
2011.12	2286577
2013.14	2396890
2015.16	1209595

(रेखा चित्र देखे आगे पृष्ठ पर)

रेखा चित्र के अनुसार 2007-08 मे अचल दायित्व 1148911 एवं 09-10 मे घटकर 571622 हो गई तथा फिर वर्ष 11-12 मे बड़कर 2286577 हो गया। वर्ष 13-14 मे भी बड़कर 2396890 हो गया वर्ष 15-16 मे अचल दायित्व घटकर 1209595 हो गया।

अचल संपत्ति - आज हम विगत वर्षो के चिह्नो का विश्लेषण करे तो हमे तथ्य हासिल हो सकते है। विगत पॉच वर्षो मे अचल संपत्ति की स्थिति को हम निम्न प्रकार से दर्शा सकते है।

तालिका क्रमांक 1.4

अचल संपत्ति की स्थिति

year	Fixed assest
2007.08	11833494
2009.10	13962048
2011.12	16195659
2013.14	14534587
2015.16	10009537

(रेखा चित्र देखे आगे पृष्ठ पर)

रेखा चित्र अचल संपत्ति को दर्शा रहा है। 2007-08 मे 11833494 मे बड़कर 13962048 हो गई 2011-12 मे भी अचल संपत्ति बड़ी हुई आई तथा 2013-14 मे अचल संपत्ति 1661072 से घट गई एवं 2015-16 मे 4525050 से अचल संपत्ति घट गई। वित्त का महत्व वही हे जो मानव शरीर मे रक्त का है। इसके कम ज्यादा होने पर वित्त प्रबंधन गड़बडा जाता है। यही बी.एस.एन.एल में देखने में आ रहा है।

संचार का महत्व स्वयं सिद्ध है, वही देश विकास की दौड़ में आगे आता है जो अच्छी व सस्ती संचार सुविधा प्रदान करता है हमारे देश में यह होना चाहिए।

रेखा क्रमांक 1.1



रेखा क्रमांक 1.2



रेखा क्रमांक 1.3



रेखा क्रमांक 1.4



****

उद्यानिकी जैव विविधता

डॉ. दयाराम साहू *

प्रस्तावना – 'उद्यानिकी जैव विविधता से तात्पर्य ऐसी विविधता से है, जिसमें फल, फूल सब्जियाँ एवं शोभायमान वृक्षों से है। राज्य की जलवायु विविधता एवं भूमि की विविधता अनेक प्रकार के फल, सब्जियाँ एवं पुष्पों की आवश्यकता के अनुकूल है। मध्यप्रदेश, भारत के हृदय स्थल में स्थित है। उद्यानिकी जैव विविधता को तीन भागों में बाँटा गया है।' फल देने वाले वृक्ष, सब्जियाँ देने वाली वनस्पतियाँ, शोभा उत्पन्न करने वाले वृक्ष, झाड़ियाँ, लताएँ तथा शाकीय वनस्पतियाँ आदि।

फल देने वाली विविधता – फल देने वाले वृक्षों को दो भागों में विभाजित किया गया है-

(अ) ऐसे फल जो व्यापारिक रूप में उत्पादन किया जाता है जैसे-आम, अमरूद, नीबू, लेमन, संतरा, मोसम्बी, केला, पपीता, अनार, लीची, चीकू, कटहल, सेव, नासपाती आदि।

(ब) ऐसे फल जो वानकीय रूप में लगाये जाते है या वनों में पाये जाते है जैसे- बेर, आँवला, बेल, कमरख, खिरनी, चिरौंची, जामुन, फालसा, महुआ, भिलवा, तेन्दू, कत्था, सीताफल, इमली आदि। ये फल भी पोषक तत्वों के दृष्टिकोण से उपयोगी होते है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इनका उपयोग सफलतापूर्वक किया जाता है।

सब्जियाँ देने वाली विविधता :- इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों को शामिल किया जाता है जैसे फल, पुष्प, तना, पतियाँ तथा जड़ों को पकाकर खानें में उपयोग किया जाता है। टमाटर, बैंगन, मिर्च, आलू, प्याज, मटर, भिंडी, बरबटी, फूलगोभी, कुम्हड़ा, लौकी आदि प्रमुख सब्जियाँ है।

शोभा उत्पन्न करने वाली विविधता को चार भागों में विभाजित किया गया है।

- **शोभायमान उद्यानिकी विविधता:-** इनका उपयोग सौंदर्यीकरण के लिए किया जाता है। जैसे गुलमुहर, अमलताश, अशोक, कदम्ब, जैकरान्डा, पेल्टाफोरम, कपोक, कचनार, लाल-चम्पा, आकाशनीम आदि।
- **शोभायमान झाड़ियाँ:-** इसके अन्तर्गत गार्डीनिया, बोगेनविलिया, रात-रानी, हरी-चम्पा, जासोन, जैसमीन, रूकमणी, लाल कनेर, पीला कनेर, मधुकामनी, सुनहला चम्पक, चाँदनी आदि।
- **शोभायमान लताएँ:-** इसके अन्तर्गत एलामान्डा, माल्ती, लता, रेल्वेक्रीपर रंगूनकीपर, चमेली, कौरव-पाण्डव, माध्वीलता पोथम आदि।
- **अन्य शोभायमान विविधता:-** इसके अन्तर्गत शोभायमान पौधे गुलाब, सेवन्ती, डहलिया, कैक्टस, ऑर्किड, जल उद्यान, फर्न, पाम, शाकीय वर्षीय पौधों को षामिल किया गया।

मध्यप्रदेश में उद्यानिकी जैव विविधता – 'मध्यप्रदेश प्रकृति से सजा सवरा प्रदेश है। केन्द्रीय भारत की अनेक महत्वपूर्ण नदियों का उद्गम स्थल भी हमारे प्रदेश में स्थित है, जिनके जल ग्रहण क्षेत्रों को वनाच्छादित रखने का दायित्व भी राष्ट्रीय हित में प्रदेश पर ही है। मध्यप्रदेश के वृक्ष जैव विविधता से परिपूर्ण है। जहाँ एक और ग्वालियर, भिंड, राजगढ़ आदि में झाड़ीदार वन है। वहीं दूसरी ओर मण्डला, बालाघाट, डिण्डोरी एवं शहडोल में विशाल वृक्ष वाले सागौन एवं साल वन है। देश के प्राचीनतम रहवासी आदिवासियों का प्रमुख आवास स्थल मध्यप्रदेश ही है।' वनों का संरक्षण, संवर्धन एवं विकास वन विभाग द्वारा किया जाता है। वनों के अन्दर और उसके आस-पास रहने वाले ग्रामीणों को रोजगार के अतिरिक्त लघु वनोंपज, छोटी इमारती लकड़ी जलाऊ, बांस, चारा आदि निस्तार की सुविधाएँ विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। कुछ जिलों में विश्व खाद्य कार्यक्रम के माध्यम से वन क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। वृक्षों का जीवन सबसे श्रेष्ठ है, क्योंकि इनके द्वारा सब प्राणियों को सहारा मिलता है, उनका जीवन निर्वाह होता है जैसे किसी सज्जन के घर से कोई याचक खाली हाथ नही लौटता, वैसे ही इन वृक्षों से भी सभी को कुछ न कुछ मिल जाता है। वृक्ष अपने शरीर से पत्ते फुल, छाया, जड़, छाल, काष्ठ, गन्ध, गोंद, राख, कोयला, अंकुर और कोयलों से भी लोगो की कामना पूरी होती है। वृक्ष प्रकृति की सर्वाधिक मूल्यवान संपदा है। मानव जीवन इस सम्पदा से घनिष्ठता से जुड़ा है। वृक्षों से प्रत्यक्ष मानव जीवन इस सम्पदा से घनिष्ठता से जुड़ा है। वृक्षों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त होता है। एक बढ़ता हुआ वृक्ष देश की प्रगतिशीलता का सजीव प्रतीक माना जाता है। पारिस्थितिकीय तंत्र में वृक्ष तथा अन्य वनस्पतियाँ एवं जीव अभिन्न रूप से जुड़े है।

वृक्षों का महत्व :- वृक्षों के महत्व का विवरण वैज्ञानिक ग्रन्थों, समाज षास्त्रों तथा धर्म ग्रन्थों में विभिन्न रूपों से प्राप्त होता है। उपयोगिता के दृष्टिकोण से वृक्षों के महत्व को पाँच भागों में विभाजित किया जाता है।

- **पर्यावरण संरक्षण :-** पर्यावरण संतुलन मानव के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। मानव की प्रत्येक क्रिया पर्यावरण को प्रभावित करती है। प्रदूशित वातावरण को शुद्ध करने में वृक्षों की अहम भूमिका होती है। जैसे-ऑक्सीजन का निर्माण, कार्बन डाई-ऑक्साइड का अवशोषण, वायु प्रदूषण नियंत्रण, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, वातावरण में नमी की वृद्धि, वातावरण अनुकूलन, सौंदर्य निर्माण, छाया प्रदान करना, पशु-पक्षियों को संरक्षण, भूमि संरक्षण, जल संरक्षण, सूखे से राहत आदि।
- **दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति:-** दैनिक आवश्यकताओं से तात्पर्य ऐसी आवश्यकताओं से है, जो वृक्षों द्वारा पूरी होती है जैसे फलों की आपूर्ति, पशुचारा, ईंधन की आपूर्ति, रेशा प्राप्त करना, कृषि औजारों के लिए ,ग्रह निर्माण के लिए लकड़ी की आपूर्ति, औषधियों की प्राप्ति आदि।
- **फसल उत्पादन में सहायक:-** फसल उत्पादन में ऐसा समझा जाता

*अतिथि विद्वान (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय,बरेला, जबलपुर (म.प्र.) भारत

है कि वृक्षों की कोई भूमिका नहीं होती है, जंगलों को साफ करके खेती की जाती है। ऐसी मान्यता गलत है। वृक्ष फसल उत्पादन में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष दोनो प्रकार से लाभदायी होते है। प्रत्यक्ष रूप से फसलों को तेज गर्म हवा से सुरक्षा देना, जबकि परोक्ष रूप से सूक्ष्म जलवायु में अनुकूल परिवर्तन करना, भूमि–क्षरण को रोकना, भूमि में नाइट्रोजन की स्थिर उर्वरता बढ़ाना, जीवांश की मात्रा बढ़ाना आदि लाभ सम्मिलित है।

- **औद्योगिक उपयोगिता:–**वृक्षों का औद्योगिक उपयोग इतना अधिक विस्तृत है कि सभी औद्योगिक संस्थान किसी न किसी रूप में वृक्षों से प्राप्त होने वाली सामग्रियों का उपयोग करते है जैसे इमारती लकड़ी, बीड़ी उद्योग, खाद्य तेल, औद्योगिक तेल, गोंद तथा रेजिन, कत्था उद्योग, लाख उत्पादन उद्योग, रेषम उद्योग, शहद उत्पादन, मोम उद्योग, औषधि आदि।
- **सामाजिक – धार्मिक भावनाओं के प्रतीक :–** वृक्ष मानव की सामाजिक तथा धार्मिक भावनाओं से हमेशा जुड़े रहे है। इनकी उपयोगिता को देखते हुए अनेक ग्रन्थों में उनकी उपयोगिता का विवरण प्राप्त होता है। इनके प्रति आदर की भावना इस सीमा तक हो गई है कि उन्हें देवताओं का प्रतीक माना जाने लगा। जैसे 'गूलर' में श्री दतात्रेय जी का, 'कदम्ब' में श्री कृषण का, 'बेल' में भगवान शिव का वास मानते है। स्त्रियाँ अपने सुहाग की मंगल–कामना के लिए 'वट' के वृक्ष की पूजा करती है। रक्षा नवमी के दिन आँवला वृक्ष की पूजा की जाती है विवाह के मण्डप में 'साल' वृक्ष को साक्षी मानकर वर–वध फेरे लेते है। गांवो में अभी तक यह परम्परा है कि जो व्यक्ति फलों का बगीचा लगाता है वह तब तक उस वृक्ष का फल नहीं खाता है जब तक वह उसकी शादी न कर दे। बगीचे की शादी भी बड़े धूम–धाम से की जाती है। ईसाईयों का पूज्य वृक्ष क्रिसमस 'अरौकेरिया एक्सेलसा' है। मुसलमानों का पूज्य वृक्ष 'पीपल रैल्वेडोरा ओलियाइडी' है कितना स्नेह तथा आदर वृक्षों को प्रत्येक धर्म तथा समाज में दिया गया है।म
- **उद्यानिकी से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा –** मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य है जहाँ जलवायु सम्बंधी अधिक विविधताएँ पाई जाती है। यहाँ प्रत्येक प्रकार के पुष्पीय पौधे किसी न किसी ऋतु में कहीं न कहीं अवश्य उत्पन्न किये जाते है। पुष्पीय पौधों को रोपण योजना के लिए मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ, मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के माध्यम से किसानों को अधिक सहायता प्रदान की जाती है। किसानों को उत्तम बीज देकर, तकनीकी जानकारी प्रदान करके बाजार की व्यवस्था की जाती है जिससे भारतीय किसान अधिक से अधिक पुष्पों का उत्पादन करके लाभ प्राप्त कर सके। हमारी संस्कृति, धार्मिक क्रियाकलाप साहित्य व सामाजिक जीवन में प्रत्येक स्थान में पुष्पों का समावेश है। इस कारण हमारे देश में पुष्पों के उद्योग का अलग ही महत्व है। पुष्पों का उद्योग दिनों–दिन उन्नति के शिखर पर पहुँचता जा रहा है। इससे हमारे समाज के लाखों लोगो को जीविका का साधन मिल रहा है तथा व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। पुष्प के व्यवसाय से भारत सरकार द्वारा व्यावसायिक स्तर पर पुष्पोत्पादन करने के लिए अनेक सुविधाएँ प्रदान की जाती है। यदि व्यापारी या किसान पुष्पों के बीज एवं उत्तम सामग्री आयात करना चाहता है तो स्वीकृति या अनुमति की आवश्यकता नही होती है, बीज, कंद, कर्तन एवं बोने की सामग्री आदि पर आयात–निर्यात षुल्क में छूट मिलती है। 'मशीनों एवं ग्रीन हाउस बनाने के उपकरणों का आयात करने पर आयात शुल्क पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाती है, घरेलू बाजार में फूलों की अधिक बिक्री होने वाली परियोजनाओं पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है, किसानों को फूलों की देखभाल के लिए षीत भंडारण बनाने के लिए 4 प्रतिशत ब्याज पर राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड किसानों को कर्ज देता है, विश्व स्तर पर यदि सभी उद्योग–धंधों को देखा जाए तो पुष्पीय पौधे व फूलों के उद्योग में सबसे कम व्यय होता है। इसकी खेती से हमारे पर्यावरण में सुधार होता है। उद्योग–धंधों के विकास में वृद्धि होती है। हमारे देश के पढ़े–लिखे युवक–युवतियाँ जो पुष्प कृषि में अपना कैरियर बनाना चाहते है उन्हें रोजगार प्राप्त होता है। ग्रामों में इस उद्योग की नई–नई तकनीकियों से, ग्रामीणों का शहरों की ओर पलायन कम होता है क्योंकि पुष्पीय पौधे एवं पुष्प द्वारा शहरों एवं विदेशों से अच्छा मूल्य प्राप्त होता है।

समस्याएँ – उद्यानिकी जैव विविधता की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उद्यान या बागबानी के बारे में लोगो को पूर्ण जानकारी न होना, बागवानी में कीटनाश्कों रासायनिक खादों का अत्यधिक प्रयोग, देशी प्रजाति के स्थान संकर प्रजाति का उपयोग, विविधता की जगह एक समानता एवं उत्पादकताओं को बढावा, वन क्षेत्रों में एक ही प्रजाति का व्यवसायिक रोपड़ करना, अनेक प्रजातियों की जगह एक बहुमूल्य प्रजाति का रोपण करना, पतझड़ एवं सदाबहार वनों में विदेशी प्रजातियों का रोपण ये सब उद्यानिकी जैव विविधता के विकास में बाधक के रूप में सबसे बड़ी समस्या है।

सुझाव – जैव विविधता बोर्ड को उद्यानिकी जैव विविधता के बारे में लोगो को जानकारी प्रदान करनी चाहिए ताकि लोग उद्यानिकी की खेती करके अधिक से अधिक लाभ कमा सके उद्यानिकी जैव विविधता में कीट नाशक दवाओं, रासायनिक खादों का प्रयोग न करते हुए जैविक खादों का प्रयोग करना चाहिए जिससे अधिक मात्रा में उत्पादन प्राप्त हो सके। उद्यानिकी में विदेशी प्रजाति के स्थान पर देशी प्रजाति का उपयोग अधिक मात्रा में किया जाना चाहिए जिससे मूल प्रजाति बनी रहे उद्यानिकी कार्य करते समय विभिन्न प्रजाति का रोपण न करते हुए अधिक आर्थिक महत्व देने वाली प्रजाति का रोपड़ करना चाहिए।

निष्कर्ष – जैव विविधता के बीज मंत्र को दृष्टिगत रखते हुए हमें जैव विविधता की गवेषणा करनी चाहिए, जैव विविधता की गवेषणा से आशय उन तत्वों की खोज है जो जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है लेकिन हमनें उनकी कीमत को भुला दिया है। हमनें प्रकृति के उत्पादानों का दमन किया है जैव विविधता नष्ट हो रही है ऋतुचक्र व्यतिक्रमित हुआ है तथा मौसम रूठ रहा है। भौतिकता के अभाव में नित्य नई खोजे जारी है। सभी अन्वेषण एवं अनुसंधान हमें प्राकृतिक संसाधनों के प्रति ओर भी अधिक अनुदार बना रहे है हम प्रकृति के मूल तत्वों एवं बीज मंत्र से और अधिक दूर जा रहे है।

जैव विविधता के संदर्भ में आज गंभीर चिंतन की आवश्यकता है गवेषणात्मक संदर्शो पर दृष्टिपात जरूरी है हमारे ऋृषि मुनियों ने गंभीर चिंतन किया था उन्होने कठिन साधना की और समाधान दिए। मनीषियों के अनुसार ऋषि वह होता है जो चिंतन को विस्तृत रूप देता है और मुनि वह होता है जो चिंतन को गहराई देता है हमने भौतिक तथा लौकिक दोनो ही क्षेत्रों में प्रगति की है लेकिन अपने दिव्य आर्श ज्ञान को भुला दिया है। अपनी प्राकृतिक क्षमताओं को खो दिया है जो कुछ हमारे पास था हमने उसे खो दिया है उसी खोये हुए खोज की गवेषणा है। बदलते समय के साथ बदलती मान्यताओं का साथ जो आवश्यक है उसे हम पाना चाहते हैं उसे अन्वेषणा कहते हैं। हमें पर्यायवादी न होकर आध्यात्मवादी होकर चिंतन करना चाहिए एवं प्रकृति पर्यावरण को निरन्तर बनाये रखने के प्रयास करने होगें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पटैरिया, हरिनारायण- जैविक जननांकीय, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, बाणगंगा भोपाल (2005)
2. भार्गव, प्रभा - उद्यान कला, पुस्तक महल, दरियागंज, नई दिल्ली 21
3. तिवारी, ज्वालाप्रसाद - औषधीय पौधे कृषि एवं उपयोग, अभिनव पकाशन जबलपुर (2004)
4. श्रीवास्तव, श्यामसुन्दर - कृषि वानिकी, सेन्ट्रल बुक हाउस, सदर बाजार, रायपुर (1995)
5. शुक्ला पी.- भारत के औषधीय वृक्ष, पोइंटर पब्लिशर्स, जयपुर (2008)
6. सती, विषम्भर प्रसाद - पर्यावरण और कानून, आविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स जयपुर, राजस्थान, (2007)
7. नवाज, आर.- कृषि वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन, पोइंटर पब्लिशर्स, जयपुर (2008)

पत्रिकाऐं :

1. वन- वृत्त- अपर वनमंडल सौंसर (छिन्दवाड़ा)
2. भारत के औषधीय वृक्ष (2008)
3. हमारी थाती हमारे बारानाजा, हमारी जैव विविधता, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, प्रथम तल किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल।
4. जैव विविधता एक साझा सरोकार, मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, प्रथम तल किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल।

****

जैव विविधता विषय में शोध की आवश्यकता

डॉ. दयाराम साहू *

प्रस्तावना – आज की मानव जाति आधुनिकता के दौर में इस कदर बढ़ती जा रही है की विकास करने के लिये हमारे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन तीव्र गति से किया जा रहा है जिसकी विभिषिका हमें वर्तमान समय में देखने को मिल रही है जैसे जलवायु का बेमौसम में परिवर्तन होना, अकाल पड़ना भूखमरी बढना बेरोजगारी बढ़ना भूमण्डल का तापमान बढ़ना आदि घटनायें देखने को मिल रही है इसलिये वर्तमान समय में जैव विविधता विषय पर शोध की आवश्यकता की महत्ता बढ़ गई है हम देखते हैं जैव विविधता हमारे जीवन के हर पहलू को छूती है जैव विविधता के बिना मनुष्य ही क्या, इस वातावरण में प्रत्येक जीव-जन्तु पेड़-पौधे जीवित नहीं रह सकते। जैव विविधता से हमें जीवित रहने के लिए कपड़ा, रोटी, और मकान प्राप्त होते हैं। खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से जैव विविधता से पूरी दुनिया को अनाज प्राप्त होता है। सेहत और उत्कृष्ट स्वास्थ्य लाभ के लिए पौधों से आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में जड़ी-बूटियाँ प्राप्त होती है। जैव विविधता के कारण ही मनुष्य के जीवन में आर्थिक वृद्धि होती है जिससे उसके जीवन स्तर में सुधार होता है जैसे लघु एवं कुटीर उद्योग से कपास, जूट नारियल के रेशे से बाँस प्राप्त होते हैं, इसके साथ-साथ इनका उपयोग स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए रस्सियाँ, कागज, कपड़े बनाने में एवं पैकिंग सामग्री के लिए बोरे, गिनी बैग, गलिचों के स्तर आदि जैव विविधता से ही प्राप्त होते हैं। इसलिए **जैव विविधता** विषय पर शोध की आवश्यकता की महत्ता बढ़ गई है जिससे लोगो को यह पता चल सके की जैव विविधता क्या है इसके महत्व क्या है इसे कैसे बचाया जा सकता है आदि।

यह शोध आज के समय में दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, क्योंकि जीवन अत्यधिक जटिल होता जा रहा है। इसमें धन एवं समय दोनों लगते हैं, लेकिन फिर भी अधिक से अधिक लोग शोध कार्यो में रूचि ले रहे है। इसका कारण अनुसंधान का बढ़ता महत्व है। 'शोध से बोध पनपता है और वास्तविक बोध ज्ञान का द्योतक है। शोध की भी यह प्रथम उपयोगिता है कि यह वह साधन है। जिसके द्वारा हमारे ज्ञान की वृद्धि होती है साथ ही शोध नवीन वस्तुओं के सम्बंध में हमारे मन की जिज्ञासा को मिटाने का एक साधन भी है'।[1] इसके द्वारा हमारे समाज में घटित घटनाओं के अनेक अस्पष्ट या अन्धकारपूर्ण पक्षों के सम्बंध में हमें जानकारी प्राप्त होती है समाज में अनेक समस्याएँ केवल इसलिए है क्योंकि उनके सम्बंध में हमें पूर्ण जानकारी नहीं है। शोध के द्वारा इन समस्याओं का वैज्ञानिक अध्ययन करके उसके कारणों एवं निवारणों का समाधान किया जा सकता है शोध कार्य में समाज में घटित घटनाओं का निष्पक्ष विश्लेषण किया जाता है एवं लगातार ज्ञान में वृद्धि होती है, हम यह कह सकते हैं कि 'शोध के द्वारा मानव समाज उस प्रकार दिशा निर्देशित होता है जिस प्रकार किसी समुद्र में कोई जहाज पोल स्टार के द्वारा दिशा निर्देशित होता है'।[2]

शोध की सहायता से जैव विविधता के विकास को एक वैज्ञानिक स्तर पर प्रतिष्ठित किया जा सकता है, लेकिन लोगों के मन में यह गलत धारणा बनी हुई है कि जैव विविधता का विकास कोई भी व्यक्ति या संस्था कर सकती है और सफलता भी पा सकती है लेकिन इस विकास का आधार यदि वैज्ञानिक ज्ञान व अनुभव नही है तो उसमें सफलता की प्राप्ति केवल एक संयोग ही होगा। 'शोधकर्ता समाज को सुधारना तो चाहते हैं लेकिन उनको इसके लिए सम्बंधित ज्ञान की आवश्यकता पड़ती है और उसके अभाव में वे कुछ नही कर पाते। शोधकर्ता शोध के द्वारा उन्हें सम्बंधित ज्ञान देकर अपनी उपयोगिता सिद्ध कर देता है शोध समाज सुधारकों को उनके रूचि के क्षेत्रों तथा समस्याओं का वैज्ञानिक विधि से अध्ययन करके चाही गई सूचनाएँ प्रदान करता है इन सूचनाओं की सहायता से मनुष्य समस्या की गहनता तथा कारणों से अवगत हो जाते हैं और सुधार कार्य मे जुट जाते हैं।'[3]

राज्य की अर्थव्यवस्था में जैव विविधता के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए जैव विविधता बोर्ड की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जबकि प्रस्तुत शोध प्रबंध के विषय का चयन करने के पूर्व उसके औचित्य एवं उपयोगिता की अवधारणाओं का स्वप्रेरणा से अध्ययन किया गया है। जैव विविधता के संविधान के लिए अब तक जो प्रयास किय गये है उनकी दिशा दृष्टि विकासोन्मुखी कम और विदोहन अधिक था। इस प्रकार के प्रयासों को विकास के कार्यक्रमों के रूप में न देखकर जैव विविधता के उत्थान के कार्यक्रमों के रूप में अधिक देखा जाता रहा है। आधुनिकीकरण, शहरीकरण, शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा व्यापार, वाणिज्य और उद्योग के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों से पर्यावरण में जो उथल-पुथल हुई है, उससे पर्यावरण प्रदूषित हुआ है।

जैव विविधता की साख सुविधाओं का समुचित उपयोग करना एवं संरक्षण के प्रति महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व को समझना। राज्य की अर्थव्यवस्था में जैव विविधता के उत्पादों के हिस्से में वृद्धि के लिए साख सुविधाओं का सक्रिय योगदान होना चाहिए। जबकि प्रदेश में प्रचुर मात्रा में वित्तीय संसाधन उपलब्ध है, लेकिन उनका समुचित उपयोग नही हो रहा है। यद्यपि जैव विविधता बोर्ड द्वारा जैव विविधता की साख सुविधाओं के विकास के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे है किन्तु अध्ययन से ऐसा प्रतीत होता है कि अभी सरकार और बोर्ड के प्रयासों की आवश्यकता है।

वर्तमान समय 'जैव विविधता' के लिए अनेक संभावनाओं से भरा है। इस जैव विविधता के क्षेत्र में व्यक्तियों के लिए रोजगार के प्रचुर अवसर है जैसे स्वयं, स्वामित्व, प्रशासन, प्रबंधन, विपणन, कार्यकारी, विपणन सहायक, विक्रय कार्यकारी आदि अनेक भूमिका निभाने का अवसर प्राप्त हो सकता है किन्तु जैव विविधता के क्षेत्र में अनेक बाधाएँ है जो जैव विविधता के विकास को प्रभावित कर रही है इन बाधक घटकों की पहचान एवं उन्हें

* अतिथि विद्वान (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, बरेला, जबलपुर (म.प्र.) भारत

दूर करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत करना शोध उद्देश्य में निहित है। शोध उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित परिकल्पनाएँ परीक्षण हेतु निर्धारित की गई है।

- जैव विविधता के विकास एवं विस्तार करने के लिए चलाये जाने वाले कार्यक्रम पूर्णतया सुलभ हो रहे है।
- जैव विविधता को पहुँचाई गई क्षति को पुनर्वापसी के लिए निश्चित योजना तैयार कर समुचित क्रियान्वयन किया जाता है।
- कार्यशाला के माध्यम से जैविक सम्पदा के संग्राहकों को संकलित कर इसके सही तरीके से संग्रहण एवं विदोहन को प्रोत्साहित किया जाता है।
- जिलों में उपलब्ध जैव संसाधनों, पेड़ पौधों, फसलों, जीव-जन्तु, पालतू पशुओं इत्यादि की विभिन्न प्रजातियों की संख्या में वृद्धि करना।
- राज्य के विकास में जैव विविधता बोर्ड की कितनी सहभागिता है।
- जैव विविधता बोर्ड के माध्यम से रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए कौन-कौन से कार्यक्रम संचालित है।
- जैव विविधता बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास के लिए कौन-कौन से उपाए किए जा रहे है।
- इस शोध प्रबंध से जैव विविधता के विकास करने में नवीन तकनीक प्रशिक्षण आयोजन तथा प्रशिक्षण नीति के सम्बंध में नवीन जानकारी प्राप्त होगी।
- राज्य शासन द्वारा जैव विविधता विकास में कौन-कौन सी योजनाएँ संचालित है।

समस्या ;

- आज भी वर्तमान समय में यह देखा जाता है कि जैव विविधता से सम्बधित जानकारी लगभग 60 प्रतिशत लोगो को ही नहीं है वर्तमान में जैव विविधता सरंक्षण एवं उपयोग के लिए जो अन्तर्राष्ट्रीय संधियाँ है वे समुचित नहीं है आज भी पचांयत स्तर पर जैव विविधता का पंजीकरण नहीं किया गया है स्थानिय स्तर पर जैव विविधता संरक्षण कोष का स्थापित न होना इसलिए जैव विविधता से सम्बंधित आँकड़ो को एकत्रित करने में बहुत समस्याओं का समाना करना पड़ता है जैव विविधता से सम्बंधित जानकारी एकत्रित करने के लिए जैव विविधता बोर्ड भोपाल में जाना पड़ता है लेकिन यहाँ भी प्रत्येक क्षेत्र की जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण विभिन्न संमकों से सम्बंधित जानकारी प्राप्त करने में कठनाई का सामना करना पड़ता है।

सुझाव :

- जैव विविधता से सम्बंधित पूर्ण जानकारी एवं आँकडे प्रदर्शित करने के लिए राज्य सरकार को राजधानी स्तर पर जैव विविधता बोर्ड के कार्यालय के साथ-साथ राज्य के प्रत्येक जिले में जैव विविधता बोर्ड का कार्यालय खोला जाना चाहिए एवं प्रत्येक जिले के प्रत्येक विकास खंड में जैव विविधता प्रबंधन समिति गठित की जानी चाहिए जिससे प्रत्येक व्यक्ति को जैव विविधता के विषय में जानकारी प्राप्त हो सके, जो आँकडे एकत्रित करने में सफलता प्राप्त हो सकती है। राज्य सरकार एवं जैव विविधता बोर्ड द्वारा निम्न कार्य किया जाना चाहिए पचांयत स्तर पर जैव विविधता का पँजीकरण करना, प्रत्येक ग्राम में जैव विविधता उत्सव मनाना, जैव विविधता मुददे पर ग्राम स्तर पर लोक सुनवाई का आयोजन करना, राज्य स्तरीय कार्य शाला का आयोजन विशाल रूप में करना, ग्राम स्तरीय परामर्श शिविर लगाना, जैव विविधता कार्यक्रम तैयार करके उसे संचार साधनों से प्रचार-प्रसार करना, जैव विविधता प्रबंधक समिति के विभिन्न स्तरीय सदस्यों के प्रशिक्षण के माध्यम से कार्य कुशलता बढ़ाना, जैव विविधता से सम्बंधित समाचार पत्रों में प्रकाशित करना, स्थानिय स्तर पर जैव विविधता संरक्षण कोष को स्थापित करना, इस कोष से स्थानिय युवकों को जैव विविधता सम्बंधित शोध प्रबंधन वाणिज्य उपयोग आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।
- वर्तमान समय का सबसे बड़ा बीज मंत्र है जैव विविधता संरक्षण का, जो हमें प्राप्त करना है उसे बोना आरम्भ कर देना चाहिए। आज हम जिन पेड़ों के फल खा रहे है क्या हमने उन्हें लगाया था? ये पेड़ हमारे पुरखों के द्वारा बीजारोपित किए गए, उनके द्वारा ही अभिसिचिंत किए गए और संभाले गए। हम तो उनके प्रयास को ही प्रसाद के रूप में प्राप्त कर रहे है।
- हमें भी अपनी संततियों के बारे में सोचना चाहिए और वन-वनस्पतियों एवं जड़ी-बूटियों को बोना चाहिए, ये पेड़-पौधे ही हमारे जीवन का आधार है। आज प्राकृतिक संसाधनों के नवसृजन की आवश्यकता है अन्यथा प्रयोग होते-होते शनैः-शनैः बचे भण्डार और आधार भी समाप्त हो जाएगें। हमारे पास संसाधनो के संरक्षण का बीज मंत्र है इस मंत्र को समझने की आवश्यकता है। शरीर बुद्धि और भावनाएँ, स्थूल, सूक्ष्म और कारण षरीर के साथ हम सब में ही नैसर्गिक रूप से पाई जाती है धन एवं संसाधनों को हम अर्जित भी करते हैं तथा पूर्वजों के द्वारा पूर्व संचित धन संसाधन भी हमें उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त होते हैं प्राकृतिक संसाधनों के मामले में आज हम स्वउपार्जन से विमुख हुए है हम संसाधनों को उत्तराधिकार के रूप में अधिकता से प्राप्त कर रहे है किन्तु हम इनका मूल्य समझ नहीं पा रहे है। तभी तो हम अपने कर्तव्य से विमुख हो रहे है और संसाधनों की बर्वादी कर रहे है यदि हम पेड़ काटते रहे, वन विनाश करते रहे है, लेकिन हमने नये पेड़-पौधे नहीं लगाये तो एक ऐसी रिक्तता आ जायेगी जिसकी भर पाई करना बहुत मुश्किल है जैव विविधता का संरक्षण करके हम संसाधनों का अंकेक्षण कर सकते हैं।
- जैव विविधता के बीज मंत्र को दृष्टिगत रखते हुए हमें जैव विविधता की गवेषणा करनी चाहिए, जैव विविधता की गवेषणा से आशय उन तत्वों की खोज है जो जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है लेकिन हमनें उनकी कीमत को भुला दिया है। हमनें प्रकृति के उत्पादानों का दमन किया है जैव विविधता नष्ट हो रही है ऋतुचक्र व्यतिकृमित हुआ है तथा मौसम रूठ रहा है। भौतिकता के अभाव में नित्य नई खोजे जारी है। सभी अन्वेषण एवं अनुसंधान हमें प्राकृतिक संसाधनों के प्रति ओर भी अधिक अनुदार बना रहे है हम प्रकृति के मूल तत्वों एवं बीज मंत्र से और अधिक दूर जा रहे है।
- जैव विविधता के संदर्भ में आज गंभीर चिंतन की आवश्यकता है गवेषणात्मक संदर्भो पर दृष्टिपात जरूरी है हमारे ऋषि मुनियों ने गंभीर चिंतन किया था उन्होने कठिन साधना की और समाधान दिए। मनीषियों के अनुसार ऋषि वह होता है जो चिंतन को विस्तृत रूप देता है और मुनि वह होता है जो चिंतन को गहराई देता है हमने भौतिक तथा लौकिक दोनो ही क्षेत्रों में प्रगति की है लेकिन अपने दिव्य आर्श ज्ञान को भुला दिया है। अपनी प्राकृतिक क्षमताओं को खो दिया है जो कुछ हमारे पास था हमने उसे खो दिया है उसी खोये हुए खोज की गवेषणा है। बदलते समय के साथ बदलती मान्यताओं का साथ जो आवश्यक है उसे हम पाना चाहते हैं उसे अन्वेषणा कहते हैं। हमें पर्यायवादी न होकर आध्यात्मवादी होकर चिंतन करना चाहिए एवं प्रकृति पर्यावरण को निरन्तर बनाये रखने के प्रयास करने होगें।

संदर्भ ग्रंथ सूची ; -

1. आहुजा, राम - सामाजिक सर्वेक्षण एवं अनुसंधान, रावत पब्लिकेशन्स

जयपुर नई– दिल्ली (2003)

2. मुकर्जी, रवीन्द्रनाथ– सामाजिक शोध एवं सांख्यिकीय, विवेक प्रकाशन, जवाहर नगर दिल्ली (2005)
3. शर्मा, दीप्ती, महेन्द्र कुमार– पर्यावरण प्रबंधन एवं प्राकृतिक संसाधन, अर्जुन पब्लिषिंग हाउस प्रहलाद गली, अंसारी रोड, दरियागंज नई दिल्ली (2009)
4. साहनी के.– पर्यावरण, वन और वन्य जीव संरक्षण, पोइंटर पब्लिशर्स, जयपुर (2007)
5. त्रैमासिक पत्रिका – जैव विविधता बोर्ड, भोपाल।
6. हमारी जैव विविधता– म.प्र. शासन।
7. वनवर्धन के सिद्धांत – (1982)
8. भारत के औषधीय वृक्ष (2008)
9. जीव जन्तुओं की अनोखी दुनिया (2009)
10. खेती संसार – भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की वार्षिक रिपोर्ट भारत कृषक समाज मध्यप्रदेश अपेक्स बैंक भवन, भोपाल।
11. इंडियन सोसायटी और एग्रीविजनेस प्रोफेशनलस भोपाल– वनोपजों का प्रबंधन एवं जैव विविधता संरक्षण।
12. आओं जाने जीव जगत को – मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, प्रथम तल किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

Annual Publications :

1. Annual reports of Biodiversity Board, M.P., Bhopal
2. Times of India Annual Directory and Year Book
3. Manorama

****

परिवहन का आर्थिक महत्व (इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड के संदर्भ में)

डॉ. धीरज शर्मा *

प्रस्तावना – 'यदि कृषि और उद्योग धंधे किसी देश के आर्थिक जीवन का शरीर और हड्डिया मानी जाए तो परिवहन को उस आर्थिक ढांचे की स्नायु प्रणाली मानना चाहिए।' किसी देश के आर्थिक विकास का आभास हमको वहां के परिवहन के साधनों से हो सकता है। आधुनिक सभ्यता वास्तव मे आधुनिक परिवहन के साधनों की शिशु है। फेयर एवं विलियम्स के शब्दों में 'सभ्यता वहा प्रगट हुई जहां परिवहन व्यवस्था प्रभावशाली उपयोग मे लाई जा सकी थी। यह कभी भी छोटे और एंकांकी समाजों मे प्रगट नहीं हुई है।'

जिस देश में मानव और माल को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने की सुविधा नहीं है उसे आज एक सभ्य राष्ट्र नही कहा जा सकता है। उन्नत परिवहन के साधन इस बात को प्रदर्शित करते हैं कि तकनीकी क्षेत्र में अमुक देश ने कितनी प्रगति की है। हमारा आर्थिक जीवन ऐसा बन गया है कि परिवहन के साधनो के अभाव में सदैव आर्थिक संकट की आशंका बन रहती है।

नियोजित अर्थव्यवस्था में परिवहन की भूमिका – वर्तमान युग आर्थिक नियोजन का युग है। आज विश्व के समस्त राष्ट्र चाहे विकसित हो अथवा अविकसित या अर्द्ध विकसित, नियोजित विकास के माध्यम से ही अपनी अर्थव्यवस्था को उन्नत बनाने में संलग्न है। योजना आयोग के अनुसार आर्थिक नियोजन आवश्यक रूप से सुनिश्चित सामाजिक उद्देश्यों के संदर्भ में अधिकतम लाभ की प्राप्ति के लिए प्रसाधनो के संगठन एवं प्रयोग का तरीका है। किसी भी देश के आर्थिक पुनरूत्थान के लिए अनियोजित अर्थव्यवस्था की अपेक्षा नियोजित अर्थव्यवस्था को अपनाना अधिक श्रेयस्कर है। विश्व के सभी राष्ट्रो की विकास योजनाओं मे परिवहन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। खलिहानो मे भले ही अनाज के ढेर लगे हो तथा कारखानों मे निर्मित माल से गोदाम भरे हो, किन्तु जब तक कार्य और फैक्ट्री का उत्पादन उन लोगों के पास नहीं पहुँचता जिनके यह उत्पन्न किया गया है तो उसकी क्या उपयोगिता? देश मे उत्पादन की वृद्धि के साथ-साथ उसका स्थानान्तरण भी परमआवश्यक है।

विगत घटनाओं से परिहवन विकास के संबंध में प्राप्त शिक्षाये –

1. कोयला समस्या कई बार भारत मे उत्पन्न हुआ जिसका प्रमुख कारण परिवहन साधन उपलब्ध न होना है।
2. चीन और पाक आक्रमणो ने इस बात पर ध्यान दिलाया कि देश रक्षा और देश के विकास दोनों ही दृष्टियों से परिवहन का पूर्णत: विकास होना आवश्यक है।
3. रेलों की तुलना में सड़क परिवहन का भाग माल एवं यात्री परिवहन में अपेक्षाकृत बढ़ा है।
4. द्वितीय और तृतीय योजनाओं मे कई बार देश को परिवहन संकट का सामना करना पड़ा, जिससे आर्थिक विकास मे कठिनाई हुई।
5. परिवहन की योजनाएँ समय से पूर्व उपयुक्त एवं योग्य अधिकारियों द्वारा बनाई जानी चाहिए।

परिवहन का महत्व – परिवहन का महत्व निम्न तीन शीर्षको के अंतर्गत विभक्त किया जा सकता है।

1. आर्थिक महत्व
2. सामाजिक महत्व
3. राजनैतिक महत्व

परिवहन का आर्थिक महत्व – परिवहन के साधनों का मानव के आर्थिक जीवन से बहुत गहरा संबंध है। प्रो. मार्शल के मतानुसार 'अर्थशास्त्र मानव के जीवन के साधारण व्यवसाय का अध्ययन है, यह व्यक्ति एवं समाज की उन क्रियाओं की परीक्षा करता है, जो भौतिक कल्याण के साधनो की प्राप्ति एवं उनके उपयोग से संबंधित होती है।' परिहवन के आर्थिक लाभ इस प्रकार है –

1. उत्पादन का विशिष्टिकरण
2. सस्ती उपभोग सामग्री
3. कच्चे माल के परिवहन की सुविधा
4. आधारभूत उद्योगो का विकास संभव
5. औद्योगिकीकरण की तीव्रगति हेतु आवश्यक
6. संतुलित विकास हेतु आवश्यक
7. व्यक्तियों के रोजगार

इन्दौर में परिवहन – इन्दौर प्राचीनकाल मे एक सीमित नगर था किन्तु धीरे-धीरे अनेक आविष्कारों और मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति और जनसंख्या की उत्तरोत्तर वृद्धि से इन्दौर म.प्र. की औद्योगिक राजधानी बन गया है। इन्दौर मे परिवहन के विविध साधन है जो इस प्रकार है।

1. सिटी वेन
2. तांगा
3. सिटी बस
4. टाटा मैजिक
5. रिक्शा
6. ई – रिक्शा

उपरोक्त साधनों मे रिक्शा, तांगा पुरानी व्यवस्था में से है शेष सभी 2005 में और सिटी ट्रासपोर्ट सर्विस लिमिटेड की स्थापना और परिवहन क्रांति की देन है। इसके पूर्व नगर सेवा और टेम्पो भी परिवहन साधनों मे शामिल थे जिन्हे बढ़ते प्रदूषण अधिक भाड़ा असभ्यतापूर्वक व्यवहार आदि कारणो से बंद कर दिया गया।

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

सिटी बस के लाभ – सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड के माध्यम से परिवहन का महत्व सिटी बस और मिनी बसों के प्रयोग से बढ़ा है। इसके लाभ इस प्रकार है।

1. यात्रियों को घर पहुँच सेवा जिससे समय की बचत हो जो उत्पादक कार्यो मे लगाया जा सकता है।
2. प्रतिस्पर्धा के कारण किराया कम होना
3. सरकार द्धारा अनिवार्य व कानूनी नियमों का निर्धारण
4. सतत् संचालन और गति पर नियंत्रण
5. दुर्घटनाओं की दशा में क्षतिपूर्ति की व्यवस्था
6. संचालन प्रशासकीय पद पर नियुक्त व्यक्ति द्धारा, जिससे राजनैनिक नियंत्रण मे कमी
7. लोक निजी साझेदारी(PPP Model) जुड़ा होने से सरकारी संपत्ति की सुरक्षा
8. जनता को कम किराये पर श्रेष्ठ सुविधा
9. व्यवस्था के संचालन हेतु आधारभूत संरचना का विकास सरकार द्धारा जैसे – सड़क, बी.आर.टी.एस. आदि

निष्कर्ष – उपरोक्त से स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश की औद्योगिक राजधानी इन्दौर मे परिवहन के विविध साधन संचालित किये जा रहे है, जिनमें सिटी बस एक महत्वपूर्ण साधन है जिससे परिवहन की अधिकाधिक सुविधा इन्दौर के नागरिको को प्राप्त हो रही है तथा इसके माध्यम से पूर्ववर्ती परिवहन के साधनों के निम्न दोषों से बचा जा सकता है।

1. यात्रियों के साथ बुरा व्यवहार
2. प्रतिस्पर्धा के कारण गाड़ियों की तेज गति
3. कंडक्टर और ड्रायवर की मनमानी
4. अधिक भाड़ा लेना
5. आर्थिक नुकसान
6. सरकारी संम्पत्तियों का नुकसान

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मनोरमा ईयर बुक 2007 – 08
2. केन्द्रीय सड़क परिवहन निगम अधिनियम 1950
3. रोड ट्रांसपोर्ट – डॉ. एफ.जी. आटिया
4. Urban Transport in India - Dilip Holder (2006)
5. दैनिक नई दुनिया, इन्दौर
6. https://indore.nic.in/glance.htm.

****

नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड में मानव संसाधन की वर्तमान स्थिति

डॉ. दीपचंद भावरकर *

शोध सारांश – भारत एक विकासशील राष्ट्र है, इस नाते देश में श्रमिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सर्वप्रथम उत्पादन वृद्धि में श्रमिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। किसी उद्योग में श्रमिकों के सम्बंध तथा उत्पादन क्रिया में श्रम की स्थिति एवं भूमिका महत्वपूर्ण है।[1] वर्तमान उद्योगों में संगठित शिक्षितश्रमिकों में वृद्धि हो रही है, जिसका प्रभाव उद्योग पर प्रतिकूल या अनुकूल पड़ता है। कोल इंडिया लिमिटेड में वर्तमान में 50 प्रतिशत श्रमिक शिक्षितहै। श्रमिक संगठनों में भी श्रमिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। श्रमिक संघों के विकास एवं भूमिका के साथ श्रम बाजार की विशेषताओं में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उद्योग में कार्यरत श्रमिक संगठनों की पूर्ण जिम्मेदारी है कि वे श्रमिकों को उद्योग के उत्पादन बढ़ाने व काम के प्रति निष्ठावान रहने के लिए शिक्षितकरें। श्रमिक संगठनों के गलत एवं स्वार्थी तत्वों द्वारा भ्रामक आश्वासन देने तथा गलत काम के लिए श्रमिकों को प्रोत्साहित करने से औद्योगिक क्षेत्र का वातावरण दिनोदिन दूषित होते जा रहे है, जिससे श्रमिकों का षोषण होता है। वास्तव में उद्योगों में स्वस्थ श्रमिक संगठन की आवश्यकता है जो कि श्रमिकों को उनके कर्तव्य का बोध कराए वही उद्योगों को बढ़ाने के लिए स्वस्थ वातावरण पैदा करें। श्रमिकों के रूप में श्रम अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक पाया जाने वाला साधन है श्रम पूँजी की गंभीर कमी से उदित होता है। औद्योगिक शांति स्थापित करने का तरीका यह है कि श्रमिक वर्ग के कष्ट के कारणों को ज्ञात किया जाये और उसे दूर किया जाये न कि उसे समर्पण करने और चुप रहने के लिए मजबूर कर दिया जाये।

प्रस्तावना – नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड की स्थापना 28 नवम्बर 1985 को हुई। इस का मुख्यालय सिंगरौली मध्यप्रदेश भारत में है। यह कोल इण्डिया लिमिटेड की सहायक कंपनी है। मध्यप्रदेश का 50वॉ जिला जो कि सीधी जिले से अलग हुआ है। इतिहासिक दृष्टि से सिंगरौली रीवा,बघेलखंड रियासत का एक क्षेत्र था वर्तमान में अद्यौगीकरण के रूप में जाना जाता है। कुल कर्मचारी एवं अधिकारी 15357 कार्यरत है। सर्वप्रथम 1921 में महात्मा गाँधी ने प्रबंध में श्रमिकों को भागीदार बताया। सन् 1956 को औद्योगिक नीति में श्रम भागीदारी पर बल दिया गया। सन् 1958 में शिमला में आयोजित भारतीय कर्मचारी कान्फ्रेंस द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप श्रमिकों की भागीदारी सम्बंधी योजना सर्वप्रथम सन् 1960 के पूर्वार्द्ध में कोल माईन्स में लागू की गई। इस योजना के अंतर्गत उत्पादन सुरक्षा एवं कल्याण कार्यो में श्रमिकों की भागीदारी का प्रयोग किया गया था। लेकिन कुछ कठिनाईयों की वजह से श्रमिकों की भागीदारी सम्बंधी योजना को वांछित गति एवं षक्ति प्रदान नहीं हो सकी। तथा किसी भी बड़े प्रतिष्ठान ने इस योजना को लागू करने में रूचि नहीं दिखाई। 'मानव का प्रबन्ध करना' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके अन्तर्गत न केवल एक व्यक्ति का प्रबन्ध करना सम्मिलित है अपितु एक सामाजिक प्रणाली का प्रषासन करना सम्मिलित होता है। मानव की प्रकृति गतिशील होने के कारण उनका प्रबन्ध वर्तमान में चुनौतीपूर्ण हो गया है। संसार में कोई भी दो व्यक्ति ऐसे नहीं है जो योग्यता, क्षमता, भावनाओं, व्यवहार आदि में एक समान हो। ऐसी परिस्थिति में उन्हें मशीन की भांति प्रयोग में नहीं लाया जा सकता। अत: उनके साथ व्यवहार करने और उनका प्रबन्ध करने में बहुत ही सावधानी बरतनी पड़ती है। यदि मानव का प्रबन्ध कुशलतापूर्वक कर लिया जाता है तो जहाँ एक ओर न्यूनतम प्रयासों से अधिकतम परिणामों की प्राप्ति की जा सकती है वहीं दूसरी ओर निष्पादित कार्य से व्यक्तिगत एवं सामूहिक सन्तुष्टि भी प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार मानव संसाधन के प्रबन्ध का अत्यधिक महत्व है। इस सम्बन्ध में सामाजिक, पेशेवर एवं उपक्रम के दृष्टिकोण को जानना आवश्यक है।

गत पॉच वर्षो का विश्लेषणात्मक अध्ययन

वर्ष	कुल जन शक्ति	लाभ/हानि (करोड़ में)	कुल उत्पादन (मिलियन टन में)
2012-13	16073	25.05	700.21
2013-14	16741	19.57	686.39
2014-15	26226	25.04	724.84
2015-16	16078	28.48	802.24
2016-17	15357	38.82	840.96

स्त्रोत :- वार्षिक रिपोर्ट नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड 2015-16

उपरोक्त सारणी के विश्लेषण से स्पष्ट है कि सन् 2012 की तुलना में सन् 2017 में श्रम शक्ति कम है इसका मुख्य कारण नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड द्वारा स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना का प्रारंभ करने से अधिक से अधिक कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा सेवा निवृत्त होने के साथ ही अन्डरग्राउण्ड खदानों का बंद होना एवं नई नई ओपनकास्ट खदानों का खुलना है। जिसमें मशीनों की आवश्यकता अधिक पड़ती है। नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड के कोयला क्षेत्र में श्रमिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऊर्जा के महत्वपूर्ण साधनों में कोयले की सर्वश्रेष्ठ भूमिका है। देश में व्यवसायिक ऊर्जा की कुल माँग लगभग 65 प्रतिशत पूर्ति कोयला से होती है। भारत की ईधन नीति समिति ने सन् 1974 में ऊर्जा के साधनों में कोयले को प्रमुख साधन स्वीकार किया है। अत: इस महत्वपूर्ण खनिज के उत्खनन हेतु लगे श्रमिकों का आज भी बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है। आज प्रत्येक राष्ट्र तीव्र गति से औद्योगिकीकरण के लिए प्रयत्नशील है। अत: सभी उत्पादन के घटकों में श्रम महत्वपूर्ण घटक है। श्रम जीवियों के सहयोग के बिना पूँजी, यंत्र व उपकरण व्यर्थ है। प्रबंध में श्रमिकों की भागीदारी भी आवश्यक है।

निष्कर्ष – अध्ययन की दृष्टि से मानव संसाधन प्रबंध जितना महत्वपूर्ण है उससे कहीं अधिक वह व्यावहारिक दृष्टि में उपयोगी है। क्योकि सम्पूर्ण

* अतिथि विद्वान (वाणिज्य) श्री.श्री ल.ना.शा.स.पेंचव्हेली. पी.जी. महाविद्यालय, परासिया, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

उत्पादन प्रक्रिया में कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विज्ञान व तकनीकी चाहे कितनी ही विकसित हो जाये। मनुष्य का विकल्प कोई भी उपकरण नहीं बन सकता। निश्चय ही मनुष्य प्रबंध प्रणाली का केन्द्र बिन्दु है और उसके उचित प्रबंध से ही उचित संगठनात्मक व्यवहार व प्रभावोंत्पादकता प्राप्त की जा सकती है। कर्मचारियों से अधिकतम उत्पादन प्राप्त करना ही प्रबंधक का मूल कार्य है। प्रमुख रूप से मानव संसाधन को संगठित करने कार्य के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करने, कार्य करने के लिए प्रेरणा देने, उनका मार्गदर्शन करने, उन्हें योग्य नेतृत्व प्रदान करने, प्रशिक्षण देने, उस पर नियंत्रण रखकर, सभी कार्यो में समन्वय स्थापित करने तथा अन्य व्यक्तियों से सम्पर्क स्थापित करने से संबंधित कार्य करने पड़ते है। एक सफल प्रबंधक वह है जो केवल अपने पद के कारण ही नहीं बल्कि अपनी बहुमुखी कार्यक्षमता द्वारा मानव संसाधनों को प्रभावित करने में सफल हो। प्रबंधक मानवीय व्यवहार को उचित प्रकार से न समझने के कारण संगठन में अच्छे मानवीय सम्बंध स्थापित करने में असफल रहते हैं जिससे उपक्रम के लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधा आती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रूद्रदत्त, के.पी.एम.सुन्दरम, भारतीय अर्थव्यवस्था एंव वित्त, एस.चंद एंड कम्पनी लि., नई दिल्ली।
2. वार्षिक रिपोर्ट नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड सिंगरौली (म.प्र.)। (2014-15)
3. खनन भारतीय डब्ल्यू.सी.एल. (अंक 76,1999,110-2005)।
4. समन्वय सम्मेलन दिनांक 23 अगस्त 97,डब्ल्यू.सी.एल.।
5. अंगार - कोयला परिवार का मासिक मुख्य पत्र आई.आई.जी.एम.द्वारा प्रकाशित।
6. उद्यौग एवं व्यापार पत्रिका - ट्रेड फेयर अथॉरिटी ऑफ इण्डिया प्रगति मैदान नई दिल्ली।

****

मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास में पर्यटन उद्योग का महत्व (बड़वानी जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. डी.सी.कुमरावत *

प्रस्तावना – भारत की हृदयस्थली के रूप में स्थापित मध्यप्रदेश अपने विस्तृत क्षेत्र में स्थापित पर्यटन की असीम सम्भावनाऐं है। सतपुडा और विन्ध्यांचल पर्वत श्रृंखलाओं से आच्छादित इस प्रदेश में विभिन्न रूचि और धर्म के पर्यटकों के लिये सांस्कृतिक विरासत, नैसर्गिक सौन्दर्य, कलात्मक मंदिर एवम् पुरातात्विक महत्व के स्मारक मौजूद है। देश और प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास की अनन्त सम्भावनाऐं छुपी हुई है। अविभाजित मध्यप्रदेश में लगभग 453 पर्यटन केन्द्र स्थित थे, जिनमें से 71 पर्यटन केन्द्र पृथक छत्तीसगढ़ राज्य स्थानान्तरित हो गये है।

बडवानी जिला भी पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण जिला है। इस जिले अनेक ऐसे स्थान है, जहाँ हजारों की संख्या में पर्यटक आते है। इन्दौर संभाग में बडवानी जिला एक जनजातीय बहुल जिला है और ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को समेटे हुऐं है, जो पर्यटन की दृष्टि से न केवल बड़वानी जिले के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है, वरन् मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है। बड़वानी जिले प्रमुख पर्यटन स्थलों में निम्नलिखि को शामिल किया जा सकता है :-

1 बावनगजा पैन सिध्द क्षेत्र – बड़वानी जिला मुख्यालय से 07 किलोमीटर दूर बावनगजा जैन सिध्द क्षेत्र स्थित है। यहाँ एक ही पाषण शिला में उकेरी गई भगवान आदिनाथ की 52 गज ऊँची प्रतिमा है। यह जैन धर्म के अनुयायियों के लिये एक पावन तीर्थ है। यहाँ कुम्भ और सिहस्थ मेले की तरह ही हर 12 वर्ष में मेले का आयोजन किया जाता है, लाखों की संख्या में पर्यटक आते है। इसके अलावा इस क्षेत्र में वार्षिक मेले का भी आयोजन किया जाता है। पौराणिक कथा अनुसार बावनगजा सतयुग में मेघनाथ और कुम्भकर्ण की तपस्या स्थली के रूप में जाना जाता है। यहाँ भगवान आदिनाथ की मुख्य प्रतिमा के अतिरिक्त अनेक जिनालय है, जो जैन सम्प्रदाय के लोगों की आस्था के केन्द्र है। यहाँ आने वाले पर्यटकों के ठहरने के लिये लिये धर्मषाला और भाजनालय की भी समुचित व्यवस्थ है।

2 शहीद भीमानायक स्मारक, धाबा बावड़ी – बड़वानी जिले का यह एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। यह स्मारक बड़वानी जिला मुख्यालय से 2 किलोमीटर दक्षिण में धाबा बावड़ी में स्थित है। शहीद भीमानायक का कार्य क्षेत्र बड़वानी रियासत से वर्तमान महाराष्ट्र के खान देश तक रहा है। भीमानायक ने सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अग्रेजों के विरूध्द संघर्ष किया था। अग्रेज सरकार द्वारा पर उन पर दोष सिद्ध होने पर किसी करीबी व्यक्ति की मुखबिरी पर गिरफ्तार कर पोर्ट ब्लेयर और निकोबार में रखा गया था। 29 दिसम्बर 1876 को पोर्ट ब्लेयर में उनकी मृत्यु हो गयी थी।

शहीद भीमानायक की स्मृति में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा धाबा बावड़ी में एक स्मारक का निर्माण करवाया गया है, जिसका प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिह चौहान द्वारा दिनांक 21 जनवरी, 2017 को लोकार्पण किया गया था। साथ ही , जनजातीय क्षेत्र के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी भीमानायक के क्रान्तिकारी जीवन वृत्तको दर्शाने वाले 52 चित्रों के संग्रहालय का भी उद्घाटन किया था। वर्तमान में शहीद भीमानायक का यह स्मारक पर्यटकों एवम् इतिहासकारों के लिये प्रेरणादायक स्थल बन गया है।

3 तीर–गोला स्मारक बड़वानी – बड़वानी रियासत के महाराजाओं द्वारा भव्य इमारतों का निर्माण किया गया था, जिसमे 'तीर–गोला स्मारक ' आज भी बड़वानी की खास पहचान बना हुआ है। इस स्मारक का निर्माण बड़वानी रियासत के महाराजा राणा देवीसिह द्वारा अपने भाई स्व. राणा उदयसिह जी की स्मृति में किया गया था। यह स्मारक बड़वानी आने वाले पर्यटकों के लिये आकर्षण का केन्द्र है।

4 बिजासनी माता मंदिर, सेन्धवा – बड़वानी जिला मुख्यालय से 77 किलोमीटर दूर स्थित सेन्धवा में माता बिजासनी देवी का प्रसिध्द मंदिर है। नवरात्री के समय यहाँ लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुँचते है। पर्यटन की दृष्टि से यह मंदिर काफी महत्व रखता है।इस मंदिर का इतिहास 1000 साल पुराना है। यहाँ माँ दुर्गा के नौ स्वरूप विद्यमान है। अतीत में यह इलाका काले हिरणों और मंत्र मंत्र सिद्धी के लिये विशेष रूप से जाना जाता था। इस मंदिर का निर्माण इंदौर के महाराजा श्री शिवाजीराव होल्कर द्वारा सन 1760 में किया गया था। पूर्व में इस मंदिर का निर्माण मराठा शैली में किया गया था। यह मंदिर वास्तुकला का एक नायाब नमूना है। इन्दौर रेल्वे स्टेषन से इस मंदिर की दूरी 9.8 किलोमीटर है तथा यहाँ पहुँचने मे करीब 27 मिनट का समय लगता है।

5 नागेश्वर शिखर धाम मंदिर, नागलवाड़ी – सतपुड़ा की हरी भरी वादियों में बड़वानी जिले की राजपुर तहसील के ग्राम नागलवाड़ी में भीलटदेव का शिखर धाम मंदिर स्थित है। शिखरधाम नागलवाड़ी बड़वानी जिला मुख्यालय से 74 किलोमीटर, खरगोन से 50 किलोमीटर तथा सेंघवा से 27 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शिखर धाम तक पहुँचनें के लिये आवागमन के पर्याप्त साधन माजूद है।

नागलवाड़ी शिखरधाम संस्थान के अनुसार सावन की नागपंचमी पर यहाँ लाखों श्रद्धालुगण भीलट बाबा के दर्शन के आते है। जिला प्रशासन बड़वानी के सहयोग से नागपंचमी पर प्रतिवर्ष 5 दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भीलटदेव का जन्म लगभग 853

* एसोसिएट प्राध्यापक (वाणिज्य) शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

वर्ष पूर्व म.प्र. के हरदा जिले के ग्राम रोलगाँव पाटन में हुआ था। उनकी माता का नाम मेदाबाई और पिता का नाम रेलन राणा था। गवली परिवार के श्री रेलन भगवान शिव के परम भक्त थे। संतान नही होने के कारण भीलट देव के माता पिता ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की और उनकी इस तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनके यहाँ एक सुन्दर बालक को जन्म दिया जिसका नाम भीलटदेव था। भगवान शिव ने भीलट देव के माता पिता से यह वचन लिया था कि वे एक दिन उनसे दूध दही की माँग करने उनके यहाँ आयेगें। यदि भीलट देव के माता पिता उन्हे नही पहचान पाये तो वे भीलटदेव को उठाकर ले जायेगें। अपने बच्चें के लालन पालन में भीलटदेव के माता पिता भगवान शिव को दिया वचन भूल जाते है और जब एक दिन भगवान शिव पार्वती संग दूध दही माँगने आते है तो वे उन्हे नही पहचान पाते है। तब भगवान शिव बालक को पालने से उठाकर उसकी जगह अपने गले के नाग को रख देते है और बालक को लेकर चौरागढ़ (वर्तमान में पंचमढ़ी) चले जाते है। पालने मे अपने बालक की जगह नरग को देखकर भीलटदेव के माता पिता बेहोश हो जाते है और उनके द्वारा पुन: भगवान शिव की तपस्या किये जाने पर भगवान शिव द्वारा यह आशीर्वाद दिया जाता है कि हमने आपके यहाँ पालने में जो नाग रखा था उसकी पूजा नाग और भीलटदेव दोनों ही रूपों में की जायेगी, लेकिन भीलटदेव की शिक्षा हमारे द्वारा ही पूर्ण की जायेगी।

भगवान शिव से शिक्षा दिक्षा प्राप्त किये जाने के बाद भीलटदेव को भगवान शिव द्वारा नागलवाड़ी के पास शिखर चोटी पर विराजित होकर जनकल्याण करने का आशीर्वाद दिया जाता है। तब से भीलट बाबा नागलवाड़ी से चार किलोमीटर दूर शिखरधाम पर विराजित है। यद्यपि भीलटदेव का मंदिर 700 वर्ष पुराना है किन्तु वर्ष 2004 में गुलाबी पत्थरों से भव्य मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। इस प्रकार शिखरधाम बड़वानी जिले का पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया है।

निष्कर्ष – उपर्युक्त पर्यटन स्थलों के अतिरिक्त बड़वानी जिला मुख्यालय पर सागर विलास, सुख विलास, इन्द्रभवन (पूर्व महाराजा का दरबार), म.गा. मार्ग पर मोठी माता मंदिर के सामनें स्थित शाही बावड़ी, बंधान का झरना , बावनगजा का झरना, माँ वैष्णों देवी का मंदिर आदि दर्शनीय स्थल है, जो पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण केन्द्र है। आवश्यकता है, उन्हे सँजाने, सँवारने और संरक्षित करने की। बड़वानी जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये शासन एवम् प्रशासन स्तर पर प्रभावी प्रयास किये जाने चाहिये ताकि बड़वानी जिले के इन पर्यटन केन्द्रों को म.प्र. के पर्यटन मानचित्र में जगह प्राप्त हो सकें। यदि ऐसा किया जा सका तो बड़वानी जिले के पर्यटन स्थल राजस्व उपार्जन के महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते है और बड़वानी जिले के आर्थिक विकास के साथ साथ मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगें – इसमें कोई संदेह नही है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. भारत के पर्यटन स्थल–श्री मधुसूदन शर्मा, नई सदी पब्लिकेशन
2. भारतीय पर्यटन के नये आयाम–श्री सुभाष सेतिया, नई दिल्ली
3. म.प्र. ट्रेवल्स गाईड, भोपाल
4. समाचार पत्र–नई दुनिया, दैनिक भास्कर
5. पत्र–पत्रिकाऐं।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

धार जिले में राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की स्थिति एक अध्ययन (वर्ष 2002-2011)

डॉ. बी. एस. सिसोदिया *

प्रस्तावना - भारत एक ग्रामीण बाहुल्य देश है। ग्रामों के सुधार एवं पुनउद्धार के लिए स्वास्थ्य एवं सफाई की अत्यधिक आवश्यकता है। अधिकांश गांवों में पेयजल की अपर्याप्त, खाद्य पदार्थों में मिश्रण तथा गंदगी होने के कारण अनेक प्रकार की बिमारियों का प्रकोप गांवों में हा जाता है, जिससे श्रम की कुशलता नष्ट हो जाती है एवं मृत्यु दर में अधिकता पाई जाती है।

धार जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमके अंतर्गत परिवार कल्याण कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम, क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम प्रारंभ किये गए है। अध्यापन की दृष्टि से जिले में राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की स्थिति को स्पष्ट किया गया है।

मलेरिया एक ऐसा रोग है जिसमें रोगी को सर्दी और सिरदर्द के साथ बार-बार बुखार आता है। गंभीर मामलों में रोगी कोमा में चला जाता है या उसकी मृत्यु तक हो जाती हैं

मलेरिया प्लाज्मोडियम (PAISMOIUM) नाम परजीवी के कारण होता है। मलेरिया मादा एनोफेलीज मच्छर (ANOPHELES MOSQUITO) के काटने से शुरू होता है जो इस परजीवी को शरीर में छोडता है।

राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य मलेरिया रोग की रोकथाम एवं उससे प्रभावित लोगों का उपचार करना है। इसमें रोग का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण किया जाता है। संभावित रोगी के खुन की जांच कर लक्षण पाये जाने पर चिकित्सा उपाय किये जाते है। इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला मलेरिया कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

अध्ययन का उद्देश्य - धार जिले में राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का क्रियान्वयन विभाग द्वारा किस प्रकार किया गया यह देखना इस शोध पत्र का महत्वपूर्ण भाग है।

समंक संकलन - प्रस्तुत शोध-पत्र धार जिले में राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की स्थिति पर आधारित है। यह द्वितीय स्त्रोतों से प्राप्त समंकों पर आधारित है उक्त अध्ययन हेतु वर्ष 2002 से 2011 के समंकों का संकलन कार्यालय जिला चिकित्सालय जिला धार से किया है।

जिले में राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की स्थिति को तालिका 1 में प्रदर्शित किया गया है।

तालिका 1 (देखे अगले पृष्ठ पर)

विश्लेषण - तालिका 1 से स्पष्ट है कि वर्ष 2002 में 224797 रक्त पट्टियों के एकत्रीकरण का लक्ष्य रखा गया था जिसके विरूद्ध 278442 रक्त पट्टियों का एकत्रीकरण किया गया जो कि लक्ष्य का 123.86 प्रतिशत रहा जिसमें 515 केसेस पॉजिटीव थे। वर्ष 2003, 2004, 2005 एवं 2006 में क्रमश: 286761 रक्त पट्टियाँ, 354863 रक्त पट्टियाँ, 282049 रक्त पट्टियाँ एवं 292945 रक्त पट्टियाँ एकत्रित की गयी, जो लक्ष्य की क्रमश: 124.45 प्रतिशत, 150.25 प्रतिशत, 116.57 प्रतिशत एवं 118.05 प्रतिशत रही। वर्ष 207 में 248230 रक्त पट्टियों के एकत्रीकरण का लक्ष्य रखा गया था, जिसके विरूद्ध 247402 रक्त पट्टियों का एकत्रीकरण किया जो 99.66 प्रतिशत रहा।

वर्ष 2008 में 254595 रक्त पट्टियों के एकत्रीकरण का लक्ष्य रखा गया था जिसके विरूद्ध 239465 रक्त पट्टियों का एकत्रीकरण किया गया, जो लक्ष्य का 94.05 प्रतिशत रहा। वर्ष 2009 एवं 2010 में एकत्रित की गयी रक्त पट्टियों में पॉजिटीव केसेस क्रमश: 1355 एवं 5946 रहें। वर्ष 2011 में 274686 रक्त पट्टियों के एकीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरूद्ध 318866 रक्त पट्टियाँ एकत्रित की गयी जिसमें 4532 पॉजिटीव केसेस रहें।

निष्कर्ष - इस प्रकार वर्ष 2002 से 2011 तक की अवधि में 2489058 रक्त पट्टियॉ एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके विरूद्ध 2838150 रक्त पट्टियों का एकत्रीकरण किया गया जो कि लक्ष्य का 114.02 प्रतिशत रहा। रक्त पट्टियों की जांच के दौरान 33685 पॉजिटीव केसेस पाये गये जिसमें 19616 पी.व्ही. केसेस तथा 14069 पी.एफ. केसेस सम्मिलित है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 33630 रोगियों को मेडिकल ट्रिटमेंट दिया गया। इससे यह सिद्ध होता है कि मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के शासकीय प्रयास सफल रहे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. वी.आर. कुमार - जनांकिकी।
2. गुप्ता, सुरेश - आगे आए लाभ उठाए (एल.के. जोशी) आयुक्त, जनसंपर्क, भोपाल (म.प्र.)
3. कार्यालय, जिला चिकित्सालय, धार (म.प्र.)
4. दैनिक पत्र - पत्रिकाएं

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत

तालिका 1 – धार जिला राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन योजना की स्थिति

वर्ष	रक्त पट्टियों के एकत्रीकरण का लक्ष्य	रक्त पट्टियों के एकत्रीकरण की उपलब्धि	उपलब्धि प्रतिशत	रक्त पट्टियों जिनकी जांच की गई	पॉजिटीव केसे संख्या	पी.वी. केसेस संख्या	पी.एफ. संख्या	मेडिकल ट्रिटमेंट रोगी
2002	224797	248442	123.86	278442	515	380	135	509
2003	230417	286761	124.45	286761	2107	1385	722	2100
2004	236177	354863	150.25	354863	9739	4680	5059	9725
2005	242081	282049	116.57	282049	3809	2703	1106	3802
2006	248133	292945	118.05	292945	2300	1582	718	2300
2007	248230	247402	99.66	247402	2108	1164	944	2103
2008	254595	239465	94.05	239465	1274	816	458	1270
2009	261123	261444	100.12	261444	155	797	558	1351
2010	268819	275913	103.02	275913	5946	3192	2754	5940
2011	274686	318866	116.88	318866	4532	2917	1615	4530
योग	2489058	2838150	114.02	2838150	33685	19616	14069	33630

स्त्रोत– कार्यालय जिला चिकित्सालय धार (म.प्र.)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

बचत एवं विनियोग को प्रोत्साहित करने में वित्तीय संस्थाएँ: डाकघर एवं बैंक

डॉ. एन.एल.गुप्ता * ऊँकार सिंह रावत **

प्रस्तावना – यद्यपि भारत के शिक्षित व दूरदर्शी जन – समूहो द्वारा बचत व विनियोग की प्रक्रिया में सहर्ष प्रतिभाग लिया जाता है किन्तु शेष समुदाय की संस्कृति व उपयोग प्रधान व्यय प्रवृत्ति के कारण प्राय: बचत की प्रवृत्ति से लोग विमुख रहते है। ऐसी परिस्थितियों का निपटान करने के लिए शासन द्वारा अग्रणी भूमिका का निर्वहन करते हुए बचतों को पल्लवित कर पूँजी निर्माण की दर में वृद्धि करता है। अपने इस ध्येय की पूर्ति में शासन कभी-कभी जन- जागरण, प्रचार- प्रसार एवं प्रोत्साहन के माध्यम से बचत करवाता है तथा कभी आवश्यकता होने पर अनुशासनात्मक आदेशों के आधार पर बचत करवाता है।

यह स्पष्ट है कि सुविधाओं के अभाव में किसी भी निवेशक या निवेशक संस्थाओं द्वारा धन की बचत होती ही नहीं या बचतों को इस तरह से रखा जाता है जिससे धन की उत्पादकता शक्ति नष्ट हो जाती है। देश में हो रहे शनै:-शनै: आर्थिक व सामाजिक विकास से देश में पूँजी निर्माण की संकल्पना दृष्टिगत हो रही है। राष्ट्र में पूँजी निर्माण व बचत को प्रोत्साहित करने में शासन अग्रणी भूमिका का निर्वहन करता रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ निवेशको को उपलब्ध करवाई जाती है। इन सुविधाओं में मुख्य रूप से सरकार वित्तीय संस्थाओं की सुविधा, निवेश संरक्षण कार्यक्रम एवं शिक्षा, निक्षेपगारो की सुविधा के साथ कर छूट संबंधी सुविधाएँ भी शामिल है। इस सुविधा के अंतर्गत सरकार द्वारा विविध कानूनी रूपी रेखाओं व अधिनियमों के अधीन विभिन्न वित्तीय संस्थाओं की स्थापना की जाती है जिसका मुख्य कार्य बचतों का संग्रहण करना है। शासन इस श्रृंखला में डाकघर बैंक, विनियोग बैंक, म्युच्युअल फण्ड, जीवन बीमा निगम जैसी विभिन्न संस्थाओं को स्थापित करने में तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से संचालित करने का महत्वपूर्ण कार्य करता है।

इन महत्वपूर्ण संस्थाओं का संक्षिप्त परिचय निम्नलिखित है:-

डाकघर – यद्यपि डाकघर का मुख्य कार्य डाक संबंधी सेवाओं को संपादित करना है। बढ़ती हुई बैंकिंग आवश्यकताओं के समाधान के लिए 'बचत बैंक अधिनियम 1873' के आधार पर डाकघर बचत बैंक की स्थापना की गई। इस योजना की सफलता के पश्चात् वर्ष 1884 में पोस्टल लाईफ इन्श्युरेंस सेवाएँ भी डाकघर द्वारा प्रारम्भ की गई जिसमें विनियोग के साथ जीवन सुरक्षा का दोहरा लाभ प्रदान किया जाता है। डाकघर की सम्पूर्ण गतिविधियों पर सरकार द्वारा अपने दो केंद्रीय मंत्रालय क्रमष: दूर संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा प्रत्यक्ष नियंत्रण रखा जाता है। डाकघर 'बैंक' के कार्य वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधि के रूप में संचालित करता है।

सम्पूर्ण डाक व्यवस्था को 22 सर्कल व 37 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है जिसमें 442 विभागीय कार्यालय है। भारत में कुल 155035 डाकघर है जिसमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 139173 डाकघर व शहरी क्षेत्रों में 15862 डाकघर है। कुछ विशेष क्षेत्रों में 163 रात्रीकालीन डाकघर भी कार्यरत् है जो अपने ग्राहको को सेवाएँ दे रहे है।

डाकघर की सफलता का मुख्य कारण डाकघर द्वारा तकनीकी रूप से सर्कल व क्षेत्रीय विभागीय कार्यालयों के माध्यम से देश के कोने – कोने में योजनाएँ पहुँच बनाना एवं सेवाओं के माध्यम से जनविश्वास हासिल करना रहा है। इसके साथ ही डाकघर में बदलते हुए परिवेश के अनुसार अपनी प्रतिस्पर्धी वित्तीय संस्थाओं में होने वाले नवोन्मेशी परिवर्तनों को भी आत्मसात करता है। इसी कारण से बैंकिंग संस्थाओं की तर्ज पर एक छत के नीचे एक स्थल पर वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध करवाने हेतु य डाक वित मार्ट य स्थापित किए है। वर्तमान में 313 'डाकवित्त मार्ट' कार्यरत है। डाकघर स्वयं तो प्रत्यक्ष रूप से बचत एवं विनियोग करने में सलग्न है किन्तु 22 जनवरी 2001 से 1000 डाकघर अपनी योजनाओं के साथ एस.बी.आय.एम.एफ., यू.टी.आय. आदि म्युच्युअल फण्ड की योजनाएँ भी जनता को सुलभ करवा रहा है। इसी प्रकार से डाकघर जीवन बीमा एवं गैर-जीवन बीमा कम्पनियों के उत्पादों को ग्राहक तक पहुँचाने का कार्य सफलतापूर्वक कर रहा है। विविध जीवन बीमा योजनाएँ जो डाकघर स्वयं संचालित करता है उसमें केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारी अग्रणी रूप से सहभागी है।

डाकघर पुरे देश में जाल की तरह बिछी अपनी शाखाओं एवं उपशाखाओं के माध्यम से शहरों के अतिरिक्त छोटे-छोटे गॉवों में अपनी विभिन्न योजनाओं के लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाता है एवं बचतों को प्रोत्साहन देता है।

बैंक – भारतीय वित्त बैंकिंग संस्थाओं में राष्ट्रीय बैंक, निजी बैंक, विदेशी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक एवं भूमी विकास बैंक को सम्मिलित किया जाता है। एक सामान्य बचतकर्ता जो नियमित रूप से बचत कर , उस पर सुरक्षित व सुनिश्चित प्रतिफल अर्जित करना चाहते है वो बैंकों द्वारा प्रस्तावित योजनाओं में धन विनियोजित करते है। भारत में प्रथम बैंक 1786 में 'द जनरल बैंक ऑफ इण्डिया' व 'द हिन्दुस्तान' के रूप में स्थापित किये गये थे। भारत में सबसे पुराना बैंक भारतीय स्टैट बैंक जिसकी स्थापना

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

1806 में की गई थी जिसे बैंक ऑफ कोलकाता के नाम से जाना जाता था। सन् 1935 में केन्द्रीय बैंक के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक स्थापित किया गया जिसका मुख्य कार्य भारत में बैंकिंग उद्योगों का नियमन, संर्वधन व नियंत्रण करना था। सरकार ने 19 जुलाई 1969 को 14 बड़े वाणिज्यिक बैंकों व 15 अप्रेल 1980 को 6 बैंको का राष्ट्रीयकरण किया गया जिसे बैंको के लिये उसके गाहको व निवेशको के विश्वास में बढ़ौतरी हुई है। बैंको के राष्ट्रीयकरण के परिणाम स्वरूप देश की बैंकिंग व्यवस्था में कॉफी बदलाव आया है। आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगो को भी बैंकिंग सेवाओं और सुविधाओं का लाभ मिलने लगा। जो बैंक पहले अपने लाभों पर ध्यान देते थे, वे अब जनहित पर ध्यान देकर सरकारी योजनाओं के अनुसार कार्य करने लगे। अपनी योजनाओं को आम लोगों तक पहुॅचाने के लिये सन्1975 से वाणिज्यिक बैंको द्धारा 'क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक' का प्रर्वतन प्रारम्भ हुआ ताकि उसी क्षेत्र के लोग अपने अनुभव के आधार पर अपने ही क्षेत्र के लोगों की अच्छी सेवा कर सके।

सरकार द्धारा बैकिंग क्षेत्र में किये गये सुधारों के उपरान्त देश में नीजी एवं विदेशी बैंको ने बैंकिंग क्षेत्र के परिदृष्य को परिवर्तित कर अधिक तकनीकीपूर्वक व विश्वसनीय बनाया है, साथ ही बैंकिंग संबंधी किसी भी शिकायत के निवारण हेतु एवं ग्राहको व निवेशको के संरक्षण हेतु वर्ष 2006 में 'बैंकिंग लोकपाल योजना' का सुभारंभ किया गया है।

वास्तव में आधुनिक बैंको के कार्य व उनकी जनसमुदाय के प्रति उपयोगिता इतनी विशाल है कि यदि एक दिन के लिये भी बैंक कर्मचारी हड़ताल कर दे तो सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था पर कुप्रभाव पड़ता है और यदि ये हड़ताल कुछ लम्बे समय तक हो जाये तो सम्पूर्ण व्यापार जगत अस्त-व्यस्त हो जायेगा, क्योंकि समस्त व्यापार प्रत्येक्ष या अप्रत्येक्ष रूप से बैंकों पर ही आश्रित रहता है। यह सत्य की कहा गया है कि बैंक साख के निर्माता तथा विनिमय को सुविधाजनक बनाने वाला यंत्र है।

सभी वित्तीय संस्थान एवं विकास बैंको की स्थापना में केन्द्र व राज्य शासन की महत्वपूर्ण भुमिका होने से निवेशको के विश्वास को जीतना इन संस्थाओं को सुलभ हो जाता है इस संस्थाओं के द्धारा ही बचतों को एकत्र कर विशाल पूँजी निर्माण करते हुए देश के बुनियादी उद्योगो के विकास के लिये धन उपलब्ध करवाया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'बैंकिंग विधि एवं व्यवहार' , ओझा बी.एल., रमेश बुक डिपो, जयपुर, 2011
2. 'भारत में अधिकोषण' , प्रो. अग्रवाल वी.पी., साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा-03,2010
3. 'वित्तीय परामर्श', श्री शिवरामन बी., इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स, मुंबई, 2013
4. भारतीय डॉकघर की वार्षिक रिपोर्ट
5. www.indianpostoffice.com.
6. wwww.indiapost.gov.in

****

भारत में महिला उद्यमियों के विकास हेतु - सरकारी प्रयास

डॉ. अनिल तौहेल *

प्रस्तावना - एक उद्यमी का आशय ऐसे व्यक्ति से है, जो व्यापारिक अवसर की पहचान करता है, नये व्यवसाय की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाता है, व्यवसाय उपक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न संसाधनों जेसे व्यक्ति, सामग्री और पूंजी को एकत्र करता है, और निहित जोखिम व अनिश्चिताओं को वहन करता है। उद्यमी द्वारा किये गये कार्य ही उद्यमिता है अत: उद्यमिता को एक ऐसे अवसर के रूप में देखा जा सकता है जिसमें निम्नलिखित क्रियाए सम्मिलित हो -

1. बाजार में उपस्थित अवसरों को पहचानना एवं प्रयोग करना।
2. विचारों को क्रिया में परिवर्तित करना।
3. किसी नये उद्यम को प्रांरभ करने के लिए प्रवर्तन कार्य करना।
4. अपने कार्यक्षेत्र में श्रेष्ठतम प्रदर्शन का प्रयत्न करना।
5. निहित जोखिम एवं अनिश्चिताओं को वहन करना।
6. समरूपता लाना।

अत: उद्यमिता का आशय उस कौशल दृष्टिकोण, चिंतन, तकनीक एवं कार्यप्रणाली से है जिसके द्वारा व्यवसाय में निहित अनेक प्रकार के जोखिम एवं अनिश्चिताओं का सामना किया जाता है, एवं व्यवसाय को संचालित किया जाता है। किसी भी राष्ट्र के आर्थिक-सामाजिक विकास के लिये उपलब्ध संसाधनों में सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है मानव/मानव संसाधन ही सजीव है जो अन्य संसाधनों को अपने कल्पनाओं एवं योजनाओं विकास को एक गति और दिशा प्रदान करता है औद्योगीकरण एवं उसका स्तर उद्यमी चिंतन, सकारात्मक प्रयास और मानव संसाधन के उपयोग पर निर्भर करता है। भारतीय आधुनिक समाज के विकास की आज सबसे बड़ी जरूरत है उद्यमिता का विकास और पूर्ण ओद्योगीकरण। चूंकि महिलाए शुरू से ही अपने आस पास के परिवेश में कार्य करते हुए उचित प्रबंध कौशल का परिचय देती है इसलिए यदि इस प्रक्रिया को और आगे बढ़ाते हुए उन्हे एक व्यावसायिक/आद्योगिक ईकाई चलाने का अवसर मिलता है तो संभव है कि वे उसे भी इतनी सक्षमता से चला सकें। कम से कम संसधनों में कार्य करने की प्रवृत्ति तथा अपने घर व बाहर के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं में सुव्यवास्थित ढंग से कार्य करने में निपुण रखने के कारण वे उद्योग और व्यवसाय के क्षेत्र में भी काफी अच्छा काम कर सकती है लेकिन इस सब कार्यो के लिये जहां एक तरफ सरकारी/गैर सरकारी संस्थाओं की अहम भूमिका है वहीं दसरी तरफ सामाजक स्तर पर कार्य रकने वाले संस्थानों ओर समाज के विभिन्न वर्गो से जुड़े हुए लोगों में भी परिवर्तन की आवश्यकता है। औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में कार्य कर रहे विभागों और संस्थाओं को तो इस क्षेत्र में और अधिक अवश्यक हो जाता है। कि वे अपने सभी कार्यक्रमों और योजनाओं को लागू करने में अधिक से अधिक संख्या में महिला वर्ग के प्रतिनिधियों को अमित्रित करे जिससे आशानुरूप सफलताओं को देखते हुए अन्य महिलाए आगे आ सकें।

उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश ने पिछले पांच वर्षो से इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए न केवल इस वर्ग के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये है बल्कि इनको और अच्छी तरह से आगे लाने के लिए जागरूकता शिविर और संचार के अन्य माध्यमों से उद्योग और व्यवसाय से संबंधित सभी जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इस क्षेत्र मे जहां एक तरफ भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने कार्य किया है वहीं दूसरी तरफ मध्य प्रदेश में कार्यरत महिला आर्थिक विकास निगम, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं तकनीकी परिषद, महिला बाल विकास विभाग तथा ग्रामोद्योग विभाग ने भी अपना योगदान प्रदान किया है। आने वाले दिनों में अधिक से अधिक महिलाए इस क्षेत्र में पदार्पण करेंगी ओर अपने को सफल उद्यमी के रूप में समाज में स्थापित कर पायेंगी।

चुनौतियां/समस्याए -

1. भारतीय महिलाओं में आज भी आर्थिक एवं व्यावसायिक जोखिमों को वहन करने की क्षमताओं का नितांत अभव बना हुआ है।
2. भारतीय महिलाओं को अपने परिवार की परंपराओं और कैरियर के मध्य समन्वय स्थापित करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।
3. भारतीय महिला उद्यमियों को लिंग भेद का सामना करना पड़ता है।
4. भारतीय महिला उद्यमी आज भी सामाजिक परम्पराओं में जकड़ी जुई महसूस करती है।
5. पुरूष प्रधान समाज महिलाओं की कार्य एवं निर्णयन क्षमता को सदैव संशय की दृष्टि से देखता है।
6. निवेशको द्वारा भी महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगो को संशय की दृष्टि से देखा जाता है।
7. हमारे देश में आज भी महिला उद्यमियों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण सुविधाओं का अभाव है।
8. भारतीय महिलाओं की कोई निजी सम्पत्ति नही होती है कई बार उनका बैंक में खाता तक भी नही होता है।

भारतीय सामाजिक संरचना में महिला उधमियों के प्रति सकारात्मक परिवर्तन आने तथा सरकारी नितियों में महिला उधमियों को विशिष्ट योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित करने के कारण आज हमारे देश में महिला उधमिता का निरन्तर विकास हो रहा है, सरकार और समाज के सभी प्रयासों के कारण आज भारतीय महिलाये फुटकर व्यापार रेस्टेरेन्ट, होटल, ब्यूटी पार्लर, फैशन डिजाईनिंग, कम्प्यूटर सॉफटवेयर, हस्तशिल्प, कृषि कूटीर

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय तिलक पी.जी. महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.) भारत

उधोग आदि क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

सरकारी प्रयास – केन्द्र सरकार द्धारा महिलस उधमियों के लिये विशिष्ट योजनाये तो संचालित की जा रही है,साथ ही सरकारी बैंको द्धारा रियायती ब्याज दरों पर एवं आसान ऋण शर्तो पर पूँजी उपलब्ध कराई जा रही है, इन विशिष्ट योजनाओं मे प्रमुख्य निम्नानुसार है –

1. **भारतीय महिला बैंक व्यवसाय ऋण –** उन महिला उधमियों के लिये जो सूक्ष्म ऋण या सम्पत्ती के विरुध ऋण फुटकर करोबार के लिये ऋण तथा अन्य नवाचार गतिविधियों आदि के लिये ऋण तथा व्यवसाय से जुडना चाहती है, अधिकतम 20 करोड रु. तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।
2. **सेंट कल्याण योजना –** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया द्धारा संचालित इस योजनार्तगत उन महिला उधमियों को 1 करोड रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जो ग्रामीण क्षेत्रो में नवीन लघू एवं कुटीर उधोग एवं स्वरोजगार हेतु कार्यरत है।
3. **मुद्रा योजना –** भारत सरकार द्धारा व्यक्तिगत रुप से अथवा संयुक्त रुप से टेलरिंग युनिट्स, ब्यूटी पार्लर, टयूशन सेर्न्टस आदि क्षेत्रों मे नवीन लघू उपक्रम प्रराभ करने हेतु बिन प्रतिभूति के ऋिण उपलब्ध कराया जाता है, इस योजना के अन्तर्गत तीन प्रकार के लोन उपलब्ध कराये जाते है।

अ. शिशू इकाईयॉ– नवीन उपक्रम प्रारम्भ करने हेतु अधिनियम 50000 रु.तक।

ब. किशोर इकाईया– पूर्व से स्थापित उपक्रमों हेतु 50000 से 5 लाख रु.तक।

स. तरुण इकाईयॅा– कारोबार का भावी विकास एवं विस्तार हेतु 10 लाख रु.।

4. **अन्नपूर्णना योजना –** डिब्बा बन्द भोजन, स्नेक्स एवं फूटकेटरिंग उधोंग हेतु महिला उधमियो को 50000रु. तक का ऋण उपलब्ध करायो जाता है।
5. **स्त्री शक्ति पैकेज योजना–** किसी फर्म या व्यवसाय के 50 प्रतिशत अंशों पर स्वमित्व रखने वाली महिलाओं कों सरकारो द्धारा आयोजित उधमिता विकास कार्यक्रमों में भागीदारी हेतु भारतीय स्टेट बैंक द्धारा ऋण प्रदान किया जाता है।
6. **उधोगिनी योजना–** देश में लघु महिला उपक्रमो को प्रोत्साहित करने तथा युवा महिला उधमियो को कृषि क्षेत्र से संबंध रखने के उद्देश्य से पंजाब एंव सिंघ बैंक द्धार संचालित इस योजनार्तगत 18 से 45 साल की महिलाओं को 1 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।
7. **देना शक्ति योजना–** रिटेल कृषि कार्यो, सूक्ष्म साख तथा लधू उपक्रमों को संचालित करने के लिये देना बैंक द्धारा 50000 रु. से 20 लाख रु. तक का ऋण उपलब्ध करायो जाता है।
8. **ओरिएण्टल महिला विकास योजना–** ओरिएण्टल बेंक ऑ कॉमर्स द्धारा उन महिलाओ को ऋण सहायता प्रदान की जाती है, जो व्यक्तिक व संयुक्त रुप से किसी उपक्रम की 50 प्रतिशत अंशपूजी पर मलिकाना हक रखती है, इस योजनार्तगत 10 से 25 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाता है।
9. **महिला उद्यम निधि योजना –** पंजाब नेशनल बैंक द्धारा संचालित इस योजनार्तत 10 साल की पुर्नभुगतान अवधि के साथ उदार एवं आटो रिक्शा, टूव्हिलर्स, कार आदि का क्रय करने अथवा डे केयर सेन्टर, ब्यूटी पालर्र अथवा अन्य लघु स्तरीय उपक्रम संचालित करने हेतु 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. शर्मा राजीव, डॉ. शर्मा राजेन्द्र, डॉ. चंदेल योगिता, उद्यमिता विकास यशराज प्रकाशन, इंदौर।
2. रिसर्च लिंक जनवरी 2006
3. प्रतियोगिता दर्पण मार्च 2018

****

धार जिले में मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम की स्थिति - एक अध्ययन (वर्ष 2002-03 से 2010-11)

डॉ. बी.एस. सिसोदिया *

प्रस्तावना - देश की जनसंख्या में निरंतर वृद्धि हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ 70 प्रतिशत आदिवासियों में अशिक्षा, गरीबी एवं अज्ञानता विद्यमान है। उनमें रूढिवादिता व्याप्त है इन्हीं परिस्थितियों ध्यान में रखकर सरकार ने परिवार कल्याण कार्यक्रम प्रारंभ किये है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल जनसंख्या वृद्धि को रोकना ही नहीं वरन् असमय प्रसूति के दुष्परिणामों से मातृत्व की रक्षा करना वांछित समय पर संतान के उत्तम पालन पोषण की व्यवस्था भी कराना है। इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जाता है।

मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात शिशुओं और गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य की रक्षा करना है इसके अंतर्गत टीकाकरण, श्वास रोग नियंत्रण, दस्त रोग नियंत्रण, अंधतव से बचाव नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं की देखभाल की जाती है।

उद्देश्य - धार जिले में मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम का क्रियान्यन विभाग द्वारा किस प्रकार किया गया है यह देखना इस शोधपत्र का महत्वपूर्ण भाग है।

समंक संकलन - प्रस्तुत शोध-पत्र धार जिले में मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम की स्थिति पर आधारित है। यह द्वितीय स्त्रोतों से प्राप्त समंकों पर आधारित है उक्त अध्ययन हेतु वर्ष 2002-03 से 2010-11 के समंकों का संकलन कार्यालय, जिला चिकित्सालय जिला, धार से किया है।

जिले में मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम की स्थिति को अग्रतालिका में प्रदर्शित किया गया है।

तालिका क्रमांक - 01 (देखे आगे पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक - 1 (अ) (देखे आगे पृष्ठ पर)

विश्लेषण - तालिका क्रमांक 1 एवं 1(अ) का निरीक्षण करने से स्पष्ट होता है कि धार जिले में मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2002-03 से 2010-11 तक की अवधि में एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों में टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत बी.सी.जी. टीकों का कुल लक्ष्य 502784 रखा गया था जिसके विरूद्ध496636 टीके लगाये गये। डी.पी.टी. बुस्टर एवं ओ.पि.वि. बुस्टर की उपलब्धि हेतु निर्धारित लक्ष्य क्रमश: 475578 एवं 475538 के विरूद्ध क्रमश: 463380 एवं 463710 रही जबकि इसी अवधि में लक्ष्य 439001 के विरूद्ध 472707 मिजल्स के टीके भी लगाये गए और 477522 बच्चों को विटामिन - ए की खुराक दी गई वहीं निर्धारित लक्ष्य 490902 के विरूद्ध 488355 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गयी इस अवधि में 5 वर्ष के कुल 534913 बच्चों को डी.टी. (खुराक प्रथम एवं द्वितीय) देने के लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके विरूद्ध 490164 बच्चों को खुराक दी गयी। इस प्रकार उपलब्धि 91.63 प्रतिशत रही।

गर्भवती महिलाओं को 452897 टी.टी. के टीक लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके विरूद्ध 499008 टीके लगाकर 110.18 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गयी। 10 वर्ष एवं 16 वर्ष के बच्चों को टी.टी. के टीके निर्धारित लक्ष्य क्रमश: 527388 एवं 504044 के विरूद्ध क्रमश: 488715 एवं 467307 टीके लगाकर क्रमश: 92.67 प्रतिशत एवं 92.71 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की। आयरन की बडी गोलियाँ जो कि गर्भवती महिलाओं को दी जाती है, के वितरण का लक्ष्य 526051 रखा गया था, जिसके विरूद्ध 643504 बडी गोलियाँ वितरित कर 122.33 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की।

निष्कर्ष- इस प्रकार निष्कर्ष निकलता है कि अध्ययन अवधि में स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार स्वास्थ्य शिक्षा एवं जन - शिक्षण के माध्यमों से आदिवासियों की मानसिकता में बदलाव आया है और मातृत्व एवं शिशु कल्याण कार्यक्रमों का लाभ लेने के लिये आकर्षण बडा है। इसका श्रेय विभाग द्वारा आयोजित शिविरों एवं प्रचार-प्रसार को जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गुप्ता, सुरेश आगे आये लाभ उठाये (एल.के. जोशी) आयुक्त जनसंपर्क, भोपाल।
2. डॉ. व्ही. कुमार - जनांकिकी।
3. भारत की जनगणना 2011 घटनाचक्र (समसामयिक)
4. भारतीय जनांकिकी।
5. कार्यालय, जिला चिकित्सालय, धार (म.प्र.)
6. दैनिक पत्र-पत्रिका।

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत

तालिका क्रमांक - 01

धार जिले में मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम की स्थिति

वर्ष	बी.सी.जी.		डी.पी.टी. बुस्टर		मिजल्स		आ.पि.वि.बुस्टर		विटामिन -ए		DT (Does I & II) 10 वर्ष	
	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि
2002-03	50260	51660	51040	47555	51663	52074	51040	47668	50040	52045	64320	63683
2003-04	56388	51747	49758	45007	57128	50787	49714	44966	55306	50472	57010	55522
2004-05	48672	48502	44267	44139	50875	49568	44267	44139	51067	49796	64220	60210
2005-06	51920	52164	51920	52118	51919	51198	51920	52118	51919	51166	59311	56891
2006-07	55890	59803	50826	51030	56421	52204	50826	51288	55721	55721	61440	59864
2007-08	66156	59919	54269	54546	54273	53567	54269	54546	54271	53669	60110	57703
2008-09	56780	61221	56780	58109	56780	54655	56780	58109	56780	54553	57808	54403
2009-10	57265	57064	57265	57099	57269	55797	57269	57099	57265	55840	54353	51723
2010-11	59453	54560	59453	53777	59453	52857	59453	53777	59453	54260	56341	30165
योग	**502784**	**496636**	**475578**	**463380**	**439001**	**472707**	**475538**	**463710**	**491822**	**477522**	**534913**	**490164**

स्त्रोत- कार्यालय जिला चिकित्सालय धार (म.प्र.)

तालिका क्रमांक - 1 (अ)

धार जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की स्थिति

वर्ष	पोलियों		टी.टी. (गर्भवती महिला)		टी.टी.(Does I & II) 10 वर्ष		टी.टी. (Does I & II) 16 वर्ष		आयरन बडी गोली गर्भवती महिला हेतु	
	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि
2002-03	50260	50755	52603	49543	65120	61330	56310	54395	59730	74573
2003-04	56388	56867	51730	50889	60405	58052	52320	50452	58940	69915
2004-05	48672	49381	52340	53570	56340	45451	58482	54289	56310	74292
2005-06	51920	52118	57112	55151	57412	54760	59410	57359	57110	87928
2006-07	55890	56117	55447	54549	63210	60737	55430	50704	56520	83738
2007-08	54271	54569	59697	60479	58120	56103	56311	54607	59695	64244
2008-09	56781	57651	60975	58872	55353	5345	5435	51356	55432	60975
2009-10	57267	57106	62993	57115	55090	51027	55091	47169	60621	62440
2010-11	59453	53791	65399	58840	56338	47820	56340	46976	61693	65399
योग	**490902**	**488355**	**452897**	**499008**	**527388**	**488715**	**504044**	**467307**	**526051**	**643504**

स्त्रोत- कार्यालय जिला चिकित्सालय धार (म.प्र.)

****

भारत में महिला सशक्तिकरण हेतु - सरकारी प्रयास

डॉ. अनिल तौहेल *

प्रस्तावना – भारत प्राचीन समय से ही अपनी सभ्यता, संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत, परंपरा, धर्म और भौगोलिक विशेषताओं के लिये जाना जाता रहा है। वहीं दूसरी ओर यह पुरूषवादी राष्ट्र के रूप में भी जाना जाता रहा है क्योंकि भारतीय महिला घरों की चारदीवारी तक ही सीमित रहती थी उनको सिर्फ पारिवारिक जिम्मेदारियां ही दी जाती थी उन्हे अपने अधिकारों और विकास से बिलकुल अनभिज्ञ रखा जाता था। इस देश में आधी आबादी महिलाओं की है, इस लिए देश को शक्तिशाली बनाने के लिये महिला सशक्तिकरण जरूरी है। इस लिए समाज में जागरूकता लाने के लिये मातृदिवस अंर्राष्ट्रीय महिला दिवस जैसे कई कार्यक्रम संस्कार द्वारा चलाए जाते रहे है। भारत में असाक्षरों की संख्या में महिलाओं का अनुपात ज्यादा है, महिला सशक्तिकरण वास्तव में तब होगा जब इन्हे अच्छी शिक्षा दी जाएगी और इन्हे काबिल बनाया जाएगा कि वो हर क्षेत्र में स्वतंत्र होकर फैसले ले सकें।

भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाली राक्षसी सोच को मारना जरूरी है, जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, वैश्यावृत्ति, मानव तस्करी आदि। भारत के संविधान में उल्लिखित समानता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना आवश्यक है। सरकार को महिलाओं के वास्तविक विकास के लिय पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में जाना होगा और वहां की महिलाओं को सरकार की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं और उनके अधिकारों से अवगत कराना होगा। सशक्तिकरण से तात्पर्य किसी व्यक्ति की उस क्षमता से है, जिससे उसमें योग्यता आ जाती है, जिससे वो अपने जीवन से जुड़े सभी निर्णय स्वयं ले सके।

विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को लाने के लिये सरकार के द्वारा कई योजनाओं को निरूपित किया गया है भारतीय सरकार के इन प्रयासों के कारण देश में महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार आया है। (राष्ट्रीय मिशन 2011 जनगणना)

'यत्र नार्यास्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:'

अर्थात् जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते है। यहां नारी को देवी के रूप में देखा गया है, भारत में नारी की दशा सदैव एक जैसी नही रही अपितु समय एवं काल के साथ परिवर्तित होती रही है।

किसी भी राष्ट्र का विकास उसकी उपलब्ध मानव शक्ति की गुणवत्ता व शिक्षा पर निर्भर होता है चूंकि किसी भी राष्ट्र की आबादी का लगभग आधा भाग महिलाएं होती है। अत: महिलाओं की स्थिति ही देश के विकास की स्थिति का सूचक भी होती है। पुरूषों के बराबर महिलाओं को वैधानिक, राजनीतिक, शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, सामाजिक, व सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में स्वायत्तता व निर्णय लेने का अधिकार प्रदान करना ही महिला सशक्तिकरण है। सरकार द्वारा महिला उत्थान की दिशा में विभिन्न प्रयास किये गये है इनमें से कुछ प्रमुख प्रयास इस प्रकार है –

1. **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना –** युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने की इस योजना का 50% महिलाएं है – युवाओं की योग्यता के अनुरूप 6,9 व 12 माह के प्रशिक्षण कार्यक्रमो के द्वारा 'रोशनी योजना' के माध्यम से तीन वर्षो में 50 हजार युवाओं को रोजगार प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है इनमें से 40% महिलाएं होंगी।
2. **महिला किसान सशक्तिकरण योजना –** यह योजना वर्ष 2010 – 11 में शुरू की गई इसके तहत 18 राज्यो में 71 परियोजनाएं (आंध्रप्रदेश, बिहार, हरियाणा, तमिलनाडु, उत्तारप्रदेश व तेलंगाना) राज्यों में संचालित की जा रही है, जिससे 119 जिलों की 30 से 65 लाख से भी अधिक महिला किसान लाभंवित हो रही है।
3. **दीनदयाल अंत्योदय योजना –** इस योजना के तहत सूक्ष्म ऋण के माध्यम से कृषि, पशुपालन, डेयरी उद्योग, चारा विकास, बागवानी, बैंकिंग सेवा के साथ एकाउन्ट के क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका बढ़ रही है।
4. **सुकन्या समृद्धि योजना –** यह योजना बेटी – बचाओं, बेटी पढ़ाओं की विस्तार योजना है इसका उद्देश्य भी बालिकाओं की सुरक्षा के साथ उन्हे मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षा का समान अधिकार और पढ़ने के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।
5. **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं –** 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत से भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई इस महत्वाकांछी योजना का उद्देश्य बालिकाओं के लिए सकारात्मक माहौल के साथ-साथ उन्हे शिक्षा के द्वारा सामाजिक व वित्तीय तौर पर आत्मनिर्भर बनाना है।
6. महिला ई-डॉट-महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में 7 मार्च 2016 में आरंभ की गई इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय कार्यक्रम मेक इन इण्डिया में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देना है।
7. **मुद्रा योजना व स्टैण्डअप इण्डिया योजना –** वर्ष 2016 में वंचित एवं पिछड़ी महिलाओं को आर्थिक सम्बलता प्रदान कर 16000 नए उद्यम स्थापित किये गये। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 70: ऋणों का लाभ महिला उद्यामियो को प्राप्त हुआ।
8. **प्रधानमंत्री उज्जवला योजना –** इस योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करने वाली महिलाओं को एल.पी.जी. गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गये है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दैनिक भास्कर 27 दिसंबर 2016
2. डॉ. सिन्हा वी.सी., अर्थशास्त्र लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद।
3. प्रतियोगिता दर्पण, मार्च 2018
4. रिसर्च लिंक, फरवरी 2006

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय तिलक पी.जी. महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.) भारत

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

A Comparative Study Of Capital Adequacy Ratio Of Indian Public And Private Sector Banks With Special Emphasis On Basel II Norms

Rishi Vaidya* Dr. Kamalijeet Bhatia Dr. N. K. Totala*****

Abstract - In India, there is dominance of Government ownership coupled with significant private shareholding in the public sector banks, which in turn continue to have a dominant share in the total banking system. Basel II mandates Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR) of 8% and Tier 1 capital of 6%. Further, the Government of India has stated that public sector banks must have a capital cushion with a CRAR of at least 12%, higher than the threshold of 9% prescribed by the RBI. The present study attempts to compare the CRAR of all the 26 public sector banks and 20 private sector banks for the period from 2008-09 to 2012-13. The study found that the public sector banks have gone in for further issue of equity shares to enhance their capital adequacy ratio.
Key Words - Bassel II, Capital Adequacy Ratio, Public Sector Banks, Private Sector Banks.

Introduction - Originally named the Committee on Banking Regulations and Supervisory Practices, the Basel Committee on Banking Supervision (BCBS) was created in 1974 as a forum for member countries to discuss global banking supervision. Its goal is to advance the quality and know-how of banking supervisors worldwide and to be a global standard setter for financial institutions. It aims to facilitate global economic stability through common banking standards. Many of these standards focus on capital adequacy requirements.

Basel II considers that the key element of capital on which the main emphasis should be placed is equity capital and disclosed reserves, as this key element of capital is the only element common to all countries' banking systems. As this item is wholly visible in the published accounts, is the basis on which most market judgments of capital adequacy are made, it has a crucial bearing on profit margins and a bank's ability to compete. (Swamy, 2013).

Capital adequacy is an indicator of the financial health of the banking system. It is measured by the Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR), defined as the ratio of a bank's capital to its total risk weighted Assets. Higher value of CRAR indicates the lower need of external funding and therefore higher profitability. CRAR reflects the optimum amount of capital that it would require to ensure the confidence of all stakeholders, investors, depositors, creditors and regulators.

Two types of capital are measured: tier 1 capital, which can absorb losses without a bank being required to cease trading, and tier 2 capital, which can absorb losses in the event of a winding-up and so provides a lesser degree of protection to depositors. Tier 1 capital is the capital that is permanently and easily available to cushion losses suffered by a bank without it being required to stop operating. A good example of a bank's tier one capital is its ordinary share capital. Tier 2 capital is the one that cushions losses in case the bank is winding up, so it provides a lesser degree of protection to depositors and creditors. It is used to absorb losses if a bank loses all its tier one capital.

Literature Review -

Nachane et al. (2000) examined the impact of capital adequacy requirements on public sector banks in India on a sample of 27 banks for the period 1997 to 1999. The study concluded that Capital remains a useful tool in the hands of policy makers for influencing bank behaviour over and above the influence of the banks' own internally generated capital targets and there is no conclusive evidence to support a shift from high risk towards to low risk asset category by banks. It also found that banks increase Tier I and Tier II capital to increase the capital ratio.

Nag & Das (2002) studied the impact of imposition of capital requirement norms on flow of credit to the business sector by the Indian public sector banks for the period 1996-2000. The study concluded that in the post reform period public sector banks did shift their portfolio in a way that reduced their capital requirements and adoption of stricter risk management practice in respect of bank lending in post reform period and its interplay with minimum capital requirements (regulatory pressure) have had a dampening effect on overall credit supply.

Kaur & Kapoor (2014) attempted to analyse the

*Research Scholar, Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore (M.P.) INDIA
**Principal, SDPS Women's College of Commerce & Management, Indore (M.P.) INDIA
***Reader, Institute of Management Studies, Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore (M.P.) INDIA

changes in Capital Adequacy Ratio of public and private sector banks from 2001 to 2013 in the light of Basel Capital adequacy requirements. The data was analysed using Compound Annual Growth Rate (CAGR) and was found that most of the public and private sector banks have shown sign of growth of Capital Adequacy ratio and all of them have crossed the minimum CAR requirement of 9% stipulated by RBI under Basel II.

Objectives of the Study -

- To examine the various aspects of regulatory capital.
- To analyze the trend in CAR values of the Indian public and private sector banks as per Basel II norms.

Research Methodology - For the purpose of the research study, secondary data has been collected from the various research books, journals, newspapers, periodicals, articles, internet, annual reports of banks, bulletins, RBI circulars. For the collection of secondary data, 26 public sector banks and 20 private sector banks were selected to study the CAR values of the Indian public and private sector banks.

Data Analysis and Interpretation

Table 1 - Capital to Risk Weighted Assets Ratio of Public Sector Banks (2008-09 to 2012-13) (See in the last page)

Figure 1 - Capital to Risk Weighted Assets Ratio of Public Sector Banks (2008-09 to 2012-13) (See in the last page)

Table 1 and Figure 1 depicts the CRAR of public sector banks for sample period. The result reveals that maximum banks are working on more than the minimum prescribed limit of capital adequacy ratio of 9% by RBI. The average value of CRAR for five years reveals that Bank of Baroda has maintained the highest average CRAR of 14.18% while Dena Bank has maintained the least CRAR of 12.16%. Canara Bank, Corporation Bank, Indian Overseas Bank and Indian Bank are ranked 2nd, 3rd, 4th and 5th rank respectively in terms of average CRAR.

Table 2 - Capital to Risk Weighted Assets Ratio of Private Sector Banks (2008-09 to 2012-13) (See in the last page)

Figure 2 - Capital to Risk Weighted Assets Ratio of Private Sector Banks (2008-09 to 2012-13) (See in the last page)

Table 2 and Figure 2 exhibits the data for CRAR of private sector banks for five years, i.e., from 2008-09 to 2012-13. Bank with the maximum average CRAR are ranked first and then subsequent ranks are provided. Ratnakar Bank has average CRAR of 34.62% in the five years and is ranked first while Catholic Syrian Bank has average CRAR of 11.54% in the five years and is ranked least.

Kotak Mahindra Bank, ICICI Bank, Yes Bank and Federal Bank are ranked 2nd, 3rd, 4th and 5th rank respectively in terms of average CRAR. From the above data it can be concluded that the private sector banks have maintained highest CRAR as compared to the government owned banks.

Conclusion - The study found that the public sector banks have gone in for further issue of equity shares to enhance their capital adequacy ratio. Several banks running on the brink of very low or sometimes even negative profitability have been permitted by the government to write-off their losses against their paid-up capital. This has further worsened their capital adequacy position. Inspite of all this and some bailout packages by the government, all the banks today have reached the stipulated ratio of 9% CRAR or even more. The main reason for this is also the internally generated funds by way of increased profits and augmentation of their reserves and surplus. In any cases due to further issue of equity shares capital, the shareholding of the government in the public sector banks also stands reduced.

References :-

1. Kaur, M., & Kapoor, S. (2014). Capital adequacy growth in banks: An Indian scenario. *Amity Business Review*, 15(1), 31-38.
2. Nachane, D. M., Narain, A., Ghosh, S., & Sahoo, S. (2000). *Capital adequacy requirements and the behaviour of commercial banks in India: An analytical and empirical study*. Development Research Group Study No. 22, Department of Economic Analysis and Policy, Reserve Bank of India: Mumbai.
3. Nag, A. K., & Das, A. (2002). Credit growth and response to capital requirements: Evidence from Indian public sector banks. *Economic and Political Weekly*, 37(32), 3361-3368.
4. Swamy, V. (2013). *Basel III: Implications for Indian banking*. Research Report, Indian Institute of Banking and Finance: Mumbai. Retrieved from www.iibf.org.in/documents/reseach-report/Report-25.pdf, accessed on 15th December 2015.

Table 1 - Capital to Risk Weighted Assets Ratio of Public Sector Banks (2008-09 to 2012-13)

Data Analysis and Interpretation

S. No.	Banks	Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR)					Average	Rank
		2009	2010	2011	2012	2013		
1	Allahabad Bank	13.11	13.62	12.96	12.83	11.03	12.71	18
2	Andhra Bank	13.22	13.93	14.38	13.18	11.76	13.29	8
3	Bank of Baroda	14.05	14.36	14.52	14.67	13.30	14.18	1
4	Bank of India	13.01	12.94	12.17	11.95	11.02	12.22	24
5	Bank of Maharashtra	12.05	12.78	13.35	12.43	12.59	12.64	21
6	Canara Bank	14.10	13.43	15.38	13.76	12.40	13.81	2
7	Central Bank of India	13.12	12.23	11.64	12.40	11.49	12.18	25
8	Corporation Bank	13.61	15.37	14.11	13.00	12.33	13.68	3
9	Dena Bank	12.07	12.77	13.41	11.51	11.03	12.16	26
10	IDBI Bank Ltd.	11.57	11.31	13.64	14.58	13.13	12.85	15
11	Indian Bank	13.98	12.71	13.56	13.47	13.08	13.36	5
12	Indian Overseas Bank	13.20	14.78	14.55	13.32	11.85	13.54	4
13	Oriental Bank of Commerce	12.98	12.54	14.23	12.69	12.04	12.90	14
14	Punjab & Sind Bank	14.35	13.10	12.94	13.26	12.91	13.31	7
15	Punjab National Bank	14.03	14.16	12.42	12.63	12.72	13.19	10
16	State Bank of Bikaner & Jaipur	14.52	13.30	11.68	13.76	12.16	13.08	12
17	State Bank of Hyderabad	11.53	14.90	14.25	13.56	12.36	13.32	6
18	State Bank of India	14.25	13.39	11.98	13.86	12.92	13.28	9
19	State Bank of Mysore	13.38	12.42	13.76	12.55	11.79	12.78	17
20	State Bank of Patiala	12.60	13.26	13.41	12.30	11.12	12.54	22
21	State Bank of Travancore	14.03	13.74	12.54	13.55	11.70	13.11	11
22	Syndicate Bank	12.68	12.70	13.04	12.24	12.59	12.65	20
23	UCO Bank	11.93	13.21	13.71	12.35	14.15	13.07	13
24	Union Bank of India	13.27	12.51	12.95	11.85	11.45	12.41	23
25	United Bank of India	13.28	12.80	13.05	12.69	11.66	12.70	19
26	Vijaya Bank	13.15	12.50	13.88	13.06	11.32	12.78	16
Average Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR)		**13.20**	**13.26**	**13.37**	**12.98**	**12.15**		

Figure 1 - Capital to Risk Weighted Assets Ratio of Public Sector Banks (2008-09 to 2012-13)



Table 2 - Capital to Risk Weighted Assets Ratio of Private Sector Banks (2008-09 to 2012-13)

S.No.	Banks	Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR)					Average	Rank
		2009	2010	2011	2012	2013		
1	Axis Bank Ltd.	13.69	15.80	12.65	13.66	17.00	14.56	10
2	City Union Bank Ltd.	12.69	13.46	12.75	12.57	13.98	13.09	16
3	Development Credit Bank Ltd.	13.30	14.85	13.25	15.41	13.61	14.08	13
4	Dhanlaxmi Bank Ltd.	15.38	12.99	11.80	9.49	11.06	12.14	19
5	HDFC Bank Ltd.	15.69	17.44	16.22	16.52	16.80	16.53	6
6	ICICI Bank Ltd.	15.53	19.41	19.54	18.52	18.74	18.35	3
7	IndusInd Bank Ltd.	12.55	15.33	15.89	13.85	15.36	14.60	9
8	ING Vysya Bank Ltd.	11.65	14.91	12.94	14.00	13.24	13.35	15
9	Kotak Mahindra Bank Ltd.	20.01	18.35	19.92	17.52	16.05	18.37	2
10	Tamilnad Mercantile Bank Ltd.	16.05	15.54	15.13	14.69	15.01	15.28	7
11	The Catholic Syrian Bank Ltd.	12.29	10.82	11.22	11.08	12.29	11.54	20
12	The Federal Bank Ltd.	20.22	18.36	16.79	16.64	14.73	17.35	5
13	The Jammu & Kashmir Bank Ltd.	14.48	15.89	13.72	13.36	12.83	14.06	14
14	The Karnataka Bank Ltd.	13.48	12.37	13.33	12.84	13.22	13.05	17
15	The Karur Vysya Bank Ltd.	14.92	14.49	14.41	14.33	14.41	14.51	11
16	The Lakshmi Vilas Bank Ltd.	10.29	14.82	13.19	13.10	12.32	12.74	18
17	The Nainital Bank Ltd.	13.10	15.68	16.35	15.09	14.43	14.93	8
18	The Ratnakar Bank Ltd.	42.30	34.07	56.41	23.20	17.11	34.62	1
19	The South Indian Bank Ltd.	14.76	15.39	14.01	14.00	13.91	14.41	12
20	Yes Bank Ltd.	16.60	20.60	16.50	17.90	18.30	17.98	4
Average Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR)		**15.95**	**16.53**	**16.80**	**14.89**	**14.72**		

Figure 2 - Capital to Risk Weighted Assets Ratio of Private Sector Banks (2008-09 to 2012-13)



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

छ.ग. के बिलासपुर संभाग में फसल चक्र का प्रभाव

नोर्बेलता एक्का *

शोध सारांश– बिलासपुर संभाग की उपजाऊ भूमि के उपरान्त भी कृषकों की कमजोर आर्थिक स्थिति, जल के लिए मानसून पर निर्भरता तथा पुराने परम्परागत साधनों एवं रासायनिक उर्वरकों से फसल पर निर्भरता बनी हुई है। फसल चक्र का प्रयोग कर भूमि की उर्वरा–शक्ति में निरन्तरा बनाये रखकर उत्पादन में वृद्धि के साथ ही साथ लागत में भी कमी परिलच्छित हुई है। संभाग में फसल चक्र की वर्तमान स्थिति ज्ञात कर इसके उपयोग से उत्पन्न कठिनाईयों को दूर करने हेतु सुझाव देना इस शोध का उद्देश्य है।

शब्द कुंजी – फसल चक्र, उर्वराशक्ति, उत्पादकता, लागत, संवर्धन।

प्रस्तावना – विभिन्न फसलों को किसी निश्चित क्षेत्र पर एक निश्चित क्रम से, किसी निश्चित समय में बोने को शस्यचक्र या फसल चक्र कहते हैं। इसका उद्देश्य पौधों के भोज्य तत्वों का सदुपयोग तथा भूमि की भौतिक, रासायनिक तथा जैविक दशाओं में संतुलन स्थापित करना है।

सभ्यता के प्रारंभ से ही किसी खेत में एक निश्चित फसल न उगाकर फसलों को अदल–बदल कर उगाने की परंपरा चली आ रही है। फसल उत्पादन की इसी परम्परा को फसल चक्र कहते है। अर्थात् किसी निश्चित क्षेत्र पर निश्चित अवधि के लिए भूमि की उर्वरकता को बनाये रखने के उद्देश्य से फसलों को अदल–बदल कर उगाने की क्रिया को फसल चक्र कहते हैं।

आदिकाल से ही मानव अपने भरण–पोषण हेतु अनेक प्रकार की फसले उगाता चला आ रहा है। फसलें मौसम के अनुसार भिन्न–भिन्न होती है। अधिक मूल्यावान फसलों के साथ चुने गये फसल चक्रों में मुख्य दलहनी फसलें, चना, मटर, मसूर, अरहर, उर्द, मूंग, लोबिया, राजमा आदि का समावेश जरूरी है।

अध्ययन का उद्देश्य – बिलासपुर संभाग में फसल चक्र से कृषि उत्पादकता, लागत एवं रोजगार पर प्रभावों का अध्ययन करना, आंकड़े संकलित करके वास्तविकता ज्ञात करना तथा फसल चक्र का उपयोग करने हेतु सुझाव देना मेरे इस शोध का उद्देश्य है।

परिकल्पना –प्रस्तुत अध्ययन हेतु निम्न शून्य परिकल्पनाओं की जांच की जाएगी –

1. कृषकों के द्वारा फसल चक्र में सुधार किया गया है।
2. कृषि यन्त्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरकों का फसल चक्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध मुख्यत: द्वितीयक समंकों पर आधारित है। द्वितीयक समंक संग्रहण हेतु पत्र–पत्रिकाओं, विभागों के प्रतिवेदन तथा वेब साइट से प्राप्त सूचानाओं का प्रयोग का प्रयोग कर विश्लेषणात्मक पद्धति का उपयोग किया गया है।

अध्ययन की सीमाएँ – प्रस्तुत शोध अध्ययन सन् 2009–10 से 2014–15 के प्राप्त आंकड़ों एवं जानकारियों तक सीमित है।

फसल चक्र से आशय – सभ्यता के प्रारंभ से ही किसी खेत में एक निश्चित फसल न उगाकर फसलों को अदल–बदल कर उगाने की परंपरा चली आ रही है। फसल उत्पादन की इसी परम्परा को फसल चक्र कहते है। अर्थात् किसी निश्चित क्षेत्र पर निश्चित अवधि के लिए भूमि की उर्वरकता को बनाये रखने के उद्देश्य से फसलों को अदल–बदल कर उगाने की क्रिया को फसल चक्र कहते हैं।

फसल चक्र से लाभ –

अ. पोषक तत्वों का समान व्यय– फसलों की जडे गहराई तथा फैलाव में विभिन्न प्रकार की होती है, अत: गहरी तथा उथली जड वाली फसलों के क्रमश: बोने से पोषक तत्वों का व्यय विभिन्न गहराइयों पर समान होता है। जैसे गेहूँ ,कपास।

ब. पोषक तत्वों का संतुलन – विभिन्न पौधे नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश तथा अन्य पोषक तत्व भिन्न–भिन्न मात्राओं में लेते रहते है। इससें परस्पर संतुलन बना रहता है। एक ही फसल निरन्तर बोने से अधिक प्रयुक्त होने वाले पोषक तत्वों की भूमि में शून्यता हो जाती है।

स. हानिकारक कीटाणु रोग तथा घासपात की रोकथाम–एक फसल अथवा उसी जाति की अन्य फसलें लगातार बोने से उनके हानिकारक कीड़े, रोग तथा साथ उगने वाली घासपात उस खेत में बनी रहती है।

द. श्रम, आय तथा व्यय का संतुलन– एक बार किसी फसल के लिए अच्छी तैयारी करने पर, दूसरी फसल बिना विशेष तैयारी के ली जा सकती है और अधिक खाद चाहने वाली फसल को पर्याप्त मात्रा में खाद को देकर, शेष खाद पर अन्य फसलें लाभ के साथ ली जा सकती है, जैसे आलू के पश्चात् तम्बाकू, प्याज या कद्धू आदि।

क. भूमि में कार्बनिक पदार्थों की पूर्ति –निराई, गुड़ाई चाहने वाली फसलें, जैसे आलू प्याज आदि बोने से, भूमि में जैव पदार्थों की कमी हो जाती है। इनकी पूर्ति दलहन वर्ग की फसलों तथा हरी खाद के प्रयोग से ही जाती है।

ख. अल्पकालिन फसलें बोना – मुख्य फसलों के बीच अल्पकालीन फसलें बोई जा सकती हैं, जैसे मूली, पालक, मूँग आदि।

ग. भूमि में नाइट्रोजन की पूर्ति – दलहन वर्ग की फसलों को जैसे

*शोधार्थी, डॉ.सी.व्ही.रमन विश्वविद्यालय, करगीरोड़, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

सनई, ढेंचा, मूँग इत्यादि, भूमि में तीन या चार वर्ष में एक बार जोत देने से, न केवल कार्बनिक पदार्थ मिलते हैं अपितु नाइट्रोजन भी मिलता है, क्योंकि इनकी जड़ की छोटी-छोटी गाँठों में नाइट्रोजन स्थापित करने वाले जीवाणु होते हैं।

घ. भूमि की अच्छी भौतिक दशा - गहरी जड़वाली तथा अधिक गुड़ाई चाहने वाली फसलों को शस्यचक्र में सम्मिश्रित करने से भूमि की भौतिक दशा अच्छी रहती है।

ड. घास पात की सफाई -निराई, गुड़ाई चाहने वाली फसलों के बोने से घास पात की सफाई स्वयं हो जाती है।

च. कटाव से बचत - उचित शस्यचक्र से वर्षा के जल से भूमि का कटाव रूक जाता है तथा खाद्य पदार्थ बहने से बच जाते हैं।

छ. समय का सदुपयोग - इससे कृषि कार्य उत्तम ढंग से होता है। खेत एवं किसान व्यर्थ खाली नहीं रहते।

ज. भूमि के विषैले पदार्थों से बचाव - फसले जड़ों से कुछ विषैला पदार्थ भूमि में छोड़ती हैं। एक ही फसल बोने से भूमि में विषैले पदार्थ अधिक मात्रा में एकत्रित होने के कारण हानि पहुँचाते हैं।

झ. उर्वरा शक्ति की रक्षा- भूमि की उर्वरा शक्ति मितव्ययिता से ठीक रखी जा सकती है।

फसल चक्र निर्धारण के मूल सिद्धान्त - फसल चक्र के निर्धारण में कुछ मूलभूत सिद्धान्तों को ध्यान में रखना जरूरी होता है जैसे-

1. अधिक खाद चाहने वाली फसलों के बाद कम खाद चाहने वाली फसलों का उत्पादन।
2. अधिक पानी वाली फसलों के बाद कम पानी वाली फसल लगाना।
3. अधिक निराई, गुड़ाई वाली फसल के बाद कम निराई, गुड़ाई वाली फसल लगाना।
4. दलहनी फसलों के बाद अदलहनी फसलों का उत्पादन।
5. अधिक मात्रा में पोषक तत्व शोषण करने वाली फसल के बाद खेत को परती रखना।
6. एक ही नाशी जीवों से प्रभावित होने वाली फसलों को लगातार नहीं उगाना।
7. उथली जड़ वाली फसल के बाद गहरी जड़ वाली फसल को उगाना।
8. फसलों का समावेश स्थानीय बाजार की माँग के अनुरूप रखना।
9. फसल का समावेश जलवायु तथा किसान की आर्थिक क्षमता के अनुरूप करना चाहिए।

कुछ उपयोगी फसल चक्र -

1. दलहनी फसलों पर आधारित फसल चक्र-धान-तिवरा, धान-चना, मटर-गेहूँ, ज्वार-चना, बजरा-चना, धान-मटर-गन्ना, मूँगफली-अरहर-गन्ना, मूँग गेहूँ, कपास-मटर-गेहूँ आदि।

2. अन्न की फसलों पर आधारित फसल चक्र-धान-गेहूँ, मक्का-गेहूँ, ज्वार-गेहूँ, बाजरा-गेहूँ, गन्ना-गेहूँ, धान-गन्ना, मक्का-जौ, धान-बरसीम, मक्का-गेहूँ, चना-गेहूँ, आदि।

3. सब्जी आधारित फसल चक्र -भिण्डी-मटर, पालक-टमाटर, फूलगोभी-मूली, बन्दगोभी-मूली, बैंगन-लौकी, टिण्डा-आलू-मूली, घुईयाँ-शलजम-भिण्डी-गाजार, आलू-टमाटर लहसून-मिर्च, आलू-लौकी आदि।

बिलासपुर संभाग में फसल चक्र का प्रयोग **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

सारणी क्रमांक 01 के अनुसार कृषक परिवारों को भूमि धारिता के आधार पर 03 भागों में बांट कर 303 परिवारों को अध्ययन किया गया। कृषि में यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के पूर्व 01 से 02 हेक्टेयर कृषि भूमि धारित करने वाले 28.7 प्रतिशत कृषक परिवार फसल चक्र का उपयोग कर रहे थे। वहीं 02 से 05 हेक्टेयर भू धारित करने वाले 53.5 प्रतिशत परिवार फसल चक्र का उपयोग कर रहे थे। 05 हेक्टेयर से अधिक भू धारित करने वाले 60.4 प्रतिशत परिवार फसल चक्र का उपयोग कर रहे थे। इससे स्पष्ट होता है कि छोटे कृषक परिवारों की तुलना में मध्यम एवं बडे कृषक परिवारों के द्धारा फसल चक्र का उपयोग अधिक किया जा रहा है। कृषि यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के बाद छोटे, मध्यम एवं बडे तीनों स्तर के कृषक परिवारों ने फसल चक्र का उपयोग अधिक मात्रा में करने लगे। छोटे कृषक परिवार जो पूर्व में 28.7 प्रतिशत फसल चक्र का उपयोग कर रहे थे वे यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरकों के बाद 38.6 प्रतिशत फसल चक्र का उपयोग करने लगे। इस तरह 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उसी तरह मध्यम कृषक परिवारों में 12.9 प्रतिशत एवं बडे कृषक परिवारों में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अगर सम्पूर्ण कृषक परिवारों पर विचार करे तो यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के पूर्व 47.9 प्रतिशत कृषक परिवार फसल चक्र का उपयोग कर रहे थे जो कि बाद में इनकी संख्या 11.9 प्रतिशत वृद्धि के साथ 59.7 प्रतिशत कृषक परिवार फसल चक्र का उपयोग करने लगे हैं। इस तरह कृषि यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग का फसल चक्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।





सारणी क्रमांक-02 **(देखे)**

सारणी क्रमांक 2 में फसल चक्र का उपयोग न करने वाले कृषक परिवारों को दिखाया गया है। कृषि यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के बाद नकरात्मक प्रभाव देखने को मिलता है। पूर्व में 52.1 प्रतिशत कृषक परिवार फसल चक्र का उपयोग नहीं करते थे वे बाद में घटकर 40.3 प्रतिशत हो गया है। इस तरह 11.9 प्रतिशत की कमी आयी है। मध्यम वर्ग के कृषक परिवारों में इसका प्रभाव अधिक दिखा है। छोटे और बडे कृषक 9.9 प्रतिशत की कमी जबकि मध्यम कृषकों में यह कमी 12.9 प्रतिशत की देखी गई है। इससे स्पष्ट है कि मध्यम कृषक परिवारों में लोच अधिक है।

निष्कर्ष – कृषि यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के फलस्वरूप फसल चक्र के उपयोग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है फलस्वरूप कृषक परिवारों ने कृषि में फसल चक्र के उपयोग में लगातार सुधार किया है और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। अतः शून्य परिकल्पना परीक्षण उपरान्त सत्य सिद्ध हुई।

सुझाव– बिलासपुर संभाग में जोत का आकार छोटा है और कृषि कार्य में लगी जनसंख्या का आकार बहुत बड़ा है। भूमि एक दुर्लभ साधन है जबकि श्रम एक प्रचुर साधन है। अतः भूमि उत्पादकता को उन्नत करने की नीतियों का ग्राम-जनशक्ति के प्रयोग के साथ सामन्जस्य करना होगा। कृषि यन्त्रीकरण की नीति ऐसी हो जो कि श्रम विस्थापन के प्रभाव को कम कर सके। इस दिशा में फसल चक्र का अधिकाधिक उपयोग कर भूमि की उर्वरा शक्ति को प्राकृतिक रूप से बनाये रखना या उसमें वृद्धि करना उचित होगा। फसल चक्र के उपयोग से एक साथ तीन लाभ प्राप्त होगा। फसल उत्पादन में वृद्धि, लागत में कमी और भूमि की उर्वरा शक्ति में प्रचूरता।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मिश्र, डॉ0 जय प्रकाश, कृषि अर्थशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स: आगरा।
2. आर्थिक सर्वेक्षण, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर
3. वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन, छ0ग0 शासन, कृषि विभाग, रायपुर
4. छत्तीसगढ़ कृषक सहयोगी पुस्तिका, कृषि वातावरणीय विभाग-7 एवं 8, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षक एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म0प्र0)
5. http://cg.nic.in/revenue/Table Of Agriculture Statistics 2013-14

सारणी क्रमांक - 01

बिलासपुर संभाग में फसल चक्र का प्रयोग

बिलासपुर संभाग में फसल चक्र उपयोग करने वाले कृषक परिवार

कृषकों की श्रेणी	सर्वेक्षित कृषक	कृषि में यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरक उपयोग के पूर्व		कृषि में यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरक उपयोग के बाद		कमी /वृद्धि
	परिवारों की संख्या	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	
01 से 02 हेक्टेयर	101	29	28.7	39	38.6	9.9
02 से 05 हेक्टेयर	101	54	53.5	67	66.3	12.9
05 हेक्टेयर से अधिक	101	61	60.4	75	74.3	13.9
योग	303	145	47.9	181	59.7	11.9

स्रोत- सर्वेक्षण से प्राप्त प्राथमिक आंकडे।

क्रमांक-02

बिलासपुर संभाग में फसल चक्र उपयोग नहीं करने वाले कृषक परिवार

कृषकों की श्रेणी	सर्वेक्षित कृषक	कृषि में यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरक उपयोग के पूर्व		कृषि में यंत्रीकरण एवं रासायनिक उर्वरक उपयोग के बाद		कमी /वृद्धि
	परिवारों की संख्या	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	
01 से 02 हेक्टेयर	101	72	71.3	60	61.4	-9.9
02 से 05 हेक्टेयर	101	46	46.5	32	33.7	-12.9
05 हेक्टेयर से अधिक	101	40	39.6	30	29.7	-9.9
योग	303	158	52.1	122	40.3	-11.9

स्रोत- सर्वेक्षण से प्राप्त प्राथमिक आंकडे।

****

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के विभिन्न पहलु - एक सिंहावलोकन

डॉ. ललिता सोलंकी * प्रो. तपन चौरे **

शोध सारांश – महिलाएँ मानव संसाधनों की आधी फीसदी जनसंख्या है अत: मानव पूँजी निर्माण की दृष्टि से महिलाओं का विकास महत्वपूर्ण है। कुल आबादी के आधे हिस्से को समानता की श्रेणी में लाकर उसके द्वारा समाज विकास में अदा की जा रही भूमिका, योग्यता एवं क्षमता को पहचाना साथ ही महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो को सही मान्यता प्रदान किये जाने की आवश्यकता है। इसी कारण महिलाओं के लिए सशक्तिकरण की प्रक्रिया चल रही हैं। महिला सशक्तिकरण से तात्पर्य महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भता व आत्मविश्वास में वृद्धि के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक उत्थान से हैं। वैसे तो सशक्तिकरण को कई स्तरों पर देखा जा सकता है किन्तु प्रमुख लक्ष्य आर्थिक सशक्तिकरण के स्वरूप को समझना है।

प्रस्तावना – देश के समग्र विकास के लिए महिला व पुरुष दोनों का समान गति से निर्बोध रूप से उन्नति के पथ पर अग्रसर होना आवश्यक है। महिलाएँ समाज की अभिन्न अंग है अत: सामाजिक व आर्थिक विकास की संकल्पना महिलाओं के विकास व सशक्तिकरण के बिना अधूरी है। देश के **प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू** ने भी महिलाओं के विकास को प्राथमिकता देते हुए कहा था कि, 'यदि विकास करना है तो महिलाओं का उत्थान करना होगा। महिलाओं का विकास होने पर समाज का विकास स्वत: ही हो जाएगा तथा समाज से राज्य और राज्य से राष्ट्र का विकास होगा।'

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का अर्थ है महिला संबंधी समस्याओं की पूरी जानकारी के लिए उनकी योग्यता व कौशल में वृद्धि कर सामाजिक एवं संस्थागत अवरोधों को दूर करने का अवसर प्रदान करना, साथ ही आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी को बढ़ावा देना, ताकि वे अपने जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधाार ला सकें। महिलाओं के सशक्तिकरण से संबधित नीतियों का क्रियान्वयन इस प्रकार से करना कि वंचित महिलाओं को आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त हो तथा इसमें आने वाली दैनिक समस्याओं को दूर किया जा सके। आर्थिक सशक्तिकरण प्रगति व सुधार का एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। महिलाओं को समसामयिक सामाजिक कुप्रथाओं से मुक्त करने के लिए आवष्यक है महिलाओं में विवेकजन्यता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, धर्म निरपेक्षता एवं आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न की जाए तभी वे सामन्ती एवं रूढ़िवादी शोषण का सशक्त विरोध कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना – योजना 1 अगस्त, 2014 को युवाओं को स्वयं के उद्योग, व्यवसाय शुरू करने और सूक्ष्म और लघु उद्यमों को विकसित करने के लिए बिना बैंक गारंटी के ऋण उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई एक वित्तीय सहायता योजना है। शासन द्वारा मार्जिन मनी सहायता, ब्याज सब्सिडी, ऋण गारंटी और लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करती है। योजना का मुख्य उद्देश्य collateral security की आवश्यकता के बिना उद्यमिता (entrepreneurship) को बढ़ावा देना है। आवेदक प्रदेश का मूल निवासी, न्यूनतम 5वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो तथा आय सीमा में कोई बंधन नहीं है। एवं उसका परिवार किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।

परियोजना लागत न्यूनतम 20 हजार एवं अधिकतम 10 लाख तक हैं। मार्जिन मनी सहायता सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत अधिकतम 01 लाख होगी। बी.पी.एल., अजा, अजजा, पिछड़ा वर्ग, महिला, अल्पसंख्यक, नि:शक्तजन के लिये 30 प्रतिशत अधिकतम रुपये 02 लाख की मार्जिन मनी सहायता का प्रावधान है। ब्याज अनुदान 5 प्रतिशत की दर (अधिकतम 25 हजार रुपये) योजना में गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्ष तक देय होगी। विमुक्त, घुमक्कड़ और अर्द्ध घुमक्कड़ जनजाति के उद्यमियों को परियोजना लागत में 2 लाख रूपये की अधिकतम सीमा को बढ़ाकर 3 लाख तक किया गया है। योजनान्तर्गत कुल परियोजना लागत 9,99,999 है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना – अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित युवा/युवतियों के लिए युवा उद्यमी योजना प्रारम्भ की गई। योजना का उद्देश्य समाज के अजा वर्ग के लिए स्वयं का उद्योग स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराना है। योजनान्तर्गत हितग्राहियों को मार्जिन मनी, ब्याज अनुदान, ऋण गारण्टी एवं प्रशिक्षण का लाभ शासन द्वारा दिया जाता है। योजना का क्रियान्वयन आयुक्त अनुसूचित जाति कल्याण विभाग अन्तर्गत म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल द्वारा एवं जिला अन्त्य व्यवसाय सहकारी विकास समिति मर्यादित के माध्यम से किया जाता है। प्रदेश के 18 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए 10 लाख से लेकर 01 करोड़ तक के ऋण बैंकों के माध्यम से मिलता है। हितग्राहियों को 15 प्रतिशत पूँजी लागत सहायता, अधिकतम 12 लाख रूपये की मार्जिन मनी सहायता तथा 5 प्रतिशत सालाना की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाता है।

महिला उद्यमियों को पूँजी लागत का 01 प्रतिशत अधिक अर्थात् ब्याज अनुदान मिलता है। नवीन उद्योग के लिए न्यूनतम दसवीं परीक्षा पास होना जरूरी है। योजना के प्रथम दो वर्षो में मध्यप्रदेश में 2,500 युवाओं को

* ICSSR, पोस्ट डॉक्टोरल फेलो (अर्थशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** (अर्थशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

लाभान्वित कर औसतन रुपये 35 लाख का ऋण प्रदान किया गया है। योजना में केन्द्र सरकार द्वारा कोई अनुदान, सब्सिडी नहीं दी जाती है। योजनान्तर्गत कुल परियोजना लागत 2 करोड़ रूपए तक है।

मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना – योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों हो तथा मध्यप्रदेश का मूल निवासी व बी.पी.एल. होना आवश्यक है। इसमें शैक्षणिक योग्यता का बंधन नहीं हैं हितग्राही की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो एवं उसका परिवार किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति किसी शासकीय उद्यमी, स्व–रोजगार योजना में सहायता ले चुका है, तो वह योजना का पात्र नहीं होगा। योजना में सबसे गरीब वर्ग को कम लागत के उपकरण या कार्यशील पूँजी उपलब्ध करवायी जाती है। परियोजना की लागत अधिकतम 20 हजार रूपये एवं लागत का 50 प्रतिशत मार्जिन मनी एवं अधिकतम सहायता 10 हजार रूपये तक शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।

पिछले वर्ष इन तीनों योजनाओं में एक लाख से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। भारत सरकार की स्व–रोजगार योजनाओं को मिलाकर प्रदेश के 5 लाख 40 हजार हितग्राहियों को ऋण सहायता उपलब्ध करवाई गई है।

सूक्ष्म एवं लघु उद्योग से युवाओं को मिलने वाला रोजगार इन तीन महत्वपूर्ण योजना में वर्ष 2015–16 में 72 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2016–17 में 01 लाख हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लक्ष्य के साथ ही भारत सरकार की संचालित मुद्रा योजना को मिलाकर 5 लाख युवा स्वरोजगार स्थापित किया गया।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम – शिक्षित बेरोजगार को स्वरोजगार प्रेरित करने के लिए भारत सरकार ने 02 अक्टूबर, 1993 को प्रधानमंत्री रोजगार योजना शुरू की थी। कुछ ही समय पश्चात् बन्द कर दी गई थी। तथा योजना को पुन: शुरू किया गया। बेरोजगारो को स्वयं का उद्योग, सेवा, व्यवसाय स्थापित करवाकर स्वरोजगार उपलब्ध करवाना है तथा आर्थिक रूप से योग्य गतिविधियों, जिसमें कृषि और सहायक गतिविधियाँ भी शामिल हैं, उनके लिए ऋण स्वीकृत किया जाता है। निषिद्ध कार्यो को छोड़कर अन्य स्वरोजगार योजनाओं को चयन आवेदक को करना होता है। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष हो तथा अजा/अजजा, भूतपूर्व सैनिक, विकलांग और महिलाओं के लिए उम्र में 10 वर्ष की छूट अर्थात् 45 वर्ष की आयु तक लाभ दिया जाता है।

योजना के तहत् रोजगार के लिए दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की दर तुलनात्मक रूप से काफी कम है और ऋण को आसान किश्तों में विभाजित कर 7 किश्तों में भुगतान किया जाता है तथा ऋण से निर्मित उत्पादकों को ही बंधक माना जाता है। विनिर्माण क्षेत्र के लिए 25 लाख और सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख रूपए तक का ऋण दिया जाता है। सामान्य वर्ग के आवेदक को 10 प्रतिशत मार्जिन मनी और शहरी क्षेत्र के निवासी को 15 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के निवासी को 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाती है। तथा अजा/अजजा/अपिव/अल्प संख्यक, महिला, पूर्व सैनिक, शारीरिक विकलांग और पूर्वोत्तर, पहाड़ी व सीमावर्ती क्षेत्रों सहित हितग्राहियों को 5 प्रतिशत मार्जिन मनी जमा करनी होगी और शहरी क्षेत्र के निवासी होने पर 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के निवासी को 35 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान कि जाती है। योजनान्तर्गत वर्ष 2008–09 से 2011–12 तक 3737500 हितग्राहियों को रोजगार दिया गया तथा 4485.00 राशि (करोड़ में) सब्सिडी प्रदान की गई।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)

आर्थिक एवं सामाजिक विकास को सुनिश्चित कराने हेतु केन्द्र सरकार ने स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के रूप में वर्ष 2012 में पुनर्गठित किया गया। आजीविका मिशन के तहत उन्हें दीर्घकालिक तथा गरीबी दूर करने के उनके प्रयासों में सहायता देना और गरीबों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का भी लक्ष्य है। युवाओं को कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण दिलाकर नियोजन की उपलब्धता कराई जाती है।

स्व–सहायता समूह, समूहों, व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिए पूंजीगत अनुदान की उच्चतम सीमा सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी परियोजना लागत का 30 प्रतिशत अथवा 15,000 रूपए तक, अजा/अजजा वर्ग के लाभार्थियों को 50 प्रतिशत 20,000 रूपए तक के अधीन रहते हुए और स्व–सहायता समूहों को परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 2.50 लाख रूपए निर्धारित है। आजिविका मिशन के लिए 12वीं योजना में 29 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया हैं।

दीनदयाल रोजगार योजना – प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को उद्योग, सेवा, व्यवसाय के क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों, वित्त संस्थाओं द्वारा दिए जाने वाले ऋण में अपेक्षित मार्जिन मनी को जमा कराने में सहायता देने के लिए उद्योग विभाग द्वारा यह योजना चलाई जा रही है। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो, उम्र 18 से 40 वर्ष हो व परिवार की वार्षिक आय 2 लाख से कम हो।

परियोजना लागत का उद्योग में 10 प्रतिशत अधिकतम 40.000 रूपए, सेवा क्षेत्र में 7.5 प्रतिशत अधिकतम 15,000 रूपए एवं व्यवसाय क्षेत्र में 5 प्रतिशत अधिकतम 7,500 रूपए मार्जिन मनी स्वीकृत की जाती है। आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता स्नातक या अधिक है उन्हें उद्योग या सेवा गतिविधि के लिए उपरोक्त निर्धारित प्रतिशत अनुसार अधिकतम सीमा क्रमश: 50,000 रूपए एवं 25,000 रूपए तक मार्जिन मनी सहायता की पात्रता होगी। मार्जिन मनी सहायता हितग्राही द्वारा लगाई जा रही योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। योजनान्तर्गत वर्ष 2014 तक 610 हितग्राहियों को 69,10,000 की राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

रानी दुर्गावती अनुसूचित जाति/जनजाति स्वरोजगार योजना – प्रदेश के अजा/अजजा वर्ग के व्यक्तियों के लिए स्वयं के रोजगार स्थापित करने लिए उद्योग विभाग द्वारा उद्योग, सेवा, व्यवसाय स्थापित करने के उद्देश्य से सहायता उपलब्ध कराना जिसमें उद्यम के चयन से लेकर प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, विपणन, स्थापना आदि सभी चरणों में सहयता व सघन अनुसरण भी सम्मिलित हैं। योजनान्तर्गत ऐसे हितग्राही जिनके पास राजस्व अनुभाग स्तर के अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र हो तथा म.प्र. का मूल निवासी हो, उम्र 18 से 50 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता 5वीं कक्षा उत्तीर्ण हो तथा परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपए से अधिक हो। योजना का लाभ दो या दो से अधिक शिक्षित बेरोजगारों को साझेदारी या कम्पनी के रूप में दिया जा सकता है। कम्पनी या साझेदारी अनुसूचित जाति या जनजाति किसी एक वर्ग के होना चाहिए। वर्ष 2014 तक 1012 हितग्राहियों को 19 करोड़ 60 लाख से अधिक तथा जनजाति के 79.5 व्यक्तियों को 13 करोड़ 98 लाख से अधिक राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

महिलाओं को रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा महिलाओं के विकास के लिए रोजगार योजनाओं के द्वारा महिला उद्यमियों

में सूक्ष्म आर्थिक सशक्तिकरण संभव है। एवं आर्थिक विकास को प्रभावित करने में महिला उद्यमी की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाएँ अनेक विषम परिस्थितियों तथा कठिन चुनौतियों का सामना करके अपने उद्यमों द्वारा न केवल अपने परिवार के आर्थिक स्वावलम्बन में सहयोगी बनी हैं वरन् प्रकाशंतर से विकास में भी योगदान दे रही हैं।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि महिला सशक्तिकरण का प्रमुख आधार आर्थिक सशक्तिकरण है। यदि महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्म निर्भर होगी तो उनमें निर्णय लेने की क्षमता का विकास हो सकेगा, जो जीवन में गुणवत्ता सम्बन्धी तत्वों पर ध्यान देकर आर्थिक विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। ऐसे में योजना आर्थिक सशक्तिकरण का सफल माध्यम हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. म.प्र. माध्यम, 2011, म.प्र. में अनुसूचित जाति वर्गो के चहुँमुखी विकास की विशेष पहल। www.mpmadhyam.in
2. आगे आये लाभ उठाये मई 2016, जनसम्पर्क विभाग भोपाल म.प्र. पेज न. 65, 118, 219, 222। www.mpinfo.org.
3. मध्यप्रदेश में अनुसूचित जातियों के उत्थान की सार्थक कोशिशें, 12 अप्रैल, 2016, भोपाल।
4. युवाओं को रोजगार के लिये तेजी से काम करती म.प्र. सरकार, 19 अगस्त, 2017, भोपाल।
5. अगस्त, 2013 ग्रामीण महिला सशक्तिकरण, कुरूक्षेत्र, अरावली पब्लिशर्स प्रा.लि., नई दिल्ली, पेज 16, 23।

****

गांवो के बदलते स्वरूप में भारत निर्माण योजना

डॉ. आर.एस. मण्डलोई *

शोध सारांश – भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के निर्माण हेतु प्रारम्भ की गई भारत निर्माण योजना के माध्यम से वर्तमान में गांव के प्रत्येक क्षेत्र में विकास हुआ है। इस कार्यक्रम के जरिये ग्रामीण नवीनीकरण के कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पहल की गई। परिणाम स्परूप गांवो के विकास को नया आयाम मिला है गांवो में नयापन का एहसास होने लगा। आज प्रत्येक गांव पक्की सडक, बिजली की 24 घण्टे उपलब्धता, डिजिटल इण्डिया, टेलिफोन, टि.वी., मोबाईल, कच्चे मकानों से पक्के मकानों का निर्माण, डाकघर की सुविधाओं से जुड चुके है। हर गांव मे विकास की किरण दिखाई दे रही है। वर्तमान समय में गांवो में भी शहरों जैसा माहोल है। भारत निर्माण कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की स्थिति एवं स्वरूप में परिवर्तन स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है।

शब्द कुंजी – उत्पादकीय व्यय, अनुत्पादकीय व्यय।

प्रस्तावना – भारत देश गांवों का देश है, गांवो के विकास के बिना हम भारत के विकास की कल्पना नही कर सकते है। 'महात्मा गांधी के इस सपने को साकार करने के लिए भारत सरकार द्वारा ग्रामीणों को शहरी लोगो जैसी सुविधाऍं उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्माण योजना का क्रियान्वयन किया।

वर्तमान परिदृश्य में भारत के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास न होने से शहरी क्षेत्र पर दबाव बडता है जिससे शहरी क्षैत्र में आधारभूत व्यवस्था एवं प्रबंधन अव्यवस्थित हो जाते है। ग्रामीण लोग शहरो की और पलायन कर जाते है। इन्ही समस्याओं के निराकरण हेतु इस योजना को लागू किया गया।

ग्रामीण को शहरी क्षेत्रों में विद्यमान जल, सडक भवन, विद्युतिकरण और दूरसंचार कनेक्टिविटी आदि सुविधाऍं आकर्षित करती है यदि यही सुविधाऍं गांवों में उपलब्ध हो जाये तों सारी समस्याओं का हल हो जायेगा, इसी कारण यह योजना अस्तित्व में आई। योजना के माध्यम से गांवो में उद्योगों की स्थापना होगी तथा गांव के लोगो के रहन-सहन में सुधार होगा तथा वे शहरो से सीधे से जुड सकेंगे।

भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में चहुमुखी विकास के लिए आवश्यक है विशाल निर्धन जनसंख्या को गरीबी रेखा से उपर उठाया जाए। इसके लिए गांवों में आधारभूत संरचना का विकास किया जा रहा है।

भारत निर्माण योजना का आधार –

ग्रामीण आवास – भारत में सबसे बडी समस्या आवास की रही है। ग्रामीण क्षैत्रों में यह समस्या बहुत विकराल है। 2011 की जनगणना के अनुसार अभी भी ग्रामीण क्षैत्रों में लगभग 02 करोड मकानों की कमी है। गरीब ग्रामीण को यदि मकान दे दिया जाए तो उससे उनके जीवन में सामाजिक परिवर्तन आ जाता है। उसमें आत्मविश्वास बढता है। इन्ही उद्धेश्यों को लेकर केन्द्र सरकार ने सन 1996 में इंदिरा गांधी आवास योजना प्रारम्भ की थी। इस योजना के पश्चात मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना भी चलाई जा रही है। जिसमें ग्रामीण लोगो को पक्का आवास निर्माण हेतु सम्पूर्ण वित्तीय सहायता शासन द्वारा उपलब्ध करायी जाती है।

पेयजल – 'जल ही जीवन है' जल के बिना मानव जीवन की कल्पना व्यर्थ है। ग्रामीण भारत के विकास में पेयजल की आपूर्ति अति महत्वपूर्ण है। भारत निर्माण में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को एक घटक के रूप में शामिल किया गया। ग्रामीण क्षैत्रों में पेयजल की आपूर्ति हेतु 1972-73 केन्द्र सरकार द्वारा शतप्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। 1986 में राष्ट्रीय पेयजल मिशन प्रारम्भ किया जिसका 1991 में नाम बदलकर राजीव गांधी पेयजल मिशन तथा 1999 में पेयजल आपूर्ति बनाया गया। पेयजल और स्वछता मंत्रालय अगस्त 2011 में अस्तित्व में आया। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल के लिए वित्त वर्ष 2011-12 9000 करोड रू., 2012-13 में 110000 करोड रू. 2014-15 में 16 हजार करोड रू. तथा 2015-16 में 19000 करोड रू. आवंटित किये गये।

दूरसंचार – वर्तमान में दूरसंचार में विशेषकर मोबाईल क्रान्ति आम आदमी के साथ-साथ ग्रामीण परिदृश्य में बहुत अधिक बदलाव ला दिया है। यह हमारा सामाजिक आर्थिक जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। अब तो स्थिति यह है कि दूरसंचार के बिना जीवन की कल्पना करना भी कठिन सा हो गया है। देश में 66822 गावों में ग्रामीण सार्वजनिक टेलिफोन सुविधाऍं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रख गया है।

सडक – सडके किसी देश की जीवन रेखा होती है। सडक अच्छी होने पर ही ग्रामीण कृषि पदार्थो को शहरी क्षेत्रों तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है जब तक गांवो में सडको का विस्तार नही हो सकता है तब तक ग्रामीण भारत का विकास सम्भव नही है। इसलिए शासन ने प्रत्येक गांव में पक्की सडकों का निर्माण किया जा रहा है। वर्ष 2012-13 में 43 हजार बस्तियों को 2014-15 में 48 हजार एवं 2015-16 में 51 हजार बस्तियों को पक्की सडकों से जोडा जा चुका है।

विद्युतीकरण – आज के युग में बिजली मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता का एक हिस्सा बन गयी है। हर क्षेत्र में जैसे- उद्योग, कृषि, सिंचाई, सूचना, संचार, रात्रि का प्रकाश, तकनीकी, घर, दुकान बाजार आदि सभी क्षेत्रों में बिजली का महत्व दिन प्रतिदिन बढ रहा है। ग्रामीण क्षैत्रों में बिजली प्रमुख आधार बन गई है। गांवों में विद्युतीकरण की नीति अप्रेल 2006 में लागू करते हुए 2009 तक सभी परिवारों को विद्युत उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया। तत्पश्चात देश में विद्युत व्यवस्था सुधार कर वर्तमान में 24 घण्टे ग्रामीणों में विद्युत उपलबधता की व्यवस्था की जा रही

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत

है।

सिंचाई – भारत की लगभग 56 प्रतिशत जनसंख्या पुरी तरह कृषि पर निर्भर है। भारत में कृषि अभी भी पुरानी तकनीक से की जाती है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ है। कृषि का आधार सिंचाई है चुकि भारतीय कृषि मानसून पर निर्भर है। ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार द्धारा निर्णय लिया गया है कि भारत निर्माण योजना में सिंचाई को प्राथमिकता से लिया गया है। सिंचाई कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य 2009 तक एक करोड हैक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई की क्षमता का निर्माण करना।

ग्रामीण भारत की तस्वीर बयां करती है कि भारत में विकास की गति प्रारम्भ हो चुकी है। ग्रामीण विकास में आर्थिक सामाजिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनैतिक, परिवहन, व्यापार, उद्योग, कृषि, सिंचाई, बैकिंग, नेट, मिडिया, मोबाईल आदि की भूमिका बढ रही है। आज ग्रामीण भारत 21 वी सदी में जी रहा है। भारता विषमता वाला देश है जो ग्रामीण भारत को प्रभावित करता है। विषमताओं को दूर कर ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है अनेको योजना द्धारा तथा देश की लगभग 68 प्रतिशत युवा जनसंख्या द्धारा ग्रामीण भारत को बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलने से ग्रामीण जीवन में परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दे रहा है। आज हर ग्रामीण अपने जीवन स्तर में सुधार चाहता है। ग्रामीणों की क्रयशक्ति धीरे-धीरे बढने लगी है। लोग आज अनुत्पादकीय व्यय कम कर उत्पादकीय कार्यो में अपनी आय खर्च रहे है। ग्रामीण युवा देश के विकास की बात समझने लगे है। परिणामत: ग्रामीण क्षेत्रों के हालातों में निरन्तर परिवर्तन आ रहा है।

भारत निर्माण योजना के कारण गांवों में आधारभूत सुविधाओं को जाल बिछ रहा है। गांवों की तस्वीर में आमूलचूल पविर्तन दिखाई देने लग रहे है। गांव एवं शहरों की खाई दूर हो रही है। ग्रामीणजनों की आय में वृद्धि हो रही है क्रयशक्ति बढने से बाजार तंत्र का विस्तार होने लगा है शहरों की तुलना में गांवों में अतिरिक्त खर्च बडा है। साख निर्धारण ऐजेन्सी क्रिसिल के अध्ययन के अनुसार ग्रामीण भारत में खपत में वृद्धि का मूल कारण गैर कृषि रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने से आय में वृद्धि हो रही है। अत: स्पष्ट है कि ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में भारत निर्माण जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास बढा है। ग्रामीण लोग गैर-कृषि रोजगार की ओर पलायन कर रहे है। जिससे उनके जीवन स्तर में गुणात्मक परिवर्तन परिलक्षित हो रहे है।

आज ग्रामीण क्षेत्रों में ट्यूबवेल, सडके, ट्रेक्टर, पक्के मकानो से शहरो जैसी चमक- दमक गांव के लोगो के चेहरे बयां कर रहे है। एक हरित क्रान्ति ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया तो इसकी और श्वेत क्रान्ति दुग्ध उत्पादन में दूनिया में देश को नम्बर एक बना दिया।

शासन द्धासरा ग्रामीण विकास को बढावा देने की पहल करते हुए किसान क्रडिट कार्ड के माध्यम से किसानो को ऋण उपलब्ध कराकर साहूकारों के चुंगल से मुक्त किया जा रहा है। संचार क्रान्ति ने भी गांव की तस्वीर ही बदल दी है जो लोग शिक्षा से वंचित है उन्है भी मोबाईल क्रान्ति से कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मण्डी बाजार एवं अन्य घटनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो रही है। आज गांव के स्कूल, सडक, मोबाईल, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएँ तथा रोजगार सुविधाएँ उपलब्ध है। जो ग्रामीणों एवं स्वयं सेवी संगठन तथा शासन के मिलेजुले प्रयासों का परिणाम है। आज भारतीय ग्रामीणों की तस्वीर एवं तकदीर दोनो ही बदलती नजर आ रही है।

वर्तमान समय में हमारे ग्रामीण भारत में मीडिया तंत्र की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्रामीण विकास में मीडिया एक कडी के रूप में कार्य कर रही है। आज ग्रामीण इलाकों में मासिक, दैनिक समाचार पत्र, मैगजीन, रेडियो, टी.वी., टेलीफोन, इन्टरनेट का प्रयोग बहुतायत हो रहा है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि ग्रामीण लोगो में शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो रहा है एवं लोग शिक्षा का महत्व समझ रहे है। जिससे उनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन करने की क्षमता आ गई है।

अंत में कहा जा सकता है कि भारत निर्माण योजना से ग्रामीण भारत का विकास हो रहा है, गांवो में पलायन रूका है। आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से लोगो की आय बढी एवं क्रयशक्ति बढने से बाजार विकसित हुए है। आज लोगो का जीवन स्तर सुधरा है। ग्रामीण लोगो में साहस एवं आत्मविश्वास जागा है।

समस्याएँ एवं सुक्षाव –

समस्या –

1. ग्रामीण विकास की भारत निर्माण योजना के क्रियान्वयन में वास्तविक हितग्राहियों को लाभ नही मिल पा रहा है। जिस कारण योजना की मोटी रकम उचित व्यक्तियों का नही मिला है।
2. व्यापक भ्रष्टाचार पनपने लगा है।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएँ ही उपलब्ध नही हुआ है।
4. यातायात साधनों का सही विकास नही हुआ है।
5. आवास योजना का पूर्ण लाभ न देकर थोड़ी-थोड़ी राशि ही हितग्राहीयों को प्राप्त हुई है जिससे वे नही अपना नया आसियाना बना पा रहे है और न ही पुराने को सही कर पा रहे है।
6. जन जागृति की कमी होना।

सुक्षाव –

1. भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त होना चाहिए, लोगो में लोक कल्याण की भावना विकसित होना चाहिए।
2. ग्रामीण विकास हेतु पर्याप्त आवंटन उपलब्ध होना चाहिए।
3. ग्रामीण आवास योजना का लाभ उचित हितग्राही को तथा पूर्ण रूप से दिया जाना चाहिए।
4. ग्रामों में ग्राम सभा हर महिने आयोजित होना चाहिए।
5. शिक्षा एवं स्वास्थ्य का प्रचार-प्रसार होना चाहिए।
6. गैर कृषि रोजगार भारी मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सुन्दरम रूद्रदत्त, (2005)'भारतीय अर्थव्यवस्था' उपकार प्रकाशन, नई दिल्ली
2. मिश्र एवं पुरी, (2003)'भारतीय अर्थव्यवस्था' दिल्ली
3. माथुर बी.एल., (2009)'ग्रामीण अर्थव्यवस्था' अर्जुन पॉलिशिंग दिल्ली
4. रामकृष्ण रूचिका, 'सरल मार्केटिंग इन इण्डिया' सेन्च्युरी पाब्लिकेशन नई दिल्ली
5. गुप्ता शिवभुषण, (2003)'कृषि अर्थव्यवस्था' पी.सी. पब्लिकेशिंग हाउस आगरा।
6. योजना, प्रकाशन, विभाग दिल्ली।
7. कुरूक्षेत्र, प्रकाशन, विभाग दिल्ली।
8. www.oruraldevelopment.com
9. आर्थिक सर्वेक्षण 2016 भारत सरकार।

Naxalbari Movemnet In India

Dr. Indira Barman*

Abstract - The naxalbari movement was a agrarian revolt which began in 1967 and was led by the local tribal people and communist leaders of the Siliguri district of West Bengal. It is in the air that the movement got support from China and Nepal. The main leader who pushed the people forward was Charu Majumdar. Charu was inspired by Mao Zedong was a very popular leader of China. Mao was an extra ordinary leader with extra ordinary skills which helped him gain a lot of success. Charu used the same tactics and strategies in the naxalbari movement. The naxal ideologies are basically the ideologies which Mao Zedong used and the people of Indian liked the ideologies at once. When Rajnath Singh was the Union Home Minister he said that 68 districts were under the maoist influence but later in 2009 that number rose to 223. The peasant revolt was initiated by using the gorilla tactics against the enemies which helped them a lot later the movement was strategized and the people were divided into squads which did underground operations. Tribal people from Bihar had migrated to Darjeeling in search of work and they started working in the tea gardens of Darjeeling. They were treated so badly and exploited so much that agitation led to this revolt. In the second phase, groups were formed where they seized the lands of the rich zamindaars and cultivated on them. They kept the produce and did not give anything to the landlords. Initially the movement was for the upliftment of the poor peasants but later it tuned into an anti-national slant. The Chinese people only wanted to capture the land of India. The exchange of produce between the landlord and peasant could have been done mutually but greed led the people towards destruction.

Introduction - The motive of the Naxalbari movement was started off with the well being of the people but as soon as it proceeded forward the motive remained same but the way changed to ill ways. It was the fight for the right cause with wrong means. A police team was ambushed in the first naxal attack on 25th May 1967. A sub- inspector was killed in the attack led by Jangal Santhal near Naxalbari village in West Bengal. The movement began in the beautiful Darjeeling district which is in West Bengal. At present around 68 districts are influenced by Naxalism.

People of the old era understand that naxalism owes its origin in a West Bengal village called Naxalbari in Siliguri but the young people join it with terrorism and Maoism. As per the government of India naxalism and maosim is left as it uses extremism and is tackled by a separate part of the Ministry of Home Affairs. The Maoist carried out two main attacks in the year 2017 in March and April. In March, naxals killed 12 CRPF jawans at Sukma and then again attacked on the paramilitary forces on April 24 in the same district killing more than 24 jawans again. The biggest attack on security forces occurred in April 2010 in Dantewada of Chattisgarh when 72 CRPF jawans were killed.

In 1967, the small farmers reached the level of satiety and launched their own meovement. They formed their own group and thegroup was led by Eharu Mazumdar, Kanu Sanyal, and Jangal Santhal. Their aim was to snatch the lands from the greedy and big zamindars and redistribute it to the farmers.

Then Jangal Santhal again led a group and attacked a team of policemen who had come to investigate the previous matters and they too were attacked by bows and arrows. As the incident happened in Naxalbari this movement was named as the naxalbari movement.

One of the main reason behind this movement is the incomplete agrarian reform. The rich became richer day by day and poor became more poor. The aggression with burnt the people from inside led to this. The farmers were exploited till they committed suicide. The tribal people and the dalit people were denied social justice and were treated like animals.

Even though the government abolished the zamindari system after independence the distribution of land was not proper and again the poor people suffered. In many areas the poverty level reached as high as ninety five percent. This was socio-economic anger.

After the first attack the movement spread across the whole state of West Bengal. Many similar groups popped up in Madhya Pardesh and Andra Pradesh as well. Many previous groups reunited and formed the Communist Party of India.

The government which in power then did not take this

*Associate Professor, Institute For Excellence In Higher Education, Barkatullah University Bhopal (M.P.) INDIA

movement seriously and thus lost all control over the naxalites. Then in 2008, prime minister Manmohan Singh said that movements like these are the biggest threat to the internal security of the country. Since then the government started working actively to reduce the effect of the naxalism on India. More than 68 districts are influenced by Maosim and around six by maoist violence.

Viewpoints

- The involvement of political parties increased in this movement as soon as it gained a status.
- The movement functioned at both macro and micro level.
- The social structure played a very important role in this movement.
- This agrarian movement was also highly influenced by the green revolution which helped the people to opt for the contemporary techniques of farming.

Discussion and Findings - This was not only a movement which was initiated to fight for the rights of the people but this later turned into a political movement. The movement has completed more than fifty years now but still the problem is same. The armed forces is also not able to tackle this problem. The areas which are under naxal influence are the places where the government is least interested in doing any kind of progressive work. Thirty two percent are below poverty line, only sixty four percent people are getting safe drinking water, only forty three percent women get medical help during pregnancy, etc. These results are devastating. The movement has spread widely and has instilled deeply in the roots of the Indian system,

This problem cannot be solved till the government does not understand the nature of the movement and what these people actually want. If the military forces are not able to find any solution then the government has to step forward and settle down things with them. If this movement is posing as a threat to the internal security of then it is a serious challenge for the authorities of India.

The first step towards settlement has to be taken by the government otherwise this will go on like this for ever.

References:-

1. Rabindra Ray, The naxalits and their ideology
2. Asian centre for human research
3. India Today
4. BBC, 2010
5. Walking with the comrade, Arundhati Roy
6. Sudeep Chakravarty
7. Outlook.com

****

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान - नीति आयोग (विकास के परिप्रेक्ष्य में)

डॉ. कान्ता अलावा *

प्रस्तावना - नेहरू युगीन अत्यन्त प्रभावशाली 'योजना आयोग' का अंत हो गया और अब उसकी जगह 'नीति आयोग' ने ले ली हैं। नीति आयोग मोदी-युग में आर्थिक विकास के एजेन्डे के लिए नीति-थिंक टैंक की भूमिका निभाएगा। योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च, 1950 में तत्कालिन केन्द्र सरकार द्वारा की गई थी। प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू उसके प्रथम अध्यक्ष थे। आयोग का उद्देश्य था देश के संसाधनों का उचित दोहन करते हुए लोगों के जीवन स्तर में तेजी से सुधार, उत्पादन में वृद्धि और रोजगार के अधिकाधिक अवसरों का निर्माण करना। तब योजना आयोग ने देश के प्राकृतिक संसाधनों का मूल्यांकन करते हुए एवं उनके उचित और संतुलित दोहन का दक्षतापूर्ण नियोजन करते हुए राष्ट्रीय वित्तीय संसाधनों के समूहीकरण की योजना बनाई थी, जिसके बाद क्षेत्र और प्रान्तवार आवंटन किए गए थे। लेकिन 1965 के बाद सरकारी थिंक टैंक की कमजोरी उजागर होने लगी, क्योंकि उसके पास बाढ़, सूखा, मुद्रा और वित्तीय स्त्रोतों के अवमूल्यन जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए कोई वैकल्पिक योजना नहीं थी। बाद में इसे एक-वर्षीय योजना तक सीमित कर दिया गया था। सच तो यह है कि 1992 के बाद से ही योजना आयोग ने अपनी प्रासंगिकता खो दी थी। जब मोदी-युग आरंभ हुआ तो 15 अगस्त, 2014 को योजना आयोग को समाप्त कर नीति आयोग के रूप में एक नई संस्था स्थापित करने की घोषणा कर दी गई।

परिचय - नीति आयोग (नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर ट्रांसफार्मिंग इंडिया-NITI Aayog) भारत सरकार द्वारा गठित एक नया संस्थान है, जो 1 जनवरी, 2015 को बनाया गया। नीति आयोग देश के सामाजिक-आर्थिक विकास का नीति नियन्ता बनेगा। नीति का अर्थ है इस बात को निर्णल लेना कि क्या किया जाए, कब किया जाय तथा कहाँ, कैसे किया जाय। नीति वस्तुत: कार्य की योजना है। बिना नीति के बनी हुई कोई योजना भी सफल नहीं होती है। नीति में लचीलापन होने से परिवर्तन भी किया जा सकता है। नीति आयोग सरकार के थिंक टैंक के रूप में सेवाएँ प्रदान करेगा एवं उसे निर्देशात्मक एवं नीतिगत गतिशीलता प्रदान करेगा। केन्द्र व राज्य स्तरों पर सरकार को नीति के प्रमुख कारकों के संबंध में प्रासंगिक, महत्वपूर्ण एवं तकनीकी परामर्श व अन्तर्राष्ट्रीय आयात, देश के भीतर एवं अन्य देशों की बेहतर पद्धतियों का प्रसार, नए नीतिगत विचारों का समावेश होगा। नीति आयोग ग्राम स्तर पर भी विश्वसनीय योजना तैयार करने के लिए तंत्र विकसित करेगा व इसे उच्च स्तर पर पहुँचाएगा। नीतियों के क्रियान्वयन के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन और क्षमता निर्माण पर जोर देगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विश्व के सकारात्मक प्रभावों को अपनाते हुए संस्थान को इस नीति का पालन करना होगा कि भारत के परिप्रेक्ष्य में एक ही मॉडल प्रत्यारोपित नहीं किया जा सकता है। विकास के लिए हमें अपनी नीति स्वयं निर्धारित करनी होगी। देश में और देश के लिए क्या हितकारी है, संस्थान को इस पर ध्यान केन्द्रित करना होगा जो विकास के लिए भारतीय दृष्टिकोण पर आधारित होगा। इन आशाओं को जीवन्त बनाने के लिए है - नीति आयोग।

रक्षा, वित्त, गृह और विदेश मंत्रालय को नीति आयोग के दायरे में बाहर रखा गया है। इन चार महत्वपूर्ण मंत्रालयों के कामकाज की समीक्षा सीधे पीएमओ करेगा। नीति आयोग का काम योजनाओं की सक्रिय निगरानी और उनका आकलन, समस्याओं व संसाधनों की भी पड़ताल करना है, ताकि योजनाओं को प्रभावी बनाया जा सके।

संरचना - नीति आयोग आठ सदस्यीय एक थिंक टैंक हैं। आठ सदस्यीय थिंक टैंक में एक अध्यक्ष और सात सदस्य रहेंगे जैसे -

1. **अध्यक्ष -** भारत का प्रधानमंत्री
2. **शासी परिषद -** सभी राज्यों के मुख्यमंत्री व केन्द्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल सदस्य होंगे।
3. क्षेत्रीय परिषद् (जरूरत के आधार पर गठित)-

- विशिष्ट मुद्दों, आकस्मिक मामले, जिनका संबंध एक से अधिक राज्य/क्षेत्र से हो को देखने के लिए गठित की जाएगी। जिसका विशिष्ट कार्यकाल होगा। प्रधानमंत्री के निर्देश पर बैठक होगी, जिसमें संबंधित क्षेत्र के मुख्यमंत्री व केन्द्र शासित क्षेत्र के लेफ्टिनेंट गवर्नर शामिल होंगे। इसकी अध्यक्षता नीति आयोग के उपाध्यक्ष करेंगे।

4. संबंधित कार्यक्षेत्र की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ व कार्यरत् लोग, विशेष आमंत्रित के रूप में प्रधानंत्री द्वारा नामित होंगे।

पूर्णकालिक संगठनात्मक ढ़ांचे में निम्न होंगे -

- उपाध्यक्ष - पूर्णकालिक, प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त।
- 5 सदस्य - पूर्णकालिक, सरकार द्वारा नियुक्त।
- 2 अंशकालिक सदस्य - अग्रणी विश्वविद्यालय शोध संस्थानों और संबंधित संस्थाओं से होंगे (रोटेशनल) पदेन ।
- पदेन सदस्य - 4 केन्द्रीय मंत्री इसके पदेन सदस्य होंगे, जो प्रधानमंत्री द्वारा नामित होंगे।
- मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) भारत सरकार के सचिव स्तर का अधिकारी, प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त।
- सचिवालय- आवश्यकतानुसार ।

इस प्रकार प्रधानमंत्री इस आयोग के प्रमुख होंगे और सीधे इसके कार्यों पर नजर रखेंगे।

विशेषताएँ -

*प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

1. नीति आयोग के क्रियाकलापों में मुख्यमंत्रियों तथा निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ की अहम भूमिका होगी।
2. देशभर के विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों से व्यापक स्तर पर परामर्श लेना।
3. राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर केन्द्र व राज्य सरकार को जरूरी रणनीतिक व तकनीकी परामर्श देना।
4. मोदी के टीम इंडिया और सहकारी संघवाद के विचार को मूर्तरूप देना।

उद्देश्य – नीति आयोग निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए कार्य करेगा –

- राष्ट्रीय उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए राज्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं, क्षेत्रों और रणनीतियों का एक साझा दृष्टिकोण विकसित करेगा।
- राज्यों के साथ सतत् आधार पर संरचनात्मक सहयोग की पहल और तंत्र के माध्यम सहयोगपूर्ण संघवाद को बढ़ावा देगा।
- ग्राम स्तर पर विश्वसनीय योजना तैयार करने के लिए तंत्र विकसित करेगा और इसे उत्तरोत्तर उच्च स्तर पर पहुँचाएगा।
- आयोग को जो क्षेत्र विशेष रूप से सौंपे गये है, उनकी आर्थिक कार्य नीति और नीति में राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों को शामिल किया गया है।
- विकास के एजेंडे के कार्यान्वयन में तेजी लाने के क्रम में अन्तर-क्षेत्रीय और अन्तर-विभागीय मुद्दों के समाधान के लिए एक मंच प्रदान करेगा।
- आवश्यक संसाधनों की पहचान करने सहित मूल्यांकन और सक्रिय निगरानी की जाएगी। ताकि सेवाएँ प्रदान करने में सफलता की संभावनाओं को प्रबल बनाया जा सके।

अपेक्षाएँ –

1. हमारे उद्योग और सेवा क्षेत्रों का विकास हुआ है। अब उनका वैश्विक स्तर पर संचालन हो रहा है। इस नींव पर निर्माण करने के लिए नये भारत को एक प्रशासनिक बदलाव की जरूरत है, जिसमें सरकार सक्षम हो, सरकार को कानून बनाने, नीति निर्माण करने तथा विनियमन पर ध्यान केन्द्रित करना होगा।
2. कृषि व शुद्ध खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़कर कृषि उत्पादन के मिश्रण तथा किसानों को उनकी उपज से मिलने वाले वास्तविक लाभ पर अपना ध्यान केन्द्रित करना होगा।
3. हम एक वैश्विक गांव में रहते हैं, भारत को समान विचार वाले वैश्विक मुद्दों, विशेषकर जिन क्षेत्रों पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दिया गया है, इस पर बहस और विचार-विमर्श में सक्रिय भूमिका अदा करनी चाहिए।
4. मध्यम वर्ग अपने आकार और क्रय शक्ति दोनों में ही अनुठा है। विकास का महत्वपूर्ण वाहक है। यह चुनौती है कि आर्थिक रूप से जीवंत इस मध्यम वर्ग की भागीदारी बनी रहे और इनकी क्षमता का पूर्ण दोहन किया जाना चाहिए।
5. उद्यमशीलता, वैज्ञानिक व बैद्धिक मानव पूँजी भारत की शक्ति का स्त्रोत है, अभी तक देश के विकास में बड़ा योगदान करता रहा है और इसलिए इसका उपयुक्त नीतिगत पहल के माध्यम से लाभ उठाये जाने की जरूरत है।
6. प्रवासी भारतीय समुदाय 200 से अधिक देशों में फैला है। भविष्य की राष्ट्रीय नीतियों में इस ताकत को निश्चित रूप से शामिल किया जाना चाहिए, जिससे वित्तीय समर्थन की आशा के अतिरिक्त नये भारत में उनकी भागीदारी को भी व्यापक बनाया जा सके।

परामर्श – नीति आयोग की सलाहकारी भूमिका –

- नीति आयोग की उप समूह की भोपाल बैठक में 5 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। जिसमें केन्द्र सरकार की योजनाओं में केन्द्र-राज्य की फंडिंग को लेकर दिए गए 50:50 के सुझाव पर मुख्यमंत्री सहमत नहीं थे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर का कहना था कि राशि की हिस्सेदारी का यह अनुपात 80:20 का होना चाहिए। केन्द्र सरकार 80 फीसदी राशि दे। इससे राज्य पर 20 फीसदी भार आएगा। नागालैण्ड के मुख्यमंत्री झेलियांग ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों को विशेष मानते हुए अलग से फण्ड दिया जाए। उल्लेखनिय है कि फंडिंग पैटर्न को आधा करने की केन्द्र सरकार की मंशा को लेकर ही यह उप समूह बनाया गया था, ताकि राज्यों के सुझाव लिए जा सकें।
- नीति आयोग ने वर्ष 2024 से लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया है, ताकि चुनाव प्रचार के कारण शासन व्यवस्था में पड़ने वाले व्यवधान को कम किया जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रहित में इसे लागू करने के लिए संविधान और इस मामले पर विशेषज्ञों, थिंक टैंक, सरकारी अधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित विशेष समूह गठित किया जाना चाहिए, जो इसे लागू करने से संबंधित सिफारिशे करेगा। यह सिफारिश इसलिए अहम है, क्योंकि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी चुनाव एक साथ करवाने के पक्षधर है।
- नीति आयोग ने डीजल ओर पेट्रोल वाहनों के पंजीयन पर प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया है, क्योंकि इलेक्ट्रिक और साझा वाहनों की स्वीकार्यता बढ़ने से देश में 2030 तक डीजल और पेट्रोल की लागत 60 अरब डालर (3.9 लाख करोड़ रूपए) बचाए जा सकते है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे सालाना 15.6 करोड़ टन डीजल और पेट्रोल के बराबर ईंधन की बचत की जा सकेगी।

सुझाव –

1. आने वाले वर्षो में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था के मार्चो पर कार्य करने एवं हमें अपने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्य करना होगा।
2. लैंगिक असमानता के साथ-साथ आर्थिक विषमता की ओर विशेष ध्यान देना होगा। ऐसा वातावरण और सहायता प्रणाली की स्थापना करने की जरूरत है, जिसमें महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी अधिकारपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहन मिले।
3. गाँव हमारे लोकाचार, संस्कृति और जीविका के सुदृढ़ आधार है। इन्हें विकास प्रक्रिया में पूर्ण रूप से संस्थागत बनाये जाने की जरूरत हैं।
4. हमारे पर्यावरण और संसाधनों का प्रत्येक तत्व जैसे जल, जमीन, जंगल की सुरक्षा की जानी चाहिए। हमारे विकास के एजेंडे में यह सुनिश्चित होना चाहिए कि विकास, वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के जीवन की गुणवत्ता को दूषित न करें।

उपसंहार – नियोजित एवं नियंत्रित विकास के प्रतीक योजना आयोग की विदाई के फैसले का संदेश यही था कि देश अब नई आर्थिक दिशा में जाएगा। इस बड़े परिवर्तन की जड़े असल में प्रधानंत्री के विकास मॉडल में निहित है। पूँजीवाद के नए दौर में नीति आयोग जैसी संस्था बनाकर विकास का नया खाका खींचा जा रहा है। पीएमओ ने कहा है कि नीति आयोग का काम योजनाओं की सक्रिय निगरानी और उनका आंकलन करना है, साथ ही समस्याओं और संसाधनों की पड़ताल भी करना है।

गत वर्षों में विकास दर का स्तर सात प्रतिशत के ऊपर रहने के बावजूद

रोजगार के अवसरों में अपेक्षानुरूप वृद्धि नहीं हुई है। देश का असली रूपान्तरण तभी होगा जब हर युवा को रोजगार मिलेगा। कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं को भी प्रभावी बनाने की रणनीति की जरूरत हैं सरकारी योजनाओं की निगरानी हेतु सहयोगात्मक संघवाद को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे 2022 तक 'न्यू इंडिया' का सपना वास्तव में साकार किया जा सकें। फिलहाल ज्यादा ध्यान इस पर दिए जाने की जरूरत है कि देश में गरीबी उन्मूलन कैसे हो? लैंगिक विभेद कैसे समाप्त हो और शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय का स्तर कैसे सुधरे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. एल.डी. गुप्ता-लोक प्रशासन के प्रमुख विचार एवं मुद्दे मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
2. नंटू बनर्जी - नाम तो बदला, नीति भी बदलेगी, नई दुनिया 8.01.215 पेज-6
3. मुक्त ज्ञानकोश विकिपीडिया।
4. दैनिक भास्कर- 2015, 2016, 2017
5. नई दुनिया - 2015, 2016, 2017 समाचार संकलन।

****

महिला सशक्तिकरण चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ

डॉ. हर्षा चचाने * डॉ. राजू रैदास **

प्रस्तावना – भारत वर्ष द्धारा सन् 2001 को महिला सशक्तिकरण वर्ष के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया था, जिसमें महिलाओं के लिए कई कानून विकास नीतियॉ, योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित अधिनियम बनाये गये जिससे महिलाओं के हितों की रक्षा हो सके एवं उनका उन्नयन हो। समााजिक संदर्भ में शक्ति का अभिप्राय नियंत्रण करने की क्षमता, निर्देशन की क्षमता, रक्षा करने की क्षमता एवं किसी को सहारा प्रदान करने की क्षमता से जाना जाता है। समाज में उसको शक्तिशाली माना जाता है, जो स्वयं को एवं साथ वाले को ऊपर उठा सके तथा बिना सहारे के समाज में स्वयं को स्थापित कर सके।[1] काडरवेल संगठन के प्रंबंध निदेशक रिचर्ड कार्वर ने सशक्तिकरण के अर्थ को स्पष्ट करते हुए बताया है कि सशक्तिकरण में व्यक्ति स्वयं अपने लिए कार्य करने के सर्वश्रेष्ठ तरीके की खोज करता है। कहने का अभिप्राय यह है कि, व्यक्ति द्धारा स्वयं अपनी सहायता करना ही सशक्तिकरण है। सशक्तिकरण एक प्रक्रिया है जो व्यक्तियों में जागरूकता एवं साहस पैदा कर आत्मविश्वास के भाव पैदा करती है तथा उसमें अन्तनिर्हित क्षमताओं और कौशल के लिए प्रेरणा स्त्रोत का काम करती है। महिलाओं की प्रस्थितियों के बदलते स्वरूप– नारी पर जब भी कहीं चर्चा होती है तो व्यक्ति किसी भी स्तर का हो शिक्षित हो, अशिक्षित हो धार्मिक हो अधार्मिक हो नेता, कवि, लेखक, साहित्यकार समाज सुधारक, आलोचक नारी पर अपने दृष्टिकोण व्यक्त करते है। नारी की संवेदना के बिना जीवन ही नही जग भी अधूरा है। नारी का अस्तित्व वस्तुत: आधी आबादी तक सिमटा नहीं है बल्कि संपूर्ण आबादी उसी के गर्भ में से जन्म लेती है, उसी के हाथों उसका पालन–पोषण होता है इसलिए माता बालक की प्रथम गुरू है।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता: भुनस्मृति में उल्लेखित वाक्य का अर्थ जहाँ स्त्रियों की पूजा एवं सम्मान होता वहाँ देवता निवास करते है। नारी सम्मान के इसी भाव के कारण संभवत: समृद्धि सम्पन्नता व शक्ति की उपासना स्त्री उपासना का प्रतीक है। वैदिक युग में घोषा, गार्गो, मैत्रेयी आदि विदुषी महिलांए हुई है जो पठन–पाठन में लगी रहती थी, उन्हे 'ब्रह्मवादिनी' कहा जाता था। नारी की स्थिति में देश–काल परिस्थिति के अनुसार सशक्त स्परूप को देखा जा सकता है। लेकिन मनुस्मृति में जिस सामाजिक संरचना का वर्णन हुआ है वहीं से नारी के शक्ति के क्षरण का वातावरण भी तैयार होने लगा। वैदिक युग में नारी को समान शिक्षा व शास्त्रार्थ का अवसर मिलता था वहीं मनुस्मृति मे नारी की पूजा एवं सम्मान की बात की जाती है। इसके साथ ही उसकी स्वतंत्रता पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए 'मनु' ने यह व्यवस्था दी कि स्त्री को बाल्यावस्था में पिता के अधीन, युवावस्था में पति के आधीन एवं वृद्धावस्था में पुत्र की अधीन रहना चाहिए। शायद दसी दशा में द्रवित होकर मैथिलीशरण गुप्त की पंक्तियाँ, अबला जीवन हाय, तुम्हारी यही कहानी, ऑचन में दूध और आँखों में पानी निकल पड़ी।

कौटिल्य ने भी नारी का अविश्वसनीय चंचल, बुद्धिवाली माना है। कौटिल्य ने तो पत्नी को पिता के परिवार से तथा अन्य सगे संबंधियो से भी वंचित कर दिया। पुत्र–विहीन विधवा को पिता की संपत्ति से भी कर दिया। मध्यकाल में नारी की स्थिती और गिर गई जब लोग आक्रमणकारियों के भय से नारी सुरक्षा में असमर्थ हुए तो, कन्या को जन्म के बाद मार देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। आठवीं से अठारहवीं शताब्दी के बीच मुगल साम्राज्य के पतन तक भारतीय नारी पर अधिक बंधन लगाये गये। विधवा को अशुभ व अमंगलकारी माना जाने लगा। सती प्रथा, जौहर प्रथा, पर्दाप्रथा विधवा की नियति बन गयी। बौ (काल में नारी की स्थिति मे कुछ सुधार हुआ। शिक्षा विवाह तथा धार्मिक अनुष्ठानों में उन्हें भागीदारी मिलने लगी। मुगल काल में उन्हें फिर स्वतंत्रता से वंचित रखा गया तथा पुरूषों की संपत्ति माना जाने लगा। इसके बावजूद रज़िया बेगम, तारामती, जीजाबाई, अहिल्याबाई जैसी सशक्त राजनीतिज्ञ तथा दूरदर्शी नारियों का आभाव नहीं रहा। धार्मिक क्षेत्र में भक्ति की प्रतीक मीराबाई नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। किन्तु तुलसीदास के सुन्दरकाण्ड में जड़ समुद्र के मुख से 'ढोर गॅवार शूद्र पशु नारी' सकल ताड़ना के अधिकारी पंक्तियॉ नारी स्वतंत्रता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर विवादों को जन्म देती है।

अंग्रेजी शासन काल में एक नये युग की शुरूआत हुई। नारी स्वतंत्रता में प्रगति हुई और नारी सशक्तिकरण का नया अध्याय शुरू हुआ। रमाबाई राणाडे, आनन्दी बाई जोशी जैसी जागरूक महिलाओं ने 19वीं सदी में नारी समाज में नारी मुक्ति के लिए प्रयास किया। मुगल काल में नारी को शक्तिहीन बनानें में बहुविवाह प्रथा के विरू(ईश्वरचंद्र विद्यासागर, स्वामी दयानन्द सरस्वती, टैगोर आदि समाज सुधारक सामने आये। महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा के उद्देश्य से 1970 में महिला विद्यालय की स्थापना तथा 1911 में डॉ. डी.के. कर्वे ने महिला विद्यालय की नींव डाली। 1872 में सिविल मैरिज एक्ट बना तथा 1856 में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम लागू हुआ। महात्मा गांधी ने नारी स्वतंत्रता में बहुत योगदान दिया। श्रीमती नायडू, अमृत कौर, कमला देवी चटोपाध्याय, कस्तूरबा गांधी आदि के सशक्त नारियों के नाम है। राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की स्थिति स्वतंत्रता के बाद अस्तित्व में आयी। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपनी योग्यता से देश की प्रधानमंत्री बनी और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शताब्दी की महानतम महिला होने का गौरव प्राप्त किया। बछेन्द्री पाल प्रथम एवरेस्ट महिला विजेता बनी तो किरन बेदी देशी की पहली महिला आई.पी.एस. ऑफिसर बनी। भारत

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.) भारत

की प्रथम महिला राष्ट्रपति पद पर आसीन होने का गौरव श्रीमती प्रतिभा पाटिल को प्राप्त हुआ। महिलाओं हेतु बच्चों के समुचित विकास के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत 1985 में महिला और बाल-विकास विभाग की स्थापना की गई। इसी विभाग की सिफारिश पर 'राष्ट्रीय महिला आयोग' व 'राष्ट्रीय महिला कोष' की स्थापना हुई। वर्ष 2000-2001 को वार्षिक बजट में 'महिला सशक्तिकरण वर्ष' घोषित किया गया जिसके तहत महिलाओं को राजनैतिक क्षेत्र में बराबरी की भागीदारी हेतु 30 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया था अब इसे बढ़ा कर 50 प्रतिशत कर दिया गया है।

महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का यह प्रावधान सीधे चुनाव के जरिए भरी जाने वाली सीटों पर लागू होता है। पंचायतों में भी महिलाओं का आरक्षण 50 प्रतिशत हो गया है। महिलाओं के हितों में विधेयक लाना तथा सरकार द्वारा उनके विकास के लिए विभिन्न योजनाएँ बनाने के प्रयास उचित है इसे एक सामाजिक आन्दोलन बनाया जाना चाहिए।

आज के इस तथाकथित सभ्य समाज में भी स्त्रियों की स्थिति अपेक्षाकृत बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। देश का शायद ही ऐसा कोई जिला है, जहॉ प्रतिदिन बलात्कार, यौन शोषण या दहेज हत्या की घटनायें न घटती हों। आज के भौतिकवादी चकाचौंध में नारी ने स्वयं को फंसाकर बाजार वादी संस्कृति का एक प्रमुख एवं आकर्षक माध्यम बना लिया है। जिसमें उपभोक्ता को पूर्ण संतुष्टि प्रदान करने के लिए मीडियाई चैनल के माध्यम से स्वयं को अपने अधनंगें बदन के साथ प्रस्तुत कर रही है। नारी दुनिया के सामने पूरा जोर लगाकर खुद को भोग्या और बुरि(से रहित खूबसूरत देह सि(करने में लगी हुई है। इस संदर्भ खालिद अंसारी का कथन है- बेचारी स्त्री। इक्कीसवीं सदी चल रही है, लेकिन उसकी नादानी जस की तस। पहले पुरूष प्रधान समाज की उपेक्षा का पात्र रही और अब आधुनिकता के नाम पर इसी पुरूष प्रधान समाज के द्वारा छली जा रही है। पुरूष ने बड़े दोस्ताना अन्दाज में सुझाया कि नाचो आधुनिक और प्रगतिशील समझी जाओंगी। अंधे को क्या चाहिए दो आसमान पर महसूस करने लगी। अब मेरे ऊपर कोई बंदिश नहीं, न सारे नियम कायदे की, न कपड़ो की अब मै आज़ाद और खुद मुख्तार हूँ। बेरहम से बेरहम मर्दो से भी हजारों गुना आगे बढ़ गई हूँ। जब बेहयाई पर उतरती हूँ तो मर्द मुझे देखते रह जाते है। वह झूम रही है मर्द उसे तन्मय होकर देख रहे है आपस में बातें कर रहे है, अरे यार कितना बढ़िया तरीका निकाला है।

दुनिया में छा जाने के लिए एक-दूसरे को धमियाते हुए शॉर्टकट का यह रास्ता चुनना अत्यंत आत्मघाती होगा। यदि पुरूषों ने स्त्रियों के साथ अत्याचार या इमोशनल ब्लैकमेलिंग की है तो नारी के प्रति स्वयं नारी ने भी कुछ कम नहीं किया। इस संबंध में मृदुला गर्ग कहती है- 'जब भी स्त्री पर चर्चा होती है तो कुछ लोग यह आक्षेप अवश्य लगाते है कि, स्त्री ही स्त्री की सबसे बड़ी शत्रु होती है मॉ और सास का बेटी और बहू पर निष्ठुर अत्याचार संवेदन ही निष्ठुर व्यवहार इसके परिणाम स्वरूप पेश किये जाते है। लड़कियों के कमाने लायक होने पर खुद मॉ-बाप आर्थिक शोषण करते है। और उसमें मॉ की भूमिका बाप से कम नहीं होती। आज के भारतीय समाज का यह एक भयानक सत्य है। पुरूषों के साथ-साथ स्त्री स्वयं स्त्री के विकास एवं खुशहाल जीवन में सदियों से जहर घोलने का काम करती चली आ रही है। जब वह अपनी बेटी या बहू को प्रताड़ित करती है तो भूल जाती है कि, वह भी कभी बहू-बेटी रही है।

मीडिया के क्षेत्र में स्त्री की स्थिति भावुक उत्तोजक रूप में सामने आती है। नारी आज के उपभोक्तावादी युग में इस्तेमालवादी संस्कृति का एक अंग बन चुकी है। वस्तुओं के विज्ञापन के साथ-साथ नारी देह का भी बड़ा चित्ताकर्षक विज्ञापन हो रहा है। फिल्मों में नारी का कैसा रूप सामने आता है इस पर मंजूररानी सिंह कहती है - 'स्त्रियों की ताकत दिखाते है उसके अधनंगेपन में। टाईवाले नायक को रिझाने के लिए मिनी स्कर्ट या मिनी पहनने का निर्देश होता है। गीत गाते या डांस करते हुए नायक का वस्त्र नहीं खुलता न कही से खिसकता है पर नायिका का ऑचल या दुपट्टा हमेशा गिरता-पड़ता-उड़ता है, वे अपने कपड़े सम्हाल नहीं सकती या सम्हालती नहीं।

आज की विज्ञापनीय औरतें यह भूल जाती है कि सुन्दर होना तो अच्छी बात है लेकिन सुन्दरता को उभारकर प्रस्तुत करना कितना घातक है। कामकाजी महिलाओं की जिंदगी आज के संदर्भ में कुछ हद तक संतोषजनक मानी जा सकती है। लेकिन सर्विस-पेशे के दौरान किन-किन परिस्थितियों से दो-चार होना पड़ता है इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस संबंध में प्रभा खेतान का वक्तव्य है- 'बाहरी दुनिया में काम करते हुए अधिकतर स्त्रियां की मुख्य समस्या है गृहिणी और बच्चों के साथ स्वयं का सामंजस्य बैठाना। स्वाभाविक है कि किसी भी भूमिका का सही तरह से पालन न कर पाने के कारण ये अपराध बोध में ग्रस्त होती है। न वे अच्छी मॉ बन पाती है और न कार्य जगत में एक कुशल कामकाजी। उसकी इस कमजोरी का फायदा व्यवस्था उठाती है। वास्तविक तो यह है कि किसी भी राष्ट्र का विकास बिना आधी आबादी को साथ लिये सम्भव ही नहीं है। स्त्री और पुरूष दोनों विकास के दो पहिये है और जब तक दोनों पहिये समान रूप से आगे नहीं बढेंगे तब तक किसी देश का राष्ट्र के विकास की कल्पना करना महज कोरी कल्पना सिद्ध होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. महिला सशक्तिकरण आवश्यकताएँ सम्भावना पुस्तक महिला सशक्तिकरण दशा एवं दिशा।
2. महिलाओं की स्थिति- क्रॉनिकल।
3. डॉ. राजकुमार- नारी के बदलते आयाम।
4. विनोद पाण्डेय- भारतीय समाज में नारी की भूमिका।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

रीवा जिला की प्रमुख सरायें एवं धर्मशालाओं का ऐतिहासिक महत्व

डॉ. मो. स्वालकीन खान *

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश के अंतर्गत रीवा बघेलखण्ड का एक प्रमुख जिला है। स्वतंत्रता के पश्चात जब विन्ध्य क्षेत्र का विलीनीकरण हुआ तब रीवा को जिले का दर्जा दिया गया। रीवा, शहडोल से इलाहाबाद मार्ग पर 165 कि.मी. छुहिया घाटी के नीचे और गोविंदगढ़ से 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित है तथा ट्रेन मार्ग पर कटनी से सतना होते हुए सतना से 40 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

स्थापत्य एवं ऐतिहासिक्ता की दृष्टि से रीवा में प्राचीन सरायें, एवम् धर्मशालाओं का अपना महत्व है ।यहॉ प्रमुख सरायों, धर्मशालाओं का वर्णन करना प्रासंगिक होगा –

प्रमुख सरायें – सरायें एक प्रकार का वह भवन है। जिसे विविध ग्रामों एवं नगरों में मार्ग के किनारे उन स्थानों पर बनाया जाता था, जहां पेयजल की व्यवस्था हो। बघेल वंश के राजाओं के द्वारा रीवा के आस-पास के ग्रामों एवं कस्बों में यात्रियों की सुविधा के लिए कई स्थानों पर सरायों का निर्माण मध्यकालमें करवाया गया था। किन्तु दुर्भाग्यवश ये पुरातत्व सामग्रियाँ विखंडित होकर ढह चुकी हैं। कहीं-कहीं इनके अवशेष भी दिखाई नहीं पड़ते क्योंकि उन स्थानों पर या तो लोगों का कब्जा हो चुका है, या फिर कोई दूसरी नई इमारत बन चुकी है।

रीवा जिले की यात्रा एवं सर्वेक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण स्थानों पर सरायों के निर्माण की बात जनश्रुति के आधार पर मिली। उनमें से कुछ प्रमुख स्थान, सरिया, रामपुर नैकिन, गोविन्दगढ़, ताला मुकुन्दपुर, बिछिया, गुढ़, सेमरिया, डहोरा, चाकघाट, सोहागी, मऊगंज, हनुमना, मनगंवा, गंगेय आदि वे प्रमुख स्थान हैं, जहां सरायों का निर्माण कार्य हुआ था। परंतु दुर्भाग्यवश कहीं भी सरायों का निर्माण अच्छी हालत में उपयोगी एवं सुरक्षित नजर नहीं आया।

जनश्रुति एवं साक्षात्कार में इन स्थानों पर पुरानी सरायें होने की जानकारी उपलब्ध हो सकी किन्तु जब वहां का भ्रमण एवं सर्वेक्षण कार्य मेरे द्वारा किया गया तो मुझे निराशा ही हाथ लगी, इतनी महत्वपूर्ण धरोहरों का नष्ट होना एक दु:खद बात है। फिर भी मैंने अपने अथक परिश्रम से निष्ठापूर्वक उन स्थानों तक पहुंचने की कोशिश जहां सरायों का निर्माण कराया गया था।

कुछ स्थानों पर सरायों के अवशेष मिले जिनका आगे के पृष्ठों पर विवरण सहित मुद्रित है।

बिछिया रीवा की सराय – बिछिया, रीवा मुख्यालय बस मार्ग पर बिछिया नदी में मुख्य मार्ग के बांई ओर नदी के किनारे बसा हुआ है। ये मोहल्ला किला की ओर जाता है किला रोड पर नदी के किनारे राजा गुलाब सिंह के समय में एक सराय का निर्माण कराया गया था, जो वर्तमान समय में खण्डित हो चुकी है। इसके अवशेष अभी बाकी हैं। इसे लगभग 40 फिट लंबाई में एवं 20 फिट चौडे आकार में बनाया गया था। इस सराय के बगल में अखाड़घाट स्थित है, जहां लोगों के निस्तार के लिए पेयजल की व्यवस्था थी।

अलाबक्स की सराय – इस सराय का निर्माण अलाबक्स ने लगभग 100 वर्ष पहले करवाया था। सराय अमहिया में सिरमौर चौराहा के पास फैजुल्ला धर्मशाला के बगल में स्थित है। यहाँ गरीब मुसाफिरों के विश्राम की व्यवस्था थी एवं उन्हें मुफ्त भोजन भी दिया जाता था। ईंट एवं लकड़ी से बनी हुई इस सराय में वर्तमान समय पर कहीं छत है तो कहीं टीने से ही छत को ढंका गया है। छत गिर चुकी है। लकड़ी के कड़ी के सहारे छत का निर्माण किया गया था। ये सरायें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में देखने को मिलीं, जनश्रुति के अनुसार इसी से लगा हुआ धर्मशाला उनके पुत्र हाजी फैजुल्ला द्वारा बनवाया गया था। देखरेख के अभाव के कारण ये इमारत पूरी तरह असुरक्षित हैं। यद्यपि आज भी इस सराय में बेसहारा एवं भिखारी वगैरह रात्रि में विश्राम करते हैं।

गोविन्दगढ़ की सराय – गोविन्दगढ़, रीवा-शहडोल बस मार्ग पर छुहिया घाटी से लगभग 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। गोविन्दगढ़ का किला गोविन्दगढ़-ताला मार्ग पर 1 कि.मी. की दूरी पर बांई ओर स्थित है। यहां महाराजा गुलाब सिंह द्वारा राहगीरों के विश्राम के लिए तालाब के निकट एक सराय का निर्माण करवाया था जिसका आकार लगभग 30 फिट लंबा एवम् 20 फिट चौड़ा था। इस सराय का निर्माण ईंट एवम् पत्थरों से करवाया गया था। जिसके अवशेष विद्यमान है किन्तु सराय अनुपयोगी है। इसकी छत ढह चुकी है। सर्वेक्षण के दौरान ही किले में स्थित सेवकों एवं कर्मचारियों से इस सराय के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई।

मनगवाँ की सरायें – मनगवाँ, रीवा से 20 मील की दूरी पर रीवा-इलाहाबाद मार्ग पर स्थित है। 'मनगवाँ एवं मऊ' के शासक सेंगर वंश के थे। ये जालौन (उ.प्र.) से स्थानान्तरित होकर मऊगंज तहसील में आबाद हुए थे। मऊगंज तहसील रीवा जिले के अंतर्गत आता है। मनगवाँ में सेंगरों का शासनकाल उसी समय का है, जब रीवा में बघेलों का था। मनगवाँ में पेयजल की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, सेंगर राजा धंकदेव ने जो यहाँ की गढ़ी भरों से छीनी थी, उसी के समय एक सराय यात्रियों के विश्राम के लिए इस गांव में बनवाई थी, जो वर्तमान में ध्वस्त हो चुकी है एवं उसके अवशेष नजर नहीं आ रहे है। जनश्रुति के अनुसार मनगवाँ में तालाब के किनारे मार्ग की दांयीओर राहगीरों के लिए एक बड़ी सराय राजाओं द्वारा निर्मित कराई गई थी, जिसका आकार लगभग 800 वर्गफिट का था जिसमें दो बड़े हाल और दो छोटे कमरे थे, एक रसोई भी थी, ये सराय ईंट पत्थर से बनाई गई थी, छत पूरी तरह से ढह चुकी है, दीवारें गिर चुकी है। ऐसे में ठीक-ठीक पता कर पाना कठिन कार्य है कि इसका आकार एवं निर्माण शैली क्या थी, प्राय: सराय सामान्य आकार की

* (इतिहास) पं.शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

ही होती थीं।'

त्यौंथर की सराय – त्यौंथर, रीवा–इलाहाबाद मार्ग पर स्थित रीवा जिले की तहसील है, जो लगभग 60 मील उत्तर में स्थित है। त्यौंथर में मुख्य मार्ग पर तालाब के निकट परिहार राजाओं के द्वारा एक बड़ी सराय का निर्माण कराया गया था। बाद में 19 वीं शताब्दी में जब त्यौंथर के परिहारराजा ने जब बघेलों की अधीनता स्वीकार कर ली उस समय भी वहां सरायों का निर्माण कराया गया था, किन्तु इस बात की जानकारी नहीं हो सकी कि किस राजा के समय सरायें बनीं थीं। वर्तमान समय में ये सरायें खण्डहर हो चुकीं हैं। ईंटों एवं पत्थरों की बनी सरायें पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी हैं। स्वतंत्रता के पश्चात इन भवनों की ओर लेशमात्र भी ध्यान नहीं दिया गया इस कारण सारी सरायें नष्ट हो चुकी हैं।

क्योंटी की सराय – क्योंटी, त्यौंथर से लगभग 30 मील दक्षिण पश्चिम में स्थित है, जो वर्तमान में रीवा जिला की सिरमौर तहसील के अंतर्गत आता है, जहां प्रसिद्ध जल प्रपात भी है। क्योंटी प्रवेश करने पर लगभग 1 कि.मी. की दूरी पर दांये ओर एक सराय पत्थरों की बनी हुई देखने को मिली जो लगभग 200 वर्ष पुरानी थी, किन्तु वर्तमान समय में पूरी तरह से ढह चुकी है, और मात्र उसकी दीवारों के अवशेष ही बचे हुए हैं। देखने से लगता है कि ये सराय लगभग 30 फिट लंबी और 20 फिट चौड़ी अर्थात् 600 वर्गफिट की बनी होगी। यहाँ गरीब राहगीर, मुसाफिर ठहरते भी थे और कुछ समय आराम करके अपनी यात्रा पर निकल जाया करते थे। यह जानकारी साक्षात्कार में क्योंटी के कुछ लोगों से प्राप्त हुई।

सेमरिया की सराय – सेमरिया रीवा जिला मुख्यालय से 15 कि.मी. दूर बस मार्ग पर उत्तर पश्चिम में स्थित है। सेमरिया में एक प्राचीन सराय के अवशेष कस्बे में प्रवेश करने से पहले लगभग 1 कि.मी. मार्ग की दांयी ओर देखने को मिला जनश्रुति के अनुसार यह एक सराय थी जो लगभग 150 वर्ष पहले निर्मित की गई थी किन्तु वर्तमान समय में ये जीर्ण–शीर्ण अवस्था में पूरी तरह खंडहर बन चुकी है। इसका आकार लगभग 30x20 वर्गफिट का था, देख–रेख के अभाव के कारण इसकी सुरक्षा नहीं हो सकी। इस सराय में एक हाल एवं 2 कमरे थे पूरी सराय वर्तमान में जीर्ण–शीर्ण हो चुकी है।

प्रमुख धर्मशालाएं –

बैजू धर्मशाला रीवा – बैजू धर्मशाला तक पहुंच मार्ग नेशनल हाईवे मार्ग 07 पर पुराना बस स्टैण्ड के बगल में व्यंकट मार्ग के पश्चिमी भाग पर बैजू धर्मशाला स्थित है। इस धर्मशाला का निर्माण कार्य महाराजा गुलाब सिंह सा. के संरक्षण में हुआ। इस धर्मशाला का निर्माण कार्य सेठ बैजनाथ रामसहाय अग्रवाल द्वारा 1941 ई. में पूरा कराया गया। 100x100 वर्गफिट के क्षेत्रफल में इस धर्मशाला का निर्माण गरीब जनता के आश्रय देने एवं उनके विश्राम करने के उद्देश्य से किया गया था। इस धर्मशाला का मुख पूर्व दिशा में है, प्रवेश द्वार से लगा हुआ बाहर की ओर पाँच सीढ़ियों से ऊपर चढ़कर बाराण्डा 10x100 वर्गफिट का बना हुआ है, इसका मुख्य द्वार मेहराबदार अति सुंदर है जहाँ से 10 फिट का रास्ता धर्मशाला के अंदर की ओर जाता है। ये धर्मशाला दो मंजिल की बनी हुई है, इस धर्मशाला में 10ग10 वर्गफिट के कुल 55 पचपन कमरे बने हुए हैं, कमरों के चारों ओर मंजिलों में मेहराबदार वर्गाकार बराण्डा बना हुआ है, कुल 38 मेहराब अंदर की ओर बने हुए हैं। प्रवेश मार्ग धर्मशाला के आंगन में खुलता है।

भू–स्थल से 51 फिट की ऊंचाई में बने इस धर्मशाला की ऊंचाई लगभग 40 फिट है। धर्मशाला का मुख्य दरवाजा मोटे स्तंभों से सुसज्जित है, जिसके ऊपर की ओर बीच में 3 मेहराब बने हुए है, मुखाग्र में दो बड़े स्तंभ काफी मजबूत पत्थरों से युक्त गोल आकार में ऊपर की ओर 60 फिट की ऊंचाई तक गया है, जो मेहराबदार खिड़कियों से युक्त है, दोनों मंजिलों में प्रवेश मार्ग पर बनी इन दोनों मीनारों के बीच में नीचे से ऊपर तक 6 मेहराबनुमा खिड़कियाँ बनी हुई हैं, धर्मशाला के बाहरी भाग में दोनों ओर मेहराबनुमा बराण्डा बना हुआ है; दोनों मीनारों के ऊपरी भाग पर एक खूबसूरत गुम्बद जिसके ऊपर तीन छोटी मीनारें इसकी सुन्दरता को चार चाँद लगा रही हैं। पत्थरों को काट कर अत्यंत सुंदर कलाकृतियों को उभारा गया है। दोनों मंजिलों में कमरों के बाहर बराण्डा मेहराबदार है। प्रत्येक मेहराब के बीच में पत्थरों का स्तंभ है। मध्य भाग की तरह धर्मशाला के चारों कोनों पर चार–चार मोटी पत्थर की बनी हुई गोलाकार मीनारें इसकीसुंदरता को और भी बढ़ा देती हैं। चारों कोने पर चारों मीनारों के बीच एक–एक गुम्बद गोलाकार बना हुआ है। इस प्रकार इस धर्मशाला के पूर्व दिशा में मुख्य द्वार के तरफ 10 मीनारें, 03 गुम्बद एवं पीछे भाग पर 8 मीनार एवं 02 गुम्बद बने हुए हैं। ये मीनारें सीढ़ीनुमा हैं। नीचे से ऊपर तक सीढ़ियों से जाया जा सकता है, उसकी कलाकृति में मुगल स्थापत्य कला का स्पष्ट निखार आता है।

धर्मशाला के बीचों–बीच मध्य भाग में आंगन है, जहाँ से धर्मशाला के अंदर के भाग को देखा जा सकता है। इस आँगन का आकार 50 फिट चौड़ा एवं 50 फिट लम्बा है। मेहराबदार बराण्डा चारों तरफ बना हुआ है। बराण्डे का आकार 10 फिट चौड़ा है। धर्मशाला के अंदर पहली मंजिल पर पश्चिमी भाग पर बीचों–बीच एक मंदिर है जिसमें राधाजी एवं भगवान कृष्णजी की मूर्ति है, ठहरने वाले लोगों के पूजा–आराधनाकेलिए मंदिर का निर्माण धर्मशाला में करवाया गया था। ये धर्मशाला पूरी तरह भूरे एवं गुलाबी पत्थरों से युक्त है। धर्मशाला में कार्यरत मैनेजर से साक्षात्कार पर जानकारी मिली कि अधिकांश मिस्त्री मुस्लिम थे एवम् राजस्थान से बुलवाए गए थे। आर्किटेक्ट इंजीनियर भी मुस्लिम था जो राजस्थान से आया था। इसकी नक्काशी पत्थरों को काटकर उभारी गई है जो अत्यंत खूबसूरत है, जिसे पूरी तरह ताजमहल के बाहरी भाग की तरह निखारने का प्रयास किया गया है।

इसकी मोटी दीवारें जो पत्थरों की हैं, इसकी मजबूती के लिए काम कर रही हैं। गुम्बद, मीनार एवं मेहराब इसकी सुंदरता को और भी अधिक बढ़ाती हुई नजर आती हैं। इस बावली का प्रांगण लगभग 40,000 वर्गफिटका है। चारों ओर दीवार एवं एक लोहे का दरवाजा इसके प्रांगण में लगा हुआ है। प्रांगण में किसी प्रकार का कार्य नहीं किया गया है। बारिश के मौसम में यहाँ कीचड़ हो जाता है। इस धर्मशाला के पीछे पश्चिम दिशा में प्रांगण के दोनों ओर खूबसूरत गुम्बदनुमा एक–एक स्तूप बना हुआ हैं, जो इसकी सुंदरता को बढ़ाता है।

ये धर्मशाला आज भी दानवीर सेठ रामसहाय जी अग्रवाल ट्रस्ट द्वारा संचालित है। यहाँ नाममात्र के लिए 20 रू. से 50 रू. तक शुल्क ठहरने वालों से लिया जाता हैं, जो दीन–हीन लोग यहाँ आते हैं उन्हें निःशुल्क सुविधाएँ दी जातीं हैं। इसके बाहरी हिस्से में साफ–सफाई का अभाव है। जानवर बिना रोक–टोक के यहाँ घूमते रहते हैं, यह विशाल धर्मशाला बघेल खण्ड का ताज महल है। इसकी साफ–सफाई का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। अगर प्रांगण के मैदानी भाग पर यदि पक्का प्लास्टर कर दिया जाए तो यहाँ का कूड़ा कचरा हट सकता है।

इस अनमोल धरोहर को बचाये रखना एवं इसकी साफ–सफाई की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सेठ वैजनाथ, रामसहाय अग्रवाल जी की दानशीलता की यह धर्मशाला बेमिसाल उदाहरण प्रस्तुत करती है।

हाजी फैजुल्ला धर्मशाला – रीवा जिले का दूसरा पुराना एवम् महत्वपूर्ण धर्मशाला हाजी फैजुल्ला धर्मशाला है। जो रीवा अमहिया में सिरमौर चौराहा के दायीं ओर स्थित है। इस धर्मशाला का निर्माण दीन-हीन गरीब जनता के विश्राम करने एवं ठहरने के उद्देश्य से हाजी फैजुल्लाद्वारा 19-19में करवाया गया था। इस धर्मशाला के ऊपरी हिस्से में फैजुल्ला व अलाबक्श धर्मशाला अंकित है। इस प्राचीन धर्मशाला का आकार काफी विस्तृत था। लगभग 100 फिट लम्बी एवं 40 फिट चौड़ी अर्थात 4 हजार वर्गफिट में ये धर्मशाला बनी थी, जिसमें बाहरी गली की ओर 10 कमरे 10x10 वर्गफिट के बने हुए हैं। अंदर की ओर भी कुछ बड़े हाल एवं कमरों का निर्माण हुआ था, इस धर्मशाला में ईंट एवं पत्थर से दीवारों का निर्माण कराया गया था, ऊपर लकड़ी की सिल्ली के ऊपर छत का निर्माण किया गया था।

इसका मुख्य द्वार मध्य भाग में निर्मित है, जो मेहराबनुमा बना हुआ है। अंदर चारों ओर कमरे बने हुए हैं, बीच में आँगन है। इस धर्मशाला में मीनार एवं गुम्बदों का अभाव हैं। सादगीपूर्ण यह धर्मशाला गरीबों, भिखारियों एवं दीन-हीन लोगों का सहारा देने के उद्देश्य से हाजी फैजुल्ला खान द्वारा बनवाया गया था। कहीं-कहीं मिट्टी के गारे से भी ईंट-पत्थरों की जुड़ाई का काम हुआ है, जो स्पष्ट नजर आता है।

धर्मशाला के बाहरी भाग में बराण्डा एवं छोटे-छोटे आठ-दस कमरों का भी निर्माण कार्य बाद में हुआ, जिनकी छत ढह जाने के बाद उनमें टीने एवं खपरे की छत बनाई गई है। यह धर्मशाला जीर्ण-शीर्ण अवस्था में स्थितहैं तथा बुरी तरह खण्डित एवं अपनी जर्जर अवस्था में सिसकियाँ लेती हुई नजर आती है।

फिर भी इस जर्जर स्थिति के होते हुए भी अभी इस धर्मशाला में थके-माँदे, दीन-हीन, गरीब, भिखारी प्रवृत्ति के लोग आकर आराम करते हैं एवं रात्रि विश्राम करते हैं।

धर्मशाला के कुछ हिस्सों पर लोगों ने अपना अधिकार जमा लिया है और अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। इस पुराने जीर्ण-शीर्ण धर्मशाला में साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा गया है, न ही इसमें कोई पुननिर्माण का कार्य हुआ। यह पुरानी धरोहर धीरे-धीरे खण्डित होकर खण्डहर का रूप ले रही है, जो खेद का विषय है।

पूसू धर्मशाला रीवा – पूसू धर्मशाला रीवा जिले की तीसरी पुरानी धर्मशालाहै। पूसू धर्मशाला फोर्ट मार्ग रीवा में ए. के. स्कूल के पास अशोक बाबा के मजार के निकट अशोक के वृक्ष के सामने रोड के पश्चिमी भाग में स्थित है। इस धर्मशाला का निर्माण कार्य 1940 से 1950 के बीच हुआ। इस धर्मशाला का निर्माण दानवीर श्री पूसू वर्मा ने करवाया था। गरीब, दीन-हीन, भिखारी एवं जनता के हितार्थ इस धर्मशाला का निर्माण किया गया था। जनश्रुति के अनुसार ऐसा माना जाता है कि यहाँ आने वाले गरीबों को श्री पूसू वर्मा द्वारा मुफ्त भोजन की व्यवस्था भी की जाती थी, वे जब तक जीवित थे गरीबों कापूरा ध्यान रखते थे, उनकी मृत्यु के पश्चात नि:शुल्क भोजन देने की व्यवस्था भी बंद हो गई।

इस धर्मशाला का निर्माण पत्थरों से किया गया था। यह धर्मशाला लगभग 100x100 वर्गफिट में निर्मित है, सामना 40 फिट चौड़ा एवं गहराई लगभग 100 फिट की है।

प्रवेश मार्ग में एक कमरा 20ग15 वर्गफिट का बना हुआ है, जिसमें आस्ताना हजरत लम्बशाह रह अलैह का बना हुआ है। अंदर 40ग20 अर्थात 500 वर्गफिट का बड़ा हाल हैं एवं 15x20 अर्थात 300 वर्गफिट के 4 कमरे बने हुए है, यह दो भागों में बना हुआ है। इसके एक भाग पर वर्तमान में आर.एस.एस. का मुख्यालय (कार्यालय) बना हुआ है। ये धर्मशाला अभी सुरक्षित अवस्था में है किन्तु अब यहाँ यदा-कदा ही कोई गरीब भिखारी आकर विश्राम करता है, वैसे ज्यादातर ये बंद ही पड़ा रहता है। इसमें एक आंगन भी है। ऐसा माना जाता है कि भोजन व्यवस्था बंद हो जाने के कारण यहाँ ठहरने वालों का आना बंद हो गया है।

गोविंदगढ़ का त्रिडंडी धर्मशाला एवम् मठ – गोविंदगढ़, रीवा-शहडोल बस मार्ग पर रीवा से 20 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। गोविंदगढ़ पहुंचने पर गोविंदगढ़ से ताला मुकुन्दपुर रोड पर तिराहे से लगभग 1 कि.मी. पश्चिमी दिशा में मार्ग के बांई ओर गोविंदगढ़ तालाब के पश्चिमी तट पर गोविंदगढ़ का एक विशाल किला बना हुआ है।किले के प्रांगण में एक त्रिडंडी धर्मशाला भी है साथ ही एक व्यंकटेश भगवान का मंदिर भी है।

महाराजा रघुराज सिंह के द्वारा इस धर्मशाला का निर्माण 1887 ई. में करवाया गया था। जब महाराजा रघुराज सिंह दक्षिण भारत की यात्रा के लिए तिरुपति बालाजी का आर्शीवाद लेकर वापस लौटे और उन्हें एक पुत्र व्यंकटरमन सिंह की प्राप्ति हुई, तब पुत्ररत्न की प्राप्ति के पश्चात् स्वामी त्रिडंडी सम्पत कुमारजी के मार्गदर्शन में इस धर्मशाला एवं मठ का निर्माण करवाया और अपने इलाकेदारों को कई एकड़ भूमि दान में दिया।

इस धर्मशाला में उत्तर एवं दक्षिण भारत के साधु-संत आकर रुकते थे, यह एक धार्मिक धर्मशाला है, जहाँ रामानुज सम्प्रदाय से जुड़े साधु-संतों के रुकने की विशेष व्यवस्था है। वैसे हिन्दू सम्प्रदाय के साधु-महात्मा जो मंदिर एवं मठ में दर्शन के लिए जाते हैं, उन संतों को रुकने की स्वीकृति है। जगतगुरू रामानुजाचार्य की चरण पादुका इस स्थान पर होने के कारण प्रतिवर्ष उत्तर एवं दक्षिण भारत के साधू-महात्मा आते हैं, और यहाँ रूककर अपने आपको धन्य महसूस करते हैं।

इस धर्मशाला में मंदिर के बगल में पांच कमरे बने हुए हैं, जो 10x15 वर्गफिट के हैं। इनका निर्माण पत्थरों से करवाया गया है जो आज भी सुरक्षित हैं, रुकने की सारी सुविधाओं से युक्त इस धर्मशाला में आज भी साफ-सफाई देखने को मिलती है। समय-समयपर इस मंदिर में विविधधार्मिक आयोजन होते रहते हैं, इन आयोजनों केसमय धर्मशाला में अत्यधिक लोग विश्राम करते हैं, जिनके भोजन की व्यवस्था रामानुजाचार्य जी स्वामी शेषमणि दास जी द्वारा संचालित होती है। इस बात की जानकारी साक्षात्कार के समय स्वामी शेषमणिदास द्वारा दी गई, जो यहां स्थित मठ के मठाधीश हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. साक्षात्कार - श्री मकबूल खान, मैनेजर (उम्र 55 वर्ष) बैजूधर्मशाला घोघर रीवा। दिनांक 13.12.2010
2. साक्षात्कार - आबाद खान, लेक्चरर, (उम्र - 52 वर्ष) हा.से. स्कूल क्रं. 2, बिछिया। दिनांक 13.12.2013
3. साक्षात्कार - अब्दुल वाहिद (उम्र -80 वर्ष) फोर्ट रोड अशोक वृक्ष के पास रीवा, दिनांक 13.12.2010
4. साक्षात्कार - स्वामी शेष मणिदास (उम्र - 55 वर्ष) मठाधीश व्यंकट धर्मशाला गोविंदगढ़। दिनांक 13.12.2010
5. शोधकर्ता द्वारा सर्वेक्षण के आधार पर।

****

संस्कृति तथा सभ्यता

डॉ. सुनीता शुक्ला *

प्रस्तावना – किसी देश की संस्कृति उसकी सम्पूर्ण मानसिक निधि को सूचित करती है। यह किसी खास व्यक्ति के पुरूषार्थ का फल नहीं, अपितु असंख्य ज्ञात तथा अज्ञात व्यक्तियों के भागीरथ प्रयत्न का परिणाम होती है। सब व्यक्ति अपनी सामर्थ्य और योग्यता के अनुसार संस्कृति के निर्माण में सहयोग देते हैं। संस्कृति की तुलना आस्ट्रेलिया के निकट समुद्र में पाई जाने वाली मूँगे की भीमकाय चट्टानों से की जा सकती हैं मूँगे के असंख्य कीड़े अपने छोटे घर बनाकर समाप्त हो गए, फिर नए कीड़ों ने घर बनाए, उनका भी अन्त हो गया। इसके बाद अगली पीढ़ी ने भी यही किया और यह क्रम हजारों वर्ष तक निरन्तर चलता रहा। आज उन सब मूँगों के नन्हें-नन्हें घरों ने परस्पर जुड़ते हुए विशाल चट्टान का रूप धारण कर लिया है। संस्कृति का भी इसी प्रकार धीरे-धीरे निर्माण होता है और उसके निर्माण में हजारों वर्ष लगते हैं। मनुष्य विभिन्न स्थानों पर रहते हुए विशेष प्रकार के सामाजिक वातावरण, संस्थाओं, प्रथाओं, धर्म, दर्शन, लिपि, भाषा तथा कलाओं का विकास करके अपनी विशिष्ट संस्कृति का निर्माण करते है।

अतः हम कह सकते हैं कि संस्कृति व्यक्ति निष्ठ न होकर अनेक व्यक्तियों द्वारा किया गया एक बौद्धिक प्रयास है। इसीलिए किसी राष्ट्र की संस्कृति का निर्माण अचानक न होकर उस राष्ट्र के निवासियों के जीवन की शताब्दियों का परिणाम होता है।

संस्कृति के प्रमुख विशेषताएँ –

1. संस्कृति एक आंतरिक अवस्था है।
2. व्यक्ति के द्वारा संस्कृति का निर्माण होता है और हर व्यक्ति में संस्कृति के गुण पाये जाते है।
3. किसी व्यक्ति विशेष के गुणों को संस्कृति नहीं कहा जा सकता है, संस्कृति तो सामाजिक गुणों का नाम है।
4. संस्कृति की तुलना मानव समाज की उस विरासत से की जा सकती है, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होती रहती है तथा मानव जीवन की क्रियाओं को निर्धारित करती है।

संस्कृति का समानांतर एक शब्द सभ्यता है। भ्रमवश अनेक व्यक्ति संस्कृति एवं सभ्यता को एक ही मान लेते है। वस्तुतः सभ्यता मानव की भौतिक विचारधारा की सूचक है तथा संस्कृति आध्यात्मिक एवं मानसिक क्षेत्र के विकास की एक सूचक है।[1] दूसरे शब्दों मे हम कह सकते हैं कि मनुष्य के भौतिक क्षेत्र मे की गई उन्नति का नाम ही सभ्यता है। सभ्यता समाज में रहन-सहन, वेशभूषा, व्यवहार का पर्याय है।

मेकाइवर और पेज के अनुसार 'मनुष्य ने अपने जीवन की दिशाओं को नियंत्रित करने के प्रयत्न में जिस सम्पूर्ण कला-विन्यास और संगठन की रचना की है, उसे सभ्यता कहते है।'[2] मनुष्य का समाज में मानवीयकरण ही सभ्यता है।[3]

सभ्यता आदिम बनैली स्थिति से सामाजिक जीवन की ओर मनुष्य की प्रगति का नाम है, संस्कृति उसी प्रगति की सत्य, शिव सुन्दर और रूचिकर परम्परा का।[4] हम इस संस्कृति के इतिहास मे सभ्यता का समावेश करते है।

गिसबर्ट का विचार है कि सभ्यता यह बतलाती है कि हमारे पास क्या है, संस्कृति यह बतलाती है कि हम क्या है।[5] संस्कृति किसी समाज मे निहित चरम मूल्यों की सामंजस्यपूर्ण चेतना है जिसकी अभिव्यक्ति उसने अपनी सामूहिक संस्थाओं में की है, जिसकी अभिव्यक्ति व्यक्ति सदस्यों ने अपने भाव-स्वभाव, अपनी प्रवृत्तियों, अपने आचरण मे और भौतिक वस्तुओं को दिये गये महत्वपूर्ण रूपों में की हो।[6] संस्कृति एक प्रयत्न ही नहीं, किन्तु एक विशिष्ट स्थिति हुई और सभ्यता का ज्ञान परक अंश नहीं किन्तु सभ्यता उसके ज्ञान-परक अंश से उद्‌भूत हुई।[7] बेग्गी ने सभ्यता को वह संस्कृति माना है जिसमें नगरों का संस्थापना होता है।[8]

सभ्यता एवं संस्कृति का मौलिक अंतर यह है कि सभ्यता का संबन्ध जीवन-यापन या सुख-सुविधा की बाह्य वस्तुओं से है, जबकि संस्कृति का संबंध आंतरिक वस्तुओं से है।[9]

संस्कृति आभ्यन्तर है, सभ्यता बाह्य है, संस्कृति को अपनाने मे देर लगती है पर सभ्यता का अनुकरण सरलता से किया जा सकता है। संस्कृति का सम्बन्ध निश्चय ही धार्मिक विश्वास से हैं सभ्यता सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों से बंधी हुई है।

सभ्यता और संस्कृति एक ही मानव विकास के दो पहलु हैं। एक सभ्यता-उसकी स्थूल और अविष्कार की दिशा की और संकेत करता है, दूसरा, संस्कृति उस विकास के चिन्तित, सुन्दर, शालीन, सूक्ष्म तत्वों की ओर।[10]

अतः सभ्यता मनुष्य के मनोविकारों की द्योतक है, संस्कृति आत्मा के अभ्युत्थान की प्रदर्शिका है। सभ्यता मनुष्य को प्रगतिवाद की ओर ले जाने का संकेत करती है। संस्कृति उसकी आंतरिक और मानसिक कठिनाइयों पर काबू पाने में सहायक सिद्ध होती है।

निष्कर्ष –

1. संस्कृति साध्य है, सभ्यता साधन।
2. संस्कृति तथा सभ्यता दोनो ही मानव-विकास के दो पहलू हैं।
3. संस्कृति का काम मूल्यांकन है, अपना नहीं अपने स्तर की सभ्यता का।
4. सभ्यता का अपना स्वतंत्र मूल्य नहीं होता। उसकी उपयोगिता होती है, उपयोगिता के आधार पर ही उसका मूल्यांकन होता है।

* प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

5. संस्कृति जीवन का आंतरिक सौन्दर्य है, सभ्यता उसके बाह्य साधनों की सुविधा।
6. संस्कृति का सम्बन्ध आत्मा से है तथा सभ्यता का सम्बन्ध कार्यकलापों से है।
7. सभ्यता का सम्बन्ध सामाजिक विरासत के मूर्त पक्ष से है और संस्कृति का अमूर्त पक्ष से।
8. सभ्यता मे सुधार किया जा सकता है, परंतु संस्कृति मे नहीं।
9. सांस्कृतिक वस्तुएँ प्रतियोगिता रहित होती है, किन्तु सभ्यता का आधार प्रतियोगिता से है।
10. संस्कृति अन्त: चेतना, सौन्दर्यानुभूति एवं आनन्दोल्लास आदि अभ्यान्तरित तत्वों से सम्बन्धित है, परन्तु सभ्यता स्थूल तथा भौतिक के संयोजन और उसके लिये आवश्यक संगठित प्रयत्नों की और संकेत करती है।
11. सभ्यता संस्कृति का ही एक अंग है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. राजकिशोर सिंह-भारतीय कला और संस्कृति, संस्करण-1971, पृ. -193.
2. Society, Page-498.
3. Mathew Arnald- Culture and Anarchy, Ed.1950.
4. डॉ. भगवत शरण उपाध्याय-सांस्कृतिक भारत, पृ. 6.
5. डॉ. डी.पाल. बघेल-समाजशास्त्र के सिद्धांत, संस्करण 1982-83, शीर्षक-सभ्यता एवं संस्कृति, पृ.-240
6. डॉ. आविद हुसैन-भारत की राष्ट्रीय संस्कृति, भूमिका, पृ. 6 शीर्षक-संस्कृति, अनुवाद- महेन्द्र चतुर्वेदी.
7. डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र-भारतीय संस्कृति का गोस्वामी तुलसी का योगदान संस्करण-1953, अध्याय-1, पृ.-3-4, शीर्षक-भारतीय संस्कृति का अर्थ
8. फिलिप बेग्गी-कल्चर एण्ड हिस्ट्री, पृ. 60. संस्करण 1951 अध्याय-7
9. डॉ. राजकिशोर सिंह-भारतीय कला और संस्कृति, संस्करण-1971 पृ. 193.
10. डॉ. भगवत शरण उपाध्याय-सांस्कृतिक भारत- पृ. 6.

****

प्रत्येक भारतीय को समानता व गरिमामय जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार मिलना चाहिए

प्रीति राठौर * डॉ. मदनलाल पँवार **

शोध सारांश – यह लोकतंत्र एवं समानता का युग है। आज किसी भी व्यक्ति की भावनाओ को ठेस नही पहुँचाई जानी चाहिए, अपमान नही किया जाना चाहिए और नीचा नही दिखाना चाहिए। यही संविधान का मूल तत्व व भावना है।

प्रस्तावना – भारत की आजादी के लिए अंग्रेजो के विरूद्ध दलितो ने भी बढ़–चढ़ कर भाग लिया था। दलित नेता अंग्रेजो से मुक्ति के साथ ही रूढ़िवादिता व जातिवाद से भी मुक्ति चाहते थे। राष्ट्रवादी नेताओं का मानना था कि हम पहले आजादी हासिल करें। आजादी के बाद दलित मुक्ति के प्रश्न को हल कर लिया जाएगा। 15 अगस्त, 1947 को देश आजाद हुआ। भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ। लेकिन संविधान लागू होने के 65 वर्ष बाद भी हम रूढ़िवादियों से मुक्त नही हो पाए है। हम आज भी उपेक्षित और घृणित जीवन जीने पर मजबूर है। हमें छोटा व नीचा समझा जाता है। चाहे हम अपने परिश्रम से कितने ही बड़े अधिकारी बन जाएं, बुद्धि में हम कितने ही कुशाग्र हो, शरीर से हम कितने ही बलिष्ठ हो, कितने ही साधन सम्पन्न हो, तथाकथित उच्च जाति के लोगो की भावनाओं में कोई भी बदलाव नही आया है। भारतीय संविधान की मूल भावना 'समानता एवं सम्मानपूर्वक व गरिमामय जीवन जीने की अवधारणा' का मखौल उड़ाया जाता है। हमें पग–पग पर लज्जित व अपमानित किया जाता है। आज भी हमें 'चमार' कहकर गाली दी जाती है। 'चमार' शब्द अपमानजनक होने के बावजूद सभी मेघवंशिय जातियों को लज्जित करने के लिए इसी नाम से जोडा गया है, चाहे चमड़े के काम से वे वर्षो से कोसो दूर हों। ऐसे ही ढेढ़, ढेर, देढ़ा, चर्मकार, मेंगु, मुचि आदि शब्द तिरस्कृत, असम्मानीय व असंवैधानिक हैं, जो मनुवादियों (रूढ़िवादिया) द्वारा गढे गए हैं।

मानव स्वभाव की एक सच्ची विडम्बना यह है कि जिस वस्तु की उसे आवश्यकता होती हैं, उसे पाने के लिए वह उस वस्तु के निर्माता की खुशामन्द करता हैं। अंग्रेजो के भारत में आने से पूर्व भारत की लगभग 40 प्रतिशत आबादी भिन्न–भिन्न प्रकार के लघु घरेलु उद्योगों में लिप्त थी। आमजन द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय कारीकरों द्वारा निर्मित वस्तुओं से कर ली जाती थी। चूंकि बाकी 60 प्रतिशत आबादी को उनके उत्पादों की आवश्यकता होती थी, इसलिए वे इनके कारीगारों की खुशामद करते थे। इनमें चमड़े से बनी रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुओं (जूते, चड़स, बाल्टी, मस्क, दीवडा, नाडी, लगाम, जीन, कवच, ढ़ाल, नकेल, रस्सी इत्यादि) और कपड़ों (पहनने, ओढ़ने, बिछाने, तिरपाल, बोरी इत्यादि) का सबसे अधिक उपयोग होता था। इसलिए चर्मकारों और बुनकरों की अधिक खुशामद की जाती थी।

अंग्रेजो के भारत में आगमन के बाद भारत में बड़े–बड़े उद्योग स्थापित किए गए और यूरोप में स्थापित उद्योगो में भारत से कच्चा माल जाने लगा तो भारत की स्थानीय घरेलु उद्योगो में लिप्त 30 प्रतिशत आबादी बेरोजगारी व भुखमरी के कगार पर पहूँच गई। बाटा जैसे अनेक उद्योगो ने चमड़े को काम करने वाले लोगो को और मान्चेस्टर (इंग्लैण्ड) में पावरलूम से बनने वाले वस्त्रो के उद्योगो ने भारतीय बुनकरों को भी दरिद्रता की ओर धकेल दिया। जब अंग्रेजो द्वारा स्थापित उद्योगो से उत्पादित वस्तुओं से आमजन की आवश्यकताओं की पूर्ति होना शुरू हुई और चर्मकारों व बुनकरें की सम्पन्नता समाप्त हो गई, तो उनकी खुशामद भी बन्द हो गई। कुछ लोग बडे उद्योगे में नौकरी पर चले गए, लेकिन अधिंकाश लोग गॉवों में संभ्रांत लोगो की दया पर ही निर्भर रह गए। दरिद्रता से घृणा की शुरूआत होती हैं। यहॉ से हुई उनके दोहन की शुरूआत। पेशवा सामंतशाही ने सभी शूद्रों को मरे जानवरों की खाल उतारने व जूता गांठने के काम से जोड दिया। उन्होने प्रचार–प्रसार द्वारा यह काम उन लोगो से भी जबरन करवाया जो चमडे का काम नही करते थे। शब्दकोशकारों ने भी चमारों को सामाजिक रूप से अपमानित करने के लिए कुछ नए शब्द अन्वेषित किए। उन्होंने इस जाति को अति नीच व अस्पृष्य घोषित कर दिया। संस्कृत के शब्द–कोश ग्रंथों में 'चर्मकार' को नीच जाति नही कहा गया था, लेकिन हिन्दी शब्द–कोशों (हिन्दी शब्द–सागर–1915) में 'चमार' शब्द का अर्थ दिया गया, एक नीच जाति, जो चमडें का काम करती हैं।' इस जाति को गाली के तौर पर समझा जाने लगा तथा 'चमार' कहकर अपमानित किया जाने लगा।

सन् 1920 में प्रकाशित मि.जी.डब्ल्यू. ब्रिग्स ने अपनी 'द चमार' नाम की पुस्तक में चमार, जटिया, चामड़, चामडिया, रैहगर, रायगर, रामदासी, रविदासी, जुलाहा, कबीरपंथी, मेघ, भगत, कोली, कोरी, पासी, मेघवाल आदि समकक्ष 1156 मेंघवंशिय उपजातियों को 'चमार' बताया। जिस तरह से भारत में एक भी शूद्र न होते हुए भी मनुवाद के तहत् भारत की 85 प्रतिशत जनता को 'शुद्र' घोषित कर दिया गया था और जिस तरह मुस्लिम शासको ने भारत की हजारों गैर–मुस्लिम जातियों की चकबन्दी करने के लिए फारसी शब्द 'हिन्दू' प्रयुक्त किया था, उसी प्रकार 'चमार' शब्द भी अनजाने में प्रयुक्त हो गया। अंग्रेजो द्वारा दिए गए नाम को 'हिन्दू' की तरह प्रतिष्ठा सूचक समझकर सभी मेघवंशिय जातियॉ अपने के 'चमार' कहने में गर्व महसूस करने लगी।

समय बदला, लोगो में जागृति आई और चेतना लौटी तब यह आभास

* शोधार्थी (इतिहास) पेसिफिक विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत
** रिटा. प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

हुआ कि रूढ़िवादियों द्वारा 'चमार' जाति को सम्मान सूचक नही, बल्कि अति शूद्र, घृणित और नीच जाति घोषित कर दिया गया है। मि.जी.डब्ल्यू. ब्रिग्स द्वारा इस सूचि में उन जातियों को भी डाल दिया गया जिनका चमडे के काम से कोई लेना-देना नही था।

इस बात का आभास होते ही सम्पूर्ण भारत में जागरण का शंख बज उठा। सुधारवादी आन्दोलनों में यह निर्णय लिया गया कि यचमार' शब्द से समाज को पग-पग पर अपमान झेलना पड़ता हैं, इसलिए 'चमार' जैसे अपमानजनक जाति सूचक शब्द से छुटकारा दिलाया जाए तथा उन लोगो से भी यह काम छुडवाया जावे जो दलितो की आबादी के पॉच प्रतिशत से भी कम है और चमडे का गन्दा काम करते हैं तथा जिनके कारण इस जाति की हीन दृष्टि से देखा जाता है, ताकि जाति अपना सिर ऊॅचा उठाकर चल सके। इन सुधारवादी आंदोलनों में निम्न घटनाएं उल्लेखनीय हैं -

1. दल्ली में सन् 1922 में मंत्री देवीदास, जानकीदास, चौधरी टेकचंद इत्यादि के प्रयासों से जाति सुधार सम्मेलन के बैनर तले पुराने किले के मैदान में एक विशाल सम्मेलन आयोजित हुआ। वहॉ 'बलाई', 'कोरी' या 'मेघवाल' नाम लगाकर अपमानित नाम 'चमार' से पीछा छुडाया।
2. पंजाब (बृहत पंजाब जिसमें पाकिस्तान का पंजाब क्षेत्र, भारत का वर्तमान पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश शामिल थे।) में सभी मेंघवंशिय उपजातियों को बाबू मंगूराम मुगोवालिया ने 'आदिधर्म' नाम के नीचे जोड़ा और 'आदिधर्म मण्डल' की स्थापना की। सन् 1928 में जग साईमन कमीशन भारत आया तो लाहौर में साईमन कमीशन के सामने बाबू मंगूराम मुगोवालिया ने लाखों आदिधर्मियों के साथ कहा कि हम भारत के मूलनिवासी हैं। हमारा एक अलग र्धम 'आदिधर्म' हैं। सर ज्योकरें 12 अक्टूबर, 1929 को जालन्धर (पंजाब) में आए तो आदिधर्म मण्डल के प्रतिनिधि उनसे मिले और अपने अलग धर्म के विषय में बातचीत की। पंजाब तथा भारत सरकार ने तत्काल 'आदिधर्म' को मान्यता प्रदान कर दी जिसके परिणामस्वरूप 1931 में सभी आदिधर्मियों ने अपना धर्म 'आदिधर्म' लिखाकर अपने संगठन का परिचय दिया और अपमानजनक नाम से पीछा छुडाया।
3. उत्तर प्रदेश में स्वामी अछूतानन्द जी ने डॉ. माणिकचन्द्र और सहयोगियों से मिलकर 'चमार' नाम से कलंक को दूर करने के लिए जाट, यादव आदि जातियों की तर्ज पर चमारों को सम्मानजनक नाम देने का विचार किया तथा उसके स्थान पर 'जाटव' शब्द का विकल्प दिया। कुछ सुधारवादी नेताओं ने दूसरा नाम 'यादव' सुझाया। बाद में यही 'जाटव' कहे जाने लगें। डॉ. माणिकचन्द्र की अध्यक्षा में 1920 में 'भारतवर्षीय जाटववीर युवा परिषद' का गठन हुआ। उन्होने 26 अक्टूबर, 938 को इंग्लैण्ड में भारत के मामलो के तत्कालीक मंत्री लॉर्ड जटलैण्ड को एक ज्ञापन दिया था, जिसमें यह मॉग की गई कि आगरा के चमारों को सरकारी रिकार्ड में 'चमार' के स्थान पर 'जाटव' लिखा जाए, क्योंकि 'चमार' अपमानजनक शब्द है। उस समय की संयुक्त प्रांत सरकार ने लार्ड जटलैंड के आदेश पर कार्यवाही की। सरकार के निर्देश पर जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट, लखनऊ के एडीशनल डिप्टी सैक्रेट्री ने अपने पत्रांक संख्या 78 (3) 3-1938 दिनांक 8 नवम्बर, 1939 के द्वारा आदेश दिया कि सरकारी रिकार्ड में आगरे की 'चमार' जाति को आज से 'जाटव' लिखा जाएगा। बहुत से चमारों ने यह परिवर्तन मानकर अपमानित नाम 'चमार' से पीछा छुडाया।
4. राजस्थान और गुजरात में स्वामी गोकुलदास जी 'मेघवंश' नाम से समाज को एक सूत्र में संगठित कर रहे थे। वे डूमाड़ा (अजमेर) के रहने वाले थे। इन्होने 1935 में दौराई ग्राम में 290 गॉवों की आम सभा बुलाई तथा 'राजस्थान मेंघवंश महासभा' का गठन किया। महासभा का एक अधिवेशन 1935 में अहमदाबाद में हुआ। उन्होने समाज को 'मेघवाल' नाम देकर अपमानित नाम 'चमार' से पीछा छुडाया।
5. राजस्थान और दिल्ली में आचार्य स्वामी गरीबदास जी, जो भोजपुरा (जयपुर) के बलाई थे, ने मेघवाल, बलाई, भांबी आदि मूलतः कपडे बनाने का कार्य करने वाली जाति को 'सूत्रकार' नाम से संगठित किया तथा अपमानित नाम 'चमार' से पीछा छुडाया।
6. राजस्थान के किशनगढ़-मदनगंज के स्वामी कल्याण भारती जी ने राजस्थान और मध्यप्रदेश में चमडे के कार्य को तिलांजलि देना आरम्भ कराया और 'चमार' कहलाना बन्द करवाया और चमार समाज को 'बैरवा' नाम देकर अपमानित नाम 'चमार' से पीछा छुडाया।
7. उतरांचल (गढ़वाल) में बाबू हरिप्रसाद जी टमटा ने दलितों में शिल्पकार आन्दोलन चलाया की समस्याओं से अवगत रहने वाले श्री बबनराव घोपल ने समाज के नेतृत्व का भार संभाला। इसी प्रकार सम्पूर्ण भारत में अपमानित नाम से पीछा छुडाने की मुहीम चली।
8. इसी मुहीम के अंतर्गत महात्मा गांधी ने भी 'चमार' शब्द को अपमानजनक मानकर दलित जातियों को सम्मानजनक नाम देने के लिए 'हरिजन' नाम का सुझाव दिया। 19 जुलाई, 1937 को मुम्बई प्रांत में कांग्रेस का मंत्रिमंडल बना। महात्मा गांधी के सुझाव के अनुसार एक सरकारी बिल में 'चमार' के स्थान पर 'हरिजन' शब्द प्रयुक्त किए जाने की सिफारिश की गई तथा 'हरिजन' शब्द को सरकारी मान्यता दे दी गई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मेघवंश इतिहास - स्वामी गोकुलदास जी।
2. जाति भास्कर - मित्र पं. ज्वालाप्रसाद।
3. आर.पी.सिंह - राजस्थान मेंघवाल समाज जयपुर।
4. पत्रिका - राष्ट्रीय सर्व मेघवाल महासभा इण्डिका स्मारिका।
5. मालवा और राजसथान इतिहास - मनोहरसिंह राणावत के।
6. कतिपय पहलू श्री नहनागर, शोध संस्थान सीतामऊ 1983 ई.।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

20वीं शताब्दी से पूर्व डूँगरपुर राज्य में शिक्षा

निमेश कुमार चौबीसा *

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध लेख में 20वीं शताब्दी से पूर्व डूँगरपुर राज्य में शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डाला गया है। उपलब्ध साहित्यों के सारांश के आधार पर तथ्यों को संकलित कर क्रमबद्ध किया गया है। 20वीं शताब्दी से पूर्व डूँगरपुर राज्य में शिक्षा का अर्थ धर्म का ज्ञान एवं धर्मशास्त्रों की नैतिकता के पालन से सम्बन्धित था। शिक्षा का रूप वैश्विक नहीं लेकिन प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली से संगत रखता था। उस समय की शिक्षा व्यवस्था में अंग्रेज अपने हितों के लिए परिवर्तन करना चाहते थे और अंतत: वे महारावलों को भी विभिन्न्ना तर्कों से अपने पक्ष में करने में सफल रहे।

भौगोलिक सरंचना – पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से पाठशालाओं और शिक्षण संस्थाओं की स्थापनाएँ समय पर नहीं हो पायी थी। गाँवों की बसावट भी बिखरी हुई थी जिसमें आवास अलग-अलग पहाड़ियों पर थे। वर्षाकाल में नदि-नाले पगडण्डियों और मार्गो का अवरूद्ध हो जाना सामान्य था और राज्य में जहाँ परम्परागत शिक्षा थी वहाँ से राज्य में अन्य स्थल तक उसका आदान-प्रदान नहीं था। अत: एक जैसी शिक्षा का विस्तार की योजना बनाना उस समय असंभव था।[1]

पाठशालाएँ – डूँगरपुर राज्य में परंपरागत पाठशालाओं का ही चलन था। सैद्धान्तिक ज्ञान प्रदान करने में इनका विशेष महत्व था। शिक्षा के केन्द्र प्राय: धाार्मिक- स्थल जैसे उपासरा, मठ, मंदिर, मस्जिद आदि एवं धार्माधिकारियों के घर होते थे। उपासरों व मठों के छात्रों व आशार्थियों को साधाू-साधिवयों व यतियों द्वारा धर्म, दर्शन तथा नैतिक ज्ञान के अलावा प्रारंभिक गणित व भाषा ज्ञान की शिक्षा भी दी जाती थी। साधाुओं के चार्तुमासों के प्रवचन की श्रवण-परंपरा का लाभ प्रौढ़ लोग भी उठाते थे। वैसे तो उपासरों से विशेष रुप में जैन संप्रदाय सम्बद्ध था, लेकिन उनकी शिक्षा का लाभ सभी द्विज जातियाँ प्राप्त करती थी। इसके अतिरिक्त साधाुजन प्राचीन व उपयोगी हस्तलिखित ग्रंथों की प्रतिलिपियाँ तैयार करते थे, जो उस समय की पुस्तक-लेखन परंपरा की तरफ हमारा धयान इंगित करती है। उस समय शिक्षा का आधार धर्म का पालन एवं जिविकोपार्जन ही था। अंग्रेजी शिक्षा राजाओं और राजघरानों तक ही सीमित थी।[2]

शिक्षा और जिविकोपार्जन – राज्य की सभी जातियाँ अपने जिविकोपार्जन के कौशल को सीखने को ही शिक्षा मानते थे। यह तथ्य सत्य है कि उस समय की कौशल आधारित परिवारिक शिक्षा रोजगारपरक थी। उस शिक्षा का एक ही ध्येय था कि किसी न किसी प्रकार से जिविकोपार्जन हो जावे। किसान की खेती, ब्राम्हण की जजमानी, लौहार और सुनार की कला और चर्म और निर्माण कार्य की जातियों के कौशल शिक्षा के पैमाने माने जाते थे। इसके अतिरिक्त भाषाओं की जानकारी नए आविष्कार संसार के देश और जनसंख्या और विशिष्ट विज्ञान का ज्ञान आधुनिक पाठशालाओं की उपलब्धता नहीं होने के कारण नहीं था।[3]

शासन के सहयोग का आभाव – महारावल फतेहसिंह (1790-1808) और महारावल जसवंत सिंह (1808-1845) परम्परागत शिक्षा प्रणाली के पक्षधर थे। महारावल दलपत सिंह ने भी इसी को आगे बढ़ाया। जब 1835 ई. में गवर्नर-जनरल की कार्यकारिणी परिषद के सदस्य लार्ड मैकाले ने आंग्ल-दल का समर्थन किया। 2 फरवरी, 1835 ई. को अपने महत्वपूर्ण स्मरण-पत्र में उसने लिखा कि 'सरकार के सीमित संसाधनों के मद्देनजर पाश्चात्य विज्ञान एवं साहित्य की शिक्षा के लिये, माध्यम के रूप में अंग्रेजी भाषा ही सर्वोत्तम है।' मैकाले ने कहा कि 'भारतीय साहित्य का स्तर यूरोपीय साहित्य की तुलना में अत्यंत निम्न है'। उपर्युक्त महारावलों ने इस तथ्य को अस्वीकार कर दिया। वे राज्य में चल रही परम्परागत शिक्षा प्रणाली से संतुष्ट थे। उनके अनुसार आधुनिक शिक्षा उनके शास्त्रों और उपनिषदों से पृथक और धार्मिक क्रियाओं से विमुख कर देने वाली थी। राज्य के सलाहकारों ने भी महारावलों को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और अंग्रेजी शिक्षा को लागू करने के लिए उपयोगी सुझाव नहीं दिए और महारावलों की इच्छाशक्ति भी नहीं थी। वहीं उस समय उदयपुर में सज्जनसिंह और बड़ौदा के महाराजा ने 1881 से 1892 ई. तक प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा दिया था।[4]

अंग्रेजों की शिक्षा नीतियाँ – बीसवीं शताब्दी के पूर्व अंग्रेजों की शिक्षा नीतियाँ कौशल और रोजगार परक नहीं थी। वे सिर्फ अपने स्वार्थ सिद्धी हेतु अपनी शिक्षा से उनके लिए अंग्रेजी भाषा को समझने वाले कर्मचारी बनाना नाहते थे। ब्रिटिश काल में शिक्षा में मिशनरियों का प्रवेश हुआ, इस काल में महत्वपूर्ण शिक्षा दस्तावेज में मैकाले का घोषणा पत्र 1835, वुड का घोषणा पत्र 1854, हण्टर आयोग 1882 सम्मिलित हैं। इस काल में शिक्षा का उद्देश्य अंग्रेजों के राज्य के शासन सम्बन्धी हितों को धयान में रखकर बनाया गया था।[5]

प्राय: लोग इसे मैकाले की शिक्षा प्रणाली के नाम से पुकारते हैं। लार्ड मैकाले ब्रिटिश पार्लियामेन्ट के ऊपरी सदन (हाउस आफ लार्ड्स) का सदस्य था। 1857 ई. की क्रान्ति के बाद जब 1860 ई. में भारत के शासन को ईस्ट इण्डिया कम्पनी से छीनकर रानी विक्टोरिया के अधीन किया गया तब मैकाले को भारत में अंग्रेजों के शासन को मजबूत बनाने के लिये आवश्यक नीतियां सुझाने का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया था। उसने सारे देश का भ्रमण किया। उसे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि यहां झाड़ू देने वाला, चमड़ा उतारने वाला, करघा चलाने वाला, कृषक, व्यापारी (वैश्य), मंत्र पढ़ने वाला आदि सभी वर्ण के लोग अपने-अपने कर्म को बड़ी श्रद्धा से हंसते-गाते कर रहे थे। सारा समाज संबंधाों की डोर से बंधा हुआ था। शूद्र भी समाज में किसी का भाई, चाचा या दादा था तथा ब्राहमण भी ऐसे ही रिश्तों से बंधाा था। बेटी

* शोधार्थी (इतिहास एवं संस्कृति) जनार्दन राय नागर, राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड -टू-बी) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

गाँव की हुआ करती थी तथा दामाद, मामा आदि रिश्ते गांव के हुआ करते थे। इस प्रकार भारतीय समाज भिन्नता के बीच भी एकता के सूत्र में बंधा हुआ था। इस समय धार्मिक सम्प्रदायों के बीच भी सौहार्दपूर्ण संबंधा था। यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि 1857 ई. की क्रान्ति में हिन्दू–मुसलमान दोनों ने मिलकर अंग्रेजों का विरोध किया था। मैकाले को लगा कि जब तक हिन्दू–मुसलमानों के बीच वैमनस्यता नहीं होगी तथा वर्ण व्यवस्था के अन्तर्गत संचालित समाज की एकता नहीं टूटेगी तब तक भारत पर अंग्रेजों का शासन मजबूत नहीं होगा। भारतीय समाज की एकता को नष्ट करने तथा वर्णाश्रित कर्म के प्रति घृणा उत्पन्न करने के लिए मैकाले ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली को बनाया।

अंग्रेजों की इस शिक्षा नीति का लक्ष्य था – संस्कृत, फारसी तथा लोक भाषाओं के वर्चस्व को तोड़कर अंग्रेजी का वर्चस्व कायम करना। साथ ही सरकार चलाने के लिए देशी अंग्रेजों को तैयार करना। इस प्रणाली के जरिए वंशानुगत कर्म के प्रति घृणा पैदा करने और परस्पर विद्वेष फैलाने की भी कोशिश की गई थी। इसके अलावा पश्चिमी सभ्यता एवं जीवन पद्धति के प्रति आकर्षण पैदा करना भी मैकाले का लक्ष्य था। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में ईसाई मिशनरियों ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईसाई मिशनरियों ने ही सर्वप्रथम मैकाले की शिक्षा–नीति को लागू किया।[6] मिशनरियों ने प्रमुखता से डूँगरपुर राज्य के आदिवासियों को भी धर्म परिवर्तन करने पर विवश कर दिया था। अंग्रेजों की इस प्रकार की नीति भी डूँगरपुर राज्य में शिक्षा के पीछड़ेपन का कारण बनी।

अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली – डूँगरपुर राज्य अंग्रेजी शिक्षा में इस काल में पिछड़ा था। यदि समीपस्थ राज्य मेवाड़ में अंग्रेजी शिक्षा की स्थिति की तुलना करे तो मेवाड़ी सामंतों व जन–साधारण के विरोधा के बावजूद भी यहाँ के राणाओं ने व्यक्तिगत प्रयास किये जो डूँगरपुर के रावल नहीं कर सके। फलत: उदयपुर नगर में स्थित कई धार्मार्थ पाठशालाओं को मिलाकर राणा शंभुसिंह व उनके गुरु रत्नेश्वर के नाम पर शंभु–रत्न पाठशाला की नींव रखी गई। इस पाठशाला में प्रारंभिक गणित, हिंदी, उर्दू, फारसी तथा संस्कृत की शिक्षा प्रदान की जाने लगी। 1864 ई. में यहाँ अंग्रेजी भाषा का विषय पढ़ाना प्रारंभ किया गया। बाद में 1873 ई. में इसमें दो विभाग स्थापित किये गये। अंग्रेजी प्राइमरी स्कूल को अलग कर, हिंदी प्राइमरी स्कूल को इसका ब्रांच बना दिया गया। 1885 ई. में इसका नाम महाराणा हाई–स्कूल रख दिया गया तथा इसी साल संस्कृत का अलग से विभाग भी खोला गया।

1873 ई. में भीलवाड़ा तथा चित्तौड़ में हिंदी–प्राथमिक पाठशाला प्रारंभ की गई। इसके अतिरिक्त आदिवासी क्षेत्र में जैसे कोटड़ा (1875 ई.) जावर (1883 ई.) ऋषभदेव (1883 ई.) के भी स्कूल खोले गये। इसी प्रकार 1900 ई. तक राज्य के खालसा प्रदेश में प्रत्येक बृहत–ग्राम में प्राथमिक पाठशालाएँ राज्य द्वारा चलाई जाती थी और अजमेर में मेयो कॉलेज और महिला शिक्षा हेतु सोफिया कॉलेज की स्थापना हो चुकी थी।

सामाजिक कुरीतियाँ – डूँगरपुर राज्य की सामाजिक व्यवस्था दयनीय थी। समाज में सबसे निम्न स्थिति स्त्रियों की थी। बालिका का जन्म अपशकुन, उसका विवाह बोझ एवं वैधाव्य श्राप समझा जाता था। विशेषकर राजपूतों में जन्म के पश्चात बालिकाओं की हत्या कर दी जाती थी। कालांतर में रावल उदयसिंह ने बालिका वध पर रोक लगाई। स्त्रियों का वैवाहिक जीवन अत्यंत दयनीय एवं संघर्षपूर्ण था। यदि किसी स्त्री के पति की मृत्यु हो जाती थी तो उसे बलपूर्वक पति की चिता में जलने को बाधय किया जाता था। इसे 'सती प्रथा' के नाम से जाना जाता था। राजा राममोहन राय ने इसे शास्त्र की आड़ में हत्या की संज्ञा दी। सौभाग्यवश यदि कोई स्त्री इस क्रूर प्रथा से बच जाती थी तो उसे शेष जीवन अपमान, तिरस्कार, उत्पीड़न एवं दुख में बिताने पर बाधय होना पड़ता था। इस प्रकार की महिलाओं को शिक्षा लेने का कोई अधिकार नहीं था। अत: आम स्त्री हेतु शिक्षा व्यवस्था न होने से परिवार में भी शिक्षा का वातावरण नहीं बन पाता था जिससे बींसवीं शताब्दी से पूर्व डूँगरपुर राज्य शिक्षा में अन्य राज्यों से पिछड़ा था।

वर्णव्यवस्था – डूँगरपुर राज्य में भी चतुवर्ण व्यवस्था के अनुसार, जाति ही किसी व्यक्ति की सामाजिक स्थिति का निर्धारण करती थी। उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा एवं शुद्धता की पुष्टि उसकी जाति के द्वारा होती थी। जाति ही निर्धारित करती थी कि किसे शिक्षा ग्रहण करने एवं सम्पत्ति रखने का अधिकार है, किसे, कौन सा व्यवसाय अपनाना चाहिये तथा किसे, किस से वैवाहिक संबंधा स्थापित करने चाहिए। किसी व्यक्ति के पूर्वजन्म के कर्मो का आकलन भी इसी बात से किया जाता था कि इस जन्म में वह किस जाति में पैदा हुआ है। परिधाान, खान–पान, वास स्थान, कृषि एवं पीने के पानी का स्रोत तथा मंदिर में प्रवेश के अधिकार जैसे मुद्दों का निर्धारण भी जाति के द्वारा ही होते थे। इस चतुर्वर्ण व्यवस्था का सबसे निंदनीय पहलू था समाज में अश्पृश्यता या छुआछूत की भावना का जन्म। जो लोग निम्न जाति में पैदा होते थे उन्हें अछूत समझा जाता था। उन्हें सामान्यत: गाँवों से दूर बसाया जाता था तथा उनके मंदिरों में प्रवेश करने पर पाबंदी थी। इस वर्ग के लोग अनेक प्रकार के उत्पीड़न एवं भेदभाव के शिकार थे। अत: बीसवीं शताब्दी में डूँगरपुर राज्य में शिक्षा के पिछड़ेपन का कारण वर्णव्यवस्था भी थी।

उपर्युक्त तथ्यों पर विचार करते हुए यह कहा जा सकता है कि 20वीं शताब्दी से पूर्व डूँगरपुर राज्य में शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का धर्म एवं परम्पराओं से सामाजीकरण करना, जीवन–धर्म समझाना, मानव–व्यवहार सिखलाना तथा आर्थिकोपार्जन था। आंग्ल शिक्षा पद्धति ने शिक्षा द्वारा अंग्रेजी में कुशल कार्मिक पैदा करने का काम प्रारम्भ कर दिया था। अंग्रेजों द्वारा इस प्रक्रिया को डूँगरपुर में शासन और प्रशासन के साधान के रुप में विकसित करने का असफल प्रयास किया। बीसवीं शताब्दी से पूर्व शिक्षा के विकसित होने और पिछड़ेपन को स्पष्ट कर पाना आसान कार्य नहीं है। शिक्षा के बेहतर होने एवं पिछड़े होने के कोई शोधित मापक उपलब्ध नहीं है। मात्र तर्क एवं तुलना के आधार पर डूँगरपुर राज्य में बीसवीं शताब्दी से पूर्व शिक्षा की स्थिति को बताने का प्रयास किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. एल.आर. भल्ला – राजस्थान का भूगोल, कुलदीप पब्लिकेशन्स, 1998, पृ. 93
2. नरूला एण्ड नायक – भारत में शिक्षा का इतिहास, 1951, पृ.स.43
3. डूँगरपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट 1888 पैरा–5
4. डूँगरपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट 1891 पैरा–3
5. शर्मा गिरिजाशंकर – राजस्थान में शिक्षा का इतिहास, कलासन प्रकाशन, अजमेर
6. शर्मा दशरथ – राजस्थान थ्रूदी एजेज पार्ट(फर्स्ट), पृ.स. 73

****

गौतम बुद्ध के दार्शनिक व शैक्षिक विचारों की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता

सुरेन्द्र प्रताप सिंह खरे *

शोध सारांश – शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है कोई समाज इसकी व्यवस्था अपने उद्देशों की प्राप्ति के लिए करता है जिससे यह पता चलता है कि किसी समाज की शिक्षा उसकी तात्कालीन परिस्थितियों एवं उसके भविष्य की आकांक्षाओं के अनुकूल होती है वौद्ध कालीन शिक्षा संसार की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रणाली में से थी महात्मा बुद्ध के दार्शनिक व शैक्षिक विचारों की प्रासंगिता जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में है महात्मा बुद्ध द्धारा दिये गये विचारों का यदि सच्ची निष्ठा से पालन किया जाये तो हम सभी समस्याओं से मुक्ति पा सकते है। महात्मा बुद्ध के सत्य, अहिंसा, अष्टांगिक मार्ग तथा मध्यम मार्ग के सिद्धान्त वर्तमान समय में अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गये है इनका अनुपालन करके समाज, देश तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शान्ति, सामाजिक सद्भाव व विश्व बन्धुत्व लाया जा सकता है।

प्रस्तावना – बौद्ध धर्म के दार्शनिक एवं शैक्षिक विचार आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक है। सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक व नैतिक, राजनीतिक, शैक्षिक, पर्यावरणीय सभी दृष्ठिकोणों को बौद्ध धर्म के दार्शनिक व शैक्षिक विचारों ने प्रभावित किया। महात्मा बुद्ध के अनुसार शिक्षा के प्रसार से व्यक्ति को आत्म ज्ञान की प्राप्ति होती है तथा अविद्या या अज्ञान का नाश हो जाता है। ज्ञान प्राप्ति से व्यक्ति आवागमन के चक्र से मुक्त हो जाता है।

बौद्ध धर्म के दार्शनिक व शैक्षिक विचारों की प्रांसगिकता तत्कालीन समाज से लेकर वर्तमान समय के समाज तक निर्विवाद रूप से स्पष्ट है। सामाजिक रूप से विभक्त तत्कालीन समाज को बौद्ध धर्म ने एकता के सूत्र में बाँधने का काम किया। तत्कालीन समाज परम्परागत रूप से चार वर्णो यथा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र में विभक्त था। समाज में ऊँच–नीच, छुआ–छूत जाति प्रथा स्पृश्यता, पशुबलि, आदि कुप्रथायें व्याप्त थी। भगवान बुद्ध ने उपरोक्त कुप्रथाओं का विरोध किया तथा मानव मात्र की समानता का संदेश दिया उन्होंने वर्णव्यवस्था का खण्डन किया तथा कहा कि यथार्थ जीवन में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र इन चारों वर्णो की सृष्टि मानव निर्मित है। भगवान बुद्ध का कहना था कि– 'केवल ब्राह्मण ही स्वर्ग भोग के पात्र नहीं होते वरन् अपने पवित्र कर्मो द्धारा अन्य वर्णो के लोग भी स्वर्ग–सुख के सुयोग्य पात्र हो सकते है।' महात्मा बुद्ध मानव जाति की समानता के अनन्य पोषक थे। यही कारण था कि संघ का द्धार सभी जातियों के लिए खुला रखा था। महात्मा बुद्ध के उपरोक्त विचारों को वर्तमान समय में भी महत्व दिया जाता है। सम्राट अशोक से लेकर महात्मा गाँधी, डॉ0 अम्बेडकर, श्री नारायण गुरू आदि महापुरूषों ने बौद्ध दर्शन से प्रभावित होकर मानव मात्र की समानता के लिए विभिन्न आन्दोलन किया तथा भारतीय संविधान में समानता का अधिकार नागरिकों को प्रदान किया गया साथ ही अस्पृश्यता का अंत किया गया। बौद्ध धर्म के सामाजिक पहलू की प्रासंगिकता आगे आने वाले समय में भी बनी रहेगी। बौद्ध धर्म के विचारों का अनुशीलन कर सामाजिक समरसता स्थापित की जा सकती है।

धार्मिक दृष्टि से बौद्ध धर्म का योगदान अविस्मरणीय है। गौतम बुद्ध ने जिस धर्म का प्रतिपादन किया उसका आदर्श **'मानवता का कल्याण'** था। महात्मा बुद्ध ने जिस धर्म का उपदेश दिया वह भिक्षु धर्म से भिन्न उपासक धर्म था। बौद्ध धर्म ग्रंथों में धर्म के प्रमुख लक्षण अहिंसा, प्राणियों पर दया, सत्यवचन, माता–पिता की सेवा, गुरूजनों की सेवा व सम्मान, ब्राह्मणों–श्रमणों को दान, मित्रों परिचितों सम्बन्धियों आदि के साथ अच्छा वर्ताव करना, इत्यादि बताये गये है। ये बाते सभी धर्मो में समान रूप से श्रद्धेय मानी जाती है। महात्मा बुद्ध द्धारा बताये गये धर्म के प्रमुख लक्षण वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है तथा ये लक्षण सभी धर्मों में व्याप्त है, परन्तु वर्तमान भौतिकतावादी युग में अपनी स्वार्थवादी नीतियें के चलते व्यक्ति धर्म से विमुख हो गये है या कहें कि धर्म भी अपने लक्ष्य की पूर्ति करने में असफल हो रहा है। वर्तमान समय में व्याप्त धार्मिक व साम्प्रदायिक भेदभाव, तनाव, वैमनस्य आदि इसी धार्मिक भटकाव के परिणाम है। महात्मा बुद्ध ने जिस मानवतावादी धर्म का प्रतिपादन कर बौद्ध धर्म को कालान्तर में विश्वधर्म बने का गौरव प्रदान किया, आज यदि हम धार्मिक मतभेदों को भुलाकर इस मानवतावादी धर्म के सिद्धान्तों पर अमल करें तो विश्व में धार्मिक समरसता तथा विश्व बंधुत्व की भावना स्थापित की जा सकती है।

आध्यात्मिक तथा नैतिक दृष्टि से बौद्ध धर्म के दार्शनिक तथा शैक्षिक विचार आज भी प्रासंगिक है। महात्मा बुद्ध जटिल दार्शनिक समस्याओं में कभी उलझे नहीं तथा एक नैतिक दार्शनिक के रूप में उन्होंने मनुष्य के नैतिक व सामाजिक गुणों के विकास पर ही बल दिया उनकी दृष्टि में ज्ञान तथा नैतिकता (शील) दोनों ही महत्वपूर्ण है, परन्तु नैतिकता ज्ञान से सर्वोच्च है क्योंकि वही ज्ञान प्राप्ति का साधन है। अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, सदाचार, सत्य वचन, निर्व्यसन आदि ऐसे तत्व है जिनका अनुपालन करने से व्यक्ति आध्यात्मिक व नैतिक दृष्टि से सृदढ़ बना है। महात्मा बुद्ध द्धारा बताये गये नैतिकता के नियम व आष्टांगिक मार्ग का अनुसरण करके मनुष्य न केवल दु:खों से निवृत्ति पा सकता है, समाज में चतुर्दिक सुख शान्ति समृद्धि तथा सदाचार की स्थापना की जा सकती है। बौद्ध धर्म में प्रतिपादित नैतिकता (शील) के सिद्धान्त वर्तमान समय में अत्यधिक प्रासंगिक है। आज का समाज तथा मानव चोरी, लालच, व्यभिचार, घृणा, द्धेष, ईर्ष्या, व्यसन, मिथ्यावचन, भौतिकतावाद व पाश्चात्य संस्कृति से इस तरह घिर गया है

* शोधार्थी (इतिहास) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

कि समाज व व्यक्ति नैतिक पतन की दिशा में अग्रसर होता जा रहा है। व्यक्ति, व्यक्ति का ही दुश्मन बना हुआ है। अत: आज आवश्यकता है कि महात्मा बुद्ध द्वारा दिये गये शील सम्बन्धी नियमों का छात्रों तथा समाज के लोगों को बोध कराया जाय ताकि इससे सीख लेकर अपना तथा समाज का नैतिक उत्थान करने में सक्षम हो सकें, और एक ऐसे समाज का निर्माण हो जो सभी तरह के दुर्गुणों से मुक्त नैतिक समाज हो।

बौद्ध धर्म के दार्शनिक व शैक्षिक विचार राजनीतिक क्षेत्र को भी प्रभावित करते आये है तथा इसकी प्रासंगिकता आने वाले समय में भी रहेगी। बौद्ध धर्म का उदय ऐसे समय में हुआ है जब तलवार ही शक्ति का निर्धारण करती थी देश अनकों छोटे-छोटे राज्य में विभक्त था। एक राजा दूसरे राज्य से अपनी सीमा विस्तार हेतु संघर्षरत था। ऐसे समय में महात्मा बुद्ध द्वारा मानवता के लिए दिया गया संदेश कि **'जिओं और जीने दो' 'अहिंसा परमो धर्म:'** विश्वबंधुत्व की भावना आदि राजनीतिक रूप से विभक्त देश को एकता के सूत्र में बाँधने का काम किया। महात्मा बुद्ध के अहिंसा तथा विश्वबंधुत्व की अवधारणा को अशोक जैसा महत्वकांक्षी सम्राट अपनाकर इतिहास में अशोक महान् के नाम से जाना गया। सम्राट अशोक ने भेरीधोष के स्थान पर धम्मघोष के मार्ग का अनुसरण किया तथा अपने साम्राज्य में पशुबलि, युद्ध अभियान आदि को त्याग कर अपना बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार में लगाया तथा इसे विश्व धर्म बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान प्रणेता महात्मा गाँधी ने **बौद्ध धर्म के सत्य व अहिंसा का प्रयोग करके** अंग्रेजों को हथियार डालने पर मजबूर कर दिया। **पं0 जवाहर लाल नेहरू** ने बौद्ध के **पंचशील सिद्धान्त** को अपनाकर चीन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार की स्थापना की। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बौद्ध धर्म के अहिंसा व सहअस्तित्व की भावना से प्रभावित होकर अन्तराष्ट्रीय शांति-समझौते हो रहे है। यदि बौद्ध धर्म के आदर्शो, मूल्यों सिद्धान्तों का सच्ची निष्ठा से पालन किया जाय तो विश्व आतंकवाद रूपी दानव से मुक्ति पा सकता है तथा अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव व विश्व बन्धुत्व की कल्पना साकार हो सकती है।

शिक्षा के सम्बन्ध में भी बौद्ध धर्म के विचार अत्यधिक महत्वपूर्ण है। बौद्ध शिक्षा प्रणाली में आधुनिक शिक्षा के लक्षण दिखायी देते है। बौद्ध शिक्षा का द्वार सभी जाति वर्ग के लिए खुला था। बौद्ध शिक्षा प्रणाली जनतंत्रीय शिक्षा व्यवस्था पर आधारित थी। जहाँ प्राचीन शिक्षा व्यवस्था केवल उच्च वर्ग तक ही सीमित थी वहीं बौद्ध शिक्षा सर्वसाधारण के लिए सुलभ थी। शिक्षा व्यवस्था नि:शुल्क थी। विद्यार्थियों को आध्यात्मिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा भी दी जाती थी ताकि छात्र भावी जीवन के लिए अपने को तैयार कर सके। बौद्ध धर्म की उपरोक्त शैक्षिक विशेषता वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में भी दृष्टिगत होती है। आज सरकार की तरफ से नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी संचालित किये जा रहे है। शैक्षिक पाठ्यक्रम में विभिन्न महापुरूषों, क्रान्तिकारियों आदि को शामिल कर विद्यार्थी में तद्रूप गुणों के विकास पर बल दिया जा रहा है। शिक्षा में योग को शामिल कर विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास पर बल दिया जा रहा है। इस प्रकार स्पष्ट है के बौद्ध शिक्षा व्यवस्था की झलक वर्तमान समय की शिक्षा व्यवस्था में भी दिखायी देती है।

उपरोक्त तथ्य से स्पष्ट है कि महात्मा बुद्ध के दार्शनिक व शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकता जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में है। महात्मा बुद्ध द्वारा दिये गये विचारों का यदि सच्ची निष्ठा से पालन किया जाय तो सभी समस्याओं से मुक्ति पा सकते है। महात्मा बुद्ध के सत्य, अहिंसा, आष्टांगिक मार्ग तथा मध्य मार्ग के सिद्धान्त वर्तमान समय में अत्यधिक महात्वपूर्ण हो गये है। इनका अनुपालन करके समाज देश तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति, सामाजिक सदभाव व विश्व बंधुत्व लाया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मिश्र डॉ0 जयशंकर- प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास- बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी पटना पृष्ठ 841
2. पाण्डेय डॉ0 राजवली- प्राचीन भारत- विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी 2010, पृष्ठ 125
3. झा द्विजेन्द्रनारायण, श्रीमाली- कृष्णमोहन- प्राचीन भारत का इतिहास- हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय 2006, पृष्ठ 156
4. दिनकर रामाधारी सिंह- संस्कृति के चार अध्याय- लोकभारती प्रकाशन पटना 2008, पृष्ठ 205
5. पाण्डेय विमल चन्द्र- प्राचीन भारत का राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास भाग 1- सेन्ट्रल पब्लिशिंग हाउस इलाहाबाद 2011, पृष्ठ 201
6. श्रीवास्तव डॉ0 कृष्णचन्द्र- प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति- यूनाइटेड बुक डिपो इलाहाबाद 2012, पृष्ठ 795
7. पाण्डेय, गोविन्दचन्द्र- बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास- उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान 2004 पृष्ठ 120
8. वाशम डॉ0 ऐ0एल0- अद्भुद भारत- शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी आगरा
9. सिंह डॉ0 मदन मोहन- बुद्धकालीन समाज और धर्म- हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय 1999 पृष्ठ 121

****

मुगलकालीन भारतीय सांस्कृतिक परिवेश को जानने के स्त्रोत

डॉ. सुनीता शुक्ला *

प्रस्तावना – विश्व कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने लिखा था कि'इतिहास ग्रन्थों मे प्राप्त भारतवर्ष का इतिहास एक दु:स्वप्न मात्र है जो निरंतर बदलते रहने वाले रक्तरंजित स्वप्न के दृश्य पर से ढका हुआ है। उसमें भारत के यथार्थ इतिहास के दर्शन नहीं मिलतें।' सुप्रसिद्ध विद्वान डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल ने भी लिखा है कि 'सारे मध्यकाल मे हिन्दू संस्कृति का तेजस्वी सूर्य इस्लामी घटाटोप के बावजूद तपता हुआ दिखाई पड़ता है।

'भारत मे मुगल साम्राज्य का इतिहास हमारा परिश्रमसाध्य किन्तु प्रामाणिक रहा है। तत्कालीन इतिहासज्ञों के ग्रन्थों के पन्नों की छान-बीन करके हमने ऐसी घटनाओं का संग्रह किया है जिनके आधार पर हम उचित व्यापक कथनों का प्रतिपादन कर सकते हैं।'[1]

घटनाऍ एक प्रकार की ईटें है जिन पर तर्क के द्धारा ज्ञान रूपी भवन खड़ा किया जा सकता है।[2] संक्षेप मे यह माना जाता है कि इतिहास अध्ययन का कोई अलग विषय नहीं है बल्कि समाज के सामान्य विज्ञान की रचना करने वाले परस्पर सम्बन्धित अध्ययनों में से एक है।[3]

मुगलकाल मे अनेक ऐतिहासिक ग्रन्थ लिखे गये है। परन्तु इन ग्रन्थों मे सबसे अधिक न्यूनता सांस्कृतिक दशा के वर्णन की है। अब प्रश्न उठता है कि वे कौन से साधन हैं जिनके द्धारा हम 'मुगलकालीन भारत का सांस्कृतिक परिवेश' का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

1. **ऐतिहासिक अभिलेख –** मुगलकाल मे अनेक ऐतिहासिक ग्रन्थों की रचना की गई है। इन ग्रन्थों मे बाबर द्धारा रचित 'तुजुक-ए-बाबरी' का नाम विशेष उल्लेखनीय है। तुर्क मे लिखी गई बाबर की आत्मकथा का अब्दुल रहीम खानखाना ने फारसी मे अनुवाद किया है। इस ग्रन्थ का श्रेष्ठतम अंग्रेजी अनुवाद श्रीमती बेवरीज का है। इसमें बाबर ने भारत की आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक व राजनैतिक दशा का वर्णन किया है। डॉ. आशीवार्दी लाल श्रीवास्तव लिखते हैं कि 'बाबरनामा पढ़ने से पता चलता है कि प्राकृतिक सौन्दर्य के प्रति उसका कितना अगाध प्रेम और विकट आकर्षण था, तथा मानवीय गुण-गरिमा और दोष दुर्बलता से उसका चरित्र निर्मित था। यह पुस्तक का युग के इतिहास का प्रमाणिक ग्रन्थ है।'[4]

हुमायूँनामा – हुमायू (1530-40), (1545-56) की बहन गुलबदन बेगम ने 'हुमायूँनामा' नामक ग्रन्थ की रचना की है। इसमें हुमायू के शासनकाल की गतिविधियों का वर्णन है। अभिलेखों मे से ख्वामादीर का 'हुमायूँनामा' भी एक मनोरंजक दस्तावेज है। अपने इस अन्तिम ग्रन्थ को उस प्रसिद्ध इतिहासकार ने मुगल सम्राट हुमायूॅ के विशेष आग्रह पर 1534 ई. (941 हि.) के प्रारंभ मे लिखा था। सम्राट द्धारा प्रवर्तित नवीन युक्तियों और अनूठे रचना कौशल का उल्लेख इसकी विशेषताऍ हैं।[5]

तारीख-ए-शेरशाही – 'तारीख-ए-शेरशाही', 'तारीख-ए-दाउदी' और 'वाकयात-ए-मुश्ताकी' मे सामाजिक एवं आर्थिक दशा का पर्याप्त चित्रण है। 'तारीख-ए-शेरशाही' ऐसे अनेक लोगों की जीवनियों के सतर्क संकलन के लिए प्रसिद्ध है जो उस समय जीवित थे और जो उन दृश्यों के सक्रिय भागीदार थे और तदन्तर जिन्होने अपने अनुभव लेखक को सुनाए, जिसने आवश्यक सावधानी और परीक्षण के पश्चात् उन्हें संकलित किया।[6] 'तारीख-ए-दाउदी' खण्डित और बिजरी है और असम्बद्ध संस्मरणों से कुछ अधिक नहीं है। इसी तरह' वाकयात-ए-मुश्ताकी' क्रमबद्ध नहीं है और उसमें लम्बे विषयान्तर हैं। दोनो ग्रन्थ कौतुकों तथा अन्धविश्वासों से परिपूर्ण हैं, विशेषत: वाक्यात में तत्कालीन प्रसिद्ध सरदारों और सन्तों के उपाख्यानों, चमत्कारों, प्रेतों, दानवों जादू और बाजीगरी की मुर्खतापूर्ण कहानियों की खिचड़ी कृति को कुरूप कर देती है और इन सबसे लेखक की ओर उसके काल के अन्धविश्वास की प्रवृत्ति प्रकट होती है।[7]

आइन-ए-अकबरी – मुगलकाल का सबसे महत्वपूर्ण ग्रन्थ अबुलफजल कृत्तआइन-ए-अकबरी' है। 'ब्लोचमैन' तथा जेरटे ने इसका अनुवाद किया है। 'आइन-ए-अकबरी' सामाजिक इतिहास का स्मारक है किन्तु उसका महत्व मुख्यत: उन विभिन्न विकासों को लेख बंद करने मे है जो अकबर के शासनकाल तक सम्पन्न हुये थे, जबकि महान मुगल सम्राट ने सूत्र अपने हाथ मे लेकर सामाजिक प्रगति के कार्य को एक कदम आगे बढ़ाया लेखक ने दावा किया है कि उसने कृति का संकलन विश्वकोष के तरीके पर किया है, जहॉ सब तरह की उपयोगी सूचना मिलेगी और जिसकी सहायता लोग जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सन्दर्भ, अनुदेश और मनोरंजन के लिए लेगें।[8]

'प्रथम वार सजीव लोग हमारे समक्ष चलते-फिरते दिखाई देते हैं और उस समय के महान प्रश्न, बहुविश्वसनीय तत्कालीन स्वयंसिद्ध तथ्य, अनुकरणीय सिद्धांत, और बहुविश्वासनीय प्रेत हमारी ऑखों के सम्मुख सच्चे और सजीव रंगों मे प्रस्तुत किये गये हैं।'[9] आइन-ए-अकबरी के विषय मे अबुल फजल लिखते हैं कि 'अपनी पुस्तक मे वर्णित ऐसे प्रत्येक विषय के लिये उसने पूर्ण सर्तकता से बीस ज्ञापन तैयार किये और सावधानी पूर्ण तुलना और परीक्षण के पश्चात् अपनी पुस्तकों में उन तथ्यों का संकलन किया।[10]

आएन-ए-अकबरी की आलोचना – श्री डब्ल्यु कुक लिखते हैं 'जो कोई भी अकबर के शासन के विश्वकोशीय ऐतिहासिक ग्रन्थ आइन-ए-अकबरी को पढ़ता है, उनमें से किसी भी विभागीय स्वरूप के किसी अभाव को समझने मे असफल नहीं हो सकता है। अकबर विस्तार का स्वामी था, किन्तु यहॉ इस विस्तार को उसकी चरम सीमा तक पहुंचा दिया गया है। इसमें हमें शिविर एवं राज्य परिवार, अस्तबल तथा बंदीखानों, शस्त्र और आखेट विभाग के संगठन का वास्तविक विवरण मिलता है। दूसरी और जैसा कि हम समझते है, शासन

* प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

की आवश्यक बातें अर्थात् पुलिस तथा न्याय कार्य, राष्ट्रीय साधनों, अकाल के समय की सहायता, शिक्षा तथा चिकित्सीय सहायता के सम्बन्ध मे कुछ भी जानकारी नहीं हो पाती है।[11]

आइन-ए-अकबरी मे दिये हुये अंकों पर कितना विश्वास किया जाये, कहना कठिन है............। आइन-ए-अकबरी मे उल्लिखित मालगुजारी के सम्बन्ध मे यह प्रश्न हो सकता है कि क्या यह एक प्राक्कलन न था और क्या यह कभी भी राज्य के लिये वसूल की गई थी।[12]

मुगल कालीन अन्य ग्रन्थ - मुगल काल के सांस्कृतिक परिवेश क विशद अध्ययन के लिए निम्न अन्य ग्रन्थ भी महत्वपूर्ण है -

1. मुल्ला दाउद कृत-तारीखे अल्खी
2. अब्दुल बकी कृत- मासीर-ए-रहीमी
3. अब्दुल कादिर बदायूनी का मुन्तखन-उत-तवारीख
4. निजामुद्दीन अहमद कृत-तत्कात-ए-नासिरी
5. मिर्जा मोहम्मद कासिम का-आलमगीरनामा
6. अब्दुल हमीद का-पादशाहनामा
7. हनायत खॉ का शाहजहॉनामा
8. इलियट और डाउसन का भारत का इतिहास

निष्कर्ष -

1. मुगलकालीन भारत के सांस्कृतिक परिवेश को जानने के साधन अति अल्प मात्रा मे है।
2. अधिकांश लेखक मुगल बादशाहों के जीवन विलासिता, दरबारी वातावरण का वर्णन करते है।
3. प्राप्त साधनों से सबसे न्यून जानकारी सांस्कृतिक इतिहास की है।
4. मुगल काल के सांस्कृतिक परिवेश की सबसे महत्वपूर्ण जानकारी का स्त्रोत अबुल फजल कृत-आइन-ए-अकबरी है।
5. अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी अत्यधिक न्यून है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एस.आर.शर्मा-भारत मे मुगल साम्राज्य, द्वितीय संस्करण 1965, पृ. 767.
2. पीगू-मेमोरियल्स ऑफ आल्फ्रैड मार्शल, पृ.86, मैकमिलन, सन् 1925.
3. हर्नशा, आर्ट-'साइंस ऑफ हिस्ट्री' आउट लाइन ऑफ मार्डन नोलेज, पृ.809
4. आर्शीवादी लाल श्रीवास्तव-भारत का इतिहास -चतुर्थ संस्करण, पृ. 325.
5. संवाद, 125.
6. अब्बास खॉ शेरवानी कृत- तारीख-ए-शेरशाही, 3.
7. इलियट और डाउसन, चतुर्थ संस्करण-537 अफगानों का और अधिक सम्बद्ध वर्णन 1613 मे नियामतुल्ला द्वारा संकलित ग्रन्थ 'मखजन-ए-अफगानी' में मिलता है।
8. के.एम.अशरफ-हिन्दुस्तान के निवासियों का जीवन और उनकी परिस्थितियॉ अनुवादक डॉ.के.एस. लाल. पृ. 12-13.
9. आइन-ए-अकबरी-अबुल फजल कृत, तृतीय संस्करण, पृ.282 'यह विभिन्न तरह के ज्ञान का भण्डार है। चतुर और कुशल विद्वान इसकी सहायता ले सकते है, और यहॉ तक कि विदूषक और ढॉगी जन भी इससे लाभ उठा सकते है, बालवन्द के लिए यह मनोरंजन का श्रोत हो सकता है और प्रौढ़ तथा परिपक्व लोगों के लिए सूचना भण्डार का काम दे सकता है। बुजुर्ग इसमें युगयुगीन परिपर्व ज्ञान और आभिजात्य पायेगें और सद्गुणी लोग इसमें सद्व्यवहार की संहिता पायेगें।
10. आइन-ए-अकबरी, अंग्रेजी-अनुवाद, प्रथम, भूमिका, पंचम।
11. आइन-ए-अकबरी, द्वितीय, 252.
12. एन.डब्ल्यू.पी. पृ.101-102.
13. जे.आर.रीड

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

Impact Of Tea Production On The Economic And Geographical Scenario Of Kumaon Mandal (Uttarakhand) 'A Brief Study From Kausani (Bageshwar)'

Manoj Kumar Tamta* Dr. Jyoti Joshi**

Abstract - Himalyala region is the very sensitive for the agricultural and land use activities. Increasement of waste land and degradiation are the biggest problem in these Himalayan region. While the other hand there are much unemployment and migration of developing hill areas. Natural hazards of Himalayan region also take important place where the landforms are having agriculture land as the land use. The some modern technology to rural and hill area development specifically plantation of commercial crop such as tea, development of cultivable waste land, the groundwater use etc. after the half of the nineteenth century plantations have been adopted by Indian sub contitant such humans as crawling out of the agricultural place. For the reduce of wasteland and unemployment in himalyan region Tea plantation can be the batter choice. Tea plantation is suitable for the hill state due to its particular climatic conditions. Tea is the most demandable liquid after water. Therefore the tea is known as a national liquid of India.

Introduction - Migration from rural areas (particularly hills) to urban areas inside the country, the rate of migration has been a lot of higher. In Uttarakhand hill state inside the nine hill districts and is growing hastily. Population in Pauri Garhwal and Almora districts has declined due to migration. Between 2001 and 2011, the districts registered decadal populace boom charges of -1.41 percent and -1.28 percent respectively (senses 2011). Inadequate education and fitness centers and shortage of employment alternatives to farming. Uttarakhand is commonly an agricultural state although its share within the total region and manufacturing may be very small. Lack of employment opportunities, no innovation in agriculture, absence of right training and clinical facilities, and developing water shortage have robbed the mountains in their citizens. Every day, busloads of human beings lock up their houses inside the Garhwal, Kumaon and Johar regions, in the low hills and the high mountains, and are available to the cities inside the plains searching for an less complicated lifestyles. According to the 2011 Census, nearly 1,100 villages in Uttarakhand have seen a decline in population, a few to a degree that their inhabitants can be counted on one hand. Waste land in Uttarakhand is 16097.46, 30% of total vicinity. More than 1,000 villages have been deserted for the seeking of job. Of the 13 districts of Uttarakhand, migration has hit nine hill districts over the last decade. According to latest census reports, two hill districts, Pauri and Almora, show a negative growth in population (In the case of Pauri 6,97,078 in 2001 to 6,86,527 in 2011 and in case of Almora 6,32,866 in 2001 to 6,21,927 in 2011). This type of terrible condition shown every hill district.

According to Census 2011, of Uttarakhand's 16,793 villages, 1,053 haven't any inhabitants and any other 405 have a population of much less than 10 faimilies. The range of such ghost villages has reportedly raised specially after affect the problem of employment, unproductivity of land and hazards. Hills and high mountains are the biggest part of this region. The state government's Annual Plan shows that the per capita income in the villages specially in hills is much lower than inside the plains. This does not mean that the employment generation and production capacity of the hill areas is low, but the production capacity of these areas is very high especially commercial plantation and fruits. Untended land turns barren or is protected with by means of resilient weeds and shrubs (such as Lantana and Parthenium) which might be very tough to clear. Such factors have triggered a perceptible decline in agriculture, productivity and wasteland. According to the Union Ministry of Agriculture, the net sown in area in the state has declined by using round 10 percent, from 769,944 (ha.) in 2000-01 to 701,030 (ha.) in 2013-14. Experts cite a few different purpose for the decline of farming within the region, extremely effective implementation of welfare schemes similar to the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA) it works good in Himalayan areas but such works are not enough for the development of hill state.

In Uttarakhand, agricultural activities are mostly depends on rain, especially in hill areas. Irrigation facilities are very hard to find in hill and mountain areas. There may be very little in terms of irrigation infrastructure within the higher altitudes. Changing climatic conditions may also accelerate growing stages of migration. In Himalaya vicinity there are large trouble of migration, herbal disaster, waste land and unemployment. Tea production is a better option for the

*Research Scholar (Geography) S.S.J. campus Almora, Kumaoun University, Nainital (Uttarakhand) INDIA
**Asst. Professor (Geography) S.S.J. campus Almora, Kumaoun University, Nainital (Uttarakhand) INDIA

problem of employment and diversion. Especially for mountain areas such as Uttarakhand.

The study area - After the formation of Uttarakhand on 9th November 2000, the state is divided into two divisions: Garhwal and Kumaun mandal, 6 districts in Kumaon division, out of which 3 districts are 100% hilly, 2 districts Nainital and Champawat partly plain and 1 district Udham Singh Nagar 100% is plain. Kumaun division lies between 28° 51'N to 30° 49'N latitude and 77° 43'E to 81° 31'E longitude. Area of entire Kumaon division is about 21035 sq km. In kumaon mandal of uttarakhand Kausani is the most beautiful town, situated at the border of Bageshwar and Almora district, the total area of 5.2 sq. km, its altitude is 1890 meter above from the mean sea level, located 51 km north from Almora district headquarter, Kausani is the birthplace of famous Hindi poet Sumitra Nandan Pant also. The ***Latitude and Longitude of Kausani*** is 29.8431N and 79.6033E. (figure in last page, figure 3)

Methodology - The study has included both primary and secondary data collection. Detailed information has been collected through different sources (govt., non- govt. and personal contacts) and detailed field study.

Result and Disscussion - Like the other parts of India, there is a lot of problem of migrating and degradation in Kumaon area, Consequently, out-migration from Uttarakhand is one of the highest in the country. It has also been cited by researchers that almost every household in the villages of Kumaun districts have at least one family member leaving the state in search of work. Kumaon area is surrounded by the middle Himalayas and Shivalik ranges. There is immense potential for employment and production in this area. Tea is one of the most famous and lowest value crop inside the world and consumed via a huge variety of people. Owing to its increasing call for, tea is considered to be one of the primary additives of global beverage marketplace. Tea plant life are propagated from seed and slicing; it takes about 4 to twelve years for a tea plant to bear seed and approximately 3 years earlier than a brand new plant is ready for harvesting. Tea vegetation requires as a maximum 127 cm (50 inches) of rainfall a 12 months and prefer acidic soils (4.5-five.Five ph). Many excessive- pleasant tea plants are cultivated at elevations of up to at least one,500 m (4,900 ft) above sea degree. While at those heights the plants develop greater slowly, they gather a higher flavour. Today, India is certainly one of the most important tea manufacturers within the global, even though over 70 in step with cent of its tea is ate up inside India itself. In India tea become particularly increasing and traumatic crop. India is the biggest manufacturer and purchaser country of the world it will likely be proper to mention that tea is the National Drink of this kingdom. India has 11 % mountain of total landmass which has suitable atmospheric conditions to grown tea plants. There are three countries which can be producers of a number of the excellent best tea in the global. Tea from India, China and Sri Lanka are known world over for his or her flavour and taste in addition to their liquor. Kumaun Mandal is a very favorable area for the production of tea. There are immense possibilities of tea production in many areas like Champawat, Bageshwar, Almora, Nainital and Pithoragarh districts. The Kumaon division has immense potential for tea production. The capacity of production under various programs is given in the following tables. The first table 1.0 shows that Tea is being produced in different areas of Kumaon through Uttarakhand Tea Vikash Board, out of which there is a possibility of more production in Kausani and Garur region. Wherever average average production is 211 quintals per Kausani, its capacity can be more than 300 quintals. Similarly, there is the possibility of producing 375 qwintals in Garur. Which is more than 100% of the actual production. Similarly, Munasari and Dhauldevi area also have zero production While there is also the possibility of production in these areas. Table number 2 shows the features under MNERGA tea production where it is clear that the potential production is much higher than actual production. Many places like Kapkot, Nainital, dholadevi, Dhari, Ramnagar are 50 to 100% less in actual production.

Project under uttarakhand tea development board

Region	Actual Pro. In (kw.)	Potaintail Pro (kw.)
Champawat	160	200
Ghorakhal	191	200
Jaorasi	1.8	200
Kausani	211	375
Garur	141	375
Munsyari	00	100
Dhauladevi	00	100

Source- Uttarakhand tea Development board Almora Table 1



Figure- 1. tea production under Uttarakhand tea board

Project under the Mahatma Gandhai National Rural employment guaranty scheme in kumaun

Region	Actual Pro.	Potaintial Pro
Dhauladevi	32	60
Takula	18	60
Garur	25	100
Didihat	20	60
Nainital	6	100
Kapkot	0	60
Ramgarh	1	60
Dhari	1	60

Source- Uttarakhand tea development board Table-2



Figure- 2 Production under MNREGA

A Study from kausani - kausani is the world famous tourist place not only its natural beauty also in tea production. In kausani the first plant of tea bring was in 1836, nursery was established 1993 and plantation was begin 1995. The present day it become speard to 211 hectare. The factory was established with the help of combined unit of Banglore Co. giriyas Pvt with 89 and 11 % share. Kausani tea state produce world level tea with many verities and qualities. Here are many species of tea plant which are very expensive, healthy and familiar with ecosystem. Main species are SEAT- 379,449,520, CLONE-AB2,T78,P312,RR144, UPASI9 and UPASI3 (this verity from South India), KANGDAJAT (himanchal species). Kausani tea state produce 265000 kg green leaves in a year. 5 kg green leaves makes one kg tea in winter season and 4 kg green leaves makes 1 kg tea in summer season so that's mean in summer season tea production is more than winter. Tea plantation can gives a large quantity of employment 1000 workers are involve in tea production in kausani they are also getting facilities many life insurance policy and funding policies. However the tea agriculture gives women employment in mountain regions more than 60% women are involve in tea agriculture all over India. Among working staff in kausani tea state,65% are women.

Tea plantation is very useful to environment and it can help to reduce wasteland with the of proper plan and government policies. In the time of developing age we can see that many problems are rapidly increasing like environmental degreadiation,soil pollution (erosion), deforestation they are the cause of increasing wasteland in uttarakhand as well as in india also. In uttarakhand 12790 km² (23.91%) land area is wasteland area in this area only 2.67% is plain most of the wasteland area is suitable for the plantation of tea. There is no way to change this soil and natural process takes many hundred years. The speed of tree destruction is 30 times more than the plantation. Tea production is the ideal plan for soil and moisture conservation in india with the help of biotic fertilizers. Tea is a perennial crop grown on sloping terrain and high rainfall areas. Though the soil under a perennial crop like tea is believed to be protected adequately by canopy and surface litter.

Bright prospect of Indian rural scene forecast in the course of Green Revolution', the progress in the agricultural production is still left behind the population explosion, and unemployment problem remains to be critical. The three main sources of rural development namely reclamation of cultivable waste land, utilization of groundwater, and promotion of intensive agriculture based on 'modern' technology, have been already exploited and the future of the villagers mainly depends on joh opportunities offered by the economic activist's outside rural, areas.

Tea plantation can reduce the environmental issues with the help of reforstration.

Migration to plane area is the emerging problem for the all hill states m

Tea plantation can appreciate the echo tourism. *Over a decade after the state was founded, nine of its 13 districts are facing a crisis of migration.* In uttarakhand production of tea can become the source of employment. Tea is the second most popular drink in the world, after water. For a number of developing countries it is an important commodity in terms of jobs and export earnings. Tea production is labour intensive and the industry provides jobs in remote rural areas. Kausani tea state gives employment and life security to employee. The amount of salary is 108rs per day 3240rs monthly with funding and LIC. Thease type of policies can reduce the migration and give support to rural peoples.**(See in the next page)**

References :-

1. Haridas P, An ideal plant for soil and moisture conservation in Tea Plantations In India.
2. The hindu, feb 14, 2016
3. Uttarakhand Tea Development Board.



Kumaun Division — Kausani

Source- Modified from the "buransh.com"

Figure-3 Location of Kausani

****

A Trend Analysis Of Rural Population Dependency In A City Region

Dr. Prabhakar Mishra*

Introduction - Population Dependency is a characteristic of population that introduces and determines the ratio between the Working and dependent population. It is an important factor to represent the salient feature of the population potential of that particular region which comes under an influence of a City. This trend of population plays vital role among the developmental aspects and potential of productivity of population. High dependency ratio of population decreases the pace of development due to liability of nourishing of dependent population. On the other hand low dependency ratio of population spares more potential to the developmental works of the region. Therefore, the trend of investment of population potential provides the foundation to the specialization of population structureand the changes of regional phenomenon.

In the global scenario to achieve High developmental growth rate meant as a sign of progress. Productivity of populationcan play an important role to determine the dimensions for the effective planning and execution of policies.It is obstinate to achieve and maintain the goal of regional development without high progressive growth rateand increase in population productivity.

Therefore, it is also important to evaluate the population productivity in the context of the status of dependency ratio of population. Here is a presentation of trend analysis of population dependency in accordance with the effect of distance from the core region of the city.

Study Area - Ujjain and its' environs is selected as the study area to performthe present study. It is an area that extends between 23^{0}04' 44'' to 23^{0}17' 43'' north latitudes and 75^{0}17' 42'' to 75^{0}54' 02'' east longitudes. The study area compriseswith the area of 111.32 sq. kilometer of core region that is Ujjain city and the area of 406.08 sq. kilometer of its' rural countryside.

The study area consists of 90 villages around the Ujjain city up to the peripheral distance of 15km. from the outer boundary of Ujjain municipal corporation service area. It is because of the fact that is the intensity of influence of urban services decreases as the spatial distance increases and the impacts of other nearest urban service centers are observed which influence the accuracy of the research study.

Objective of the Study - Of all the characteristics of population structure population Dependency ratio is an important factor to study the qualitative merits of population of an area. Present study deals with the changes in distribution of Population Dependency Ratio as a structural characteristicsof rural population due to the proximity and the intensity of the urban services to the villages which are located inIntensive zone, and Extensive zone of its city region.

Methodology - Distance from core to the city region is a geographical factor. It determines the intensity of impact of urban facilities rendered to the city region. Therefore, the villages located in the nearest and fartherest zone are taken to compare the factors pertaining to the population of study area.The villages of Intensive zone and Extensive zone of city region are inclusiveto the analysis of statistical data. On the basis of primary and secondary data of sample villages are collected to analys the Population Dependency Ratio. As the values are minor to compare. So, the ratio of dependency is computed on per thousand person in lieu of per cent person to better representation of data analysis.

Population Dependency Ratio - Population Dependency Ratio is depend on the Age Structure and the level of contribution of population to the production. It is the ratio of producers and consumers sector of population. To evaluate the total workforce of population or the population potential, Population Dependency Ratio is an important tool to be used as an statistical indicator. High dependency ratio increases the pressure on the productive population groups and minimise the workforce to the developmental works within the area of occupancy and affects the economy.

Ujjain and City Region : Population Dependency Ratio(See in the next page)

Data Analysis - Here is a tabular representation of collection of number of Dependents per thousand persons of sample families of sample villages. Table shows the six groups of dependents of family members of selected sample families. In this table Lower dependency group represents <400 persons and Highest dependency group represents >2000 persons per thousand working persons.

Under the closure distance, Intensive zone has 44.12 percent families under 800-1200 dependents group per thousand working persons. It is highest dependency rate of this group where as 26.47 percent families have <400

*Associate Professor (Geography) Govt. College, Mahidpur (M.P.) INDIA

dependents per thousand working persons. It is second highest dependency group. 1200-1600 and 1600-2000 both groups of dependents reported null. But group of >2000dependents reported 17.65 percent families under the group. Therefore, it is clear that one fourth of the families of this group have less dependency ratio where the lowest dependency ratio falls under the group of 400-800 dependents with 11.76 percent families.

Extensive Zone that is the farthest category of distance in study area has the highest percent of families i.e. 47.62 percent under <400 dependents that is the lowest dependency ratio group. The highest dependency group shows the lowest only 01.19percent of families. In this zone , there is a reverse relation between dependency and number of family, which is the uniquetrend of dependency ratio of population. In this regard Intensive zone represents the uneven variance with the aspects.

To evaluate the effect of distance from city on the dependency ratio among ruralpopulation of villages located in Intensive zone and Extensive Zone of the study area the result of Chi square test achieved by the computation of dependency datashows its value 28.65 at level of significance 01 and Degree of freedom 05 where table value 15.08 is lesser. Therefore, the result shows the significance and intimated the fact that the dependency ratio and the distance from the city are interrelated geographical variables.

Results - Thus, analysis of the study reflects the fact that distance from the city has a remarkable effect on the dependency ratio of rural population of countryside. The trend of dependency ratio of population and the location of rural population are correlated geographical aspects. But in this regard the other geographical factors are also need to be examined which affect the dependency of population in a city region.

References :-

1. Demko G.J:Population Geography : A Reader; Mac Grow Hill Company, 1970
2. Bansal S.C.: Town – Country Relationship in Saharanpur City –Region: A Study in Rural – Urban Interdependence Problems, Sanjeev Pub. Saharanpur,1975
3. Chandna R.C.: Introduction to Population Geography, Kalyani Publisher, New Delhi, 1980
4. Deshpande C.D., Arunachalam B. and Bhatt L.S. : Impact of a Metropolitan City on the surrounding Region, Concept Publishing Co. New Delhi, 1980
5. Lal H. : Population Geography, Radha Publication, New Delhi, 2000
6. Mishra Prabhakar : Gramin Jansnkhya Sanrachna par nagriya prabhav (in hindi) unpublished Ph.D. thesis, Vikram Univrsity, Ujjain,2006

Ujjain and City Region - Population Dependency Ratio

Number of dependents per thousand working person

	<400 -800	**400- -1200**	**800- -1600**	**1200- -2000**	**1600-**	**>2000**	**total**
Intensive Zone	09 (26.47)	04 (11.76)	15 (44.12)	00 (0.00)	00 (0.00)	06 (17.65)	34
Extensive Zone	40 (47.62)	15 (17.86)	13 (15.48)	09 (10.71)	06 (07.14)	01 (01.19)	84

Degree of freedom = 05Level of significance 01percent

Computed value of Chi sq = 28.65

Source : Based on personal interviews.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

Nutritional Iron Deficiency Among Women In Betul District

Smt. Kaneez Fatima*

Abstract - Iron Deficiency among women in Betul district have been investigated, anaemic women both rural and urban in Betul were interviewed to participate in this study. The diet survey has been conducted through oral questionnaire method in rural as well as urban areas of the study region. Information have been collected from women of rural and urban population. In the present survey oral questionnaire method has been adopted. Selected families of different communities were interviewed. To collect the required information a detailed schedule was prepared regarding dietary habits. Consumption of nutritional iron in rural women is 16.10 per cent and urban women is 2.35 percent, which is less than the standard requirement.
Key Words - Nutrition, Health, Iron, Deficiency, Anaemia.

Introduction - Iron deficiency, which is the main cause of anaemia, is the most common nutrition disorder worldwide (WHO 1998). WHO recognized anaemia as a world spread public health problems having major consequences on health as well as on social and economical development (WHO, 2001). Anaemia is a condition characterized by a reduction in the total circulating haemoglobin. Iron deficiency anaemia is insufficient production of haemoglobin, which contains, iron (Brady. 2007). It is also a major health problem in menstruating women particularly pregnant women are most frequently affected (Herchberg, 1992). The iron deficiency often co-exist with other conditions such as malnutrition, Vitamin A deficiency, Folate deficiency and infections. Limited health care, poor hygiene, sanitation and low literacy rate are the main problems leading to various nutritional deficiencies including iron deficiency. Iron deficiency is a major health problem for health professionals and a challenge for policy makers in India. It is a very common and nutritional deficiency and a serious hematological problem in pregnancy. It is a major contributing factor to maternal and fatal morbidity and mortality.

The Study Area - The Betul district is a study region which is situated in the mid-southern most part of Madhya Pradesh. The area under study lies between 21º22' north to 22º24' north latitudes and 77º4' east to 78º33' east longitudes. For administration, the region is divided into 08 tehsils and 10 development blocks. The development blocks and villages are basic units of the present study which comprise an area of 10,043 square kilometers and a population of 1,575,362 persons. The study area contributes 3.25 per cent of total geographical area of the Madhya Pradesh. The sex ratio of the study region as a whole was 971 females per 1000 males during study period. The average density of population was 157 persons per sq. kms. Agriculture is the main source of food and the majority of rural people of the area is engaged in agriculture and allied activities. The total net sown area of the region is 42.27 per cent. Food crops overwhelm the agriculture land use and account for nearly 56.34 per cent of the total cropped area. A food habit of the people varies from place to place according to the culture of the inhabitants.

Data Collection And Methodology- The diet survey has been conducted through oral questionnaire method in rural as well as urban areas of the study region. Information have been collected from women of rural and urban population. In the present survey oral questionnaire method has been adopted. Selected families of different communities were interviewed. To collect the required information a detailed schedule was prepared regarding dietary habits. Survey of rural centres were made during October 2014 to March 2015, while the survey of urban centres were made from April 2015 to September 2015. To conduct the diet survey a schedule was filled in ten selected rural centres and eight urban centres of the region. The total 500 families were surveyed out of which 260 families were from rural areas and 240 families from urban areas. Diet calculations of each family was carried out on the basis of various guidelines and recommendations given by ICMR. The average diet of each member has to be resolved for different nutrient, the daily per capita consumption of food stuff has been considered.

Data Analysis - Iron is a mineral that works with other substances to create haemoglobin, the compound that carries oxygen in the blood. Men need around 8 mg of iron in their diet, while women need up to 18 mg (27 mg if

*Research Scholar (Geography) Govt. M.G.M. P.G. College, Itarsi (M.P.) INDIA

pregnant). Rich sources of iron are cereals, millets, meat, fish, eggs, pulses and green leafy vegetables. Of the cereals grains and millets, bajra and ragi are very good source of iron. Most of the iron in the body is found in the blood, and some are present in every cells, bound to iron containing enzymes. Iron within metalloprotein, haemoglobin and myoglobin can bind to oxygen molecules and transport them through the blood or store them within muscles. Myoglobin is found only in muscles, where it serves as a reservoir of oxygen. Iron deficiency is the most common nutrient deficiency in women. Insufficient iron can lead to anaemia. Common symptoms include tiredness and breathlessness. Iron deficiency in pregnant women increases the risk of having a premature birth or weight baby, which can have a negative impact on the short and long-term health of the baby.

The average consumption of iron in the rural area is 23.49 mg per capita per day against the standard requirement of 30 mg per capita per day. The all India average consumption of iron is 28 mg per capita per day. Thus, in the study area, it is 21.66 per cent and 16.10 per cent less than the standard requirement and the all India average consumption respectively. Further, in the urban centres the average consumption of iron is 29.29 mg per capita per day, which is 2.35 per cent less than the standard requirement and 4.60 per cent more than the all India average consumption of iron. The regional average consumption of iron is 26.39 mg per capita per day, which is 12.03 per cent more than the standard requirement and 5.75 per cent less than the all India average consumption of iron.

In the rural centres all the ten villages have recorded deficit and none of the villages are recorded surplus. The quantity of iron consumption varies from village to village. It is highest in Umariya 29.61 mg per capita per day, and it is the lowest in Bijadehi 17.15 mg per capita per day. The NIN recommended 30 mg of iron per capita per day. Iron consumption of all the ten villages is below this recommended level in the Betul district i.e. Bijadehi 17.15 mg, Chillore 19.71 mg, Dunava 22.71 mg, Heerapur 25.76 mg, Hidli 23.10 mg, Khandara 20.43 mg, Kothalkund 24.55 mg, Malajpur 23.06 mg, Masod 28.83 mg, Umariya 29.61 mg per capita per day.

In the urban centres only two centres have recorded surplus i.e. Betul 44.88 mg and Chicholi 33.15 mg per capita per day and the other six centres are recorded deficit. The quantity of iron consumption varies from village to village. It is highest in Betul 44.88 mg per capita per day, and it is the lowest in Multai 22.07 mg per capita per day. The NIN recommended 30 mg of iron per capita per day. Iron consumption of six centres is below this recommended level in the Betul district i.e. Athner 25.08 mg, Multai 22.07 mg, Dhodaramohar 29.04 mg, Bhainsdehi 29.85 mg, Sarni 26.28 mg and Amla 24.00 mg per capita per day.

Conclusion - Iron deficiency anaemia is found to be a common problem in women both rural and urban areas of Betul district. The majority of iron deficient anaemic women are rural, thus it is concluded that iron deficiency anaemia is much more among rural female than urban especially in the child bearing age. The risk factors include multiple pregnancies, nutritional inadequacy. Iron deficiency anaemia is mostly a problem of the poor class as the majority of the women had a very low socio-economic status. Thus it can be concluded from this study that iron deficiency anaemia is the most common type anaemia among the anaemic women of Betul district.

References :-

1. Brady (2007) - Iron Deficiency Anaemia : A Call for Aggregation Diagnostic Evaluation, Southern Medical Journal, 100, 966-967.
2. Herchberg. S, et. al. (1992) - Nutritional Anemia's, Baillier's Clinical Hematology, 5, 143-168.
3. World Health Organisation (1988) - The World Health Report 1998- Life in the 21st Century, A Vission for All., Geneva, Switzerland.
4. World Health Organisation (2001) - Iron Deficiency Anaemia Assessment Prevention and Control : A Guide for Programme Managers, WHO/NHD.01.30Ref Type., Serial (Book, Monograph).

****

डिण्डौरी जिले की बैगा जनजातीय के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का शिक्षा पर प्रभाव

एकता मथनियाँ * डॉ. ए.एल. महोबिया **

प्रस्तावना - शिक्षा व्यक्ति की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैगा जनजातीय समुदाय को विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित करने में शिक्षा एक शक्तिशाली हथियार हो सकता है। इस हेतु भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् से ही प्रयास किये जा रहे है। इसके बावजूद भी यदि अन्य समुदायों की तुलना में बैगा जनजातीय साक्षरता को देखते है, तो इस समुदाय में साक्षरता की बहुत ही धुंधली तस्वीर हमारे सामने आती है। शिक्षा के मौलिक अधिकार, सर्वाशिक्षा अभियान और विभिन्न जनजातीय विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बाद भी इन क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति में बहुत बदलाव दिखायी नहीं पड़ते है। अशिक्षा के कारण ही कई दशको से इस समुदाय का शोषण होता आया है। तथा विकास की प्रक्रिया में भागीदार बनाना है। यह शोध पत्र बैगा जनजाति के सामाजिक, आर्थिक स्थिति का शिक्षा पर प्रभाव के अध्ययन पर आधारित है। बैगा जनजातीय क्षेत्रो में शिक्षा की वास्तविक स्थिति की दशा एवं दिशा पर आधारित है।

प्रस्तावना - साक्षरता मानव विकास की एक ऐसी चाबी है जो लोगों की आजीविका का साधनों तथा क्षमता कुशलता निर्माण के साथ उनकी सूचनाओं तथा संसाधनों की पहुँच बढाने में कुशल तरीके से परिवर्तन लाती है।

वर्तमान परिदृश्य में विकास का एक महत्वपूर्ण प्रतिमान शिक्षित समाज का होना है। शिक्षित समाज ही सभ्य समाज की स्थापना कर सकता है। जबकि बैगा जनजातीय समुदायो में शिक्षा की स्थिति अत्यंत दयनीय है, जिसके कारण ये आज भी आधारभूत सुविधाओं से वंचित है। बैगा जनजाति सामाजिक, आर्थिक स्थिति का शिक्षा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जब तक बैगा समाज की शिक्षा स्तर नहीं पढ़ती तब तक उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार का परिदृश्य नहीं देखा जा सकता है। बैग समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना बहुत ही जरूरी है ताकि वो आज की दुनिया से कदम से कदम मिलाकर चल सके।

बैगा जनजातीय समुदायो में शिक्षा की स्थिति अत्यंत दयनीय है जिसके कारण ये आज भी आधारभूत सुविधाओं से वंचित है। 2001 के अनुसार म.प्र. में बैगाओं को मात्र 26.2 प्रतिशत ही साक्षर है। जिनमें पुरूष 32.3 प्रतिशत साक्षर है एवं महिलाएँ 20.1 प्रतिशत साक्षर है।

शोध विधि - प्रस्तुत शोध प्रपत्र हेतु प्राथमिक व द्वितीयक आंकड़ो का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक आकड़ो का संकलन हेतु साक्षात्कार अवलोकन प्रविधियों का प्रयोग किया गया है। द्वितीय आकड़े जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, 2011 आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्था म.प्र. आदि का प्रयोग किया है।

अध्ययन क्षेत्र - सतपुडा पर्वतमाला के अंचल में तथा सलिल पावन नर्मदा की गोद में डिण्डौरी जिला जबलपुर संभाग के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य जिला है। यह जिला भौगोलिक दृष्टि से उत्तरी अक्षांश $22^{0}17'$ से $23^{0}12'$ तक एवं पूर्वी देशांतर $80^{0}35'$ से $80^{0}58'$ के बीच स्थित है। जिले के उत्तरी सीमा जिला, उमरिया, उत्तर पश्चिम जिला जबलपुर दक्षिण पश्चिम सीमा जिला मण्डला उत्तर पूर्वी जिला शहडोल एवं दक्षिणी पूर्वी सीमा बिलासपुर से घिरा हुआ है। यह जिला समुद्रतल से 1100 मीटर ऊँचाई पर स्थित है। जिले की भौगोलिक क्षेत्रफल 6128 वर्ग कि.मी. है।

जिले की मुख्य नदी नर्मदा हैं इसके अतिरिक्त तुडार, सिवनी, चकरार मचरार, कुतरार, बुडनेर, खरमेर, बिजाखन, सिलगी, नदियाँ है जो नर्मदा की सहायक नदी है। इस जिले में काली दोमट, सेहरा, रेतीली, तथा मुरूम युक्त मिट्टी पाई जाती है। **(मेप देखे आगे पृष्ठ पर)**

अध्ययन का उद्देश्य -

1. बैगा जनजाति में शिक्षा प्रगति का अध्ययन करना।
2. बैगा जनजाति की शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन करना।
3. उनके सामाजिक आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
4. साक्षरता दर में वृद्धि एवं कमी के कारणो का अध्ययन करना।

(ग्राफ देखे आगे पृष्ठ पर)

बैगा छात्र-छात्राओं की सामाजिक स्थिति (सारणी देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक के अंतर्गत बैगा छात्र-छात्राओं से उनकी सामाजिक स्थिति संबंधी जानकारी एकत्र करते हुए यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है कि क्या उनकी सामाजिक स्थिति उनके शैक्षिक विकास में सहयोग प्रदा करती है अथवा नहीं। प्राप्त आकंड़ो से निम्न तथ्य दृष्टिगोचर हुए है-

1. छात्र-छात्राओं से यह प्रश्न पूछने पर कि क्या आपका विवाह हो चुका है प्राप्त उत्तर में 8.8 प्रतिशत छात्रो तथा 87.8 प्रतिशत छात्राओं ने अपनी असहमति व्यक्त की है।
2. घर में प्रकाश, हवा की उचित व्यवस्था संबंधी प्रश्न पूछने पर 73.3 प्रतिशत छात्रो तथा 79.1 प्रतिशत छात्राओं ने असहमति व्यक्त की है।
3. शाला जाने के लिए आवागमन के साधन की उपलब्धा के संबंध में 60.1 प्रतिशत छात्र तथा 66.3 प्रतिशत छात्राओं के अनुसार शाला जाने के लिए साधन उपलब्ध नहीं है जिसके कारण कई कठिनाईया

* शोधार्थी (भूगोल) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत
** प्राचार्य, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

का सामना करना पड़ता है। यह परेशानी बरसात के दिनों में और बढ़ जाती है।

4. माता-पिता द्वारा नशा करने के संबंध में 75.6 प्रतिशत छात्र तथा 77.9 प्रतिशत छात्राओं ने अपनी सहमति व्यक्त की है।
5. नशे के कारण झगड़ा होने के संबंध में 65.9 प्रतिशत छात्रो तथा 76.7 प्रतिशत छात्राओं ने अपनी सहमति व्यक्त की है।
6. क्या झगड़े के कारण पढ़ाई नहीं हो पाती है इस प्रश्न के उत्तार में 54.7 प्रतिशत छात्र तथा 65.1 प्रतिशत छात्राओं से सहमति व्यक्त की है।
7. स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछने पर कि क्या आपके माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहता है इस संबंध में 67.6 प्रतिशत छात्र तथा 68.6 प्रतिष्ता छात्राओं ने सहमति व्यक्त की है।
8. बहुत अधिक खेलने से थकान के संबंध में 65.9 प्रतिशत छात्र तथा 62.8 प्रतिशत छात्राओं ने सहमति व्यक्त की है।
9. थकान के कारण आपके पढ़न-पाठन में बाधा उत्पन्न होती है, इस संबंध में 60.1 प्रतिशत छात्र तथा 76.2 प्रतिशत छात्राओं ने सहमति व्यक्त की है।

उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर कहा जा सकता है कि वह विदित है कि सामाजिक कारक शिक्षा के मार्ग में बाधा उत्पन्न करते है। यदि सामाजिक परिवेश शैक्षणिक दशा के अनुरूप न हो तो शिक्षा रूपी कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। प्राप्त आंकड़ो के विश्लेषण से यह विदित है कि सभी प्रकार के लैंगिक और सामाजिक भेदभाव शिक्षा को प्रभावित करते है। बाल्यावस्था में छात्र-छात्राओं का विवाह उनके शिक्षा मार्ग में बाधक है जो कानूनी दृष्टि से भी अनुचित है किंतु वर्तमान समय में भी जनजातीय क्षेत्रो में यह स्थिति दृष्टिगोचर होती रहती है। अधिकांश परिवार गरीब होने के कारण उनके घरो में प्रकाश व हवा की उचित व्यवस्था का अभाव है। माता-पिता द्वारा नशे के सेवन से पारिवारिक वातावरण अशांत रहता है। झगडे होते हैं जिसका प्रभाव बच्चो की शिक्षा पर पड़ता है। घरेलू कामकाज में बच्चों की संलग्नता से उन्हें खेलने का पर्याप्त समय नही मिल पाता, जिस समय का उपयोग खेलने में करते है उससे पाठन कार्य भी प्रभावित होता है तथा अधिक थकान से पढाई के प्रति रूचि नहीं रह पाती है।

आदिवासी क्षेत्रो में शाला आने-जाने के साधनो का भी अभाव दृष्ट्रिगोचर हुआ है। ये सभी कारक शिक्षा के मार्ग में चुनौती पूर्व माहोल की ओर इषारा करते है। अर्थात् इन सभी अवरोधो का पर्याप्त समाधान निकाले बिना सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है। इन तथ्यों की पुष्टि सांख्यिकी गणना के द्वारा भी स्पष्ट है।

बैगा जनजाति की आर्थिक स्थिति (सारणी देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक 2 के अतंर्गत बैगा छात्र-छात्राओं से उनकी आर्थिक स्थिति संबंधी जानकारियाँ एकत्र करते हुए यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है कि क्या उनकी आर्थिक स्थिति का प्रभाव उनकी शिक्षा पर पड़ता है। प्राप्त जानकारियो को निम्नवत् दर्शाया जाता है।

1. छात्र-छात्राओं से यह प्रश्न पूछने पर कि क्या आपके परिवार में केवल पिता ही कमाते है, इन प्रश्न के उत्तर में 71.7 प्रतिशत छात्र तथा 75.5 प्रतिशत छात्राओं ने सहमति व्यक्त की है।
2. क्या पिता की आय में घर का खर्च चल जाता है। इस संबंध में 51.2 प्रतिशत छात्र 53.5 तथा छात्राओं ने असहमति व्यक्त की है।
3. घर का खर्च पूरा न होने पर छात्र-छात्राओं से यह पूछने पर कि क्या आपको भी काम करना पड़ता है, इस संबंध में 58 प्रतिशत छात्र तथा 61.5 प्रतिशत छात्राओं ने सहमति व्यक्त की है।
4. आपकी मां भी काम करती है, यह पूछने पर 53.9 प्रतिशत छात्रो तथा 529 प्रतिशत छात्राओं ने अपनी सहमति व्यक्त की है।
5. क्या आपके परिवार में कर्ज का बोझ है, इस संबंध में 54.7 प्रतिशत छात्र तथा 52.3 प्रतिशत छात्राओं ने स्वीकार किया कि उनके परिवार में कर्ज का बोझ है।
6. आर्थिक कठिनाई के संबंध में पूछने पर 79.8 प्रतिशत छात्र तथा 69.8 प्रतिशत छात्राओं ने बताया कि उनके यहां आर्थिक समस्यायें बनी ही रहती है।
7. क्या आपका अपना घर है यह पूछने पर 80.6 प्रतिशत छात्रो तथा 54.9 प्रतिशत छात्राओं के अनुसार उनके अपने निजी घर है।
8. क्या घर में पर्याप्त जगह/कमरे है यह पूछने पर 62 प्रतिशत छात्रो तथा 62.8 प्रतिशत छात्राओं ने स्वीकृत किया है। उनके घर में पर्याप्त जगह कमरे नहीं है।
9. क्या घर की आवश्यक सभी वस्तुएं है। इस संबंध में 68.2 प्रतिशत छात्रो तथा 69.8 प्रतिशत छात्राओं ने असहमति व्यक्त की है।

उपरोक्त आंकड़ो के विश्लेषण से यह विदित है कि आदिवासी क्षेत्र के अधिकांश परिवारों की आर्थिक स्थिति दयनीय है। क्षेत्र में रोजगार के अवसरो की अनुपलब्धता से परिवार के पुरूषों के साथ-साथ समय विशेष पर महिलाओं को भी कार्य करने हेतु विवश होना पड़ता है, क्योंकि घर की आर्थिक कठिनाई तथा कर्ज का बोझ परिवार के सदस्यों को कार्य करने हेतु विवश करता है। आवश्यकता पड़ने पर बच्चों को भी मजदूरी कार्य में सलंग्न होना पड़ता है। आर्थिक कठिनाईयो के कारण बहुत घरो में कमरो की संख्या भी कम है। यह सभी आर्थिक कारक शिक्षा की प्रगति में बाधक है। इन सभी तथ्यों की पुष्टि सांख्यिकी गणना से भी होती है।

निष्कर्ष – सामाजिक कारक शिक्षा के मार्ग में बाधा उत्पन्न करते है यदि सामाजिक परिवेश शैक्षणिक दशा के अनुरूप न हो तो शिक्षा रूपी कार्य में बाधा उत्पन्न होती है, आर्थिक कारक शिक्षा की प्रगति में बाधक है बैगाओं में साक्षरता दर को बढ़ाने के लिये उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार से ही शिक्षा विकास हो सकता है। इस समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना बहुत आवश्यक है। तभी इस समाज का शैक्षणिक सामाजिक और आर्थिक विकास होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राजू एस. सुपारा (2010) डेवलपमेंट थूर लिटरेसी: अस्टडी फिशरिंग कम्यूनिटी इन आन्ध्रप्रदेश जर्नल ऑफ रूरल डेवलपमेंट एन. आई. आर. डी. अक्टूबर-दिसम्बर, वोल्यूम 29, नं 4
2. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका प्रकाशन वर्ष 2011, जिला योजना एवं सांख्यिकीय कार्यालय मण्डला (म.प्र.)
3. डॉ. विजय चौरसिया 'प्रकृति पुत्र बैगा' मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल (2009)
4. मध्यप्रदेश की अनुसूचित जनजाति जनसंख्या 2011 आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्था म.प्र. शासन 35, श्यामला हिल्स भोपाल-462002

District Umariya
North
District Dindori
Blockwise
Shahpura
Dindori
District Sahdol
Mehadwani
Amarpur
Samnapur
District Mandla
Karanjiya
Bajag
District Bilaspur
District Kaverdha


प्रतिशत
90
80
70
60
50
40
30
20
10
0
1
2
3
4
5
6
7
8
12.2
11.2
79.1
73.3
39.9
33.7
77.9
75.6
76.7
65.9
65.1
54.7
68.6
67.8
76.2
60.1
छात्र
छात्रा
1. आपका विवाह हो चुका है
3. शाला आने–जाने के लिए आवागमन के साधन उपलब्ध है
5. इस कारण घर में झगड़ा होता है
7. आपके माता–पिता का स्वास्थ्य ठीक रहता है
2. घर में प्रकाश, हवा की उचित व्यवस्था है
4. आपके माता–पिता कोई नशा करते है
6. झगड़े के कारण आपकी पढ़ाई नहीं हो पाती है
9. थकान के कारण आपके पठन–पाठन में बाधा उत्पन्न होती है



बैगा छात्र-छात्राओं की सामाजिक स्थिति

क्र.	कथन	छात्र			छात्रा			सार्थकता	
		हाँ	नहीं	योग	हाँ	नहीं	योग		
1	आपका विवाह हो चुका है।	11.2	88.8	100	12.2	87.8	100	0.094	असार्थक
2	घर में प्रकाश, हवा की उचित व्यवस्था है।	73.3	26.7	100	79.1	20.9	100	1.89	असार्थक
3	शाला आने-जाने के लिए आवागमन के साधन उपलब्ध।	39.9	60.1	100	33.7	66.3	100	1.694	असार्थक
4	आपके माता-पिता कोई नशा करते है।	75.6	24.4	100	77.9	22.1	100	0.311	असार्थक
5	इस कारण घर में झगड़ा होता है।	65.9	34.1	100	76.7	23.3	100	5.814	सार्थक
6	झगडे के कारण आपकी पढ़ाई नहीं हो पाती है।	54.7	45.3	100	65.1	34.9	100	4.667	सार्थक
7	आपके माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहता है।	67.8	32.2	100	68.6	31.4	100	0.029	असार्थक
8	थकान के कारण आपके पढ़न-पाठन में बाधा उत्पन्न होती है।	60.1	39.9	100	76.2	23.8	100	11.988	सार्थक
	योग	**57.1**	**42.9**	**100**	**51.4**	**38.6**	**100**	**24.024**	**सार्थक**

बैगा जनजाति की आर्थिक स्थिति

क्र.	कथन	छात्र (N=258)			छात्रा (N=172)			काई वर्ग	सार्थकता
		हाँ	नहीं	योग	हाँ	नहीं	योग		
1	आपके परिवार में केवल पिता ही कमाते है।	71.7	28.3	100	78.5	21.5	100	2.494	असार्थक
2	उससे घर का खर्च चल जाता है।	48.8	51.2	100	46.5	53.5	100	0.224	असार्थक
3	खर्चा पूरा न होने पर क्या आपको भी काम करना पड़ता है।	58.1	41.9	100	61.6	38.4	100	0.521	असार्थक
4	आपकी माँ भी काम करती है।	53.9	46.1	100	52.9	47.1	100	0.224	असार्थक
5	आपके परिवार में कर्ज का बोझ है।	54.7	45.3	100	52.3	47.1	100	2.224	असार्थक
6	परिवार में कोई आर्थिक कठिनाई है।	79.8	20.2	100	39.8	30.2	100	5.00	सार्थक
7	आपका अपना घर है।	80.6	19.4	100	84.9	15.1	100	1.269	असार्थक
8	घर में पर्याप्त जगह/कमरे है।	38.0	62.0	100	37.2	62.8	100	0.026	सार्थक
9	घर में आवश्यक सभी वस्तुएं है।	31.8	68.2	100	30.2	69.8	100	0.116	असार्थक
	योग	**57.5**	**42.5**	**100**	**57.1**	**42.9**	**100**	**0.43**	**सार्थक**

****

बालाघाट जिले में लिंगानुपात का क्षेत्रीय अध्ययन

दीपिका दोहरे* डॉ.जे.एल.बरमैया **

शोध सारांश – लिंगानुपात किसी प्रदेश की अर्थव्यवस्था का सूचक होती है, अर्थात किसी अर्थव्यवस्था के विकास में स्त्री-पुरूष अनुपात का विशिष्ट स्थान होता है। किसी जनसंख्या में सभी आयु वर्ग के कुल पुरूषों व स्त्रियों के अनुपात को लिंगानुपात कहते है। किसी समुदाय का लिंगानुपात उसकी सामाजिक एवं आर्थिक दशाओं पर भारी प्रभार डालता है। भारत में निंगानुपात लगातार घट रहा है अर्थात प्रति हजार पुरूषों पर स्त्रियों की संख्या कम हो रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में प्रति हजार पुरूषों पर 943 स्त्रियाँ है। स्पष्ट है कि भारत में स्त्रियों की तुलना में अधिक पुरूष शिशुजन्म लेते है।

क्लार्क ने माना है कि विश्व के सभी समाजों में परिवार को तब तक पूरा नहीं माना जाता जब तक कि उनके परिवार में लड़के का जन्म नहीं होता है। यद्यापि जन्म के समय पुरूष शिशुओं की संख्या स्त्री शिशुओं से अधिक पायी जाती है परन्तु संसार के सभी देशों में लिंगानुपात एक जैसा नही है। प्राकृतिक लिंगानुपात में भारी क्षेत्रीय भिन्नतायें मिलती है।

लिंगानुपात का प्रभाव जनसंख्या की वृद्धि, विवाह दर तथा व्यावसायिक संरचना, जैसे अन्य जनांकिकी गुणों पर भी पड़ता है। किसी जनसंख्या में रोजगार व उपभोग के प्रतिरूप सामाजिक आवश्यकतायें और उसके मनोवैज्ञानिक विशेषताओं कों समझने में लिंगानुपात का अध्ययन उपयोगी होता है। प्रस्तुत शोध पत्र बालाघाट जिले में लिंगानुपात को प्रदर्शित करता है।

प्रस्तावना – लिंगानुपात समाज में विस्थापित पुरूष तथा स्त्रियों के अनुपात को निकालकर उसमें प्रतिहजार पुरूषों में स्त्रियों की संख्या के प्रभाव को दर्शाता है लिंगानुपात में क्षेत्र एवं समय के अनुसार भिन्नता पायी जाती है , जो मानव जीवन के विभिन्न आयु-वर्गो में स्त्री एवं पुरूषों की मृत्यु दर एवं स्थानान्तरण के कारण होती है।

2011 की जनगणना के अनुसार भारत के राष्ट्रीय लिंगानुपात में 7 अंको की वृद्धि हुई है। 2001 की जनगण्ना में प्रति 1000 पुरूष पर 933 स्त्री थी, जो 2011 की जनगणना में बढ़कर 943 पर पहुँच गया है। राष्ट्रीय लिंगानुपात में यह वृद्धि देश के लिए अच्छा संकेत है। क्योंकि आंकड़ो के हिसाब से यह 1971 की जनगणना के बाद से दर्ज सबसे उँचा लिंगानुपात है। वहीं 1961 की जनगणना की तुलना में थोड़ा कम है। 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों में लिंगानुपात 914 है। 2001 की जनगणना में जंहा बच्चों का लिंगानुपात 927 था वही 2011 के आंकड़ो के अनुसार बच्चों का लिंगानुपात 914 है यानी बच्चों के लिंगानुपात में 13 अंको की कमी आयी है।

अध्ययन क्षेत्र –भारत के ह्रदय क्षेत्र एवं दक्कन के पठार के उत्त्र में मध्यप्रदेश राज्य स्थित है। इस राज्य के दक्षिण पूर्व में बालाघाट जिला वसा है। भौगोलिक दृष्टि से यह जिला सतपुड़ा-मैकल पठारी प्रदेश का एक महत्वपूर्ण भूखण्ड है। इस पठारी प्रदेश का अधिकांश भूभाग सतपुड़ा पर्वत श्रेणी प्रदेश तथा शेष उत्तरी-पूर्वी भाग मैकल पठारी प्रदेश के अन्तर्गत आता है। इस जिले में सतपुड़ा का दक्षिण पूर्वी क्षेत्र तथा मध्य बैनगंगा घाटी सम्मिलित है। यह जिला $21^{0}19'$ उत्तरी अक्षांश तथा $79^{0}31'$-$81^{0}3'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। इस जिले का कुल क्षेत्रफल 9229 वर्ग किलोमीटर तथा समुद्र सतह से इसकी उचांई 303,33 मीटर है। प्रशासनिक दृष्टि से यह जिला 11 तहसीलों, 10 विकासखण्डों एवं 1390 ग्रामों मे विभक्त है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की जनसंख्या 17,01,156 व्यक्ति है जो मध्यप्रदेश की सम्पूर्ण जनसंख्या का 2.3 प्रतिशत , जनसंख्या घनत्व 184 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर तथा सक्षरता दर 78.9 प्रतिशत है। इस जिले का लिंगानुपात 1021 है। यह मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला है।

उद्देश्य :–प्रस्तुत शोध पत्र अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य बालाघाट जिलें में लिंगानुपात की स्थिति का अध्ययन करना तथा लिंगानुपात में संतुलन के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करना है।

सारणी क्रमांक -01 - बालाघाट जिले में विकासखण्ड अनुसार लिंगानुपात वर्ष 2011

क्र.	विकास खण्ड का नाम	लिंगानुपात
1	कटंगी	1026
2	खैरलांझी	1027
3	लालबर्रा	1015
4	वारासिवनी	1021
5	बरघाट	1031
6	किरनापुर	1019
7	परसवाड़ा	1036
8	वैय्हर	1034
9	विरसा	1028
10	लांझी	1014
बालाघाट जिले का कुल लिंगानुपात		1024

*शोधार्थी (भूगोल) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत
** शासकीय महाविद्यालय, जैतहरी, जिला-अनुपपुर (म.प्र.) भारत

स्त्रोत – जिला सांख्यिकीय पुस्तिका

उपरोक्त सारणी क्र. 01 बालाघाट जिले में विकास खण्ड अनुसार लिंगानुपात को प्रदर्शित करती है। आंकड़ो के अनुसार जिले में सर्वाधिक लिंगानुपात 1036 पारसवाड़ा विकास खण्ड में तथा सबसे कम 1014 लांझी में है इस जिलें में लिंगानुपात 1021 है। जोकि मध्यप्रदेश में सवसे अधिक है।

सारणी क्रमांक – 02 : बालाघाट जिले में विकासखण्ड अनुसार लिंगानुपात (0–6) आयु वर्ग में वर्ष 2011

क्र.	**विकास खण्ड का नाम**	**कुल जनसंख्या (0–6) आयु वर्ग में**			**लिंगानुपात (0–6)आयु वर्ग में**
		बालक	**बालिका**	**योग**	
1	कटंगी	9476	9373	**18849**	989
2	खैरलांझी	9021	8872	**17893**	983
3	लालबर्रा	10230	9609	**19839**	939
4	वारासिवनी	9011	8672	**17683**	962
5	बरघाट	10331	10058	**20389**	974
6	किरनापुर	10688	10094	**20782**	944
7	परसवाड़ा	7130	6996	**14106**	981
8	वैय्हर	8196	7965	**16161**	972
9	विरसा	9446	9339	**18785**	989
10	लांझी	11161	11015	**22176**	987
बालाघाट जिले का कुल(0–6) आयु वर्ग में लिंगानुपात		**94690**	**91993**	**186683**	**972**

उपरोक्त सारणी क्रमांक 02 में बालाघाट जिले के सभी 10 विकासखण्डों में (0–6) आयु वर्ग में लिंगानुपात को प्रदर्शित किया गया है। आंकड़ो से स्पष्ट होता है कि जिले में बाल लिंगानुपात 972 है तथा सबसे अधिक कटंगी विकासखण्ड में 989 एवं सबसे कम बिरसा विकासखण्ड में 944 बाल लिंगानुपात है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – लिंगानुपात एक अति संवेदनशील सूचक है जो महिलाओं की स्थिति को दर्शाता है। बच्चों में लिंगानुपात निरंतर कम होता जा रहा है। निरंतर कम होते लिंगानुपात के कारण जनसंख्या में असंतुलन पैदा होता है जिससे महिलाओं के विरूद्ध अपराध बढ़ने जैसी अनेक सामाजिक समस्याएँ पैदा होती है।

पश्चिमी विकसित देशों में लिंगानुपात की प्रकृति स्त्री जनसंख्या के पक्ष में है जबकि भारत में विशेष रूप से इसकी प्रवृति पुरूष जनसंख्या के पक्ष में मिलती है। भारत में 2001 की जनगणना में प्रति हजार पुरूषों के पीछे 933 स्त्रियां है जबकि रूस में स्त्रिओं का अनुपात 1140, जपान में 1041 व संयुक्त राज्य अमेरिका में 1129 था। राष्ट्रीय स्तर पर शिशु लिंगानुपात वर्ष 2011 के आंकड़ो को देखे तो वह 1000 पर 914 है जबकि 2001 की जनगणना में 1000 पर 927 था। इस प्रकार राष्ट्रीय स्तर पर भी शिशु लिंगानुपात में भी गिरावत दर्ज की गई है। इस मामले में राज्यों की स्थिति राष्ट्र की तुलना में भी खराब है।

बालाघाट जिले में परूषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक है तथा (0–6) आयु वर्ग में भी अधिक असमानता दृष्टिकोचर होती है। जिले में बलिकाओं की संख्या अधिक होने के कारण भविष्य में प्रजन्नता में वृद्धि होने से जनसंख्या में भी वृद्धि होगी। जनसंख्या वृद्धि होने से आवास समस्या, खाद्यान्न की कमी , बेरोजगारी में वृद्धि, गंदगी, भुखमरी, अशांति एवं पर्यावरण प्रदूषण जैसे अनगिनत समस्यांए उत्पन्न होती है। समस्याओं के विकराल रूप से जिले की अर्थव्यवस्था, अव्यवस्थित होकर विकास के मार्ग में बाधा उत्पन्न करेंगे। इन समस्याओं के समाधान के लिये साक्षारता दर को उँचा उठाया जायें ताकी जन जागरूकता में वृद्धि होने से परिवार नियोजन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होकर लिंगानुपात असमानता की दर में गिरावट लाया जा सके।

लड़को की चाहत में लोग कन्याभ्रूण को गर्भ में ही मरवा देते है। ऐसे परीक्षणों पर सख्ती से रोक लगनी चाहिये। लिंग परीक्षण के लिए कानून बनना ही पर्याप्त नही है ,उसके लिए कड़े व मजबूत प्रबंधन एवं उसकी अनिवार्यता को भी लागू करने की आवश्यकता है तभी लिंगानुपात असमानता को कम किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मिश्रा डॉ. जे.पी. (2008) 'जनांकिकी ' साहित्य भवन पब्लिकेशन्स आगरा (उ.प्र.)।
2. पंडा, डॉ. बी.पी. (2007) 'जनसंख्या भूगोल' मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल।
3. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका प्रकाशन वर्ष 2011 जिला योजना एवं सांख्यिकीय कार्यालय बालाघाट (म.प्र.)।
4. शोधपत्रिका – रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर विद्यालय मण्डला।
5. त्रिपाठी रामदेव (2005) 'जनसंख्या भूगोल' वसुन्धारा प्रकाशन गोरखपुर।
6. बराडे जितेन्द्र लाल (1998) – 'नगरीय प्रजननता रायपुर नगर तथा उसके उपान्त का प्रतीक अध्ययन' पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.)



तहसील अनुसार मानचित्र

****

मैक्स वेबर की नौकरशाही की अवधारणा का आलोचनात्मक विश्लेषण

मनोज कुमार चंदोलिया *

शोध सारांश – मैक्स वेबर ने सत्ता द्वारा निर्धारित अधिकतम लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नौकरशाही को अब तक सर्वाधिक परिष्कृत साधन माना एवं नौकरशाही का एक आदर्श प्रारूप विकसित किया हालाँकि अनेक विद्वानों ने इसकी अनेक आधारों पर आलोचना करते हुए इसके आदर्श होने पर प्रश्न किया लेकिन फिर भी प्रशासन एवं संगठन के प्रबन्धन के क्षेत्र में वेबर के योगदान को नकारा नही जा सकता। प्रस्तुत शोध पत्र में मैक्स वेबर की नौकरशाही की अवधारणा का द्वितीयक तथ्यों के आधार पर आलोचनात्मक विश्लेषण किया किया गया जिसके आधार पर निकलकर सामने आता है कि नौकरशाही, लोकतंत्र एवं जनता के परिवर्तित सम्बन्धों के सन्दर्भ मे नए अध्ययनों की आवश्यकता है ताकि वर्तमान परिदृश्य में नौकरशाही और अधिक लोक कल्याणकारी बन सके।

शब्द कुंजी – नौकरशाही, आदर्श प्रारूप, लोकतंत्र एवं प्रबन्धन।

प्रस्तावना – मैक्स वेबर की नौकरशाही समाज में तार्किक सत्ता एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया से सम्बन्धित है। अब तक के अनुवर्ती सिद्धांतों ने नौकरशाही की तार्किकता पर प्रश्न किया है। आधुनिक समय में लोक नौकरशाही की कौन सी विशेषता तार्किक है ? कौन सी नही ? को अपने तर्को से संगठन एवं लोक–प्रशासन के सिद्धांतों के उद्धरणों से सिद्ध करने का प्रयास किया है।

ब्यरोक्रेसी (Bureaucracy) शब्द की उत्पत्ति दो शब्दों Bureau एवं Kraots से हुई है जहां Bureau का अर्थ कार्यालय या मेज एवं Kraots or Kratia का अर्थ शक्ति या शासन होता है अर्थात Bureaucracy शब्द का उपयोग कार्यालय के शासन या शक्ति के लिए किया जाता है। (Hummel 1998, 307)

नौकरशाही कागजी एवं इलेक्ट्रानिक दस्तावेजो के प्रेषण द्वारा मेज या कार्यालय से शासन का संचालन करती है। वेबर (1946) ने नौकरशाही के वैज्ञानिक एवं साधारण प्रारूप को प्रस्तुत किया जो सार्वजनिक एवं निजि क्षेत्र दोनों के लिए उपयोगी हो सकता है। विज्ञान में विश्वास मैक्स वेबर की तार्किक–कानूनी सत्ता में निहित है, जो विशेष रूप से शासकीय नौकरशाही की संगठनात्मक संरचना की परिभाषिक विशेषता बन गई।

यह शोध–पत्र वेबर की नौकरशाही की प्रकृति एवं लोक–प्रशासन पर इसके प्रभाव का विश्लेषण करेगा। यह वेबर की नौकरशाही की अवधारणा और पूंजीवादी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ इसके संघर्ष की प्रतिक्रिया की व्याख्या करता है। इसके अतिरिक्त यह शोध–पत्र लोक–प्रशासन के साहित्य एवं सिद्धांतों में खोजे जा सकने वाले तार्किक एवं अतार्किक क्षेत्रों को प्रतिबिम्वित कर लोकतांत्रिक समाज में नौकरशाही के वस्तुनिष्ठ दृश्य एवं इसकी व्यवहारिक उलझने को प्रस्तुत कर यह निष्कर्ष निकालता है।

मैक्स वेबर की नौकरशाही में तार्किकता – वेबर ने नौकरशाही को सामुदायिक क्रिया को, तार्किकता से आदेशित सामाजिक क्रिया के ऊपर ले जाने वाले साधन के रूप में परिभाषित किया है, शक्ति संबंधों के समाजीकरण के साधन के रूप में, नौकरशाही सबसे प्रमुख उपकरण रही है। कुछ विद्वानों (Friedrich, 1940; Finer, 1941; Simon, 1947; Shafritz and Hyde,1997; and Marshall in Ventriss, 2000) तर्क करते हुए कहते है कि लोक– प्रशासन नियंत्रण का क्षेत्र है, लोक–प्रशासन का नियंत्रण, लोगों का नियंत्रण, निवेश या निगत का नियंत्रण, उत्पाद का नियंत्रण, ये सभी प्रकार के नियंत्रण जनता की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं के लक्ष्य को दक्षता अर्जित करने का प्रयास करते है। वेबर (1946) के अनुसार– नौकरशाही विशुद्ध रूप से तकनीकि दक्षता की अधिकतम सीमा को प्राप्त करने में सक्षम है और इस अर्थ में नौकरशाही मानव जाति पर नियंत्रण रखने के लिए औपचारिक रूप से ज्ञात सबसे तर्कसंगत साधन है (337)।

वेबर का मानना है कि मानव सभ्यता, आदिम और रहस्मय से तार्किक एवं जटिल चरणों और संबंधों में विकसित हुई है एवं समाज आदिम अवस्था से सैद्धान्तिक और तकनीकी विषयों तक आगे बढ़ते है। वेबर के अनुसार समाज के विकास को तीन प्रकार के प्राधिकारों/सत्ता द्वारा सहायता प्रदान की जाती है जिसे वह पारंपरिक, करिश्माई और वैधानिक–तार्किक सत्ता के रूप में पहचानते हैं(Fry, 1989)। यह वैधानिक–तार्किक प्रकार की सत्ता है जो कि वेबर की नौकरशाही की अवधारणा का आधार है और आधुनिक सभ्यता की नींव के रूप में यह 'मानक नियमों के स्वरूप की वैद्यता और उन नियमों के तहत प्राधिकार को ऊपर उठाने वाले अधिकारों के आदेशों को पर आधारित है(Stillman, 2000, 51)। चूंकि वेबर का तर्क है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं सामाजिक सेवाओं के प्रावधान, अनेक प्रकार के करो का संग्रह करने और कार्य के विभाजन एवं विशेषीकरण द्वारा आवश्यक सेवाओं की आपूर्ती करने की समाज की जरूरतों के कारण नौकरशाही बढ़ती है। इस सन्दर्भ में Stillman ने वेबर को उद्धत करते हुए कहा है कि 'प्रशासनिक कार्यो का विकास नौकरशहीकरण के लिए हमेशा उचित पृष्ठभूमि रहा है (Stillman, 2000, 52)।

वेबर ने नौकरशाही का जो आदर्श प्रारूप प्रस्तुत किया है उसकी मुख्य विशेषताए है– श्रम–विभाजन, लिखित दस्तावेज, प्रशिक्षित स्टॉफ एवं

* शोधार्थी (समाजशास्त्र एवं समाजकार्य) डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

विशेषज्ञ, अधिकारियों की पूर्ण कार्य क्षमता एवं औपचारिक नियमों का प्रयोग(Hummel, 1998, 307)।

परंतु नौकरशाही के ये अवयव संभवत: हमेशा संगठन में आदर्श कार्यो एवं दक्ष प्रदर्शन में सहयोग नही करते है। Michel Crozier (1964) तर्कपूर्वक कहते है कि 'नौकरशाही की कुछ विशेषताएं औपचारिक नियम, संस्तरण और निर्णय लेने के अधिकार के केन्द्रीयकरण के कारण यह संगठन समाज में अपनी सेवाए देने के दौरान अपनी गलतियों से सीख लेने में असमर्थ होता है।'

नौकरशाही में उच्च अधिकारियों को निम्न अधिकारियों से पृथक रखने के लिए संस्तराणात्मक व्यवस्था आवश्यक है क्योंकि औपचारिक नियमों का उद्देश्य नौकरशाहों को नियत व्यवहार प्रतिमानों तक सीमित रखना है। नियम अधीनस्थों पर उनके वरिष्ठो के व्यवस्थित नियंत्रण के साधन है जो 'मनमानी और निजी पक्षपात के अवसरों को सीमित करते है'(Stillman, 2000, 52)। अतएव पूर्वगामी विश्लेषण से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि 'वेबर का विश्वास है कि प्रशासन का एक विज्ञान है जिसके द्वारा तथ्यों को मूल्यों से पृथक करके संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है, इस प्रकार नौकरशाही मनुष्य द्वारा तैयार किया गया अब तक का सबसे तर्कसंगत एवं दक्ष संगठनात्मक स्वरूप है।

वेबर दक्षता और नौकरशाही के बारे में बताता है कि – 'सार्वभौमिक अनुभव है कि विशुद्धरूप से नौकरशाही प्रारूप का प्रशासनिक संगठन का तानाशाही प्रकार है। लेकिन नौकरशाही तकनीकी दृष्टि से, उच्चतम दक्षता प्राप्त करने में सक्षम है और इस अर्थ में यह मनुष्य पर आवश्यक नियंत्रण रखने के लिए ज्ञात, औपचारिक रूप से सबसे तर्कसंगत साधन है, यह स्थिरता, अनुशासन और विश्वसनीयता में किसी भी अन्य स्वरूप से श्रेष्ठतर है'(Weber, 1947, 337)।

हम नौकरशाही व्यवस्था का संगठन के रूप में आलोचनात्मक मूल्यांकन कर सकते है। Foucault,(1975) ने अपनी पुस्तक– **डिसीप्लिन एण्ड पनिशमेन्ट – द बर्थ ऑफ द प्रिजन** में इससे मिलते जुलते तत्वों की व्याख्या की है। क्या सार्वजनिक संगठनों के कर्मचारी कुछ तरीकों और नियमों को नही सीखते है ? क्या वे विशिष्ट नियमों, प्रक्रियाओं और उनके कार्य करने के तरीको का पालन नही करते है ? हम सामाजिक संस्थानों की संरचना देखते है जो हमे **पनपटीकॉन** (Foucault,1975) की याद दिलाते है। कार्यकर्ताओ का लगातार निगरानी, विश्लेषण, परीक्षण होता रहता है जिसके परिणामस्वरूप कार्यकताओं के जीवन के हर क्षेत्र में लोगों का नौकरशाही शामिल हो जाती है।

नौकरशाही, पूंजीवाद एवं लोकतंत्र – वेबर का मानना है कि पूंजीवादी समाज में हर जगह नौकरशाही मौजूद है। वेबर के पूंजीवाद एवं नौकरशाही के अवधारणाकरण के अनुसार दोनो पारस्परिक सहायक संरचनाएं है(Fry, 1998, 33)। पूंजीवाद एवं नौकरशाही को एक ही प्रकार के औपचारिक संचार की आवश्यकता होती है, एक तरफ यह लेन–देन पर आधारित होता है जिसे सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए कानूनी एवं नैतिक आधार की आवश्यकता होती है तो दूसरी ओर नौकरशाही एवं लोकतंत्र का एक अलग प्रकार का सम्बन्ध है, यह ऐसा संबंध है जो वेबर के संगठन सिद्धांत के नियमों के एकीकरण के लिए सार्वजनिक प्रशासन के क्षेत्र द्वारा बौद्धिक प्रतिक्रिया में मुख्य रूप से मदद करता हैं। यह ऐसा सम्बन्ध है जिसे वेबर ने प्रभावशाली वक्तव्यों के आधार पर बनाया है, जिसका विद्वानों द्वारा लोकप्रशासन के क्षेत्र में विश्लेषण भी किया गया है। नौकरशाही तार्किक रूप से निर्देशित सामाजिक क्रिया को प्राप्त करने का साधन है। लोक प्रशासकों के लिए प्रश्न उठता है कि क्या होगा यदि नौकरशाही अपनी सीमाओं को लांघ दे ? सबसे पहले हम उस प्रश्न का उत्तर देना चाहेगें जो प्रश्न वेबर के लोकतंत्र पर दिए हुए विचारों में पाया जा सकता लोकतंत्र पर वेबर लिखते है– 'लोकतंत्र मे लोग उस नेता को चुनतें हैं जिस पर वे भरोसा करते है, लेकिन नेता चुने जाने के बाद नेता कहता है कि **अब चुप रहो और मेरी आज्ञा मानों**, लोग, नेता एवं पार्टी के कार्य में हस्तक्षेप के लिए स्वतंत्र नही होते है लेकिन जब नेता गलती करते है तो बाद मे लोग निर्णय लेकर बैठ जाते है और सजा के तौर पर उसका बहिष्कार करते है(Gerth & Mills, 1946, 6)।

नौकरशाही पर राजनीति की सर्वोच्चता के लिए एक लोकतांत्रिक ढांचे में राजनीतिक नेतृत्व आवश्यक है। यह केन्द्रीय मुद्दा वेबर और लोक प्रशासन के विद्वानों के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है। निष्क्रिय 'लोकतंत्रीकरण' एक ऐसी प्रक्रिया जिसके पर वेबर कहमे है है कि नौकरशाही कार्य पूर्णता को नियंत्रित करके अपने लोकतांत्रिक प्रतिभागियों को नियंत्रित करते है। जब बहुत कम नियंत्रण परिणाम होते है तो अभिजात वर्ग की स्थिति या नियंत्रण समूहों को खतरा हो सकता है जिसे हटाना मुश्किल हो जाता है। Thompson (1961) बताते है कि नौकरशाह कभी–कभी अपने अधिकारों का उपयोग करके लोगों पर नियंत्रण रखने वाले व्यवहार के तरीके को अपनाने की कोशिश करते हैं।

शासन स्तर पर और कठोर वैज्ञानिक, तर्कसंगत विचार के छत्र के नीचे, नौकरशाही लोकतंत्र के साथ संघर्ष क्यो करती है ? प्रशासन (नौकरशाही) विशिष्ट नियमों, प्रक्रियाओं और चीजों को पूरा करने के बारे में है, जबकि लोकतंत्र इच्छा, अभिव्यक्ति, अनुनय और प्रत्येक नागरिक की आवाजों पर विचार करने के बारे में है। लेकिन लोकतांत्रिक प्रशासन के साथ आने के लिए एक आसान मिशन नही है क्योंकि नौकरशाही ही वह उपकरण है जो प्रशासन में कार्य करने के लिए लागू किया जाता है। नौकरशाही ही लोकतांत्रिक नही है क्योंकि यह पदानुक्रम पर आधारित है।

नौकरशाही की अतार्किकता/सीमाएं – राबर्ट किंग मर्टन (1952) ने वेबर की नौकरशाही की आलोचना करते हुए कहा कि नौकरशाही की विशेषताओं, जिसे वेबर ने तर्कसंगतता एवं दक्षता बढ़ाने में आवश्यक माना, वास्तव में तर्कहीनता और अक्षमता के साथ जुड़ा हो सकता है। मर्टन ने निष्कर्ष निकाला कि नौकरशाही मे अपने स्वयं के विनाश के बीज होते है। इस हिस्से मे मैक्स वेबर के नौकरशाही प्रारूप की एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण से चर्चा की गई है। यह चार मुख्य तर्कहीन सीमाओं पर ध्यान केन्द्रित करता है, जहां नौकरशाही अपने आदर्श प्रारूप में, अनौपचारिक संगठन की उपेक्षा और इसके अमानवीयकरण के साथ–साथ लोकतंत्र के साथ तनाव का सम्बन्ध है।

विशेष रूप से, वेबर की नौकरशाही किसी भी मानवीय संगठनों में मौजूद अनौपचारिक सम्बन्धों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार नही करती है। इसके अलावा, सार्वजनिक प्रशासन में कई लोग तर्क देते है कि नौकरशाही विवेकशीलता वास्तविकता लोकतांत्रिक मानदण्डों और प्रथाओं के लिए खतरा है।

पहली सीमा के बारे मे और वेबर की नौकरशाही की सावधानीपूर्वक जांज के माध्यम से, वेगर नौकरशाही का एक आदर्शवादी और निष्काम प्रारूप प्रस्तुत करता है जो किसी भी स्थान और किसी भी समय सार्वजनिक व्यवस्था को नियंत्रित एवं संचालित कर सकता है।

वेबर (1946) ने इसके लिए 'पूर्ण विकसित, शुद्ध प्रकार, सर्वाधिक विकसित या विशुद्ध विचारों का प्रयोग करते है, जो दर्शाते है कि नौकरशाही का उनका प्रारूप सही और पूर्ण है और यह हमेशा प्रभावी और कुशलतापूर्वक कार्य करता है। सार्वजनिक प्रदर्शन में समस्याएं होने और किसी भी देश में पूरे नागरिकों की सामाजिक आवश्यकताओं और राजनीतिक अधिकारों को पूरा करने में उसकी अक्षमता इस दावे को नकारती है कि नौकरशाही प्रारूप एक आदर्शवादी और प्लोटोनिक प्रणाली है। वेबर की नौकरशाही ने यह नही दर्शाया है कि वास्तविकता में नियमित परिस्थितियों में यह 'पूरी तरह से विकसित' संरचना है। Blau, and Marshall (1987) का तर्क है कि 'चूंकि पूर्ण नौकरशाही पूरी तरह से महसूस नही हुई है, इसलिए कोई भी मौजूदा संगठन निश्चित रूप से आदर्श प्रारूप में फिट नही होता है.......जो ठोस नौकरशाही संरचना की समझ प्रदान करता है(25)। दूसरे शब्दों में संगठनों के लिए एक ऐसे आदर्श प्रारूप का पालन करना सही नही लगता है जो लागू होने पर कभी भी निर्धारित लक्ष्यों को नही पा सकता या कुशलतापूर्वक कार्य नही कर सकता हो।

वेबर के नौकरशाही प्रारूप के संबन्ध में कह सकते है कि इसकी दूसरी सीमा, संगठनों के प्रदर्शन में दक्षता को प्रभावित करने की अनौपचारिक संगठन की भूमिका से अनभिज्ञता है। वेबर ने मुख्य रूप से औपचारिक तत्वों पर ध्यान केन्द्रित किया है जैसे विशेषीकरण, नियम, पदानुक्रम आदि। दूसरी ओर मानव रिस्तों, नेतृत्व, संचार नेटवर्क, प्रेरणा आदि अनौपचारिक तत्वो पर ध्यान नही दिया गया है जबकि ये भी सार्वजनिक और निजी संगठनों के कार्यो में भी उतना ही महत्व रखते हैं।

अनौपचारिक संगठन का अस्तित्व और महत्व जिसे 'व्यक्तिगत सम्पर्क, अन्त:क्रिया और लोगों के संबद्ध समूह के रूप में परिभाषित किया गया है' प्रबन्धन के क्षेत्र में अत्यधिक स्वीकार्य है(बरनार्ड, 1966, 115)। बरनार्ड (1966) ने पुष्टि की कि 'औपचारिक संगठन में अनौपचारिक सम्बन्ध संगठन के संचालन के लिए संचार के एक साधन, एकीकरण और व्यक्तियों की अखण्डता की रक्षा के लिए आवश्यक है'(123)। अनौपचारिक सम्बन्धां के इस महत्व को वेबर के नौकरशाही प्रारूप में नही देखा गया है, जो औपचारिक संरचनाओं पर केन्द्रित है। हॉलाकि वह संगठन मे व्यक्तियों के कुछ सामाजिक, राजनीतिक या व्यवहार संबंधी परिस्थितियों के बारे में बात करते है, उनके परिप्रेक्ष्य मुख्य रूप से औपचारिक संगठन के रूपरेखा से निकल जाते है।

तीसरा Hummel **(2007)** अपनी पुस्तक **ब्यूरोक्रैटिक एक्सपीरियंस** में तर्क देते है कि गुणवत्ता प्रबन्धन, कॉर्पोरेट पुन: अभियांत्रिकी और नए सार्वजनिक सिद्धांतकारों द्वारा उत्पन्न सभी प्रयासों के बावजूद नौकरशाही खराब हो रही है क्योंकि प्रबन्धन अभी भी नौकरियों के लिए 'हमेशा की तरह व्यापार' है। वह बताते है कि नौकरशाही केवल एक यांत्रिक तकनीशियन बन जाता है जो उसकी मानवता, भावनाओं, समाज और यहां तक कि उनकी व्यक्तिगत सोच से अलग है, जो इसे 'मानवता को धमकी देने वाले बम' के रूप में वर्णित करता है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही संगठन मानव पहचान, चरित्र एवं स्वायत्त इच्छा को बदलता है(Bodley, 2002, 75)।

इसके अलावा नौकरशाही मानव को उसके दैनिक कार्यो को निर्णय, नियम और उच्च पर्यविक्षकों द्वारा लगाए गए निर्देशों के द्वारा सही और गलत तरीके से अपने प्रतिस्थापन के स्थान पर ले जाने के लिए मजबूर करता है जो वास्तविक सामाजिक सन्दर्भ और इसकी जरूरतों से दूर हो सकते हैं। हम्मेल कहते हैं कि नौकरशाही मनुष्य के मुकाबले इंसानों के साथ सौदा करती है। हम्मेल ने घोषणा की कि समाज और नौकरशाही के बीच एक संघर्ष है और 'नौकरशाही और समाज के बीच संबन्धों को मानवीकृत करने के वे सभी प्रयास आत्मघातक जो नौकरशाही के भीतर ही आते है।

लोकतांत्रिक समाज में नौकरशाही के अनुप्रयोग – waldo (1948) की दृष्टि से वास्तव में राजनीति एवं प्रशासन को अलग करने की असंभाव्यता के बारे में लोक प्रशासन के विद्वान इसका अनुमान लगा सकते है कि नौकरशाही एवं लोकतंत्र के मध्य साहित्य में कितना तनाव है। चौथी सीमा के संबंध में कई विद्वानों ने अपनी चिंताओं को व्यक्त किया है कि वास्तव में निरंकुश नौकरशाही, लोकतांत्रिक मानदण्डों और प्रथाओं के लिए खतरा है। ब्लॉ और मेयर ने यह तर्क दिया कि 'नौकरशाही की क्षमता का लाभ उठाने के दौरान नौकरशाही प्रभुत्व के खतरे से खुद को बचाने के लिए हमे पहले यह समझाना चाहिए कि नौकरशाही कैसे कार्य करती है। (Blau and Meyer quoted in Lane, 1999, 8)

ब्लॉ एवं मेयर ने व्याख्या कि है कि वेबर ने स्वीकार किया है कि नौकरशाही की स्थापना लोकतंत्र की दिशा में दोहरे मनोभाव वाली है।' एक तरफ नौकरशाहीकरण की प्रवत्ति वृहत पैमाने पर लोकतंत्र की ओर अग्रसर होती है तो दूसरी ओर नौकरशाही जनता की राय के प्रति उत्तरदायी नही होती है।'(Blau and Meyer quoted in Lane, 1999, 12)

Meyer & Tool (2006) ने पाया कि नौकरशाह शक्तिशाली है और अपने स्वयं के मूल्यों को प्रदर्शित करने के लिए राजनीतिक कार्यक्रमों में बदलाव कर सकते है– वे सामरिक एजेंट हैं। Wilson (1989) का तर्क है कि लोकतांत्रिक समाजो की नौकरशाही नियमों से भरी है, यह एक निश्चित संकेत है कि नौकरशाही लोगों से अलग है, उनकी चिंताओं से दूर है और नौकरशाहों की शक्ति और विशेषाधिकारों के साथ व्यस्त एक व्यापक पीसने वाली मशीन जो किसी का विरोध करने एवं भावना को कुचलने की हिम्मत कर सकता है(Wilson, 1989, quoted in Stillman, 2000, 484)। प्रशासनिक परम्पराओं और नौकरशाही के बिना एक आधुनिक समाज के प्रबन्धन की असम्भवता के बीच असंतुष्ट मतभेदों के कारण, आश्चर्य की बात नही है कि विद्वानों को नौकरशाही और प्रतिनिधि सरकार के बीच के संबन्ध को समझने में कठिनाई होती है, नौकरशाहों की समस्याएं हमेशा पदानुक्रम और प्राधिकरण आधारित संरचनाओं में फिट नही होती है।

नौकरशाही अब एक बंद प्रणाली नही मानी जाती है क्योंकि नागरिक–सलाहकार बोर्डो, परिषदों और आदि अन्य माध्यमो से निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इस आधार पर विल्सन (1989) का तर्क है कि यह प्रणाली अमान्य एवं अक्षम हो गई है।उन्होंने कहा कि 'इस लोकप्रिय भागीदारी को साक्ष्य के रूप मे लिया जाएगा कि प्रशासनिक व्यवस्था बिल्कुल भी प्रणाली नही है, बल्कि एक घृणित, भ्रष्टाचार और पक्षपात के साथ प्रहार करती है'(Wilson quoted in Stillman, 2000, 484)।

नौकरशाही पर वस्तुनिष्ट दृष्टिकोण – यदि निष्पक्ष होकर कहा जाए तो न तो लोकतंत्र न ही समाज, नौकरशाही के बिना जीवित रह सकता है क्योंकि लोकतंत्र नौकरशाही के बिना चुने गए नेताओं के कार्यक्रम सम्बन्धी वायदों को पूरा करने मे सक्षम नही होगा। (Goodsell, 1994, 152)

Waldo के लिए नौकरशाही का मतलब बड़े पैमाने पर, औपचारिक, जटिल, विशेषीकरण और लक्ष्य उन्मुख संगठन से है। लोकतंत्र मूल्यों और नैतिकता की विशेषता है और यह नौकरशाही के साथ पूरी तरह से असंगत नही है। एक ओर नौकरशाही लोकतांत्रिक मूल्यों का समर्थन करती है और

दूसरी तरफ पदानुक्रम, अनुशासन और पर्यवेक्षण जैसी विरोधाभासी विशेषताएं भी हैं जो समानता और स्वतंत्रता के साथ संघर्ष करती है। वाल्डो का कहना है कि हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि नौकरशाही और लोकतंत्र दोनों वांछनीय एवं आवश्यक है और हमें दोनों के बीच इष्टतम मिश्रण की तलाश करना चाहिए।

अनेक शोधकर्त्ता इस धारणा की जांच करते है कि लोकतंत्र और नौकरशाही असंगत है। हालाकि वे यह निष्कर्ष निकालते है कि नौकरशाही चुनाव राजनीति को उस तरीके से जबाव देती ह जो लोकतांत्रिक नियंत्रण को मजबूत करती है एवं सुधारती है। (Scholz & Headrick, 1991, 829–850) पारंपरिक दृष्टिकोण यह है कि नौकरशाह जो व्यवसाय के सदस्य है, विशेषकर उनके विशेष कौशल और सरकार क बाहर पेशेवर समूहों के संबन्धों क कारण बाहरी नियंत्रणो को दूरकरने में विशेष रूप से कुशल है। हालाकि नौकरशाही पेशेवरों को अक्सर कौशल या जानकारी का कोई एकाधिकार नही होताहै, कोई समरूप मूल्य नही रखता है और कई जांचों के अधीन है।

इसके अलावा हमे यह याद रखना होगा कि कुछ विद्धानो तर्क देते है कि नौकरशाही को निम्नलिखित तर्कसंगत औचित्यों के आधार पर शासन करने की वैद्यता है –

1. वे सक्षम, सुशिक्षित और प्रशिक्षित है और वे चीजों को जानते है।
2. उनके पास दीर्घकालिक कार्यकाल है, जो उन लोगों के लिए विशिष्ट पीएफ के विशेषज्ञ है जिनके पास निश्चित अवधि है।
3. नौकरशाह लोग है और वे मूल्यों का आनन्द लेते है और लोगों और समाज की सेवा करने के लिए उनकी अच्छी इच्छा है इसीलिए उन्हें शासन करने का मौका दिया जाना चाहिए और लोगों को चिंता नही करनी चाहिए।

निष्कर्ष – नौकरशाही के द्वारा तर्कसंगतता और दक्षता प्राप्त की जा सकती है,वेबर की इस बात को स्वीकार किया जाना चाहिए लेकिन नौकरशाही अपनी कमियों के कारण 'एक दमनकारी दिनचर्या जो स्वतंत्रता के प्रतिकूल है'भी सिद्ध हो जाती है(Fry, 1998, 33)। क्योंकि नौकरशाही व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सीमित करती है और संगठन के सम्बन्ध में सदस्यों की गतिविधियों को समझने में पूरी तरह असफल तो नही है, लेकिन मुश्किल बना देती है। (Fry, 1998, 33)

संस्थापकों द्वारा प्रस्तुत प्रशासनिक परम्पराओं मेंमतभेदों एवं नौकरशाही के बिना आधुनिक समाज के प्रबन्धन की असंभाविता के कारण यह आश्चर्यजनक घटना नही है कि विद्वान अब सार्वजनिक प्रशसन के क्षेत्र में नौकरशाही और प्रतिनिधि सरकार के बीच सम्बन्धों की व्याख्या के लिए सैद्धान्तिक आधारों को समझने की कोशिश कर रहे है(Warner, 2001)

वर्तमान समाजों में हुए परिवर्तनों से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रशासकों, जनप्रतिनिधियों एवं जनता के मध्य आपस में संघर्ष होता रहता पड़ता है।चूंकि पदानुक्रम और प्राधिकरण आधारित संरचना मौजूदा संरचना में आसानी से फिट नही हो पा रही है इसलिए अधिक जटिल समस्याओ के अनुकूल होने के लिए नौकरशाही के पुनर्गठन या सुधार की आवश्यकता स्पष्ट हो जाती है दुर्भाग्य से इस बारे में कोई आम सहमति नही है कि पुनर्गठन कैस किया जा सकता है और यह मुद्दा आने वाले दशकों के लिए लोकप्रशासन के क्षेत्र में गर्म बहस में से एक रहेगा

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Barnard, Chester I. (1966). *The Functions of Executive*. Cambridge, Massachusetts: Harvard University Press.
2. Blau, Peter M. and Meyer, Marshall W. (1987). *Bureaucracy in Modern Society*. New York, NY: Random House.
3. Bodley, John H. (2002). The Power of Scale: A Global History Approach.
4. M.E. SharpeCrozier, Michel. (1964). *The Bureaucratic Phenomenon*. Chicago: University of Chicago Press.
5. Finer, Herman. (1941). **Administrative responsibility in democratic government.** *Public Administration Review*, Vol. 1: 335-350
6. Foucault, Michel. (1975). *Discipline and Punish: the Birth of the Prison*. New York: Random House.
7. Friedrich, C. (1940). *Public policy and the nature of administrative responsibility*. In C. J. Friedrich (Ed.), Public Policy: 3-24. Cambridge: Harvard University Press.
8. Fry, Brian. (1989). *Mastering Public Administration*. Chatham, NJ: Chatham House Publishers, Inc.
9. Gerth, H, and G. Wright Mills. (1946). *From Max Weber: Essays in Sociology*. New York: Oxford University Press.
10. Goodsell, Charles. (1994). *The Case For Bureaucracy*. Chatham House Publishers, Inc., New Jersey, 152-159.
11. Kearney, Richard & Sinha, Chandan. (1988). Professionalism and Bureaucratic Responsiveness: Conflict or Compatibility? *Public Administration Review*, January-February 11988, 571-579
12. Hummel, R. (2007). *The Bureaucratic Experience: The Post-modern Challenge*. The 5th edition. Library of Congress Cataloging-in-Publication Data
13. Lane, Frederick. (1999). *Current Issues in Public Administration*. Bedford St.Martin's, Sixth Edition, Boston: 103
14. Merton, Robert. (1952). *Bureaucratic Structure and Personality in Reader in Bureaucracy*. New York: Free Press
15. Scholz, John & Hedrick, Barbara; Twombly, Jim. (1991). Street-Level Political Controls over Federal Bureaucracy. *American Political Science Review:*.529-850
16. Shafritz J. & Hyde A.C. (1997) Classics of Public Administration. Orlando: Harcourt Brace College Publishers.
17. Simon H. (1946). *Administrative Behavior*. New York, NY: Free Press.
18. Thompson, Victor. (1961). *Modern Organization*. New York: Alfred A. Knopf.
19. Waldo, D. (1948). *The Administrative State.* New York: Holmes and Meier Publishing.
20. Weber, Max (1946). *Bureaucracy.* Oxford Press
21. Wilson, J. Q. (1989). Bureaucracy: What Government Agencies Do and Why They Do It. Basic Books

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

शिक्षित महिलाओं में धर्म के साथ सामंजस्य

लक्ष्मी मेहरा *

प्रस्तावना – धर्म का अर्थ होता है, धारण, अर्थात जिसे धारण किया जा सके, धर्म, कर्म प्रधान है। गुणों को जो प्रदर्शित करे वह धर्म है। धर्म को गुण भी कह सकते हैं। यहाँ उल्लेखनीय है कि धर्म शब्द में गुण अर्थ केवल मानव से संबंधित नहीं। पदार्थ के लिए भी धर्म शब्द प्रयुक्त होता है यथा पानी का धर्म है बहना, अग्नि का धर्म है प्रकाश, उष्मा देना और संपर्क में आने वाली वस्तु को जलाना। व्यापकता के दृष्टिकोण से धर्म को गुण कहना सजीव, निर्जीव दोनों के अर्थ में नितांत ही उपयुक्त है। धर्म सार्वभौमिक होता है। पदार्थ हो या मानव पूरी पृथ्वी के किसी भी कोने में बैठे मानव या पदार्थ का धर्म एक ही होता है। उसके देश, रंग रूप की कोई बाधा नहीं है। धर्म सार्वकालिक होता है यानी कि प्रत्येक काल में युग में धर्म का स्वरूप वही रहता है। धर्म कभी बदलता नहीं है। उदाहरण के लिए पानी, अग्नि आदि पदार्थ का धर्म सृष्टि निर्माण से आज पर्यन्त समान है। धर्म और सम्प्रदाय में मूलभूत अंतर है। धर्म का अर्थ जब गुण और जीवन में धारण करने योग्य होता है तो वह प्रत्येक मानव के लिए समान होना चाहिए। जब पदार्थ का धर्म सार्वभौमिक है तो मानव जाति के लिए भी तो इसकी सार्वभौमिकता होनी चाहिए। अत: मानव के सन्दर्भ में धर्म की बात करें तो वह केवल मानव धर्म है। हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई, जैन या बौद्ध आदि धर्म न होकर सम्प्रदाय या समुदाय मात्र हैं। 'सम्प्रदाय' एक परम्परा के मानने वालों का समूह है।

समाज में धर्म की भूमिका

दुर्खीम ने समाज में धर्म के प्रारम्भिक स्वरूप और उसके सामाजिक लक्षणों के अध्ययन के आधार पर जो योगदान किया उससे समाजशास्त्र में प्रकार्यात्मक विश्लेषण को असाधारण प्रोत्साहन प्राप्त हुआ यह सर्वविदित है। सही अर्थ में कहे तो समाजशास्त्र में प्रकार्यात्मवाद के उत्तम उपयोग का उदाहरण धार्मिक उत्सवारों और विधि विधानों के विश्लेषण में इमाईल दुर्खीम के योगदान मध्य आस्टेलिया की अरुन्टा आदिम से प्राप्त तथ्यों पर आधारित था।

अध्ययन के उद्देश्य –

1. समाज में हिन्दू, मुस्लिम व जैन धर्म की शिक्षित महिलाओं का समाज के साथ व्यवहार को जानना।
2. शिक्षित महिलाओं के समाजीकरण के लिए मिलने वाले वातावरण एवं सुविधाओं के बारें में जानकारी प्राप्त करना।

प्रमुख प्राकल्पनाएँ – प्रस्तुत अध्ययन में निम्न प्राक्कल्पनाओं का निर्माण किया गया है–

1. शिक्षित महिलाओं को अपने बच्चों को धर्म के संस्कार देने में बहुत कम सामन्जस्य करना होता है।
2. शिक्षित महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में बहुत अधिक सामन्जस्य करना होता है।

निदर्शन पद्धति – बून्दी जिले की दो पंचायत समितियों बून्दी और केशोराय पाटन से 240 उत्तरदाताओं का अध्ययन किया गया है। बून्दी पंचायत समिति से 40 हिन्दू, मुस्लिम 40 और 40 जैन शिक्षित महिलाओं को मिलाकर कुल 120 महिलाओं का चयन किया गया है और इसी प्रकार केशोरायपाटन पंचायत समिति से भी 40 हिन्दू, मुस्लिम 40 और 40 जैन शिक्षित महिलाओं को मिलाकर कुल 120 महिलाओं का चयन किया गया है। कुल इस अनुसंधान में 240 उतरदाताओं का चयन किया गया है। 15 शिक्षित महिलाओं का वैयक्तिक अध्ययन किया गया है। जिसमें 5 हिन्दू, 5 मुस्लिम, 5 जैन धर्म की शिक्षित महिलाओं का अध्ययन किया गया है।

सामग्री एंव प्रविधियाँ – प्रस्तुत अध्ययन के लिए साक्षात्कार अनुसूची को प्रयोग में किया गया है। द्वितीयक तथ्यों के लिए पूर्व में किए अनुसंधान, विविध जरनल,पत्र-पत्रिकाएँ एंव समाचार पत्र प्रमुख आधार है। तथ्यों के एकत्रीकरण के पश्चात् उनका सम्पादन, संकेतन, वर्गीकरण व सारणीयन के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। तथ्यों को प्रदर्शित करने के लिए यथा संभव पाई चार्ट, बार डाइग्राम और मानचित्रों का प्रयोग किया गया है।

बच्चों को धर्म के संस्कार देने में सामन्जस्य



पंचायत समिति बून्दी से 120 शिक्षित महिलाओं में से 16 महिलाओं को बच्चों को धर्म के संस्कार देने में बहुत अधिक प्रयास करना होता है एवं 28 महिलाओं को बच्चों को धर्म के संस्कार देने में अधिक मेहनत करनी होती है और 37 महिलाओं को बच्चों को धर्म के संस्कार देने में आसानी होती है तथा 39 महिलाओं को बच्चों को धर्म के संस्कार देने में बहुत कम कठिनाईयों का सामना करना होता है। पंचायत समिति केशोराय पाटन से 120 शिक्षित महिलाओं में से 19 महिलाओं को बच्चों को धर्म के संस्कार

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत

देने में बहुत अधिक प्रयास करना होता है एवं 30 महिलाओं को बच्चों को धर्म के संस्कार देने में अधिक मेहनत करनी होती है और 25 महिलाओं को बच्चों को धर्म के संस्कार देने में आसानी होती है तथा 46 महिलाओं को बच्चों को धर्म के संस्कार देने में बहुत कम कठिनाईयों का सामना करना होता है।

अन्य धर्म को मानने वालों से सम्बन्ध



पंचायत समिति बून्दी से 120 शिक्षित महिलाओं में से 42 महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में बहुत अधिक अवरोध आते है एवं 21 महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में अधिक प्रयास करना होता है और 20 महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में कम समस्याएँ आती है तथा 37 महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में बहुत कम संघर्ष करना होता है। पंचायत समिति केशोराय पाटन से 120 शिक्षित महिलाओं में से 37 महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में बहुत अधिक अवरोध आते है एवं 32 महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में अधिक प्रयास करना होता है और 23 महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में कम समस्याएँ आती है तथा 28 महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में बहुत कम संघर्ष करना होता है। **साईमन** के अनुसार 'किसी न किसी प्रकार की अतिमानवीय एवं अलौकिक शक्ति में विश्वास है जिसका आधार विश्वास और श्रद्धा माना जा सकता है और जिसकी अभिव्यक्ति पूजा अथवा आराधना द्वारा होती है।'

सामान्यीकरण – प्रस्तुत अध्ययन के अनुसार दूर्खिम के सिद्धान्त को देखने का प्रयास किया गया है जिसमें यह ज्ञात होता है कि, हिन्दू ,मुस्लिम और जैन धर्म में अपने-अपने पवित्र कर्मकान्ड और वस्तुएँ होती है जैसे हिन्दू और जैन धर्म में मूर्तीयाँ और प्रतीक चिन्ह पवित्र होते है। मुस्लिमों में मूर्ती पूजा को अपवित्र और बूत परस्ती माना जाता है। हिन्दूओं और मुस्लिमों में कन्द-मूल भोज्य पदार्थ है और पवित्र भी माने जाते है जबकि जैन धर्म में ये अपवित्र और निषेध है। हिन्दू,मुस्लिम और जैन तीनों का समूह जीवन है एवं पृथक-पृथक है। तीनों धर्मो में पवित्र और अपवित्र वस्तुओं का अपना अलग से कोई धर्म से अलग कोई अस्तित्व नहीं है। तीनों धर्मो को मानने वाले व्यक्ति मन में धर्म के बारे में कुछ भी मंथन करते हो सामूहिक अवस्था में उन्हे पवित्र एवं अपवित्र धारणाएँ एवं वस्तुओं में विश्वास दिखाना ही होता है।

निष्कर्ष –

- 29.9 प्रतिशत महिलाओं को धर्म एवं परम्पराओं के साथ बहुत अधिक सामन्जस्य करना होता है।
- 15 प्रतिशत महिलाओं को बच्चों को धर्म के संस्कार देने में बहुत अधिक सामन्जस्य करना होता है।
- 33 प्रतिशत महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में बहुत अधिक सामन्जस्य करना होता है।
- 27.1 प्रतिशत महिलाओं को अन्य धर्म को मानने वाले से सम्बन्धों में बहुत कम सामन्जस्य करना होता है।

सुझाव –

- धर्म पर आधारित भेदों का सम्मान करना अन्य धर्मो के प्रति राज्य द्वारा तटस्थता बरतना ही धर्म निरपेक्षता है मुस्लिम महिलाओं के समाजीकरण में सम्मिलित किया जा सकता है।
- धर्म, पंथ और संविधान की शिक्षा विद्यालयों में दी जा सकती जिससे उक्त तीन शब्दों में अन्तर किया जा सके।
- सभी धर्मों में महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया जा सकता है।
- महिला अधिकारों को मझबूत करके धर्म को मझाबूत किया जा सकता है।
- सभी धर्म के लोग आपस में विवाह कर प्राथमिक समूह का निर्माण कर सकते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. McKinnon, A. (2014). `Elementary Forms of the Metaphorical Life: Tropes at Work in Durkheim's Theory of the Religious'. Journal of Classical Sociology, vol 14, no. 2, pp. 203-221
2. Arvind Sharma (2002), On Hindu, Hindustân, Hinduism and Hindutva. Numen Vol. 49, Fasc. 1 (2002), pp. 1-36.
3. A Bhattacharya (2009), Applied Ethics, Center for Applied Ethics and Philosophy, Hokkaido University, ISBN 978-4990404611, pages 63-64

****

दिव्यांगता एवं सामाजिक पुनर्वास (सशक्तिकरण का माध्यम)

डॉ. ज्योति मेहता *

प्रस्तावना – दिव्यांगों के लिए पहले भी कई नाम दिए जाते रहे हैं बीच में इन्हें नि:षक्तजन कहां जाने लगा था। लेकिन चलन में नहीं आ पाया इसका कारण भी यही रहा कि किसी ने न तो इसे गंभीरता से लिया और नहीं कोई पहल हुई। नि:शक्तता के स्थान पर विशेष योग्यता वाले सम्बोधन शब्द की समाज से अपेक्षा की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27.12.2015 में विकलांग की जगह पर एक सम्मान सूचक दिव्यांग शब्द के प्रयोग के निर्देष दिए थे। ये वे लोग हैं जिनके पास एक ऐसा अंग है या एक से अधिक अंग है जिनमें दिव्यता है। इन्हें समाज में दया नहीं बराबरी का मौका दिया जाना चाहिए।

इसमें पहले तो दिव्यांगो की समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक कर इमोशनल पहलू पर काम करना होगा कि दुनिया ऐसे लोगों को उनकी खूबियो (विशेष योग्यता) के आधार पर स्वीकार करें। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूसरे हमें समानता पर आधारित समाज बनाना हैं तो इसमें सबके लिए समान अवसर उपलब्ध कराने होगें। वर्ष 2011 की जनगणना में भारत में दिव्यांगो की संख्या 2.19 करोड़ है। जो देश की कुल आबादी का 20 प्रतिशत है। यह आबादी के लगभग 2.50 करोड़ है। इनमें पुरूषों की संख्या महिलाओं से अधिक है। 75 फीसदी आबादी गाँवों में निवास करती है।

2011 की जनगणना में 8 प्रकार की दिव्यांगता की श्रेणी का उल्लेख है जिनमें दृष्टि असमर्यता से पीड़ितो की संख्या सर्वाधिक यानि 48.5 प्रतिशत है। जबकि पैरो से संबंधित असमर्थता 27.9 प्रतिशत मानसिक विक्षिप्तता 10.3 प्रतिशत बोलने में असमर्थ 7.5 प्रतिशत व श्रवण बाधित 5.8 प्रतिशत है।

दिव्यांगजनों के प्रति समाज का ध्यानाकर्षण करने उनकी समस्याओं की पहचान और उनके निराकरण हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग प्राप्त करने हेतु प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को विश्व विकलांग दिवस का आयोजन किया जाता है। वैधानिक प्रावधान : भारत के संविधान में सभी व्यक्तियों की समानता स्वतंत्रता न्याय तथा गरिमा सुनिश्चित करता है तथा वह एक ऐसे समाज की स्थापना पर जोर देता है जिसमें दिव्यांग सहित सभी लोग रह सकें। संविधान इस विषय से जुड़ी अनुसूची में सीधे तौर से दिव्यांग व्यक्ति के सशक्तिकरण की जिम्मेदारी राज्य सरकारो को देता है। संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत् केन्द्रीय सूची में इस बात का उल्लेख है कि भारत सरकार ने विकलांगता अधिनियम 1995 (समान अवसर अधिकारों की सुरक्षा तथा पूर्ण भागीदारी बनाया। यह अधिनियम जम्मू कश्मीर को छोड़कर पूरे भारत में लागू है।) जम्मू कश्मीर सरकार ने विकलांगता अधिनियम 1998 (समान अधिकार, अधिकारों की सुरक्षा तथा पूर्ण भागीदारी) का गठन किया। बहुक्षेत्रीय समग्र प्रयासों के तहत् सभी संबंधित सरकारें जैसे केन्द्र सरकार के मंत्रालय राज्य सरकार केन्द्र शासित प्रदेश के केन्द्रीय तथा राज्य निकाय स्थानीय अधिकारी तथा अन्य समुचित अधिकारी इस अधिनियम के कई प्रावधानों का अनुपालन कर रहे है। भारत के फुल पार्टिसिपेशन एण्ड क्वलिटी ऑफ पीपल विद डिसैबलिटि इन द एशिया पेसिफिकरीजन घोषणा-पत्र का हस्ताक्षरकर्ता सदस्य है। यह विवाको मिलेनियम फ्रेमवर्क फॉर प्रोटेक्शन एण्ड प्रमोशन ऑफ राइटस एण्ड डिग्नेटी ऑफ परसंस विद डिसैबलिटी का भी 30 मार्च 2007 से ही इसका हस्ताक्षरकर्ता सदस्य है। भारत इस मुद्दे पर 1 अक्टूबर 2008 को हुए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का भी समर्थन करता है।

विभिन्न मंत्रालयोप विभागो में दिव्यांग लोगों के लिए उत्तरक्षण की स्थिति इस प्रकार है: समुह ए,बी,सी,डी, के लिए सरकार ने क्रमश: 3.07, 4.41, 3.76, प्रतिशत तथा 3.18 प्रतिशत आरक्षण दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में यह स्थिति इस प्रकार है – ए-समूह 2.78 प्रतिशत बी-8.54, सी-5.04 और डी-6.75 प्रतिशत है।

दिव्यांगजनो के सशक्तिकरण के लिए दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 उन्नीस अप्रैल 2017 से लागू किया गया। इस अधिनियम के अंर्तगत केन्द्रीय नियमों को 15 जून 2017 को अधिसूचित किया गया इस अधिनियम की मुख्य विशेषताएँ : दिव्यांगता के प्रकारो की संख्या वर्तमान में 7 से बढ़ाकर 21 की गई है –

दिव्यांगता के प्रकार – 1. कुष्ठ रोग मुक्त व्यक्ति 2. स्वलीनता स्पैक्ट्रम प्रकार 3. विनिर्दिष्ट विद्या दिव्यांगता 4. अभिवाक और भाषा दिव्यांगता 5. चिरंकालिक तंत्रिका स्थितियाँ 6. श्रव्य श्रीणता (बधिरता एवं सुनने में परेशानी) 7. बधिर नेत्रहीनता सहित बहुदिव्यांगता 8. बहु स्केलेरोसिस 9. सिक्कल कोशिका रोग 10. पर्किसंस रोग 11. बौद्धिक दिव्यांगता 12. मांस पेशिय दुर्विकास 13. ऐसिड़ हमले का शिकार 14. गति विषयक दिव्यांगता 15. नेत्रहीनता 16. बौनापन 17. निम्न दृष्टि 18. थेलेसीमिया 19. हेमोफीलिया 20. मानसिक रूग्णता 21. सेरेब्रल पल्सी।

दिव्यांगो का सामाजिक पुर्नवास – भारत में अब दिव्यांगों के चिकित्सकीय पुर्नवास के बदले सामाजिक पुर्नवास की नीति अपनाई जाती है। दिव्यांगो के लिए एपन.एच.एफ.डी.सी. नेशनल हेंडिकेप्ड़ फाइनेंस एंड डेवलपमेंट ने 1500 दिव्यांग स्टुडेंट्स के लिए स्कालरशिव की घोषणा की है। स्कालरशीप की मदद से ऐसे स्टुडेंट देश भर के किसी भी मान्यता प्राप्त एजुकेशनल इंस्टीट्यूट से प्रोफेशनल या टेक्नीकल कोर्स कर सकेगें। इसका उद्देश्य ऐसे स्टुडेंटस को कौशल सीखना है जिससे उनकी रोजगार की संभावना बेहतर हो सकें कुल 1500 स्कालरशीप में से 30 प्रतिशत लड़कियों

* शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नाकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

के लिए रिजर्व रखी गई है इस प्रोग्राम में ट्यूशनस फीस और मेंटनेंस अलाउस भी कवर किया गया है। इसके तहत् स्क्रीन रीडिंग, साफ्टवेयर, बेक्र टाइप राइटर, हियरिंग एंड और मोबाईल फोन जैसी सहायक चीजें भी दी जाऐगी।

योग्यता – पर्सन्सविद, डिसएबेलिटिज (इक्वल अपार्च्यूनिटी, प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स एंड फूल पार्टिसिपेशन) एक्ट 1995 और नेशनल ट्रस्ट फार टू वेलफेयर ऑफ पर्सनल विद आटिज्म, वेलफेयर सेरेब्रलपल्सी, मेंटल रिटाडेषन एण्ड मल्टीपल डिस ऐबे लिटिज एक्ट, 1999 के तहत् आने वाले भारतीय छात्र इस स्कालरशीप के पात्र होगें।

दिव्यांगो के लिए राष्ट्रीय नीति 2006 – 1. नीति में कुछ विकलांगता जिन्हें रोकने का प्रयास किया जा सकता है रोकने के प्रयास पर बल दिया गया है। 2. नीति 3. प्रकार के पुर्नवास शारीरिक, शैक्षिक और आर्थिक पुर्नवास का उल्लेख करती है। आर्थिक पुर्नवास में उन्हें दिए जाने वाले आरक्षण का पूर्ण पालन करने का उल्लेख है। 4. निजि क्षेत्र रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उनके कौशल विकास पर बल दिए जाने का उल्लेख है। 5. सरकार यह निश्चित करेगी की जिन पारियोजनाओं में महिलाएँ हो। 6. दिव्यांग बच्चों एवं युवाओं के खेलो एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रियता बढ़ाने के प्रयास सरकार करेगी। 7. बंधन मुक्त माहौल के विकास पर बद दिया जाएगा। 8. दिव्यांगों को प्रमाण–पत्र अल्प अवधि में बिना किसी परेशानी के उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाऐगें। 9. दिव्यांगों के कल्याण में गैर सरकारी संठनों की भूमिका को बढ़ाने के प्रयास किए जाऐगें। 10. दिव्यांगजनों की सामाजिक आर्थिक स्थिति का नियमित तौर पर आकलन करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

भारतीय पुर्नवास परिषद् – उसकी स्थापना 1992 में की गई थी उसके निम्ननिखित कार्य है – 1. पूरे देश में विभिन्न स्तरो पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का मानकीकरण और नियमन 2. दिव्यांगो के पुर्नवास के संदर्भ में देश के बाहर और देश में संस्थानों को विश्वविद्यालयों को उनके प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता देना। उनके पुर्नवास और विशिष्ट शिक्षा में शोध को बढ़ावा देना। 4. पुर्नवास के क्षेत्र में मान्य योग्यता रखने वाले व्यवसायिक लोगों का एक केंद्रिय रजिस्टर रखना 6. पुर्नवास शिक्षा कार्यक्रम को जारी रखने को प्रोत्साहन देना।

राष्ट्रीय दिव्यांग पुर्नवास कार्यक्रम – ग्रामीण तथा दूरदराज के इलाकों में रहने वाले दिव्यांग तथा उनके परिवार के लोगों के पुर्नवास तथा सलाह सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय दिव्यांग पुर्नवास कार्यक्रम तैयार किया गया है। इस योजना पर कार्य करने के लिए 82 जिलों को चुनाव किया गया है। इस योजना को राज्यों को सौंप दिया गया है क्योंकि ये राज्य क्षेत्र की योजना है।

दिव्यांगों के लिए कई योजनाएँ और छूट के प्रावधान भी किए गए है। इनके लिए सहायक उपकरण, छात्रवृत्ति, आर्थिक सहायता व अन्य कदम है। ए.डी.आई.पी.योजना के तहत् सहायक उपकरण खरीदने के लिए उन्हें सहायता दी जाती है। स्वैच्छिक सेवा के लिए दीनदयाल दिव्यांग पुर्नवास योजना भी है। दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरूस्कार भी दिया जाता है। निजी क्षेत्रों में भी उसके लिए रोजगार योजनाएँ है। उन्हें नौकरी व ट्रेनिंग के लिए नियक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाता है। उनके लिए यात्रा भत्ता तथा समान बीमा लाभ की भी व्यवस्थाएँ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. समाज कल्याण, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, 2010 भारत का संविधान , डॉ.जे.एन., पाण्डेय ।
2. नि:शक्त व्यक्ति (समान अवसर अधिकारों का सरंक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995
3. विष्णुदत्त शर्मा, नारी और न्याय राम आहुजा, भारतीय सामाजिक व्यवस्था ।

****

आतंकवाद एक सामाजिक विश्लेषण

डॉ. रश्मि दुबे *

प्रस्तावना – आज विश्व रंगमंच पर जिस भयावह प्रसंग का अवतरण हुआ है वह है– 'आतंकवाद' जिसमें आज संपूर्ण विश्व को अपने आगोश में ले लिया है। इससे दुनिया के देश त्रस्त है सम्पूर्ण मानवता का अस्तित्व खतरे में है और यह खतरा लगातार बढ़ेगा क्योंकि हम तकनीक का इस्तेमाल मनुष्य की सृजनात्मक उर्जा को जागृत करने की बजाए उसको विकृत करने में लगे हुये हैं। यही कारण है कि नस्ली, मजहबी और सांस्कृतिक बर्चस्ववादी आंतकवाद बढ़ रहा है।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में आतंकवाद साम्राज्यवाद से सम्बद्ध दिखता है यदि राजनैतिक दृष्टि से विचार करके देखा जाय तो अमेरिका की दादागीरी आतंकवादियों के लिए प्रेरक सिद्ध हो रही हैं क्योकि इतिहास साक्षी है। अमेरिका ने स्वयं को शक्तिशाली बनाने के लिए अन्य देशो को कमजोर बनाया है। सोवियत संघ, ईराक आदि इसके ज्वलंत प्रमाण है। आज भी अमेरिकी नीतियाँ शेष विश्व को कमजोर करने पर ही अधिक अवलम्बित है। आतंकवाद की अभी तक सर्वमान्य परिभाषा नही दी जा सकी है। समस्त राष्ट्रों का नेतृत्व करने वाला 'संयुक्त राष्ट्र संघ' भी आतंकवाद की सर्वमान्य परिभाषा स्थिर नही कर सका है। संयुक्त राष्ट्र संघ का मानना है कि आतंकवाद प्रजातंत्रीय समाजो को अस्थिर करने का मौका है। और यह ये प्रदर्शित करता है कि सरकारे शक्तिहीन है। सामान्य रूप से आतंकवाद का सम्बन्ध कतिपय स्वार्थी, बर्बर संकुचित मानसिकता वाले व्यक्तियों द्वारा निर्दोश व्यक्ति या जनसमूह को भय के वातावरण मे घेरकर वाधित करना, शान्त परिसर को उग्रवादी विस्फोटो के द्वारा निरपराध व्यक्तियों की हत्या करना बेगुनाहों को डराना, मारना, असुरक्षा की भावना का निर्माण करना जनसंहार साम्प्रदायिकता एवं क्षेत्रवाद पर आधारित है। इसका उद्देश्य राजनीति से प्रेरित तीव्र हिंसा का प्रयोग है। जिसके द्वारा निरपराध लोगो और सम्पत्तियों को नुकसान पहुँचाना है। अर्थात वह व्यक्ति या संगठन जो अपने किसी लक्ष्य पर लोगो का ध्यानाकर्षण के लिए हिंसक तरीको का इस्तेमाल करता है आतंकवादी है।

भारत के लिए यह उचित समय है जब आतंकी बर्बरता के खिलाफ सम्पूर्ण राष्ट्र को एकजुट किया जाए। एकजुटता ऐसी हो जिससे आतंकवादी को ही नही वरन उनके समर्थको एवं संरक्षणदाताओं को भी बेपर्दा किया जा सके। आतंकवाद मुख्यत: कुछ व्यक्तियों के एक समूह द्वारा लोगो निजी या सर्वजनिक सम्पति, सुविधाओ के खिलाफ किया गया अपराधिक कार्य है। आतंकवाद का लक्ष्य दहशत फैलाना है। ताकि आम जनता मे इतना भय पैदा हो जाये कि वह सरकार की क्षमता पर शक करने लगे। वर्तमान समय मे आतंकवाद एक विश्वव्यापी समस्या है। जिसके समाधान में मजबूत राष्ट्र अमेरिका से लेकर एक कमजोर राष्ट्र तक अक्षम है। आतंकवादी दहशत फैलाकर अपनी सफलताओं से उत्साहित होकर पहले से भी ज्यादा आक्रामक होकर कार्यवाही करते है। व्यापक अर्थो में आतंकवाद की व्याख्या अच्छी तरह प्रशिक्षित, हथियार बन्द व जबरदस्त प्रेरणा वाली आदृश्य सेनाओं द्वारा किया जाने वाले विध्वंसकारी कृत्य के रूप मे की जा सकती है। जिसका अत्याधिक शक्तिशाली व प्रभावशाली होना एक चौकाने वाला पहलू है। देश चाहे जो भी हो आतंकवादी वही एक जैसा गति, कार्यप्रणाली का प्रायोग करतें हैं। जैसे विमान अपहरण राजनेताओ का अपहरण सार्वजनिक मुख्य इमारतों व धार्मिक स्थल पर बम ब्लास्ट इत्यादी आतंक और हिंसा कमजोर लोगो के अस्त्र है ये संख्या मे कम होते है। और उन केन्द्रो को शिकार बनाते है। जो देश की राजसत्ता या गौरव के प्रतीक होते है। जैसे अमेरिका मे विश्व व्यापार संगठन, भारत मे होटल ताज, ओबराय इत्यादि। आतंकवाद वर्तमान समय मे राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए की जाने वाली नियोजित हिसा का एक विशेष रूप है।

समाज विज्ञान विश्वकोष में 'आतंकवाद' को एक ऐसा तरीका बताया गया है। जिसके द्वारा कोई संगठित समूह अथवा दल अपने उद्देश्यो की प्राप्ति के लिए हिंसा का योजनाबंद्ध रूप से प्रयोग करता है। जबकि 'नोएल ओ सलीवन' नें आतंकवाद को परिभाषित करते हुए लिखा है कि– 'राजनीतिक आतंकवाद उस समय जन्म लेता है जब कोई समूह चाहे वह सत्ता मे हो या सत्ता के बाहर बैचारिक उद्देश्यो को मनवाने के लिए ऐसे तरीको को अपनाता है। जो न केवल अमानवीय होते है अपितु घरेलु एवं अन्तराष्ट्रीय कानूनो की भी अनदेखी करते है। तथा जो अपनी सफलता हेतु प्राथमिक तौर पर धमकी या हिंसा के प्रयोग पर निर्भर रहते है। इसके अतिरिक्त आतंकवाद एक ऐसा तरीका है। जिसके द्वारा एक संगठित समूह अथवा दल अपने प्रकट उद्देश्यो की प्राप्ति मुख्य रूप से हिसा के योजनाबद्ध उपयोग से करता है।

आतंकवाद आज समूचे विश्व मे एक बहुत गंभीर समस्या के अतिरिक्त यह एक कड़ी चुनौती भी है। आतंकवाद जैसी अमानवीय एवं कूट घटनाओ से आज विश्व का कोई भी देश अछूता नही है। धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक भाषायी ऐसी कई प्रकार के या इनमे से कुछ भी कारण हो सकतें है। जिससे व्यक्ति विशेष प्रकार का दल या समूह बनाकर इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देता है। जिससे कई प्रकार की हानियाँ होती है। आंकडो से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है।

कुछ महत्वपूर्ण आंतकवादी घटनाएं **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

पिछले सालो मे घटी आतंकवादी घटनाओ से यह तो स्पष्ट है कि देश का कोई भी कोना इन घटनाओं से अछूता नही है लेंकिन हमे इसको कम करने और समाप्त करने के लिए कड़े से कड़े कदम उठाने चाहिए।

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोतर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है इसलिए इसका निदान भी वैश्विक होना चाहिए। इस सन्दर्भ में त्रि–स्तरीय रणनीति बनाई जाना समीचीन है–प्रथम, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ एक सुरक्षा प्रहरी की भूमिका निभाए तथा आतंकवाद की रोकथाम हेतु सकारात्मक निर्णय लिए जाएं तथा आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले देशो का अन्तार्राष्ट्रीय समुदाय से पूर्णतया वायकॉट किया जाये दूसरा राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक राष्ट्र यह प्रतिज्ञा करें कि वह आंतकवाद से लड़ने के लिए कटिबद्ध है तथा अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए न तो आंतकवाद को बढ़ावा देगा और न ही आश्रय–स्थल बनने देगा, अगर कोइ देश जानबूझकर ऐसा करता है, तो उसके विरूद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मोर्चाबन्दी की जाए तीसरे स्तर पर व्यक्ति की भूमिका नहीं होगा इसका समाधान सम्भव नहीं है इसलिए हर व्यक्ति का यह उत्तरदायित्व है कि वह अपने आस–पास की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे। और आत्मसंतुष्टि की नीति त्यागकर बिना कुर्सी मोह के देश हित मे राष्ट्रीय भावना के साथ कार्य किया जाए। और आतंकवाद उन्मूलन जैसे बलो का गठन किया जाना चाहिए। अपने देश मे ही जनता का दिल जीता जाना चाहिए। बिना इसके दुश्मन पर विजय नही पायी जा सकती। अर्थात सर्वप्रथम सार्थक निष्पक्ष नीतियाँ बनाकर देश मे बिना किसी पक्षपात के लागू कर उनका लाभ जनता को पहुचाया जाना चाहिए जिससे उनके अन्दर असन्तोष न पनपे और विदेशी ताकतें अपने मन्सूबो को पूरा ना कर सके। जब हमारे नागरिक सन्तुष्ट होगे तो वे दुश्मनो का साथ नही देगे। और उन्हे हमारी सीमाओ मे रहते हुए फलने–फूलने की परिस्थितियाँ उनलब्ध न हो सकेगीं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. वीरेन्द्र सिंह यादव – आतंकवाद का समकालीन परिदृश्य, ओमेगा पब्लिकेशन नई दिल्ली, 2011
2. इंडिया टुडे – दिसंबंर –2008
3. सिंह नौनिहाल – द वर्ल्ड टैररिज्म, साउथ एशिया पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1989
4. मधु सूदन त्रिपाठी – राष्ट्रीय एकता और आतंकवाद, ओमेगा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2008
5. मानचंद खंडेला – अन्तराष्ट्रीय आतंकवाद, अविष्कार पब्लिशर, जयपुर, 2002

कुछ महत्वपूर्ण आंतकवादी घटनाएं –

1	1 January 2008	Rampur UP lashkar-e- Taiba	Uattar Pradesh
2	May 13 2008	Jaipur bombings 9l bomb blasts along 6 areas in JaIpur Jaipur (Rj.)	
3	July 25 2008	2008 Bangalore serial blasts 8 low intensity bomb blasts in banglore	Bangalore
4	July 26 2008	Ahmedabad Bombings 17 serial bomb blasts in Ahmedabad	Gujrat
5	Septamber 13 2008	Delhi bombings 5 bomb blast in Delhi markets	Delhi
6	Sep 27 2008	Delhi Bombing : Bombing at mehrauli area , 2 bomb blasts in Delhi flower market	Delhi
7	sep 29 2008	Western india bombing: 10 killed and 80 injured in bombings in maharashtra (Including malegaon and Gujrat bomb blasts)	Maharastra
8	Oct 1 2008	Agartala Bombings	Agartala
9	Oct 21 2008	Imphal bombing	Imphal (Madupur)
10	Oct 30 2008	Assam bombings	Assam
11	Nov 26	Mumbai Attacks	Mumbai
12	January 1 2009	Guwahati Bombings	Assam
13	6 April 2009	Assam Bombings	Assam
14	Ferbruary 13 2010	Pune bombing	Pune
15	7 Dec 2010	Varanasi bombing	Varansi
16	July 13 2011	Mumbai bombings	Mumbai
17	Septa 7 2011	Delhi bombing	Delhi
18	February 13 2012	Attacks on israeli diplomats	Delhi
19	Feb 21 2013	Hyderabad blasts	Hyderabad
20	March 13 2013	Shrinagar Attack	Jammu and Kasmir
21	Oct 27 2013	Patna bombing	Patna
22	April 25 2014	Blast in jharkhand	Jharkhand
23	March 20 2015	Jammu attack	Jammu and kasmir
24	July 27 2015	Gurdaspur attack in dina nagar gurdaspur district	
25	January 2 2016	Pathankot attack in pathankot air force station pthankot	Punjab
26	Aug 5 2016	Terrorist attack in the market area Bulajan Tinali of the city of kokrajhar by three terrorists suspected to be bodo militants using ak-47 and used a grenude	
27	Sep 18 2016	Uri attack	Uri J&k
28	Oct 3 2016	Baramulla attack	Baramulla J&K
29	Oct 6 2016	Handwara attack at rashtyriya rittles camp	Handwara J&K
30	Nov 29 2016	Nagrota attack	Nagrota J&K

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

गन्दी बस्ती में स्थित आवासों में उपलब्ध सुविधाओं का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (होशंगाबाद जिले के संदर्भ में)

कंचन ठाकुर *

प्रस्तावना – नगरीय और औद्योगीकरण ने जहाँ व्यक्ति को विज्ञान, शिक्षा, तकनीकी ज्ञान और एक अच्छी वैज्ञानिक समझ दी है, वहीं करोड़ों व्यक्तियों को नारकीय जीवन व्यतीत करने के लिये भी विवश किया है। नारकीय जीवन को मलिन बस्तियों मे देखा जा सकता है। एक छोटी-सी झोपड़ी, कच्चे मकान अथवा कोठरी में 10 से 15 व्यक्ति तक रहते हैं। इन बस्तियों में एक झुग्गीवासी को इतना भी स्थान नहीं मिलता कि वह वहाँ खाना बना सके रात में सो सके और अपना खाली समय व्यतीत कर सके। जल के निकास का यहां कोई प्रबंध नहीं होता है। पानी यहां सड़ता रहता है। कूड़े-कचरे का ढेर यहां लगा रहता है। शौच आदि जाने के लिये यहां कोई स्थान नहीं होता है। बैठने के लिये इनके पास कोई खुला स्थान नही होता हैं। तंग-संकरी मलिन बस्तियां जहां जीवन कम और बीमारियां अधिक पाई जाती हैं। पीले, मुरझाये चेहरे, चिपके गाल, उभरती हड्डियां, फटे-गन्दे कपड़े यहां की पहचान होती है। इन्हें पता नहीं कि ये कब जवान हुए और कब बूढ़े हो गए। ये टी.बी. व कैंसर से ग्रस्त होते है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये तो मौत के मुंह में जन्म लेते हैं। इनका जिन्दा रहना और मरना जैसे समाज के लिये कोई मायने नहीं रखता।

आवास की समस्या ने नई मलिन बस्तियों के स्थापित होने में जहां सहायता की है वहीं असंख्य जर्जर मकान जिन्हें छोड़कर व्यक्ति अच्छे मकानों मे चला गया है, ये जर्जर छोड़े हुये घरों में दोबारा असंख्य निर्धन-व्यक्ति रहने लगे हैं जिसने मलिन बस्ती का रूप धारण कर लिया है। इस तरह नई मलिन बस्तियां स्थापित होती जा रही है। और पुरानी मलिन बस्तियों के निर्धन व्यक्ति इसलिए उसे नही छोड़ते कि इससे सस्ता घर नगर मे कही उसे उपलब्ध नहीं होता है।

भारत में ऐसी मलिन बस्तियां नाले, नदी, रेलवे लाइन की पटरियों आदि स्थानों पर सरलता से देखी जा सकती है। मलिन बस्तियों के लिये कोई निश्चित पर्यावरण निर्धारित करना कठिन है। ये कहीं भी विकसित हो सकती है।

प्रत्येक देश की मलिन बस्तियों का अपना-अपना स्वरूप है, किन्तु उसका पर्यावरण और रहने की दशायें लगभग एक समान हैं। इनमें निवास करने वाले व्यक्ति निर्धन, बेरोजगार, नशाखोर, बीमार, विभिन्न छोटे-बड़े अपराधों में लिप्त और कम आय वाले व्यक्ति हैं जिनका न कोई मकान है और न मकान होने की आशा हैं।

उपकल्पना –

- गन्दी बस्तियों के आवासों मे सुविधाओं का आभाव पाया गया है।
- अधिकांशता: गन्दी बस्ती में निम्न आर्थिक जीवन स्तर के तथा श्रमिक वर्ग निवास करते है।
- गन्दी बस्तियों के आवासों के स्वरूपों में भिन्नता दिखाई देती है।

उद्देश्य – प्रस्तुत शोध अध्ययन होशंगाबाद जिले की गंदी बस्तियों में स्थित आवासों में उपलब्ध सुविधाओं के सामाजशास्त्रीय अध्ययन पर आधारित है। जिसके अंतर्गत –

हाशंगाबाद जिले में आवासों में उपलब्ध सुविधाओं को ज्ञात करना उक्त शोध का मुख्य उद्देश्य है।

गन्दी बस्ती मे रहने वाले परिवारों की आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।

गन्दी बस्ती में निवासित परिवारों को शासन द्वारा मिलने वाली प्राप्त सुविधाओं का पता लगाना उक्त शोध का उद्देश्य है।

अध्ययन क्षेत्र एवं अध्ययन प्रविधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिये होशंगाबाद नगर की गंदी बस्तियों का चयन किया गया है। नर्मदा नदी के तट पर स्थित होशंगाबाद नगर एक धार्मिक स्थल के रूप में विख्यात है जहां धार्मिक पर्वो पर भारी संख्या में अधिकांश दर्शानार्थी यहां आते है। तथा स्नान करते है। यह स्थल धार्मिक रूप से ही प्रसिद्ध नही बल्कि कृषि के क्षेत्र मे भी काफी विकसित है। इसके आसपास के ग्रामों एवं जिलों में निवास करने वाले भूमि हीन श्रमिक रोजगार एवं मजदूरी की तलाश मे यहां गेहू, धान, सोयाबीन आदि की कटाई के लिये आते है। यहां कुछ श्रमिक स्थाई रूप से रहने लगते है। तथा कुछ अपने निवास स्थान पर वापस लोट जाते है। यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। परंतु जो यहां स्थाई रूप से रोजगार शिक्षा एवं मजदूरी के लिये संयुक्त रह रहे है। उनके आवास पूर्ण सुविधाओं से वंचित है। क्योंकि बाहर से आने के कारण उन्हें असुविधाओं गन्दी बस्तियों मे छोटे-छोटे कमरों में रहना पड़ता है।

होशंगाबाद जिले मे ऐसे क्षेत्र ग्वालटोली, आनंद नगर वस्ती, पिचिन बस्तियां आदि है। जहां होशंगाबाद जिले के लगभग 150000 परिवार इस नरकीय वातावरण मे जीवन व्यतीत कर रहा है। यहां अधिकांश निम्न आय प्राप्त परिवारों की संख्या अधिक है जो दैनिक मजदूरी श्रम आदि करते है। इनका आर्थिक स्तर भी निम्न है।

प्रस्तुत शोध मे प्राथमिक एवं द्वितीयक तथ्यों के संकलन के लिये अवलोकन साक्षात्कार देव-निदर्षन विधि का प्रयोग कर प्राथमिक तथ्यों का संकलन किया गया है। देवनिदर्शन विधि द्वारा होशंगाबाद जिले की तीन गन्दी बस्तियां ग्वालटोली, पिचिन बस्ती, एवं आनंद नगर बस्तियों मे से 100-100 इकाईयों को चयन कर कुल 300 इकाईयों द्वारा प्राथमिक तथ्यों का संकलन किया गया है।

विश्लेषण एवं निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्ययन में प्राप्त तथ्यों के आधार पर जो विष्लेषण किये गये है, उनके आधार पर गन्दी बस्तियों में सुविधाओं का

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.) भारत

आभाव पाया गया है। क्योंकि अधिकांश परिवार के लोगों की मासिक आय 101-200 रूपये प्रतिदिन है जो पूरे परिवार के लिये न काफी है। प्राप्त आय केवल भोजन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक है।

इन परिवारों की व्याप्त सुविधा संबंधी तथ्य यह दर्शाते है कि यहां रसोई घर एवं नहाने की व्यवस्था सभी घरों में है परंतु शौचालय की सुविधा शून्य मात्र है। पानी की पर्याप्त सुविधा है परंतु गन्दे पानी की निकासी के लिये नालियों की व्यवस्था नही पाई गई। जिससे गंदगी का प्रभाव बना रहता है। एवं अनेक बिमारियां मलेरिया, टायफाइड, डेंगू, टी.बी. आदि बिमारियां पाई गई है। बरसात मे यहां जीवन व्यतीत करना अंसभव है। फिर भी ये जीवन जीने के लिये मजबूर है।

इन्हें इस नरकीय जीवन से छुटकारा दिलाने के लिये शासन का ध्यान इनकी तरफ आकर्षित करना पड़ेगा इनके लिये सर्वप्रथम रोजगार के साधन एवं शिक्षा तथा प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाये ताकि इनका आर्थिक जीवन ऊँचा उठ सके।

इस गंभीर आवासीय समस्याओं से निपटने के लिये कम लागत के मकान बनाकर दिये जाये ताकि वे अपना शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास कर सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आहुजा राम 'सामाजिक समस्याएं', बावत् पब्लीकेशन जयपुर, 2009।
2. गुप्ता एम.एल., शर्मा, डी.डी., 'ग्रामीण एवं नगरीय समाजशास्त्र, साहित्य भवन, पब्लिकेशन आगरा 2012।
3. मुखर्जी रविन्द्रनाथ, 'सामाजिक शोध एवं सांख्यकीय' विवके प्रकाशन, दिल्ली 2009

****

Effect Of Examination Anxiety And Hypnotherapy On Students

Dr. Bharti Joshi* Dr. Nitendra Singh Rajput**

Abstract - Most students are afraid of examinations, but examinations are very important today. They are also very interesting. Examinations are important because they compel students to learn without them most students would not learn. So they would know very little about the world. They would teach only subjects in which they are interested and ignore the other subjects which are thought to be difficult, though they are very important in the modern age. Exam anxiety is a psychological condition in which a person experiences distress before, during, or after a test or other assessment to such an extent that this anxiety causes poor performance or interferes with normal learning. Hypnosis is a mental state (state theory) or set of attitudes and beliefs (non-state theory) usually induced by a procedure known as a hypnotic induction, which is commonly composed of a series of preliminary instructions and suggestions.

Key Words - Anxiety, Examination, Hypnosis, Learning, Performance.

Introduction - The most exciting day in the life of a student is the day during the final examination for class promotion. He prepares himself well for about a month before the examination and still he has fears and hopes on the day of the examination. Even a student who neglects his lessons sits up to make his eleventh hour preparation. A student who studies hard may feel confident once inside the examination hall for the first paper. Every student is anxious to know whether the question papers would be difficult or not, except a few who do not take their question papers would be difficult or not, except a few who do not take their lessons seriously. Most of the students eagerly look forward to the examination day. Unlike the other days, examination days are usually quiet. Everyone seems to browse his notes for the last time before going into the hall. Every minute seems precious before the bell goes as it provides the last chance to check the facts properly. Sometimes the last minute reading may help you to score marks. It is indeed a day of excitement to every child who takes his or her lessons seriously. Life today has become so complex that examinations have come to play an important part in one's educational career. Examinations are considered so important that most students are afraid of them.

An examination, commonly known as exam, is a test to see how good somebody is at something . In its widest sense, to examine somebody or something is to look at it very carefully, perhaps to find out why something is not working properly. Someone who is ill may need to go to a doctor to have a medical examination. In education examination is a test to show the ability and knowledge of a student. In examination there are two important thing first candidate and second examiner.

A student who takes an examination is a candidate. The person who decides how well the student has performed is the examiner. An examination could be a written test, an on-screen test or a practical test. Examples of a practical test may be: playing a musical instrument, driving a car, speaking a language, & doing a scientific experiment. An on-screen test is a test which uses the computer.

Examination Anxiety - Terms like anxiety, intelligence, and motivation are abstract constructs which have been advanced to make various facets of performance, comprehensible. For example, we may attribute a student's excellent performance in classroom examination to his superior intelligence or we may interpret their poor performance in terms of motivation concept such as anxiety, which interferes or facilitates with academic achievement. Exam anxiety is a psychological condition in which a person experiences distress before, during, or after a test or other assessment to such an extent that this anxiety causes poor performance or interferes with normal learning.

Definitions of Examination anxiety - According to Lali (1997), Examination anxiety is a factor that is for more harmful than general anxiety, Hence it is ideal that when classroom tests are conducted there must be clear attempt to

*Associate Professor (Lifelong Learning) Devi Ahilya University, Takshshila Parisar, Kahandwa Road, Indore (M.P.) INDIA
**Corporate Trainer, Pandit Ventures PVT Ltd. , 9th Floor, Sambhav House, Premchand Nagar, Bodakdev, Ahmadabad (Gujrat) INDIA

minimize this form of anxiety.

According to Dickson, ken(2009), Exam anxiety is excessive worry about upcoming exams, fear of being evaluated, apprehension about the consequences, experienced by many normal students, not mysterious or difficult to understand, manageable by following a plan of helpful suggestions. There are four main areas which can contribute to exam anxiety: lifestyle issues, information needs, studying styles, psychological Factors . Lifestyle issues that can contribute to exam anxiety are inadequate rest, poor nutrition, too many stimulants, Insufficient exercise, not scheduling available time, not prioritizing commitments**.**

Test anxiety has been overwhelmingly identified as a two-factor construct, consisting of the cognitive (often referred to as "worry") and emotional (or affective) components (Morris, Davis, & Hutchings 1981, Schwarzer 1986). Test anxiety is an important predictor of academic achievements. Sgoutas-Emch , et al. (2007)

Symptoms of Examination Anxiety - Some students may experience symptoms of test anxiety. They believe that the knowledge they bring to a test (resources) will be inadequate to perform to their desired level. This generates added stress and anxiety, which may become overwhelming for some students. When anxiety begins to affect exam performance it has become a problem.Prior to, or during an exam, as in any stressful situation, a student may experience any of the following changes -

Physiological	Emotional	Cognitive
Perspiration	Fear of failure	Decreased ability to make decisions
Indigestion, vomiting	Helplessness	Memory loss
Headache	Frustration/ anger	Limited attention span
Trembling/Dizziness	Shame/guilt	Inability to concentrate
Rapid heart beat	Doubt/ hopelessness	Mental distraction
Tense muscles, tics	Anxiety/panic	Procrastination
Poor sleeping habits	Tearfulness	Catastrophizing

Causes of the examination anxiety - Exam anxiety can develop for a number of reasons. There may be some prior negative experience with test taking that serves as the activating event. Students who have experienced, or have a fear of, blanking out on tests or the inability to perform in testing situations can develop anticipatory anxiety. Worrying about how anxiety may affect oneself can be as debilitating as the anxiety itself. There are many reasons which can trigger the examination anxiety.

- Lack of preparation can contribute to test anxiety. Poor time management, poor study habits, and lack of organization can lead to a student feeling overwhelmed.
- Lack of confidence, fear of failure, and other negative thought processes may also contribute to test anxiety. The pressure to perform well on exams is a great motivator unless it is so extreme that it becomes irrational.
- Perfectionism, low self-esteem, and feelings of unworthiness provide unreasonable goals to achieve through testing situations. When a student's self-esteem is too closely tied to the outcome of any one academic task, the results can be devastating. In these situations, students may actually spend more time worrying about the test than actually studying for it.
- Psychological Factors- Feeling no control over the exam situation (rather than knowing and applying exam strategies), Negative thinking and self-criticism (rather than being one's own best friend), Irrational thinking about exams and outcomes, Irrational beliefs "If I don't pass my (parents/partner/boss) will kill me!" Irrational demands "I have to get 100% or I am worthless." Catastrophic predictions "I'll fail no matter what I do."
- Biological Causes of exam anxiety in stressful situations, such as before and during an exam, the body releases a hormone called adrenaline. This helps prepare the body to deal with what is about to happen and is commonly referred to as the "fight-or-flight" response. Essentially, this response prepares you to either stay and deal with the stress or escape the situation entirely. In a lot of cases, this adrenaline rush is actually a good thing. It helps prepare you to deal effectively with stressful situations, ensuring that you are alert and ready. Symptoms such as nausea, sweating and shaking hands can actually make people feel even more nervous, especially if they become preoccupied with test anxiety symptoms.

Hypnotherapy - When a hypnotist use the hypnotism for therapeutic purposes is referred to as "hypnotherapy". Induction of hypnosis and its deepening consist of facilitating an inward focusing of attention, which largely depends upon the motivation, hypnotisability and emotional state of the subject himself rather that the ability of hypnotist. The real skill of therapy through hypnosis is in proper understanding of the psychopathology of the patient's or client's symptoms and his personality, developing immediate and long tern goals and then presenting proper ideas (suggestions) and images to achieve therapeutic gains. When used with the total management approach to a patient, hypnosis establishes a climate for the healing precisely because

Hypnotherapy as a Psychotherapy - Hypnotherapy is the use of hypnosis in psychotherapy. It is used by licensed physicians, psychologists, and others. Physicians and psychiatrists may use hypnosis to treat depression, anxiety, eating disorders, sleep disorders, compulsive

Hypnosis has been defined as the altered state of consciousness and heightened responsiveness to suggestions. During the hypnotic sessions positive suggestions are given to build confidence and eliminate the exam fear. Through hypnosis they can learn that how they can relax themselves before or during examination period and how they can increase their self-concept positively and emotional strength. These positive changes

will also be helpful to increase their intelligence. The present study is an humble attempt to understand the effectiveness of the hypnotherapy as a method to effectively deal with teenager's mental health issues. Our sense of self, our intelligence, and the mental and social health of our nation, suffer when person miss any of the required steps of emotional experience. Greenspan disagrees with the theories of Kant and Piaget, but amplifies Freud's, to show the overriding importance of emotions ("lived experience") in the development of intelligence.

Hypnosis is a powerful state for facilitating emotional and physiological change. Self-hypnosis session can have health benefits and an ongoing influence on self-trust and emotional balance, Saltz (2008). A poor self-image is by far the most damaging set of beliefs that any person can hold. Holding onto a negative self-image can damage person's life in immeasurable ways. However it can be changed through the specific auto suggestions with the help of hypnotherapy and transform into a positive, strong self image like a person is capable, loving, and strong and destined to succeed, Palan (2003). Person can literally achieve anything which he set in his mind with the help of hypnosis. In the present research researcher will find whether specific designed hypnotherapy session will influence the mental health and reduce the level of examination anxiety of the students or not.

Studies related to Examination Anxiety and Hypnosis - Zhao et al, (2015) studied effect of hypnosis on psychological stress and anxiety. The study revealed a significant improvement due to hypnotherapy in anxiety and stress of students. The study utilized a 2 (gender: male vs. female) × 2 (hypnosis mode: AR hypnosis vs. ordinary hypnosis) between-groups experimental design. Taqavi & Pourasghar, (2015) studied on to assess the effectiveness of hypnotherapy on self concept, self efficacy and exam anxiety. Exam anxiety is associated with interferences with the educational exam, leading to poor results and even school abandon. Hypnotherapy could increase the quality self concept, self efficacy and decrease exam anxiety in students. Random sampling method was used and a 20 subjects sample resulted, which was evenly split into two groups, experiment ($n = 10$) and control group ($n = 10$). The experiment group was placed under hypnotherapy treatment for 6 sessions. The Delavar self-concept, Bandora self-efficacy, and exam anxiety Inventory were used, in order to obtain data from participants. The post - test results between the experimental and control group showed statistically significant differences for self-concept ($F = 6.944$, $P<0.05$), self-efficacy ($F=11.25$, $P<0.05$) and anxiety ($F=23{,}002$, $P<0.05$), respectively. The results indicate that hypnotherapy has positive effects on self-concept, self-efficacy and exam anxiety, in guidance school students.

Amrita's grand father Tarachand prides himself in his pseudo-advanced ideas of female emancipation but his duality is exposed in the course of the novel. He affects a distaste for arranged marriages and holds forth his respect for individual preference in matrimony. Yet his liberal outlook falls short indeed when he is up against Amrita's preference for Hari Sahani, He says, "I have enquired into the young man's family.... the result was not satisfactory .... you know that I myself am not hidebound in this way; that indeed I have allowed two of my own daughters to marry outside their immediate community .... But in your case .... the margin, the discrepancy between the two families, the young man's and yours, is too wide."[2] Even Hari, who declares his love for Amrita, has no courage to face the opposition of his family, for a Bengali girl cannot fit into their Punjabi family, because the food habits, language and social customs of two communities are very different.

In her novel 'Esmond in India', Jhabvala shows how freedom fighters like Ramnath are out of date and their places are being taken by others like Har Dayal who did not have to sacrifice much to get the freedom, but are enjoying all the comforts in free India. Har Dayal has stopped wearing imported suits and wears only Khadi & Jodhpurs. He owns a big bungalow and a fleet of cars and holds committee meetings in his house. When Har Dayal's daughter Shakuntala praises her father and his achievements, Amrit, her brother, cuts her short and remarks, "Daddyji's Committees and all this art and culture and fuddle .... are very nice to keep old gentleman busy but, why do we pretend they serve any useful purpose."[3] Ruth Jhabvala displays a characteristic sensitivity to the social condition of the nameless and faceless domestic servants of India. Har Dayal's wife Madhuri takes unquestioned possession of the lives of her well trained servants and her daughter Shakuntala, despite her high idealism, is not above venting her feelings viciously on an occasion, on her chauffeur.

Esmond still wood, a master of Indian art and culture, husband of an Indian wife is Indian only outwardly. It is ironical that he has come to India to teach Indians about their own art and culture. He has furnished his apartment as a typical European would do. He never develops any taste for Indian food. He dislikes the Indian ways of bringing up children and Indian customs & traditions.

Mrs. Ruth Prawer Jhabvala has taken the title of her novel 'Get Ready for the Battle' from the advice given by the Lord Krishna to the heroic prince Arjuna on the field of Kurukshetra; "Treating alike pleasure and pain, gain & loss, victory & defeat, then get ready for battle". In this scripture Lord Krishna tells Arjuna that a Kshatriya's duty is to fight against all evils. In Jhabvala's novel it is Sarla Devi who gets herself against evil, mainly social injustice and oppression of the poor. The world revealed in the novel is characterized not only by the press of poverty and the socio-cultural gulfs but also existing patterns of living which are changing fast & drastically.

Ruth Jhabvala has also depicted social workers like

*Associate Professor (English) Govt. M.L.B. P.G. Girls College, Fort, Indore (M.P.) INDIA

Mrs. Bhatnagar and Mrs. Dass who, though apparently selfless are only irrelevant to India's real problems. Having uprooted a colony of slum-dwellers and pushed them out far beyond the city limits, these ladies ironically busy themselves in organizing jeeps which will take them out to new colony every day for they are engaged in the selfless task of educating the slum dwellers. Though none of them has given a thought to the squatters' problems of commuting to the city and making a living.

In 'A Backward Place' Ruth Jhabvala exposes sterility of cultural Dais and of its endeavours in the sphere of art. This association is supposed to dispense culture to a small minority of Delhi society. Ironically, the Dais functions only as Mrs. Kaul's compensation for a husband who is too busy to give her any attention and a pattern of life in which her role has become indistinct. In the public eye the "Cultural Dai stands, for social advancement – a place where you can meet nice and interesting people and be in touch and be important, also an opportunity perhaps to wangle a trip abroad[4]. The difference between the rich and the poor is shown through materialists like Mr. Gupta and Mrs. Kaul on one hand and idealists like Mr. Jaykar and Sudhir on the other. It is through Jaykar that she points out the evils of Indian Society and government. "What we as a nation want is not words but deeds, not promises but plans, not sentiments but bread"[5]. Sudhir finally decides to quit Delhi and cultural Dais to their empty intellectual and aesthetic pretensions to devote his considerable intelligence to assist Indian education at its lowest level in a part of India remote from the fashionable capital.

Jhabvala very skillfully and faithfully portrays the changing society which was, struggling between the old and the new values, trying to evolve a new way of life.

Delhi, a meeting place of people and their cultures from all parts of the country and abroad, is the locale of her writing. This offered a great scope for ironical dissection of morals, manners and attitudes of people for a novelist who was endowed with a keen power of observation and awareness of the subtle nuances of the new aspect of the social & cultural life of the city. With her comic and ironic vision, she lays bare the follies, foibles, vanities, frivolities and pretences of the sophisticated and not so sophisticated upper-middle class people of the society. She depicts very clearly that in India of Independence and freedom, Gandhi is honoured like a god but his ideals are largely ignored. In free India the young are trying to free themselves not politically but in private life, in family life, rebelling against parents, resenting having their marriages arranged, falling in love with unsuitable people. She also finds it difficult to accept the deplorable sights of the sick and the poor with equanimity or as sins of a past life. She does not falsify or idealize life but is human enough to feel the heartache at the heart of humanity and it is this that finally refines the quality of her engagingly entertaining art as the consummate portrait of socio-economic life in India.

References :-

1. K.R. Srinivasaa Iyengar, Indian writing in English (New Delhi : Sterling Publishers Pvt. Ltd., 1989), P. 327.
2. Ruth Prawer Jhabvala. To whom she will, (London : Penguin Books, 1985), P. 7
3. R.P. Jhabvala, Esmond in India, (London : Penguin Books, 1980), P. 44
4. R.P. Jhabvala, A Backward Place, (London : Penguin Books, 1980), P. 47
5. Ibid; P. 56

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

व्यंग्य का विकास एवं परिभाषा

डॉ. रश्मि सिलारपुरिया *

शोध सारांश – हिन्दी साहित्य में व्यंग्य का क्षेत्र न केवल भारत में अपितु पाश्चात्य जगत में भी समादर्णीय स्थान पर रहा है। व्यंग्य के महत्व व उपयोग को विद्वानों ने सर्वाधिक स्वीकार्य किया है। हिन्दी साहित्य की प्रमुख विधाओं में व्यंग्य अपनी प्रखर एवं समर्थ उपस्थिति प्रदान कर रहा है। समाज की संलग्तता के कारण व्यंग्य साहित्य विद्धानों के अध्ययन एवं विचार का महत्वपूर्ण बिन्दु बन गया है समाज में व्याप्त विषमताओं, विसंगतियों और बुराईयों की ओर व्यंग्यकार अपनी कहानी अथवा निबंध के माध्यम से हमारा ध्यान रोचक ढंग से आकर्षित कराता है। व्यंग्य को विभिन्न रूपों में परिभाषित किया गया है। व्यंग्य क्रोध की अभिव्यक्ति का एक उपकरण है। उसकी सफलता अभिव्यक्ति के सौष्ठव पर आधारित है। व्यंग्य का विकास हिन्दी साहित्य में बहुत ही पुराना है। वीरगाथा काल में व्यंग्य राजा और महाराजाओं के लिए हुआ करता था फिर इसका धीरे धीरे आगे विकास क्रम बढ़ता गया और वह वर्तमान में अपनी चरम सीमा को लॉघ कर सबसे आगे खड़ा हुआ है। व्यंगयकारों ने भरसक प्रयास किया तथा उसे इस वर्तमान युग में लाने के लिए हमेशा कोशिश करते रहे।

प्रस्तावना – हिन्दी साहित्य का इतिहास हास्य एवं व्यंग्य चेतना से नहीं के बराबर रहा है और जो भी हास्य-व्यंग्यात्मक मिलता है, वह साहित्य की श्रेणी में नहीं आता है वह निम्नस्तरीय कहा जा सकता है। भारतीय साहित्य एवं व्यंग्य की कमी का सबसे बड़ा ढोष जीवन को परखने की शक्ति का रहा है। इस सम्बन्ध में डॉ. नागेन्द्र ने लिखा है – 'भारतीय दृष्टि सदैव भेद को देखती रही है। द्वैत को मिटाकर अद्वैत की स्थिति को प्राप्त करना ही इसका लक्ष्य रहा है।' वास्तव में अनेकता में एकता की प्रतीति के बिना पूर्ण आस्तिकता की स्थिति सम्भव नहीं, परन्तु आप देखेंगे कि यह जीवन दृष्टि हास्य के एकान्त में प्रतिकूल पड़ती है।' [1] इससे यह स्पष्ट होता है कि भारतीय जीवन की मूलदृष्टि हमेशा द्वैत को समूल नष्ट कर अद्वैत को प्राप्त करना रही है। इस प्रकार की स्थिति हास्य के विपरीत है, अनुकूल नहीं है।

संस्कृत और प्राकृत साहित्य में भी व्यंग्य लेखन की परंपरा विकसित नहीं रही है। भारत दीर्घकाल से पराधीनता की बेड़ियों में जकड़ा रहा है और कहा भी गया है कि 'पराधीन सुख सपनेहु ना ही इससे मानसिक विकास न होकर हास्य-व्यंग्य के अभाव का कारण माना है, ऐसे वातावरण में हिन्दी साहित्य का उद्‌भव और विकास बड़ा संघर्षमय एवं गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा रहा है। उसे व्यंग्य, विनोद की रचना लिखने का अवकाश ही नहीं मिला है। जैसा कि राजबहादुर लमगोड़ा के अनुसार-'हास्य की कमी का कारण मुझे यह प्रतीत होता है कि जिन हजार वर्षो में हिन्दी भाषा का विकास हुआ है, वे हमारी गुलामी के रहे हैं। हमारे उस हजार वर्ष के इतिहास में लड़ाई, झगड़े, परेशानी और उनके छुटकारे के प्रयत्न ही प्रधान रहे। तात्कालिक स्थिति में न हमें हंसने का अवकाष मिला और न समय।'[2] अत: व्यंग्य हास्य का अभाव स्पष्ट होता है। प्रत्येक युग में परिस्थितियों गम्भीर और विपरीत रही हैं। हास्य और व्यंग्य सामाजिक विकृतियों को सुधारने की वृत्तियां हैं, किन्तु भारतीय शास्त्र में इसे आचार्यों ने ग्रहण किया। अत: उपेक्षित व्यंग्यकार एवं हास्य कवियों को सामाजिक स्तर पर कोई उंचा महत्व नहीं दिया गया, जैसा कि आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी जी ने सत्य ही कहा कि 'जिस प्रकार सामाजिक जीवन में हंसोड़ व्यक्ति के प्रति सम्मान का भाव कठिनाई से उत्पन्न होता है और उसके गम्भीर वक्तव्य भी लोगों द्वारा उपेक्षित होने लगते हैं, उसी प्रकार के मात्र हास्य और व्यंग्य के लेखन से साहित्य में ऊंची प्रतिष्ठा नहीं प्राप्त की जा सकती।'[3] इस प्रकार की प्रवृत्तियों ने व्यंग्य की परम्परा एवं विकास पर अवरोध डाला है। हिन्दी साहित्य के इतिहास में अधिकांषत: अल्पकालिक हास्य-व्यंग्यकारों की रचनाएं देखने मिलती हैं। इसमें लेखन की क्लिष्ठिता एवं रूचि न होना ही रही है। व्यंग्य, परिहास, हास्य विनोद में लड़ाई-झगड़े, दुष्मनी के अलावा उसका उच्च स्तर महत्व को नहीं समझा गया।

हिन्दी हास्य-व्यंग्य में आदि कवि, वीरगाथा काल धर्माश्रित एवं राज्याश्रित कवियों से ओत-प्रोत रहा है। सिद्धों, नाथों के धर्माश्रित काब्यों में सरहपा जैसे सिद्धों ने वैदिक विधानों पर व्यंग्य प्रहार किए हैं। आदिकाल के अन्तिम समय में अमीर ख़ुसरो ने सं. 1340 के आसपास ठेठ खड़ी बोली में जनता के अनुकूल पहाड़ियों, मुकरियों की रचना की। इस आधार पर अमीर खुसरों को हिन्दी का आदि हास्य कवि कहा जा सकता है। सरोज खन्ना के अनुसार – 'आदिकाल की सन्ध्या में जब साहित्याकाष पर अमीर खुसरो देदीप्यमान नक्षत्र की भांति उदित हुए, तब हिन्दी कविता में विनोद और मनोरंजन की प्रवृत्तियां दृष्टिगोचर होने लगी। हास्य को स्वतंत्र सत्ता प्रदान करने वाले अमीर खुसरों ही हिन्दी के प्रथम कवि हैं।'[4]

व्यंग्य की परिभाषा – व्यंग्य-हास्य के गर्भ से पैदा हुआ है, अत: इसे हास्य की जननी कहा जाता है। कभी-कभी आष्चर्यचकित घटनाओं को देखकर हमें उन पर हंसी आ जाती है।

'व्यंग्य शब्द वि + अंग से बना है, जिसका अर्थ विफल अथवा विकलांग होता है, वस्तुत: विफल का अर्थ है खण्डित अंगों वाला। इसलिए विकलांग शब्द अनुपयुक्त है। 'विललांगा।' शब्द उसी पकार चल पड़ा, जैसे सनलाईट साबुन, ए.सी. करेण्ट, विंध्याचल पर्वन इत्यादि। इस प्रकार व्यंग्य अंगहीन अथवा खण्डित अंगों वाले व्यक्ति, प्राणी अथवा पदार्थो का बोध

* क्राइस मेमोरियल कोऐड हायर सेकेण्डरी स्कूल, बैरागढ़, भोपाल (म.प्र.) भारत

कराता है। मूलत: किसी व्यक्ति या समाज बुराई या न्यूवता को सीधे शब्दों में न कहकर उल्टे या टेढ़े शब्दों में व्यक्त करना व्यंग्य है। सामान्य भाषा में इसे ताना बोली या चुटकी भी कह सकते हैं। व्यंग्य वह विद्या है, जिसमें वाक्य को सीधा न कहकर उसे थोड़ा घुमा-फिराकर भी बोल सकते हैं।

'व्यंग्य शब्द अंग्रजी के Satire का हिन्दी पर्याय है। होरेस (65 ई.पू.) के समकालीन रोम में अमर्यादित नाटकों के लिए एक शब्द प्रयुक्त होता था- 'Saturege'। परवर्तीकाल में लातिन में यह 'Sature' बनकर आया और अंग्रेजी में 'Satire' शब्द बना। इस 'डरींळीश शब्द के पर्याय स्वरूप हिन्दी में व्यंग्य, व्यंग, विकृति, उपहास चार शब्द प्रचलित संज्ञा है।'[5]

व्यंग्य हमेशा कड़वा तथा पैना होता है।
लेकिन इसमें सुधार हमेशा होता रहता है।।

लेटिन में व्यंग्य के प्रमुख व्याख्यानकर्ता रहे हैं-होरेस, पर्सियंस और जुबेनल जिनका अनुकरण यूरोप के 'रिनेसा' (निवोत्थान) के अंतर और उपरांत किया गया था। इंग्लैण्ड में यहीं आदर्श स्वरूप एलिजाबेथीन, अगस्तीय समय में अपनाया गया था, कविता के विशिष्टीकरण के लिए व्यंग्य का प्रयोग किया गया। यहीं से व्यंग्य की व्युत्पत्ति मान्य हुई। साहित्यिक स्वरूप में इसे परिभाषित करना हो तो यह कह सकते हैं कि सामाजिक दोषों, दुर्बलताओं और बिडम्बनाओं पर तीक्षण प्रहार करने वाली रचनाएं साहित्यिक व्यंग्य श्रेणी में आती हैं।

व्यंग्य को साहित्य स्वरूप में परिभाषित किया जाये, तो कहेंगे कि इसमें पर्याप्त मनोरंजन की संभावनाओं के साथ-साथ तिक्तता की प्रेरणा से उत्तेजित जुगुप्सा भी हैं, इसमें हास्य की प्रतीति अलग प्रकार की होती है और उक्तियों का उपयोग साहित्य शिल्प के तौर पर होता है। हास्य के अभाव में व्यंग्य गाली का रूप धारण कर लेता है तथा साहित्यिकता के अभाव में वह विदूषक की ठिठोली मात्र बनकर रह जाता है।

व्यंग्य - व्यंग्य 'Satire' क्रोध की अभिव्यक्ति का एक उपकरण है। उसकी सफलता अभिव्यक्ति के सौष्ठव पर आधारित है। व्यंग्यकार, व्यंग्य-पात्र और आस्वाद; इन तीनों का सक्रिय योग व्यंग्य की पूर्णता के लिए अपेक्षित है और उसकी परिणति हास्य में होती है। व्यंग्य का लक्ष्य लोकहित है। मात्र आत्मतुष्टि के लिए प्रयुक्त समाज की आनन्पूर्ण स्वीकृति के अभाव में सफल नहीं हो पाता।

व्यंग्य की भाषा में तिक्तता अधिक होती है। इसके लिए तीन बातें आवश्यक हैं-निन्दा, सामाजिक हित, वर्तमान या जीवित लक्ष्य की सीमा।

व्यंग्य समझदारी और विवेकपूर्ण चिन्तन पर आधारित होना चाहिए। व्यंग्य का लक्ष्य सामाजिक कुरीतियों, व्यवहारों तथा रूढ़िमुक्त परम्पराओं को हेय और हास्यास्पद रूप में रखकर सुधारने का होता है। व्यंग्यकार समाज के एक अंग अथवा व्यक्ति विशेष पर ही व्यंग्य करता है, समष्टि पर नहीं। क्योंकि वह जानता है कि व्यंग्य की पूर्णता के लिए समाज का आनन्दपूर्ण योगदान आवश्यक है और यह तभी संभव हो सकता है, जब आघात समष्टि पर न हो। व्यंग्यकार का शिकार समर्थ, योग्य और शक्तिशाली होता है, परंतु वह उस रूप में प्रस्तुत नहीं किया जाता, केवल उसकी ओर संकेत किया जाता है। व्यंग्यकार का मूलभाव अनुदान है और उससे संपन्न कर्म सृजनात्मक न होकर ध्वंसात्मक होता है, इसलिए समाज में उसकी गणना कवि, कलाकार, महात्मा तथा संत के सदृश नहीं होती।

व्यंग्य वह पद्यमय अथवा गद्यमय रचना है, जिसमें तत्कालीन विषमताओं तथा विद्रूपताओं का मजाक उड़ाया जाता है। इसका अभीष्ट किसी व्यक्ति विशेष या व्यक्तियों के समूह का उपहास करना होता है अथवा जो एक व्यक्तिगत आक्षेप लेख समान होता है।'[6]

'व्यंग्यकार अपनी मर्ममेदनी दृष्टि से समाज के प्रत्येक पहलू पर पैनी नजर रखता है और तत्पश्चात् अपनी रचना में अपनी तीखी आलोचना करता है।'[7] पाठकों को गुदगुदाते हुए वह सामाजिक विकृतियों के प्रति नफरत उत्पन्न करता है। 'व्यंग्य रचना लेखकों की कल्पना की अपेक्षा उनकी प्रतिभा की परीक्षा है। व्यंग्यकार की विनोदशील प्रकृति के बीच एक क्रूर आलोचक छिपा होता है। जब आलोचना पर हास्य हावी होता है, तब रचनाकार विनोदशील की, शालीनता की रक्षा करते हुए मनुष्य की दुर्बलताओं की स्वीकृति प्रदान करता है।'[8]

पश्चिम के व्यंग्कार स्वीकार करते हैं कि व्यंग्य का प्रभाव एक तीर की भांति होना चाहिए, जो पलक झपकते ही लक्ष्य भेद करता हो, इसलिए इसका आकार जितना संक्षिप्त होगा, प्रभावान्विति उतनी ही श्रेष्ठ होगी। विस्तृत विवरण इसकी प्रभनिष्ठता को क्षींण कर देता है। 'व्यंग्यकार के लिए सामाजिक विकृतियां पीड़ादायक होती हैं। आत्मसंतुष्टि के लिए यह उसकी तींखी आलोचना करता है। अंग्रेजी व्यंग्य का उत्स रोमन साहित्य के प्रभावस्वरूप भी स्वीकार किया जा सकता है।'[9] जुबेनल और होरेस रोमन साहित्य के प्रतिष्ठित व्यंग्यकार हैं, जिनका अनुकरण अंग्रेजी साहित्य के व्यंग्य के प्रारम्भिक चरणों में किया गया है। स्विपर यहां का श्रेष्ठ लेंगलैण्ड रिचर्ड स्टील, जानसन, गोल्डस्मिथ आदि महत्वपूर्ण व्यंग्यकार है।

भारतीय आलोचकों की परिभाषाएं निम्नलिखित है-

1. **आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी -** 'व्यंग्य वह है, जहां कहने वाला अधरोष्ठ में हंस रहा हो और सुनने वाला तिलमिला उठा हो और फिर भी कहने वाले को जबाव देना अपने को और भी हास्यास्पद बना लेना आता हो।'[10]

2. **हरिशंकर परसाई -** 'व्यंग्य जीवन से साक्षात्कार करता है, जीवन की आलोचना करता है, विसंगतियों, मिथ्याचारों और पाखण्डों का पर्दाफाश करता है 'यह नारा नहीं है। मैं यह कर रहा हूं कि जीवन के प्रति व्यंग्यकार की उतनी ही ही निष्ठा होती है, जितनी किसी गंभीर रचनाकार की, बल्कि ज्यादा ही वह जीवन के प्रति दायित्व का अनुभव करता है। जिन्दगी बहुत जटिल चीज है। इसमें खालिस हंसना या खालिस रोना जैसी चीज नहीं होती, बहुत सी हास्य रचनाओं में करूणा की धारा होती है।'अच्छा व्यंग्य सहानुभूति का सबसे उत्कृष्ट रूप होता है।'[11]

3. **शरद जोशी -** 'अब यदि उन्हीं मूल्यों, विश्वासों और आस्थाओं से जुड़ा साहित्य सामान्य जिन्दगी से भी जुड़ा है, तो वह 'सेंस ऑफ ह्यूमर' साहित्य में आयेगा ही जो अन्याय, अत्याचार और निराषा के विरूद्ध होते व्यंग्य में अभिव्यक्त होगा। व्यंग्य की पहचान है कि साहित्य कष्ट सहती जिन्दगी के करीब है या जुड़ा हुआ है, नहीं हो सकता तो कहीं गड़बड़ी है।'[12]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विचार और विवेचन - डॉ. नगेन्द्र, नई दिल्ली (संस्करण 1949), प्र.सं.74।
2. विश्व साहित्य में रामरचित - राजबहादुर लमगोड़ा, वाराणसी (1948), प्र.सं. 152।
3. प्रकीर्णिका - आचार्य नन्दुलारे वाजपेयी, कानपुर (1965) प्र.सं. 152।
4. हिन्दी कविता में हास्य रस - रसेज सन्ना, इलाहाबाद (संस्करण 1969), प्र.सं. 50।
5. हिन्दी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, वाराणसी

(संस्करण 1968), प्र.सं. 57।

6. हिन्दी व्यंग्य साहित्य – लेखक–डॉ. ए. एन. चन्द्रशेखर रेड्डी, शबरी संस्थान, नई दिल्ली (प्रथम संस्करण 1989), पृ. सं. 37।
7. हिन्दी का स्वातन्त्रयोत्तर हास्य और व्यंग्य – डॉ. बालेन्दु शेखर तिवारी, अन्नपूर्णा प्रकाशन, कानुपर (प्रथम संस्करण 1978), पृ. सं. 51।
8. कबीर – हजारी प्रसाद द्विवेदी, पृ. सं. 164।
9. सदाचार का ताबीज – हरिशंकर परसाई, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली (चौथा संस्करण 1981), पृ. सं. 3,91।
10. मेरी श्रेष्ठ व्यंग्य रचनाएं – शरद जोशी, ज्ञान भारतीय प्रकाशन, नई दिल्ली (भूमिका सन् 1980)।
11. स्वातन्त्रोत्तर हिन्दी कविता में व्यंग्य – डॉ. शेरजंग गर्ग, पृ. सं. 27–28।
12. हिन्दी का स्वातन्त्रोत्तर हास्य और व्यंग्य – डॉ. बालेन्दु शेखर तिवारी, अन्नपूर्णा प्रकाशन, कानपुर (प्रथम संस्करण 1978), पृ. सं. 56।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

हिन्दी के समकालीन ऐतिहासिक उपन्यासों में जनचेतना के विविध आयाम

डॉ. लक्ष्मी गोयल *

प्रस्तावना – विश्व उपन्यास साहित्य का जन्म,विकास एवं समृद्धी जनचेतना के समानान्तर हुई है। उपन्यास जनचेतना का संवाहक ही नहीं, अपितु युग की गतिशील पृष्ठभूमि पर गतिशील जन–जीवन का चितेरा है। यही कारण है कि उपन्यास जनचेतना की गोद में जन्म लेता है और युग जीवन की खाद से पोषित होकर नूतनता से सिंचित होता है। आज के जीवन की उथल–पुथल एवं भावगत अंतर्द्वंद्व की अभिव्यक्ति की सर्वोत्तम विधा उपन्यास ही है।[1]

मनुष्य की जीवन धारा चीर, प्रवाहशील, प्रगतिशील है। देश और काल के अनुसार इसमें सदैव परिवर्तन हुए है। उपन्यास उस प्रगतिशील मानव को यथार्थ परिवेश में चित्रित करने का प्रयत्न करता है, यही कारण है कि उपन्यास भी निरन्तर प्रगतिशील रहा है।[2] कभी वह सामाजिक जीवन से संबंधित समस्याओं का चित्रण करता है, कभी मानव–मन के द्वंद्वों की अभिव्यक्ति करता है, तो कभी वह इतिहास की छानबीन कर युग–विशेष को प्रत्यक्ष कर देता है या किसी ऐतिहासिक पात्र–विशेष को लेकर उसके सम्पूर्ण जीवन को प्रत्यक्ष कर देता है। इस प्रकार मानव–जीवन की प्रस्तावित रूपरेखा का विधान करने वाली विधा उपन्यास है, जिसका प्रगाढ़ सम्बन्ध व्यक्ति के जीवन एवं उसके युग से होता है।[3] समाज अधोगति और पतनावस्था की विविध प्रतिकूल परिस्थितियों में जो प्रतिभा आकर्षक दीप्ति बनकर चमक उठे और जिसके प्रभाव से समस्त समाज में जन–जागरण की लहर व्याप्त हो जाए, उसी को चेतना का वाहक समझा जाता है। रूढ़िगत विचारों को त्यागकर किसी नई दिशा में जब समाज प्रवृत्त होता है, और अपनी उन्नति की ओर अग्रसर होता है, तो यह कहा जाता है कि उस समाज में जागृति उत्पन्न हुई है।[5]

ऐतिहासिक चेतना परंपराओं से जुड़ी है। रूढ़ि का अर्थ–जड़ता है और परंपरा का अर्थ–निरन्तरता। रूढ़ि की साधना परंपरा के प्रति जागरूकता का मुख्य उपकरण है एक ऐतिहासिक चेतना अर्थात् जो कालानुक्रम में बीत गया है, अतीत है उसे बीतेपन की ही नहीं उसकी वर्तमानता की भी तीखी और चीर–जागृत अनुभूति। अज्ञेय के मतानुसार–आधुनिक हिन्दी लेखकों में यदि यह ऐतिहासिक चेतना होगी तो उसकी रचना में न केवल अपने युग, अपनी पीढ़ी से उसका संबंध बोल रहा होगा, बल्कि उससे पहले की अनगिनत पीढ़ियों की और उनके साथ अपनी पीढ़ी की संलग्नता और एक सूत्रता की भी तीव्र अनुभूति स्पंदित हो रही होगी जो 'है' उसके साधना में ऐसा साहित्यकार उसे एक ओर हटाकर नहीं फेंक सकेगा जो 'था' वह अनुभव करेगा कि 'अतीत' उसी का नाम है जो पहले से वर्तमान है, जबकि आज वह है जो वर्तमान होना आरंभ हुआ है। अतीत और वर्तमान के इस दोहरे अस्तित्व की उनकी पृथक वर्तमानता और उनकी एक सूत्रता का निरन्तर अनुभूति हो ऐतिहासिक चेतना है और इस चेतना का अनवरत स्पंदनशील विकास ही परंपरा का ज्ञान।[6] मनुष्य की सम्पूर्ण क्रियाओं एवं गतिशील प्रवृत्तियों का मूल कारण जन चेतना ही है। जन चेतना का विकास सामाजिक वातावरण के सम्पर्क से होता है। वातावरण के प्रभाव से मनुष्य नैतिकता, औचित्य और व्यवहार कुशलता प्राप्त करता है। यह चेतना का विकास कहा जाता है। विकास की चरम–सीमा में चेतना निज स्वतंत्रता की अनुभूति कराती है। ऐतिहासिक उपन्यास सामाजिक जनचेतना का प्रतीक है। ऐतिहासिक उपन्यास तो एक ऐसी कथा है, जो यथार्थ की प्रतिच्छाया होती है।[7] डॉ. त्रिभुवन के शब्दों में ऐतिहासिक उपन्यासकार का उद्देश्य मनोरंजन नहीं होता इतिहास का ज्ञान प्राप्त करना, भ्रांतियों का निवारण करना अथवा वर्तमान से संबंधित किसी चेतना को ऐतिहासिक आधार देना होता है। त्याग एवं बलिदान के प्रसंगों को यथास्थान रखकर पाठकों के हृदय को द्रवित करना लेखक का प्रतिपाद्य होता है, तथ्यों, नामों, तिथियों आदि पर ऐतिहासिक उपन्यासकार का विशेष ध्यान रहता है। इसमें लेखक कल्पना का सहारा लेता है, कल्पना के द्वारा वह लेखक के मानवीय गुणों को सजीवता प्रदान करता है।[8] इस प्रकार साहित्य में जनचेतना का महत्वपूर्ण स्थान है। जन प्रतिनिधि कलाकार के साहित्य में सामाजिक चेतना आवश्यक नहीं, अनिवार्य होती है, क्योंकि इसके बिना वह न मनुष्य की वास्तविक समस्याओं को पहचान सकता है न यथार्थ समस्याओं से समाज को अवगत करा सकता है और न ही उसे उचित दिशा प्रदान कर सकता है। साहित्यकार यह कर देता है, तो समझ लेना चाहिए कि उसने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का पूर्ण निर्वाह कर दिया। साहित्यकार को हर युग में यह ध्यान रखना पड़ता है कि– सृष्टि सम्पूर्ण पशुवत नहीं और न मानव ही पशुवत है मानव यदि देवत्व के गुणों से परिपूर्ण है तो उसमें पाशविक प्रवृत्तियॉं भी है। अतएव वह न देवता है, न पशु है, वह केवल मानव है, जिसमें दोनों प्रकार की प्रवृत्तियाँ का विशिष्ट अनुपात है। उसकी समस्याएँ, कुँठाएँ, विवशताएँ तथा वञ्जनाएँ आदि बहुमुखी है, जो व्यक्तिगत न होकर समष्टिगत है। साहित्यकार का यह कर्तव्य है कि उसे व्यक्ति के दृष्टिकोण से नहीं, अपितु सामाजिक दृष्टिकोण से देखे व परखें। साहित्य जो समष्टिगत चेतना की उपज होता है, उसमें संशिलष्ट होती है।[9]

जनचेतना उपन्यासकार का एक ऐसा कारगर अस्त्र है तथा ऐसी पैनी दृष्टि है, जो साहित्य के भावपक्ष और प्रतिपाद्य में ही परिवर्तन नहीं लाती, अपितु उपन्यास के प्रस्तुतीकरण शिल्प में भी नूतन परिवर्तन प्रस्तुत करती है। समकालीन ऐतिहासिक उपन्यासों के अध्ययन से ज्ञान होता है कि– उपन्यास साहित्य तो यथार्थ की अनुकृति है तथा युगचेतना का अनुगायी है क्योंकि इसका जन्म ही परिवर्तन से और जन–चेतना की पृष्ठभूमि में हुआ

*अतिथि सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, गंधवानी, जिला–धार (म.प्र.) भारत

है। जन की गतिशील पृष्ठभूमि में जन-चेतना में परिवर्तन होता है, जिससे उपन्यास अछूता नहीं रह सकता है। ऐतिहासिक उपन्यास स्वयं इसका प्रमाण है। कुणाल की आँखे, बेगमात के आँसू, गुलारा बेगम, गंधर्वसेन, निष्कृति, सुहाग के नूपुर, बेकसी का मज़ार, शिल्पगत, भावगत एवं विचारगत परिवर्तनशील जनचेतना के मील स्तम्भ है।[10]

इनकी भाषा-शैली उत्तरोत्तर यथार्थवादी, चित्रात्मक तथा नाटकीय है। यही कारण है कि जनचेतना का वाणी-विधान करना इनका धर्म है और जन परिवर्तनशील है। फलत: उपन्यासों में भाव भी परिवर्तित होते जाते है। साथ ही वे किसी पूर्व योजना के अनुसार उपन्यास नहीं लिखते है। समकालीन उपन्यासों की प्रेरणा-भूमि युगपटल पर जैसे-जैसे परिवर्तन नर्तन करते है ठीक उसी के अनुरूप इनके साहित्य के प्रतिपाद्य भी बदल जाते हैं। यही कारण है कि इनके साहित्य में स्वर-खंडन की प्रवृत्ति भी मिल जाती है। किन्तु यह उपन्यासकारों का जीवन-दर्शन है जो साहित्यिक-दर्शन बन गया है।[11] समकालीन उपन्यासों पर तात्कालीन सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक तथा शिल्पगत जन-चेतना का व्यापक प्रभाव पड़ा है। उनकी सांस्कृतिक चेतना में बौद्धिकता का आग्रह है, जिससे सांस्कृतिक धरातल पर अराजकता की स्थिति दिखाई पड़ती है। ऐसा लगता है कि सांस्कृतिक विरासत में गतिरोध की स्थिति आ गई है। विगत जीवन मूल्यों की आदर्श भावधारा का निषेध तो अवश्य किया गया है, लेकिन स्वस्थ जीवन-मूल्यों की स्थापना नहीं हो सकी है।[12]

1900 राजपुतों का पतन काल से लेकर स्वतंत्रता आन्दोलन के युग तक रहा है। हजारी प्रसाद द्विवेदी अपनी रूचि के अनुकूल गुप्तकाल तक सीमित रहे। अपेक्षतया नए उपन्यासकारों आनंद प्रकाश जैन तथा अमृतलाल नागर अपने उपन्यासों में भारतीय इतिहास के विभिन्न काल क्षेत्रों का चुनाव ही कर सके है। इन उपन्यासों में वैयक्तिक समस्याओं के साथ सामाजिक और उससे भी अधिक राष्ट्रीय समस्याओं का विशेष विनियोग किया गया है। नारी की स्वतंत्रता एवं सत्ता-महत्ता की स्थापना, बहु-विवाह विरोध, पर्दा-प्रथा निवारण, विशिष्ट परिस्थितियों में तलाक के समर्थन, विवाहों में कुल एवं जात्याभियानों की विगर्हणा, विवाह में नारी की इच्छा-स्वीकृति के सम्मान, सास-बहू-ननंद की गृह-कलह में नारी के अपने अपराध अनौचित्य के अनावरण तथा विधवा, पतिता, वैश्या, दासी, देवदासी आदि के आधार पर नारी के पीड़ित-शोषित, अपमानित रूपों के प्रति संवेदना जगाने और चिंतन बाध्य करने में ऐतिहासिक उपन्यास पीछे नहीं रहे है।[13]

अत्याचारियों-आक्रांताओं से लोहा लेने वाली वीरांगनाओं को उभारा और प्रसिद्ध पुरूषों की महानता के मूल में नारी प्रेरणा एवं नारी-शक्ति के संधान से युग-युग की नारी के लिए उज्जवल आदर्श एवं क्रांति के कंगन प्रस्तुत किए है।[14]

डॉ. कृष्णा अग्निहोत्री ने निष्कृति के माध्यम से ऐतिहासिक कथा को नए रूप व नए-विचारों में प्रकट किया है और आज के जीवन की सच्चाईयों को प्रकट करने का प्रयास किया है। उन्होंने व्यक्तिगत समस्याओं और अंतर्द्वंद्वों के साथ-साथ सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।[15]

गंधर्वसेन क्षिप्रा के दर्द को विचलित करने वाली मर्मकथा है, इसमें दूसरी सदी की नायिका सरस्वती और उज्जयिनी नरेश गंधर्वसेन की ऐसी प्रणय-गाथा है, जिसमें नारी-मन का सच्चा संताप और शोकाकुल शब्दों में लिखी उसकी व्यथा अंतस को झकझोर देती है।[16]

गुलारा बेगम पगारे जी का पहला ऐतिहासिक उपन्यास है। यह उपन्यासों में एक नई परंपरा का निर्धारण करता है। यह अपनी लींक से हटकर लिखा गया उपन्यास है। यह केवल गुलार और खुर्रम की प्रेमकथा नहीं बल्कि आम आदमी की कहानी है। इसमें मुगल दरबार की सत्ता-संघर्ष की कुटिल चालों का चित्रण है तो कोठे पर सजधज कर अपमान का जीवन जीने वाली नारियों की गहरी वेदना भी है।

दास्तान-ए-औरंगजेबी मुहब्बत की इतिहास को चौंकाने और स्तब्ध करने वाली घटना है, क्योंकि इतिहास औरंगजेब के जीवन के गोपनीय रहस्यों को उजागर करने में असफल रहा है। बेगम जैनाबादी के लिए उसकी तड़प और बेकसी उसकी शख्सियत का दूसरा अनछुआ पहलू है। हीरा की मोहब्बत में इस फकीर ने नृत्य, गीत संगीत, शराब, शबाब का आनंद उठाया। हीरा उनकी जिंदगी की तवारीख का रूमानी अध्याय है। हीरा की अचानक मौत ने न केवल औरंगजेब को बदला इतिहास की धारा बदल दी। काश! हीराबाई जिंदा होती तो मुगल इतिहास शायद दूसरी तरह से लिखा जाता।[17]

राजस्थान की पावन-भूमि पर जोधकुँवर का जन्म हुआ जहाँ शौर्य-स्वाभिमान एवं निडरता रही, वहाँ नारी का सदा भोग्या ही माना गया। कई क्षत्राणियाँ लड़कर शहीद हो गई, सीमित धारणाओं व पुरूषों के अधीन रह अपना अस्तित्व उनके इशारों पर निखारना पड़ा।

नीला चाँद – इसमें सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश के लिए छात्र-क्रांति, अंग्रेजी हटाओं आन्दोलन और 1961 की अभूतपूर्व बाढ़ को चुना है,

कुणाल संदर्भ – मौर्यकाल में उपन्यासकारों के सार्थक आकर्षण का केन्द्र तीन विभूतियाँ रही है- चाणक्य, चंद्रगुप्त और अशोक। इसमें वृद्ध अशोक की युवा रानी निश्यरक्षिता राजकुमार कुणाल के प्रति अपनी आसक्ति में असफल होकर उसकी आँखें निकलवानें के षड्यंत्र में सफल होती है। उधर कुणाल अपने अधिकार-रक्षा के लिए ललकारता है कि सम्राट अशोक की आज्ञा के बिना किसी को उसे अंधा करने का अधिकार नहीं और पिंजरे में बंद शेर की आँखें फोड़ना वीरता भी नहीं।[18]

शतरंज की मोहरे- इसमें अवध राज्य के कुछ सामाजिक व राजनैतिक घटना चक्र के माध्यम से उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वाध के काल का सजीव चित्रण है। गाजीउद्दीन हैदर अवध का बादशाह था उसकी बेगम धार्मिक ढकोसलेबाज थी और अपने जिद्दी एवं दम्भी स्वभाव के कारण अपने पति से झगड़कर अलग रहती थी स्वयं नि:संतान होने के कारण उसने अपनी प्रभुत्वकामना की सिद्धी के लिए एक दासी पुत्र नसीरूद्दीन को अपना पुत्र बनाकर उसे खेल के मोहरें की तरह इस्तेमाल करती है। और राजमातृत्व के स्नेह का जाल फैलाती है।

सुहाग के नूपुर – इस उपन्यास की नायिका माधवी उन वैश्याओं का प्रतीक है, जो जन्म से वैश्या नहीं होती और किसी-न-किसी बड़े कुलीन एवं धनाधीश की पुत्री भी हो सकती है, किन्तु दुर्भाग्यवश लूटी-चुराई और बेची जाकर परिस्थितिवश वैश्या बनती है। इसलिए माधवी में जहाँ एक वैश्या-सा सौंदर्य, हाव-भाव, कुशलता, प्रेम का नाटक या जादू करने की प्रवीणता है वहीं एक कुलवधु का एक प्रेम और धर्म-निरपेक्ष समर्पणशीलता भी है।

प्रेमचंद के सेवासदन में वैश्या सुमन का उद्धार हो जाता है, किन्तु वैश्या-बालाओं को समाज अपनाएगा या नहीं यह समस्या टेढ़ी खीर बनी रहती है। यही सोच माधवी की है कि-कहीं उसकी पुत्री को समाज की विगर्हणा से वैश्या-जीवन अपनाने पर बाध्य न होना पड़े। सुहाग के नूपुर की तार्किकता तथा वैचारिकता इस युग के वैश्या-जीवन पर लिखे उपन्यासों से बहुत आगे बढ़ी हुई है, अतएव यह आधुनिक है।[19]

इस प्रकार हम कह सकते है कि चेतना जो अनुभूतियों की जननी है, वह साहित्यात्मा है तो युगचेतना उसके अलोकमय नेत्र हैं, जिनसे वह सारे संसार का सौंदर्य आत्मसात करता है। साहित्य 'चेतना' के बिना निष्प्राण होता है तथा युगचेतना के अभाव में अंधा जो न वर्तमान के बारे में कुछ कह सकता है और न स्वर्णिम उषाकालीन भविष्याशा के पथ को देख सकता है। युग के गतिशील धरातल पर युग-चेतना परिवर्तनशील होती है, प्रत्येक भावी युग की युग-चेतना वर्तमान से भिन्न नए रंग में होती है। युग-चेतना का क्षेत्र इतना व्यापक होता है कि उसे सर्वांगीण रूप से साहित्य में बाँध पाना किसी साहित्यकार के लिए कठिन है। फिर भी काव्य की अपेक्षा गद्य में औपन्यासिक विधा में युग चेतना की अभिव्यंजना सरलतापूर्वक हो सकती है, क्योंकि कवि स्वप्नदृष्टा होता है और भावानुरूप शब्द शिल्पी भी, जबकि उपन्यासकार यथार्थ होता है।[20]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. महावीर- हिन्दी उपन्यासों का शास्त्रीय विवेचन, पृष्ठ-4
2. डॉ. त्रिभुवन सिंह - हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद, पृष्ठ-1
3. डॉ. भगीरथ मिश्र- काव्य-शास्त्र, पृष्ठ-3
4. डॉ. लक्ष्मी सागर वाष्णेय- बीसंवी शताब्दी हिन्दी साहित्य नए संदर्भ, पृष्ठ-252
5. डॉ. लक्ष्मी सागर वाष्णेय- बीसंवी शताब्दी हिन्दी साहित्य नए संदर्भ, पृष्ठ-255-56
6. सर्जना और संदर्भ- त्रिशंकु, पृष्ठ-21
7. सर्जना और संदर्भ- त्रिशंकु, पृष्ठ-22
8. डॉ. बेचेन- आधुनिक हिन्दी कथा साहित्य और चरित्र विकास, पृष्ठ-69
9. प्रताप नारायण टण्डन- हिन्दी उपन्यास कला, पृष्ठ-181
10. सर्जना और संदर्भ- त्रिशंकु, पृष्ठ-46
11. डॉ.त्रिभुवनसिंह- हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद, पृष्ठ-48-49
12. भगवती चरण वर्मा के उपन्यासों में युग-चेतना, पृष्ठ-22-23 डॉ. बैजनाथ प्रसाद शुक्ल
13. हिन्दी उपन्यास सुरेश-सिन्हा- पृष्ठ-153
14. हिन्दी उपन्यास सुरेश-सिन्हा- पृष्ठ-169
15. निष्कृति- डॉ.कृष्णा अग्निहोत्री
16. गंधर्वसेन- डॉ.शरद पगारे
17. बेगम जैनाबादी- डॉ.शरद पगारे
18. कुणाल-संदर्भ- डॉ.आनंद प्रकाश जैन
19. शतरंज के मोहरे- अमृतलाल नागर
20. डॉ. सुरेश सिन्हा- उपन्यास शिल्प और प्रवृत्तियाँ, पृष्ठ-77
21. सुहाग के नूपुर- अमृतलाल नागर

****

हिन्दी का अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप

डॉ. अमित शुक्ल *

शोध सारांश – हिन्दी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली–समझी और पढ़ी–लिखी जाने वाली भाषा मानी जाती है। भारत में हिन्दी भषियों की संख्या अरबों में है जिसमें तीस करोड़ लगभग ऐसे है जिसकी मातृभाषा हिन्दी न होते हुए भी उसी तरह व्यवहार में लाने की क्षमता रखते हैं, जैसे–हिन्दी भाषा–भाषीलोग विश्व के 200 देशों में चार करोड़ बीस लाख भारतीय मूल के लोग बिखरे हुए है जिनमें आधे से अधिक हिन्दी बोलते और समझते हैं। इस दृष्टि से देखें तो 21वीं सदी के वर्तमान समय में संसार में हिन्दी जानने वाले अंग्रेजी से अधिक हैं।

शब्द कुंजी –हिन्दी भाषा, विश्व, भाषा संसार, अंतर्राष्ट्रीय भाषा, भारतवंशीय, विश्वविद्यालयों, हिंदी व्याकरण।

प्रस्तावना – यदि किंचित् गहराई से विचार करें तो और भी विस्मयकारी तथ्य उजागर होंगे। चीनी भाषा संसार में सबसे बड़ी भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। कहा जाता है कि राट्रभाषा होते हुए भी चीनी जानने वाले लोग समूचे चीन में उपलब्ध नहीं है। जिस प्रकार हिन्दी के भारत देश की राट्रभाषा होते हुए भी सभी भारतीय हिन्दी नहीं जानते, वही स्थिति चीन में चीनी की और इंग्लैण्ड में अंग्रेजी की है। इसीलिए भाषा के विशेषज्ञों का मानना है कि कुल मिलाकर हिन्दी ही विश्व की सर्वाधिक समझी और पढ़ी जाने वाली भाषा है। यह भी निश्चित है कि विगत 64 वर्षों में हिन्दी की शब्द संख्या में जितना विस्तार हुआ है, उतना विश्व की शायद ही किसी भाषा में हुआ हो।'शब्द–संख्या की दृष्टि से यह संसार की सबसे समृद्ध भाषाओं में से एकमानी जाती है। अंग्रेजी–जिसे अंतर्राष्ट्रीय भाषा का गौरव प्राप्त है,उसके मूल शब्द जहाँ मात्र दस हजार हैं, वहाँ हिन्दी के ढाई लाख से भी अधिक हैं।'

हिन्दी सारे विश्व में नई दिशा–दृष्टि से आगे बढ़ रही है। विश्व में नए अंतर्राष्ट्रीय संदर्भों में हिन्दी जानने वालों को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है। एक वे देश जहाँ हिन्दी भाषा– भाषी क्षेत्र के भारतीय श्रमिक दासों के रूप में, लगभग सौ डेढ़ सौ वर्ष पहले गए थे और आज वहाँ के प्रमुख नागरिकों के रूप में, जिनकी गणना होती है– फीजी, मारिशिस, गियाना, सूरीनाम आदि। ये भोजपुरी, अवधी, मिश्रित हिन्दी बोलते हैं। बहुत बड़ी संख्या में ये हैं। दूसरे, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, स्वीडन, डेनमार्क, जर्मनी, नार्वे, के आप्रवासी भारतीय हैं। इनमें दक्षिण पूर्व एशिया के – म्यामार, थाईलैण्ड, सिंगापुर, मलेशिया तथा दक्षिण अफ्रीका, केन्या आदि देशों में बसे आप्रवासियों को भी शामिल किया जा सकता है। नेपाल की आधी से अधिक जन संख्या हिन्दी से परिचित है, थाईलैण्ड में हिन्दी जानने वालों की जन संख्या लगभग दो लाख है। बर्मा में भारतीय मूल के हिन्दी जानने वालों की संख्या लाखों में हैं।

विदेशों में बसे भारतवंशीय लोगों में हिन्दी को जीवित रखने में आर्य समाज, सनातन धर्म तथा अन्य धार्मिक संगठनों का योगदान है। अपने घर की भाषाभोजपुरी, अवधी आदि को उन्होने अपनी अस्मिता से जोड़े रखने में सहायता की है। मारिशस में हिन्दी को विशेष महत्व प्राप्त है। सन् 1910 से आर्य समाज की मारिशस में स्थापना के बाद वह निरंतर गतिशील रही है। यह स्मरणीय है कि सन् 1935 में जब भारतीय मूल के लोगों ने यहाँ अपने आगमन की शताब्दी मनाई तो हिन्दी के शिक्षण को अपनी अस्मिता और अस्तित्व से जोड़ने पर बल दिया। परिणाम यह हुआ कि आज वहाँ हिन्दी की अनेक संस्थाएँ सक्रिय है और हिन्दी को नए दृष्टि बोध से आगे बढ़ रही है। इस द्वीप ने हिन्दी को अनेक प्रतिभाशाली लेखक दिए– सोमदत्त लाखोरी, अभिमन्यु अनंत, रामदेव आदि। इन्होने फ्रान्सीसी और अंग्रेजी के प्रबल प्रभाव के बीच हिन्दी के वर्चस्व को बनाए रखने में ऐतिहासिक भूमिका का निर्वाह किया। आस्ट्रेलिया के निकट एक छोटा सा द्वीप 'फीजी' है, जहाँ हिन्दी को सदैव प्रतिष्ठा मिली। अनेक पत्र पत्रिकाएँ यहाँ से प्रकाशित होती रही हैं। सन् 1916 में स्थापित हिन्दी पाठशाला का आज भी गौरवपूर्ण स्थान है। वहाँ हिन्दी शिक्षण का कार्य एक धार्मिक अनुशठान की तरह चल रहा है। मिनीडाड की कुल आबादी के आधे लोग भारतवंशीय है, उनके बीच हिन्दी सम्मानित भाषाहै। भारतीयों के सम्पर्क में आने के कारण वहाँ रह रहे अफ्रीकी मूल के लोग भी हिन्दी शब्दों को ग्रहण कर रहे हैं। सूरीनाम में देवनागरी के साथ रोमन लिपि में हिन्दी लिखी जा रही है जिसे सरनामी हिन्दी, कहते हैं। सूरीनाम में एक विचित्र बात देखने को मिलती है कि जो आदमी हिन्दी नहीं जानता, उसका मंत्री बनना कठिन होता है। न्यूजीलैण्ड में हिन्दी के चल चित्र विशेष लोकप्रिय है। हिन्दी के कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए भारतीय मूल के लोग वहाँ अलग से अपना दूरदर्शन और आकाषवाणी केन्द्र स्थापित किए हुए हैं। इंडोनेशिया में तो भाषा 'इंडोनेशिया' ही प्रचलित है जिसमें 18 प्रतिशत शब्द संस्कृत अथवा हिन्दी के हैं। वहाँ की तीनों सेनाओं के समाचार पत्र के नाम 'त्रिशक्ति' है। इंडोनेशिया भी मॉरिशस की भाँति हिन्दीमय है। दक्षिण अफ्रीका में हिन्दी के पठन–पाठन तथा पूर्ण प्रशिक्षण की व्यवस्था है। अफ्रीका महाद्वीप के केन्या, उगान्डा, जैम्बिया आदि देशों में स्वाहिली भाषा के माध्यम से हिन्दी, गुजराती, पंजाबी आदि भारतीय भाषाएँ पढ़ाई जाती है। कम्पाला, नाइजीरिया, तंजानिया आदि में लाखों की संख्या में भारतीय हैं जो हिन्दी को उसकी पूर्ण आस्था के साथ जीवित किये हुए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी के विकास में विद्यालयों–विश्वविद्यालयों के हिंदी विभागो का विशेष योगदान है। इस समय विदेशों में लगभग 200 विश्वविद्यालयों में हिंदी शिक्षण की व्यवस्था है। इनके अतिरिक्त विदेशों के छोटे–बड़े उनके स्तरीय संस्थान हैं। जो वर्षो से हिंदी सेवा के कार्य में संलग्न

* एसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी) शा. ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

हैं अकेले जापान में 12 के लगभग विश्वविद्यालय एवं संस्थान हिंदी की पढ़ाई में जुटे हैं, लगभग 700 जापानी छात्र हिंदी सीख रहे हैं। 'गोदान' का मूल हिंदी से जापानी में अनुवाद पेथोमो दोई ने किया जिसकी पांच लाख प्रतियां बिकी थीं। जापानी में आकाशवाणी के हिंदी समाचार नियमित रूप से प्रसारित होते हैं। अनेक वर्षो से जापान में 'सर्वोदय' नाम की पत्रिका प्रकाशित होती रही हैं। जापान में अप्रवासी भारतीयो ने अपने ही प्रयास से जापान भारतीय हिंदी पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ किया था। इसके अतिरिक्त अनेक हिंदी पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही है। प्रो. ची-थ्येन ने पेइचिंग में हिंदी-विभाग खोला था। प्रो. चिन्तिन डॉन, प्रो. ल्यू को नान आदि विद्वान भारत विद्या-विभाग में हिंदी पाठ्यक्रम का कोर्स पूरा कर चुके हैं। यह कार्य किये उन्हें अनेको वर्ष हो गए हैं। प्रेमचंद की निर्मला तथा रामचरित मानस का पद्यानुवाद उन्होंने ही किया था। 'यशपाल' के 'झूठ सच' का अनुवाद भी इन्होने किया। 'चित्र लेखा' मैला आंच के अनुवाद भी चीनी पाठको तक पहुंचाए गए थे। श्रीलंका के तीनो विश्वविद्यालयों में उच्च स्तर तक हिंदी पढ़ाई जाती है। पाकिस्तान में पंजाब विश्वविद्यालय के साथ-साथ करांची विश्वविद्यालय में भी हिंदी पढ़ाई जाती है। संपूर्ण पश्चिमी दुनिया में हिंदी के प्रचार-प्रसार में विश्वविद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान है। यूरोप अमेरिका, आस्ट्रेलिया का शायद ही कोई स्तरीय विश्वविद्यालय हो जहां आज हिंदी के पठन पाठन की समुचित व्यवस्था न हो।

फिनलैंड के हेलसिंकी विश्वविद्यालय में गत अनेके वर्षो से हिंदी पढ़ाई जा रही है। वहां के प्राध्यापक प्रो बातिन तिम्बे ने गोदान का फिनिस भाषा में रूपांतर किया है। स्वीडन में सन 1968 से हिंदी विभाग प्रारंभ हुआ। इसी तरह नार्वे के ओस्लो विश्वविद्यालय में भी हिंदी पढ़ाने की विशेष व्यवस्था है। बुल्गारिया, हंगरी में भी हिंदी का कार्य और भी बडे पैमाने पर है। पोलैंड इस दिशा में और भी आगे है। पोलैंड के भारत स्थित वर्तमान राजदूत प्रो. मारिया क्रिस्तोक बृस्की संस्कृत और हिंदी के जाने माने विद्वान हैं। चेक गणराज्य का भारतीय साहित्य के प्रति विशेष मोह रहा है। चार्ल्स विश्वविद्यालय में हिंदी के पूर्व प्राध्यापक डॉ. ओदोलेन स्मैकेल हिंदी के विद्वान ही नही सुप्रतिष्ठित कवि भी रहे है। उनके हिंदी में लिखे आठ काव्य संग्रह प्रकाशित हुए है। रोमानिया के बुखारेस्ट विश्वविद्यालय में हिंदी का स्वतंत्र विभाग है जहां स्नातक स्तर तक हिंदी का पाठ्यक्रम है। बेलजियम और फ्रांस में भी हिंदी के अध्ययन की व्यवस्था है, इटली में भारतीय साहित्य एवं दर्षन के प्रति विशेष आकर्षण रहा है। वहां के नेपल्स और वेनिस विश्वविद्यालयों के हिंदी विभागो में अनेक इटालियन छात्र हिंदी अध्ययन में संलग्न है। इंग्लैंड में कैम्ब्रिज, यार्क तथा लंदन विश्वविद्यालयों में उच्चतम स्तर तक हिंदी के पढ़ाए जाने की पूर्ण व्यवस्था है। डॉ. रूपर्ट स्नैल हिंदी के ही नहीं ब्रज भाषा के अनन्य भक्त हैं। आधुनिक यूरोपीय भाषाओ में जर्मन में संस्कृत, हिंदी का वैज्ञानिक स्वरूप प्राप्त है। कभी सोवियत संघ में हिंदी का विशिष्ट स्थान था। 34 से भी अधिक संस्थानों में हिंदी पाठ्यक्रम चलते थे। सोवियत संघ के विघटन के साथ सब कुछ अस्त-व्यस्त हो गया था। रूसी में हिंदी पुस्तकों का जितना अनुवाद प्रकाशित हुआ उतना शायद ही संसार की किसी भाषा में हुआ हो। अमेरिका में 28 विश्वविद्यालय तथा अनेक स्वयं सेवी संस्थाएं हिंदी के प्रति समर्पित भाव से जुटी हैं। वहां 1975 में हिंदी व्याकरण भी तैयार किया गया था।

निष्कर्ष यह है कि भारत की स्वाधीनता के पष्चात विश्वभर में हिंदी को जो मान्यता मिली वह विश्व की अनेके भाषाओ के लिए दुर्लभ है। हिंदी के इस जगतव्यापी प्रचार-प्रसार में चल-चित्रों की भी अहम भूमिका है। जो लोग हिंदी नही जानते किसी भारतीय भाषा से परिचित नहीं उन्हें भी हिंदी फिल्में रिझाती रही हैं हिंदी फिल्में विश्व को जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी है। वी.वी.सी. दूरदर्शन पर महाभारत इतना लोकप्रिय हुआ कि भारतीय ही नहीं, अन्य देशो के अप्रवासी ही नहीं स्वयं ब्रिटेन के तरूण वृद्ध सभी अतीत के भारत की शौर्य गाथा पर मुग्ध हो गए थे। सूरीनाम दूरदर्शन तुर्की, इराक, सउदी अरब, मिश्र आदि में इसे चाव से देखा गया। सारी दुनिया में जितनी फिल्में आज हिंदी की देखी जा रही हैं उतनी शायद ही किसी भाषा की हों। यह 21वीं सदी की महत्वपूर्ण देन है जो हिंदी के विकास का एक दृढ़ माध्यम है, कम्प्यूटर, इंटरनेट, ई-मेल, फैक्स आदि संचार माध्यमों में हिंदी को दृढ़ किया है। यह सब तो है अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के विकास का दूरगामी प्रभाव पड़ा है। पर हमारे देश में हमारी राष्ट्र भाषा को उचित मान्यता क्या अभी तक मिल पाई है यह एक सवाल है। हमारे राजनेता विदेश यात्राओं पर अपनी राष्ट्र भाषा की अपेक्षा अंग्रेजी में बोलना अधिक पसंद करते है, क्यों? इससे वहां के लोगो पर प्रतिकूल असर पड़ता है लोग प्राय: सोचते हैं कि क्या इस देश की कोई अपनी राष्ट्र भाषा नही। हमारे राजदूत हिंदी में बोलना अपनी प्रतिष्ठा के प्रतिकूल मानते हैं। नेताओं की इस मानसिकता को बदलना होगा। हम हिंदी को राष्ट्र संघ की भाषा बना सकते थे पर अरबी भाषा की तरह अनुदान देकर। हमारी प्राथमिकता में हिंदी ही कब है? हिंदी भाषियों का ही हिंदी के प्रति उपेक्षा भाव है तब औरों की क्या कहें? हम हिंदी भाषा भाषी ही यदि हिंदी को सही ढंग से अपनाते तो हिंदी राज भाषा राष्ट्रीय भाषाऔर अंतर्राष्ट्रीय भाषा स्वत: हो जाती, जिस पर लोग संदेह करते है कि यह राज भाषा है कि नहीं। पर यह निषिचित है, ऐसा विश्वास है कि हिंदी अपने अस्तित्व की लड़ाई अवश्य जीतेगी। हर मोर्चे पर जीतेगी। धीरे धीरे एक परिवर्तन आ रहा है। देश भर में और विश्व भर में हिंदी अपनी पहचान बनाती जा रही है। हिंदी की गरिमा बढ रही है। हम हिंदी वालो में धीरे-धीरे आत्म गौरव भी आ रहा है। अब हिंदी बोलने लिखने वालो में हीन भावना नही दिखलाई देती। हिंदी का प्रचार प्रसार अनेके विघ्न-बाधाओ के बावजूद निरंतर हो रहा है। यह विश्वास है कि 21वीं शताब्दी हिंदी की है और भविष्य में भी रहेगी। निष्चित ही मीडिया और जनसंचार ने इसे अंतराष्ट्रीय स्तर तक दृढ़ता प्रदान की है। राष्ट्रभाषा हिंदी को नए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में देखने समझने और मान्यता देने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दीक्षित सूर्य प्रसाद, विदेशों में व्याप्त रूमानी हिन्दी, अक्षरा साहित्य की द्विमास की म.प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन, भोपाल अंक 105 पृष्ठ 32
2. पांचाल परमान्द हिन्दी के प्रति बढ़ती उदारसीनता अक्षरा साहित्य की द्विमास की म0प्र0 राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन, भोपाल अंक 105 पृठ 29,
3. रचना द्विमास की पत्रिका हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल द्वारा प्रकाशित अंक 66 अगस्त 2007 पृष्ठ 25,
4. साहित्य अमृत मासिक पत्रिका आशफ अली रोड नई दिल्ली, अक्टूबर 2010 पृष्ठ 25
5. स्वयं का सर्वेक्षण एवं निष्कर्ष

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

जयप्रकाश कर्दम रचित 'मोहरे' कहानी की प्रमुख समस्याएँ

डॉ. मजीद कुरैशी *

प्रस्तावना – किसी भी कहानी, उपन्यास, नाटक या एकांकी लेखन के पीछे लेखक का एक विशेष उद्देश्य होता है। जिसकी पूर्ति व अपनी लेखन क्षमता की माध्यम से समाज के सामने प्रस्तुत करता है। कोई भी कहानी पात्रो के आपसी संवादो के माध्यम से आगे बढ़ती है। और उसकी विशेषताओ से पाठक को परिचित कराती है। ऐसी एक कहानी जयप्रकाश कर्दम द्धारा लिखी गई है। जिसका नाम 'मोहरे' है। इस कहानी के माध्यम से श्री कर्दम जी ने शिक्षा व्यवस्था के दूषित रूप को हमारे सामने प्रस्तुत किया है। उन्होने कहानी में यह बताया है कि किस प्रकार आज का शिक्षक अपने कर्तव्य से विमुख होकर केवल अपने हित के बारे में सोचता है। और इसके लिये वह अपने सहयोगी शिक्षक जो उसके जैसे नही है। बल्कि शिक्षक ही नही है। इनसे जुडे उच्च अधिकारी भी जिम्मेदार है। जो बिना बात ही सही जानकारी लिये चापलूस लोगो की बातो में आ जाते है। कहानी में ऐसी कुछ समस्याएँ कर्दमा जी ने हमारे समक्ष रही है। कहानी में यह बाताया गया है कि किसी प्रकार एक ईमानदार शिक्षक इस भ्रष्ट व्यवस्था का शिकार होता है।

कहानी का संक्षिप्त कथा सार – कहानी आरंभ होती है एक स्कूल से जिसके प्रथम अंक में यह दिखया गया है। कि छुट्टी के बाद कैसे अध्यापक हाजरी लगाने के लिये प्रधानाचार्य के कमरे में टुट पडते है, लेकिन उन्ही अध्यापको में से एक अध्यापक है जो सत्य प्रकाश सबसे दूर खडा अपने साथी अध्यापको को रजिस्टर को छिना झपडी करते हुए देख रहा है। सत्य प्रकार एक इमानदार एवं अपने कर्तव्य का अच्छे से निर्वह करने वाला शिक्षक है बच्चे उसे बहुत पसंद करते है। यहा तक कि हर साल जब 'बेस्ट टीचर्स' पुरस्कार के लिये सूचि जाती तो सत्य प्रकाश का नाम सबसे उपर रहता था। लेकिन किन्ही कारणो वश उसे यह अवार्ड नही मिलता था।

कहानी में मोड तब आता जब प्रधानाचार्य उसे बताते है कि कक्षा सात का छात्र है मनोज उसके पिता ने तुन्हारे खिलाफ कम्पलेन्ट करता है। सत्यप्रकाश ने उन्हे समझाने की बहुत कोशिश की मगर वे सत्यप्रकाश की एक भी सुनने को तैयार नही हुए और कहा कि जो कुछ भी कहना है। डिप्टी डायरेक्टर साहब से कहना कम्पलेन्ट का कारण यह बताया गया है कि सत्यप्रकाश ने कक्षा सात के मनोज नाम के एक लडके की इतनी बेहरमी से पिटाई की जिसके कारण उसके नाक से खून निकलने लगी और उसके हाथ को इस तरह मरोडा की उसके हड्डी में फ्रेक्चर आ गया। जबकि सत्य सह नही था बल्कि आपसी जलन के कारण सत्यप्रकाश के ही एक सहयोगी अध्यापक रामदेव त्रिपाठी ने उस लडके के घर जाकर उसके पिता को सत्यप्रकाश के खिलाफ भडकाया और उसके खिलाफ कम्पलेन्ट करने को कहा। पहले तो मनोज के पिता तैयार नही हुए लेकिन त्रिपाठी के सामने उनकी एक नही चली। अन्त में स्यंम त्रिपाठी ने सम्यप्रकाश की कम्पलेन्ट अपने हाथो से लिखी जिसके कारण सत्यप्रकाश की बदनामी हुई इसके पश्चात् जब एक दिन यह सूचना मिलती है। कि डिप्टी डायरेक्टर साहब आ रहे है। सभी अध्यापको के चाल चलन बदल जाते है। जल पान के बाद इन्क्वारी शुरू होती है। मनोज से प्रश्न पूछा जाता है। मनोज कुछ नही बोलता है तो उसकी चुप्पी को सहमति मान लेते है। फिर सत्यप्रकाश का ब्यान दर्ज किया जाता है। लेकिन गवाहो के झुठे बयानो के समक्ष उसकी सच्चाई दब जाती है अन्त में सत्यप्रकाश को दोषी पाया जाता है। और उसका तबादला ऐसी जगह किया जाता है। जहा आने जाने का कोई साधन नही होता सत्यप्रकाश तबादले का आदेश लिये स्कूल से बाह हनकलता है और सोचता है कि आखिर मेरे समाज के लोग कब तक दुसरो के हाथ के मोहरे बनते रहेगें। इस प्रकार कहानी का अंत होता है।

उपर्यक्त कहानी में लेखक ने हमारे सामने शिक्षा व्यवस्था से संबंधित अनैक समस्याओ को प्रस्तुत किया है। इस काहनी के आधार पर हम उन समस्याओ का विवरण नीचे दे रहे है–

1. **नैतिक पतन –** प्रस्तुत कहानी के आधार में हमें जिस परिवेश से परिचित कराया गया है। उस परिवेश को देखते हुए हमे यह प्रतित होता है कि कुछ अध्यापको को अगर छोड दिया जाये तो अधिक्तर शिक्षको का नैतिक पतन हो चुका है। और इसमें छात्र भी शामिल है। नैतिक पतन से तात्पर्य यह है कि कोई भी अपने पद की गरिमा एवं कर्तव्य निष्ठा को नही समझता है। कि वह भूल गये है। कि अध्यापक का काम छात्रो को अच्छी शिक्षा को देकर उन्हे आदर्श नागरिक बनाये ताकि वह भविष्य में अपने लिये तथा देश के लिये कुछ कर सके। लेकिन इसके लिये केवल अध्यापक ही जिम्मेदार नही है। बदली परिस्थितियां एवं शिक्षा के व्यवसायी करण के कारण व मिडिया के प्रभाव भी छात्रो के नैतिक पतन के लिये जिम्मेदार है। पहले छात्र गुरूकुल में शिक्षा प्राप्त करता था। आज का छात्र ज्ञान को प्राप्त करने के साथ–साथ उसे खरीदना भी चाहता है। और वो भी अत्यंत कम समय में इस नैतिक पतन का कारण समाज का हर वह व्यक्ति है। जो स्यंम के हित के लिये दुसरो को हानि पहुँचाता है।
2. **उत्तर दायित्व की कमी –** कोई भी कार्य अच्छे से तब तक पुरा हनी हो सकता जब तक की हम उस कार्य को पूर्ण उत्तर दायित्व की भवना से न करे। प्रस्तुत कहानी में यह दिखया गया है कि अध्यापको में अपने कार्य प्रति उत्तर दायित्य की भवना की कमी है। वे अपना काम उत्तर दायित्व समझकर नही बल्कि औपचारिता समझकर करते है। कहानी में जिस प्रकार अध्यापक का चित्रण किया गया है। उह अध्यापन कार्य के अलावा सब कुछ करता है। या फिर कक्षा में जाकर एक छात्र को

* अतिथि सहायक प्राध्यापक, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, चौरई, जिला – छिन्दवाडा (म.प्र.) भारत

खडा करके पढने को कहता है और सब सुनेगे, यह कहकर कक्षा से बाहर आ जाता है। इस कारण छात्रो का मनोबल गिरता है। वे भी अपनी पढाई के प्रति लापवाह हो जाते है। इस का नतीजा यह होता ह, कि छात्र अपनी परीक्षाओ के दौरा असफलता प्राप्त करते है। इसके लिये अध्यापक को जिम्मेदार ठहराया जाता है। यह सत्य की कुछ अध्यापक अपने कार्य के प्रति लापरवाही करते है। जैसा कि इस कहानी में दिखया गया है। जहा एक तरफ अच्छे अध्यापको में सत्यप्रकाश है वही उनके विपरीत में त्रिपाठी जैसे अध्यपक भी है। जो अपनी जवाबदारी को नही समझते है।

3. **व्यवस्था का दूषित होना –** समाज की प्रत्येक बुराई के लिये सदा शिक्षा व्यवस्था को दोष दिया जाता रहा है। शिक्षा समाज की आधार षिला होती है लेकिन यह व्यवस्था दूषित हो चूकि है। प्रस्तुत कहानी 'मोहरे' में इसके बारे में बताया गया है। इसके कारण कुछ बुरे परिणामो की तरफ लेखक ने संकेत दिया है।
4. **पारस्परिक वैमनस्य –** प्रस्तुत काहानी में हमे पारस्परिक वैमनस्य की भावना भी देखने को मिलती है जिसके कारण सत्यप्रकाश के सहयोगी अध्यापक, जो सत्यप्रकाश से उसकी छात्रो के बीच में लोकप्रियता से जलते थे। इसका उदाहरण इस कथन के माध्यम से देख सकते हे– **'कहना तो नही चाहिए क्योकि मै भी एक मास्टर हूँ पर अन्याय नही देख सकता आज सत्यप्रकाश मास्टर ने आपके बेटे की इतनी बेहरमी से पिटाई की है कि उसकी नाक से खून आ गया और इतनी जोर से बाह ऐंठी की लडका बिलख कर रह गया।'**[1]

निष्कर्ष – प्रस्तुत कहानी के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहॅुचते है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली दूषित हो चूकि है शिक्षको एवं छात्रो अनेक बुराईयो का समावेश हो चूका है। जिसके कारण दोनो में उत्तर दायित्व की भावना में कमी आ गई है । और जो इमानदारी से अपने कर्त्वयो का निर्वाह करने वाले अध्यापक बचे है वे इस दूषित एवं भ्रष्ट व्यवस्था के शिकार होते है। जैसा कि कहानी मे सत्यप्रकाश के साथ हुआ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. वसुधा 58 जुलाई – सितम्बर संपादक प्रो.कमला प्रसाद , वाणी प्रकाशन , नई दिल्ली पृ.क्र. 203

****

केदारनाथ अग्रवाल की कविता में लोक सौन्दर्य दृष्टि

डॉ. कुमुद कला मेहता *

प्रस्तावना – ज्ञान, संवेदना, विचार, विवेक, लगन, आस्था से परिपूर्ण केदारनाथ अग्रवाल को महज एक कवि, लेखक, आलोचक, विचारक जैसी पारिभाषिक शब्दावलियों की सीमा में बाँधा नहीं जा सकता। विचारों की जितनी व्यापकता और सघनता केदार जी की कविताओं में देखने को मिलती है, अन्यत्र कहीं नहीं। प्रकृति, लोक जीवन के दु:ख-सुख, आशा-निराशा संघर्ष और जिन्दगी से गहरा लगाव – केदारनाथ अग्रवाल की कविताओं को विशिष्ट बनाते हैं। विशिष्ट इस अर्थ में कि ये अपनी कविताओं में युग की सीमाओं का अतिक्रमण करते हैं।बकौल केदार जी के शब्दों में 'मैं आदमी की महत्ता इसमें समझता हूँ कि वह अपनी चेतना को मानव बोधी बनाता चले, लोक में लीन रहे; स्वयं, जग और जीवन से, प्रकृति और परिवेश से, लोक व्यवहार से द्वन्द और संघर्ष करता रहे और सत्य से सम्बद्ध होते-होते भ्रम और मिथ्या का परित्याग करता रहे। जो ऐसा नहीं करता, वह अविकसित बना रहता है; असंबद्ध होकर, व्यक्ति सबसे कटकर, अकेले में मर जाता है। यह प्रवृत्ति का संवदेन रूप है। इसलिए वह शिल्प या प्रणाली भी है। यह स्थिति सौन्दर्यानुभूति की है। सौन्दर्य मानवीय चेतना की क्षमता है। इनमें एक तरफ छायावादियों की तरह प्रकृति से गहरा लगाव दिखलाई पड़ता है तो दूसरी ओर प्रगतिशील काव्य आंदोलन के दौर की वैचारिक प्रखरता भी। पर न तो प्रकृति के प्रति लगाव इन्हें छायावादियों की वायवीय कल्पनाशीलता से बाँधाता है न ही वैचारिक प्रखरता इनकी कविताओं के गहरे भाव-बोधा को उथला बना पाती है – इसके पीछे कारण है लोक जीवन में इनकी गहरी पैठ और भाषा में विडंबना, विसगंतियों के गहरे अर्थपूर्ण प्रयोग। यह गौर करने की बात है कि आजादी के आंदोलन के दिनों में अनेक कवियों ने राष्ट्रीयता बोधा और देशभक्ति की कविताएँ, पर जिस तरह विडंबनाओं का प्रयोग केदारनाथ अग्रवाल ने अपनी कविताओं में किया है, वह दुर्लभ है। एक चित्र प्रस्तुत है –

देश को आजाद कर लें
वीर नर है इस फिकर में
चैन से है भैंस सर में

इन पंक्तियों में बिम्ब के प्रयोग में अद्‌भुत कौशल है। भाषा सीधाी और सपाट है। मगर बिंब चौंकाने वाले हैं। एक बिंब उभरता है उन देशभक्तों का, जो देश को आजाद करने की चिंता में घुल रहे हैं, अंग्रेजों की बंदूकों के सामने सीना खोले खड़े हैं, दूसरी तरफ भैंस का बिंब है, वह तालाब में लोट रही है। डॉ. रामविलास शर्मा ने अपने एक भाषण में इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि यह केदार की राजनीति कविताओं का अपना विशिष्ट अंदाज है। इस विशिष्ट अंदाज को हम इसके बिंब की विशिष्टता में देख सकते हैं। पहले देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वालों का बिंब सामने आता है, पर तुरंत तालाब में लोट रही भैंस का चित्र सामने आ जाता है। दोनों बिंबों में कोई तुलना नहीं है। यही वह बिन्दु है जब पाठक झटके में एक स्थिति से दूसरी स्थिति में पहुँचता है और तब कविता के अर्थ खुलने लगते हैं। तालाब में 'लोट रही भैंस' का बिंब देश के उन सामंतों, पूँजीपतियों की ओर संकेत करते हैं जो अंग्रेजों की दलाली करते थे। डॉ. रामविलास शर्मा इनकी कविताओं में राजनीतिक रंग देखते हैं तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है। पर राजनीतिक विचार इनकी कविताओं में सीधो नहीं आते, वे जीवन की गहराई से उभरकर सामने आते हैं। जीवन के प्रति अटूट आस्था ही इनकी कविताओं का मूल स्वर है। राजनीतिक, सामयिक जीवन के संकट इस जीवन से बाहर नहीं हैं, इसलिए केदार की कविताओं में संघर्ष है, मेहनतकशों के पसीने बहाने के चित्र हैं, किसानों, मजदूरों के श्रम के प्रति गहरा आत्म-विश्वास है। निस्संदेह केदार जनवादी थे, पर जनवादी चेतना उनकी कविता के सौंदर्य बोधा के ऊपर-ऊपर नहीं तैरती दिखलाई देती, वह बिंबों, विडंबनाओं में रची-बसी है। इसीलिए वे भाषा में एक से बढ़कर एक अनूठे चित्र प्रस्तुत करते हैं।

'कंधो पर लिए नदी
मूँड पर धारे नाव'

यह बिंब अद्‌भुत है, कलात्मक है, मगर स्पष्ट रूप से जीवन के संघर्ष को, मेहनतका किसान और मजदूर की पीड़ा को व्यक्त करता है। भाषा के साथ केदार जिस प्रकार खेलते हैं वह कौशल सिर्फ अज्ञेय में दिखलाई पड़ता है, मगर वे अज्ञेय की तरह व्यक्ति के अवसाद के चित्रण में विश्वास नहीं करते। उनमें वर्गीय चेतना की समझ स्पष्ट है।

जीवन के प्रति गहरा लगाव, और उनकी वर्गीय चेतना इनकी कविताओं में लोक सौंदर्य दृष्टि का सृजन करती है। यह वही लोक सौंदर्य दृष्टि है जिसका प्रारंभ निराला की कविता वह 'तोड़ती पत्थर' से होता है। छायावादियों की तरह इनमें भी प्रकृति के प्रति लगाव है, लेकिन यह जीवन की वास्तविकताओं से दूर नहीं है। डॉ. बच्चन सिंह कहते हैं कि इनका प्रकृति प्रेम जीवन के व्यापारों से जुड़ा हुआ है। इसमें भावुकता नहीं है, कवि प्रकृति के सुंदर दृश्यों में खो नहीं जाता। बच्चन सिंह के अनुसार इसमें गाँव के किसानी प्राकृतिक परिवेश से एकतान कर दिया गया मालूम पड़ता है-

'रोक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना चना
बांधो मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का'

इसमें कोई संदेह नहीं कि अपने निजी जीवन में केदारनाथ अग्रवाल अकेलेपन की पीड़ा महसूस करते थे। बाँदा जैसी छोटी जगह में रहकर वे व्यापक जीवन से अलगाव महसूस करते थे, पर यह अलगाव उन्हें प्रयोगवादी कुंठा या अवसाद का शिकार नहीं बना पाता तो इसका कारण

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) राँची कॉलेज, राँची (झारखण्ड) भारत

लोक जीवन से उनका गहरा लगाव ही था।

यह धयातव्य है कि केदारनाथ अग्रवाल लोक सौंदर्य बोधा की दृष्टि से निराला और नागार्जुन के करीब ठहरते हैं। निराला ने अपनी कविताओं में जगह–जगह व्यंग्य, विडंबना के प्रयोग किए हैं। उदाहरण के लिए उनकी 'कुकुरमुत्ता' कविता को देखा जा सकता है। इसी प्रकार नागार्जुन की कविताओं में भी व्यंग्य और विडंबना के प्रयोग हैं। आजादी के आंदोलन को लेकर निराला का दृष्टिकोण आम स्वतंत्रता समर्थकों से भिन्न था। उन्होंने लिखा था कि 'भेद वह खुल जाय जो तुम्हारे दिल में है। देश को मिल जाय जो पूँजी तुम्हारे मिल में है' – जाहिर है कि निराला के लिए आजादी का मतलब सिर्फ अंग्रेजों को देश से निकालना नहीं था, बल्कि देशी पूँजी का विकेन्द्रीकरण हो, यह भी उनका दृष्टिकोण था क्योंकि इसके बिना जनता की समस्याओं का खात्मा संभव नहीं था। केदारनाथ अग्रवाल की कविताओं में भी इसी आम आदमी के प्रति चिंता है। इनके लिए भी आजादी का मतलब यही था कि देश के मेहनतकश किसान मजदूरों की जिन्दगी बेहतर हो। यह गौर करने योग्य है कि निराला की तरह ही प्रेमचंद भी महसूस कर रहे थे कि जबतक आजादी का आंदोलन किसानों मजदूरों के शोषण से मुक्ति के आंदोलन से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक आजादी का कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आयेगा। उनके 'गबन' उपन्यास का एक पात्र देवीदीन गांधी जी के अनुयार्यिों से पूछता है कि साहब, सच बताओं, तुम जो सुराज लाने जा रहे हो, वह कैसा होगा? तुम भी साहबों की तरह बंगलों में रहोगे, मोटरों में सैर करोगे, पहाड़ों की हवा खाओगे, तो देश का भला क्या खाक होगा? इसी प्रकार निराला पूँजीपतियों के हाथों में केन्द्रित पूँजी के विकेन्द्रीकरण की बात कहते हैं और केदार तालाब में लोट रही भैंस के चित्र के माधयम से सामंतों–पूँजीपतियों पर सीधाा व्यंग्य करते हैं –

आग लगे इस राम–राज में
ढोलक मढ़ती है अमीर की
चमड़ी बजती है गरीब की
खून बहा है राम–राज में

पूँजीपतियों पर व्यंग्य करते हुए कहते हैं –

मिल मालिक का बड़ पेट है
बड़े पेट में बड़ी भूख है
बड़ी भूख में बड़ा जोर है
बड़े जोर में जुलुम घोर है

केदारजी के अनुभव लोकजीवन में इसी एकात्मकता से मिलता है। कवि आत्मलोप की क्षमता से काल और देश के इतिहास में व्याप्त हो जाता है। खुद निराकार होकर सबमें व्याप्त हो जाता है। स्रष्टा का यही लक्षण है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गूँज (स्मृति अंक) सं0 – अकिंचन, वर्ष–8, अंक 9–11
2. हिन्दी का गद्य साहित्य – रामचन्द्र तिवारी
3. वाद–विवाद–संवाद–नामवर सिंह
4. कविता का उत्तर जीवन– परमानन्द श्रीवास्तव

****

राष्ट्रकवि 'दिनकर' के काव्य का अनुशीलन – राजनीति के विशेष संदर्भ में

डॉ. इला द्विवेदी *

प्रस्तावना – राजनीति अर्थात् राज्य की नीति। यहाँ राज्य के अन्तर्गत राज्य के प्रबन्धक स्वयमेव ही आ जाते हैं। आज पूरे विश्व में राजनीति का बोलबाला है। उसके बिना मानव जाति के कल्याण की कल्पना ही असम्भव है। आज का मानव इस दृष्टि से बहुत सजग भी हो गया है। राजनीति में वह सक्रिय भूमिका निभाता है क्योंकि आज प्रजातंत्रीय राजनीति प्रभावशील है। आज राजनीति के समक्ष विकराल स्थितियाँ खड़ी हैं – प्रथम तो जिनके कल्याणार्थ उसने अस्तित्व पाया, उनके प्रति अपने दायित्व की पूर्ति वह नहीं कर पा रही है, दूसरे वह निरंकुशता की ओर बढ़ रही है और तीसरे उसके कारण संसार में युद्ध की विभीषिका आ पनपी है तथा शान्ति का नामोनिशान मिटता जा रहा है।

साहित्यकार समाज का दिग्दर्शक एवं पथ-प्रदर्शक होता है इसलिए वह अपने तरीकों से राजनैतिक क्षेत्र में व्याप्त बुराइयों और लोक विरोधी प्रवृत्तियों को मिटाने पर तुल जाता है। समाज की अपेक्षा भी साहित्यकारों से यही होती है। इसी अभियान के तहत कवि दिनकर ने जनसमुदाय में यह चेतना जागृत करने की चेष्टा अपने काव्य द्वारा की है कि साम्राज्यवाद का जो रोग आज जड़ पकड़ रहा है उसे समूल मिटाने का प्रयत्न हो। निरंकुश शासकों का विरोध किया जाये तथा युद्ध एवं शान्ति सम्बन्धी दृष्टिकोण पर सन्तुलित ढंग से विचार किया जाये।

साम्राज्यवाद अर्थात् एक देश द्वारा अन्य देशों को जीतकर वहाँ की जनता पर अपना शासन चलाना। साम्राज्यवाद की यह प्रक्रिया अति भयानक है क्योंकि इसमें शक्तिशाली देश के सैनिक एवं जनता कमजोर देशों की जनता पर आक्रमण कर उसकी स्वतन्त्रता को हरण करने का प्रयास करते हैं। उनको शोषण और अत्याचारों से बिल्कुल शक्तिहीन बना देते हैं।

आज हमारा भारत देश साम्राज्यवाद की ऐसी ही अन्यायपरक नीतियों का शिकार होने की कगार पर है। अमेरिका जैसा अपने आपको सर्व शक्ति सम्पन्न मानने वाला देश उसे कभी भी आँखे दिखाने लगता है। चीन और पाकिस्तान हमारी सीमाओं का अतिक्रमण कर हमारी भूमि पर अपना कब्जा करने की जुगत में तत्पर रहते हैं। दूसरी ओर इन स्थितियों में विडम्बना यह है कि हमारे देश के राजनीतिज्ञों को राष्ट्र की तनिक भी परवाह नहीं है। वे स्वस्थ राजनीति नहीं करते। सत्तासीन होने की महत्वाकांक्षा में वे शासन द्वारा किये गये अच्छे कार्यों को भी गलत साबित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाने से बाज नहीं आते। अपितु निन्दनीय षड्यन्त्र भी रचते रहते हैं। वे एक दूसरे को मात देने वाले आपसी दाँव-पेंचों में ही उलझे रहते हैं। उन्हें चिन्ता है बस अपना खजाना भरने की। वे पूरी तरह भ्रष्ट हो चुके है। जनता को गुमराह करते रहते हैं। बेचारी जनता बस पिसती रहती है। इन स्थितियों में कवि दिनकर की कवितायें जनता की आँखें खोलने में पूर्णतया समर्थ हैं। उदाहरणार्थ वे लिखते हैं –

'युगों से हम अनय का भार ढोते आ रहे हैं,
न तू बोली मगर हम रोज मिटते आ रहे हैं,
पिलाने को कहाँ से रक्त लायें दानवों को,
नहीं क्या स्वत्व है प्रतिशोध का हम मानवों को।' (1)

कवि दिनकर अपनी कविताओं के माध्यम से जनमानस को सदैव उद्बुद्ध करने का प्रयास करते रहे। वे उसे अपनी शक्ति पहचानने के लिए प्रेरित करते हैं और गलत नीतियों का विरोध करने का साहस भरते हैं। वे लिखते हैं –

'अन्ध विषमता के विरूद्ध, सारा संसार उठा है।
अपना बल पहचान, लहरकर पारावार उठा है।
छिन्न-भिन्न हो रहीं, मनुजता के बन्धन की कड़ियाँ।
देश-देश में बरस रहीं, आजादी की फुलझड़ियाँ।' (2)

दिनकर जी जनता के सामने संघ-शक्ति के महत्व को उजागर करते हैं। उनका मानना है कि एक होकर बड़े से बड़े कूटनीतिज्ञों के भी पैर उखाड़े जा सकते हैं। बस आवश्यकता है एक होकर उनका विरोध करने की। वे लिखते हैं –

मत खेलो यो बेखबरी में, जन समुद्र यह नहीं,
सिन्धु है यह अमोघ ज्वाला का।
जिसमें पड़कर बड़े-बड़े कंगूरे पिघल चुके हैं।
लील चुका है यह समुद्र, जाने कितने देशों में,
राजाओं के मुकुट और सपने नेताओं के भी।
सावधान! जनभूमि किसी का चारागाह नहीं है,
घास यहाँ की पहुँच पैर में, काँटा बन जाती है। (3)

संसार में राजतंत्र की परम्परा बहुत समय से प्रचलित है। इसके पूर्व मानव जीवन के हर क्षेत्र में समानता दृष्टिगत होती है। कवि दिनकर ने राजनैतिक दृष्टि से फैली इस असमानता को चित्रित करते हुए सामान्य जन को समझाया है कि यह पृथ्वी सबकी है। इस पर सबका समान अधिकार हैं कुरूक्षेत्र में भीष्म पितामह स्पष्ट शब्दों में युधिष्ठिर से कहते हैं –

धर्मराज! यह भूमि किसी की नहीं क्रीत है दासी,
है जन्मना समान परस्पर, इसके सभी निवासी,
जो कुछ प्रकृति में है वह मनुज मात्र का धन है,
धर्मराज! उसके कण-कण का अधिकारी जन-जन है। (4)

इस असमान एवं अनर्थकारी प्रवृत्ति को दूर करने के लिए आवश्यक है कि मनुष्य व्यक्तिगत सुखों-स्वार्थों की पूर्ति की लालसा छोड़ दे। समाज में सब कुछ, सबको समान रूप से प्राप्त होने की व्यवस्था है। कवि दिनकर स्पष्ट रूप से कहते हैं कि जब तक यह स्थिति नहीं आयेगी तब तक राष्ट्र में

* एसोसियेट प्रोफेसर (हिन्दी) शासकीय पी.जी. कॉलेज, दतिया (म.प्र.) भारत

पूर्णरूपेण शान्ति व्याप्त नहीं हो सकती।

'न्यायोचित सुख सुलभ नहीं, जब तक मानव-मानव को।
चैन कहाँ धरती पर तब तक, शान्ति कहाँ इस भव को। (5)

शासक, नेता, मंत्री – इनकी क्रूरताओं अनाधिकर चेष्टाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनता द्वारा इनका पुरजोर विरोध किया जावे। व्यक्तिगत स्वार्थपूर्ति के लिए ये लोग समाज में न्यायोचित सुख प्रदायक व्यवस्था लागू नहीं होने देते, अतएव जनता को संगठित होकर इनके विरोध में खड़ा होना चाहिए। इन्हें यह अहसास कराना होगा कि यदि शासन समर्थ है तो जनता भी कमजोर नहीं है। वह अधिकारों को समझती भी है और उसको प्राप्त करने के लिए जूझने का सामर्थ्य भी रखती है। दिनकर जी लिखते हैं कि अपने अधिकारों के लिए की गई जनता की लड़ाई को रोकने की शक्ति किसी में भी नहीं होती। अन्यायी शासक को उस शक्ति के सामने घुटने टेकने ही पड़ते हैं।

'हुंकारों से महलों की नींव उखड़ जाती है।
साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है।
जनता की रोके राह, समय में ताब कहाँ?
वह जिधर चाहती, काल उधर ही मुड़ता है।' (6)

इस प्रकार दिनकर जी की कृतियों में राजनैतिक चेतना अपने प्रखरतम रूप में दिखाई देती हैं। दिनकर जी राजनीतिज्ञों की बखिया ही नहीं उधेड़ते उन्हें आगाह भी करते हैं कि जनशक्ति बहुत विराट होती है। यदि एक बार वह जागृत हो गई तो बड़े-बड़े कूटनीतिज्ञों के मुकुट सहज ही उतर जाते हैं। अतः शासकों को जनता के हितों का ध्यान रखकर, देश के विकास में अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्हें विश्व राजनीति से भी बेखबर नहीं होना चाहिए क्योंकि विश्व स्तर पर भी उन्हें अपना स्थान बनाये रखना है। अतः अपने देश अपने राष्ट्र की साख किसी भी कीमत पर गिरनी नहीं चाहिए। यह ध्यान रखना राजनेताओं का प्रथम कर्तव्य है।

निष्कर्ष रूप में वर्तमान राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए यदि उनकी कविताओं का अनुशीलन किया जाये तो उनकी काव्य-कृतियाँ कालजयी हैं। वे हर काल में लोक का रक्षण करने वाली हैं। आज राष्ट्रीय, सांस्कृतिक, धर्म, अध्यात्म, अर्थ, समाज, साहित्य और विशेष रूप से राजनैतिक स्तर पर जो विसंगतियाँ आ चुकी हैं, दिनकर जी का काव्य उन प्रश्नों को उठाता भी है और उनके प्रखर तथा सटीक समाधान भी प्रस्तुत करता है। यह कहा जा सकता है कि दिनकर जी की कविता समाज के हर सुख-दुख को बहुत करीब से पहचानती है। लोगों को विवश करती है उस दिशा में सोचने के लिए। वास्तव में एक साहित्यकार का यही तो दायित्व होता है। बांग्ला कवि श्री अरूण मित्र के शब्दों में -'जो हृदय को स्पर्श मात्र न करे, भीतर उथल-पुथल भी मचा दे। मन को मुक्त कर दे। कुछ ऊपर उठा दे। जो मनुष्य को मुक्ति का मार्ग दिखाये। कविता हमेशा हर तरह के मनुष्य की पीड़ा, उसके दुख का खात्मा चाहती है। जो मनुष्य के अस्तित्व व यथार्थ की उपेक्षा करता है, वह बड़ा कवि नहीं हो सकता। दूसरी कलाओं की तरह कविता का भी महत्व बहुत कम होता है, जब वह मनुष्य, उसके जीवन, उसके दुख-सुख और उसकी मनः स्थितियों से नहीं जुड़ी होती। सिर्फ जादुई भाषा और शिल्प से कविता महान नहीं होती।'

श्री अरूण मित्र जी की कविता विषयक यह धारणा दिनकर जी के काव्य पर पूर्णतः खरी उतरती है। उन्हें एक युगकवि घोषित करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रामधारी सिंह दिनकर, हुंकार, पृ0सं0 23
2. रामधारी सिंह दिनकर, सामधेनी, पृ0सं0 60
3. रामधारी सिंह दिनकर, नीम के पत्ते, पृ0सं0 05
4. रामधारी सिंह दिनकर, कुरूक्षेत्र, पृ0सं0 51
5. रामधारी सिंह दिनकर, कुरूक्षेत्र, पृ0सं0 141
6. रामधारी सिंह दिनकर, धूप और धुँआ, पृ0सं0 70

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

लोक साहित्य में होली गीतों मे श्रंगारिकता

डॉ. एस. एस. राठौर *

प्रस्तावना - लोक में प्रचलित मान्यताओ एवं विश्वासो के आधार पर वसंत ऋतु का वर्णन हमारी भारतीय संस्कृति की अपनी एक परंपरा रही है। वैसे तो होली का त्यौहार हमारे देश में हर जगह अपने अपने ढंग से मनाया जाता है। लोक शब्द के उच्चारण मात्र से ही जन- जीवन का चित्र एवं उसकी झॉकी हमारी आखों के समाने उपस्थित हो जाती है। कुछ विद्धान कहतें हैं कि लोक संस्कृति (फोक कल्चर) का पर्याय हैं। प्रयाग मे अखिल भारतीय लोक संस्कृति सम्मेलन मे भी फोक लोर के पर्याय के रूप मे लोक संस्कृति के औचित्य को ही माना है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने इस शब्द के अर्थ को लोक संस्कृति के रूप मे ग्रहण करने का सुझाव भी दिया हैं लोक भाषा एवं लोक विश्वासों के संबल के विना जिस प्रकार गीत् कथा अथवा लोक गाथा अर्थहीन एवं खोखले साविद होते है। लोक गीत एवं गीत में तत्वत: जो भी भेद हो किन्तु दोनो के मूल स्वरूप मे एक ही प्रकार की सृजन प्रवृत्ति काम करती हैं। मानव जब अपने सुख दुख की अभिव्यक्ति को विवस होकर शब्द का आश्रय लेता हैं तो गीत फूट ही पडतें है। इससे यह स्पष्ट हो जाता हैं कि मानव ने अपनी इच्क्षा आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति प्रदान करने का सर्वोत्कृष्ट साधन माना होगा। लोक साहित्य में बहुत कुछ लिखा हुआ आज भी प्रकाशित नही है। उस पर काम करने की अभी भी बहुंत संभावनाऐं हैं।

बसंत ऋतु में होली गीतो का आनंद ग्रामीण अंचलों मे आज भी देखा जा सकता है एवं उसकी अनुभूति भी की जा सकती है। बुन्देल खण्ड मे एक बहुत ही प्रसिद्ध बुन्देली कवि हुऐं हैं ईसुरी जिनकी चौकडियॉ ग्रामीण क्षेत्रो मे ढोलक, नगडियॉ, झांझ, मंजीर के साथ इतनी तन्मयता से गायी जाती हैं कि लोग झूम उठते हैं इन होली गीतों में प्राय: राधा कृष्ण के प्रेममय स्वरूप को दर्शाया जाता है। जैसें-

'श्याम सुन्दर के संग मा।
राधा माती फिरैं रस रग मा।।'

रंगो के त्यौहार होली का अपना अलग ही महत्व है। वैसे भी बसंत ऋतु बहुत ही मादक मानी जाती है क्यौकि कामदेव अपने पंच बाणों का प्रयोग इसी ऋतु के माध्यम से करते हैं फूलो का खिलना, आमों में बौरो की सुगंध, कोमल पत्तियों का फूटना, भौरों का गुंजार, कोयल का बोलना ये सब इसी ऋतु मे होता हैं।

'इनमे फाग रची अनमोली, राग रंग रस घोली।
ऐसहि रूप सुहावे सुन्दर, ऐंसहि मधुरी बोली।।
ऐंसहि राग तान के ज्ञाता, पिगंल गैल टटोली।
ऐंसहि चलत लक्ष के उपर ,चलत अचूका गोली।।'

इनकी पुस्तक 'सुन्दर सुमन' में ये चौकड़िया देखने को मिलती हैं जिनका वर्णन बहुत ही सहज एवं सरल ढंग से किया गया है। हमारे लोक जीवन में अनेक पर्व एवं परंपरायें ऐसी हैं कि जिनका सीधा संवंध लोक जीवन से ही हैं बृज का रसिया, बुन्देलखण्ड मे दादरें के तर्ज पर गायी जाने वाली चौकड़िया फाग में अद्‌भुत श्रंगारिक वर्णन मिलता है। रसिया का एक उदाहरण प्रस्तुत है-

'परदेसी दिन डूबे न जाव
आज घरै मोरे कोउ नईयाँ।।
सास ननदिया गई हैं बजरिया
सैयां गये देवरा का लेबो चलाव ....'

फाग गाने वाले वैसे तो बहुत ज्यादा गीत एवं संगीत के जानकार नहीं होते किन्तु जब होली का त्योहार आने को होता है तो उसके पहले से ही उनमें एक खुमारी चढ़ जाती है तथा वह एकान्त में ही गुनगुनाना शुरू कर देते हैं। फागों के संदर्भ में यदि यह कहा जाय कि बुन्देलखण्ड में जो सरस एवं श्रंगारिक होली गीत गाये जाते हैं वह अत्यन्त ही रसपूर्ण एवं सहज रसानुभूति से सराबोर करते हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी जैसे-

'सांवरिया तोरे रंग संग मै कैसे खेलूं होरी
क्कारे-क्कारे घड़ा मंगाये उनमें घोरो रंग
भरि पिचकारी सन्मुख मारी
भींज गयो सब अंग रंग मै कैसे खेलूं होरी ....'

होली गीतों के चित्रण में स्थानीय रहन-सहन एवं वहां की ग्रामीण परम्पराओं का भी प्रभाव देखने को मिलता है। बांदा, हमीरपुर, जालौन, झांसी आदि जिलों में जो बुन्देखण्ड में आते हैं यहां होली गीतों का चलन पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, ललितपुर आदि से थोड़ा सा भिन्न है। मुख्यत: यह भी देखा जाता है कि इन क्षेत्रों में जो मशहूर नृत्यांगनायें हैं जो लोक संगीत एवं लोक नृत्य से ताल्लुक रखतीं हैं जैसे छतरपुर जिले में बिजावर का राई नृत्य होली गीतों पर मुख्य माना जाता है। वह बहुत ही भावनात्मक दृष्टिकोण से अपनी कला का प्रदर्शन करतीं हैं। हमारी भारतीय संस्कृति की पुरानी परम्परायें इन्हीं त्योहारों के माध्यम से जीवंत हो जातीं हैं। इसी का एक उदाहरण है कि मां कीरत अपनी बेटी राधा को होली के दिन ढूढते ढूढते परेशान हो जातीं हैं तब अचानक कन्हैया होली खेलते हुए मिल जाते हैं। वो पूंछतीं हैं कि कन्हैया तुमने मेरी राधा को कहीं देखा है, तब उनके द्वारा मना करने पर वह कन्हैया से अनुनय विनय करतीं हैं।

'सांवरिया जरा बंशी बजाव
मोरी राधा हेराय गई कुंजन में ।।'

अंतरा - कोउ मोरी राधा का ढूंढि लै आवै । सखी ढूंढि लै आवै
दईहौं मै मोहरैंयां लुटाय ।। मोरी राधा हैराय गई कुंजन में ....

* प्राध्यापक (हिन्दी) छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना (म.प्र.) भारत

ब्रज में होली के आनंद का रस कुछ और है, राधा और कृष्ण अपनी–अपनी टोलियों के साथ होली खेलते हैं। बसंत का मौसम ही बहुत अधिक सुहाना होता है तभी उसको ऋतुराज कहा जाता है। कृष्ण राधा की एक प्यारी सखी को पिचकारी मारकर भिगो देते हैं तो वो दौड़कर राधा के पास उलाहना देने आती है, वो कहती है –

'मोरी चुनरी मा परिगौ दाग
अनारी ऐसो चटक रंग डारि गयो।
औरन से मुखहू न बोलै
वाकी मोही से लागी लाग ।। अनारी ऐसो ....
सास ननद मोरी गारी देंहैं।
ऐसी होरी मा लग जाय आग ।। अनारी ऐसो ....'

इन होली गीतों को समझकर सुनकर तथा गाकर ये कहा जा सकता है कि बसंत के इस मौसम में होली में निःसंदेह मादकता की सुगंध भरी होती है और ये आनन्द बिना श्रृंगारिक लोक रचनाओं के अधूरा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. बुन्देली बसंत 2015 पृष्ठ 93
2. लोक जनश्रुतियों एवं लोक गायन के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

आचार्य श्रीराम शर्मा के साहित्य में जीवन-मूल्य की सार्थकता

डॉ. वर्षा ठाकरे *

शोध सारांश - मूल्य एक मानक है, जिनके आधार पर मानव सामाजिक व्यवहार की श्रेष्ठता का अनुमान लगाता है। किसी वस्तु, व्यक्ति, विचार और संस्था से किसी व्यक्ति का कैसा संबंध है यह उसके जीवन मूल्य पर आधारित है। वैदिक युग के साहित्य मे जीवन मूल्य की स्थापना का महान कार्य ऋषियो द्वारा सम्पन्न हुआ। उन्होने ही यह अनुभव किया कि मनुष्य की श्रेष्ठता कायम रखने के लिए उसे जीवन मूल्यो का आश्रय लेना होगा यदि वह ऐसा नही करता तो वह मूल्यहीन जीवन जीता है। प्राचीनकाल से लेकर आज तक जीवन मूल्यो का विघटन हुआ है इसका प्रमुख कारण कथनी-करनी मे अंतर आचार्य श्रीराम शर्मा ने कथनी-करनी के एकत्व पर बल दिया और अपने साहित्य मे जीवन-मूल्यो की पूर्न स्थापना की।

प्रस्तावना - आचार्य श्रीराम शर्मा का प्रादुर्भाव इस सदी के दूसरे दशक के प्रारंभ मे हुआ। जब देश विषम परिस्थितियो से गुजर रहा था। इनका आरंभिक जीवन अध्यात्म चर्चा एवं सत्संग मे व्यतीत हुआ। तदनंतर स्वतंत्रता संग्राम की भूमिका अदा की। देश प्रेम मे मस्त होने के कारण वे 'मत्तजी' या 'श्रीराम मत्त' के नाम से जाने जाते थे। [1] संतो एवं ऋषियो से भी आचार्यजी का संपर्क लगातार बना रहा। उन्ही की प्रेरणा एवं प्रकाश मे उन्होने साहित्य सृजन किया। वे सामाजिक परिवर्तन के पक्षधर थे। इसी क्रम मे आचार्यजी ने अपने जीवन साहित्य मे मानवीय जीवन-मूल्य को स्थापित किया। और इसी तरह का जीवन स्वयं भी जिया।

जीवन का एक निश्चित क्रम ही जीवन-मूल्य है। प्राचीन साहित्य मे मूल्य के भाववाची शब्द पुरूषार्थ, प्रयोजन एवं मान मिलते है। आधुनिक युग मे 'मूल्य' और 'प्रतिमान' शब्द समान अर्थो मे प्रयोग किये जाते है। मूल्य के सम्बन्ध मे **श्री रोहित मेहता** के विचार अधिक समीचीन प्रतीत होते है- 'मूल्य न तो किसी मशीन द्वारा उत्पादित वस्तु है और न किसी सरकार द्वारा निर्मित कानून। मूल्य तो जीवन के प्रति एक गुण है, एक अन्तदृष्टि है, एक अवधारणा है, एक दृष्टिकोण है।' [2] जीवन-मूल्यो का निर्धारण मानव की विकासषील प्रवृत्ति का द्योतक है। मानवीय विकास हेतु निर्धारित आदर्श एवं मान्यताओ का दूसरा नाम जीवन-मूल्य है। प्रत्येक देश एवं समाज के विकसित व्यक्ति आदर्श मानव के पद पर प्रतिष्ठित है। वे जनसामान्य के प्रेरणा स्त्रोत भी है।

मानव इस सृष्टि मे सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। इस श्रेष्ठत्व का कारण है कि मनुष्य स्वकर्म ज्ञान और बुद्धि के द्वारा प्रायोजित होती है। वह पहले मनन कर कर्म मे प्रवृत्त होता है। इसीलिए **शास्त्रो** मे वर्णित है - **'मत्वा कर्माणि सीव्यापि इति मनुष्य:।'** प्रश्न यह उठता है कि मूल्यात्मक स्थिति क्या है? आज मानव कितना नियंत्रित और मर्यादित है। वर्तमान युग की परिवर्तनशील प्रक्रिया के कारण चिरंतर मानवीय मूल्य संदेहास्पद हो गये है।

'मूल्यो का मानव-जीवन मे विशिष्ट स्थान है। उनका अर्थ व्यक्तियो को सामंजिक जीवन के लिए आदर्श रूप मे प्रस्तुत करना है। वस्तुत: मूल्य एक मानव है' जिनके आधार पर व्यक्ति सामाजिक व्यवहार की श्रेष्ठता का अनुमान लगा सकता है। किसी वस्तु व्यक्ति विचार व संस्था से किसी व्यक्ति का कैसा संबंध है यह उसके जीवन मूल्य पर आधृत है। **डॉ. मैत्र** ने कहा है- 'हमारी परम्परा मूल्य केन्द्रित होना है. न कि अस्तित्व केन्द्रित होना है।' [3]

'इस चराचर जगत मे मानव सृष्टि कर्ता की सर्वोत्तम कृति है जिसकी स्वतंत्रता की महत्ता सभी धर्मो' विश्वासो एवं विचारधाराओ मे स्वीकृत है। वह देश 'काल प्रकृति' व्यक्तिगत सम्बन्धो. सूक्ष्म मनोभावो एवं संवेगो मे अवस्थित है। [4]

वैदिक साहित्य मे 'ऋत' एवं 'सत्य' की भावनाओं का विस्तार ही नैतिक मूल्य का आधार है। वेद मे निहित 'ऋत' की भावना ही पापों को विनष्ट करती है। [5] वैदिक ऋचाओं मे सभी के लिए स्वस्ति वाचन करने का विधान है। [6] इसी तरह मानव जीवन को सार्थक उपयोगी बनाने भावो की तरह विचारों की पवित्रता अनिवार्य है। शुभ विचार जीवन को पवित्र और उत्कृष्ट बनाते है। [7] यही जीवन के नैतिक मूल्य है जिसको आधार बनाकर वैदिक युग सम्पन्न समृध्द एवं विकसित रहा है।

वर्तमान समय मे संघर्ष परिव्याप्त है। मान्यताएँ एवं धारणाएँ बदल रही है। मानवीय मूल्यो मे वर्तमान विघटन को स्वीकार करते हुए **डॉ धर्मवीर भारती** का विचार है कि 'सम्पूर्ण सभ्यता जिन मूल्यो पर आधारित थी वे झूठे पड गये है। परिणाम यह है कि एक भयानक विघटन उपस्थित है।'[8]

निष्कर्षत: मानव की वर्तमान स्थिति अत्यंत संघर्षशील है। मानव के इस खोए हुए अस्तित्व को पुन: महत्व प्रदान करने के लिए आचार्य श्रीराम शर्मा ने पुरामूल्यो की पुनर्व्याख्या प्रस्तुत कर उनके स्वीकरण की प्रेरणा को बल दिया।

जीवन मूल्यो के पोषक एवं संरक्षक के रूप मे सृजनशीलता के कई आयाम विकसित किए। **आचार्य श्रीराम शर्मा** ने जीवन मूल्यो को परिभाषित करते हुए लिखा है-'मानव जीवन मूल्यो का आगार एवं भण्डार है लेकिन इसके सारे मूल्य जीवन के केन्द्र से उपजते है। यह केन्द्र ही जीवन का सार है। जीवन के इस सार तत्व को संवेदना कह सकते है। यही शास्वत जीवन मूल्य है। इसी का सहारा पाकर जीवन-मूल्य अंकुरित होते है। इसी का रस पाकर वे पुष्पित. पल्लवित एवं अभिवृध्दित होते है।'[9]

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि मानव जीवन मे कल्याणकारी मूल्यो

* गेस्ट फेकेल्टी (हिन्दी) पोस्ट - पीपला नारायण वार, जिला - छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

का विशिष्ट स्थान है। ये मूल्य व्यक्तिगत या सामाजिक धरातल पर ही नही, आध्यात्मिक पृष्ठभूमि पर भी मानव को उच्चादर्श की ओर अग्रगामी बनाते है। आचार्य श्रीराम शर्मा ने जीवन मूल्यो का विकास शाश्वत जीवन मूल्य से माना है। उन्होने 'संवेदना' को जीवन मूल्य का आधार माना है। उन्ही के शब्दो मे 'संवेदन सूत्रो का सीधा सम्बन्ध जीवन-मूल्यो के विकास एवं प्रशिक्षण से है।' [10]

1. आगरा संभाग के स्वतंत्रता सेनानी-सूचना विभाग लखनउ (उ. प्र.) पृ. 13
2. The Intutive Philosophy, P. 30
3. Contemporary Indian Philosophy P. 386
4. The Image (Introduction) P.3-5
5. ऋतस्य हीषुरूध: सन्ति पुर्वी ऋतस्य धीति वृजिनानि हन्ति। ऋग्वेद 4/23/8-9
6. ऋग्वेद 10/63/15-16
7. अथर्ववेद - 6/19/1-3
8. मानव मूल्य और साहित्य पृ. 134-135
9. अखण्ड ज्योती वर्ष 60 अंक 3 पृ. 30 आचार्य श्रीराम शर्मा, जीवन मूल्यो का यक्ष प्रष्न और उसका हल
10. अखण्ड ज्योती वर्ष 59 अंक 9 पृ. 13 आचार्य श्रीराम शर्मा, परिवार संस्था की धुरी नारी

****

गुलेरी जी की कहानी 'उसने कहा था' में आदर्श प्रेम - विश्लेषण

डॉ. मजीद कुरैशी *

प्रस्तावना - गुलेरी जी ही एकमात्र ऐसे कहानीकार हैं जिन्होने हिन्दी कहानी जगत में मुख्य रूप से मात्र चार कहानियॉं लिखकर जो स्थान बनाया है। उस स्थान को आज तक कोई काहानीकार प्राप्त नही कर पाया है। अपनी विशिष्ठ शैली के कारण ही वे हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ कहानीकार के रूप में जाने जाते हैं। जब गुलेरी जी कहानीकार के रूप में पाठकों के समक्ष आए तब हिन्दी कथा साहित्य में रहस्य , रोमांच एवं तिलस्मी दौर का बोलबाला था। ऐसे समय में गुलेरी जी की 'उसने कहा था' जून 1915 में 'सास्वती' में छपकर अपनी शैली की विशिष्टता से सभी को परिचित कराया। इस काहानी की बात करें तो कहानी का जो मूल वाक्य है, जिसे पर सम्पूर्ण कहानी का भार है वह वाक्य है 'उसने कहा था' जो पाठकों के मन में एक जिज्ञासा भी उत्पन्न करती है कि किसने कहा था, क्यों कहा था, जिसका उत्तर पाठक कहानी के शुरू से ही सोचता है। और इसका जबाब उसे कहानी के अंत में जाकर मिलता है कि किसने कहा था, क्यों कहा था, किससे कहा था। इस कहानी में गुलेरी जी ने यथार्थ और कल्पना तथा प्रेम और त्याग विषयक घटनाओ का ताना-बाना बडे ही कौषल से बुना है कि किस प्रकार एक सात-आठ साल के बालक एवं बालिका अमृतसर के बाजार में मिलते हैं और कैसे दोनों में निर्मल प्रेम के बीज पनपते हैं जो इस इस एहसास को समझते भी नहीं है लेकिन कोई तो ऐसा अपनापन दोनों में हो जो रोज मिलते हैं और वह बालक बालिका से पूछता है तेरी कुड़माई हो गई क्या ? और बालिका धत् कहकर चली जाती है। कुछ दिन तक यही क्रम चला फिर एक दिन बालक हमेशा की तरह यही प्रष्न करता है तो उसे आषा के विपरीत उत्तर मिलता है-

'हाँ, हो गई।'

'कब'

'कल, देखते नही यह रेशम से कढ़ा हुआ सालू।'[1]

यह सुनते ही उस बालक के हृदय में फूटते प्रेमांकुरो पर मानो तुशारपात हो गया। मगर प्रथम प्रेम की यह मधुर स्मृति एक कसक जरूर दे दी और इस उत्तर बालक पर जो प्रभाव पडा उसका गुलेरी ने बडा ही मनोवेज्ञानिक चित्रण किया हैं-

'रास्ते में एक लडके को मोरी में ढकेल दिया, एक छावडी वाले की दिनभर खोई, एक कुत्ते को पत्थर मारा और एक गोभी वाले के ठेले में दुध उंडेल दिया। सामने नाहकर आती किसी वैष्णवी से टकराकर अंधे की उपाधी पाई तब कई घर पहुंचा।' [2]

बालक की यह स्थिति क्यो हुई पाठक उसे खुब समझते है क्योंकि बालक को यह लगा अब वह बालिका से नही मिल पायेगा। यहॉं पर गुलेरी जी ने किशोरावस्था के इस प्रथम प्रेम का चित्रण बडे ही मर्यादापूर्ण एवं सहज ढंग से प्रस्तुत किया है। इस प्रथम परिचय में जो सहज आकर्षण से पवित्र प्रेम का जन्म हुआ वह कभी भुलने से नही भुला जा सकता है। जैसा की मैने पहले कहा कि कहानी की जो मूल संवेदना 'उसने कहा था' यह वाक्य है। इसके सहारे ही संपूर्ण कहानी का विकास हुआ है। इस वाक्य की सार्थकता को अंत में लहनासिंह सिध्द करता है कि किसने कहा था और किससे कहा था-

'मैंने तेरे को आते ही पहचान लिया। एक काम कहती हूँ, मेरे तो भाग फूट गए। ———— एक बेटा है। फोज में भर्ती हुए इसे एक ही बरस हुआ। इसके पीछे चार और हुए, पर एक भी नही जिया। सूबेदारनी रोने लगी, 'अब दोनों जाते हैं। मेरे भाग! तुम्हे याद है, एक दिन तांगे वाले का घोड़ा दही की दुकान के पास बिगड गया था। तुमने उस दिन मेरे प्राण बचाए थे। आप घोडे की लातों में चले गये थे और मुझे उठाकर दुकान के तख्ते पर खड़े कर दिया था। ऐसे इन दोनों को बाचाना। यह मेरी भिक्षा है। तुम्हारे आगे मैं ऑचल पसारती हूँ।'[3]

इस प्रकार स्पष्ठ होता है कि लहनासिंह की वह बाल सखी जिसे वह 25 साल पहले मिला था। उससे कुछ मॉग रही थी जिसको लाहनासिंह निस्वार्थ भावना से वचन निभाते हुए अपने प्राणो को त्याग यह कहते हुए करता है कि जो उसने कहा था। वो मैंने पूरा किया इस बात की पुष्टि उसके इस वाक्य से होती है जब वह घायल होते हुए भी हजारासिंह और बोधा को गाड़ी पर बिठाते यह कहता है कि-

'सूबेदारनी होरां को चिट्ठी लिखो तो मेरा मत्था टेकना लिख देना और जब घर जाओ तो यह कह देना कि जो उनने कहा था वह मैंने कर दिया।'[4]

'उसने कहा था' किशोरावस्था के भावनात्मक प्रेम को कर्तव्य भावना और उत्सर्ग की पराकाष्ठा तक ले जाने वाली प्रेम कहानी है। उसमें प्रथम मिलन के प्रति आकर्षण से पवित्र प्रेम के उदर तथा निस्वार्थ भावना से प्रण निभाते हुए आत्म बलिदान कर देने की उदात्त भावना है। दस कहानी का मुख्य पात्र लहनसिंह प्रेम, ज्याग तथा कर्तव्य भावना का जीवंत पात्र है जो अपनी बाल सखी से किए गए वचन का निभाते हुए अपने प्राणों का न्यौछावर कर देता है, केवल इसलिए कि 'उसके प्रेम में कहीं भी कोई लोभ, कोई स्वार्थ नहीं हैं बल्कि इस समर्पण में उत्सर्ग के अलावा कुछ और नही झलकता है। इस कहानी में हमें यथार्थ, मर्यादा, प्रण, निष्ठा, भावुकता एवं प्रेम का स्वर्गीय रूप देखने को मिलता है, जो कि कहानी का मुख्य बिन्दु है। जिसके कारण ही कहानी पाठकों का बांधे रखती है। 'उसने कहा था' कहानी के माध्यम से गुलेरी जी ने स्वर्गीय प्रेम, कर्तव्य परायणता, त्याग, प्रण,-पालन, साहस और वीरोचित उत्सर्ग की भावना की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है। इस कहानी में कहीं भी प्रेम की निर्लज्जता, प्रगल्भता, वेदना की वीभत्स

* अतिथि सहायक प्राध्यापक, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, चौरई, जिला - छिन्दवाडा (म.प्र.) भारत

विकुति नहीं है। और न ही किसी के हृदय को कोई आघात पहुंचाने वाली बात है। बल्कि इस काहानी में तो लोगो और समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया गया है। जो अन्य व्यक्तियों में भी किसी के लिए समर्पण एवं त्याग की भावना को जागुत करने में सहायक होता है। 'उसने कहा था' कहानी का नायक लहनसिंह कुछ इसी प्रकार की भावना रखता है जो अपनी बाल सखी के लिण अपने प्राणों की बाजी लगाकर उसके पति एवं पुत्र की रक्षा करता है। खुद घायल होते हुए भी पहले हजारासिंह एवं बोधासिंह को अस्पताल पहुंचाता है। यह प्रेम को उच्च शिखर तक पहॅुचाने वाला प्रेमी है। जो अपनी बाल सखी को दिया हुआ वचन का निर्वाह करने में खुद के प्राणों का न्यौछावर कर देता है। केवल इसलिए कि ' उसने कहा था' । प्रेम का ऐसा रूप हमें दुर्लभ ही देखने को मिलता है। जहॉ कोई स्वार्थ नहीं, कोई अपेक्षा नही, कोई शिकायत नहीं है और षिकायत होगी भी कैसे क्योंकि सच्चा प्रेमी कभी शिकायत नहीं करता है। वह जानता ही नहीं कि षिकायत क्या है ? इस बारे में रजनीश ओशो कहते हैं–

'शिकायत आशिक जनता ही नहीं, धन्यवाद ही जानता है। भूलकर भी उसके भीतर शिकायत नहीं उठती, कोई शिकायत नहीं उठती। जैसे है बिल्कुल ऐसा ही होना चाहिये। तैसा है ठीक है, तथाता– भाव होता है। दर्द भी होता है, पीडा होती है, तो वह कहता है, धन्य भाग मेरे।'[5]

निष्कर्ष – कहानी का विश्लेषण करने से यही बात स्पष्ट होती है कि गुलेरी जी ने जिस आदर्श प्रेम के औदात्त स्वरूप का चित्रण किया है। वह हम सबको प्रेरित करने वाला है। आज के समाज में प्रेम की ऐसी स्थिति की कहां देखने को मिलती है। वास्तविक रूप में आज न ऐसी कहानियां लिखी जा रही है। और न ही प्रेम का आदर्श रूप देखते को मिल रहा है। आज के समाज में जो दिखावा एवं बाहरी आकर्षण को प्रेम का नाम दिया जाता है। वह तो प्रेम है ही नही।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. उसने कहा था और अन्य कहानियां,चंद्रधर शर्मा गुलेरी सं. मनोहर लाल पृ.क्र. 112
2. वही पृ.क्र. 112
3. वही पृ.क्र. 113
4. वही पृ.क्र. 121
5. ओशो टाइम्स, मासिक पत्रिका नव. 2003 सं. अमृत साधना पृ.क्र. 60

****

रघुवीर सहाय की कविताओं का भावबोध, भाषा और शिल्प

डॉ. कुमुद कला मेहता*

प्रस्तावना – रघुवीर सहाय स्वतंत्र भारत के अत्यंत महत्वपूर्ण कवि हैं। कविता को जनमानस तक पहुँचाने के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। जिस समय रघुवीर सहाय कवि के रूप में सामने आए, वह नई कविता का काल था। इनकी कविताओं को अज्ञेय ने 'दूसरा सप्तक' में संकलित किया था। नई कविता में व्यक्ति चेतना, अस्तित्ववादी दृष्टिकोण मौजूद है। रघुवीर सहाय वैचारिक रूप से समाजवादी चेतना के कवि थे। व्यक्ति चेतना और सामाजिक सरोकारों के बीच एक द्वन्द अक्सर चलता रहा है। लेकिन रघुवीर सहाय की कविता का मुख्य स्वर व्यक्ति चेतना नहीं बना, हालांकि कतिपय आलोचक यह मानते हैं कि इनकी व्यक्ति चेतना अक्सर सामाजिक चेतना पर हावी हो जाती है। पर मेरे विचार से ऐसा कहना रघुवीर सहाय की कविताओं के प्रति न्याय नहीं होगा। कविता के सामाजिक सरोकार के प्रति इनका दृष्टिकोण इतना मजबूत था कि ये कविता में कला के प्रश्न की उपेक्षा कर देते हैं। जिस समय इन्होंने लिखना शुरू किया, उस समय कविता अपने समकालीन समय के संकटों से उदासीन हो गई थी। नई कविता के कवियों का आधुनिकता बोध व्यक्ति के अवसाद, घुटन, कुंठा, पहचान खो जाने से उत्पन्न पीड़ा, यौन कुंठा तक सीमित रह गया था। आधुनिकता ने कवियों के भीतर निस्संगता उत्पन्न की और यह निस्संगता आगे बढ़कर तटस्थता में बदल गई। इस तटस्थता के कारण उस समय के रचनाकार अपने परिवेश, राजनीतिक वातावरण आदि के प्रति उदासीन भाव अख्तियार किए हुए थे। स्वातंत्र्योत्तर भारत का जो रूप बन रहा था, उसमें शासक वर्ग भी रचनाकारों को तटस्थ बनाए रखने में ही अपनी भलाई देखता था। यही कारण है कि नई कविता के कवि जनतांत्रिक मूल्यों और मानवीय सरोकारों से विच्छिन्न होकर अपने भीतर की दुनिया में निजी संवेदना का अन्वेषण कर रहे थे। वे यह नहीं समझ पा रहे थे कि स्वतंत्रता प्राप्ति के कुछ ही समय बाद आम लोगों में किस तरह का मोहभंग घटित हुआ और लोगों ने स्वातंत्र्योत्तर भारत में खुशहाली का जो स्वप्न देखा था, वह किस प्रकार टूट कर बिखर गया था? जाहिर है कि इस समय की नई कविता में जनतांत्रिक मूल्यों, आदर्शों आदि के टूटने की कोई झलक नहीं मिलती। रघुवीर सहाय उस समय अकेले ऐसे कवि थे जिन्होंने समय की जड़ता को तोड़ा और कविता को मनोजगत की रहस्यमता से बाहर निकालकर यथार्थ की भूमि पर खड़ा किया।

रघुवीर सहाय कविता में कला के बजाय, उसके सामाजिक-मानवीय परिप्रेक्ष्यों को महत्व देते थे। इसलिए वे कविता में सीधे तौर पर अपने संकटों पर बात करते हैं। उन्होंने स्वाधीन भारत में 'हिन्दी' की उपेक्षा को केन्द्र बनाकर एक कविता लिखी थी जिसमें हिन्दी को 'दुहाजू की बीबी' कहा है। जाहिर है कि इसके कारण खूब बावेला मचा। पर इनके सामाजिक सरोकार इतने स्पष्ट थे कि इन्होंने अपने समय के परे जाकर कविता में जनतांत्रिक मूल्यों का पक्ष लिया। इस पक्षधरता का आभास इनके काव्य-संग्रह 'सीढ़ियों पर धूपय में ही मिलने लगता है, बाद में 'आत्महत्या के विरूद्ध' संग्रह की कविताओं में इनकी जनपक्षधरता पूरे स्पष्ट रूप में सामने आ गई।

जैसा कि पूर्व में कहा गया है, रघुवीर सहाय की कविता व्यक्ति चेतना से मुक्त नहीं है आडंबर और पाखण्डपूर्ण जीवन-शैली के बढ़ते प्रभाव के कारण उसकी मानवीय संबंध चेतना में भी ह्रास हुआ है। इनकी 'दुनिया' शीर्षक कविता इन्हीं ह्रासोन्मुख प्रवृत्तियों से उत्पन्न अर्थहीनता को अभिव्यक्त करती है। जाहिर है कि कवि अस्तित्ववाद के प्रभाव में है। मगर मानवीय संबंध में ह्रास देखने तक ही कवि सीमित नहीं रहता। वह इसका अतिक्रमण करके सामाजिक सरोकारों से जुड़ता है और सीधे-सीधे कविता में राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संकटों पर बात करने लगता है। यहीं अस्तित्ववादी प्रभाव से कवि मुक्त होने लगता है। राजनैतिक राजनीति की विसंगतियों को इन्होंने अपनी कविताओं में केन्द्रीय महत्त्व दिया है। इनकी राजनीतिक सरोकार वाली कविताएँ सीधे-सपाट रूप में अपने समय की राजनीति के अंतर्विरोधों, असंगतियों और जनविरोधी रूख को सामने लाती हैं। 'हँसो-हँसो जल्दी हँसोय शीर्षक कविता 1974 के छात्र आंदोलन और उसके बाद देश पर लादे गए आपातकाल के पूर्वानुमान को अभिव्यक्त करती है। उस समय सत्ता, धन और शक्ति का उन्मादपूर्ण दौर चल रहा था और शासक वर्ग जनता को आतंक के नए-नए रूपों से सामना करा रहा था। इन्हीं युगीन लक्षणों को देखकर और इनका तार्किक विश्लेषण करके रघुवीर सहाय ने अपनी कविता में आपातकाल का पूर्वानुमान किया था। इस दौर की राजनीति रघुवीर सहाय की कविताओं का मुख्य विषय है। साथ-साथ बौद्धिकों की निष्क्रिय बहसों को भी इन्होंने व्यंग्य का विषय बनाया। राजनीतिक विडम्बनाओं की आलोचना करते हुए जो कविताएँ इन्होंने लिखीं उनमें भ्रष्ट राजनीति की व्यंग्यपूर्ण आलोचना है। ये मानते थे कि जो कविता युगीन सच को अभिव्यंजित नहीं करती, वह भाषा का अर्थहीन कौतुक बनकर रह जाती है। 'आत्महत्या के विरूद्ध' कविता में उनकी इस धारणा की पुष्टि होती है। यह बता देना आवश्यक है कि रघुवीर सहाय व्यवस्था के आतंक से घबरा कर निष्क्रिय होकर नहीं बैठ जाते, बल्कि अपनी कविताओं में यह व्यंजित करते हैं कि व्यवस्था का जितना आतंक बढ़ता है, उतना ही प्रतिरोधा भी बढ़ता है। 'रामदास' शीर्षक कविता इस प्रसंग में बहुत महत्वपूर्ण है। रामदास मरते हुए समाज की ठोस वास्तविकता के रूप में सामने आता है।

स्त्री के प्रति भी रघुवीर सहाय प्रगतिशील दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए स्त्री जीवन की विडंबना और स्त्रियों के संघर्षों को उजागर करते है। उन्होंने भारतीय समाज के मधयवर्ग और निम्नवर्ग की त्रासदी, उसका आर्थिक

* सहायक प्राधयापक (हिन्दी) राँची कॉलेज, राँची (झारखण्ड) भारत

पक्ष पूँजीवादी मूल्यों और सामाजिक पक्ष, सामंती मूल्यों का भी वर्णन किया है। 'लुभाना', 'भय' आदि कविताओं में कवि पुरुष वर्चस्ववादी समाज में स्त्री की बेचारगी, दयनीयता और असहायता का चित्रण करता है। इनकी कविताओं में स्त्री सामाजिक असुरक्षा के कारण आतंक महसूस करती है। इसी प्रकार प्रकृति सौंदर्य के प्रति भी रघुवीर सहाय वास्तविकता का ही पक्ष लेते हैं। प्रकृति के विविध रूप दृश्य इनकी कविताओं में आते हैं, मगर वे सौन्दर्य–बोध तक ही नहीं ठहरते। साफ शब्दों में कहा जा सकता है कि रघुवीर सहाय प्रकृति के सहज सौंदर्यबोध के कवि नहीं है। प्रकृति इनकी कविता में संश्लिष्ट मानवीय अनुभव बनकर आती है। इस प्रकार यह स्पष्ट हो जाता है कि रघुवीर सहाय बौद्धिक आत्मसंतोष के लिए कविता नहीं लिखते बल्कि सामाजिक परिवर्तन शोषण और दमन से मुक्ति की चेतना से लैस होकर लिखते हैं।

पूर्व में कहा गया है कि कविता में मानवीय सरोकारों को रघुवीर सहाय कला के प्रश्न से ज्यादा महत्त्व देते हैं। भाषा और शिल्प की दृष्टि से इनकी कविताएँ प्रायः स्पष्ट हैं। इस कारण इनकी कविता में साधारणता दृष्टिगोचर होती है पर कविता में नाटकीय कौशल का प्रयोग करके कवि साधारण कविता को असाधारण बना देता है। इसी प्रसंग में नामवर सिंह ने इनकी कविताओं में साधारणता में असाधारणता देखी है। इनकी भाषा पर अखबारी प्रभाव है, फिर भी वह बेधाक है, सीधो मर्म पर चोट करती है। नई कविता के कवियों के लिए प्रतीक, बिम्ब और मिथक जिस प्रकार महत्वपूर्ण थे, रघुवीर सहाय की कविताओं में उस प्रकार से इनको महत्त्व कम मिला। इनकी कविता की बनावट में शुद्ध गद्यात्मक वाक्य महत्वपूर्ण है। पर नाटकीयता, लयात्मकता तथा वर्णनात्मकता के कारण इनकी कविता सादगी में भी विशिष्ट नजर आती है। रघुवीर सहाय का काव्य–व्यक्तित्व, उनके सामाजिक और निजी जीवन के तनाव, सामाजिक, राजनैतिक संघर्ष, साहित्य–पत्रकारिता के बीच के द्वन्द, सम्प्रेषणीयता और स्तरीयता के तनाव से मिल के बना–बुना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कविता के नए प्रतिमान – नामवर सिंह।
2. रघुवीर सहाय का कवि कर्म – सुरेश शर्मा।
3. नई कविता और अस्तित्ववाद – रामविलास सिंह।
4. आजकल (मासिक पत्रिका) 2015 रघुवीर सहाय विशेषांक।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

शैलेश मटियानी का उपन्यास रामकली के सन्दर्भ में

मनीषा टैगोर *

प्रस्तावना - शैलेश मटियानी जी द्धारा लिखित उपन्यास रामकली हिन्दी साहित्य की एक प्रसिध्द रचना हैं। जिसमे दाम्पत्य जीवन का अनोखा चित्रण हैं । जिसमें एक अद्‌भूत नारी सघर्ष की कथा और एक असीम सहनशील पुरूष की ह्रदय मर्मस्पर्शी कथा हैं।

'रामकली' ही रामकली उपन्यास की नायिक हैं । इसका चरित्र ही उपन्यास की जान हैं। पूरे उपन्यास मे रामकली का चित्रणन ही दर्शनीय हैं। कथा का आकर्षण भी यही हैं। रामकली का चरित्र ऐसा हैं। जो जिन्दादिल हैं। वह आजीवन ताजगी लाने वाला सुन्दर सपने सजोने वाला और पत्नी के रूप में होकर भी वह किसी का मन रिझाने वाली नारी हैं। तन मन के सूखो तलाशना मस्ती में रहना उसका स्वभाव हैं। उसका पति होते हुए भी उसे किसी दूसरे की तलाश रहती हैं।

रामकली का विवाह हुआा तब वह 15 वर्ष की थी और उसका पति लगभग 32 साल का था । उम्र की खाई रामकली की निरंतर निखरती तरूणाई और उसकी जिम्मेदारियों से बोझिल होती जाती हैं। तब वहां दुबली ,पतली और सुन्दर दिखती थी। जब भी वह दूध लेने जाती हैं तब वह ठीक से धोती पहनती और बालों पर कंघी करती । बडे प्यार से माथे पर लाल बिंदिया लगा लेने के बाद काजल भी आंखों में वह लगाकर कमला पहलवान के घर दूध लेने जाती हैं। बसंतलाल के साथ की गृहस्थी के अभाव रामकली को अब धीरे-धीरे ज्यादा चुभने लगी हैं । शादी के 10 वर्ष हो चुके थे । अब तो दो बच्चे की मां बन चुकी हैं । फिर भी बसंतलाल की उम्र और अपने जिस्म के साथ अपनी उम्र को तोलकर देखने लगती हैं। रामकली को हरगुन पंडित अपने पति से ज्यादा अच्छा लगता हैं । वह गंगा स्नान को नहाने जाता हैं तब रामकली भी उसके साथ चल पडती हैं। तब वह अपने साथ अगरबत्ती और कंकू की पुडिया झोले में डालती हैं और हरगुन पंडित के हिस्से की दक्षिणा भी अपने साथ रख लेती हैं। पीतल का लोटा अपने दाएं हाथ की उंगलियों में रखकर मंदिर जाने की मुद्रा में निकलती हैं। तब दोनों स्त्री पुरूष के बीच से होते हुए काफी दूर तक चुपचाप चलते रहते हैं। रात बीतने तक रामकली को केवल हरगुन पंडित दिखई देता हैं। लेकिन सवेरा होते ही एक औरत का मन जाग उठता हैं। उसे अपने बच्चों और पति की याद आने लगती हैं।

रामकली अपने इच्छाओ को पूर्ण करने के लिए हरगुन पंडित ना मिले तो वह कमला पहलवान के घर चली जाती हैं। विजयादशमी के दिन कमला पहलवान के द्धारा मारे और प्रताडित किये जाने पर वह बच्चों के बहाने बसंतलाल के घर चली जाती हैं। जब वह कमला पहलवान को छोडकर अमोलकचंद ठेकेदार के साथ जाने का फैसला लेने के पहले मन में जरूर आया था कि बसंतलाल के मन में क्या ख्याल हैं। अब बसंतलाल के घर से बाहर निकलने के बाद रामकली का बडे घरो कि सी बहूओ का रूप निखर आया हैं। रामकली मे ज्यादा आकर्षक आ जाता हैं। पहले वह पुरानी मैली धोती पेटीकोट और ब्लाउज पहनती थी , लेकिन अब वह सफेद रंग की छोटी बाहो का ब्लाउज , पेटीकोट और बैंगनी रंग की साडी पहनती थी। उसकी शारीरिक गठन और उसके साफ -सुथरे पहनावे से यह कल्पना करना किसी के लिए भी कठिन हो सकता हैं कि वह बसंतलाल जैसे सामान्य मजदूर या फिर रिक्शा वाले की पत्नी हो सकती हैं।

एक दिन अमोलकचंद ठेकेदार मिर्जापुर जाता हैं तब रामकली बाजार जाती हैं। एक दुकान से बाहर निकलते ही बसंतलाल उसे देख लेता हैं। और बच्चो को देख आने को कहता हैं। तब वह बसंतलाल के हाथ में एक दस रूपये का नोट आगे बढाते हुए कहती हैं-'एक पैकेट बढिया वाले बिस्कुट का और रख देना थोडी टाफीया भी । '[1] तब रामकली का चरित्र मातृत्व का रूप धारण करता दिखाई देता हैं। अमोलकचंद ठेकेदार मिर्जापुर रूकता नही और अपने दोस्त के साथ घर वापस आ जाता हैं। वह अपने दोस्त के साथ रामकली की प्रतिक्षा करता हैं। बसंतलाल के घर से रामकली के लौट आने पर उसको अमोलकचंद ठेकेदार के साथ आए दोस्त उन्हें घूर घूर कर देख रहे थे। अमोलकचंद ठेकेदार उसे अपने दोस्त के साथ बेठने को कहता हैं। उसके सामने बेइज्जत करता हैं। रामकली हडबडाहट में जान नही पाई कि अमोलकचंद ठेकेदार के इस पागलपन की उन लोगो पर क्या प्रतिक्रिया हुई। रामकली को देखकर अमोलकचंद ठेकेदार को उसके दोस्त किस्मत वाले समझ रहे थे। अमोलकचंद ठेकेदार उसे भी छुकर देखने को कहता हैं। तब रामकली को इस बात का एहसास हो गया कि इन सब की हवस मिटाने या अपनी पूरी ताकत से विद्रोह करने के अलावा और कोई रास्ता उसके पास रहा नही गया तब अमोलकचंद ठेकेदार और उसके साथी जब तक कोई निर्णय ले रामकली अपने आप को बचाती हुए कहती हैं- 'हरामी , तू ससुरा कौन होता हैं साले।'[2] रामकली प्रचंड आक्रमण करके शेरनी की तरह चिल्ला उठी हैं और उनके तीनो दोस्तो को घर से बाहर निकाल देती हैं। बसंतलाल के साथ के आत्मीयता और सम्मान भरे वातावरण में से वापस लौटते ही इस तरह का अपमानजनक व्यवहार वह सहन नही कर पाती हैं।

रामकली का अमोलकचंद ठेकेदार से झगडे के बाद से अब तक निरंतर पश्चाताप हताश और आक्रोश में झूलसती हुई अब वह दो साल के बाद बसंतलाल के घर हमेशा के लिए वापस लौटती हैं। वह बसंतलाल को गले लगाती हैं। अपने दोनो बच्चों को बहुत प्यार करती हैं। बच्चों वाली औरत को सिर्फ पत्नी ही नहीं होना पडता हैं। रामकली को बसंतलाल ने पहले आत्मालाप

* शोधार्थी , माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला,इन्दौर,
सम्बद्व-देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

की सी मुद्रा में धीमें शब्द मे कहा था कि – 'तेरे मेरे बीच उम्र का इतना फासला ना रहा होता रामकली तो हम लोग की गृहस्थी में दरार ना पड़ी होती।'[3]

उपन्यास के आरंभ से अंत तक रामकली को कई बार में निष्फलता मिलती हैं। फिर भी उसको अपने जीवन से अब नही। आती बल्कि उसकी जीने की जिजीविषा यथावत रहती हैं। आज के कई पढे– लिखे शिक्षित लोग जिन्दगी में पहली बार में निष्फलता मिलने पर खुदखुशी कर लेते हैं। पर रामकली इन सबसे भी अनपढ़ स्त्री होते हुए भी ऐसा करने के बारे में कभी सोच भी नही सकती हैं। ऐसा लगता हैं कि किसी भी स्थिति में वह भगवान की देन मानकर जीना चाहती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शैलेश मटियानी : रामकली के पृ.क्र. 80
2. वही पृ.क्र. 82
3. वही पृ.क्र.110

****

बाणभट्ट की आत्मकथा - सांस्कृतिक आख्यान

डॉ. रंजना मिश्रा *

प्रस्तावना – संस्कृति जीवन के उन उदात्त मूल्यों का समुच्चय है, जो हमारे समग्र क्रिया-व्यवहार को नियंत्रित और निर्देशित करते हैं। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी हिन्दी के ऐसे ऐतिहासिक उपन्यासकार हैं, जिनके उपन्यास इतिहास के तथ्यों पर उतने आधारित नहीं है, जितने ऐतिहासिक वातावरण एवं देशकाल पर आधारित हैं, जिसकी सृष्टि उन्होंने अपनी अद्‌भुत कल्पना शक्ति से की है। उनके चारों उपन्यास बाणभट्ट की आत्मकथा, चारुचन्द्र लेख, पुनर्नवा एवं अनामदास का पोथा इसी श्रेणी के हैं।

'बाणभट्ट की आत्मकथा' में सातवीं शती के भारत की राजनीतिक स्थिति का निरुपण हुआ है। उस समय उत्तर भारत पर हूणों का आक्रमण हुआ था और कोई भी बड़ी शक्ति उनका प्रतिरोध कर सकने में सक्षम नहीं थी। बाणभट्ट सम्राट हर्षवर्धन का दरबारी कवि था। द्विवेदी जी ने इस उपन्यास के कथानक में इतिहास की पृष्ठभूमि ही ली है, शेष सब कुछ उन्होंने कल्पना के आधार पर गढ़ा है। इसके साथ ही द्विवेदी जी ने 'हर्षचरित' नामक संस्कृत ग्रंथ को उपजीव्य ग्रंथ बनाया है। सातवीं-आठवीं शताब्दी के भारतीय समाज में जो दूषित प्रवृत्तियाँ पनप रहीं थीं, उनका यथार्थ चित्रण उपन्यासकार ने किया है।

तत्कालीन भारतीय समाज में जाति प्रथा का वर्चस्व था। ब्राम्हण को सम्मान तो मिलता था, किन्तु अपने कर्मो के कारण वह अपने देवत्व से गिर गया था। निम्न वर्ण ब्राम्हण को देवतुल्य समझता था। इस काल में लोग कर्मफल एवं पुनर्जन्म के सिद्धांत पर उतनी आस्था नहीं रखते थे जितनी भाग्यवाद पर रखते थे। धर्म का स्वरूप विकृत हो गया था। उसमें बाह्याचार एवं पाखण्ड बढ़ रहा था।

धर्म की आड़ में अनेक अनैतिक कार्य हो रहे थे। नारी के प्रति लोगों का दृष्टिकोण विशुद्ध भोगवादी था। लुटेरे उनका अपहरण कर लेते थे और उन्हें राजाओं के अन्त:पुर में बेच दिया जाता था। लेखक ने इस अधोपतन का चित्रण बाणभट्ट की आत्मकथा में किया है। भट्टिनी का अपहरण कर उसे 'छोटा राजकुल' के अंत:पुर में पहुँचाना और बाणभट्ट का निपुणिका के सहयोग से उसे मुक्ति प्रदान करना ऐसा ही घटनाक्रम है। बाणभट्ट नारी के प्रति अत्यंत उदार दृष्टिकोण रखता है। वह कहता है- 'मैं नारी सौंदर्य को संसार की सबसे अधिक प्रभावोत्पादिनी शक्ति मानता रहा हूँ। नारी शरीर मेरे लिए देवमंदिर की भाँति पवित्र है।'

द्विवेदी जी लोककल्याण को विशेष महत्व देते हैं। उन्होंने सम्पूर्ण उपन्यास में सर्वत्र नैतिकता पर बल दिया है। वे कहते हैं कि व्यक्ति को उचित-अनुचित का निर्णय अपनी विवेक बुद्धि से करना चाहिये। विवेक को वे लोक, शास्त्र, गुरू से भी अधिक प्रामाणिक मानते हैं। लेखक की यह भी धारणा रही है कि निवृत्ति मार्ग या वैराग्य वस्तुत: जीवन से पलायन ही तो है। व्यक्ति को इस योग्य बनना चाहिये कि वह संसार में रहते हुए भी समस्त कामनाओं एवं भोगों के आकर्षण पर विजय प्राप्त कर सके।

हर्षकालीन भारत का सांस्कृतिक रूप इस उपन्यास में प्रमुखता से उभारा गया है। उस समय कला के सभी रूप अपने उत्कर्ष पर थे। समाज में कवियों, कलाकारों का सम्मान था। नाट्य, काव्य, संगीत, चित्र एवं मूर्तिकला उन्नत अवस्था में थी। अभिनय के लिए प्रेक्षाग्रह बने हुए थे। काव्य की भाषा संस्कृत और प्राकृत थी। आचार्यों के साथ-साथ कवियों और कलाकारों को भी विशेष सम्मान प्राप्त था। 'बाणभट्ट की आत्मकथा' में सरस्वती मंदिर में प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले मदनोत्सव का वर्णन किया गया है। इस उत्सव में गणिका चारुस्मिता का नृत्य होता था तथा अनेक देशों के कवि, कलाकार और नर्तक अपनी कला का प्रदर्शन करते थे। व्यक्ति को विवेक, साहस, करुणा जैसे गुण अपने भीतर विकसित करने चाहिये। बाणभट्ट और निपुणिका दोनों इन गुणों से विभूषित हैं। निपुणिका और बाणभट्ट द्वारा भट्टिनी का उद्धार तथा विलासी समाज के बीच रोजी-रोटी कमाते हुए अपने सतीत्व की रक्षा करना निपुणिका के इन्हीं गुणों का परिचायक है। वह बड़ी से बड़ी विपत्ति के समक्ष भी किं कर्त्तव्य विमूढ़ नहीं होती अपितु उसका विवेकपूर्ण समाधान भी खोज लेती है।

इस उपन्यास में द्विवेदी जी ने साहित्यकारों को एक महत संदेश प्रेषित किया है, कि वे पुरानी परम्पराओं के मोह को छोड़, नये विषय, नये काव्य रूप एवं नई परम्पराओं को रचनाओं में स्थान दें। दूसरी ओर सामान्य जनता को उनका यह सन्देश है कि नारी के प्रति सम्मान का भाव रखें, उसे केवल वासना पूर्ति का साधन मात्र न मानकर उसके प्रति पवित्र एवं उदात्त भाव अपने मन में रखें। राज्य में व्यवस्थाओं और सुधार का जिम्मा केवल राजा का नहीं है, वरन् जनसाधारण को भी अपनी शक्ति और साधनों का उपयोग जनहित में करना चाहिये। शैव दर्शन के प्रभाववश लेखक मानते हैं कि सारा विश्व त्रिपुर भैरवी की लीला है। शैव दर्शन के अनुसार प्रकृति क्रियाशील है, जो पुरुष को प्रेरित और आकर्षित करती है। प्रकृति नारी स्परूप है। बाणभट्ट की आत्मकथा के प्रेम प्रसंग इसी धारणा के अनुरूप हैं। भट्टिनी और निपुणिका दोनों ही बाणभट्ट से प्रेम करतीं हैं, किन्तु उनके प्रेम में कहीं भी ईर्ष्या भाव नहीं है। यह प्रेम उनमें कर्त्तव्य भाव जगाता है, उनकी वृत्तियों को उदात्त बनाता है, इसलिए श्लाध्य है। मोह पर कर्त्तव्य की विजय ही प्रेम का उदात्त स्वरूप है और प्रेम के इसी उदात्त स्वरूप का चित्रण करते हुए द्विवेदी जी ने अपनी सांस्कृतिक चेतना का परिचय इस उपन्यास में दिया है।

'बाणभट्ट की आत्मकथा' तत्कालीन युग को जीवन्त रूप में प्रस्तुत करने के साथ ही वर्तमान समाज की समस्याओं को स्पष्ट चित्रित करती है। लेखक ने मध्यकालीन जड़ता पर प्रहार करते हुए उसे आधुनिक चेतना से जोड़ने का प्रयास भी किया है। तत्कालीन समाज में अनेक प्रकार की विरोधी धर्मसाधनायें प्रचलित थीं, जिनके कारण समाज विश्रृंखलित हो रहा था, राजनीतिक स्थिति अस्थिर एवं चंचल थी। इसी अस्थिरता के बीच उन्होंने बाणभट्ट के माध्यम से नवीन मूल्यों की खोज की है।

* एसोसिएट प्रोफेसर, शासकीय कला एवं वाणिज्य 'अग्रणी' महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

वैदिक पुराण साहित्य में प्रतिपादित ऋषभ तथा भरत के चरित्र

डॉ. सावित्री मिश्रा *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य विषय वैदिक पुराण साहित्य में प्रतिपादित ऋषभ तथा भरत के चरित्र इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य जनता जनार्दन के समक्ष वैदिक पुराण साहित्य में प्रतिपादित ऋषभ एवं भरत के चरित्र प्रस्तुत करना है। उक्त दोनों विभूतियों के चरित्र आज के युग में चरित्र सारभौमिक है तथा जनता उनके चरित्रो का पालन कर नवीन समाज की स्थापना करें साथ–साथ ही आदर्श समाज की परिकल्पना को साकार रूप में प्रकट करें।

प्रस्तावना – भगवान ऋषभ देव और चक्रवर्ती भरत की आदिपुराण के प्रमुख कथानायक है भगवान ऋषभ देव और चक्रवर्ती भरत इतने अधिक प्रभाव शाली पुण्य पुरूष हुये थे कि उनका जैन ग्रंथो में तो उल्लेख आता ही है उसके सिवा वेद मंत्रो पुराणों आदि मे उल्लेख मिलता है। भागवत् में भी मरूदेवी, नाभिराय, वृषभदेव और उनके पुत्र भरत का विस्तृत वर्णन दिया है। यह दूसरी बात है कि वह कितने ही अंशो में भिन्न भिन्न प्रकार से दिया गया है। इस देश का भारत नाम भी भरत चक्रवर्ती के नाम से प्रसिद्ध हुआ है।

वैदिक पुराण साहित्य में ऋषभ का वर्णन – भगवान ऋषभदेव का व्यक्तित्व अत्यन्त सशक्त और तेजस्वी था उनकी मान्यता देश और काल की सीमाओं का अतिक्रमण करके देश–देशान्तरों में फैल गई वे किसी एक सम्प्रदाय, जाति धर्म के नेता नही थे। वे तो कर्म और धर्म दोनो के ही आद्य प्रेरक थे। मानव की आद्य सभ्यता को एक दिशा देने का महानकार्य उन्होने किया था, सारा मानव समाज उनके अनुग्रहों और उपकारों के लिये चिर ऋणी था वर्ग, जाति और वर्ण के भेदभाव के बिना सारी मानव जाति उन्हे अपना उपास्य मानती थी। उनके विधि कर्यकलापों और रूपों को लेकर विभिन्न देशें और कालों में उनके विविध नाम प्रचलित हो गये। शिव महापुराण में उन्हे अट्ठाइस योगावतारों मे एक अवतार भगवान ऋषभ देव का माना है। श्रीमद्भागवत में उनका अष्ठ्म अवतार (श्रीकृष्ण) स्वीकार किया।

वेदों मे प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभ देव के लिये अनेक आहुतियों, स्तुतियाँ, विभिन्न नामो से की गई है। उनकी ऋचाओं में उनकी स्तुति, अग्नि, मित्र, यम आदि नामों से की गई है। ताण्ड्य[1], तैत्तिरीय[2], और शतपथ[3], ब्राह्मण में अग्नि के नाम से उन्हे आद्य (आदिपुरूष) मिथुनकर्ता (विवाह प्रथा के प्रचलन कर्ता, ब्रह्म, पृथ्वी पति, धाता, ब्रह्मा, सर्वविद्, सर्वज्ञ) कहा गया है। वेदों उन्हें जातवेदस (जन्म से ज्ञान सम्पन्न) रत्नधाता, विश्ववेदस् (विश्व को जानने वाला) मोक्षवेता और ऋत्विज (धर्मसंस्थापक) बताया गया है। वेदों में अनेक स्थानों पर ऋषभदेव की स्तुति की गई है। इनके देवता ऋषभदेव है।

त्वं रथं प्रभसे योधमृष्वमावो युध्यन्तं वृषभं दशद्युम।
त्वं तुग्रं वेतसवे स चाहन्त्वं तुजिं गृणन्तभिन्द्र तू तो।।[4]

इसका आशय यह है कि युद्ध करते हुये ऋषभ को इन्द्र ने युद्ध सामग्री और रथ प्रदान किया।

अतिसृष्टो अपां वृषभोऽतिसृष्टा अग्नयो दिव्या:।।[5]

इन्द्र ने राज्य में वर्षा नही होने दी। तब वृषभदेव ने जल बरसाया।

अहो मुंचं वृषभ याज्ञिमानां विराजन्तं प्रथममध्वराणाम्।
अपां न पातमश्विना हुवे धिय इन्द्रियेण इन्द्रियंदत्तभोज:।।[6]

सम्पूर्ण पापो से मुक्त तथा अहिंसक वृत्तियों के प्रथम राजा आदित्य स्वरूप श्री ऋषभदेव का में आव्हान करता हूँ। वे मुझे बुद्धि एवं इन्द्रियों के साथ बल प्रदान करें।

विष्णुपुराण – पुराण साहित्य के इतिहास में विष्णुपुराण का सातिशय महनीय है। इसके द्वतीय अंश के प्रथम अध्याय में भगवान ऋषभ देव का चरित्र मिलता है।

'महात्मा नाभि का हिम नामक वर्ष था, उनकी मेरूदेवी नाम की भार्या से अतिशय कान्तिमान, ऋषभ नाम पुत्र उत्पन्न हुआ।'[7]

वायुपुराण – यह पुराण अत्यंत प्राचीन है। वाणभट्ट ने अपनी कादम्बरी में इसका उल्लेख पुराणे वायुप्रलयितम् लिखकर किया है। इस पुराण के 33 वें अध्याय में प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभदेव का चरित्र चित्रण दृष्टिगोचर होता है। नाभि ने मेरूदेवी से ऋषभ नामक एक पुत्र उत्पन्न किया जो अत्यन्त तेजस्वी और नृपतियों में श्रेष्ठ और सभी क्षत्रियो का पूर्वज था।[8] ऋषभ से भरत की उत्पत्ति हुई जो अपने भाइयों में श्रेष्ठ था। ऋषभ अपने पुत्र भरत को राजलक्ष्मी देकर सन्यासी हो गये।[9]

प्रस्तुत अध्ययन में **सर्वेक्षण विधि** के अन्तर्गत **मानकीय सर्वेक्षण विधि** को अपनाया गया है जो कि निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु वांछनीय आँकड़ों के संकलन हेतु उपयुक्त है।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण – अध्ययन के लिए दत्ता संकलन हेतु प्रयुक्त होने वाले साधनों को उपकरण कहते है। अनुसंधान की सफलता उपयुक्त उचित उपकरण के चयन पर निर्भर करती है। एक अनुसंधान में केवल एक ही उपकरण का प्रयोग न होकर कई उपकरणों का प्रयोग किया जाता है। यह जरूरी नहीं है कि जो उपरकण एक क्षेत्र में प्रभावी होता है वह अन्य क्षेत्रों में भी प्रभावी सिद्ध है।

जॉन डब्ल्यू बेस्ट के अनुसार – 'एक बढ़ई के सन्दूक में औजारों की भाँति प्रत्येक अनुसंधान उपकरण विशिष्ट उद्देश्यों की पूति हेतु किसी विशिष्ट परिस्थितियों में प्रयुक्त होता है।'

अनुसंधानकर्त्ता ने स्वंय के द्वारा निर्मित स्वनिर्मित परीक्षण **'सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता मापनी'** को उपकरण के रूप में काम में लिया है।

उपकरण चयन के आधान – अनुसंधानकर्त्ता को उपकरणों का चुनाव करते समय निम्न बातों का ध्यान में रखना चाहिए –

1. उपकरण ऐसा होना चाहिए जिसके प्रयोग से चयन की गयी समस्या का समुचित समाधान हो सके।
2. उपकरण दी गई समस्या के प्रति विभिन्न अवसरों पर दी गई मानकीकृत स्थितियों के अन्तर्गत समान परिणाम प्रदान करने वाला हो।
3. उपकरण समय व धन की दृष्टि से मितव्ययी हो।
4. उपकरण समस्या के प्रति वैध उत्तार उपलब्ध कराने वाले हो।
5. जहाँ तक सम्भव हो उपकरण प्रमाणीकृत हो उससे एक अच्छे उपकरण के सभी गुणों का समावेश होता है।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त सांख्यिकी – किसी भी शोध में सर्वप्रथम उस शोध से संबंधित आंकड़ों का संकलन किया जाता है किन्तु मात्र दत्त संकलन से शोध कार्य पूर्ण नहीं होता अपितु दत्ता संकलन को वैज्ञानिक रूप देने के लिए सांख्यिकी का प्रयोग किया जाता है।

परीक्षणों को प्रशासित करने के पश्चात् प्राप्त आंकड़ों को सांख्यिकीय रूप में प्रस्तुत करने हेतु सर्वप्रथम गणना के लिए मध्यमान, प्रमाप–विचलन व टी–परीक्षण ज्ञात किया।

शोध अध्ययन में निम्नपरिकल्पना जांची गई है –

परिकल्पना – ग्रामीण व शहरी महिला शिक्षिकाओं का सूचना के अधिकार के प्रति सार्थक अन्तर नहीं है। प्राप्त आंकड़ों से ज्ञात होता है कि ग्रामीण शिक्षिकाओं का सूचना के अधिकार के प्रति जागरूकता का मध्यमान 2.86 है जबकि शहरी शिक्षिकाओं का सूचना के अधिकार के प्रति जागरुकता का मध्यमान 65.10 है।

जिसमें टी. मूल्य 2.32 आया है जो कि .05 विश्वास स्तर (टी. मूल्य 1.96) पर सार्थक है अर्थात् ग्रामीण व शहरी महिला शिक्षिकाओं का सूचना के अधिकार के प्रति सार्थक अन्तर पाया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अग्रवाल, जे. सी. – 'एज्युकेशन रिसर्च'
2. एलिस, आर. एस. (1951) – 'एज्युकेशन साइकोलॉजी'
3. बेस्ट, जॉन, डब्ल्यू (1957) – 'मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन एवं विनोद मूल्यांकन', पुस्तक मन्दिर, आगरा
4. अग्रवाल रामनारायण एवं अस्थाना विपिन – 'आधुनिक मनोविज्ञान शिक्षण एवं मापन', आगरा
5. बुच. एम. बी. (1975) – 'दी सर्वे ऑफ रिसर्च ऑफ एज्युकेशन'
6. बुच. एम. बी. (1984) – 'ए सर्वे ऑफ रिसर्च इन एज्युकेशन', तृतीय संस्करण
7. डॉ. कपिल एच. के. – 'अनुसंधान परिचय'
8. गेरेट, हेनरी ई. – 'शिक्षा एवं मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग', नई दिल्ली, कल्याण पब्लिशंस।
9. गेरट, एन. डी. – 'शिक्षा एवं मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग'
10. मंगल, एस. के. (1985) – 'शिक्षा मनोविज्ञान', दिल्ली, राजकमल प्रकाशन
11. शर्मा, आर. ए. (1990) – 'शिक्षा अनुसंधान', मेरठ इण्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस
12. सचदेवा, अनिल (2011) – 'सूचना के अधिकार', 2005
13. सिंधवीं रनिश (2012) – 'सूचना के अधिकार अधिनियम', 2005
14. राय, के. बी. (2009) – 'सूचना के अधिकार'
15. जैन, राजीव कुमार (2009) – 'भारतीय लालफीताशाही पर सूचना अधिकार अधिनियम का असर', नई दिल्ली: भारतीय लोकप्रशासन

संस्थान

16. कटारिया, एस. के. (2009) – 'भारतीय प्रशासन के पुन: निर्माण में सूचना के अधिकार अधिनियम की भूमिका', नई दिल्ली: भारतीय लोकप्रशासन पत्र
17. Singh, Shiv Sahay & Government must spend more money for awareness about RTIAct. www. indian express.com
18. Singh, Shalini (2012) & Genesis of Right to Information Act in, Research Journal of Social Science.
19. www.righttoinformation.org
20. rti.gov.in
21. www.rtiindia.org

****

विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक आयोजनों में विद्यार्थियों की रूचि

सुषमा सिंह चुण्डावत*

प्रस्तावना – भारत एक सांस्कृतिक विभिन्नताओं से परिपूर्ण देश है। विश्व में भारत की पहचान सिर्फ एक राजनीतिक देश के रूप में ही नहीं है बल्कि सांस्कृतिक स्वरूप में भी यह महत्वपूर्ण स्थान हासिल किये हुए हैं।

ऊर्जा से भरी पीढ़ी यदि सकारात्मक व उच्च मानवीय मूल्यों से युक्त हो तो देश को नई बुलंदियों पर ले जाया जा सकता है। ऐसी स्थिति में मानवीय मूल्यों के निर्माण में विद्यार्थी जीवन एक उपयुक्त काल है। बालकों को देश का भविष्य कहा जाता है अत: यह आवश्यक हो जाता है कि उन्हें ऐसा वातावरण प्रदान किया जाए जिससे उनमें मानवीय मूल्य जाग्रत हो। इसलिए विद्यालयों में पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करने के अतिरिक्त समय समय पर विभिन्न सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है।

प्राय: देखा गया है कि निजी विद्यालय राजकीय विद्यालयों की अपेक्षा अधिक उमंग व उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियाँ आयोजित करते हैं। राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की तुलना में इन गतिविधियों में कम सहभागी होते हैं। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में तो फिर भी विद्यार्थीगण इन गतिविधियों में रूचि लेते हैं तथा इनमें भाग लेना पसन्द करते हैं परन्तु उच्च माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थी विभिन्न सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन के अवसर पर या तो विद्यालय में अनुपस्थित रहते हैं या फिर अनमने ढंग से उनमें भाग लेते हैं।

यही सोचकर शोधार्थी ने राजकीय व निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजनों की वर्तमान स्थिति एवं विद्यार्थियों की रूचि का अध्ययन विषय का चयन किया है। इस शोध कार्य द्वारा राजकीय व निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजनों की वर्तमान स्थिति का पता चल सकेगा तथा विद्यार्थियों की इन गतिविधियों के प्रति रूचि का पर्याप्त ज्ञान हो सकेगा।

शोध समस्या के उद्देश्य –

- उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन की वर्तमान स्थिति के प्रति समग्र न्यादर्श विद्यार्थियों के अभिमत का पता लगाना।
- उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन की वर्तमान स्थिति के प्रति राजकीय एवं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिमत का तुलनात्मक अध्ययन करना।
- उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन में समग्र न्यादर्श विद्यार्थियों की रूचि का अध्ययन करना।
- उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन में राजकीय एवं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों की रूचि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध समस्या की परिकल्पना

- उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन की वर्तमान स्थिति के प्रति राजकीय एवं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिमत में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
- उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन में राजकीय एवं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों की रूचि में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

समस्या का परिसीमन –

- यह समस्या उदयपुर जिले की गिर्वा तहसील के उच्च माध्यमिक विद्यालयों तक ही सीमित रखी गयी।
- उदयपुर की गिर्वा तहसील के केवल 2 सरकारी व 2 निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों को ही अध्ययन हेतु चुना गया।

शोध विधि – प्रस्तुत शोध में सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया।

जनसंख्या व न्यादर्श – यह अध्ययन 120 विद्यार्थियों तक सीमित रखा गया, जिसमें 60 छात्र व 60 छात्राएं सम्मिलित है।

उपकरण – इस शोध कार्य हेतु शोधार्थी द्वारा 2 स्वनिर्मित उपकरणों का प्रयोग में किया गया :-

- सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजनों की वर्तमान स्थिति संबंधित प्रमापनी।
- सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजनों के प्रति विद्यार्थियों की रूचि सम्बन्धित प्रमापनी।

प्रयुक्त सांख्यिकी प्रविधियाँ – इस शोध हेतु निम्नलिखित सांख्यिकी प्रविधियों का प्रयोग किया गया –

1. मध्यमान
2. मानक विचलन
3. टी-टेस्ट

सारणी संख्या - 1 (देखे आगे पृष्ठ पर)

सारणी संख्या - 2 (देखे आगे पृष्ठ पर)

निष्कर्ष –

- समग्र न्यादर्श विद्यार्थियों के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नृत्य-गायन, निबंध, कहानी लेखन प्रतियोगिता, वाद विवाद आदि अनेक प्रकार की सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियाँ पूरे जोश व उल्लासपूर्ण तरीके से आयोजित की जाती है।
- समग्र न्यादर्श विद्यार्थियों के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय में

*59, राज वैभव हाउस, गोकुल विलेज, तीतरड़ी, उदयपुर (राज.) भारत

प्रधानाचार्य सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन के दौरान विद्यार्थियों हेतु प्रेरक, मार्गदर्शक व सहयोगी के रूप में दिखाई देते हैं, ताकि विद्यार्थी भी उत्साहित होकर अधिक से अधिक संख्या में भाग ले सके।

- उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन की वर्तमान स्थिति के प्रति राजकीय विद्यालय केविद्यार्थियों की अपेक्षा निजी विद्यालय के विद्यार्थियों का अभिमत अधिक सकारात्मक पाया गया।
- छात्रों की अपेक्षा छात्राएँ विद्यालय में होने वाली सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन में रूचि अधिक लेती है।
- समग्र न्यादर्श विद्यार्थियों का मानना है विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों से अन्तर्निहित कौशलों का विकास होता है, जिससे समग्र विद्यार्थियों में आत्मबल व प्रोत्साहन स्तर में वृद्धि होती है।

सुझाव –

- समयाभाव के कारण प्रस्तुत शोध में शोधकत्री ने 120 उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप में लिया है इससे भी बड़ा न्यादर्श लेकर इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाया जा सकता है।
- प्रस्तुत शोध उदयपुर शहर तक सीमित है भावी शोध के लिए राजस्थान के अन्य शहरों के विद्यार्थियों का चयन किया जा सकता है।
- प्रस्तुत शोध सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के शिक्षकों एवं प्राचार्यो को लेकर भी किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Good & Hatt (1952) -`Method in Social Research', New York : McGraw Hill, page-33.
2. शर्मा, डॉ. आर.ए. (2011) – 'शिक्षा अनुसंधान के मूल तत्व एवं शोध प्रक्रिया आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।'
3. शर्मा, राधेश्याम – 'पाठ्यसहगामी प्रवृतियों का महत्व', राजस्थान बोर्ड शिक्षण पत्रिका माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर अक्टूबर–2005।
4. सारस्वत, राकेश– 'माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाने वाली सृजनात्मक प्रतियोगिताएँ : एक परिचय', शिविरा पत्रिका, निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर, राजस्थान, सितम्बर 2008।
5. Co-curricular Activities are On Integral Part of Curriculum which Provides Educational Activities to the Students - Education hp.org/ board/chapter-10
6. http://www.education-nic.in

सारणी संख्या – 1

क्र.सं.	क्षेत्र	मध्यमान		मानक विचलन		टी–मान	.05/.01स्तर पर सार्थकता
		राजकीय	निजी	राजकीय	निजी		
1.	वर्तमान स्थिति	35.95	42.90	3.66	4.11	3.75	.01 स्तर पर सार्थक अन्तर पाया गया

सारणी संख्या – 2

क्र.सं.	क्षेत्र	मध्यमान		मानक विचलन		टी–मान	.05/.01स्तर पर सार्थकता
		छात्र	छात्रा	छात्र	छात्रा		
1.	रूचि	35.95	42.90	3.52	3.99	4.48	.01 स्तर पर सार्थक अन्तर पाया गया

****

शिक्षक शिक्षा में मूल्यों का समावेश - पाठ्यक्रम

डॉ. सुनीता शर्मा *

प्रस्तावना - मानव जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है। शिक्षा ही तो है जो मानव को यथार्थ रूप में मानव बनाती है। शिक्षा के बिना मनुष्य जीवन पशु तुल्य ही होता। मानव और पशु में यही अंतर है कि मानव शिक्षा के द्वारा ही अपने को उन्नति के शिखर पर ला सका है। मानव शिक्षा ग्रहण करके शिक्षा प्रचार प्रसार करता हैं किंतु पशु ऐसा नहीं कर सकते। मनुष्य जब से जन्म लेता है और जब तक जीता है कुछ न कुछ सीखता है और सीखाता है।

शरतीय शिक्षा स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय से अपने विस्तार के मार्ग पर अति द्रुत गति से अग्रसर हो रही थी, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा के अनेक क्षेत्रों के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की माँग में उत्तारोत्तार भारी वृद्धि हुई। सम्भवत: इसीलिए हमारे देश की शिक्षा की पुनर्रचना में शिक्षक प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया गया था। उसकी कमियों और गुणात्मक उन्नति के उपायों से परिचय प्राप्त करने के लिए शिक्षा आयोगों की नियुक्ति की गई है, जिन्होंने इसे सफल एवं सार्थक बनाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का समारम्भ किया गया है और इस प्रकार इसकी धारणा में क्रान्तिकारी परिवर्तन किया गया है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् देश के शिक्षाशास्त्रियों एवं राजनीतियों ने शिक्षक प्रशिक्षण को एक नवीन रूप प्रदान करने हुए उसको व्यापक बनाया और इसको शिक्षक शिक्षा (Teacher Education) का नया आकार प्रदान किया।शिक्षक शिक्षा जीवन के समस्त क्षेत्रों को प्रभावित करती है, साथ ही बालकों के दैनिक जीवन से भी संबंधित है। अत: केवल कला शिक्षण का प्रषिक्षण, शिक्षक को अपने उत्तारदायित्वों का निर्वाह करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार नहीं कर सकता है।

शिक्षक शिक्षा का प्रारूप ऐसा होना चाहिये जो छात्रों, विद्यालय, समाज तथा व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। इस दृष्टि से शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम को जनतान्त्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता, धर्म निरपेक्ष समाज के निर्माण में सहायक होना चाहिये। अत: समाज की समस्याओं, राष्ट्र के आर्दषो को दृष्टि में रखकर पाठ्यक्रम का प्रारूप तैयार किया जाना चाहिये।राष्ट्रीय मूल्य व लक्ष्य बदलते रहते हैं, इसलिये पाठ्यक्रम का प्रारूप भी बदलते रहना चाहिये, जिससे राष्ट्रीय मूल्यों व लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके, तभी उसे सार्थक माना जायेगा। शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम को ज्ञान वृद्धि की गति की तीव्रता के अनुसार बदलना भी चाहिये, क्योंकि दस वर्ष में मानवीय ज्ञान दूना हो जाता है।

सेवारत शिक्षकों के लिये आवश्यक है कि उन्हें नवीन पाठ्यवस्तु तथा षिक्षण विधियों से अवगत कराया जाए। इसके लिये ऐसे कार्यक्रमों की व्यवस्था की जाए, जिसमें सेवारत अध्यापक भी नवीन प्रवर्त्तानों से अवगत हो सकें। इसके लिये सतत् शिक्षा के कार्यक्रमों की व्यवस्था की जाए।उच्च स्तर पर अन्य विषय के प्रवक्ताओं तथा विशेषज्ञों की भी सहायता लेनी चाहिये, जैसे मनोविज्ञान, दर्शन, सांख्यिकी आदि विषय की शिक्षा हेतु इस विषय के प्रवक्ताओं की सहायता लेनी चाहिये।

शिक्षा केवल शिक्षक प्रषिक्षण की प्रक्रिया मात्र न होकर अध्ययन का क्षेत्र भी है। कोठारी आयोग ने इसे एक विषय के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया है, क्योंकि इसके विकास का वृहद् क्षेत्र है। शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के नये पाठ्यक्रमों को विकसित करना चाहिये। शिक्षक शिक्षा में शिक्षण सिद्धान्त का अनुशासन की दृष्टि से विशेष महत्व है व इसे शिक्षण शास्त्र भी कहते हैं।

शिक्षण अभ्यास अथवा छात्र षिक्षण के लिये मेडिकल कक्षाओं की तरह इन्टर्नशिप की भी व्यवस्था की जानी चाहिये। छात्र-शिक्षक को विद्यालय में रहकर सभी प्रकार के कार्यो में भाग लेना चाहिये तथा उन्हें कक्षा-शिक्षक का पूरा उत्तारदायित्व देना चाहिये।शिक्षक ही विद्यालय में सीखने के लिये वातावरण में रोमांच उत्साह और सृजन का रंग भरते है। विद्यालयी संस्कृति में शिक्षक की भूमिका के निर्वहन के लिये शिक्षकों को तैयार करने में शिक्षक शिक्षा की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है। अत: जरूरी है कि शिक्षकों की तैयारी भी गुणवत्तापूर्ण हो। शिक्षकों की शिक्षा एक सतत् प्रक्रिया है और इसके सेवा पूर्व और सेवाकालीन अंशों को अलग नहीं किया जा सकता। जिसके अंतर्गत शिक्षकों को शिक्षा दी जाती है।किसी भी शैक्षिक कार्यक्रम की सफलता या असफलता उस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने वाले शिक्षकों पर निर्भर करती है। शिक्षकों के आचार विचार, आस्थायें, मान्यतायें, सामाजिक पृष्ठभूमि एवं शैक्षिक योग्यता आदि पाठ्यक्रम को बहुत अधिक प्रभावित करते हैं। शिक्षक,शिक्षा प्रक्रिया की महत्वपूर्ण धूरी है। अत: शिक्षक से जुड़ा प्रत्येक पक्ष इस प्रक्रिया को प्रभावित करता है। उदाहरणार्थ-अधिकांश शिक्षक समाज के मध्यम एवं उच्च वर्ग से आते हैं, अत: वे केवल ऐसे ही अधिगम अनुभव ही कक्षा में प्रस्तुत करते हैं जो केवल उसी वर्ग के बालकों के लिए उपयुक्त होते हैं। साथ ही शिक्षकों का आयुवर्ग भी पाठ्यक्रम को प्रभावित करता है। युवा एवं प्रौढ़ शिक्षकों की सोच एवं अनुभव में पर्याप्त अन्तर होता है। पाठ्यक्रम पर शिक्षक वर्ग का प्रभाव दो प्रमुख रूपों में कार्य करता है -

1. वैयक्तिक रूप में,
2. संगठित शक्ति के रूप में।

प्रत्येक शिक्षक कुछ नैतिक मूल्यों में आस्था रखता है तथा जाने-अनजाने वह उनका शिक्षण भी करता रहता है। इसीलिए कहावत भी प्रचलित है कि प्रत्येक शिक्षक अनिवार्य रूप से धर्म का शिक्षक होता है। यहाँ पर धर्म का तात्पर्य सामान्य नैतिक आचरण से है। पाठ्यक्रम शिक्षक के लिये अपने

*व्याख्याता, प्रशांति कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, उज्जैन (म.प्र.) भारत

विचारों को बालकों तक पहुंचाने का माध्यम होता है। वह प्राय: पाठ्यक्रम की अन्तर्वस्तु का उपयोग अपने विश्वास, दृष्टिकोण एवं मान्यताओं को विद्यार्थियों के सम्मुख प्रस्तुत करने के लिए करता है। इस प्रकार प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष ढंग से शिक्षक व्यक्तिगत रूप में पाठ्यक्रम को प्रभावित करता है।

वर्तमान समय में शिक्षक संगठन शक्ति के रूप में भी उभर रहा है। अन्य व्यावसायिक वर्गो के समान ही शिक्षक वर्ग के संगठन भी कार्य करने लगे हैं जो उनकी आर्थिक एवं सेवा संबंधी मांगों को पूरा करवाने के साथ साथ कुछ सीमा तक पाठ्यक्रम को भी प्रभावित करते हैं। ऐसा ही देखने में आया है कि शिक्षक संगठनों के अलग-अलग गुटों का संबंध अलग-अलग विचार धाराओं वाले राजनीतिक दलों के साथ होता है।वे अपनी-अपनी शक्ति के अनुसार पाठ्यक्रम पर प्रभाव डालते हैं। उदाहरणार्थ, ब्रिटेन की सरकार पाठ्यक्रम के बारे में कोई भी निर्णय लेने से पहले वहाँ के शक्तिशाली शिक्षक संघ एन.यू.टी. (नेशनल यूनियन ऑफ टीचर्स) से अवश्यक परामर्श करती है। अपने देश भारत में भी शिक्षक संगठनों का प्रभाव क्षेत्र उत्तरोत्तर बढ़ रहा है। अखिल भारतीय स्तर पर 'ऑल इण्डिया सेकण्डरी टीचर्स एसोसिएशन', 'ऑल इण्डिया फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन' आदि तथा राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय शिक्षक संगठन पाठ्यक्रम विकास कार्य को प्रभावित करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में तो पाठ्यक्रम विकास का अधिकांश कार्य वहाँ का प्रभावशाली एवं संपन्न शैक्षिक संगठन 'नेशनल एजूकेशन एसोसिएशन' अपने पाठ्यक्रम विभाग के माध्यम से कर रहा है। इस प्रकार संगठित शक्ति के रूप में शिक्षक वर्ग पाठ्यक्रम विकास में एक समूह के रूप में कार्य करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Empowering Women Economically Through Traditional Crafts

Dr. Sabra Qureshi*

Introduction - Traditional embroidery has always been a form of self-expression for women. It mirrors their lives; reflects their hidden desires and aspirations and expresses the cultural traditions and religious beliefs of the society to which they belong. Embroidery, the art of working raised design in threads of silk, cotton, gold or silver upon the surface of woven cloth with the help of a needle, has been known in India from very early times.

India had attracted migrations from pre historic times and people came with their customs and traditions, which were absorbed and formed the rich cultural traditions of the country. The starkness of the desert, the arid, colorless landscape is balanced by the brilliant range of colors found in the textile of Rajasthan. By way of relief to the monotony of dull tones visible in the landscapes the people of the region have a deep seated need for color, which vented in the vibrancy of their clothes, animal trapping and house decoration. The color and vibrancy of Rajasthan extends into its embroidery as well. A wealth of stitchery, motif and design is spread across the state, each region and community practicing its own style.

Present women embroider their own garments, those of their children and family members as also clothes for the household cattle - the camel, the bullock and the horse which are often decorated with beautifully embroidered cloths.

Objectives -

1. Planning, research, study and identification of regions for visits.
2. Travel to identify villages, towns and cities. Study the techniques of embroidery currently in practice and bring back samples as well as photographs.
3. Documentation of existing traditional embroideries.
4. To assist communities in achieving economic self-sufficiency, through facilitating innovation within tradition to transform traditional art into contemporary products.
5. To organize exhibitions and to develop sale outlets for the work of art.

Methodology - The detailed information about embroidery of Western Rajasthan in respect to the technique, base colour, design, pattern, colour combination was obtained through survey and relevant data's were collected with personal interaction with craft women of Western Rajasthan at work places, homes and villages. Further information about marketing techniques, self help groups, and government and non government assistance was obtained.

Locale of the Study - The study was conducted in the districts of Western Rajasthan i.e. Jaisalmer, Jodhpur, Barmer, Bikaner, and Pail. The total comprised of 650 women of Western Rajasthan.

Sample and its Selection - Sample was randomly selected from Western Rajasthan 650 (women) and 50-factory owner were interviewed. Interview cum questionnaire method was selected for collecting the data because a large number of respondents were illiterate.

Result And Discussion - In the view of the objectives of the study the findings of the study have been presented in this paper in the form of data interpretation of results and their discussion. Evaluation and probing into the cultural depth is very difficult. As an essential part of the survey personal interviews were conducted to identify the various aspects of Traditional Embroideries and its present status in Western Rajasthan. Rajasthan is a large state; the population is very sparse in rural area. These areas were the main targets for the survey. Role of women, and determining the ways to use embroidery as a tool for their economic empowerment were studied.

Table- I (See in the last page)

Table- C (See in the last page)

Shows the income generated through embroidery. 42.8 % of women earn between 500 – 1000 rupees, 40 % of women earn between1001 – 1500 rupees, 13 % earn between 1501 – 2000 rupees and only 4.2% of women earn more than 2000 rupees per month.

Table – 2 (See in the last page)

Embroidery of Jodhpur District

*Asst. Professor, Maulana Azad University, Jodhpur (Raj.) INDIA

Jodhpur: - In this district sindhi embroidery, gota work, zardoji, chain stitch, kanthas, bead work is done extensively. All colours of thread are used. Pearls, big and small pebbles, coins, tiny bells etc are used to enhance the beauty of embroidery. Birds, animals, flowers, leaves & round etc are common designs.

Embroidered samples of Jodhpur District

Embroidery of Barmer District: Barmer: - In this district heavy embroidery is done and work includes, kantha, mirror work, chain stitch, bharat, buta, sindhi, mukka, kharak, patch work, appliqué work etc. These works are exported throughout the world. Usually threads of dark red, yellow, green and blue colours are used.

Embroidered samples of Barmer District

Embroidery of Jaisalmer District Jaisalmer **-** The women folk of sindhi community indulge in embroidery work they use chain button hole, kantha and patch work. Usually dark coloured thread is used.

Embroidered samples of Jaisalmer District

Pieces of cloth are cut and glued to the base fabric, and then it is hand embroidered with bright coloured threads

Table – 2 (See in the last page)

- The colour and vibrancy of Western Rajasthan extends into its embroidery as well.
- Peasant women embroider their family's garments as well as the cloths of the household cattle camel, bullock

and horse are often decorated with beautifully embroidered cloths.

- 77% women add their earnings into their family income and spend it on household expenses, 11% spend the money on their children and only 12% save it for future use.
- The women work force is unorganized therefore they are given low wages and rarely get incentives or bonus.

Reason For Doing The Embroidery - In the erstwhile princely desert states of western Rajasthan, embroidery workshops were developed to serve the nobility. Table No. 2 indicates that almost 94.4% of the women take up embroidery to earn money

Table - 3 (See in the last page)

Hand embroidery is a time consuming art. Increased demand of this handiwork affects the quality. In spite of this very few women have had the opportunity to exhibit their handiwork.

Job Satisfaction -

- Today, Indian embroidery has been well taken into international haute couture. Consequently, various traditional embroideries have found a foothold in fashion houses.
- Table No. 3 indicates the marketing and demand for traditional embroidery of Western Rajasthan. At an average 84% women in all the areas now do embroidery on demand but the income satisfaction is very low ranging from 8% to 24%.
- Most of the women are dissatisfied with the wages they are paid for embroidery work

Table – 4 (See in the last page)

Table No. 4 indicates that embroidery work takes a toll on the health of the women. Over a period of time women's eyesight is affected and constant use of needle causes wounds on the fingers. Over 90% women are not provided medical aid by the workshop owners.

Table - 5 (See in the last page)

Western Rajasthan and especially Barmer and Jaisalmer districts, have outstandingly beautiful embroidery with a multitude of stitches combined with mirror-work. Contrasting colours create a dramatic effect.

According to Table No.5 the women have reported that there is an increasing demand for hand embroidery and the customers demand both small as well as large articles. Bedspreads, table covers, stoles, cushion covers, bags, wall hangings and dress material are in demand.

Table - 6 (See in the last page)

Table No. 6 indicates that the Government help and intervention is almost negligible for the women workers and they need loans and subsidies to venture out on their own rather than doing job work. SHG's are active in Barmer where as in Jaisalmer, Pali, Bikaner and Jodhpur less number of SHG's are functional.

Conclusion:-

- The craft or handicraft sector is the largest decentralised and unorganised sector of the Indian economy, and is among India's largest foreign exchange earners.
- Craftspeople form the second largest employment sector in India, second only to agriculture.
- Dastkar (1995) believes that 'Income generation programmes reviving crafts and providing livelihood, are by themselves, not synonyms for development. But, used skilfully, they could be the entry point for many other aspects of the development process.
- They can become the key and catalyst to development's many other aspects: independence, education, health, community building, women's emancipation and the discarding of social prejudices - in short, the revitalization, both economic and social, of splintered and marginalized rural and urban communities
- The traditional craft skill, however beautiful, needs sensitive adaptation, proper quality control, correct sizing and accurate costing, if it is going to win and keep its place in the market place. Helping women redesign their products is one part of helping them redesign their lives.

References :-

1. Ali Abbasi Saiyed Mehar(1997) ,"Art of Marwar" Delhi.
2. Bhandari Vandana(2004),"Costume, Textiles and Jewellery" Delhi.
3. Brijbhushan Jamila (1996),"Indian Embroidery" Hyderabad.
4. Crill Rosemarry(1998),"Handicraft of India" Singapore
5. Dhamija Jasleen, (2004),"Embroidery: An Expression of women's creativity" Bombay.
6. Hudson James (1989),"Traditional Embroidery of India "Delhi.
7. Jain Kalpana (2004),"Women Empowerment through SHG's" Calcutta.
8. Kokyo Hatanaka(1993),"Traditional Embroideries of Rajasthan" London.
9. Pamela Claburn (2000), " The Needle Worker" New York.
10. Rankawat (2006),"Development of Rural Women" Bombay.
11. www.dastkar .com

Table- I
Surveyed Areas

Districts	No. of sample	Surrounding towns
Jodhpur	150	Dangiawas, Birsalpur, Salawas, Mandore, Jodhpur city, Banar, Jhalamand.
Bikaner	125	Nokha, Kolayat, Kakku, Panchu, Gajner, Ganglu
Barmer	150	Chouhtan, Gadra road, Ramser, Kenchuli
Pali	100	Madri, Jhakurla, Rohit.
Jaisalmer	125	Khudi, Mulana, Bajju, Pugal
Total	**650**	

Table- C
Socio – Economic Status of Women

District	(c) Income per month			
	500-1000	**1001-1500**	**1501-2000**	**Above 2000**
Jodhpur	32%	44%	16.8%	7.2%
Bikaner	32%	53.3%	10.66%	4%
Barmer	58.8%	36.6%	3.6%	1.8%
Pali	36%	42%	22%	-
Jaisalmer	55.6%	24.3%	12.17%	7.8%
Average	**42.8**	**40.0**	**13.0**	**4.2**

Table – 2
Types of Embroidery

District	Used Stitches	Color of threads	Design	Community
Jodhpur	Sindhi, Chain, filling, running, Mirror work, Zardoji, Bead work, Gota work, Satin stitch.	All types of colours light & dark	Flowers, Animals, Rounds, Line	Mochi, Bishnoi, Jat, Rajput, Meghwal.
Bikaner	Chain, Gota, Stem Stitch	Gold & Silver	Leaves, Flowers, Peacock	Sharma, Rajput, Meghwal
Barmer	Running, Mirror work, Bead, Sindhi, Applique, Karak, Suf, Khambhiri	Green, yellow, Blue, Dark Pink, Red, Black etc. Dark Colours	Geometrical Patterns, Flowers, Animal Birds etc.	Sindhi Muslim, Meghwal, Suthar
Pali	Chain stitch, Cross, Satin	Bright Green, Red, Yellow, Gold, Orange, Purple, Blue, White, Silver	Rasmandala, Krishna leela, Shrinath ji	Jain, Brahmins Sevak
Jaisalmer	Chain, button hole, Kantha	Indigo Blue, White, Red, Yellow, Dark Colours.	Squares, Chaklas, animal figure.	Suthar, Rajput, Sindhi, Muslim

Table – 2
Embroidery – Providing Economic Empowerment

Districts	Reason for doing Embroidery			Earned Money Spent			Bonus Received	
	Passing Time	Earning	Any Other	House	Saving	Children	Yes	No
Jodhpur	19.2	80.8	-	72	8	20	10.4	89.6
Bikaner	4	96	-	93.3	4	2.6	4	96
Barmer	-	100	-	81.8	10.9	7.2	-	100
Pali -	100	-	84	12.4	4	-	100	
Jaisalmer	5.6	94.7	-	73.04	18.26	8.6	-	100

Table – 3
Marketing of Embroidered Goods

Districts	Production of Embroidered Articles on Demand %		Income Satisfaction %		Bonus Received %	
	Yes	No	Yes	No	Yes	No
Jodhpur	79.2	20.8	12	88	16	84
Bikaner	80	20	4	96	-	100
Barmer	100	-	18.1	81.9	10	90
Pali	60	40	12	88	16	84
Jaisalmer	91.3	8.6	22.6	77.4	18	82

Table – 4
Effect on Health

Districts	Strain on eyes %		Finger Infection %		Medical Aid Received %	
	Yes	No	Yes	No	Yes	No
Jodhpur	80	12	89.6	11.4	2.4	97.6
Bikaner	80	20	93.3	6.6	6.6	93.3
Barmer	81.8	18.1	85.4	14.5	12.7	87.2
Pali	76	24	84	16	10	90
Jaisalmer	80.8	19.1	73.9	26.8	12.1	87.8
Average	**81.3**	**18.7**	**85.2**	**14.8**	**8.7**	**91.3**

Table - 5
Demand of Embroidery

Districts	Increase in Demand %		Articles in Demand %		
	Yes	No	Small	Big	Both
Jodhpur	98.4	1.6	56	20	24
Bikaner	94.6	5.3	12	62.6	25.3
Barmer	94.5	5.4	3.6	9.09	87.2
Pali	84	16	20	52	28
Jaisalmer	92.2	7.8	24.3	34.7	48.8

Table – 6
Assistance and Role of NGO / SHG

Districts	Govt. Aid Required			Support from Govt.		Faith in SHG/NGO		SHG / NGO functional in Area	
	Loan	Subsidy	Other	Yes	No	Yes	No	Yes	No
Jodhpur	64	36	-	16	84	48	52	56	44
Bikaner	93.3	6.6	-	4	96	32	28	40	60
Barmer	20	80	-	7.2	92.7	72.7	27.7	78.1	21.8
Pali	60	40	-	12	88	64	36	60	40
Jaisalmer	52.1	47.8	-	10.4	89.5	58.2	41.7	40	60
Average	**57**	**43**	**-**	**14**	**86**	**61**	**39**	**61**	**39**

****

भारतीय आधुनिक चित्रकला का इतिहास व विकास (शारीरिक भाषा के विशेष संदर्भ में)

डॉ. सचिन सैनी *

प्रस्तावना – विख्यात चित्रकार सेजां ने कहा है –'आत्माओं को पेंट नहीं किया जाता, पेंट देहों को किया जाता है और जब पेन्टिंग में देह पूरी तरह से रूपांतरित हो जाती है, तब देह के हर अंग की आत्मा, अगर ऐसी कोई चीज है, चमचमाने लगती है।म सेजां का यह कथन चित्रकला के रूपाकार और सशरीरी होने की ओर संकेत करता है। अमूर्त को मूर्त करने का विधान प्रत्येक कला का मूल रहा है। चित्रकला में मूर्तता या सशरीरी होना कितना आवश्यक है इस पर विद्वानों में पर्याप्त मतभेद हो सकता है, परन्तु चित्रकला में किसी न किसी रूप में शारीरिक भाषा की उपस्थिति अवश्य रही है। कभी वह पर्याप्त रूप से मुखर रही तो कभी कमोबेश। भारतीय आधुनिक चित्रकला में शारीरिक भाषा के प्रयोग का अध्न करने के प्रस्थानबिन्दु के रूप में भारतीय चित्रकला के इतिहास और विकास पर एक विहंगम दृष्टिपात अपरिहार्य है। भारतीय चित्रकला अपने स्वस्फूर्त रूप में मानव के आदिम संस्कारों की सहचरी के रूप में उद्‌भूत (उत्पन्न हुआ) होकर विकास को प्राप्त होती है।

भीम बैठका का भित्ति चित्र

इस सम्बन्ध में विशेषज्ञों ने प्रकारांतर से अपने मत व्यक्त किये हैं– 'चित्रकला का इतिहास उतना ही पुराना कहा जा सकता है जितना मानव का इतिहास। मानव ने जिस समय प्रकृति की गोद में नेत्रोन्मीलन किया, उस समय से ही उसने निर्माण के तारतम्य से अपने जीवन को सुखी तथा समृद्ध बनाने की चेष्टा की और इस निर्माण कार्य के फलस्वरूप उसने ऐसी कृतियों का सृजन किया जो उसके जीवन को सुखद और सुचारू बना सकें। इसी समय से मनुष्य की ललित भावना भी जाग उठी और उसने अपनी मूक भावनाओं को अनगढ पत्थरों के यंत्रों तथा तूलिका से बनी टेढ़ी–मेढ़ी रेखाकृतियों के रूप में गुहाओं (गुफाओं) और चट्टानों की भित्तियों पर अंकित कर दिया।'[2]

इस सम्बन्ध में डॉ. आर. ए. अग्रवाल लिखते हैं कि–'कला संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अवयव है, जो मानव–मन को परिष्कृत एवं अलंकृत करता है। भारतीय दर्शन, साहित्य तथा धार्मिक मान्यताओं आदि की अभिव्यक्ति कला में विशेषतया चाक्षुष कला में देखी व अनुभव की जा सकती है।'[3]

चित्रकला के इतिहास एवं विकास के संदर्भ मे किसी देशकाल की संस्कृति महत्वपूर्ण भूमिका रखती है जिसके बारे में कहा गया है कि– 'किसी भी देश की संस्कृति उसकी अपनी आत्मा होती है, जो उसकी सम्पूर्ण मानसिक–निधि को सूचित करती है।......देश की काया संस्कृति के आत्मिक बल पर ही जीवित रह पाती है'[4]

चित्रकला में मानव और मानवेतर आकृतियों की शारीरिक भाषा के प्रयोग की दृष्टि से यूरोप और भारतीय पद्धति पर दृष्टिपात करते हुए डॉ. जगदीश गुप्त लिखते हैं कि–'योरोप में मानव–चित्रण का स्थान काल–क्रम, परिमाण और कलात्मक वैभव सभी दृष्टियों से पशु–चित्रण के बाद आता है। योरोपीय प्रागैतिहासिक कला के विशेषज्ञ बर्किट महोदय का निष्कर्ष है कि वहाँ के शिला–चित्रों में मानवाकृतियों का सापेक्षिक अभाव भी एक उल्लेखनीय तथ्य है तथा जहाँ मानव–अंकन हुआ भी है वहां मनुष्य को बहुत ही बुरी तरह से रूपायित किया गया है।[5] जबकि भारतीय प्रागैतिहासिक चित्रों के संदर्भ में देखें तो हम पते हैं कि मानव और मानवेतर आकृतियों के चित्रांकन में जिस दृष्टि का उपयोग है वह यूरोपीय दृष्टिकोंण से भिन्न है। इस सम्बन्ध में विशेषज्ञ मत उल्लेखनीय है कि – 'भारतीय प्रागैतिहासिक चित्रों में पशु–चित्रण और मानव–चित्रण के बीच भी ऐसा कोई विभेद या विसंगति दृष्टिगत नहीं होती। प्राय: जिन शैलियों में जितनी कुशलता और शक्ति के साथ पशुओं को अंकित किया गया है उनमें लगभग उसी प्रकार मनुष्य को भी चित्रित किया गया है। इस बात को सामान्यत: पंचमढ़ी, रायगढ़, मिर्जापुर तथा चम्बलघाटी और होशंगाबाद इत्यादि सभी क्षेत्रों के उल्लेख करते हुए प्रमाणित किया जा सकता है क्योंकि इनमें से किसी भी क्षेत्र में केवल पशु–चित्रण ही हुआ हो, ऐसा सिद्ध नहीं होता। कुछ अपवाद भी मिलते हैं जैसे होशंगाबाद के शिलाश्रय नं. 10 पर नव लक्षित महाकाय महिष जिसके समानान्तर उसी प्रकार की दोहरी बाह्य–रेखाओं से अंकित उतने ही विशाल आकार की कोई मानवाकृति निर्दिष्ट नहीं की जा सकती।[6] –

भीम बैठका का भित्ति चित्र

* कला शिक्षक, केंद्रीय विद्यालय, मुरैना (म.प्र.) भारत

प्रागैतिहासिक काल की चित्रकला में अभिव्यक्त भाव-भंगिमाओं और विषयवस्तु को आकृतिओं के माध्यम से प्रकटीकरण करने के लिए प्रयुक्त किये जाने वाले विशिष्ट भाषा-संकेतों को ध्यान में रखते हुए अध्ययन करने से सामने आता है कि - 'पाषाण-युग के मनुष्यों ने अपने चारों और के वातावरण की स्मृति को बनाये रखने के लिए तथा अपने विजय का इतिहास व्यक्त करने की भावना के वशीभूत होकर इन चित्राकृतियों का निर्माण किया। गुफावासी मानव ने अपनी अमूर्त भावना को मूर्त रूप प्रदान करने की प्रवृत्ति के कारण जिसमें जादू-टोना टोटका आदि भी आ जाते हैं, अधिकांश चित्रों की रचना की, मूलतः यही मनोवृत्तियां सम्पूर्ण मानवजाति की उन्नति की प्रेरक हैं।'[7]

इस युग की कला के विषय में डॉ. आर. ए. अग्रवाल का मत है कि शारीरिक भाव-भंगिमा की दृष्टि से रेखाओं और रंग की प्रभावशाली भूमिका है। वे लिखते हैं कि-'लहरदार रेखाओं से शारीरिक गठन का बोध कराने का प्रयास किया है। यहाँ लाल-पीले रंगों की अधिकता है। दूसरे स्तर में हाथ-पैरों वाली बेडौल ओजपूर्ण आकृतियों का निर्माण किया गया है। इनमें उनका अहेरिया रूप ही अभिव्यंजित होता है।'[8] डॉ. जगदीश गुप्त मानते हैं कि- 'पशुओं की खाल ओढ़कर छझवेश धारण किये अथवा प्रकृत वेश में मानवाकृतियों को नितान्त आरम्भिक युग से शिलांकित किये जाने की परम्परा न्यूनाधिक रूप में प्रायः अखण्ड नीति से प्रचलित रही है।'[9] वे यह भी लिखते हैं कि- 'इस युग में अधिकतर मानवाकृतियाँ पूरक शैली की हैं। जिनमें सिंघनपुर के कपि-मानव ..... की स्थिति विशिष्टतम कही जा सकती है। कुछ चौड़ी रेखाओं में रची गयी हैं तथा कुछ में शरीर प्रायः यष्टिवत् (आकारगत) पतला बनाया गया है। कुछ का आकार डमरू जैसा द्वि-त्रिकोणात्मक है। आयताकार एवं रेखालंकृत देह वाली मानवाकृतियाँ प्रचुर मात्रा में मिलती हैं।'[10]

पचमढ़ी भित्ति - चित्र, मध्यप्रदेश

श्री गुप्त इस काल की आकृतियों को समझने की विभिन्न दृष्टियों का तर्कसहित खण्डन भी करते हैं तथा मौलिकता के साथ इन मानवाकृतियों की रूप-विधि पर प्रकाश डालते हुए लिखते हैं- 'इसी प्रकार गॉर्डन ने सिंघनुपर और कबरापहाड़ की आयताकार पूरक शैली की आकृतियों से उनका परम्परागत सम्बन्ध जोड़कर मात्र ज्यामितिक रूप-सादृश्य के आधार पर ऐसी सभी मानवाकृतियों को सम-सामयिक मानने का दुराग्रह किया है। ....मानवाकृतियों की रूप-विधि कलात्मक दृष्टि से ही नहीं, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्तवपूर्ण है। आँख, नाक आदि वे वस्तुएँ जो शरीर की बाह्य रेखा के भीतर आती हैं अपवाद रूप में ही प्रदर्शित की गयी हैं। कुछ विद्वानों की यह धारणा है कि मनुष्य ने अपने अस्तित्व को सर्वप्रथम अपनी उस छाया के रूप में देखा होगा जो प्रकाशित वातावरण में निरन्तर शरीर के साथ रहती है और तदनुरूप अपने को चित्रित करने की प्रेरणा उसे इस सहज अनुभव से ही मिली होगी। यह सत्य है कि शिलाचित्रों में अंकित अधिकांश मानवाकृतियाँ छायाभास हैं यथापि उक्त धारणा एक संभावित अनुमान मात्र ही कही जा सकती हैं। कुछ आकृतियाँ ऐसी भी मिलती हैं जिनमें शिरोभाग(उपरी भाग) तथा कहीं-कहीं अन्य अवयव भी केन्द्रीय देह भाग से पृथक् चित्रित किये गये हैं। ......उनका पारस्परिक संयोजन कल्पना द्वारा ही घटित होता है जिससे रूपांकन की छायापरक व्याख्या अंशतः खंडित और मर्यादित हो जाती है।'[11]

जो क्रियाएँ इन चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त की जानी है उनके अनुरूप भाव-भंगिमाओं का चयन और प्रभावशाली अंग-विन्यास प्राप्त होता है। इस विषय में डॉ. जगदीश गुप्त लिखते हैं - 'छायाभास रूपों में भी कल्पनात्मक वैविध्य का इतना प्रसार मिलता है कि अन्ततः छायात्मक चित्रण को भी कल्पना का एक स्वाभाविक प्रकार मानना अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है। कदाचित् इसीलिए छायात्मक होने पर भी तथा मुख की भीतरी रेखाओं और नेत्रादि की स्थिति निर्दिष्टि किए बिना ही विविध भाव-भंगिमाओं और क्रियाओं के अनुरूप सशक्त और व्यंजक अंग-विन्यास सम्भव हो सका।'[12]

पद् मपाणि बोद्धिसत्व, गुफा 1, अजंता

चित्रकला में जब शारीरिक-भाषा की प्रेरणा शरीर तथा भाषा के मध्य स्थापित सेतु को समझने की ओर इशारा करती है तो यह सेतु जिसकी कॉन्क्रीट (सामग्री) रेखा, रंग, रूप आदि जो कि भाव तथा भंगिमाओं को प्रदर्शित करती है वह कलाकृति तथा कलाकार के आपसी सम्बन्ध को दर्शाती है। इस सम्बन्ध की दक्षता का श्रेय अगर चित्रकार द्वारा खींची गई रेखाओं को ही दिया जाये तो अधिक महत्वपूर्ण होगा क्योंकि किसी भी कलाकृति की पहचान उसकी रेखाओं पर निर्भर करती है, इसी संदर्भ में श्री आर. ए. अग्रवाल का मत है कि -'प्रागैतिहासिक काल का कलाकार जादूगर था, जिसकी रेखाओं में जादुई भावनाओं का आनन्द और मन्त्रमुग्ध कर देने के समस्त गुण थे। रेखाओं में गति व शक्ति का सम्पुंजन ऐसा है कि मानों शिलाश्रयों में बैठा कोई आधुनिक कलाकार किसी जनजाति के आखेटीय-जीवन का काजल व गेरू से रेखाकंन कर रहा हो। आकृति के रेखीय प्रभाव को उतारने में आदिम कलाकार ने अविश्वसनीय दक्षता प्रदर्शित की है।'[13]

इस विषय में विद्वानों ने यह भी माना है कि - 'इन चित्रों में मानव ने

अपने भावों को सरलतम रूपों तथा ज्यामितीय आकारों में संजोया है। यह कृतियाँ आदिम मानव की बालसुलभ प्रकृति की उत्तम झांकी हैं। इन चित्रों में प्रागैतिहासिक युग के मनुष्य का सम्पूर्ण इतिहास सिंचित है।'[14] जो कि, भारत ही नहीं वरन् सम्पूर्ण विश्व में परिलक्षित होता है। जिसका परिचय हमें इस शोध से प्राप्त होता है – 'स्पेन की अल्तामिरा, फ्रांस की लासौक्स उत्तारी अफ्रीका की सहारा, एटलस पर्वत, अहग्गर पर्वतमाला आदि में तथा लीबिया की रेगिस्तानी पहाड़ी में तथा आस्ट्रेलिया के गुहा–चित्रों में भारत के समान ही अंकन मिलता है। अत: आदिम कला देशकला की भौगौलिक सीमाओं से मुक्त एक व्यापक शैली के रूप में विकसित हुई'[15]

प्रागैतिहासिक काल के नव–प्रस्तर युगीन पंचमढ़ी नाम स्थल के भित्तिचित्रों की विशेषता मानी गई है कि इन चित्रों में विभिन्न स्तरों पर आकृतियों का निर्माण करने हेतु जिन तरीकों का इस्तेमाल किया गया है उनमें शारीरिक गठन को दर्शाने के लिए लहरदार रेखाओं को प्रभावशाली माध्यम के रूप में अपनाया गया है। इस सम्बन्ध में विशेषज्ञ अभिमत है कि – 'यहाँ चित्रों के कई स्तर प्राप्त हुए हैं। पहले स्तर में तख्तीनुमा व डमरूनुमा आकृतियों को बनाया गया है। लहरदार रेखाओं से शरीरिक गठन का बोध कराने का प्रयास किया है। यहाँ लाल–पीले रंगों की अधिकता है। दूसरे स्तर में हाथ–पैरों वाली बेडौल ओजपूर्ण आकृतियों का निर्माण किया गया है। इनमें उनका अहेरिया (शिकारी) रूप ही अभिव्यंजित होता है।'[16] इस युग से लेकर पूर्व बौद्धकाल तक का विश्लेषण करें तो स्पष्ट होता है कि इस अवधि में चित्रकला का उपजीव्य सीधा और पर्याप्त प्राप्त नहीं होता। 'प्रागैतिहासिक काल के समाप्त होते ही धातु युग के साथ वैदिक काल का उदय होता है। दक्षिणी भारत में पाषाण काल के पश्चात लौह–युग ही आरंभ हुआ। परन्तु उत्तरी भारत में ताम्र और सिंध में कांस्य के पश्चात ही सम्पूर्ण भारत में लौह–युग आया।'[17]

सारांश के रूप में हम पाते हैं कि आधुनिक काल की जिस चित्रकला में हम शारीरिक भाषा, भाव–भंगिमा के विश्लेषण का विवेच्य लक्ष्य रखते हैं उसकी पूर्वपीठिका के कालक्रम में से शारीरिक भाषा विविध तरीकों से चित्रांकन में उपस्थित रही है। चित्रकला अपने आदिम रूप से ही समाज, संस्कृति, मनोभाव, संदेशप्रियता, प्रकृति और प्राणि व अप्राणितत्वों को देखने और समझने के चित्रकार के दृष्टिकोण की परिचायक रही है। गुहाओं के भित्तिचित्रों में यह शारीरिक भाषा अपने आरंभिक लेकिन चमत्कृत कर देने वाले रूपों के साथ विद्यमान है। गुहावासी मानव स्वयं की अनुभूतियों को इन चित्रांकनों में अभिव्यक्त हाव–भावों के माध्यम से प्रकट करने चेष्टा करता रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जोशी, डॉ. ज्योतिष, जनता की कला के मायने, सं. समकालीन कला (ललित कला अकादेमी) 44–45 (दि.न.), पृष्ठ–6,
2. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर व अन्य, भारतीय चित्रकला का इतिहास, पृष्ठ–8, 11वां संस्करण, बरेली, प्रकाश बुक डिपो, वर्ष–2006
3. अग्रवाल,आर.ए.,कला विलास–भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ–2,मेरठ, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1984.
4. अग्रवाल,आर.ए.,कला विलास–भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ–1, मेरठ, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1984.
5. गुप्त, डॉ. जगदीश, प्रागैतिहासिक भारतीय चित्रकला, पृष्ठ–227, दिल्ली :7, नेश्नल पब्लिशिंग हाऊस,(वर्ष–दि.न.),
6. वही, पृष्ठ–227–228
7. वही, पृष्ठ–17
8. अग्रवाल, आर. ए.,कला विलास भारतीय,चित्रकला का विकास, पृष्ठ–8, मेरठ, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस,1984.
9. गुप्त, डॉ. जगदीश, प्रागैतिहासिक भारतीय चित्रकला, पृष्ठ–228, दिल्ली :7, नेश्नल पब्लिशिंग हाऊस,(वर्ष–दि.न.),
10. वही,
11. वही,
12. गुप्त, डॉ. जगदीश, प्रागैतिहासिक भारतीय चित्रकला, पृष्ठ–229, दिल्ली :7, नेश्नल पब्लिशिंग हाऊस,(वर्ष–दि.न.),
13. अग्रवाल, आर. ए., कला विलास, पृष्ठ–14, मेरठ, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1984.
14. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर व अन्य, भारतीय चित्रकला का इतिहास, पृष्ठ–18, 11वां संस्करण, बरेली, प्रकाश बुक डिपो, वर्ष–2006
15. अग्रवाल, आर. ए., कला विलास–भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ–13, मेरठ उ. प्र. : इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1984.
16. वही, पृष्ठ–8
17. वही, पृष्ठ–19.

****

देवात्मा का प्रकृति-दर्शन

डॉ. आशा चौधरी *

प्रस्तावना – 1850 में कानपुर के पास के एक गांव में जन्में शिवनारायण अग्निहोत्री जो कि आगे चलकर अपने सद्गुणों के कारण देवात्मा नाम से प्रसिद्ध हुए, आप रूड़की के थामसन इंजीनियरिंग कॉलेज से अपनी शिक्षा पूरी करके लाहौर में एक शासकीय स्कूल में नियुक्त हुए। कुछ समय बाद आप ब्रह्मसमाज के सदस्य बने। आगे चल कर आपने देवसमाज नामक एक आस्तिक विचारधारा वाली संस्था स्थापित की किंतु कुछ समय बाद इसका विकास एक निरीश्वरवादी संस्था के रूप में हुआ। यही देवात्मा एक वे समकालीन भारतीय दार्शनिक हैं जिनके विचारों में विशुद्ध प्रकृतिवादी चिंतन अपने उत्कृष्ट रूप में मौजूद है।

उन्होंने व्रत लिया था कि वे सत्यम्, शिवम् तथा सुंदरम् के लिये समर्पित रहेंगे व विश्व कल्याण के लिये ही अपना जीवन व्यतीत करेंगे। उनका नीतिशास्त्रीय मत भी उनके प्रकृतिवाद पर ही आधारित है।

प्रकृतिवादी तत्वमीमांसा – वैज्ञानिक मानवतावादियों की ही तरह देवात्मा भी अपनी तत्व-मीमांसा में प्रकृतिवादी है। उन्होंने प्रकृति को पूर्णरूप से जीवित तथा पदार्थ (Matter) तथा शक्ति (Energy) के निरंतर परिवर्तनशील स्वरूप में मान्य किया है। प्रकृति उनके मतानुसार एक सर्वथा स्वायत्ता चरित्र रखती है जिसके स्पष्टीकरण के लिये किसी सूक्ष्म, अभौतिक अथवा अतिव्याप्तता पर निर्भर करने की कोई आवश्यकता नहीं। प्रकृति केवल सत्य है। वे प्रकृति की परिभाषा में कहते है कि 'नेचर या प्रकृति सब छोटे और बड़े, जीवित और अजीवित अस्तित्वों के जोड़ का ही नाम है।'[1] स्वयं यह काई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है। वस्तुओं का जोड़ स्वयं में कोई वस्तु नहीं होता। ऐसा ही प्रकृति के विषय में है।

उनके अनुसार प्रकृति या नेचर की तुलना सेना या विश्वविद्यालय शब्द से की जा सकती है। यदि कोई किसी विश्वविद्यालय को देखना चाहे तो उसे विश्वविद्यालय के भवन के भिन्न-भिन्न कमरे, सभागार, ग्रंथालय, ऑफिस, बरामदे आदि दिखाए जा सकते हैं। तब प्रश्न हो कि यह तो विश्वविद्यालय के ग्रंथालय, कक्षाएँ, ऑफिस वगैरह हुए, स्वयं विश्वविद्यालय कहाँ है ? वह तो दिखाई ही नहीं दिया ! इसका उत्तर है कि 'विश्वविद्यालय का न तो अलग से कोई अस्तित्व है और न ही इसका कोई सर्वव्याप्त अस्तित्व है जो इन सब भवनों में समाया हुआ हो। वह केवल इन सब भवनों और इनमें होने वाले *कार्य के जोड़* का नाम है। जोड़ का कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं होता।'[2] इस प्रकार, इस तुलना से देवात्मा दर्शन में प्रकृति को समझाने का प्रयास किया गया है।

यदि पूछा जाए कि प्रकृति क्या है ? तब सूर्य, चंद्र, पृथ्वी, पशु व मानवों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट किया जाएगा। बहुरंगी फूल, फल, पौधे तथा चिड़िया, पशु व मानवों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट किया जायेगा। फिर भी प्रश्न होगा कि ये सब तो ठीक है मगर स्वयं प्रकृति कहाँ है ? तो इस प्रश्न का उत्तार विश्वविद्यालय वाले प्रश्न के उत्तार के रूप में ही होगा। देवात्मा ने माना है कि नेचर या प्रकृति न तो किसी व्यक्तिगत अस्तित्व का नाम है, और न ही उसका सर्वव्याप्त अस्तित्व है। नेचर तो केवल छोटे-बड़े *अस्तित्वों के जोड* का नाम है जिनकी खोज वैज्ञानिक पद्धति से की जा सकती है। ईश्वर तथा प्रकृति में फर्क उपरोक्त धारणा से स्वयं ही स्पष्ट हो जाता है।

प्रकृति परिवर्तनमय है – देवात्मा मानते है कि नेचर के समस्त अस्तित्वों में भौतिक-द्रव्य ऊर्जा या जड़ शक्ति-संपन्नता व्याप्त है। इसमें प्रत्येक अस्तित्व में प्रशिक्षण एक परिवर्तन सतत् रूप से घटित होता रहता है। मानव का शरीर तथा आत्मा भी सतत् परिवर्तनशील है। अत: उनका मत है कि नेचर प्रतिक्षण परिवर्तनशील है। नेचर के समस्त अस्तित्वों को वे नियम बद्ध मानते हैं। इनमें से कोई भी नियम को तोड़ नहीं सकता। प्रकृति में उन्होंने अजीवित ही अजीवित शक्तियां मानी हैं। उनकी धारणा है कि इस प्रकृति में इन अजीवित शक्तियों की तुलना में जीवित शक्तियां नाम मात्र है। वे मानते हैं कि प्रकृति में ऐसे अस्तित्व पाए जाते हैं जिनके पृथक-पृथक अस्तित्व होते हुए वे अपनी सीमित शक्ति रखते हैं। प्रत्येक अस्तित्व का अपना पृथक, व्यक्तिगत अस्तित्व होता है किंतु ये सर्वशक्तिमान नहीं होते। इनमें एक दूसरे का विरोध भी परिलक्षित होता है। इस प्रकार ये एक-दूसरे का विरोध करके एक-दूसरे को सीमित करते हैं।

प्रकृति को वे जीवित तथा अजीवित शक्तियों का अनमेल कहते हैं। नेचर में न कोई सर्वज्ञ है न कोई सर्वज्ञानी। ऐसा कोई नहीं इसमें, जो मनुष्य से अधिक ज्ञान रखता हो तथा मनुष्य भी ऐसा कोई नहीं जिसे सर्वज्ञान की प्राप्ति हो चुकी हो। क्योंकि देवात्मा की धारणा है कि नेचर प्रतिक्षण परिवर्तनमय है। अत: ज्ञान में सर्वज्ञता आनी असंभव है। न ही कोई ऐसा है जो सर्वथा त्रुटिहीन हो। सर्वज्ञानी जो होगा उसका व्यवहार त्रुटिहीन ही हो सकता है। किंतु देवात्मा को सर्वज्ञ की धारणा नामंजूर है। अत: उनके अनुसार 'नेचर में ऐसा कोई अस्तित्व भी नहीं जो अपने व्यवहार में कहीं कोई गलती न करता हो। नेचर सर्वश्रेष्ठ नहीं है। यह अस्तित्वों का जोड़ है और यह अस्तित्व अच्छे और बुरे दोनों व्यवहार प्रदर्शित करते हैं।'[3]

समस्त नियम प्राकृतिक हैं– विज्ञान का आधार ले कर कहा जा सकता है कि विश्व में जो भी कुछ घटित होता है अर्थात इसमें जो घटनाएं हैं उनमें ऐसी कोई घटना नहीं जिसकी व्याख्या के लिये विश्व से परे, विश्व से बाहर कहीं जाना पड़े। विज्ञान इस प्रकार यह मानता है कि पृथ्वी की रचना ईश्वर ने नहीं की, न ही मानव की रचना ईश्वर ने की। मानव को पशु की एक जाति से विकसित हुआ माना जाता है। मानव की उत्पत्ति के समस्त कारण व आधार इस जगत में ही हैं, इससे परे कहीं नहीं। देवात्मा का मत है कि चाहे भौतिक हो या जैविक, सामाजिक हों या मनोवैज्ञानिक, नैतिक हों या आध्यात्मिक, समस्त घटनाएँ प्रकृति के द्वारा समझी-समझाई जा सकती हैं। उपरोक्त से

* विभागाध्यक्ष (दर्शनशास्त्र) शा. जे. योगानंदम महाविद्यालय, रायपुर (छ. ग.) भारत

संबंधित सभी नियम प्राकृतिक हैं। चाहे वे नैतिक, आध्यात्मिक नियम हों कि आत्मा, समाज या मानव के स्वास्थ्य के नियम हों, वे प्राकृतिक ही हैं। 'इन समस्त नियमों की खोज वैज्ञानिक विधि द्वारा ही संभव है, उससे परे नहीं। जैसे विज्ञान के स्वास्थ्य के नियम की खोज करता है उसी प्रकार वह आध्यात्मिक नियमों की भी खोज करता है।'[4]

प्रकृति ही तत्व है **–** वे शक्ति-विषयक तत्व ज्ञान की चर्चा करते हुए बतलाते हैं कि यह हमारा विश्व जड़ तथा शक्ति विशिष्ट है। ये दोनों पदार्थ (अर्थात् जड़ तथा शक्ति) अविनाशी हैं। जगत के जड़ पदार्थो के साथ शक्ति का अकाट्य संबंध है। शक्ति अपने द्वारा जड़ पदार्थों को परिवर्तित करती है और स्वयं भी नाना रूपों में परिवर्तित होती है। जगत् की प्रत्येक घटना इन्हीं दोनों परिवर्तनों से उत्पन्न होती है। अत: वे प्रकृति व प्रकृति की अंतरस्थ जड़ तथा शक्ति को ही तत्व रूप में मान्यता देते हैं। इन्हीं के द्वारा जगत् की, मानव की सृष्टि होती है।

वे बात करते हैं निर्जीव अंध शक्तियों की, तथा सजीव अर्थात् जीवनी शक्तियों की-'भार, ताप, प्रकाश व विद्युत आदि निर्जीव अंधशक्तियाँ कही गई हैं। तथा उद्‌भिद्, पशु व मनुष्य आकारी-गठनकारी शक्तियों को सजीव जीवन शक्तियाँ कहा गया है।'[5] सारा का सारा जगत्, इसके समस्त जड़-सजीव पदार्थ उपरोक्त दोनों शक्तियों की ही वास्तविकता हैं। ईश्वर, ब्रह्म आदि जैसे किसी तत्व की इस सबके दौरान कहीं कोई आवश्यकता नहीं- न तो इनकी रचना के लिये, न इसके पालन के लिये, और न ही इनके संहार ही के लिये !

देवात्मा का मत है कि ***प्रकृति ही मूल*** है। इस प्रकृति का प्रत्येक अस्तित्व शरीर-युक्त है। अत: अशरीरी अस्तित्व का अनुभव मात्र मति भ्रम ही ठहरता है।

उनके दर्शन में प्रकृति का उत्कृष्ट दर्शन मिलता है किंतु यह प्रकृतिवाद की तरह जड़वाद नहीं है। वे इसमें जीव-सजीव दोनों प्रकार के तत्वों को सम्मिलित बताते हैं। उनके अनुसार प्रकृति ही एकमात्र सत्य है। यह तत्व शक्ति से निर्मित हुए अपने समस्त शरीरी अस्तित्वों के साथ उत्पत्ति रहित तथा स्व-अस्तित्व वाली है। इसके परिवर्तन को वे यथार्थ मानते हुए मानते हैं कि विश्व का निर्माण इसी से होता है। उनके अनुसार प्रकृति ही वह तत्व है जिससे मानव तथा समस्त जगत बना है। इनके एक क्रमबद्ध विकास से ही इनका निर्माण होता है। इस प्रकार,

वे मानते हैं कि इस नेचर से भिन्न, इससे परे अथवा इसके बाहर कुछ भी और कोई सत्ता भी और कोई बात भी सत्य नहीं। देवात्मा ने, इस प्रकार *अतींद्रिय सत्ता को अमान्य* किया है। प्राचीन भौतिकवादियों तथा चार्वाक मत में भी प्राय: अतींद्रिय तत्व को मूल-तत्व नहीं माना गया। चेतना की उत्पत्ति भी भौतिक तत्वों के सम्मिश्रण से ही होती मानी गई है।

देवात्मा ने डार्विन के योग्यतम की उत्तरजीविता के सिद्धांत के स्थान पर श्रेष्ठतम की उत्तारजीविता के सिद्धांत को प्रस्तुत करते हुए माना है कि मनुष्य व जगत के किसी निर्माता व नियंता की सत्ता को स्वीकारने की कोई आवश्यकता नहीं है।

वास्तव में उनका मत प्रकृतिवादी, आशावादी, प्रगतिशील तथा पदार्थवादी माना गया है। वैज्ञानिक मानवतावादियों की तरह देवात्मा ने भी प्रकृतिवादी तत्व-मीमांसा प्रस्तुत की है। विज्ञान का आधार लेकर कहा जा सकता है कि विश्व में जो कुछ भी घटित होता है अर्थात् इसमें जो कुछ भी घटनाएँ घटती हैं वे विश्व से परे, विश्व से बाहर नहीं होती। अत: उनकी व्याख्या के लिए भी विश्व से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं। देवात्मा का मत है कि चाहे भौतिक हो या जैविक, सामाजिक हो याह मनोवैज्ञानिक, नैतिक हो गया आध्यात्मिक, सभी घटनाएँ प्रकृति के द्वारा समझी-समझायी जा सकती हैं। वे मानते हैं कि सभी नियम प्राकृतिक हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्निहोत्री, एस.न., मनुष्य आत्मा के संबंध में चार महातत्व, विषय प्रवेश, पृ. 01
2. कनल, एस.पी., निरीश्वरवाद एक अध्ययन, देवसमाज प्रकाशन, मोगा, पृ. 39
3. वही, पृ. 35
4. 82-अग्निहोत्री, एस.एन., देवशास्त्र, खंड-3, पृ. 162
5. अग्निहोत्री, एस.एन., मुझमें देवजीवन का विकास, देवसमाज प्रकाशन, पृ. 145

****

तुलसीदास का जीवन और समाज सम्बन्धी दृष्टिकोण

कामिनी देवी *

प्रस्तावना – तुलसीदास का जन्म संवत् 1554 में राजापुर ग्राम (अवध) में माना जाता है और इनकी मृत्यु संवत् 1680 को वाराणसी के अस्सी घाट पर हुई थी। रामकाव्य का प्रतिनिधि कवि तुलसीदास को ही माना जाता है। उन्होंने राम के चरित्र को आधार बनाकर साहित्य रचना की है। वह अपने साहित्य से मनुष्य जीवन में आदर्शों की स्थापना करना चाहते थे। तुलसीदास द्धारा रचित रचनाएं रामचरितमानस, बरवै रामायण, वैराग्य संदीपनी, जानकी मंगल, पार्वती मंगल, दोहावली रामलल्ला नहछू, गीतावली, कृष्णगीतावली, विनयपत्रिका है।

तुलसीदास की यदि काव्यगत विशेषतांए देखी जाएं तो वह राम मार्गीशाखा के कवि के रूप में हमारे सामने आते हैं।तुलसी के राम विष्णु के अवतार हैं जिनमें शील, शक्ति, सौंदर्य तीनों गुण विद्यमान हैं। उनमें इतनी शक्ति हैं कि वह दुष्ट रावण का दलन कर सकते हैं। अपने सभी भक्तों के संकटों का निवारण भी करते हैं:–

‘हरिहि हरिता, विधिहि् विधिता, सिवहि् सिवता जो दई।
सोई जानकीपति मधुर मूरति, मोदमय मंगलमयी।।’[1]

इनकी यदि भक्ति की बात की जाए तो इनकी भक्ति दास्य भक्ति है। वैसे तो इन्होंने नवधा भक्ति के सभी अवयवों जैसे श्रवण, स्मरण, पादसेवन, कीर्तन, अर्चन, वंदन, दास्य, साख्य, आत्मनिवेदन की चर्चा की है। लेकिन आत्मनिवेदन तथा दास्य भाव इनकी भक्ति का विशेष आधार रही हैं इनकी भक्ति का स्वरूप विनयपत्रिका की इन पंक्तियों में दृष्टिगोचर होता है।:–

‘राम सो बड़ो है कौन, मोंसो कौन छोटो?
राम सों खरों है कौन, मोंसो कौन खोटो?’[2]

इनके काव्य में प्रकृति–चित्रण का भी बड़ा सुन्दर चित्रण मिलता है। राम सीता के वियोग में हर लता, पक्षी–पशु से सीता के बारे में पुछते रहते हैं कि कहीं तुमने मेरी सीता को देखा है।

‘हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी।
तुम्ह देखी सीता मृग नैनी?’[3]

तुलसीदास जी एक ऐसा आदर्श राज्य स्थापित करना चाहते थे यहां पर कोई दुखी, दरिद्र न हो। इसलिए उन्होंने अपने काव्य में आदर्श समाज को दिखाया है। राम आदर्श राजा है।, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति है। हनुमान जी को आदर्श सेवक के रूप में दिखाया है। सीता आदर्श पत्नी है। कौशलया को आदर्श माता के रूप में दिखाया है। इसलिए राम राज्य एक आदर्श राज्य है– जहां पर किसी को किसी प्रकार का दुख नहीं है।

‘अल्प मृत्यु नहिं कवनिउँ पीरा।
सब सुन्दर सब दिरूज सरीरा।।
नहिं दरिद्र कोउ दुख न दीना।
नहिं कोउ अबुध न लच्छन हीना।।’[4]

तुलसीदास के जीवन सम्बन्धी दृष्टिकोण को हम दो भागों में बांट सकते हैं –

(1) आध्यात्मिक (2) लौकिक

आध्यात्मिक दृष्टि से तुलसीदास ने भगवान को ही सब कुछ माना है। इस संसार में जो कुछ घटित होता है वह ईश्वर की ही इच्छा से होता है। हम सब ईश्वर का ही अंश है। इन्होंने ईश्वर के सगुण और निर्गुण दोंनों रूपों को स्वीकार किया है।

श्रीराम को इन्होंने ब्रह्म रूप में स्वीकार किया है। ससांर में सभी जड़–चेतन श्री राम में ही निवास करते हैं। तुलसी के राम निर्गुण भी हैं और सगुण भी है।

‘जड़ चेतन जग जीव, जत सकल राममय जानि
बंदउं सबके पदमकल सदा जोरि जुग पानि।’[5]

माया को तुलसी ने अज्ञान का कारण माना है। माया की वजह से जीव अपने –पराये के भेद–भाव में जकड़ा हुआ है। रामचरितमानस के बालकाण्ड में इसका उल्लेख हुआ है –

‘जासु सत्यता ते जड़ माया। भास सत्य इव मोह सहाया।’[6]

इन्होंने ईश्वर और जीव दोनो को एक ही माना है लेकिन माया के कारण दोनो एक दुसरे से भिन्न प्रतीत होते हैं। जगत को इन्होंने मिथ्या माना हैं लेकिन मनुष्य माया में पड़ कर इसको सच मानने लगता है और जीवनभर दुखों में फंसा रहता है।

यदि हम इनके लैकिक पक्ष को देखे तो उसमें लोकमंगल की कामना निहित है। तुलसीदास ने समाज को वासना, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार को त्याग कर धर्म को अपनाने के लिए प्रेरणा दी है। हमारी संस्कृति में संस्कारों का बड़ा महत्व है इसलिए उन्होंने राम के आदर्श रूप में संस्कृति के विभिन्न अंगों का समन्वय दिखा कर समाज को शुद्ध आचरण अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

तुलसीदास ने समाज की विसंगतियों को दूर करने के लिए कदम उठाये। इन्होंने हिन्दुसमाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने के लिए अपने साहित्य में एक आदर्श समाज को प्रस्तुत करते थे ताकि उस साहित्य को पढ़कर या सुनकर मनुष्य में लोककला तथा लोकमंगल की भावना जागृत हो सके। तुलसीदास के समय वर्णाश्रम व्यवस्था थी और समाज के धार्मिक तथा नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा था। इसलिए उन्होंने समाज को एक करने के लिए वर्णव्यवस्था का विरोध किया उन्होंने ऊंच और नीच जातियों में समन्वय किया। इसलिए इन्होंने राम को शबरी के झुठे बेर खाते हुए दिखाया है। राम उच्च कुल के थे और शबरी शुद्रा लेकिन राम स्वयं शबरी के निवास

* शोधार्थी, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू (जम्मू–कश्मीर) भारत

पर जाते हैं। इसके पीछे उनका उद्देश्य ऊंच-नीच का भेद-भाव खत्म करना ही है।

इन्होंने सगुण और निर्गुण का समन्वय किया है। ईश्वर को साकार और निराकार रूप में पूजने वालों में बहुत मतभेद था। तुलसी ने निर्गुण व सगुण में समन्वय स्थापित कर समाज में शान्ति लाने का प्रयास किया। तुलसी के राम निर्गुण भी हैं और सगुण भी हैं इसलिए वह कहते हैं-

'सगुनहिं अगुनहि नहि कहु भेदा। गांवहि मुनि पुरान वुध
अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेमबस सगुन सौ होई'[7]

इन्होंने शक्ति शील और सौन्दर्य का भी समन्वय किया है। जिसे इन्होंने राम के चरित्र में उभारा है। राम में शक्ति है, शील भी है और सौन्दर्य भी विद्यमान है।

तुलसीदास के युग में शैव मत और वैष्णव मत एक दूसरे का विरोध करते थे। ऐसी मनोवृति के कारण समाज में घृणा और द्धेष बढ़ रहा था। दोनों मतो के इसी द्धेष को मिटाने के लिए तुलसी जी ने शिव और विष्णु का समन्वय करवाया। इसलिए रामचरितमानस में कई स्थानों पर शिव से राम की तथा राम से शिव की महिमा का गान करवाया है।

तुलसीदास जी ने नैतिक आदर्शो का प्रबल समर्थन किया है। उनका मानना था कि यदि किसी समाज में नैतिकता नहीं हो तो वह समाज कभी उन्नति नहीं कर सकता है। मनुष्य को ऐसे आचरण को अपनाना चाहिए जो लोक हितकारी हो।

तुलसीदास जी ने अपने समाज की अच्छाइयों- बुराईयों तथा गुणों- अवगुणो को बड़ी बारीकी से देखा- समझा इसलिए संसार के प्रति अपना उदारवादी दृष्टिकोण रखते हैं। उनका मानना है कि जोंक और जलज दोनों ही जल में उत्पन्न होते हैं लेकिन अपने गुणों की वजह से एक दूसरे से अलग माने जाते हैं ठीक उसी प्रकार एक ही संसार में अच्छे और बूरे लोग भी रहते हैं।

'उपजे एक संग जग माहीं।
जलज जोंक जिमि गुन बिलगाही।'[8]

वह समाज में जनता को न्याय दिलवाना चाहते थे इसलिए उनके राम भी न्याय के आधार पर अपना निर्णय प्रस्तुत करते हैं। तुलसीदास ने अपनी रचनाओं में किसी देश का राजा कैसा होना चाहिए, प्रजा कैसी होनी चाहिए, राज्य की न्याय व्यवस्था कैसी होनी चाहिए इन सब बातों पर प्रकाश डाला है।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि तुलसीदास जी का जीवन के प्रति उदारवादी दृष्टिकोण था। वे समन्यवादी कवि के रूप में हमारे सामने आते हैं। इन्होंने समाज की भलाई के लिए विभिन्न मतों का, जातियों का आपस में समन्वय करवाया है और समाज में शान्ति स्थापित करने का प्रयास किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास, डॉ. ओम प्रकाश गुप्त, पृ.-26
2. हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास, डॉ. ओम प्रकाश गुप्त, पृ.-26
3. हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास, डॉ. ओम प्रकाश गुप्त, पृ.-28
4. हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास, डॉ. ओम प्रकाश गुप्त, पृ.-26
5. तुलसी साहित्य में पौराणिक आरव्यानों का विनियोग, डॉ. बी. के. शास्त्री, पृ-216
6. तुलसीदास, रामचरितमानस; बाल काण्ड, पृ.-116/4
7. तुलसी साहित्य में पौराणिक आरव्यानों का विनियोग, डॉ. बी. के. शास्त्री, पृ-218
8. लोकवादी तुलसीदास, विश्वनाथ त्रिपाठी, पृ.-78

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

विश्व प्रसिद्ध भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ– महाराजा दक्ष प्रजापति

डॉ. ईश्वरलाल प्रजापति *

शोध सारांश– अद्य राज्याधीपति महाराजा दक्ष प्रजापति के बारे में जानकारी प्राप्त करना तथा वेद, संहिता एवं स्मृति आदि ग्रंथों में दक्ष प्रजापति को ही 'यज्ञ' नाम से अलंकृत किया गया है। जो 'यजुर्वेद' व 'यज्ञ विज्ञान' के स्वामी है। जिन्होंने अहंकार को त्यागकर 'देवयज्ञ' किए जाने का नियम सृष्टि में स्थापित किया है। यज्ञ विज्ञान एवं वेदों पर विश्व में कई संस्थाऐं कार्य कर रही है जबकि भारत में यज्ञ विज्ञान व वेदों की धरोहर धूल खा रही है। भविष्य में प्राकृतिक चिकित्सा के साथ 'यज्ञ विज्ञान' यज्ञों के द्धारा भी उपचार किया जाना संभव होगा क्योंकि फ्ल्यू व वायरल नामक बीमारी के कीटाणु हवा के द्धारा फैलते है जिसे यज्ञों द्धारा ही ठीक किया जा सकता है मानव के निवास स्थान पर भी DNA व RNA को सकारात्मक रुप यज्ञों के द्धारा ही प्राप्त होता है। भारतीय संस्कृति का मूल व सभी देवताओं की बलिष्टता का मुख्य आधार 'यज्ञ' है, जिसे वेदों, संहिताओं एवं स्मृतियों में 'दक्ष प्रजापति' कहा गया है जो विश्व प्रसिद्ध भारतीय संस्कृति का आधार स्तम्भ है, जिसे भारत को समझने की आवश्यकता है।

सर्वशास्त्रार्थतत्वज्ञ: सर्ववेदविदां वर:।
पारग: सर्वविद्यानां दक्षो नाम प्रजापति:।।

अर्थ– सम्पूर्ण धर्म और अर्थो के जानने वाले, सम्पूर्ण वेद और वेद के अंगों को जानने वालों में श्रेष्ठ सम्पूर्ण विधाओं के पार को जानने वाले दक्ष नामक प्रजापति हुए।

आज से लगभग दो अरब वर्ष पूर्व देव भूमि पर प्रजापति बह्माजी ने सर्वप्रथम क्रमश: प्राकृतिक सृष्टि, ब्रह्मी सृष्टि व मनसा सृष्टि को उत्पन्न किया इन सृष्टियों के कुशल संचालन के लिए बैजी (मैथुनी) सृष्टि को उत्पन्न किया ताकि नर–नारी के सामाजिक व धार्मिक संयोग से अनन्त–अनन्त काल तक सृष्टि का कुशल संचालन होता रहें। इन्हीं उद्देश्यों से प्रजापति बह्माजी ने बह्म पुत्र नदी के तट पर प्राकृतिक सृष्टि की है, बह्म सृष्टि के अन्तर्गत सभी 'जीव सृष्टि' करने के उपरान्त प्रजापति बह्माजी ने 'ऋग्वेद' की रचना 'सरस्वती नदी' के किनारे कि, जो सम्पूर्ण विश्व में निर्विवाद, अति प्राचीन व अद्धितीय ग्रंथ है । जिसमें प्रजापति को समस्त प्राणियों का प्रभु, सारी भौतिक व अभौतिक शक्तियों के स्रोत, देवाधिदेव एवं सर्वोपरि देव के रूप में माना गया है । प्रजापति ने चैत्र प्रतिपदा (नववर्ष) से सृष्टि का निर्माण कार्य प्रारंभ किया था तथा सृष्टि संचालन हेतु पुष्कर, अजमेर (राज.) में आषाढ़ गुरु पूर्णिमा के दिन (1,96,53108 वर्ष पूर्व) अपने प्राणों से सम्पूर्ण ज्ञान से युक्त (यज्ञ) दक्ष प्रजापति को मानस पुत्र के रुप में प्रकट किया अर्थात् दक्ष प्रजापति अज (अजन्मे) है । जिनका सृष्टि में बार–बार जन्म नहीं होता है उन्हें अजन्मा (अज) कहा जाता है। वेदों में दक्ष प्रजापति को 'अज' कह गया है। 'अज' शब्द की व्याख्या करते हुए भाष्यकार माधवाचार्य ने लिखा है कि– वे सृष्टि के आरंभ में एक बार ही प्रकट होते है, सामान्यजनों की तरह जन्म–मरण के प्रवाह में नहीं पड़ते अर्थात् ज्ञान प्राप्त हो जाने के कारण मुक्त हो जाते है, या अधिकारी पुरुष के रुप में उसी शरीर में ही बने रहते है। (अज अर्थात् आगे जन्म न लेने वाला या अजन्मा जिनका जन्म नहीं होता) जो प्रकट होकर सदा सृष्टि के प्रत्येक कल्प में उसी शरीर में उपस्थित रहते है।

महाराजा दक्ष प्रजापति ज्ञान स्वरूप परमात्मा है जिन्हें ज्ञान लोक का स्वामी माना गया है। जो ब्रह्मा आदि से लेकर चींटी तक (सभी छोटे बड़े जीव) सभी प्रजा की ज्ञान स्वरूप आत्मा का जो पति है, वही दक्ष प्रजापति है।

'दक्ष' शब्द से 'द' व 'क्ष' वर्ग– परमात्मा– परब्रह्मा है।

'द' अक्षर भूमि वर्ण एवं 'क्ष' अक्षर अग्नि वर्ण का है। इन दोनों अक्षरों में मैत्री भाव है। इसलिए 'दक्ष' शब्द सुसन्गत व देव शब्द है। 'दक्ष शब्द में 'द' षड्भुज है एवं 'क्ष' दशबाहु है। 'द' में दुर्गा बीज है, 'क्ष' में पृथ्वी बीज है। 'द' अक्षर दंत का प्रतिनिधित्व करता है 'क्ष' अक्षर 'क्षय' का प्रतिरूप है। अर्थात् जिसका कभी दांत का 'क्षय' न हो वही 'दक्ष' है। इसीलिए महाराजा दक्ष प्रजापति ने 'दुर्गाजी' के निर्माण में अपने उज्वल मजबूत 'दाँत' के समान दाँत प्रदान किया था तथा 'द' अक्षर दुर्गा बीज का है इसलिए दक्ष ने दुर्गाजी को अपनी 'तलवार' भी प्रदान कर दी। 'द' अक्षर भूमि वर्ण को होकर भूमि स्वामी (राजा) से है तथा 'क्ष' अक्षर अग्नि वर्ण का होकर 'शक्ति' (तलवार) (दुर्गा) से है। दक्ष की शक्ति 'मुक्ति विद्युत' है। 'दक्ष' शब्द सम्पूर्ण परमात्मा है। ईश्वर है। ज्ञान स्वरूप है।

'दक्ष प्रजापति' का शाब्दिक अर्थ– 'दक्ष' अर्थात् निपुर्ण, समस्त ज्ञान से युक्त या परिपूर्ण या यज्ञ या जड़–चेतन दोनों प्रकार के जगत के विधाता या स्वामी से है तथा 'प्रजा' शब्द का अर्थ–जनता प्रजा से लिया जाता है इसी प्रकार 'पति' शब्द का अर्थ–स्वामी, मालिक या राजा से लिया जाता है। इस प्रकार दक्ष + प्रजा + पति के योग से 'दक्ष प्रजापति' शब्द बना है, जिसका सार्थक अर्थ– समस्त ज्ञान में निपुर्ण (परिपूर्ण) जनता या प्रजा के स्वामी अथवा मालिक से है ।

यजुर्वेद चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, भेषज संहिता में दक्ष प्रजापित को 'यज्ञ' कहा गया है। जिसके द्धारा समस्त देवता संतुष्ट होते है और जो पर्यावरण को शुद्ध कर कई प्रकार की वायरल व फ्ल्यू नामक बीमारी पर रोक लगाता है जो टायफाइट के कीटाणू को नाश करने वाला व कृमि नाशक होता है। यज्ञ ही हमारे निवास के DNA व RNA को सकारात्मक रूप प्रदान करता है। इसी कारण भारतीय संस्कृति में यज्ञ करने का प्रॉवधान है।

*स्कीम नं. 21, मकान नं. 10,ग्वालटोली, नीमच (म.प्र.) भारत

वृक्षायुर्वे दव वनस्पति शास्त्र में दक्ष प्रजापति को वन सम्पदा का स्वामी माना गया है। दक्ष प्रजापति को आयुर्वेद का प्रथम आचार्य माना गया है। (भगवान धन्वन्तरी 16 वें आचार्य है) इसी प्रकार प्रजापति ब्रह्मा द्वारा चार वेद को प्रकट किया (लिखा) जिस कारण प्रजापति ब्रह्माजी को प्रथम 'व्यास' क़ी उपाधि दी गई है। जबकि दक्ष प्रजापति को दूसरे नम्बर के 'व्यास' से अलंकृत किया गया है, क्योंकि दक्ष प्रजापति ने एक लाख अध्याय का 'प्रजापति शास्त्र' लिखा है जबकि 24 वें नम्बर के व्यास ने 'श्रीमद् भागवत' को लिखा है। पुराणों में दी गई दक्ष कथा का उद्भव ऋग्वेदीय कथा में हुआ है। महाराजा दक्ष प्रजापति 'वनस्पति', 'यजुर्वेद' व 'यज्ञ विज्ञान' के महान पंडित व विद्वान हुए है। सभी देवता यज्ञ द्वारा पोषित होते है इसलिए देवताओं के पोषण हेतु अहंकार रुपी पशु गुण का यज्ञ में त्याग कर देव यज्ञ सम्पन्न करवाया है। जिसे भारत वर्ष में प्रत्येक नवरात्रि में अष्टमी का 'महायज्ञ' के नाम से जाना जाता है।

परम पिता बह्मा जी की आज्ञा से दक्ष प्रजापति का विवाह प्रजापति वीरण (पञ्चजन) की परम सुशील सर्वांग शोभना कन्या असिक्री (असि=तलवार) अर्थात् वीरिणी के साथ सर्व देवताओं की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों से सम्पन्न हुआ।

महाराजा दक्ष प्रजापति भगवान विष्णु के प्रथम प्रिय एवं परम भक्त हुए है। माता शक्ति (प्रकृति) के प्रथम उपासक हुए है। जिन्होंने शक्ति (सती) की उपासना 3000 वर्षो तक कर उन्हें 'पुत्री' रुप में प्राप्त किया।

प्रजापति बह्माजी की इच्छानुसार महाराजा दक्ष प्रजापति को वीरिणी से 10 हजार 'हर्यश्वगण' एवं एक हजार 'शबलाश्व' नामक पुत्र प्राप्त हुऐ। जो अपने काका नारद के सम्पर्क से सन्यासी हो गये। जिन्होंने सृष्टि निर्माण में अपने पिता का सहयोग नहीं किया। जिससे दक्ष प्रजापति दु:खी हुऐ। अपने पुत्रों को श्राप दिया जो आगे चलकर गंगा अवतरण का कारण बने एवं गंगा अवतरण के द्वारा जल के स्पर्श से मुक्ति को प्राप्त हुए। परन्तु अपने पिता की सन्त्वना के बाद 'क्षीर सागर' के तट पर 3 हजार दिव्य वर्षो तक माता सती (प्रकृति) की तपस्या कर प्रसन्न कर 'सती' सहित 59 बहनों (शक्तियों) को पुत्री रूप में प्राप्त किया। जिन सभी दक्ष कन्याओं को शिक्षित कर उनका विवाह योग्य देवताओं के साथ कर दिया, जिसमें से 10 दक्ष कन्या धर्मराज के साथ, 13 दक्ष कन्या कश्यप को, 27 दक्ष कन्या (नक्षत्र रूपी) चन्द्र को,1 दक्ष कन्या कामदेव को, 2 दक्ष कन्या कृशाश्वा को, 1 दक्ष कन्या अंगिरा ऋषि को, 4 दक्ष कन्या तार्क्ष्य कश्यम को, 1 दक्ष कन्या भूत को, 1 दक्ष कन्या शिव के साथ ब्याह दी गई।

दक्ष ने सृष्टि संचालन सिद्धांत के सृजन हेतु माता सती (सर्वांगशक्ति शोभना) का विवाह महादेव से कर दिया फिर दक्ष लीलानुसार 'दक्ष यज्ञ' (अहंकार) को भंग करवाकर महादेव के आशीर्वाद से 'दक्ष देव यज्ञ' सम्पन्न करवा कर माता सती के 51 शक्ति अंग (हिन्दी भाषा वर्ण शक्ति) से 51 प्रकृति शक्ति रूपा शक्तिपीठ देव भूमि अजनाभखण्ड पर स्थापित करवाये। जिससे प्रजा को शक्ति उपासना सुलभ हुई। यही सती शक्ति सम्पूर्ण मानव जाति की कुलदेवी या जगत माता है। कल्प भेद में माता सती ने हिमालय पुत्री पार्वती (पर्वत+शक्ति) के रुप में अवतार धारण कर महादेव की पत्नी होकर अपने अनुलेपन से भगवान प्रथम पूज्य श्री गणेशजी की रचना की। जो सृष्टि सभ्यता के विकास क्र म में पहली 'मृदा संस्कृति' का प्रमाण हैं।

दक्ष कन्या अदिति (अखण्ड शक्ति प्रवाह) व दिति का विवाह कश्यप ऋषि के साथ किया। कश्यप ऋषि को अदिति से सूर्य-मनु आदि समस्त वैदिक एवं पौराणिक देवता पुत्र-पुत्री रूप में प्राप्त हुए। आगे माता अदिति से ही सभी अवतारी भगवानजी जन्म लेते है। कल्प भेद में दक्ष प्रजापित को माता प्रसूति (मनु पुत्री) से 24 स्त्री गुण रुपी कन्या प्राप्त हुई। इन 24 दक्ष कन्याओं को भी राजा दक्ष ने शिक्षित कर योग्य देवताओं के साथ ब्याह दी गई जिसमें धर्मराज को 13 कन्या, रुद्र, मरीचि, अंगिरस , पुलस्त्य, पुलह, कृतु , अत्रि ऋषि, वशिष्ट ऋषि, अग्नि देव, भृगु ऋषि व पितृस को एक-एक दक्ष कन्या के साथ विवाह हुआ। (गायत्री छंद के 24 अक्षर) वाल्मिकी रामायण के 24000 श्लोक व शिव पुराण के 24000 श्लोक भी महाराजा दक्ष प्रजापति की 24 कन्याओं की व्याख्या पर आधारित है। विश्वकर्मा जी के गज (फीता) में 24 इंच, भगवान के 24 अवतार, 24 शंकर प्रोक्त सिद्धियां (रावण संहिता), राज व्यवस्था प्रशासन के 24 'पद' (कौटिलीयम अर्थशास्त्रम्), परशुराम के फरसे में 24 अंगुल का माप, 24 व्यास, 24 आयुर्वेद के आचार्य, 24 जैन तीर्थंकर, दिन के 24 घंटे (8 घंटे काम, अर्थ हेतु+8 घंटे की निन्द्रा+8 घंटे का नियमित कार्य), मानव के हाथों कीकलाई में 8 वात + 8 कब्ज+8 पित्त=24, नाड़ी परीक्षा, अण्ड, जल, पृथ्वीं में 24 तत्व, आधुनिक विज्ञान में 8 इलेक्ट्रॉन्स (ब्रह्म तत्व)+8 प्रोटॉन्स (विष्णु तत्व) + 8 न्यूट्रॉन्स (शिवतत्व) =24 प्रकृति के मुख्य तत्व, जमुना नदी पर 24 घाट, 24 केरेट का स्वर्ण धातु (सोना), दत्तात्रेय महाप्रभु के 24 गुरु, अशोक चक्र में 24 तिल्लीयां, वास्तु शास्त्र में 24 मुख्य द्वारा, 24 प्रकार के सोम (सुश्रुत संहिता), मानव की नाभी (पेट) में 24 नाड़ियों का स्फूटन, मानव नाभि का तापमान 24^0 डिग्री बना रहना, राम के चरण चिन्हों में 24 चिन्ह, सीता के चरण चिन्हों में 24 चिन्ह का होना सब दक्ष कन्याओं की शक्ति एवं (सृष्टि) सिद्धांत की व्याख्या को बनाए रखना या याद रखने हेतु है। जो सृष्टि संचालन के मुख्य घटक है। जो दक्ष प्रजापति के वेद, यज्ञ, योग, गृह-नक्षत्र, बह्मण्ड, अन्तरिक्ष, पर्यावरण, ज्योतिषी, खगोल, समुद्र, वास्तु, अर्थ (पृथ्वीवाणिज्य) संघ तथा समस्त मंत्र, तंत्र, जंत्र, यंत्र ज्ञान-विज्ञान के स्वामी होने का प्रमाण है जिस कारण दक्ष प्रजापति उत्पत्ति, प्रलय, रक्षा व संहार आदि करने में सामर्थ्यवान हुऐ है तथा जो वर्तमान ज्वलन्त समस्याओं के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन के सुनियोजित प्रबंधक या प्रवर्तक हुवे हैं। दक्ष प्रजापति ने मानव जीवन के चार आदर्श लक्ष्य जो कि **पहला**- बह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व संन्यास, **दूसरा**- धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष, **तीसरा**-साधना, स्वाध्याय, संयम व सेवा **चौथा**- शरीर बल, मनोबल, आत्मबल व बह्मबल आदि को प्राप्त करने के लिये अपनी स्मृति में (9x9) 81 (8+1=9) उपदेश दिये है, जिनके पालन से मानव पृथ्वी पर स्वर्ग स्थापित करने में सामर्थ्यवान होकर महामानव व विश्व गुरु बन जाता है। दक्ष स्मृति के 7 अध्याय, प्रजापति विवाह संस्कार पद्धति के 7 परिक्रमा या सात फेरें की व्याख्या करता है। जो गृहस्थ आश्रम के लिए एक अति उत्तम सुप्रसिद्ध स्मृति है। जिस दक्ष स्मृति को प्रत्येक गृहस्थी को वाचन करना चाहिए। सूर्य के रथ में सात प्रकाश रुपी घोड़े, 7 समुद्र, 7 द्वीप, सप्त ऋषि, 7 लोक आदि सभी दक्ष स्मृति के सात अध्यायों से जुड़ा हुआ है जो एक गृहस्थ को उत्तम जीवन शैली प्रदान करता है। महाराजा दक्ष देव भूमि पर अपने अजनाभ खण्ड नामक देश पर सुनियोजित सिद्धांत के प्रवर्तक व समस्त जाति, वंश, धर्म संस्कृति व ज्ञान के जनक होने के साथ कई दिव्य वर्षों तक राज्य किया है। जो भारतीय संस्कृति के आधार स्तम्भ है। कालांतर में जिनके द्वारा कई धर्म की शाखाऐं भी विश्व में आस्तित्व में आयी है।

मानव विकास एवं सभ्य समाज की रचना में पुत्र प्रचेता प्रजापति (प्रचेता-प्रकृष्ट चित्त वाला) के पुत्र रत्नाकर प्रजापति प्राप्त हुए जो आदि कवि महर्षि वाल्मीकि हुऐ है जिन्होंने 'वाल्मीकि रामायण' लिखी है। आगे

दक्ष प्रजापति को 16 पुत्र प्राप्त हुऐ है। जिन्होंने 16 ग्राम पाये (बसाये) थे। इन 16 पुत्रों को भी 16 गाँव की उपाधि प्राप्त हुई थी।

चट्टोऽम्बुली तैलवारी, पोडारिर्हडगूढ कौ।
भूरिश्च पालधिश्चैव पर्कटि: पुषली तथा।।
मुलग्रामी च कोयारी पलसायी च पीतक:।
सिमलायी तथा भट्ट इमे काश्यपसंज्ञका:।।

– जाति भास्कर 172

(1) चट्ट (2) अम्बुली (3) तेलवटी (4) पोडारि (5) हड (6) गूढक (7) भूरि (8) पालधि (9) पर्कटि (10) पुषाली (11) मूलग'ामी (12) कोयारि (13) पलसायी (14) पीतक (15) सिमलायी तथा (16) भट्ट ये 16 पुत्र कश्यप गोत्री दक्ष प्रजापति के कुमार हुए है, जो अपने-अपने क्षेत्र के स्वामी थे।

आगे दक्ष प्रजापति के पुत्रों के गोत्र प्रवर (प्रवर्ग्य साधक) हुए है जिनके नाम (गोत्राकार ऋषि) निम्न है- (1) आत्रेये (2) गाविष्ठर (3) पूर्वातिथि (4) व्यास (5) कश्यप (6) प्रजापति (7) मारिषा या यज्ञकर्ता ऋषि।

अजनाभ खण्ड में काबूल नदी के पश्चिम से सिंध नदी से लेकर सम्पूर्ण अखण्ड भारत सम्मिलित था। जिनकी राजधानी वर्तमान स्थान -कंनखल हरिद्वार (उत्तरांचल) गंगा नदी के तट पर है। जिसे इतिहासकार ..गंगा घाटी संभ्यता,हडप्पा सभ्यता के नाम से जानते हैं जो कि 'दक्ष कालीन सभ्यता' होकर 'दक्षद्वीप' है जहां मृदा संस्कृति के प्रमाण खुदाई में आज भी मिलते हैं।

स्तुति मंत्र -

प्रजापते न त्वदेतान्यन्यों,विश्वारुपाणि परिता बभूव।
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्यामपतयो रयीणाम्।।

-ऋग्वेद

भावार्थ- हे प्रजापति देव ! तुम से भिन्न दूसरा कोई इस पृथिव्यादि भूतों तथा सब पदार्थों एवम् रूपों से अधिक बलवान नहीं हुआ है, अर्थात् तुम्हीं सर्वोपरि बलवान हो। अतएव हम जिन कामनाओं से तुम्हारा यजन (स्तुति) करते हैं, वह हमें प्राप्त हो, जिससे हम सब धनों के स्वामी बनें।

संदर्भ ग्रंथ सूची : -

1. वेदकालीन समाज-डॉ. शिवदत्तज्ञानी, उज्जैन।
2. प्रजापति का तत्व दर्शन- डॉ. ईश्वरलाल प्रजापति, नीमच।
3. नक्षत्र चिकित्सा ज्योतिषम्- अभय कात्यायन, वाराणसी।
4. पक्षपात रहित अनुभव प्रकाश-खेमराज श्री कृष्णदास प्रकाशन मुम्बई।
5. अष्टादश स्मृति- पं. सुन्दरलालजी त्रिपाठी,
6. शक्ति तत्व एवं शाक्त साधना- डॉ. श्यामाकांत द्विवेदी, वाराणसी
7. 'प्रजापति स्मृति' मुम्बई।
8. 'दक्ष स्मृति', मुम्बई।
9. महानिर्वाण तंत्र, मुंबई।
10. ऋग्वेद, यजर्वे द-आर्य समाज संस्था पुष्कर रोड, अजमेर (राज.)
11. शिव पुराण, श्रीमद् देवी भागवत पुराण।
12. आयुर्वेद प्रर्वतक देवता, रघुवीर शरण शर्मा, वाराणसी (उ.प्र.)
13. तंत्र दुर्गा सप्तशती- डॉ. रामचन्द्रपुरी, दिल्ली।
14. संस्कृत- साहित्य-कोश-डॉ. राजवंश सहाय 'हीरा'
15. वृक्षायुर्वेद,डॉ. कृष्ण 'जुगनू' वाराणसी
16. दक्ष प्रजापति की पुत्रियों और उनके पतियों के नाम (हिन्दी) धर्म संसार दिनांक 9 अक्टूबर 2016
17. ऋग्वेद 10-143 में दक्ष पुत्रों का वर्णन
18. ऋग्वेद 1-15-3 इंद्र द्वारा दक्ष पुत्रों की रक्षा
19. ऋग्वेद 10-143-1 में अश्विनी कुमारों द्वारा दक्ष पुत्रों को वृद्ध अवस्था से तरुण अवस्था प्रदान करना आदि

20. **संबंधित संस्थाऐं -**

1. श्री दक्ष वेलफैयर एण्ड चेरिटेबल सोसायटी, होशियारपुर (पंजाब)।
2. महाराजा दक्ष प्रजापति वरदिया (कुम्हार) समाज समिति, नीमच।

****

Climate Change: A Health Hazard

Dr. Kiran Yadav *

Introduction - Climate change endangers human health, affecting all sectors of society, both domestically and globally. The environmental consequences of climate change, both those already observed and those that are anticipated, such as sea-level rise, changes in precipitation resulting in flooding and drought, heat waves, more intense hurricanes and storms, and degraded air quality will affect human health both directly and indirectly. Addressing the effects of climate change on human health is especially challenging because both the surrounding environment and the decisions that people make influence health. For example, increases in the frequency and severity of regional heat waves—likely outcomes of climate change—have the potential to harm a lot of people. Certain adverse health effects can probably be avoided if decisions made prior to the heat waves result in such things as identification of vulnerable populations such as children and the elderly and ensured access to preventive measures such as air conditioning. This is a simplified illustration; in real-life situations a host of other factors also come into play in determining vulnerability including biological susceptibility, socioeconomic status, cultural competence, and the built environment. In a world of myriad "what if" scenarios surrounding climate change, it becomes very complicated to create wise health policies for the future because of the uncertainty of predicting environmental change and human decisions. The need for sound science on which to base such policies becomes more critical than ever.

Categories of human health consequences of climate change:

1. Asthma, Respiratory Allergies, and Airway Diseases
2. Cancer
3. Cardiovascular Disease and Stroke
4. Foodborne Diseases and Nutrition
5. Heat-Related Morbidity and Mortality
6. Human Developmental Effects
7. Mental Health and Stress-Related Disorders
8. Neurological Diseases and Disorders
9. Vector borne and Zoonotic Diseases
10. Waterborne Diseases
11. Weather-Related Morbidity and Mortality

Global climate change is visibly and profoundly affecting oceans, which in turn, affects human health. The warming of ocean waters contributes to increases in incidence and severity of toxic algal blooms, alterations in aquatic and estuarine food webs and seafood quality and availability, and effects on sentinel aquatic species.High concentrations of carbon dioxide in the atmosphere increase the amount that is dissolved into the ocean, leading to acidification and disruption of ecosystems. As large portions of the world's populations, including those in the United States, live in coastal areas, and many depend on marine protein for daily subsistence, the consequences of perturbing delicate ocean and coastal systems will be far-reaching.

Climate changes including increased heat in certain arid and semi-arid parts of the United States can dramatically alter existing ecosystems, presenting new challenges to agricultural production and coastal ecosystems, with consequences for food quality and availability. Changes in plant habitat can result in reduced availability of grazing lands for livestock. Climate changes also are directly associated with many pest habitats and disease vectors, and changes in temperature can extend or reorient habitats such that organisms are introduced to new geographic areas or life cycles are altered, requiring increases in pesticide use or use in new areas to achieve the same yields. Global warming is also causing shifts in the ranges of disease vectors that require specific environments to thrive (for example, Lyme disease), and increasing the threat and incidence in humans of waterborne, vector borne and zoonotic (those transferred from animals to humans) diseases.

There is abundant evidence that human activities are altering the earth's climate and that climate change will have significant health impacts both domestically and globally. While all of the changes associated with this process are not predetermined, the actions we take today will certainly help to shape our environment in the decades to come. Some degree of climate change is unavoidable, and we must adapt to its associated health effects; however, aggressive mitigation actions can significantly blunt the worst of the expected exposures.Still, there will be effects on the health of people in the United States, some of which are probably already underway. As great as the domestic risks to U.S. public health are, the global risks are even

***Associate Professor (Zoology) Maharana Pratap Govt P.G. College, Hardoi (U.P.) INDIA**

greater.

Climate change and health issues transcend national borders, and climate change health impacts in other countries are likely to affect health in the United States as well. Famine, drought, extreme weather events, and regional conflicts—all likely consequences of climate change—are some of the factors that increase the incidence and severity of disease, as well as contributing to other adverse health impacts, making it imperative to address climate change-related decision making at local, regional, national, and global levels. The complicated interplay of these and other factors must be considered in determining the scope and focus of both basic and applied research on climate change and health.

References:-

1. Macdonald, R.W., T. Harner, and J. Fyfe, Recent climate change in the Arctic and its impact on contaminant pathways and interpretation of temporal trend data. Sci Total Environ, 2005. 342(1-3): p. 5-86.
2. Macdonald, R.W., et al., How will global climate change affect risks from long-range transport of persistent organic pollutants? Human and Ecological Risk Assessment, 2003. 9(3): p. 643-660.
3. Jones, L., et al., Severe mental disorders in complex emergencies. Lancet, 2009. 374(9690): p. 654-61.
4. Kalkstein, L.S. and J.S. Greene, An evaluation of climate/mortality relationships in large U.S. cities and the possible impacts of a climate change. Environ Health Perspect, 1997. 105(1): p. 84-93.
5. Kang, D., et al., Cancer incidence among pesticide applicators exposed to trifluralin in the Agricultural Health Study.Environ Res, 2008. 107(2): p. 271-6.
6. Kar, B.R., S.L. Rao, and B.A. Chandramouli, Cognitive development in children with chronic protein energy malnutrition. Behav Brain Funct, 2008. 4: p. 31.
7. Karl, T., J. Melilo, and T. Peterson, Global Climate ChangeImpacts in the United States. 2009, New York: Cambridge University Press.
8. Curriero, F.C., et al., The association between extreme precipitation and waterborne disease outbreaks in the United States, 1948-1994. Am J Public Health, 2001. 91(8): p. 1194-9.
9. D'Amato G. and L. Cecchi, Effects of climate change on environmental factors in respiratory allergic diseases. Clinical and Experimental Allergy, 2008. 38(8): p. 1264-1274.
10. D'Amato G., et al., The role of outdoor air pollution and climatic changes on the rising trends in respiratory allergy. Respiratory Medicine, 2001. 95(7): p. 606-611.
11. Davido, A., et al., Risk factors for heat related death during the August 2003 heat wave in Paris, France, in patients evaluated at the emergency department of the Hopital Europeen Georges Pompidou. Emerg Med J, 2006. 23(7): p. 515-8.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. II

सेवासदन उपन्यास में आधुनिक जीवन बोध

डॉ. जगमोहन सिंह गुर्जर *

प्रस्तावना – प्रेमचंद का प्रारम्भिक साहित्यिक जीवन बहुत कुछ अस्पस्ट एवं उलझा सा रहा है। अमृतराय ने प्रेमचंद सम्बंधी जो नवीन साहित्यिक-सामग्री प्रकाशित की है, उससे भी सभी समस्याओं का निराकरण नही होता। 'सेवा सदन' के पूर्व उनके द्धारा लिखे गए सभी उपन्यासें की संख्या क्रम तथा लेखन तिथि विवादास्पद रही है, सेवासदन तथा उनके कुछ बाद के उपन्यासें में भी इसी प्रकार की स्थिति दिखाई देती है। यह स्पष्ट है कि प्रेमचंद उर्दू से हिन्दी में आये थे। अत: यह बात स्पष्ट है कि प्रेमचंद ने अपने उपन्यास पहले उर्दू में लिखे बाद में उनका हिन्दी में अनुवाद किया गया। प्रेमचंद ने 27जनवरी 1921 को अपने मित्र इम्तयाज अली को लिखा था 'हम खुर्मा व हमसवाव' किशना वगरैह मेरी इब्दताई तसानीफ है। पहली पुस्तक लखनऊ के नवल प्रेस से प्रकाशित हुई, दूसरी पुस्तक बनारस के मेडिकल हाल प्रेस ने प्रकाशित की। सन् 1904 में एक हिन्दी नॉविल 'प्रेमा' लिखकर इण्डिन प्रेस से प्रकाशित कराया।

'हस- के फरवरी सन् 1932 के अपने आत्मकथात्मक लेखन में प्रेमचंद ने लिखा है कि उन्होंने 1901 में अपना पहला उपन्यास लिखना आरम्भ किया और वह 1902 में प्रकाशित हुआ। इसके विपरीत 7 सितम्बर 1934 को डॉ. इन्दुनाथ मदान को लिखे अपने पत्र में प्रेमचंद ने अपनी प्रथम पुस्तक का प्रकाशन वर्ष 1903 में बताया गया है। इस प्रकार स्वयं प्रेमचंद ने ही अपने उपन्यासें के बारे में विरोधी विचारों की जानकारी दी है। ऐसी स्थिति में प्रेमचंद के उपन्यासों की लेखन तिथि, प्रकाशन तिथि, उनकी संख्या एवं क्रम का निर्धारण बड़ी सतर्कता की उपेक्षा रखता है। इस प्रकार प्रेमचंद के उपन्यासों के प्रकाशन की तिथि संख्या एवं क्रम के बारे में विरोधी विचार होने पर भी कुछ संकेत उनकी विश्वसनीयता बताते है जिससे उनके काल, तिथि एवं क्रम का अनुमान लगाया जा सकता है।

सेवासदन को प्रेमचंद के उपन्यासों में एक महत्वपूर्ण स्थान है। प्रेमचंद को हिन्दी जगत में उपन्यासकार के रूप में प्रंशसनीय बनाने में 'सेवासदन' का महत्वपूर्ण स्थान है। सेवासदन से पूर्व प्रेमचंद पांच उपन्यास लिख चुके थे। मगर उनमें से केवल 'प्रेमा' ही हिन्दी में प्रकाशित हुआ था। उन्होंने 24 जनवरी 1917 को लिखे अपने एक पत्र में इसी और संकेत करते हुए लिखा है कि किस्सा दिलचस्प है और मुझे ऐसा खयाल होता है कि मैं अबकी बार नॉविल नवीसी में भी कामयाब हो सकूगां। इस प्रकार प्रेमचंद का अनुमान सही साबित हुआ और हिन्दी लेखकों और आलोचकों ने उसका स्वागत किया।

प्रेमचंद ने अपने 24 अप्रेल 1919 के पत्र में बडे आह्लाद के साथ मुंशी दयानारायण निगम को इस सफलता की सूचना देते हुए लिखा 'आप यह सुनकर खुश होंगे कि मेरे हिन्दी नाविल ने खूब शोहरत हासिल की है और अक्सर नक्कादों ने उसे हिन्दी जवान का बहतरीन नॉविल कहा है।'

इस प्रकार 'सेवा सदन' में पहली बार प्रेमचंद ने मानवतावादी धरातल पर वेश्या का चित्रण किया है और उसे घ्रणास्पद न मानकर उसके प्रति सहानुभूति अभिव्यक्त करके उसका जीवन सुधारने के प्रयास करने का अवसर प्रदान किये है। आलोचक उसे पाश्चात्य उपन्यासों की तुलना में उपन्यास नाम को सार्थक बनाने वाली हिन्दी की प्रथम रचना स्वीकार करते है। इस प्रकार 'सेवासदन' हिन्दी का प्रथम आधुनिक और साहित्यिक उपन्यास के रूप में प्रतिष्ठित हुआ।

आकार की दृष्टि से उपन्यास में लेखक ने सुमन के वेश्या बनने की घटनाओं और वेश्यावृत्ति त्यागकर विधवाश्रय में पहुँचने की कथा के लिए विभिन्न परिच्छेदों के माध्यम से कथा को उद्घाटित करने के लिए परिच्छेदों की संख्या दी है। इनकी कथा लगभग तेइस परिच्छेदों में फैली पडी है। वास्तव में सुमन की कथा, उसके वेश्या होने की कथा उसके सामाजिक एवं पारिवारिक प्रतिक्रिया कथा के सम्मिलन से पूर्ण होती है। प्रेमचंद ने सेवासदन उपन्यास को आधुनिक संदर्भो में प्रस्तुत करने का पूर्ण इमानदारी के साथ परिचय दिया हैं। प्रेमचंद के विचार आज के संदर्भ में भी प्रांसगिक है कि एक वेश्या की समस्या को रेखांकित करके समाज में फैली हुई इस बुराई को सेवासदन के माध्यम से एक नवीन विचार के रूप में जगह मिली है। सेवासदन में वेश्या समस्या के समाधान के लिए वेश्याओं को नगर से दूर बसाने, वेश्या नाच का बहिष्कार करने तथा वेश्या पुत्रियों के लिए 'सेवासदन' की स्थापना में लेखक ने युग का चित्रण किया है। प्रेमचंद ने सेवासदन में वेश्या जीवन के अतिरिक्त दहेज-प्रथा, रिश्वत, पुलिस व्यवस्था, अनमेल विवाह, धार्मिक स्थिति, विवाह में अपव्यय, शिक्षित वर्ग का रहन-सहन फैशन, अंग्रेजी शिक्षा, ठेकदार, सम्पादक आदि सामाजिक जीवन की अनके स्थितियों का चित्रण किया है। इन सामाजिक विसंगतियों से युग का सामाजिक-जीवन उभर कर आया है।

प्रेमचंद ने उपन्यास में देशकाल चित्रण में भी उन्होंने अपने युग की विधमान सामाजिक विद्धुपताओं अव्यवस्थाओं आदि को रेखांकित किया गया है। 'सेवासदन' प्रेमचंद की एक ऐसी कृति है जिसमें उद्देश्य की दृष्टि अत्यन्त पैनी दिखाई देती है।

यही कारण है कि विभिन्न आलाचकों ने उद्देश्य की भमि का भिन्न-भिन्न रूपों में विवेचन किया है।

* व्याख्याता (हिन्दी) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दौसा (राज.) भारत

वृजरत्नदास के अनुसार 'दहेज प्रथा बेमेल विवाह हो, परिवार में कितना अनर्थ हो सकता है इसी का अतिरंजित वर्णन है।'

नंद दुलारे वाजपेयी के अनुसार 'प्रेमचंद ने इस उपन्यास में नारी समाज के प्रश्नों को उठाया है, उनसे सम्बंध रखने वाली समस्याओं पर विचार किया है, विशेषकर वेश्या-समाज के सुधार का लक्ष्य प्रेमचंद के सम्मुख रहा है। ' इस प्रकार प्रेमचंद सामाजिक विशमतओं तथा विडम्बनाओं का चित्रण उपन्यास का मूल उद्देश्य रहा है। उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि प्रेमचंद ने सामाजिक सुधार एवं विसंगतियों का निराकरण करने की उपन्यास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उपर्युक्त विवेचन के बाद हम कह सकते है कि प्रेमचंद ने उपने उपन्यासों में कथ्य के साथ भाषा शिल्प विधि का भी अच्छा प्रयोग किया है। उनके उपन्यासों में भाषा कौशल का एक सफल प्रयास हैं। प्रेमचंद अनेक भाषाओं के ज्ञाता थे और इसलिए उनके साहित्य में भाषा का मिश्रण रूप देखने को मिलता है। पात्रों के चरित्र चित्रण में प्रेमचंद ने एक श्रेष्ठ चितेरे का कार्य किया है। चाहे कही कही उनके उपन्यासों में पात्र अपनी भाषा का सही प्रयोग नहीं करते हैं लेकिन प्रेमचंद ने अपने अधिकतर उपन्यासों में भाषा का पात्रानुकूल बनाने का भरसक प्रयास किया है और इस प्रयास में वे सफल हुए प्रतीत होते है ।

इस तरह प्रेमचंद ने अपने युग की उन परिस्थितियों का चित्रण किया है जिनमें मानव स्वार्थी, अहंकारी अत्याचारी तथा एक दूसरे के प्रति शोषण का चक्र मानव को अंधकार मेंढकेलने का प्रयास कर रहा था। ग्रामीण संस्कृति का उनके उपन्यासों में सफल प्रयोग हुआ है। सामाजिक विद्रुपता के साथ-साथ प्रेमचंद अपने अन्य उपन्यासों में एक गांव के किसान, मजदूर शोशित एवं पीड़ित की समस्याओं को भलि-भांति अपने उपन्यासों में उकेरा है। समय की राजनैतिक परिस्थितियों में राजनेता अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर किस तरह नरहत्या में लगे हुए थे और समाज को किस तरह से खोखला बनाने के प्रयास में जुटे हुए थे। इन सभी समस्याओं को प्रेमचंद ने व्यापक धरातल पर अपनी साहित्यिक रचनाओं में उद्धारित किया है। अंत में हम कह सकते है कि प्रेमचंद ने एक संवेदनशील कथाकार थे उन्होंने अपने समय को पूर्ण इर्मानदारी के साथ चित्रित करने का प्रयास किया है। अतएव वे एक लेखक ही नहीं थे बल्कि एक महान संत समाज सुधारक और राष्ट्रसेवी रचनाकार थे। जिनके मन में दया सहानुभूति, प्रेम, करूणा आदि के विचार कूट-कूट कर भरे थे। अत: प्रेमचंद साहित्य की दुनिया में स्मरणीय रहेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रेमचंद - साहित्य का उद्देश्य पृष्ठ -2
2. डॉ. कमल किशोर गोयन का - प्रेमचंद के उपन्यासों का शिल्प विधान पृष्ठ - 112
3. डॉ. कमल किशोर गोयन का - प्रेमचंद के उपन्यासों का शिल्प विधान पृष्ठ - 148
4. डॉ. कमल किशोर गोयन का - प्रेमचंद के उपन्यासों का शिल्प विधान पृष्ठ - 152

****

Algorithm Methods(Single Black Hole Attack and Cooperative Black Hole Attack)

Dharmendra Kumar Meena *

Introduction - Black hole Attack is an error node procedure its routing protocol to promote itself having the shortest path towards the destination node. At the point route is set up, then error node forwards it to the malicious attacks wants address.

The Black Hole Attack must make RREP with Destination arrangement more noteworthy than the destination arrangement of the receiver node and sender node trusts that black hole node and additional interconnects with blackhole node in its place of real destination node. This mischievous frequently harm nodes interface and thus waning all asset usage in accumulation to losing packets. Here Blackhole Attacks are categorized into two categories.

Single Black Hole Attack: In this scenario, single blackhole attacks are represent which acts as malicious node within the networks topology.

Cooperative Black Hole Attack: In this scenario, cooperative blackhole attacks are represent which acts as malicious node and provide the false reply to neighbor node within the networks topology shows in (Figure 3.2).

Algorithm-I: Secure-AODV

Assumption: RREP header is modified with additional field that is Speed of node.

Step 1: Source S broadcasts RREQ message to the network.

Step 2: If Destination D replies RREP then S will start transmission.

END

Step 3: If intermediate node (say B) replies with RREP and when packet reaches node Y's preceding node@ (say A), it checks the following:

if (Speed of Node** > speed_threshold or SequenceNo** > seq_no_threshold)

GOTO Step 4. else

GOTO Step 5.

Step 4: If (hopcount** >= 2)

Node X will send a Modified Hello signal (MHELLO) with HopCount equal to 2 (in case hopcount** = 2)

or

HopCount equal to 3 (in case hopcount** > 2) to a Node@@ (say Z) which is few hops (equal to hopcount**)

away from A.

If A receives acknowledgment from Z successfully then A forwards RREP to S and S will transmit the data.

Else

Node next to B is Blackhole and an alert signal will be transmitted by A to S. Else

Node B is Blackhole node and an alert signal will be transmitted by Ato S. Step 5: A forwards RREP to S and S will transmit the data.

Note:-

1. MHELLO is same as HELLO packet with hop count = hopcount**.
2. Threshold value is updated every time intermediate node receives a RREQ packet.
3. Threshold value of sequence no is calculated as sequence_number_threshold = sequence_number(of RREQ packet) * hop count
4. Threshold value of node speed is taken as speed_threshold = 100 m/s

** all the values have to be taken from the RREP received from intermediate node B.

@ preceding node A is in the direction in which RREP is traversing from B towards S.

@@ Z node is in the path through which RREP packet has reached B.

Algorithm-II: RSA Algorithm

RSA algorithm is public key cryptographic algorithm that makes use of 2 keys namely public key and private key [5]. If RSA keys do not exist, they need to be generated. The key generation process is usually slow but it is performed seldom. It involves three steps: Key Generation, Encryption and Decryption [5].

Key Generation: Prime integers are used for key generation.

*SBP Government College, Dungarpur (Raj.) INDIA

1. n =p*q (n is used as modulus for both public key and private key)
2. Compute ij(p*q) = (p í 1)*(q í 1).
3. Choose an integer e such that 1 < e <ij(p*q), and GCD of e and ij(p*q) must be 1.

- e is released as the public key exponent.
- e having a short bit.

4. Determine d (using modular arithmetic) which satisfies congruence relation. d*e =1(mod(ij(p*q)) d is kept as the private key exponent

Encryption: Destination node transmits its public key (n, ,e) to Source node and keeps the private key secret then source wants to send message M to Destination.

It first turns M into an integer 0 < m < n by using an agreed-upon reversible protocol known as a padding scheme. It then computes the cipher text c corresponding to:

C= m^2 (mod n)

Decryption: Destination node can recover m from c by using its private key exponent d by the following

Computation: Given m, Destination can recover the original message M by reversing the padding scheme.

References:-

1. V.A. Hiremani and M. M Jadhao, “Eliminating Cooperative Black hole and Gray Hole using Modified EDRI Table in MANET,” IEEE,2013.
2. G. Wahane and S. Lonare, “Technique For Detection of Cooperative Black Hole Attack In MANET,” 4th ICCCNT 2013, July 4-6, 2013, Tiruchengode, India.
3. Trivedi, A. K., Arora, R., Kapoor, R., & Sanyal, S. (2009). Mobile ad hoc network security vulnerabilities, In Encyclopedia of Information Science and Technology, Second Edition (pp. 2557-2561), IGI Global.
4. Eriksson, J., Krishnamurthy, S. V., & Faloutsos, M. (2006, November). Truelink: A practical counter measure to the wormhole attack in wireless networks. In Network Protocols, 2006. ICNP’06. Proceedings of the 2006 14th IEEE International Conference on (pp. 75-84). IEEE.

****

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयतावाद : समस्या एवं निदान

डॉ. भरत लाल मीणा *

प्रस्तावना – भारतीय राजनीति के परिवर्तित परिदृश्य में क्षेत्रीयतावाद राष्ट्रीय एकीकरण के मार्ग मे एक गंभीर चुनौती बन गई है। क्षेत्रीयतावाद की प्रवृति को समाप्त करने और देशवासियों को राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होने की दृष्टि से हमारे संविधान में इकहरी नागरिकता की व्यवस्था है। फिर भी कुछ भारतीयों के मस्तिष्क में भारतीय नागरिक होने की अपेक्षा, बंगाली, बिहारी, गुजराती या पंजाबी आदि होने की चेंतना अधिक परिलक्षित होती है। यह क्षेत्रीय संकीर्णता हमारी राष्ट्रीयता को विशाक्त एवं विभक्त करने की कुचाल बन रही है, जो एक विचारणीय प्रश्न है ?

क्षेत्रीयतावाद आज भारतीय राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में एक अत्यन्त व्यापक घटक है। आधुनिक युग में संचार व्यवस्था के नये साधनों, अंग्रेजी शासन व्यवस्था की नीतियों, स्वतंत्रता के पश्चात्, आधुनिकीकरण की प्रक्रिया आदि क्षेत्रीयतावाद को अधिक बढ़ावा दिया है। इसलिए क्षेत्रीयतावाद के आद्योपान्त और सम्यक् विवेचन के पूर्व यह जिज्ञासा होना स्वाभाविक है कि यह किन कारणों से उभरा है ?[1]

क्षेत्रीयतावाद विभिन्नता का उत्पाद है। राज्य पुनर्गठन आयोग द्वारा भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बावजूद अनेक क्षेत्रों में अलगाव का मनोभाव बना हुआ है। महाराष्ट्र के विदर्भ या मराठवाड़ा, गुजरात में सौराष्ट्र, बिहार में झारखंडर, मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश में उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल में गोरखालैण्ड तथा जम्मू कश्मीर में लद्दाख की माँग इसी मनोवृति का सहज परिणाम है।[2]

सांस्कृतिक विभिन्नता के परिणामस्वरूप क्षेत्रीयतावाद को प्रोत्साहन मिला है। कुछ राज्यों को अपनी भाषा और संस्कृति पर बड़ा गर्व है। इसी आधार पर वर्षो पूर्व मद्रास में द्रविडमुनेत्र कडघम ने भारतीय संघ से पृथक होने की लालसा को संजोया है।

वर्तमान में आन्ध्रप्रदेश में नायडू की सरकार तेलगू भाषा और तेलगू संस्कृति को गौरवान्वित करने के आधार पर अपनी राजनीति चला रही है। असम में असमगण परिषद् भी असमी संस्कृति की रक्षा के लिए प्रयत्नशील व संघर्षरत है।

सामाजिक अन्याय और जातिवाद के आधार पर भी क्षेत्रीयता की प्रवृति बढ़ी है। हरियाणा और महाराष्ट्र में क्षेत्रीयता की प्रवृति में जाति एक भयावह सिद्ध हुई है। बिहार, उड़ीसा, मध्यप्रदेश के आदिवासियों द्वारा झारखण्ड, छत्तीसगढ़ तथा उत्तरप्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों की जनता द्वारा उत्तराखण्ड की माँग सामाजिक अन्याय और पिछड़ापन के उदाहरण है। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीयतावाद के राजनैतिक, भौगोलिक और करिश्माई व्यक्तित्व आदि कारक भी उत्तरदायी है।[3]

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयातावाद की प्रवृति के अनेक रुप है, जिसमें भारतीय संघ से पृथक होने की माँग, अपने लिए पृथक राज्य की माँग, क्षेत्रीय भाषायी विवाद, अन्तर्राज्यीय विवाद, क्षेत्रीय आर्थिक टकराव, राजनैतिक नेतृत्व और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का अस्तित्व प्रमुख है, परन्तु इनमें से आज क्षेत्रीयतावाद का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष पृथक् राज्य की माँग है जो भारतीय राजनीति को प्रभावित कर देश की एकता एवं अखण्डता को खतरा उत्पन्न कर रहा है। जिस पर विचार करना आवश्यक है।[4]

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयता का सर्वाधिक आत्मघातक रूप पृथक् राज्य की माँग है, आर्थिक पिछड़ापन, जाति, भाषा, धर्म आदि को लेकर विभिन्न क्षेत्रों द्वारा पृथक् राज्यों की माँग के संदर्भ में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष संघीय इकाइयों द्वारा पूर्ण राज्य का दर्जा करने की माँग है। इसी माँग के अनुसार सन् 1970 में हिमाचल प्रदेश, जनवरी, 1972 में त्रिपुरा–मणिपुर, 1967 में अरूणाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया गया। लेकिन भाषाई राज्य की माँग को पूर्ण करने के लिए सन् 1956 में राज्य पुनगर्ठन आयोग कुछ हद तक उत्तरदायी माना जाता है। क्योंकि भाषागत राज्यों की माँग ने राष्ट्रव्यापी अंसतोष को जन्म दिया, इसके द्वारा क्षेत्रीय भावनाओं को प्रोत्साहन मिला जिसके परिणास्वरूप सन् 1960 में बम्बई राज्य का विभाजन कर महाराष्ट्र और गुजरात राज्य की स्थापना की गई। तत्पश्चात् सन् 1966 में पंजाब राज्य का पुनगर्ठन कर पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ को संघीय प्रदेश बनाया गया। सितम्बर 1968 में असम पुनगर्ठन की योजना घोषित की गयी थी जिसमें राज्य के पहाड़ी लोगों के लिए पर्याप्त रुप से स्वायत शासन व्यवस्था दी गई थी। असम राज्य के अंतर्गत मेघालय स्वायतशासी राज्य स्थापित होने पर सन् 1971 में त्रिपुरा–मणिपुर, सन् 1975 में सिक्किम, 1986 में मिजोरम तथा 1987 में विभिन्न कारणों से गठित भारत संघ में 25 राज्य हैं तथा 7 केन्द्र शासित प्रदेश कार्यान्यवन के बाद भी विभिन्न राज्यों में पृथक् राज्यों की माँग उठ रही है तथा आंदोलन हो रहे हैं जो भारतीय राजनीति के समक्ष एक गहन चुनौती है।[5]

प्राय: छोटे राज्यों की माँग के पीछे अधिक ठोस यथार्थवादी कारण उतने नही होते जितने की भावानात्मक होते है। स्थानीय नेता जनभावनाओं को उत्तोजित करके अपना राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए समय–समय पर अलग राज्य की माँग उठाते रहते है जिससे एक राजनीतिक संस्कृति उत्पन्न होती है, लेकिन यदि एक ही राज्य के दो भिन्न क्षेत्रों के विकास में जमीन–आसमान का अंतर तथा विषमता चरम सीमा पर हो तो उनकी इस भावना को सबल आधार मिल जाता है।

प्रश्न छोटे राज्यों के निर्माण का नहीं है बल्कि राज्यों के आर्थिक विकास का है जो केवल उन्हें छोटे बना देने से हल नहीं हो सकता है इसके लिए आवश्यक है कि भूमि सुधार पर जोर दिया जाये। वहाँ स्थानीय उत्पादों के

* सह–आचार्य (राजनीति विज्ञान) एल.बी.एस. राजकीय महाविद्यालय, कोटपूतली (राज.) भारत

लिए बाजार विकसित किए जायें। वहाँ स्थानीय उत्पादों के लिए बाजार विकसित किए जायें और जितने भी पिछड़े हुए राज्य हैं उनके विकास के लिए एक समन्वित नीति एवं योजना तैयार की जाये तथा राजनीतिक, आर्थिक, प्रशासनिक एवं वैधानिक शक्तियों का यथासंभव विकेन्द्रीकरण किया जाये। वास्तव में पिछड़े क्षेत्रों के लोगों में जो उत्पीड़न का भाव समाहित हो गया है, उसे समाप्त करके उस क्षेत्र का विकास करना तथा वहाँ के लोगो को रोजगार और शिक्षा उपलब्ध कराकर छोटे राज्य की माँग को कुछ सीमा तक कम किया जा सकता है, लेकिन व्यावहारिक दृष्टि से देखा जाये तो यह सब हो पाना यदि असंभव नहीं तो कठिन सा अवश्य दिखाई देता है क्योंकि आज प्रत्येक क्षेत्र आलगाववाद की ज्वाला में धधक रहा है जिसके दुष्परिणाम स्वाभाविक हैं।

क्षेत्रीयता और प्रांतीयता की भावनाएँ जब राष्ट्रीय हितों से टकराती है तो देश की एकता और उसकी अखण्डता के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाता है। इस शाश्वत सत्य का प्रमाण ढूँढ़ने के लिए इतिहास के पन्ने उलटने की आवश्यकता नहीं है। हाल के वर्षों में एशिया में ही क्षेत्रीयता और प्रांतीयता की भावना से कई देशों के टुकड़े हुए है। एक बार अगर यह जहर फैल जाये तो समस्त राष्ट्रीय जीवन को विशाक्त बनाकर छोड़ता है। हमारे देश में समय-समय पर क्षेत्रीयता की भावना उठती रही है। भाषायी विवाद जो लम्बे अर्से से दबे रहे हैं फिर उभरने लगे हैं। कुछ राज्यों में भाषा अथवा अन्य आधार पर टुकड़े कर पृथक् राज्य बनाये जाने की माँग भी उठाई जा रही है।[6]

इस प्रकार क्षेत्रीयता की भावना जन-जीवन में समाहित होने के कारण आज हमारा देश केवल भारत और पाकिस्तान में ही नहीं अपितु एकाधिक क्षेत्रों में बँट गया है और प्रत्येक क्षेत्र में लोग दूसरों पर अपनी श्रेष्ठता को राजनीतिक औश्र मनोवैज्ञानिक संघर्ष और तनाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इससें केन्द्र तथा राज्य सरकारों के बीच संबंधों में विकृति आती जा रही है तथा स्वार्थी नेतृत्व एवं संगठन विकसित हो रहे हैं। भाषा की समस्या और मिला है। क्षेत्रीय आंदोलनों ने अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए धर्म, भाषा, जाति जैसे विघटनकारी तत्वों का सहारा लिया है जिससे भारत में राष्ट्रीय एकीकरण में नवीन बाधायें पैदा हो रही है। इसके साथ-साथ यदि देखा जाये तो आज भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों का बढ़ता प्रभाव क्षेत्रवाद के लिए उत्तरदायी है जैसे तमिलनाडु में टी.एम.सी., महाराष्ट्र में शिवसेना, असम कान्फ्रेंस आदि प्रमुख हैं जो अपने क्षेत्र विशेष के हितों का प्रतिनिधित्व करते है। पंजाब का अकाली दल जाट सिक्खों में से पूँजीवादी किसानों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। अत: क्षेत्रीय दल न तो सामाजिक दृष्टि से तटस्थ रहते हैं, न ही प्रशासन का एक अच्छा प्रतिमान प्रस्तुत करते हैं। इतना ही नहीं कई राजनीतिक दल जो पहले की कांग्रेस सरकार द्वारा दिए गए प्रशासन का एक अच्छा प्रतिमान प्रस्तुत करते है। इतना ही नहीं कई राजनीतिक दल जो पहले ही कांग्रेस सरकार द्वारा दिए गए प्रशासन प्रतिमान के स्थान पर कोई नया विकल्प भी नहीं प्रस्तुत कर पाये हैं। इतना ही नही कुछ क्षेत्रीय दलों ने तो भाषायी विखण्डवाद की भावनाओं को बढ़ावा दिया है। कन्नड विकास अभिकरण कन्नड़ भाषा को आगे बढ़ाने में यथाशक्ति प्रयास कर रहा हैं।[7]

क्षेत्रीयतावाद को नियंत्रित करने के उपाय – किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिये विशेष रुप से ऐसा जो अभी भी राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकीकरण की समस्याओं से जूझ रहा हो, क्षेत्रवाद की प्रवृति का विकास एक चिंताजनक विषय है, इसे नियंत्रित किया जाना न केवल उपयुक्त बल्कि समीचीन भी है, यथा:

1. सरकार द्वारा विकास कार्यक्रमों का निर्धारण इस प्रकार होना चाहिए ताकि संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिल सके।
2. पिछड़े क्षेत्रों के आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।
3. विशिष्ट जातीय समुदाय को अपनी विशिष्ट संस्कृति और पहचान को सुरक्षित रखने के लिये सरकार का सकारात्मक सहयोग मिलना चाहिये।
4. भाषायी विवादों का अविलम्ब सात्विक समाधान होना चाहिये।
5. केन्द्रीय मंत्रिमंडल में सभी क्षेत्रों का संतुलित प्रतिनिधित्व हो ताकि क्षेत्रीय पक्षपातपूर्ण नीतियों का खण्डन हो सके।
6. प्रकार माध्यमों और शिक्षा द्वारा क्षेत्रीयतावाद की संकीर्ण भावनाओं के विरुद्ध वातावरण तैयार किया जाये।
7. सभी क्षेत्रों के लोगों को बिना किसी भेदभाव के समान आर्थिक सुविधायें प्रदान की जायें ताकि आवश्यक ईर्ष्या और असंतोष न होवे।

निष्कर्ष रुप में यदि देखा जाये तो पृथक् राज्यों की माँग जहाँ सैद्धान्तिक दृष्टि से एक ओर अव्यावहारिक है वहीं राष्ट्रीय एकीकरण के मार्ग में बाधक भी है, दूसरी ओर वहीं व्यावहारिक दृष्टिकोण से पृथक् राज्यों की माँग उचित दिखाई पड़ती है क्योंकि इससे प्रत्येक क्षेत्र विशेष, अपना आर्थिक, सामाजिक, साँस्कृतिक विकास कर सके अपने जीवन स्तर को ऊँचा कर सकेगा क्योंकि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में लोगों की सच्ची भागीदारी के लिए सत्ता और आर्थिक शक्ति का विकेन्द्रीकरण तभी सार्थक होगा जब आर्थिक, राजनीतिक सत्ता के विकन्द्रीकरण के लिये राज्यों को पुनर्गठित किया जाये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. आर.एन. त्रिवेदी : भारतीय राजनीतिक व्यवस्था 1995
2. डॉ. वी.वी. तायल : भारतीय शासन और राजनीति।
3. डॉ. हरिशचन्द्र शर्मा : भारत में राज्यों की राजनीति।
4. डॉ. एम.पी. राय : भारत की राजनीतिक व्यवस्था।
5. डॉ. अरूण चतुर्वेदी: राजनीति के विविध आयाम।
6. डॉ. पुखराज जैन : भारतीय शासन एवं राजनीतिक।
7. इंडिया टुडे, नई दिल्ली।

****

Overview and Applications of Ionic Liquids

Mukesh Kumar Mehta*

Abstract - Extensive use of toxic and volatile solvents (Volatile) in the chemical industry leads to serious environmental damage. Therefore, finding a suitable alternative for these solvents, which are environmentally sound and at the same time have the properties of common solvents, is strongly felt in the pharmaceutical and chemical industries. New solvents known as solvents as well as green catalysts include supercritical carbon dioxide and Ionic liquids. Ionic liquids contain organic compounds that are all composed of ions. Ionic liquids (ILs) are a new category of compounds that have received a lot of attention in recent years. In this review, a general description about ILs, structure of Ionic Liquid and its classification are summarized. The basic applications also are discussed in detail.

Introduction - Ionic liquids are compounds that have revolutionized research centers and chemical industries in recent years.[1]These compounds, which are part of green chemicals like solvents, have a very important role in reducing the use of Hazardous, toxic, and environmentally harmful.



Figure 1. The cations and anions representing the common factor group[2]

by Wehenkal and it was used to monitor transient stability [8]. DT is a method for approximating linguistic as well as the numeric data in precision. Reference [9] has used regression tree for calculation of joint bus ranking (JBR) which estimate the approximate value of maximum loadability margin (MLM). But in this algorithm exact status of operating conditions whether it is secure or insecure is not known.

In this paper binary decision tree has been used for classification of power system operating conditions whether it is secure or insecure using data base of the power systems. Importance of decision variable which is based on information gain is calculated. DTs have been further used for calculation of JBR for optimal placement of PMUs. Results are compared with and without optimal placement of PMUs. PMUs are placed on selected top most sensitive buses which affect the MLM most.

Maximum Loadability Margin - For ensuring voltage security of power system, it is essential to know how much to operate steady state after some perturbation has been occurred within the specified limits of safety and supply quality constraints corresponding to contingencies [10]. After certain time period, power system reaches steady state operating conditions without disturbing power system parameters, like bus voltage violations or thermal limits of the line [11], [12]. To quantify the degree of security, Maximum Loadability margin (MLM) is commonly used as a voltage stability index which quantifies how close a particular operating point is to the point of voltage collapse to estimate the steady state voltage stability limits of the power system. Voltage stability margin is defined as distance with respect to the divergence parameter, of the current operating point to the voltage collapse point [13]. The system is said to be voltage secure if this margin is reasonably high. Fig.1 depicts the voltage Vs real loading variation of power system. In case of contingency the MLM is reduced to a lower value [14] margin is available from the voltage collapse point [15], [16]. Security is defined as the ability of the system to remain in secure equilibrium state even after contingency has been occurs.



Fig. 1. P-V Curve

Phasor Measurement Unit

PMU Methodology -In power system to monitor the security of network, it is very important to understand the concept of wide area security. Phase measurement unit is a device which calculates voltage and current magnitudes and their angles in a real time. Angle difference between voltage and current phase is the fundamental measuring capacity of PMUs. There are some monitoring control stations which receives the signal continuously from various satellites. This helps administrator to control power system accurately. The PMU connected with the GPS is used to achieve the synchronization of sampled signals. In the real-life system, PMU receives current and voltage waveforms as input signal, which are generated from current and potential transformer. The input signals are sampled, isolated and filtered at an effective rate of samples per cycle of the fundamental frequency [17], [18].

Due to phasor technology and the PMU device, electric power network was found more reliable, stable and controllable in the following sections. The PMU has a vast potential of application in power system. These are:

1. Accurately measure frequency, magnitudes of voltages and currents
2. State estimation
3. Prediction of instability
4. Adaptive relaying

PMU is a very costly device. Placing PMUs at all buses is not economically feasible. To minimize the maintenance and per unit costs, optimal PMU placement is implemented to reduce the number of PMUs installed and to achieve entire degree of system observability.

In this work by using the advantage of DT, it is desired to consider least input features in order to accelerate the training process by keeping the acceptable prediction accuracy. Thus the input feature must capture the system behavior as much as possible. Therefore only basic measurements (i.e. Voltage magnitude, Voltage angle, Current magnitude and Current angle) from PMU installed buses has been considered in this research work.

Decision Tree - Decision tree learning is a method commonly used in data mining which is the branch of Machine Learning. The aim is to create a model that classify the events in terms of given classes based on many input variables. For classification of system decision tree is used because of its representation manner is very simple. There are many variations on the core decision tree algorithm and their root node procedure is almost same. Splitting criterion of the DT into smaller groups in such a manner that each new generation of nodes can have greater purity than its ancestors with respect to the target variable [19]. The binary tree is based on Classification and regression tree (CART) algorithm i.e. each non-leaf node has two children and leaves are not all at the same distance from the root. Each node represents a yes-or-no question, whose answer determines among the two paths, in which path a record proceeds to the next level of the tree and some stopping rules is used for stopping tree growing process. In this research CART algorithm has been used for building decision tree. The algorithm is based on binary trees which

classify the events in terms of secure/insecure operating states of power system [20].

Algorithm for PMU Placement - To find the optimal PMU location first considered that PMUs are placed at all buses throughout the power network i.e. 400 KV Maharashtra State Electricity Transmission Company Limited (MSETCL)- 19 bus systems. Database is to be generated at each bus with different loading conditions and corresponding stability margin has to be calculated. With this database, binary decision tree will be trained. From the trained tree, variable importance and hence joint bus ranking (JBR) is calculated. And finally tree building and accuracy is calculated by assuming PMUs placement at 5 top ranked buses based on JBR. Proposed technique is explained in following steps:

1) Database generation- For database generation various operating and loading conditions have been considered which represents the knowledge of the system hidden into large data bases. Corresponding to each operating condition, continuation power flow (CPF) is performed. Result of CPF provides the maximum loading power at which voltage collapse will occur. By using (2) the voltage stability margin is calculated corresponding to each operating conditions. The same process is performed for different operating conditions under various contingencies (line outages).

2) Decision tree learning -DT acquires knowledge from database and utilizes for classifying secure/insecure operating states with the help of voltage, current magnitudes and their angles.

3) Variable importance (VI) -Variable importance is a special feature which will be calculated for each variable used. *VI* has great significance on voltage stability margin in terms of voltage and current phasors. Importance of variable has been calculated by impurity level of each split. Any voltage or current is used as a variable for splitting tree node and impurity level has to be checked at that splitting node which shows the importance of the selected variable. Variable importance is the contribution of each variable to the overall tree when all nodes are considered. To calculate the variable importance, find all splits $s \varepsilon S$ on variable x_m at each node $t \varepsilon T$ and discover the split s^*_m that gives the largest decrease in regression tree R.

$$\Delta R(s_m^*, t) = \max_{s \in S} \Delta R(s, t)$$

Suppose s^* is the best split of s^*_m split and s_m is the split on variable x_m that has the best agreement with s* in terms of partitioning cases. Mathematical expression of importance of variable x_m can be expressed as in (1)

$$VI(x_m) = \sum_{t \in T} \Delta R(\tilde{s}_m, t) \qquad (1)$$

4) Joint Bus Ranking (JBR)-Joint bus ranking (JBR) is to be calculated for each bus. Based on JBR values, buses are ranked in descending order. The buses with higher JBR values have more impact on voltage stability. JBR of a bus is calculated by adding *VI* of each variable monitored at that bus. Mathematical expression JBR of bus *i* can be expressed as in (2)

JBR_i= Sum of variable importance of each variable which is measured by i^{th} bus

$$JBR_i = \sum_{x \in i} VI(x) \qquad (2)$$

Where *X* is the vector of variables, x is the individual variable belongs to *X*, and *VI(x)* is its importance. By specifying $x \varepsilon i$ only the variables measured at bus *i* is counted [9].

After calculating combined bus ranking, buses are ranked in descending order on the basis of JBR values. Then top rank buses are selected for PMU placement. Firstly PMU placed at all buses so, all bus voltage and all branch current magnitude and angle is considered as a variable for training of tree. secondly JBR is calculated and based on that PMU is placed only on top ranked buses and only those variables is used which is associated only top ranked buses. Then DT is trained by using top rank bus variable.

Case Study (MSETCL) - In order to evaluate the applicability of the proposed method, MSETCL 400 KV system has been selected for the online security assessment. This system consists of 19 load buses and 5 generators in Fig 2. The loading patterns were generated by varying the real and reactive loads under each line outage, with the load variations in the range of 50% to 150% of their case based load. In this work loading patterns for critical lines are different by line to line outage. Accordingly training patterns and testing patterns of the loading lines are also different given in Table 1. Maximum loadability margin (MLM) for each of the load patterns and under each line outage were calculated. After calculating MLM, secure and insecure operating conditions were identified.

Table 1. Numbers of Instances are varying with Line Outages

S.	Line Outages	Total no. of instances	Training patterns	Testing patterns
1	Line outage 3	257	210	47
2	Line outage 4	1084	900	184
3	Line outage 5	304	260	44



Fig. 2. 400 kV Maharashtra State Electricity Transmission Company Limited System (MSETCL), India

MLM classified into two classes namely secure and insecure with respect to threshold or critical value (ëcr = 0.4 p.u.) In this work, for line outage no.3, out of 257 instances 210 were used for training pattern and 47 were used for testing pattern. Here the classification of these patterns is done in terms of their accuracy as in (3).

$$Classification_accuracy = \frac{N_{Test\ cases} - N_{Misclassified\ cases}}{N_{Test\ cases}} \quad (3)$$

Classification is given in Table 2 of insecure operating conditions for line outages-3. Results and analysis of line outage-3 is given the description of training set and testing set in Table 3 and Table 4.

Table 2. (see in last page)

For line outage-3 training set consists 210 OC's and testing set consists 47 OC's. Percentage of secure and insecure conditions of training set and testing set is given in Table 3 and 4. Percentage of secure/insecure cases in training set and testing set of line outage-3 is given in Fig.3.

Table 3. Training set

Class	No. Of OC's	Percentage
Class 1 (Insecure)	189	90%
Class 2 (Secure)	21	10%

Table 4. Testing set

Class	No. Of OC's	Percentage
Class 1 Insecure)	42	89%
Class 2 (Secure)	5	11%



Fig. 3. Percentage of secure/insecure cases in training and testing sets

Database Generation - The database has been generated for 400 KV MSETCL-19 bus systems with the help of NR load flow and CPF using MATLAB software. Hidden knowledge in generated operating conditions is represented by these artificial huge data base. Since PMUs measure voltage and current phasors therefore voltage and current phasors on each bus is obtained by performing Newton-Raphson load flow under each operating condition are as follows:

1) V_{mj} Voltage magnitude at bus *j*, where *j=1,2,3,…..,n* , where *n* is number of buses

2) V_{aj} Voltage angle at bus *j*

3) I_{mjk} Current magnitude of transmission line from bus *j* to *k* , Where *j=1,2,3,…..,n* and *k=1,2,3,…..,n, j ≠ k* and there is a line between *j* and *k*

4) I_{ajk} Current angle of line from bus *j to k* , Where *j* to *k* , where *j=1,2,3,…..,n* and *k=1,2,3,…..,n, j ≠ k*

Feature Selection - Feature selection is a unique feature of decision tree which shows the role of particular attribute in decision making. By obtaining variable importance the impact of particular system parameter on voltage stability margin has been determined. The variable with higher variable importance will have higher impact on voltage stability margin.

Accuracy of decision trees: The classification accuracy of the system calculated by using (3). When the PMU placed at all buses the classification accuracy has been found less than PMU placed at 5 top ranked buses.

Table 5 shows the variable importance of each individual variable by assigning some numerical weights. Variables which are having zero numerical weights are not included.

Table 5. Variable importance of each variable at 400 KV MSETCL-19 bus system

Serial number	Variable name	Variable importance
1	Vm3	0.0006
2	Vm5	0.0018
3	Vm7	0.0003
4	Vm13	0.0001
5	Vm16	0.0001
6	Vm18	0.0002
7	Va1	0.0034
8	Va5	0.0001
9	Va6	0.0001
10	Va15	0.0001
11	Va19	0.0006
12	Im2	0.0003
13	Im3	0.0015
14	Im6	0.0001
15	Im11	0.0001
16	Im12	0.0002
17	Im14	0.0001
18	Im23	0.0002
19	Im29	0.0001
20	Im31	0.0004
21	Im32	0.0001
22	Im33	0.0011
23	Im34	0.0001

Joint bus ranking (JBR) has been calculated for each bus by using variable importance of each variable of decision tree. Higher the value of JBR implies that bus is a critical bus which affects the stability margin most. The JBR has been calculated from variable importance of each variable and it is used to find optimal PMU locations. Mathematical expression of JBR of i^{th} bus expressed as in (2). Table 6 shows the rank of each bus. Optimal PMU location has determined from the JBR. JBR gives the most sensitive buses to any load changes in the system so that they can monitor variables for security assessment. Most of the buses are not much sensitive to load changes and hence not important to monitor because PMUs are the costly

devices. So power system planners must optimize the cost of PMUs by proper selection of location of PMUs.

Testing of DT with and without optimal placement of PMU

From Table 6, it is observed that classification accuracy is found highest with 5 top ranked buses, are selected for PMU placement. The accuracy with 5 top ranked buses is found to be 91.3%. In case of PMUs placed at all the buses the accuracy is found to be 89%. As the number of PMU requirement is greatly reduced by this approach. Table 7 represents the variation of nodes and corresponding accuracy induced with PMU placement at various locations in the network for 400 KV MSETCL-19 bus Indian systems. These PMU locations have been determined on the basis of JBR. It is observed that number of node variation does not follow any pattern with PMU locations.

Table 6. Joint bus ranking of each bus at 400 KV MSETCL-19 bus Indian system

Rank	Bus no.	JBR
1	2(KORDY)	0.0037
2	3(BHSWL2)	0.0024
3	5 (BBLSR2)	0.0019
4	4 (ARGBD4)	0.0015
5	19 (PARLY2)	0.0006
6	17 (KARAD2)	0.0005
7	7 (PADGE)	0.0004
8	18 (SOLPR3)	0.0004
9	10 (LONKAND)	0.0004
10	16 (JEJURY)	0.0002
11	9 (KARGAR)	0.0001
12	14 (KOYNA-4)	0.0001
13	6 (DHULE)	0.0001
14	15 (KLHPR3)	0.0001
15	13 (KOYNA-N)	0.0001
16	1(CHDPUR)	0
17	8 (KALWA)	0
18	11 (NGOTNE)	0
19	12(NGOTNE)	0

Table 7. Comparison of Decision Trees with and without optimal number of PMUs

PMUs at number of buses	Number of nodes	% Accuracy in DT
PMUs at all 19 buses	53	89%.
PMUs at top 5 buses	72	91.30%

Conclusion- Due to the growing size and complexity of power systems, real time decision making and power system analysis becomes extremely difficult. In order to overcome the above challenges, DT (one of the data mining tool) is proposed which is generic and more efficient and accurate. It can capture full system behavior, and effectively characterize the weakness of the current operating conditions. It is also fast enough to take control actions as soon as a vulnerable event has occurs. It will be most suitable for implementation in power systems voltage security assessment. Since it can handle numeric as well as linguistic data with precision. Therefore after voltage security assessment, to identify the most sensitive buses which are most viable and hampered the security of power system. PMUs are monitoring devices and should be placed only on such buses which affect the security most. Such buses are ranked in terms of index called joint bus ranking. Therefore only top 5 buses are selected to place the PMUs in place of 19 buses. The accuracy of the classification of operating states is found more for optimally selected buses for PMU placement as compared to place the PMUs on all the buses. Economy is also one of the important objectives of the power system planners. As number of PMUs are reduced for same or higher classification accuracy, that reduces the cost of PMU devices in overall system. This paper will help the power system planners for optimizing the cost of PMUs which is likely to be implemented in future. PMU is the latest technology for monitoring the system which can be used for other functions also in the power systems. Implementation of PMUs in system will certainly enhance the reliability of the system equally and would avoid the blackout such as July 2012 of Northern and North-Eastern grids.

References:-

1. Behzad Farhangi Rad & Mehrdad Abedi, “An optimal Load Shedding scheme during contingency situations using Meta Heurisatics algorithms with applications of AHP method”, International conference on OPTIM, pp. 167-173, May 2008
2. Venkat Krishnan, James D McCalley, Sebastien Henry & Samir Issad, “ Efficient database generation for decision tree based power system security assessment”, IEEE Transactions on Power systems, Vol. 26, No. 4, pp. 2319-2327, Nov 2011.
3. Yuri. V. Makarov, Pengwei Du, Shuai Lu, Tony B. Nguyen, Xinxin Guo, JW Burns, Jim Gronquist, MA Pai,” PMU based wide area security assessment concept, method and implementation”, IEEE Transaction on Smart Grid, vol. 3, No. 3, pp. 1325-1332, Sept 2012.
4. R. Khatib, R. F. Nuqui, MR Ingram, AG. Phadke, “Real time estimation of security from voltage collapse using synchronised Phasor measurements”, IEEE PES General meeting, Vo. 1, pp. 582-588, 2004.
5. Borka Milosevic, and Miroslav Begovic,”Voltage-Stability Protection and Control Using a Wide-Area Network of Phasor Measurements”, IEEE Transactions on Power Systems, Vol. 18, No.1, pp. 121-127, Feb 2003.
6. Aranya Chakrabortty and Pramod P. Khargonekar, “Introduction to Wide-Area Control of Power Systems”, American Control Conference, Washington, DC, June 17-19, pp. 6758-6770, June 2013.
7. Takuhei Hashiguchi, Hiroyuki Ukai, Yasunori Mitani, Masayuki Watanabe, Osamu Saeki and Masahide Hojo,” Power System Dynamic Performance Measured by Phasor Measurement Unit”, IEEE Power Tech, Lausanne, 1-5 July, pp. 1694-1699, July 2007.

8. Mahmoodianfard, Mohammadi, Gharehpetian and Askarian "Optimal PMU placement for voltage security assessment by using DT", IEEE Bucharest Power Tech Conference,June 28-July 2, 2009, Bucharest, Romania.
9. Ce Zheng, Vuk Malbasa, Mladen Kezunovic"Regression Tree for stability margin prediction using synchronous measurements", IEEE Transactions on power systems,Vol. 28, No. 2, May 2013, pp. 1978-1987
10. Mudthir F. Akorede, HashimHizam, IshakAris and MohdZainalAbKadir; "Contingency Evaluation for voltage security assessment of power systems"; IEEE student conference on Research and Development (SCOReI) 2009, UPM Serdang, Malasia, pp. 345-348; 16-18 Nov 2009.
11. M. Beiraghi, A. M. Rajbhar, "Online Voltage security assessment based on wide area measurements", IEEE Transactions on Power Delivery, Vol. 28, No.2 , pp. 989-997, April 2011.
12. S. Sach, A. Khairuddin, " Decision tree for state security assessment classification"; International conference on future computer and communication, pp. 681-684, 2009.
13. Gilles Nativel, YannickJacquemart, Vincent Sermanson and Guy Nerin;" Integrated framework for voltage security assessment"; IEEE Transactions on Power Systems, Vol. 15, No. 4, pp. 1417-1422, November 2000.
14. T. Amoraee, A. M. Ranjbhar, R. Feuillet & B. Mozafari, "System Protection scheme for mitigation of cascaded voltage collapses", IET Gener. Transm Distribution, Vol.3, Iss. 3, pp.242-256,2009.
15. M. Suzuki, S. Wada, M. Sato, T. Asano & Y. Kudo,"Newly developed voltage security monitoring system", IEEE Tansactions on Power systems, Vol. 7, No. 3, pp. 965-973, August 1992.
16. Claudio A, Cnizares & Sameh K.M. Kodsi, "Tools for voltage collapse assessment," IEEE MELECON 2006, pp. 939-942, May 2006.
17. A.G. Phadke, "Synchronised phasor measurement in power system", in proc. IEEE Computer application in power,vol.6, No.2, Apr.1993, pp. 10-15 .
18. J.D. LaRee, S. Member,V. Centeno, J.S. Thorp, A.G. Phadke, "Synchronised phasor measurement Application in power system", IEEE Transactions on Smart Grid,Vol. 1, No. 1, 2010, pp. 20-27 .
19. J.Brownlee "Classification and regression tree for machine learning", Machine learning mastery, April 8 2016.
20. NP Patidar and Jaydev Sharma "Power system Voltage Security Assessment and Optimal Load Shedding Using CBR Approach" IEEJ Transactions on Power and Energy, Vol. 128, No.11, pp.-1304-1312,2008.

Table 2. Classification of Operating conditions for Line outage-3 OF 400 KV MSETCL-19

Test case number	Class estimated by CPF	Class predicted by Decision Tree with PMU at all 19 buses	Class predicted by Decision Tree with PMU at top 5 ranked buses
1	I	I	I
2	I	I	I
3	I	I	I
4	I	I	I
5	I	I	I
6	I	I	I
7	I	I	I
8	I	I	I
9	I	I	I
10	I	I	I
11	S	I	S
12	I	I	I
13	I	I	I
14	I	I	I
15	S	S	S
16	I	I	I
17	I	I	I
18	I	I	I
19	I	I	I
20	I	I	I
21	I	S	I
22	I	I	I
23	I	I	I
24	I	I	I
25	I	I	I
26	I	I	I
27	I	I	I
28	I	I	I
29	I	I	I
30	I	I	I
31	I	I	I
32	I	I	I
33	I	I	I
34	I	S	I
35	S	S	S
36	I	S	I
37	S	I	S
38	I	I	I
39	I	I	I
40	I	I	I
41	I	I	I
42	I	I	I
43	I	I	I
44	I	I	I
45	I	I	I
46	I	I	I
47	I	I	I

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

छायावाद के प्रवर्तक और आधार-स्तम्भ

हितेश कुमार*

शोध सारांश – प्रारंभ में छायावाद का प्रयोग व्यंग्य रूप में अस्पष्ट कविताओं के लिए हुआ, जिनकी छाया (अर्थ) कहीं और पड़ती थी। परन्तु कालान्तर में, यह नाम उन कविताओं के लिए रूढ़ हो गया, जिनमें मानव और प्रकृति के सूक्ष्म सौंदर्य में आध्यात्मिक छाया का भान होता था और वेदना की रहस्यमयी अनुभूति की लाक्षणिक एवं प्रतीकात्मक शैली में अभिव्यंजना की जाती थी। **'प्रेम, प्रकृति और मानव सौंदर्य की स्वानुभूतिमयी रहस्यपरक सूक्ष्म अभिव्यंजना लाक्षणिक एवं प्रतीकात्मक शैली में जिस काव्य में होती है, उसे छायावाद कहा जाता है।'**

शब्द कुंजी –'प्रेम, प्रकृति और सौंदर्य का प्रतीक छायावाद।'

प्रस्तावना

छायावादी काव्य का स्वरूप:

1. स्थूलता के स्थान पर सूक्ष्मता का चित्रण।
2. रहस्यवादी प्रवृत्ति की विद्यमानता।
3. प्रेम, प्रकृति और सौंदर्य का काव्य।
4. स्वानुभूति की प्रधानता।
5. अंग्रेजी की रोमांटिक काव्यधारा से प्रभावित।
6. सांस्कृतिक चेतना एवं मानवतावादी दृष्टिकोण की प्रमुखता।

द्विवेदी युग के प्रतिक्रियास्वरूप, स्थूलता, अतिशय नैतिकता एवं इतिवृत्तात्मकता के विरोध में छायावाद का जन्म हुआ। इसमें अतीत गौरव की अभिव्यक्ति, स्वाधीनता की चेतना, राष्ट्रप्रेम, त्याग और बलिदान, अस्मिता की खोज तथा गांधीवादी जीवन मूल्यों का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

छायावाद के प्रवर्तक : पद्मश्री पण्डित मुकुटधर पाण्डेय –आपका जन्म महानदी एवं माण्ड नदी के संगम पर स्थित ग्राम बालपुर, जिला- जांजगीर चाम्पा, छ.ग. (अविभाजित म. प्र.) में एक साहित्यिक खानदान में 30 सितम्बर 1895 को हुआ। हिन्दी में आपकी प्रथम छायावादी कविता 'कुररी के प्रति' है, जिसमें आपने महानदी के तट पर उड़ती चिड़िया को देखकर अपने मनोभाव को अभिव्यक्ति प्रदान की। अभिव्यक्ति इस प्रकार हुई कि एक दिन आधी रात को किसी पक्षी के करुण विलाप से वे नींद से जाग उठे और करुणा से उनके हृदय के तार निम्न पंक्तियों में झंकृत हो उठे-

'बता मुझे ऐ विहग विदेशी अपने जी की बात।
पिछड़ा था तू कहाँ, आ रहा जो कर इतनी रात।।'
'कोई सुने न सुने, सुनता कुछ अपने ही आप।
अंतरिक्ष में करता है तू क्यों अनवरत विलाप।।'
'परदेशी पक्षी, चिंता की धारा को दे मोड़।
अंतर की पीड़ा को दे अब अन्तर-तर से जोड़।।'

आप कवि के साथ-साथ एक कहानीकार, निबंधकार, उपन्यासकार भी थे एवं सबसे महत्त्वपूर्ण पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन भी किए। आपका निधन 06 नवम्बर 1989 को हुआ।

प्रकाशित कृतियाँ–

1. पूजाफूल, 1916
2. शैलबाला, 1916
3. परिश्रम (निबंध संग्रह), 1017
4. लच्छमा (अनुदित उपन्यास), 1917
5. हृदयदान (कहानी संग्रह), 1918
6. मामा, 1924
7. छायावाद एवं अन्य निबंध, 1979
8. स्मृति-पुंज, 1983
9. विश्वबोध (काव्य संग्रह), 1984
10. छायावाद एवं अन्य श्रेष्ठ निबंध, 1984
11. मेघदूत, 1984

छायावाद के प्रवर्तक पद्मश्री पण्डित मुकुटधर पाण्डेय की काव्यधारा एवं विचारों पर गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर (अविभाजित म0 प्र0) के प्रथम कुलपति माननीय शरदचंद्र बेहार जी कहते हैं कि पाण्डेय जी ने भौतिकता, विज्ञान एवं रीतिकालीन प्रवृत्तियों का विरोध किया। उनके अनुसार, कला एवं संगीत, काव्य में निहित होना चाहिए; काव्य में मानव एवं मनुष्य की कोमल भावनाओं का चित्रण होना चाहिए; अपने व्यक्तित्व की छाप कविता पर जो दे न सके, वह कवि नहीं; प्रकृति पर विज्ञान के सहारे विजय न हो; वसुधैव कुटुम्बकम् समाप्त हो गया है और मनुष्य हाशिए पर चला गया है; मानव, मानव न रहकर वह उत्पादक और उपभोक्ता हो गया है। पाण्डेय जी के कविता लेखन के संबंध में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो0 जी डी शर्मा जी कहते हैं कि 14 वर्ष की उम्र में इनकी कविता के प्रकाशन होने से पाण्डेय जी कविताई में आगे प्रवृत्त हुए। प्रो0 शर्मा जी छायावाद के संबंध में आगे कहते हैं कि खड़ी बोली में प्रकृति की कल्पना करना, प्रेम की अभिव्यक्ति करना छायावादी कवियों के लिए चुनौतीपूर्ण काम था।

1920, भारत में स्वाधीनता आंदोलन के प्रारम्भ का समय था और इसी समय काव्य में सांस्कृतिक जागरण की शुरूआत भी हुई। साहित्य जगत को पाण्डेय जी 'छायावाद' शब्द देते हुए, उन्होंने जबलपुर की श्री शारदा नामक पत्रिका में इसका विस्तृत विश्लेषण किया है। काशी से डॉ0 अवधेश प्रधान छायावाद विचारधारा पर अपना विचार व्यक्त करते हैं कि

*आर/ओ कामसर एच.नंबर 169 वार्ड नंबर 3 तहसील हवेली, जिला पुंछ (जम्मू और कश्मीर) भारत

छायावाद चेतना के सौंदर्य को व्यक्त करता है; सौंदर्यबोध से ही मनुष्य, पूर्ण मनुष्य बनता है; बिना सौंदर्यबोध के मनुष्य डॉक्टर, इंजीनियर सब बन सकता है, परन्तु वह मनुष्य नहीं। प्रधान जी का मानना है कि तकनीकी की सहायता से हम छायावाद की चर्चा कर सकते हैं, छायावाद की रचना नहीं। इनके अनुसार, मानव 'संसाधन' कहना मानव चेतना का अपमान है तथा 'शिक्षा' के द्वारा जिसे हम सम्बोधित करते हैं, वह मनुष्य है।

राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 विनयकुमार पाठक जी छायावाद एवं रहस्यवाद में अंतर स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि छायावाद प्रकृति की 'मानवीय' चेतना का प्रतिरूप है, जबकि रहस्यवाद प्रकृति की 'ईश्वरीय' चेतना का प्रतिरूप है। छायावाद पर पाठक जी का मानना है कि गीत, छायावाद में उत्कर्ष पर पहुँचा एवं छायावाद में परम्परा का विद्रोह न होकर रूढ़ि का विद्रोह हुआ है। पं0 मुकुटधर पाण्डेय जी की काव्यधारा के संदर्भ में वे लिखते हैं कि पाण्डेय जी ने राष्ट्रीय काव्यधारा को आगे बढ़ाया है।

जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानन्दन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला एवं महादेवी वर्मा छायावाद के चार आधार स्तम्भ हैं। यदि निराला ने उसे जन्म दिया तो प्रसाद ने उसे खड़ा किया, पंत ने उसे सवाँरा और महादेवी वर्मा ने उसमें प्राण प्रतिष्ठित किया।

छायावाद के आधार-स्तम्भ- पं0 सूर्यकांत त्रिपाठी निराला-छायावादी युग में इनके तीन काव्य संग्रह प्रकाशित हुए। (1) अनामिका, 1923 ई0, (2) परिमल, 1930 ई0, (3) गीतिका, 1936 ई0। इन संग्रहों में स्वाधीनता की भावना सर्वत्र विद्यमान हैं। इनके अलावा 1938 ई0 में प्रकाशित 'तुलसीदास' नामक कविता में भी छायावादी काव्यांदोलन का स्वर साफ सुनायी देता है। इन्होंने 'जूही की कली' में परम्परावादी काव्य शिल्प को तोड़कर हिन्दी कविता को स्वच्छन्द भाव-भूमि प्रदान की है। 1924 ई0 में 'मतवाला' पत्रिका में प्रकाशित 'बादल राग' कविता में इन्होंने बादल को क्रांति का प्रतीक मानकर लघु मानव के दुख को अपने काव्य की विषय वस्तु बनाया।

'जीर्ण बाहू, है शीर्ण शरीर,
तुझको बुलाता कृषक अधीर,
ऐ विप्लप के बीर !
चूस लिया है उसका सार,
हाड़-मात्र ही है आधार,
ऐ जीवन के पारावार !'

निराला जी के काव्य की विषय-वस्तु सर्वहारा वर्ग के दलित, गरीब, मजदूर किसान रहें हैं। छायावादी युग में रचित 'वह तोड़ती पत्थर', 'दीन', 'गरीबों की पुकार', 'भिक्षुक', 'विधवा' आदि कविताएँ इसके ज्वलंत उदाहरण हैं।

'जागो फिर एक बार' में निराला जी ने स्वाधीनता आंदोलन का शंख फूँका है-

'शेरों की मांद में
आया है आज स्यार
जागो फिर एक बार।'

छायावाद के आधार-स्तम्भ- जयशंकर प्रसाद - इनका 'झरना' काव्य संग्रह 1918 में प्रकाशित हुआ। इसमें छायावादी प्रवृत्तियों का सर्वप्रथम परिचय प्राप्त हुआ। 1931 में 'आँसू' प्रकाशित हुआ। इसमें छायावादी प्रवृत्तियाँ प्रौढ़ रूप में देखने को मिली। यह एक प्रेमकाव्य है, जिसमें कवि का व्यक्तिवाद तथा प्रेम वेदना की दिव्य झाँकी प्रकट हुई है। इस काव्य का नायक कवि स्वयं है। उसके आँसुओं के माध्यम से अतीत संयोग की सुखद स्मृतियाँ उसे झकझोर देती हैं-

'जो घनीभूत पीड़ा थी, मस्तक में स्मृति छा गई।
दुर्दिन में आँसू बनकर, वह आज बरसने आई।।'

'लहर' और 'कामायनी' इनके चरम साहित्यिक उत्कर्ष काल की रचनाएँ हैं। 'लहर' इनकी एक मुक्तक रचना है। इस संग्रह में प्रेमगीत, आत्मकथा, राष्ट्रीय गीत, प्रकृति चित्र, ऐतिहासिक आख्यान आदि विषय समाहित हैं।

प्रेमगीत-

'अरे कहीं देखा है तुमने, मुझे प्यार करने वाले को।
मेरी आँखों में आकर फिर, आँसू बन टलने वाले को।।'

प्रकृति चित्र-

'बीती विभावरी जाग री'

प्रसाद जी की कला का सर्वोच्च शिखर 'कामायनी' है। छायावादी युग का यह सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य है। इसमें मनोविकारों के सूक्ष्म चित्र, प्रकृति का मनोरम चित्र, नारी सौंदर्य एवं प्रणय के चित्र, प्रतीक चित्र, भाषा के चित्रात्मक लाक्षणिक चित्र जितने प्रभावकारी और सुन्दर है, उसका उद्देश्य उतना ही लोकोपकारी एवं आदर्श रूप है।

छायावाद के आधार-स्तम्भ- सुमित्रानंदन पंत-सुमित्रानंदन पंत का छायावादी काव्यधारा को संवारने में अद्भुत योगदान है। इनके काव्य की विशेषता यह है कि विषय-वस्तु की भिन्नता होने पर भी उनमें कल्पना की स्वच्छंद उड़ान, प्रकृति के प्रति आकर्षण और प्रकृति एवं मानव जीवन के कोमल और सरस पक्षों के प्रति अटूट आग्रह है। वे 'कल्पना तत्त्व' पर लिखते हैं- 'मैं कल्पना के सत्य को सबसे बड़ा सत्य मानता हूँ,........मेरा विचार है कि 'वीणा' से लेकर 'ग्राम्या' तक अपनी सभी रचनाओं में मैंने अपनी कल्पना को ही वाणी दी है।'

अपने कवि जीवन के आरम्भिक दौर में पंत जी प्राकृतिक सौंदर्य से इतने अभिभूत थे कि नारी सौंदर्य के आकर्षण को भी उसके सम्मुख न्यून मान लिया था-

'छोड़ द्रुमों की मृदु छाया,
तोड़ प्रकृति से भी माया।
बाले तेरे बाल - जाल में,
उलझा दूँ मैं कैसे लोचन ?'

संध्या को एक आकर्षक युवती के रूप में मौन मंथर गति से पृथ्वी पर पदार्पण करते हुए दिखाकर कवि ने संध्या का मानवीकरण किया है-

'कौन तुम रूपसी कौन,
व्योम से उतर रही चुपचाप,
छिपी निज माया में छवि आप,
सुनहला फैला केश कलाप,
मंत्र मधुर मृदु मौन।'

पंत के काव्य में प्रकृति के विभिन्न रूप मिलते हैं, जो छायावादी काव्य की विशेषता है। प्रकृति के प्रति सुकुमार दृष्टिकोण, पंत जी की अपनी निजी विशेषता है।

छायावाद के आधार-स्तम्भ- महादेवी वर्मा - इनके काव्य का मूल स्वर दुख और पीड़ा है। इनकी रचनाओं में विषाद का वह भाव नहीं है, जो व्यक्ति को कुंठित कर देता है, बल्कि संयम और त्याग की प्रबल भावना है।

'मैं नीर भरी दुख की बदली,

विस्तृत नभ का कोई कोना,
मेरा कभी न अपना होना,
परिचय इतना इतिहास यही,
उमड़ी थी कल मिट आज चली।'

आधुनिक मीरा के नाम से अभिहीत 'महादेवी वर्मा' को निराला जी ने 'हिन्दी के विशाल मन्दिर की सरस्वती' भी कहा है।

'नीहार' इनका प्रथम कविता संग्रह है, जिसके बारे में वे खुद लिखती हैं– 'नीहार के रचना काल में मेरी अनुभूतियों में वैसी ही कौतूहल मिश्रित वेदना उमड़ आती थी, जैसे बालक के मन में दूर दिखायी देने वाली अप्राप्य सुनहली उषा और स्पर्श से दूर सजल मेघ के प्रथम दर्शन से उत्पन्न हो जाती है।' 1934 में प्रकाशित तीसरा कविता संग्रह 'नीरजा' में रश्मि का चिंतन और दर्शन अधिक स्पष्ट और प्रौढ़ हो जाता है। इसमें कवयित्री सुख–दुख में समन्वय स्थापित करती हुई पीड़ा एवं वेदना में आनंद की अनुभूति करती है। 1934 से 1936 तक रचित गीतों के संग्रह 'सांध्यगीत' में आँसू और वेदना, मिलन और विरह, आशा और निराशा एवं बन्धन–मुक्ति आदि का समन्वय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. इस्लाम बाबू, निराला के छायावादी काव्य में समय से संघर्ष तथा स्वाधीनता की भावना, अलीगढ़।
2. hindikunj.com (जयशंकर प्रसाद के संदर्भ में)
3. hindivibhag.com (सुमित्रानंदन पंत के संदर्भ में)
4. hi.unionpedia.org (महादेवी वर्मा के संदर्भ में)

****

21वीं सदी की चुनौतियाँ : मीडिया और साहित्य आलेख में आश्वस्त हूँ और आपको करना चाहता हूँ

डॉ. हजारी लाल मौर्य*

प्रस्तावना – भारत का परम आदिकालीन मीडिया था, नारद। यहाँ की सूचना वहाँ, वहाँ की सूचना यहाँ। आज प्रेस, टेलीविजन और इन्टरनेट ने नारद का स्थान ले लिया है। रेडियों लगभग खत्म हो चुका है और पत्रिकाएँ भी। ना नारद 'सूचना' देने में ईमानदार था ना आज का मीडिया है। सूचना प्रदाता की अपनी यसुरता' होती है तथा सूचना गृहीता की अपनी 'सुरता'। प्रत्येक सूचना 'समाचार' नहीं होती। प्रत्येक घटना के गवाह नहीं होते। प्रत्येक समाचार यज्ञान' होता है लेकिन प्रत्येक ज्ञान 'शिक्षा' नहीं होता। प्रत्येक शिक्षा 'बुद्धि' नही होती ओर सारी बुद्धियों के समुच्चय को 'विवेक' कहते है। विवेक, बुद्धि (तर्क प्रक्रिया के निष्कर्ष) ज्ञान, समाचार, सूचना और घटना को मनुष्य अपने जिस विशाल सॉफ्टवेयर में धारण करता है वह यसुरता' कहलाता है। यसुरता' शब्द का उपयोग कबीरदास रैदास आदि ने उस समय किया था जब सॉफ्टवेयर शब्द हमने सुना समझा नहीं था। समझते भी कहाँ से यूरोप के पास ऐसा कोई शब्द था ही नहीं। यसुरता' का लगभग सही अंग्रेजी है सॉफ्टवेयर। उर्दू में कहें 'होश'।

मेरी बात कहने से पहले मैं पारिभाषिक रूप से बताना चाहता हूँ कि यह दुनियाँ सरल रेखा की भाँति सीधी नहीं है बल्कि जलेबी की तरह प्रपचांत्मक है। आपकी जेब में रखा एक किलो सोना आपके परममित्र के दिमाग में इस विचार को पैदा कर सकता है कि वह आपकी हत्या कर दे। इसीलिए गीतकार पूछता है कि 'वाई दिस कोलावेरी कोलावेरी कोलावेरी डी।' कोलावेरी का अर्थ है प्रपंच। सभ्य हुए जाने की प्रक्रिया में मनुष्य द्वारा उत्पन्न प्रपंचों को मैं 'संस्था' कहता हूँ। ऐसी 134 संस्थाऐं मैंने ट्रेस आउट की है। जिन्हें मैंने 'सामाजिकता के सार्व' नामक पुस्तक में लिखा है। संक्षेप में यह कि हर संस्था का (या हर प्रपंच का) एक विचार या धर्म होता है उसका एक आदर्श या लक्ष्य होता है। कुछ उसके करण या उपकरण होते है जिनके माध्यम से कोई प्रपंच अपना आकार ग्रहण करता है। हर संस्था की ऐतिहासिक और समकालीन परिघटनाएँ होती है और जब से संस्था पैदा हुई तभी से उसके विचलन भी होते आये है। संस्थाओं में प्रपंच के गुण इसीलिए है कि वे मनुष्य से उत्पन्न हुई और मनुष्य को ही गुलाम बनाकर बैठ गई और अमरता भी प्राप्त करली वे मनुष्य पर इस प्रकार प्रभाव डालती है हिक स्वयं मनुष्य भौंचक रह जाता है कि जिस परिणाम की वह सपने में भी अपेक्षा नहीं करता वह परिघटित हो जाता है और जिसके पीछे कारण कोई प्रपंच होता है। संस्थाओं के समस्त पहलू मनुष्य की समझ से बाहर हो गये। अमेरिका की मूल प्रजाति 'अज्टेक' अत्यन्त आश्चर्य चकित रह गई जब जहाज के आविष्कार के बाद यूरोपीय लोगों ने उन्हें मार मारकर सोना हासिल किया। सोना उनके यहाँ पहाड़ में पड़े ढेलों से ज्यादा कीमती नहीं था। यह और भी आश्चर्य था कि यूरोपीय एक दूसरे को भी प्रत्यक्ष और षडयन्त्रपूर्वक मार रहे थे।

ठीक ऐसा ही आश्चर्य 21वीं सदी के मीडिया ने दिये। विश्व में घटित हो रही घटनाओं को सूचना या ज्ञान बनाकर देखना एक सीधी सी, सरल रेखीय, परिघटना होनी चाहिये। लेकिन सूचना को एकत्र करने में आये श्रम की कीमत, सूचना से उत्पन्न नाम, सूचना की वजह से जनता द्वारा लिये। किये गये निर्णय, स्वयं को सूचना बना देने की तड़प, तड़प की पूर्ति के लिए धन खर्च कर देने की इच्छा, सूचना से धन कमा लेने की इच्छा, सूचना से असत्य को सत्य बना देने की क्षमता, बड़ी सूचना को छुपाने के लिए छोटी या अन्य सूचना के आकार को पहाड़ बना देने जैसे पहलुओं ने 'सूचना' 'समाचार' या 'ज्ञान' को जलेबी से भी ज्यादा वक्र रेखीय और प्रपंचात्मक बना दिया। कितना आश्चर्यजनक था कि एक युवा ने अपना नाम अखबार में छपा देखने केलिए आत्महत्या करली। सूचना के प्रपंच को और विस्तार देने में 21वीं सदी या भारत के एक कानून द्वारा उत्पन्न मजबूरी ने तगड़ी भूमिका निभाई। वह मजबूरी है एक समाचार चैनल को दिनभर चलाए रखने हेतु उपग्रह के ट्रांसपोण्डर का किराया, संवाददाताओं की तनख्वाह, मंहगें कैमरे, मंहगे विस्तारक यन्त्र, उन यन्त्रों के संचालकों का मोटा वेतन और समाचार को इतना रोचक बनाये रखना कि टी.आर.पी. बनी रहे, आदि के लिए लगभग एक करोड़ रूपये प्रतिदिन कमाने की। भारत का दर्शक मुफ्त में सरकारी चैनल देखने वाला है। उससे प्रतिदिन एक करोड़ रूपये वसूल कर पाना अत्यन्त कठिन ही नहीं असम्भव कार्य है। इसलिए काहिर्मक या संवाददाता पर दबाव होता है कि वह कमाऊ बने। कमाऊ दो तरह से बनता है या तो विज्ञापन बटोर कर लाये या जनता को बांधे रखने वाले 'समाचार' लाये। यह कमाऊपन फिर प्रपंचात्मक हुआ। विज्ञापन बटोरू कार्मिकों ने धनपत्तियों की कमजोरियाँ पकड़कर ब्लेकमेल करके विज्ञापन बटोरने की विधि निकाली और लुभावने समाचार बटोरू कार्मिकों ने आत्महत्या तक को 'प्रायोजित' करके 'समाचार' बनाया। इस सारे कोढ़ में खाज पैदा की लोकतंत्र ने। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर शासक को गरियाना उसकी प्रमुख प्रवृत्ति बनी। लगा कि मीडिया बहुत 'बोल्ड' हो गया। ऊपर से 'बोल्ड' दिखने वाला मीडिया अन्दर से, 'टुकड़े' डालने वाले नेताओं के समक्ष, कुत्ते से भी बदतर स्थिति में है। 'बोल्ड' होने और 'टुकडखोर' होने ने नेताओं की अमेज भी खराब कर दी और स्वयं की भी खराब करली। इसी का नतीजा था कि अन्ना हजारे जैसा एक 'सभ्य गुण्डा' यह कह सका कि पिछले 60 साल से सत्ता 'गद्दारों' के हाथ में रही है। अन्ना हजारे को लगता था कि यह जनता इसी तरह उसके पीछे लगी रहगी और मीडिया को लगता था कि अन्ना ही सबसे बिकाऊ 'समाचार' है। इस अति में उसने जो किया वह हम सबने

* सह-आचार्य (हिन्दी) राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, कोटपूतली, जिला जयपुर (राज.) भारत

देखा।

सीधी सी बात कि मीडिया तो 'सूचना' का मीडियम है। मीडियम मतलब करण, उपादान, साधन, माध्यम, हेतु, उपकरण जिसकी स्वयं की कोई बुद्धि नहीं। बुद्धि, निष्कर्ष, निर्णय, क्रिया, प्रतिक्रिया, परिणाम, आन्दोलन आदि तो श्रोता के हिस्से के नाटक है। लेकिन मीडिया ने स्वयं को न्यायाधीश, कानून के जानकार, नैतिकता के ठेकेदार, विचलनों के विरूद्ध सरकार को आदेश देने के ठेकेदार, स्वयं के तक्रजाल को एकदम सही मानने वाले जिद्दी, ओछी व असम्माननीय भाषा बोलने वाले अनाड़ी, इतिहास का पुरोधा, हिन्दुत्व या धार्मिक भावनाओं के आहत होने के ठेकेदार, मुस्लिमों के रखवाले, दलितों के प्रहरी, औरतों के उद्धारक, सन्तों की महानता को बेशक सिद्ध करने वाले, अन्याय के विरूद्ध एकमात्र जागरूक सिद्ध करने के लिए अनेक बेइमानियाँ, बेशर्मियाँ, अन्याय, अमानवीयता, अतियाँ क्रूरताएँ, छल व घटिया व्यापार किये और कर रहा है। वह जनता को इतनी भोली, मूर्ख, अनुयायी, पिछलग्गू, अज्ञानी और लिजलिजी मानता है हिक उसे यह भ्रम हो गया है हिक वह जनता से सब कुछ करवा सकता है और सत्ता को चाहे जब, चाहे जितनी, चाहे जहाँ झुका सकता है। सत्य इससे बहुत भिन्न है। मिडिया को संरक्षण, स्वाधीनता, प्रविधि सुरक्षा आदि राजसत्ता ही देती है और वह जब चाहे इन्हें खत्म भी कर सकती है। जब मीडिया इतना बड़ा प्रपंच हो गया है तो राजा या राज्य तो अत्यन्त बड़े प्रपंच है। जो कार्य ईश्वर नहीं कर समता वह राजा कर देता हैे। इसीलिए माननीय कांशीराम जी ने कहा था कि 'सत्ता' सौ तालों की एक चाबी है। राजा राजा ही होता है चाहे वह 'राष्ट्रपति' के रूप में हो या चांसलर, तानाशाह, राणा या दीवार के रूप में। वह सबको दण्डित कर सकता है। उस पर कोई मुकदमा भी नहीं कर सकता है। वह प्राण नहीं दे सकता तो भी प्राण ले सकता है। अकबर ने गंगकवि को हाथी से कुचलवा कर मरवा दिया था। भारत सरकार का एक कानून मीडिया के 'डायनो' रूप को 'माइनों' में बदल सकता है। इसलिए कह सकते है कि मीडिया में संसथा होने का गुण 'अमरता' नहीं है। इसलिए कह सकते है कि मीडिया में संस्था होने का गुण 'अमरता' नहीं है। संस्थाएँ अमर होती है मीडिया अमर नहीं है।

अमरता का गुण है सूचना और ज्ञान में। जब तजक मनुष्य रहेगा तब तक सूचना के रूप में 'ज्ञान' और प्रक्रियाज्ञान के रूप में 'ज्ञान' रहेगा। सूचना ज्ञान पर उपनिषदकारों ने खूब माथा खपाया और इस ज्ञान को कहा यजानना ही होना है' अर्थात् जोधपुर में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय है यह तभी सिद्ध है जब आप इसे जानते हैं। अफ्रीका का जो व्यक्ति इसे नहीं जानता उसके लिए यह विश्वविद्यालय नहीं है। आपमें से भी जो मुझे जानता है उसके लिए मैं हूँ जो मुझे नहीं जानता उसके लिए मैं नहीं हूँ। हम सब भी अगर राम की बुआ चन्द्रभागा को जानते है तो वह इतिहास में है वरना वह नहीं है। मीडिया और साहित्य में यह समानता है कि वे हमें जनाते हैं। जनाते शब्द का अर्थ जन्म देने के अर्थ में भी आप ग्रहण करें तो उचित ही होगा। ज्ञान का दूसरा रूप प्रक्रिया ज्ञान है जिसमें किसी कार्य के होने में कार्यरत कारण की तलाश होती है। किसी कार्य और उसके पीछे के कारण को जानना ज्ञान का दूसरा रूप है। नरेन्द्र कोहली के उपन्यास 'महासागर' की प्रशंसा का आधार यही था कि उसने महाभारत की घटनाओं (कार्यो) के पीछे निहित दबावों (कारणों) को तर्क सम्मत बना दिया था। वे तक्र बहुत सी जनता को ग्रहण हो सके थे।

परन्तु साहित्य में भी प्रपंच के गुण होते हैं। घटनाओं को कितना भी सीधा किया जाये उनके पेच बाकी रह ही जाते हैं। हम सब जानते है कि सोने का मृग कभी नहीं बना या पैदा हुआ फिर राम उसके पीछे क्यों दौड़ा? क्या यह राम की मूर्खता नहीं थी? पूरी रामायण में सीता या राम की दानशीलता नहीं मिलती पर रावण को कार लाँघकर भी भिक्षा देने की जिद क्या किसी तक्र से सिद्ध है? बली के घर कभी कोई ब्राह्मण भिक्षा माँगने नहीं आया फिर भी बावन्या को भिक्षा देना कही कोई बुद्धि है? जुआ खेल कर कभी कोई धनवान नहीं हुआ फिर युधिष्ठिर ने किस वीरता का परिचय दिया? मेरे इस काल में यहाँ उपस्थित और अन्य भारतीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत विद्वानों, बुद्धिमानों और विवेकशीलों के पास इसका कोई उत्तर नहीं है।

इस प्रकरण में कहना चाहिये कि साहित्यकार और साहित्य दोनों में संस्था या प्रपंच के गुण है। साहित्य सहित है और साहित्यकार दुखी का हितकारी है। दुख निवारणकर्ता के रूप में तीन संस्थाएँ कार्य करती है। ईश्वर, राजा और साहित्यकार। राजा स्वयं ही जब दुख प्रदाता हो तो साहित्यकार दुखत्राता हो सकता है। इसके लिए साहित्यकार तीन प्रकार से बिम्ब बना सकता है एक भौतिक बिम्ब, दूसरा नाटक बिम्ब और तीसरा नाम रूपात्मक पठनीय बिम्ब। भौतिक बिम्ब बनाये बीरबल और अष्टावक्र ने। बीरबल का खिचड़ी पकाकर राजा की अक्ल ठीक करना जगत प्रसिद्ध बिम्ब है। अष्टवक्र ने राजा जनक की मूर्खतापूर्ण जिद को तोड़ा जिसमें वह कहता था कि राजा कुछ भी करने में सक्षम है और मैं पुत्री से विवाह करूंगा। दूसरा बिम्ब नाटक है जिसके विभिन्न स्वरूप है यथा रामलीला, रामसीला, नौटंकी, नुक्कड़, नाटक, फिल्में, धारावाहिक आदि। लेकिन ये जनता या व्यक्ति विशेष का हित करने के लिए राजा की अक्ल ठीक करने में पर्याप्त सक्षम नहीं है।

तीसरे नामरूपात्मक बिम्ब महाकाव्यों, उपन्यासों, पठनीय नाटकों और कहानियों में होते है ये व्यक्तियों की बुद्धि को विवेक में बदलने से ज्यादा हितकारी नहीं होते। इनके रचनाकारों का व्यक्तित्व गौण हो जाता है और रचना उनसे ज्यादा बड़ी हो जाती है फिर बहस का मुद्दा उसके द्वारा निर्मित बिम्ब रह जाता है वह स्वयं नहीं। तुलसीदास द्वारा अपरण से पूर्व सीता का अग्नि प्रवेश करवाया जाना ऐसा ही एक बिम्ब है। ऐसे बिम्बों से राजा की अक्ल ठीक करने का काम लगभग नहीं होता। साहित्य समाज का दर्पण नहीं होता। दर्पण सत्य बोलता है। साहित्यक रचना और साहित्यकार द्वारा किये गये बिम्ब निर्माण यअसत्य' है और इन्हीं असत्यों के सहारे रचनाकार इतिहास, तथ्य, सत्य और व्यापक मानवता को बचाता है। साहित्य का विचार (प्रेमचन्द के शब्दों में उद्देश्य) प्रगतिशीलता भी नहीं है। प्रगति वर्तमान में उपलब्ध स्थायित्व को तोड़कर नया (अच्छे या बुरे की परवाह किये बिना) निर्माण करने का नाम है। आज का नया कल पुराना हो जायेगा। प्रगति पुराने के सापेक्ष लगातार चलने वाली गतिविधि है और 134 संस्थाओं के विचार और आदर्श अपरिवर्तित और अमर होते है उनकी परिघटनाएँ बदलती है। कभी–कभी ये संस्थायें अपने करण भी बदल लेती है। वरना ये 134 संस्थाएँ यथास्थिति या जड़त्व ही चाहती हैं। साहित्य का विचार मनोरंजन, मन बदलाव और व्यंग्य करना भी नहीं है। मनबहलाव उद्देश्यहीन भी होता है। मनोरंजन अर्थात् मन को रंगा जाना अच्छा और बुरा भी हो सकता है। व्यंग्य तो गाली से अधिक कुछ नहीं है। व्यंग्य से तिलमिलाता व्यक्ति और राजसत्ता दुश्मन जैसा व्यवहार करते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी प्राप्त करके सत्य का लेखन या प्रदर्शन भी साहित्य का विचार नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी भी व्यक्ति को नंगा करके देखना कानूनन अपराध न हो तो भी घोर अनैतिक कार्य है। राजसत्ता तो इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करती। वह ऐसे साहित्यकारों को मरवाने में कोताही नहीं बरतती। अकबर ने गंग को मरवा ही दिया। लेकिन किसी अज्ञात

साहित्यकार ने एक बिम्ब बनाकर राम के कुल में पथ भ्रष्ट लड़की 'चन्द्रभागा' (दशरथ की बुआ) के इतिहास को जीवित रख लिया। यही चन्द्रभागा नासिकेतु और श्रवण कुमार की माता थी। कंवारी माता बनी और नासिकेतु ने उनका विवाह कराया। साहित्य का विचार है तथ्य प्रस्तुत करके शिक्षा देना और विवेक का व्यक्ति में जन्म करवाना। विवेक मनुष्य द्धारा हासिल करली गई बुद्धियों के समुच्चय को कहते हैं। कन्फ्यूशियस विवेक जागरण की इस प्रक्रिया को 'औचित्य की जाँच' कहते हैं। औचित्य की जाँच होने से व्यक्ति के दु:खों का निवारण होता है। दुखों के निवारण दुखों को समाप्त करके सम्भव नहीं होता। दुखी होना व्यक्ति की मानसिकता पर निर्भर करता है। इसलिए साहित्य अनुकूलन सिखा कर दुख मुक्ति करता है। यही साहित्य का विचार और आदर्श है।

अब प्रश्न है इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों के मध्य मीडिया और साहित्य की गति का। मीडिया एक करण मात्र है। तोता, कबूतर, हरकारे, ढाढी, बनजारे, डाकिया, टेलीफोन, रेडियो, टेलीविजन, अखबार, पत्रिकाएँ और इन्टरनेट में से किसी में भी अमरता का गुण नहीं है अत: इनके बदलते स्वरूप पर मातम मनाने की कोई जरूरत नहीं है। रहा सवाल साहित्य का? तो बता देना चाहता हूँ कि साहित्य के कारण लगभग वैश्विक ही रहते आये है। तेरहवीं शताब्दी के आसपास डाकण, चुडैल और स्यारण की अवधारणा भारत में यूरोप की तरफ से ही आई थी। बाद में फीनिक्स भी भारत में आया और यअनल' पक्षी या 'अगनपाखी' कहलाया।

इसीलिए कबीर ने इसका प्रयोग किया है–

मनदीयाँ मन पाइये, मनबिन मन नही होय।
मन उनमन उस अण्ड ज्यों अनल आकसां जोय।।

दादू और रैदास ने भी अनल शब्द का प्रयोग इसी अवधारणा के रूप में किया है। अत: मानना चाहिये कि साहित्य के नये करण हमेशा ही वैश्विक यात्रा करके विश्राम लेते हैं। साहित्य का विचार और आदर्श काल और देश से लगभग्र मुक्त हैं। समस्त संस्थाओं की परिघटनाएँ बदलती है आदर्श और विचार नहीं बदलते हैं। वे शास्वत हैं। मैं आश्वस्त हूँ और आपको आश्वस्त करना चाहता हूँ कि 21वीं सदी में चुनौती साहित्य को नहीं साहित्य के करणों और उपकरणों के सामने आयेगी। जो विज्ञान के प्रारम्भ अर्थत् फ्रांस की क्रान्ति के बाद से ही आ रही है। विज्ञानवादियों की जिद है हिक जीवन को सीधा करके जिया जाये। साहित्य के करण साहित्य की विधाएँ है और उपकरणों की एक लम्बी सूची है जिनमें श्राप, वरदान, स्वर्ग, नरक और अन्य साहित्यक मिथ हैं। आश्चर्य नहीं है कि पिछले 300 वर्ष में साहित्य में नये उपकरणों का निर्माण नहीं हुआ है। विज्ञान द्धारा साहित्य को दी गई चुनौती इस शताब्दी में भी रहेगी। जीवन प्रपंचनात्मक है उसे न सीधा होना है न होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कबीर ग्रन्थावली, श्याम सुन्दर दास, 1986.
2. वाक्य पदीपम, भर्तहरि, 2007
3. विखण्डन की सैद्धान्तिकी: देरिदा– सुधीश पचौरी

****

लोकतंत्र में व्यवस्थापिका की भूमिका

डॉ. नीरजा शर्मा *

शोध सारांश – लोकतान्त्रिक व्यवस्था में व्यवस्थापिका का महत्वपूर्ण स्थान होता है। वह विधि निर्माण का कार्य करती है परन्तु समय की बदलती हुई आवश्यकताओं और जटिल होते हुये समाज में इसकी भूमिका एवं कार्यो का जटिल हो जाना स्वाभाविक है। समाज की समसायायिक आवश्यकताओं, जनसाधारण की आशाओं व आकांक्षाओं के अनुरूप अपने को ढाल लेने की प्रवृति किसी भी लोकतांत्रिक पद्धति में व्यवस्थापिका के लिए आवश्यक होती है। भारत विविधताओं का देश है इसके विषम समाज की आकांक्षाओं के अनुसरूप कार्य करना व इसकी आवश्यकताओं को पूरा करना व्यवस्थापिका के लिए एक चुनौती पूर्ण कार्य होता है।

भारतीय संसद भी महत्वपूर्ण विधिक कार्यो का सम्पादन करती है। प्रशासन के कार्यो पर निरंतर दृष्टि रखना तथा उसे निरंकुश होने से बचाये रखने का कार्य व्यवस्थापिका के द्वारा ही किया जाता है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक वित पर नियंत्रण, जनता की हितों के प्रतिकूल किये जाने वाले कार्यो की निगरानी, जनहित का संरक्षण, जनता की समस्याओं को प्रकाश में लाने के लिए एक मंच प्रदान करना एवं जनता के बीच से नवीन नेतृत्व को उभारने के लिए प्रशिक्षण कार्य करना आदि वे अन्य कार्य हैं जिन्हें भारतीय व्यवस्थापिका (संसद) सम्पन्न करती है। विधि निर्माण व कार्यपालिका पर नियंत्रण जैसे प्राथमिक कार्यो के सम्पादन के साथ ही व्यवस्थापिका विचार विमर्श के उपरांत एक मंच के रूप में कार्यो को करती है।

प्रस्तावना – भारतीय व्यवस्थापिका को संसद कहते हैं। संसद का अर्थ होता है वाद-विवाद या विचार विमर्श करने वाली एक सभा। इस शब्द का उपयोग प्राचीन काल में विभिन्न सम्मेलनों के लिए भी किया गया था। मध्यकाल में राजतंत्र व चर्च के मध्य संघर्ष एक प्रमुख घटना रही है। इसी समय चर्च प्रमुखों व राज प्रमुखों के मध्य समझौता सम्मेलनों को पार्लियामेंट के नाम से संबोधित किया गया है। लुई ग्यारहवें और पोप इन्नोसेंट चतुर्थ के मध्य 1245 ई. में होने वाला सम्मेलन और इसके एक वर्ष पूर्व हुए स्कालैण्ड ने सर्वप्रथम इस शब्द का प्रयोग 1239 ई. में पादरियों आर्लो और लार्डो की महान परिषद के लिए उपयोग किया गया था।

इस प्रकार व्यवस्थापिका एक ऐसा स्थान है जहाँ राज्य की समस्त नीतियों, लक्ष्यों, विषयों इत्यादि पर वाद-विवाद एवं विचार-विमर्श होता है इसमें शासन संबंधी सभी बातों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिये जाते हैं। इस कृत्यों के माध्यम से व्यवस्थापिका अपने देश के विभिन्न हितों के मध्य समन्वय लाने का प्रयास करती है। आधुनिक सांसदों का उदय विधायी और न्यायिक कार्यो के केन्द्रीयकरण के फलस्वरूप हुआ। समय के साथ करारोपण व पूर्ति पर मतदान के कार्य भी इसके साथ जोड़ दिये गये। मध्य युगों में आमतौर पर राजा सहित परिषद की बैठक हुआ करती थी जिसमें न्यायाधीश भी आमंत्रित किये जाते थे। इन न्यायाधीशों की सहायता से राजा के समक्ष प्रस्तुत याचिकाओं और न्यायप्राप्ति के लिये की गई प्रार्थनाओं पर निर्णय दिया जाता था। ऐतिहासिक दृष्टि से इसका अवलोकन करें तो मैग्नाकार्टा के पश्चात् प्लैण्टगनैअ काल में पालियामेंट के उदय के चिन्ह दृष्टिगोचर होते हैं। सन् 1254 में सम्राट हेनरी तृतीय ने पार्लियामेंट की बैठक में भाग लेने वाले प्रत्येक काउन्टी से दो-दो नाइटों को बुलाया था। प्रस्तावित करो के संबंध में सामन्तों के मुखिया साइमन डिमाण्डफोर्ट की विजय हुई। उस समय संसद के यह बीज अंकुरित हुये बगैर ही मुरझा गये। इसके पश्चात् सन् 1295 सम्राट एडवर्ड प्रथम ने युद्ध के लिये धन की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये सामन्तों व पादरियों के अलावा नागरिक प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया। प्रथम बार साधारण जनता के प्रतिनिधियों ने भी इसमें भाग लिया था अत: इसी सभा को मॉडल 'पार्लियामेंट' के नाम से सम्बोधित किया जाता है प्रकार्यत्मक दृष्टि से संसदीय संस्थाओं के स्वरूप समयानुसार परिवर्तित होते रहते हैं। विभिन्न देशों में भी इसकी भिन्न-भिन्न क्रियाएं एवं प्रभाव दृष्टिगोचर होते हैं। इंग्लण्ड की सर्वोच्च संसद से लेकर गैर प्रभावशाली रूसी ड्यूमा एवं स्पेन की शक्तिविहीन संसद (कार्टेज) भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में अलग-अलग कार्यो का सम्पादन करती रही है और नवीन स्वरूप धारण करती रही है। सम्पादन क्रिया जाने वाले कार्यो का अध्ययन समुचित व सामान्य दृष्टिकोण के आधार पर किया जाना ही उचित होगा। इस समन्वित व सामान्य दृष्टिकोण से बने प्रारूप की कसौटी पर कसकर भारतीय संदर्भो में संसद के कार्यो व उसकी प्रभावशाली का अध्ययन अधिक उपयोगी सिद्ध होगा। इस संबंध में माइकल काइट्रिश ने इस सभी कार्यो को अनुदित करते हुये व्यवस्थापिका के द्वारा सम्पन किये जाने वाले विभिन्न कार्यो को वर्णित किया जाता है।

